परम पूज्य तपश्चर्या–चक्रवर्ती पट्टाधीशाचार्यश्री

सुविधिसागर जी महाराज

के

50 वें जन्मदिवस के पावन अवसर पर

सुविधि–परिवार के द्वारा आयोजित

जिनवाणी-महोत्सव

सहस्रग्रन्थसंग्रह

❊ जन्मदिवस 19–03–1971 ❊ मुनिदीक्षा–11–05–1989 ❊ आचार्यपद– 20–06–2004

पट्टाधीशपद– 24–12–2010 (20–06–2004 को की गई उद्घोषणा के अनुसार)

परम पूज्य आचार्यश्री सन्मतिसागर जी महाराज के द्वारा की गई उद्घोषणाः–

हमारी समाधि के पश्चात् आपको इस संघ के संचालकपद पर नियुक्त करते हैं।

(अंकलीकर वाणी–जुलाई 2004) (अक्षयज्योति–अक्तूबर 2004)

जंबूसामि चरिउ

ग्रन्थकर्त्ता

महाकविश्री वीर जी

सम्पादन-अनुवाद

डॉक्टर विमलप्रकाश जैन

प्रकाशक

भारतीय ज्ञानपीठ प्रकाशन

(परम्परानायक)

परम पूज्य चारित्र-चक्रवर्ती,
आचार्यश्री आदिसागर जी महाराज
(अंकलीकर)

(द्वितीय पट्टाधीश)

परम पूज्य तीर्थभक्त-शिरोमणि,
आचार्यश्री महावीरकीर्ति जी महाराज

(तृतीय पट्टाधीश)

परम पूज्य सिद्धान्त-चक्रवर्ती,
आचार्यश्री सन्मतिसागर जी महाराज

(चतुर्थ पट्टाधीश)

परम पूज्य तपश्चर्या-चक्रवर्ती, आचार्यश्री सुविधिसागर जी महाराज

दिगम्बर साधु निरन्तर पगविहार करते रहते हैं। ग्रन्थभण्डार को साथ में रख कर विहार करना अशक्यप्रायः होता है। फलतः उनको ग्रन्थों के सन्दर्भ देखने में असुविधा होती है। उनकी सुविधा के लिये इस कोश का निर्माण किया गया है। इस कोश के निर्माण में किसी भी प्रकार का व्यापारिक हेतु नहीं है।

आर्थिक दृष्टि से सम्पन्न श्रावकबन्धुओं से निवेदन है कि वे ग्रन्थ का विक्रय कर अध्ययन करने की परम्परा को कायम रखें।

मुखपृष्ठ पर हमने ग्रन्थकर्त्ता, अनुवादक, सम्पादक, प्रकाशक आदि के नाम दिये हैं। किसी संस्थान का कर्तृत्व हमने लुप्त नहीं किया है।

इस कोश के लिये आवश्यक ग्रन्थ हमें अनेक स्रोतों से प्राप्त हुये हैं। हम उन सभी का आभार मानते हैं।

सुविधि-परिवार

वीर कवि कृत

जंबूसामिचरिउ

सम्पादन-अनुवाद

डॉ० विमल प्रकाश जैन

भारतीय ज्ञानपीठ प्रकाशन

२०१ (जंबूस्वामी)

ज्ञानपीठ मूर्तिदेवी जैन ग्रन्थमाला : अपभ्रंश ग्रन्थांक-७

[जबलपुर विश्वविद्यालयकी पी-एच. डी. उपाधिके लिए स्वीकृत शोध-प्रबन्ध]

वीर कवि विरचित

जंबूसामिचरिउ

[विस्तृत हिन्दी प्रस्तावना, अनुवाद तथा परिशिष्टों सहित]

सम्पादक
डॉ० विमलप्रकाश जैन, एम. ए., पी-एच. डी.
रीडर, संस्कृत, पालि-प्राकृत विभाग
जबलपुर विश्वविद्यालय, जबलपुर

भारतीय ज्ञानपीठ प्रकाशन

प्रथम संस्करण— वीर नि० सं० २४९४, वि० सं० २०२५, सन् १९६८
मूल्य पन्द्रह रुपये

स्व० पुण्यश्लोका माता मूर्तिदेवीकी पवित्र स्मृतिमें तत्सुपुत्र साहू शान्तिप्रसादजी-द्वारा

संस्थापित

भारतीय ज्ञानपीठ मूर्तिदेवी जैन ग्रन्थमाला

इस ग्रन्थमालाके अन्तर्गत प्राकृत, संस्कृत, अपभ्रंश, हिन्दी, कन्नड, तमिल आदि प्राचीन भाषाओंमें उपलब्ध आगमिक, दार्शनिक, पौराणिक, साहित्यिक, ऐतिहासिक आदि विविध-विषयक जैन-साहित्यका अनुसन्धानपूर्ण सम्पादन तथा उसका मूल और यथासम्भव अनुवाद आदिके साथ प्रकाशन हो रहा है। जैन भण्डारोंकी सूचियाँ, शिलालेख-संग्रह, विशिष्ट विद्वानोंके अध्ययन-ग्रन्थ और लोकहितकारी जैन-साहित्य ग्रन्थ भी इसी ग्रन्थमालामें प्रकाशित हो रहे हैं।

●

ग्रन्थमाला सम्पादक

डॉ० हीरालाल जैन, एम० ए०, डी० लिट्०

डॉ० आ० ने० उपाध्ये, एम० ए०, डी० लिट्०

●

प्रकाशक

भारतीय ज्ञानपीठ

प्रधान कार्यालय : ९ अलीपुर पार्क प्लेस, कलकत्ता–२७

प्रकाशन कार्यालय : दुर्गाकुण्ड मार्ग, वाराणसी–५

विक्रय केन्द्र : ३६२०।२१ नेताजी सुभाष मार्ग, दिल्ली–६

मुद्रक : सन्मति मुद्रणालय, दुर्गाकुण्ड मार्ग, वाराणसी–५

●

स्थापना : फाल्गुन कृष्ण ९, वीर नि० २४७० ● विक्रम सं० २००० ● १८ फरवरी सन् १९४४

सर्वाधिकार सुरक्षित

स्व. मूर्तिदेवी जैन की स्मृति में

JÑĀNAPĪTHA MŪRTIDEVĪ JAINA GRANTHAMĀLĀ : Apabhraṁśa Grantha No. 7

[Thesis approved for the Ph. D. Degree of the University of Jabalpur.]

JAMBŪSĀMICARIU

of

VĪRAKAVI

[Critically Edited with Hindi Introduction, Translation, Appendices etc.]

Edited by

Dr. Vimal Prakash Jain, M. A., Ph. D.

Reader in the Deptt. of Sanskrit, Pali &

Prakrit, University of Jabalpur

JABALPUR



BHĀRATĪYA JÑĀNAPĪTHA PUBLICATION

First Edition— VĪRA SAMVAT 2494, V. S. 2025, 1968 A. D.

Price Rs. 15/-

BHĀRATĪYA JÑĀNAPĪTHA MŪRTIDEVĪ

JAINA GRANTHAMĀLĀ

FOUNDED BY

SĀHU SHĀNTIPRASĀD JAIN

IN MEMORY OF HIS LATE BENEVOLENT MOTHER

SHRĪ MŪRTIDEVĪ

IN THIS GRANTHAMĀLĀ CRITICALLY EDITED JAIN ĀGAMIC, PHILOSOPHICAL, PURĀNIC, LITERARY, HISTORICAL AND OTHER ORIGINAL TEXTS AVAILABLE IN PRĀKRIT, SANSKRIT, APABHRAṂSA, HINDI, KANNAD, TAMIL ETC., ARE BEING PUBLISHED IN THERE RESPECTIVE LANGUAGES WITH THEIR TRANSLATIONS IN MODERN LANGUAGES AND CATALOGUES OF JAINA BHANDARAS, INSCRIPTIONS, STUDIES OF COMPETENT SCHOLARS & POPULAR JAIN LITERTURE ARE ALSO BEING PUBLISHED.

●

General Editors

Dr. Hiralal Jain, M. A., D. Litt.
Dr. A. N. Upadhye, M. A., D. Litt.

●

Bharatiya Jnanpitha

Head office : 9 Alipore Park Place, Calcutta-27.
Publication office : Durgakund Road, Varanasi-5.
Sales office : 3620/21 Netaji Subhash Marg, Delhi-6.

●

Founded on Phalguna Krishna 9, Vira Sam. 2470, Vikrama Sam. 2000.18th Febr. 1944
All Rights Reserved

प्रधान सम्पादकीय

जम्बूस्वामी जैन या श्रमण संघके एक विशेष पूज्य व्यक्ति हैं। वे महावीरके साक्षात् शिष्य सुधर्म द्वारा संघमें दीक्षित किये गये थे, अन्तिम केवली थे और उनका ४६३ ई० पू० में निर्वाण हुआ। आगम ज्ञानकी परम्परामें जम्बूस्वामीका योगदान स्मरणीय है। अर्धमागधी आगमके अनुसार सुधर्मस्वामीने जम्बू-को अंग ग्रन्थोंका उपदेश दिया और जम्बूस्वामीने अपने शिष्योंको। यद्यपि वे ऐतिहासिक व्यक्ति थे, फिर भी उनके जीवनके विषयमें समकालीन या आगम स्रोतोंसे हमें बहुत कम जानकारी प्राप्त होती है। तथापि उनके सम्बन्धकी बहुत कुछ बातें हमें अन्य स्तरोंके परवर्ती जैन साहित्यसे उपलब्ध होती हैं। उनके जीवन-की मौलिक घटनाएँ अश्वघोष रचित 'सौंदरनन्द' काव्यमें चित्रित नन्दके चरित्रके समानान्तर प्रतीत होती हैं। कालान्तरमें जम्बूस्वामीकी यह परम्परागत जीवनी विविध स्रोतोंसे प्राप्त अनेक उपाख्यानोंसे जुड़ गयी और समृद्ध हुई। जैन लेखकोंमें जम्बूस्वामीका जीवन इतना लोकप्रिय और प्रेरक सिद्ध हुआ कि विभिन्न भाषाओंमें लगभग ९५ रचनाएँ इस विषयको लेकर रची गयी हैं।

प्रस्तुत संस्करणमें महाकवि वीर-द्वारा रचित 'जंबूसामिचरिउ' नामक अपभ्रंश ग्रन्थ प्रस्तुत किया जा रहा है। इसके रचयिता विशेष ज्ञानी हैं। उन्होंने कालिदास, पुष्पदंत आदि पूर्व कवियोंके साहित्यिक गुण परम्परासे प्राप्त किये हैं तथा उनके काव्यने नयनन्दी, रइधू, राजमल्ल आदि परवर्ती कवियोंको प्रभावित किया है। उनकी रचनाओंमें प्रस्तुत काव्यसे समानता रखनेवाले अनेक खंड सरलतासे खोजे जा सकते हैं। वीर कविने अपने जीवन सम्बन्धी अनेक बातें कही हैं। उनका जीवन-काल विक्रम संवत् १०१०–१०८५ तक पाया जाता है। उन्होंने १०७६ वि० सं० अर्थात् १०१९ ई० में जंबूसामिचरिउको पूर्ण किया।

डॉ० विमलप्रकाश जैनने प्रस्तुत संस्करणमें अपभ्रंश काव्य जंबूसामिचरिउका सम्पादन पाँच हस्त-लिखित प्रतियोंके आधारसे किया है जिनमें सबसे प्राचीन प्रति वि० सं० १५१६ की है। उन्होंने उन सभी प्राचीन प्रतियोंके पाठान्तर संक्षिप्त रूपसे अंकित किये हैं। अपभ्रंश पाठके नीचे हिन्दी अनुवाद है जो मूला-नुगामी होते हुए भी ऐसी धारावाही शैलीसे प्रस्तुत किया गया है कि वह स्वतन्त्ररूपसे भी पढ़ा जा सकता है। उक्त प्राचीन प्रतियोंमें-से तीनमें संस्कृत टिप्पणी पायी जाती है जिसे सावधानीपूर्वक सम्पादित कर अन्तमें जोड़ दिया गया है। शब्दकोशमें वर्णानुक्रमसे अपभ्रंश शब्दोंकी सूची, उनके संस्कृत रूपों तथा सन्दर्भों सहित संकलित की गयी है। अन्तमें ग्रन्थमें आये भौगोलिक नामोंकी एक सूची है जिनका आवश्यक स्पष्टीकरण और उचित सन्दर्भ दिया गया है।

डॉ० वि० प्र० जैनकी प्रस्तावना ग्रन्थका एक सर्वांग सुन्दर अध्ययन प्रस्तुत करती है। सम्भवतः यह अपने ढंगका प्रथम सर्वांगपूर्ण प्रयास है, जिसमें जम्बूस्वामीके जीवनका सभी दृष्टियोंसे अध्ययन किया गया है। उन्होंने उसके महाकाव्यात्मक लक्षणों, विषय-वस्तुसे सम्बद्ध विभिन्न चरित्रों, विषयके आभ्यन्तर-वर्ती उपाख्यानों, काव्यरसों तथा अलंकारों एवं कवि-द्वारा प्रयुक्त छन्दोंका अध्ययन किया है। प्रस्तावनाके एक भागमें काव्यकी शैलीका ग्रन्थके सन्दर्भों सहित मूल्यांकन किया गया है। वीर कवि-द्वारा प्रयुक्त अपभ्रंश-भाषाका उसकी ध्वनियों, संज्ञारूपों और क्रियारूपों आदिका विस्तारसे विवरण दिया गया है। वीर कवि कृत इस जंबूसामिचरिउके आधारसे जम्बूस्वामीके जीवनके आलोचनात्मक अध्ययन-द्वारा लेखकने जबलपुर विश्वविद्यालयसे पी-एच० डी०की उपाधि अर्जित की है जो उचित ही है।

वीर कवि कृत अपभ्रंश काव्य, जंबूसामिचरिउके इस महत्त्वपूर्ण संस्करणको प्रस्तुत ग्रन्थमालामें प्रकाशनार्थ प्रदान करनेके लिए ग्रन्थमालाके प्रधान सम्पादक डॉ० वि० प्र० जैनके आभारी हैं। वे न केवल एक अप्रकाशित अपभ्रंश रचनाको प्रकाशमें लाये हैं, किन्तु उन्होंने उपयोगी हिन्दी अनुवादको भी प्रस्तुत किया है तथा अपनी विद्वत्तापूर्ण प्रस्तावनामें इस ग्रन्थ और ग्रन्थकारसे सम्बद्ध समस्त बातोंका आलोचनात्मक एवं परिपूर्ण अध्ययन भी प्रस्तुत किया है। वास्तवमें ऐसी अपभ्रंश रचनाओंका प्रकाशन अपभ्रंश भाषा और साहित्यके अध्ययनकी प्रगतिका एक बढ़ता हुआ चरण है जो कि आधुनिक भारतीय-आर्य भाषाओंके विकासके ज्ञान हेतु नितान्त आवश्यक है।

हम श्रीमती रमादेवी जैन और श्री साहू शान्तिप्रसादजी जैनके प्रति आभार प्रदर्शित करते हैं जिनकी उदारतासे मूर्तिदेवी ग्रन्थमाला भारतीय साहित्यकी दुर्लभ रचनाओंको ऐसे सुन्दर रूपसे प्रकाशमें ला रही है। हम इस ग्रन्थमालाके मन्त्री, श्री लक्ष्मीचन्द्र जैनको भी धन्यवाद देते हैं जो ऐसी रचनाओंके प्रकाशनमें अत्यन्त उत्साहशील हैं। डॉ० गोकुलचन्द्र जैन भी धन्यवादके पात्र हैं। उन्होंने बनारसमें रहकर, जहाँ यह रचना मुद्रित हुई, हमें अनेक प्रकारसे सहायता दी है।

हीरालाल जैन
आ० ने० उपाध्ये

General Editorial

Jambūsvāmin is an important dignitary of the Jaina or Śramaṇa Saṁgha. He was initiated into the order by Sudharman, the immediate pupil of Mahāvīra. He passed away as the last Kevalin in c. B. C. 463. In the inheritance of scriptural knowledge Jambūsvāmin has played a memorable role. As presented in the Ardhamāgadhī canon, the Aṅga texts are addressed by Sudharman to Jambū who, then, imparted the same to his pupils. Though he was a historical person, we know very little about his biography from contemporary or even canonical sources. A good deal of information about him, however, is available in different strata of later Jaina literature. The basic details of his biography appear to have been parallel with those of Nanda's life as depicted in the Saundarananda, a poem by Aśvaghoṣa. With the passage of time, this traditional biography of Jambūsvāmin got interlinked with and enriched by a large number of sub-stories in different sources. With the Jaina authors the life of Jambūsvāmin has proved to be so popular and inspiring that some 95 works in different languages have been written on this theme. In the present edition is presented the Apabhraṁśa work, Jaṁbūsāmicariu composed by Vīra. The author is a man of learning. He has inherited the influence of earlier poets like Kālidāsa, Puṣpadanta etc.; and his poem has left as well its influence on later authors like Nayanandī, Raidhū, Rājamalla and others. A number of parallel passages in their works are easily traceable. The author Vīra gives plenty of autobiographical details. He is assigned to a period Vikrama Samvat 1010–1085. He completed the Jaṁbūsāmicariu in V. S. 1076, i. e., A. D. 1019.

Dr. V. P. Jain has carefully edited in this volume the Apabhraṁśa text of Jaṁbūsāmicariu based on five mss. (the earliest of the V. S 1516) and noting their various readings in a concise manner. The text is accompanied below by a Hindi translation which is close to its contents and is so fluently presented that it can be read by itself. The Sanskrit gloss on this text available in three Mss. is carefully edited and presented at the end. The Śabdakoṣa gives an alphabetical register of Apabhraṁśa words with their Sanskrit equivalents and references to the text. At the end there is a list of Geographical names found in this work with necessary explanation and suitable references.

Dr. V. P. Jain's introduction is a thorough piece of study. Perhaps here is an exhaustive attempt, first of its kind, to study the biography of Jambūsvāmin in all its aspects. The editor has critically evaluated the Jaṁbūsāmicariu as a Kāvya. He has studied its charactristics as a Mahākāvya, the different characters involved in its plot, the sub-stories intervening the theme, poetical sentiments and embellishments permeating the presentation and the metrical forms employed by the author. A special section is devoted to the stylistic estimate of the poem with necessary references to the context. The Apabhraṁśa dialect used by Vīra is described in

details with regard to its phonology, declensions and verbal forms etc. This critical study of the Life of Jambūsvāmin on the basis of Jaṁbūsāmicariu of Vīra has justly earned the Ph. D. degree of the University of Jabalpur for its author.

The General Editors of the Mūrtidevī Granthamālā are thankful to Dr. V. P. Jain for giving us his valuable edition of the Jaṁbūsāmicariu, in Apabhraṁśa, composed by Vīra for being included in this Series. Not only he brings to light an unpublished Apabhraṁśa work but has also presented here a helpful Hindi translation and a critical and exhaustive study of all the details about the author and his works in his learned Introduction. Publication of such Apabhraṁśa works is indeed a forward step in the progress of studies of Apabhraṁśa language and literature the understanding of which is quite essential to work out the growth of New Indo- Aryan.

We record our sense of gratitude to Smt. Ramadevi Jain and to Shri Sahu Shantiprasadji Jain through whose minificence such rare works of Indian literature are being brought to light in the Mūrtidevī Granthamālā in a samptuous form. Our thanks are due to Shri L. C. Jain, the Secretary, who is very enthusiastic in pushing the publication of such works. Dr. Gokulchandra Jain deserves our thanks. He helped us in various ways by his presence in Banaras where this work was printed.

A. N. Upadhye
H. L. Jain

प्राक्कथन

वीर कवि द्वारा रचित 'जंबूसामिचरिउ' विक्रमकी ११वीं शतीका एक महत्त्वपूर्ण अपभ्रंश चरित महाकाव्य है। इसका परिचय सर्वप्रथम पं० परमानन्दजीने अनेकान्तमें प्रकाशित किया था। लगभग सात वर्ष पूर्व पूज्य डा० हीरालाल जैनने इस ग्रंथके संपादनकी ओर मेरा ध्यान आकृष्ट किया था। उसी समय कारंजा जैन शास्त्रभंडारकी एक हस्तलिखित प्रति (क) तथा आमेर जैन शास्त्र भंडारकी हस्तलिखित प्रतिकी फोटो प्रति (ख) ये दो प्रतियाँ भी मुझे उनसे उपलब्ध हुईं। इन दो प्रतियोंके आधारपर संपादन कार्य प्रारंभ करनेके बाद 'जंबूसामिचरिउ'की तीन और प्रतियाँ (ग घ ङ) उपलब्ध हुईं। इनमें सबसे अधिक प्राचीन प्रति (ख) वि० सं० १५१६ की है। इन सब प्रतियोंका पूर्ण विवरण आगे 'संपादनपरिचय'में दिया गया है।

हस्तलिखित प्रतियोंकी खोजके प्रयासोंमें 'जंबूसामिचरिउ'की एक संस्कृत पंजिका (पं) भी उपलब्ध हुई, जो संक्षिप्त होनेपर भी महत्त्वपूर्ण है। अतः उस पंजिकाको अन्य प्रतियों (ख एवं ग) में उपलब्ध टिप्पणोंके साथ संपादन करके प्रस्तुत ग्रंथके अंतमें दे दिया गया है। काव्यके मूलपाठ चयन एवं हिंदी अनुवाद, दोनोंमें इन संस्कृत टिप्पणोंसे पर्याप्त सहायता प्राप्त हुई है।

मूल अपभ्रंश प्रतियोंकी खोजके ही सिलसिलेमें जंबूस्वामीकथासे संबंधित शताधिक ऐसी रचनाओंकी जानकारी प्राप्त हुई जो विविध भारतीय भाषाओंमें भिन्न-भिन्न प्रदेशों व कालोंमें रची गयीं। उनका संक्षिप्त विवरण आगे दिया गया है।

प्रस्तुत संस्करणमें वीर कवि कृत अपभ्रंश 'जंबूसामिचरिउ'को मूलानुगामी हिंदी अनुवादके साथ सुसंपादित रूपमें सर्वप्रथम प्रस्तुत किया गया है। समालोचनात्मक संपादनकी परंपराके अनुसार इस महाकाव्यके प्रत्येक पहलूका विशेष अध्ययन करके उसके निष्कर्ष प्रस्तावनामें दिये गये हैं। ग्रंथका विशद शब्द-कोष भी प्रबंधके अंतमें दिया गया है।

जंबूस्वामीके जीवनचरितके संबंधमें आगमिक साहित्यसे लेकर संपूर्ण प्राकृत, अपभ्रंश एवं संस्कृत जैन साहित्यमें जो कुछ भी सामग्री उपलब्ध है, उसका सूक्ष्मतासे अध्ययन कर प्रस्तावनामें जंबूस्वामीके जीवनचरितपर यथासंभव पूर्ण विस्तारसे प्रकाश डाला गया है। 'जंबूसामिचरिउ' महाकाव्यके परिप्रेक्ष्यमें इस संपूर्ण सामग्रीके अध्ययनसे यह प्रमाणित होता है कि जंबूस्वामी जैन श्रमण-परंपरामें एक महत्त्वपूर्ण ऐतिहासिक पुरुष थे, जिन्होंने ई० पू० ५२७ में भगवान् महावीरके तीर्थमें उनके साक्षात् शिष्य आचार्य सुधर्मासे जिन-दीक्षा स्वीकार की थी। अपनी अलौकिक प्रतिभा एवं कठोर तपःसाधनाके कारण वे जैन श्रमण संघके न केवल प्रधानाचार्य ही बने, बल्कि उन्होंने श्रमण-साधनाकी परंपरा और पुरातन आगमिक साहित्यिक संपत्तिको सुरक्षित रखने, उसका प्रचार-प्रसार करने तथा चिरस्थायी बनानेमें भी अपना अभूतपूर्व एवं अद्वितीय योग-दान दिया। प्रश्नोंके माध्यमसे जंबूस्वामीने सुधर्माचार्यसे सारे आगमोंको सुनकर धारण किया, और जंबूस्वामीसे वह सारा ज्ञान उनकी शिष्य-संततिको प्राप्त हुआ और उनके द्वारा आगेकी संततियोंको। इस प्रकार गुरु-शिष्य परंपराके द्वारा आगम साहित्यकी स्थायी सुरक्षा तथा प्रचार-प्रसार, ये दोनों ही कार्य सिद्ध हुए।

आगमिक साहित्यमें जंबूस्वामीके जीवनचरितके विषयमें उपलब्ध सामग्री अत्यल्प है। बादके जंबूस्वामीकथा एवं चरित साहित्यसे उनके जीवनपर कुछ विशेष प्रकाश पड़ता है। परंतु अबसे ढाई हजार वर्ष पूर्व होनेवाले इस महापुरुषके वास्तविक जीवनचरितकी सामग्री, इस कथाके परंपरागत होनेपर भी,

कथा-अंतर्कथाओंके ताने-बानेमें दुःखद आश्चर्यकारक रूपसे ऐसी खो गयी या छूट गयी है कि इनके जीवनचरितके सूत्र ऐतिहासिक संदर्भोंके साथ पूर्ण रूपसे जोड़ पाना आज संभव नहीं है। तथापि अद्यावधि प्राप्त समस्त ऐतिहासिक साहित्यिक सामग्रीके आधारसे उनके जीवनकी प्रमुख घटनाओं जन्म, दीक्षा, केवल-ज्ञानोपलब्धि, जैन श्रमणसंघका कुलपतित्व (आचार्यत्व) एवं मोक्षप्राप्तिको ऐतिहासिक तिथियोंके साथ जोड़ा गया है।

ऐतिहासिक जीवनचरितकी दृष्टिसे जंबूस्वामीका चरित जितने महत्त्वका है, साहित्यिक कथानायककी दृष्टिसे भी किसी भी प्रकार उससे कम महत्त्वका नहीं है। कामदेव सदृश सौंदर्य, कुबेर सरीखा वैभवविलास, बृहस्पतिके समान अलौकिक प्रतिभा एवं ऐंद्रियिक भोगविलासकी वासनाके दुर्निवार-दुर्दम्य जनक तथा प्रेरक अधिष्ठाता उद्दाम यौवनकालमें कामदेवकी रतिके समान अनुपम सुंदरी एकाधिक कन्याओंसे विवाह; इन सारे स्वर्गोपम सुखसाधनोंको लात मारकर, महावीर और बुद्धके समान मुनि जीवन अंगीकार करके जीवनके चरमलक्ष्य—परिपूर्णबोधि अर्थात् केवलज्ञान और मोक्षको प्राप्त करना, इन सारे तत्त्वोंने पाँचवीं-छठी शती ई०से लगाकर अद्यावधि गत पंद्रह सौ वर्षोंमें प्रत्येक शतीमें और देशके लगभग प्रत्येक राज्यमें जैन साहित्यकारोंको बलात् अपनी ओर आकृष्ट किया है। यही कारण है कि प्राचीन प्राकृत साहित्यसे लेकर संस्कृत, अपभ्रंश, राजस्थानी, गुजराती और हिंदी आदि विभिन्न भारतीय भाषाओंमें जंबूस्वामी चरितकी एक सुदीर्घ परंपरा प्राप्त होती है, जो वसुदेव-हिंडी(प्राकृत)के रचयिता संघदास गणि (पाँचवीं-छठी शती ई०)से लगाकर बीसवीं शतीतक अविच्छिन्न रूपसे चली आयी है।

आभार—इस ग्रन्थको तैयार करनेमें हस्तलिखित प्रतियोंको उपलब्ध करानेसे लेकर प्रस्तुत रूप देने तकमें जिन पूज्य गुरुजनों, विद्वानों, श्रीमानों तथा मित्रोंका सहयोग प्राप्त हुआ है उनकी सूची बहुत बड़ी है, और उन सबके प्रति नामोल्लेखपूर्वक कृतज्ञता ज्ञापित करना यहाँ संभव नहीं है, तथापि कुछ अवश्य उल्लेखनीय व्यक्ति और संस्थाएँ हैं—पूज्य डॉ० हीरालाल जैन, जिन्होंने प्रस्तुत काव्यकी प्रतियाँ प्रदान करते हुए मुझे इसके संपादन करनेकी प्रेरणा दी और जिनसे मैंने आलोचनात्मक अध्ययन तथा संपादनकी पद्धति सीखी और निरंतर मार्गदर्शन प्राप्त किया; जैन शोधसंस्थान, महावीर भवन जयपुरके डॉ० कस्तूरचन्द कासलीवाल तथा जैन महाविद्यालय जयपुरके प्राचार्य पं० चैनसुखदासजी न्यायतीर्थ, जिनकी कृपासे मुझे जयपुरके भंडारोंकी तीन प्रतियाँ, पंजिका, फोटो प्रतिकी मूल प्रति एवं ब्रह्म-जिनदासकृत संस्कृत जंबूस्वामीचरित्रकी प्रतियाँ उपलब्ध हुईं; लालभाई दलपतभाई शोधसंस्थान, अहमदाबादके निदेशक पं० दलसुख भाई मालवणिया, जिनके सहयोगसे मुझे उस संस्थानसे भिन्न-भिन्न जंबूस्वामीचरितोंकी सत्रह हस्तलिखित प्रतियाँ प्राप्त हुईं; प्राच्य शोध संस्थान बड़ौदाके संचालक डॉ० भोगीलाल सांडेसरा, एवं भंडारकर प्राच्य शोध संस्थान, पूनाके मैनुस्क्रिप्ट्स विभागके अध्यक्ष डॉ० ए० डी० पुसालकर, जिनसे मुझे जंबूस्वामी-अध्ययन नामक रचनाकी भिन्न-भिन्न कई प्रतियाँ तथा मानसिंह कृत संस्कृत जंबूस्वामीचरित्र उपलब्ध हुए; प्राकृत, जैनशास्त्र एवं अहिंसा शोध संस्थान वैशाली (बिहार)के निदेशक डॉ० नथमल टाटिया, पार्श्वनाथ विद्याश्रम शोध संस्थान वाराणसीके निदेशक डॉ० मोहनलाल मेहता तथा स्याद्वाद महाविद्यालय वाराणसीके प्राचार्य पू० पं० कैलाशचन्द्र शास्त्री, जिनके कृपापूर्ण सहयोगके कारण मुझे इन संस्थाओंसे सहायक ग्रंथ उपलब्ध हुए तथा डॉ० नेमिचंद्र शास्त्री आरा, जिन्होंने समय-समयपर मेरा मार्गदर्शन किया और मेरी समस्याओंको सुलझाया, इन सबका हृदयसे आभारी हूँ।

भारतीय ज्ञानपीठके मंत्री श्री लक्ष्मीचन्द्र जैन तथा मूर्तिदेवी ग्रन्थमालाके प्रधान संपादक डॉ० आ० ने० उपाध्येका मैं हृदयसे कृतज्ञ हूँ, जिन्होंने इसे भारतीय ज्ञानपीठसे प्रकाशित करनेकी स्वीकृति प्रदान की। भारतीय ज्ञानपीठ वाराणसीके व्यवस्थापक डॉ० गोकुलचन्द्र जैन, उनके अन्य सहयोगी तथा श्री पोल्हावनजीका भी आभारी हूँ जिन्होंने इस ग्रंथके यथाशीघ्र, सुंदर और शुद्ध मुद्रणमें आद्योपांत अत्यंत आत्मीयतासे बहुत अधिक सक्रिय सहयोग प्रदान किया। इस प्रसंगमें तारा-प्रकाशन,

वाराणसीके प्रबंध-संचालक श्री रमाशंकरजी पंड्याका स्मरण और उनके प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापन करना मेरा प्रिय कर्त्तव्य है जिन्होंने मुझे डा० ही० ला० जैन-द्वारा संपादित 'सुदंसणचरिउ'की पूर्ण प्रूफ कॉपी प्रदान की, जिससे मैं जंबूसामिचरिउ तथा 'सुदंसणचरिउ' का तुलनात्मक अध्ययन सरलतासे कर सका। इन सबके अतिरिक्त मैं सहायक एवं संदर्भ ग्रंथोंके सभी विद्वान् लेखक-संपादकोंके प्रति भी अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ। अन्तमें मेरी धर्म-पत्नी श्रीमती कमलेश, जिन्होंने इस कार्यको पूर्ण करानेमें मेरे साथ अथक परिश्रम किया और अनगिन कष्ट प्रसन्नतासे सहन किये, उनके प्रति कुछ न कहकर ही सब कुछ कहा जा सकेगा। मेरे अत्यन्त शुभेच्छु एवं परम-स्नेही आत्मीय मित्र और बांधव जो वर्षोंसे मुझे कार्य पूर्ण करनेकी निरंतर प्रेरणा व उत्साह प्रदान करते रहे, उनकी सद्भावनाओंका ऋण शब्दोंमें व्यक्त कर मैं उऋण होना नहीं चाहता।

प्रकाश पर्व १ नवंबर १९६७ — विमलप्रकाश जैन

विषय-सूची

प्रस्तावना

१. संपादन परिचय १–१०
प्रति परिचय १
संपादनमें सहायक अन्य सामग्री ६
प्रति-प्रशस्तियोंकी प्रामाणिकता ८
पाठ-संपादनकी पद्धति ८

२. ग्रंथकार परिचय १०–१९
जन्मभूमि, माता-पिता १९
लाडवग्ग वंशकी ऐतिहासिकता ११
काव्य-रचना प्रेरक १२
समय निर्धारण १३
उल्लिखित पूर्ववर्ती कवि और काव्य १४
समकालीन कवि और आचार्य १५
समकालीन राजा १६
कविकी शिक्षा तथा व्यक्तित्व एवं कृतित्व १८

३. कथासार, कथावस्तुका महाकाव्यात्मक गठन एवं मौलिकता २०–२६

४. जंबूस्वामी : एक ऐतिहासिक कथापुरुष, कथाकी दीर्घ परंपरा और मूलस्रोत २६–४७
आगमिक ऐतिहासिक सामग्रीके आधारपर जंबूस्वामीका जीवनकाल और चरित २६
जंबूस्वामीचरित कथाकी पूर्व परंपरा : वसुदेव-हिंडी, उत्तर पुराण, सम० कहा, धर्मोप० विवरण एवं जंबूचरियं २९
जंबूस्वामिचरितकी कथा-परंपराओंका तुलनात्मक अध्ययन ३७
वीर रचित जंबूसामिचरिउकी विशेषता ३९
जंबूचरितकी कथाका मूलस्रोत : सौन्दरनन्द काव्य ४०
जंबूस्वामी विषयक रचना-सूची ४३

५. जंबूस्वामी-चरितकी अंतर्कथाएँ ४८–८०
अंतर्कथाओंका मूलकथानकसे संबंध एवं संस्कृत-प्राकृत-अपभ्रंश जंबूस्वामीचरितोंमें उपलब्ध कथाओंका तुलनात्मक विश्लेषण ४८
जंबूस्वामी चरितोंकी कथासारिणी ७४
अंतर्कथाओंका महाकाव्यकी दृष्टिसे औचित्य मूल्यांकन ७७
कथातत्वों एवं कथानकरूढ़ियोंका विश्लेषण ७८

६. जंबूसामिचरिउका काव्यात्मक मूल्यांकन ८०–१०७
(क) चरितकाव्यकी दृष्टिसे समीक्षा ८१
(ख) महाकाव्यात्मकता ८२
(ग) वस्तु-व्यापार-वर्णन ८२
(घ) शील-विश्लेषण ८७
(ङ) रस-भाव योजना ९२
(च) अलंकार योजना ९७
(छ) बिंब-योजना ९९
(ज) छंद-योजना १०१

७. जंबूसामिचरिउकी गुण और रीति-युक्तता एवं सुभाषित और लोकोक्तियाँ १०७–११७
गुण : माधुर्य, ओज, प्रसाद १०८
रचना शैली (रीतियाँ) : वैदर्भी, पांचाली, गौड़ी, लाटी १०९
सुभाषित एवं लोकोक्तियाँ ११२
कहावतोंकी कहानियाँ ११७

८. जंबूसामिचरिउका भाषा एवं व्याकरणात्मक विश्लेषण ११७–१२७

९. वीर तथा अन्य कवि १२७–१३७
(क) 'जंबूसामिचरिउ' पर पूर्वकालीन संस्कृत, प्राकृत एवं अपभ्रंश कवि तथा साहित्यकारोंका प्रभाव : अश्वघोष, कालिदास, प्रवरसेन, बाण, भवभूति, स्वयंभू, सोमदेव, पुष्पदंत, गुणपाल १२७–१३३
(ख) 'जंबूसामिचरिउ' का पश्चात् कालीन संस्कृत, प्राकृत एवं अपभ्रंश कवियोंपर प्रभाव : नयनंदि, ब्रह्म जिनदास, राजमल्ल और रइधू १३३–१३७

१०. समसामयिक अवस्था १३८–१४७
भौगोलिक स्थिति १३८
ग्राम और ग्राम्य जीवन १४०
नगर और नागरिक जीवन १४०

आर्थिक अवस्था १४१
सामाजिक स्थिति १४२
अन्य जातियाँ एवं आजीविकाके साधन १४२
विवाह संस्था १४३
वैवाहिक पद्धति १४३
वैवाहिक भोज १४३
अन्य सामाजिक प्रथाएँ, दैनिक जीवन, एवं मनोरंजनके साधन १४४
शिक्षा और साहित्य १४५
धार्मिक स्थिति १४६
सन्दर्भ ग्रन्थ एवं संकेत सूची १४८

मूलपाठ

संधि	विषय	कडवक
१.	मंगलाचरण	
	महावीर वंदना	१
	कविका आत्म-निवेदन	२
	कविका विनय-प्रदर्शन	३
	कविका वंश परिचय	४
	काव्य रचना प्रेरकका वंश परिचय	५
	कवि और काव्य-गुण तथा मगधवर्णन	६
	मगधवर्णन	७–८
	राजगृह वर्णन	९–१०
	मगधराज श्रेणिक	११
	रानियोंका सौंदर्य	१२
	विपुलगिरिपर भ० महावीरके आगमनकी सूचना	१३
	भ० महावीरके दर्शनार्थ गमनकी तैयारी	१४
	भ० महावीरके दर्शनार्थ गमन	१५
	भ० महावीरका समोशरण	१६
	समोशरणमें विराजमान भ० महावीरकी शोभा	१७
	भ० महावीरकी स्तुति	१८
२.	महावीरका धर्मोपदेश	१–२
	समोशरणमें विद्युन्माली देवका आगमन	३
	विद्युन्माली देवके पूर्वजन्मोंका कथन प्रारंभ	४
	भवदत्त-भवदेवकी कथा, माता-पिताका स्वर्गवास	५
	वर्द्धमान गाँवमें सुधर्म मुनिका आगमन और धर्मोपदेश	६–७
	सुधर्मके धर्मोपदेशसे भवदत्तको वैराग्य और दीक्षा	८
२.	भवदेवका विवाह और ठीक उसी अवसर-पर मुनि भवदत्तका घर आगमन	९
	भवदत्त-भवदेवकी वार्ता	१०
	भवदत्तका भवदेवको धर्मोपदेश	११
	भवदेवका मुनि भवदत्तके साथ अत्यंत अनिच्छापूर्वक मुनि संघमें जाना, भवदेवकी अनचाही दीक्षा, निरंतर पत्नीका ध्यान और भोगेच्छासे गाँव लौटकर आना	१२–१५
	भवदेवका अंतर्द्वंद्व और पत्नी (नागवसू) से भेंट	१६
	भवदेव-नागवसूकी वार्ता	१७
	नागवसू द्वारा भवदेवको बोधक उपदेश	१८
	भवदेवको सच्चा बोध और पश्चात्ताप	१९
	भवदत्त-भवदेवकी कठोर तपस्या और मर-कर स्वर्गगमन	२०
३.	पूर्व विदेहमें पुष्कलावती क्षेत्रका वर्णन	१
	पुंडरिकिणी नगरीका वर्णन	२
	पुंडरिकिणी नगरीमें सागरचंद्रका जन्म और वीताशोक नगरीका वर्णन	३
	वीताशोक नगरीमें शिवकुमारका जन्म	४
	पुंडरिकिणीमें सागरचंद्रका मुनि होना	५
	वीताशोक नगरीमें मुनि सागरचंद्र (पूर्व जन्ममें भवदत्त) के दर्शनसे शिवकुमारको अपने पूर्वजन्म (भवदेव) का स्मरण	६
	शिवकुमारको वैराग्य और दीक्षा लेनेकी इच्छा	७–८
	माता-पिताके आग्रहसे शिवकुमारकी घरमें रहते हुए ही तपस्या और संन्यासमरण;	९

संधि	विषय	कडवक
३.	सागरचंद्र, शिवकुमारका स्वर्गगमन, विद्युन्माली (शिवकुमार) देवकी चार देवियाँ और उनका पूर्व-भव	१०
	चार देवियोंका पूर्व-भव—शूरसेन श्रेष्ठिकी चार पत्नियाँ	११
	वसंतागमन और नागयक्षके मंदिरकी यात्रा	१२
	श्रेष्ठि-पत्नियोंकी धर्म-साधना और मरकर स्वर्गमें विद्युन्मालीकी देवियाँ बनना	१३
	विद्युच्चर परिचय	१४
४.	जंबूस्वामीके माता-पिता और अणाढिय यक्ष	१
	भ० महावीर द्वारा अणाढिय यक्षका पूर्व-भवकथन और जंबूस्वामीके अंतिम केवली होनेकी भविष्यवाणी	२–३
	भगवान्‌के द्वारा संक्षेपमें जैनपुराण कथनका उल्लेख और श्रेणिक द्वारा भगवान्‌की स्तुति	४
	राजाका नागरिकों सहित नगरको लौटना और सातवें दिन अहरदासकी पत्नीको पाँच स्वप्न आना, और स्वप्नोंका फल	५–६
	जंबूस्वामीका गर्भावतरण, माँकी गर्भावस्था और शिशुका जन्म	७
	जंबूस्वामीका जन्मोत्सव और नामकरण	८
	बालक जंबूस्वामीका बढ़ना और गुरुके पास शिक्षा ग्रहण	९
	बालकके यशका विस्तार	१०
	जंबूस्वामीके दर्शनसे नारियोंकी उत्तेजना	११
	सागरदत्तादि श्रेष्ठियोंकी पद्मश्री आदि चार कन्याएँ	१२
	कन्याओंका सौंदर्य और उनका जंबूस्वामीसे वाग्दान	१३–१४
	श्रेष्ठि घरोंमें विवाहकी तैयारी और वसंतागमन	१५
	नागरिकोंका उद्यान क्रीड़ा हेतु गमन, उपवनकी शोभा	१६
	नागरिक मिथुनोंकी उद्यान-क्रीड़ा	१७
	प्रेमियोंकी वक्रोक्तियाँ	१८
	मिथुनोंकी जल-क्रीड़ा	१९
	मेंठको मारकर राजाके पट्ट हाथीका बंधन तुड़ाकर भागना और नागरिकोंको त्रास देना	२०
	हाथीका उपद्रव	२१
	जंबूस्वामी द्वारा हस्ति-विजय	२२
५.	श्रेणिककी राजसभा	१
	राजसभामें विद्याधर गगनगतिका आगमन और विलासवती वृत्तांत	२
	विलासवतीको बलपूर्वक प्राप्त करनेके लिए विद्याधर रत्नशेखर-द्वारा केरलपुरीकी घेरेबंदी	३
	जंबूस्वामी और गगनगतिकी वार्ता, जंबूस्वामीका गगनगतिके साथ प्रयाण	४–५
	श्रेणिक सैन्यकी युद्धार्थ प्रयाणकी तैयारी	६
	सैन्य प्रयाण	७
	विंध्यपर्वत और विंध्याटवी वर्णन	८
	विंध्यदेश वर्णन	९
	रेवानदी तथा कुरल पर्वत वर्णन	१०
	श्रेणिक सैन्यका पड़ाव और जंबूस्वामीका केरल पहुँचना	११
	दूतके रूपमें जंबूस्वामीका रत्नशेखर विद्याधरकी छावनीमें प्रवेश कर उसके सामने पहुँचना	१२
	जंबूस्वामीका रत्नशेखरको बुरा-भला कहना और रत्नशेखरका रोष	१३
	जंबूस्वामी-द्वारा किये गये अपमानसे उत्तेजित विद्याधर योद्धाओं और जंबूस्वामीके मध्य युद्ध	१४
६.	वीर पुरुष (और वीर कवि) का सहज परिकर; विद्याधर सैन्यमें विक्षोभ, केरल राजा मृगांकको अपने अज्ञात सहायक जंबूस्वामी-द्वारा विद्याधर सैन्यसे भयानक युद्धकी सूचना प्राप्ति और केरल सैन्यका सन्नद्ध होना	१–२
	सैनिक-पत्नियोंके वीरतापूर्ण संदेश	३
	केरल सैन्यका प्रयाण	४
	सैन्य प्रयाणसे उड़ी धूलि और परस्पर युद्ध	५
	आकाशमें उड़ी धूलि, युद्ध और युद्ध भूमिका दृश्य	६–९

संधि	विषय	कडवक
६.	रत्नशेखर और गगनगतिका युद्ध	१०
	रत्नशेखर-मृगांक साक्षात्कार और परस्पर युद्ध	११–१३
	रत्नशेखर-द्वारा माया-युद्धके बलसे मृगांकको बाँधना; जंबू-द्वारा विद्याधर सैन्य संहार	१४
७.	कवि और काव्य; युद्ध-भूमिका दृश्य	१
	विद्याधर और केरल सैन्यमें क्रमशः जय-पराजयका दृश्य, गगनगति-द्वारा जंबूस्वामीकी स्तुति और मृगांकके बाँधे जानेका वृत्तांत कहकर सम्मान रक्षाका निवेदन	२–३
	सच्चा वीर पुरुष; युद्धका वृत्त सुनकर जंबूस्वामीका रोष	४
	केरल सैन्यमें पुनर्युद्धका उत्साह और दोनों सेनाओंका पुनः भिड़ना	५
	महान् शस्त्र-युद्ध; श्रेष्ठ और अधम वृषभ	६
	जंबूस्वामी और रत्नशेखरका पुनर्साक्षात्कार और परस्पर शस्त्र-युद्धका आह्वान	७
	सेनाओंका युद्ध-भूमिसे हटना तथा जंबूस्वामी और रत्नशेखरमें शस्त्र-युद्ध	८–९
	जंबूस्वामी-द्वारा रत्नशेखरका बाँधे जाना; मृगांकको छुड़ाना, गगनगति-द्वारा समस्त वृत्त कथन और विजयोत्साहपूर्वक सबका नगर प्रवेश	१०–११
	नगरकी शोभा, जंबूस्वामीका स्वागत, राजकुलमें प्रवेश और रत्नशेखरको क्षमादान	१२
	मृगांक कन्या विलासवती सहित सबका राजगृहकी ओर प्रस्थान, कुरल पर्वतपर श्रेणिकसे भेंट, श्रेणिकका विलासवतीसे परिणय और राजगृह पहुँचनेपर नंदनवन उद्यानमें सुधर्म मुनिके दर्शन	१३
८.	कवि और काव्य	१
	जंबूस्वामी और सुधर्म वार्ता; सुधर्म-द्वारा दोनोंके पूर्व-भवोंका कथन	२
	मगध देशमें संवाहन नगर वर्णन और सुधर्माका आत्म परिचय	३–४
	सुधर्मासे उनका और स्वयंका परिचय आदि जान जंबूस्वामीको वैराग्य	५
८.	जंबूस्वामीका सुधर्मासे उसे दीक्षा देनेका अनुरोध	६
	जंबूस्वामी और माता-पिताकी वार्ता, और उसका दीक्षा लेनेका निश्चय जान माता-पिताकी अवस्था	७
	जंबूस्वामी-द्वारा सत्पुत्र लक्षण कहकर माता-पिताको समझाना	८
	समाचारवाहकों-द्वारा जंबूके दीक्षा लेनेका निश्चय जानकर सागरदत्तादि श्रेष्ठियों व कन्याओंके अन्य स्वजनोंकी दुःखद अवस्था, कन्याओंका जंबूस्वामीसे उनके साथ केवल एक दिनके लिए विवाह करनेका आग्रह	९–१०
	स्त्रीसुलभ कामचेष्टाओं-द्वारा पद्मश्रीका जंबूस्वामीको वशमें करनेका विश्वास	११
	जंबूस्वामी-द्वारा विवाह करनेकी स्वीकृति और विवाह	१२
	मध्याह्नकालमें वैवाहिक भोज	१३
	वर-वधुओंका वरगृहको जाना, संध्या, सूर्यास्त एवं रात्रि आगमन	१४
	रात्रि, चंद्रोदय एवं ज्योत्स्ना वर्णन	१५
	वधुओंकी कामचेष्टाएँ	१६
९.	काव्य परीक्षा ; जंबूस्वामीका अंतर्मुखी चिंतन	१
	पंकजश्री-द्वारा जंबूस्वामीपर व्यंग्य	२
	मूसंहालीका दृष्टांत	३–४
	आमिष लोभी कौवेका दृष्टांत	५
	खेचरका दृष्टांत	६
	कामातुर यूथपति वानरका दृष्टांत	७
	संखिणी नामक कबाड़ीका दृष्टांत	८
	भ्रमरका दृष्टांत; सर्प दृष्टांतके प्रसंगमें वर्षा वर्णन	९
	सर्प-करकैंटा दृष्टांत	१०
	शृगालका दृष्टांत	११
	विद्युच्चरका वेश्यावाटसे चोरी हेतु निर्गमन, वेश्यावाटका वर्णन	१२
	वेश्याओंका जीवन और मिथुनोंके सुरत-व्यापार	१२

संधि	विषय	कडवक
९.	विद्युच्चरका जंबूस्वामीके घरमें चोरी हेतु प्रवेश, तथा जंबूस्वामी और वधुओंके कथोपकथन सुनकर एवं माँ-की विकल अवस्था देख चित्त-परि-वर्तन और माँसे वार्ता	१४-१५
	विद्युच्चरका चोररूपमें आत्मपरिचय तथा जंबूसे मिलकर उसका चित्त-परिवर्तन करनेके प्रयासमें असफल होनेपर स्वयं भी उसके साथ दीक्षा लेनेका निश्चय	१६
	माँके द्वारा विद्युच्चरको जंबूस्वामीका मामा कहकर उससे मिलाना	१७
	विद्युच्चरका वेष वर्णन, जंबूस्वामी एवं विद्युच्चरका साक्षात्कार और कुशलवार्ता	१८
	विद्युच्चरका देश-यात्रा वर्णन	१९
१०.	कवि और काव्य; विद्युच्चर-द्वारा जंबू स्वामीकी प्रशंसा और सांसारिक भोगोंको भोगनेकी प्रेरणा	१
	विद्युच्चरका नास्तिक भोगवाद	२–३
	जंबूस्वामीका कार्य-कारणयुक्त आस्तिकवाद	४–५
	जंबूस्वामी-द्वारा निजके पूर्वभवोंका संक्षिप्त कथन	६
	उष्ट्र दृष्टांत	७
	असती दृष्टांत	८–१०
	वणिक् और चिंतामणि दृष्टांत	११
	भील और शृगाल दृष्टांत	१२
	एक कबाड़ीका दृष्टांत	१३
	वोड नटका दृष्टांत	१४
	विभ्रमा नामक रानी और चंगका दृष्टांत	१५–१७
	विद्युच्चरको बोध प्राप्ति और अपना वंश परिचय देना, तथा सूर्योदय	१८
	जंबूस्वामीका दीक्षार्थ अभिनिष्क्रमणोत्सव और सत्कार	१९
१०.	जंबूस्वामीकी दीक्षा और वस्त्राभूषण परित्याग	२०
	विद्युच्चर, अरहदास, जिनमती माता और वधुओंकी प्रव्रज्या; सुधर्माको केवल-ज्ञान और जंबूकी द्वादशविध तपस्या	२१
	जंबूस्वामीकी तपस्या, सुधर्माको मोक्ष, जंबूस्वामीको कैवल्य, देवों-द्वारा कैवल्योत्सव, और जंबूस्वामीको मोक्ष प्राप्ति, माता, पिता एवं वधुओंका संन्यासमरण करके स्वर्गगमन	२२–२४
	विद्युच्चर मुनिका संघसहित ताम्रलिप्ति नगरीमें आगमन और मुनि संघपर दैवी उपसर्गकी सूचना	२५
	मुनि संघपर घोर उपसर्ग, विद्युच्चर मुनिकी उपसर्ग सहनेकी दृढ़ता	२६
११.	विद्युच्चर मुनि-द्वारा बारह अनुप्रेक्षाओंका चिंतन : अध्रुवानुप्रेक्षा	१
	अशरणानुप्रेक्षा	२
	संसारानुप्रेक्षा	३
	एकत्वानुप्रेक्षा	४
	अन्यत्वानुप्रेक्षा	५
	अशुचित्वानुप्रेक्षा	६
	आस्रवानुप्रेक्षा	७
	संवरानुप्रेक्षा	८
	निर्जरानुप्रेक्षा	९
	लोकानुप्रेक्षा	१०–१२
	बोधिदुर्लभानुप्रेक्षा	१३
	धर्मस्वाख्यातत्वानुप्रेक्षा	१४
	विद्युच्चरका समाधिमरण करके सर्वार्थ-सिद्धि स्वर्गगमन	१५
	प्रशस्तिः काव्य रचनाकाल और कविका वंश परिचय आदि	

संस्कृत टिप्पण और शब्द-कोष

संस्कृत-टिप्पण	पृ० २३५–२८७	वाद्य-यन्त्र	पृ० ३९१
अकारादिक्रम शब्द-कोष	पृ० २८८–३९०	वृक्ष-वनस्पति	पृ० ३९२
खाद्य-पदार्थ	पृ० ३९०	व्यक्तिगत-नाम	पृ० ३९३
ध्वन्यात्मक-शब्द	पृ० ३९१	भौगोलिक-नाम	पृ० ३९६–४०२

प्रस्तावना

१. संपादन परिचय

प्रति परिचय

वीर कवि विरचित जंबूसामिचरिउ नामक यह अपभ्रंश महाकाव्य प्रथम बार संपादित होकर प्रकाशमें आ रहा है। इसका संपादन निम्नलिखित पाँच प्राचीन प्रतियोंके पाठोंका पूरा मिलान करके किया गया है :

क प्रति कारंजा भंडारसे पू० डॉ० हीरालालजीके सौजन्यसे उपलब्ध हुई है। प्रतिमें कुल १०४ पत्र हैं, जिनमें-से प्रथम पत्र केवल एक ओर लिखा गया है। आकार ११" × ४½"; पंक्तियाँ प्रतिपृष्ठ अधिकांशतः ९, और किन्हीं किन्हीं में १०; अक्षर प्रति-पंक्ति लगभग ३६; हाशिया दोनों पार्श्वोंमें १", ऊपर-नीचे ¾"। लिखावट सर्वत्र समान नहीं है। कहीं अक्षर बड़े-बड़े लिखे हैं, तो कहीं छोटे-छोटे। लेख सर्वत्र सुंदर है।

प्रतिका प्रारंभ '॥ स्वस्ति ॥ ओं नमो वीतरागाय' से होता है; और ग्यारहवीं संधिके अंतमें 'इय जंबूसामिचरिए सिंगारवीरे महाकाव्वे महाकइदेवयत्त' यहीं तक आकर अधूरी पुष्पिका पर ही प्रति समाप्त हो जाती है। इसके आगे कोई भी प्रशस्ति नहीं है। अतः इस प्रतिके लेखन-कालका अनुमान लगाना कठिन है।

इस प्रतिकी निम्नलिखित विशेषताएँ हैं :—

(१) यह प्रति अनुस्वार प्रधान है, तथा इसमें निरर्थक अनुस्वारका अत्यधिक प्रयोग हुआ है।

(२) 'न'के स्थानपर सर्वत्र ण'का प्रयोग हुआ है, केवल दो स्थानोंको छोड़कर (१) कामिनी, (२) अन्यः > अन्नु।

(३) अनेक स्थलों पर 'इ' के स्थान पर 'य' श्रुति, और 'य' श्रुति के स्थान पर 'इ' का प्रयोग मिलता है। इ > य जैसे—अवइण्ण > अवयण्ण (अवतीर्ण); छइल्ल छयल्ल—(हि० छैला, विदग्ध-पुरुष); कइवय > कयवय (कतिपय); वइतरिणि-वयतरिणि (वैतरणी); पइव्वय > पयवय (पतिव्रत) आदि; एवं य > इ जैसे वेयल्ल > वेइल्ल (विचकिल्ल); आयउ > आइउ (आगतः) आदि।

(४) कहीं कहीं 'य' श्रुतिके स्थानपर 'व' श्रुतिका भी प्रयोग मिलता है; जैसे जुयल > जुवल (युगल);

(५) क्वचित् 'व'कारके स्थान पर 'म'कारका प्रयोग—ताव > ताम (तावत्), एवहिं > एमहि (इदानीम्)

(६) तृतीया तथा सप्तमी विभक्तियोंमें सर्वत्र 'इ' का प्रयोग—(तृ०) करणि, अज्जासि, पियरि; तथा (स०) हियवइ, घरि घरि, आवसि आदि।

ख प्रति—यह पोथी जयपुरके आमेर शास्त्र भंडारमें उपलब्ध है। प्रतिमें कुल ७६ पत्र हैं, जिनमें ६२वाँ पत्र नहीं है। प्रथम पत्र इस प्रतिमें भी केवल एक ओर लिखा गया है। आकार ११" × ५¾"; पंक्तियाँ प्रति-पृष्ठ (पत्र १ से ७४ तक) १४; और बीच बीचमें कुछ पत्रोंपर (२०, ३१, ३३) १५;

तथा पत्र ७५ व ७६ पर मोटे-मोटे अक्षरोंमें पृष्ठतः ९, ८, ९ व ११ पंक्तियाँ; अक्षर प्रति पंक्ति लगभग ३५; हाशिया पार्श्वोंमें १$\frac{1}{2}$" व १$\frac{1}{2}$" तथा ऊपर-नीचे १", १"। लेख असमान, कहीं अक्षर छोटे-छोटे, कहीं बड़े-बड़े परन्तु सामान्य रूपसे सर्वत्र स्पष्ट, शुद्ध एवं सुन्दर।

स प्रतिकी एक फोटो-कॉपी भी संपादकको पू० डॉ० हीरालालजीके सौजन्यसे उपलब्ध हुई है, और संपादन कार्यका आरंभ उसी प्रतिके पाठोंके मिलानसे किया गया था। पीछे जयपुर आनेपर उपर्युक्त मूल स प्रति उपलब्ध हो सकी। फोटो कॉपीका आकार है ६$\frac{1}{2}$"×३"; हाशिया पार्श्वोंमें $\frac{5}{8}$" व $\frac{3}{4}$" तथा ऊपर नीचे $\frac{1}{2}$", $\frac{1}{2}$"।

इस प्रतिका आरंभ 'ओं नमः सिद्धेभ्यः' से होता है। अंतमें वीर कविकी स्वकृत प्रशस्तिके उपरांत 'इति जंबूसामिचरित्तं समाप्तं' लिखा गया है, और इसके पश्चात् निम्नलिखित प्रति प्रशस्ति उपलब्ध होती है—

मन्ये वयं पुण्यपुरीव भाति सा झूंझुणेति प्रकटीबभूव।
प्रोत्तुंगतन्मंडनचैत्यगेहाः सोपानवद्दृश्यति नाकलोके ॥१॥
पुरस्सराराम-जलप्रकूपा-हर्म्याणि तत्रास्ति रतीव रम्याः।
दृश्यंति लोकार्धनपुण्यभाजा ददाति दानस्य विशालशाला ॥२॥
श्री विक्रमार्कस्य गते शताब्दे षडेक-पंचैक (१५१६) सुमार्गशीर्षे।
त्रयोदशीयातिथिसर्वशुद्धा श्री जंबूस्वामीति च पुस्तकोऽयं ॥

इससे ज्ञात होता है कि यह प्रति संवत् १५१६ में मार्गशीर्ष शुक्ल त्रयोदशीके दिन झूंझणूपुर (राजस्थान) नामक अति समृद्ध नगरीमें लिखी गयी, जो अपनी शोभामें स्वर्गलोकके समान थी। प्रति लेखक अथवा लिखानेवालेके संबंधमें इससे कोई ज्ञान नहीं होता।

उपलब्ध पाँचों प्रतियोंमें यह प्रति सबसे अधिक प्राचीन है। पाठोंकी दृष्टिसे भी यह प्रति सबसे शुद्ध है। अतः मुख्य रूपसे इस प्रतिके पाठोंको ही मूल ग्रन्थका आधार माना गया है। इस प्रतिकी विशेषताएं निम्न प्रकार हैं :—

(१) आदि 'न' का नियमित रूपसे सुरक्षित रहना।

(२) मध्यवर्ती असंयुक्त 'न' के स्थानपर 'ण' का सर्वत्र प्रयोग, कुछ अपवादों, जैसे झाणानल, निनद्द, दावानल, मुद्दियएन आदिको छोड़कर।

(३) मध्यवर्ती संयुक्त 'न्न' का सुरक्षित रहना, जैसे आसन्न, उप्पन्न, संछन्न, सन्नद्ध आदि।

(४) मध्यवर्ती संयुक्त 'न्य' तथा 'ण्ं' के स्थान-पर अनियमित रूपसे 'न्न' अथवा 'ण्ण' का प्रयोग, जैसे मन्नइ-मण्णइ, सेन्न-सेण्ण, निन्नासिय आदि।

(५) अनेक स्थलों-पर 'इ' के स्थानमें 'य' श्रुतिका तथा कहीं कहीं 'य' श्रुति के स्थानमें 'इ' का प्रयोग इ>य जैसे जइवि>जयवि, वइसवण>वयसवण, अवइण्ण>अवयण्ण, पइसइ>पयसइ, सेणावइ>सेणावय आदि; य>इ वेयल्ल>वेइल्ल (वेगवान)।

(६) क्वचित् 'व' के स्थानपर 'म' का प्रयोग, जैसे सकिवाण>सकिमाण; और कहीं 'म' के स्थानपर 'व' का, जैसे भामिणी>भाविणि।

(७) तृतीया एवं सप्तमीके प्रत्ययों, कृदंतके पूर्वकालिक क्रिया रूपों तथा अन्यत्र भी 'ए' व 'इ' मात्राका बाहुल्य जैसे (तृ०) अम्हासें, पियरें, करणे [न], मुणेंदें; (सप्तमी) एयणे, घरे घरे, आउसे; (कृ० पूर्व० क्रिया) परिहरेवि, करेवि, मुणेवि आदि; अन्यत्र तेत्थ, जेत्थ, जे, एत्तहे, तेत्तहे, सेट्ठं (विष्टम्), णेट्ठ-अनिष्ट (शत्रु) आदि; और कहीं कहीं 'इ' मात्रा भी जैसे घरि घरि, आयाण्णिवि आदि;

तथा कृ० पूर्व० क्रिया प्रत्ययोंमें जायवि, पढवि, करवि, परिहरवि ऐसे रूप भी बहुशः उपलब्ध होते हैं।

(८) यह प्रति सटिप्पण है, जिसके चारों हाशियों-पर छोटे-छोटे अक्षरोंमें आद्योपांत टिप्पण लिखे गये हैं। टिप्पणोंके संबंधमें विशेष जानकारी मूल ग्रन्थके अंतमें संस्कृत टिप्पणोंकी भूमिकामें दी गयी है।

ग प्रति—यह भी जयपुरके शास्त्र भंडारमें सुरक्षित है। इसमें कुल ११४ पत्र हैं। आकार १२"×४$\frac{3}{4}$"; हाशिया दोनों पार्श्वोंमें १$\frac{1}{2}$"; १$\frac{1}{2}$", ऊपर-नीचे १", १"; पंक्तिसंख्या पत्र २ से ३१ तक प्रति पृष्ठ ८, ८, बीचमें पत्र २६ में ९, ९। पत्र ३२ से पत्र ११४ तक पंक्ति संख्या कहीं ८, कहीं ९। इस प्रकार कुल ६३ पत्रोंमें ८, ८ पंक्तियाँ हैं; पत्र १०६ तथा ११० पर १०, १०; तथा प्रथम-पत्रपर एक ओर कुल ८; अक्षर प्रतिपंक्ति ८, ८ पंक्तियोंवाले पत्रोंमें लगभग ३२, व ९, ९ पंक्तियोंवाले पत्रोंमें लगभग ४०; लिखावट असमान, अक्षर कहीं छोटे, कहीं बड़े; परंतु हस्त-लेख आद्योपांत सुंदर, स्पष्ट व शुद्ध। स्थान-स्थानपर बीच-बीचमें अक्षरोंकी स्याही समयके प्रभावसे उड़ गयी है।

यह प्रति भी सटिप्पण है। चारों हाशियोंपर स्पष्ट अक्षरोंमें सुंदरतासे टिप्पण लिखे गये हैं; जो अधिकांशतया ख प्रतिके टिप्पणोंके समान हैं, परन्तु अनेक स्थानों-पर उनसे भिन्न और विशद हैं।[1]

पाठकी दृष्टिसे यह प्रति पूर्णतया ख प्रतिसे मेल खाती है, और इसीको आदर्श मानकर लिखायी गयी प्रतीत होती है। अतः इस प्रतिकी समस्त पाठगत विशेषताएँ वे ही हैं, जो उपर्युक्त ख प्रतिकी। इन दोनों प्रतियोंमें यदा-कदा विरले ही परस्पर कोई पाठ-भेद उपलब्ध होता है, और अधिक करके वह पाठ ख की अपेक्षा शुद्ध सिद्ध हुआ है। परन्तु ये दोनों प्रतियाँ निश्चयतः एक ही परंपराकी हैं।

ग प्रतिका आरंभ ख प्रतिके समान ही 'ओं नमः सिद्धेभ्य' से होता है, और अंत कवि प्रशस्तिके उपरांत 'इय जंबूसामिचरित्तं समाप्तं' से। इसके उपरांत निम्नलिखित प्रति प्रशस्ति उपलब्ध होती है :—

संवत् १६०१ वर्षे आषाढ़ सुदि १३ भौमवासरे तोडागढ़वास्तव्ये राजाधिराज्य-राव श्री रामचंद्र-विजयराज्ये श्री आदिनाथचैत्यालये श्री मूलसंघे नंद्याम्नाये बलात्कारगणे सरस्वतीगच्छे श्री कुंदकुंदाचार्यान्वये भ० श्री पद्मनंदिदेवास्तत्पट्टे भ० श्री शुभचंद्रदेवास्तत्पट्टे भ० श्री जिनचंद्रदेवास्तत्पट्टे भ० श्री प्रभाचंद्रदेवास्तच्छिष्य मं० श्री धर्म्मचंद्रदेवास्तदाम्नाये खंडेलवालान्वये साहगोत्रे जिनपूजापुरंदरदानगुणश्रेयो नृपतिः॥ सा० महसा तद्भार्या सुहागदे तत्पुत्र सा० मेघचंद द्वितीय कौजू। सा० मेघचंद भार्या माणिकदे द्वितीय नौलादे तत्पुत्र सा० हेमा द्वितीय सा० हीरा तृतीय सा० छाजू। सा० हेमाभार्या हमीरदे तत्पुत्र चिरंजी भीषा। सा० हीराभार्या हीरादे। सा० कौजूभार्या कौतिगदे तत्पुत्र सा० पदारथ द्वितीय षीवा। सा० पदारथभार्या पाटमदे तत्पुत्र सा० धनपाल। सा० षीवाभार्या षिवसिरि तत्पुत्र डूंगरसी। एतेषां मध्ये सा० हेमाभार्या हमीरदे एतत् जंबूस्वामिचरित्रं लिषाप्य रोहिणीव्रत-उद्यापनार्थं ज्ञानपात्राय मंडलाचार्य श्री धर्म्मचंद्राय दत्तं॥

ज्ञानदा ज्ञानदानेन निर्भयोऽभयदानतः। अन्नदाणात् सुषी नित्यं निर्व्याधिर्भेषजां भवेत्॥

॥ श्रीरस्तु॥ जैनधर्म चिरं जीयात्॥ कल्याणं जयतु॥

इस बृहत् प्रशस्तिसे निम्न बातोंकी जानकारी होती है :—

(१) यह प्रति संवत् १६०१ में आषाढ़ शुक्ल त्रयोदशी मंगलवारके दिन महाराज श्री रामचंद्र-विजयके राज्यमें तोडागढ़नगरमें श्री आदिनाथ चैत्यालयमें मंडलाचार्य श्री धर्मचंद्रको प्रदान

---

१. टिप्पणोंके विस्तृत परिचयके लिए देखें : ज० सा० च० 'संस्कृत टिप्पण'।

करने हेतु लिखवायी गयी, जिनकी गुरु-परंपरा निम्न प्रकार थी :—

मूलसंघ, नंद्याम्नाय, बलात्कारगण, सरस्वतीगच्छ श्री कुंदकुंदाचार्यान्वयमें :—

भ० पद्मनंदि
|
भ० शुभचन्द्र
|
,, जिनचन्द्र
|
,, प्रभाचन्द्र
|
मंडलाचार्य मुनि श्री धर्मचन्द्र

इन मं० धर्मचन्द्रके आम्नायमें खंडेलवालान्वयमें इनके श्रावक शिष्योंकी परम्परा चली, जिनमें साह हेमाकी भार्या हमीरदेने रोहिणीव्रतके उद्यापनार्थ इस जम्बूस्वामिचरित्रको लिखवाकर आचार्य धर्मचन्द्रको प्रदान किया। इस श्राविकाका वंशवृक्ष निम्नप्रकार है :—



ग प्रतिसे उपलभ्य उपयुक्त समस्त तथ्योंको ध्यानमें लेनेसे स्पष्ट है कि कुछ बातोंमें यह ख प्रतिसे भी अधिक महत्त्वपूर्ण प्रति है।

घ प्रति—यह भी जयपुरके शास्त्र भंडारमें उपलब्ध है। पत्र संख्या दो भागोंमें दी गयी है। पहले पत्र संख्या १ से ५१ तक है, और पुनः १ से ४७ तक, इस प्रकार कुल पत्र संख्या ९८ होती है। इसे बीचमें पत्र ५१ तक लाकर नये सिरेसे १ से प्रारम्भ करनेका कोई कारण प्रतीत नहीं होता। आकार ११" × ५½"; पंक्तियां प्रति पृष्ठ ११; अक्षर प्रति पंक्ति लगभग ३४; प्रथम व अंतिम पत्र दोनोंपर केवल एक ओर कुल १०, १० पंक्तियां लिखी गयी हैं। हाशिया दोनों पार्श्वोंमें १½", १½"; ऊपर-नीचे १",१"। लेख सुन्दर स्पष्ट व शुद्ध है।

प्रतिका प्रारंभ "स्वस्ति श्री गणेशाय नमः ॥ ओं नमो वीतरागाय ॥" इन दो मंगल नमस्कारोंसे होता है। इससे प्रतीत होता है कि प्रति-लेखक कोई गणेश भक्त अजैन पंडित था। अंतमें प्रति अपूर्ण है। ११वीं संधिमें १५वें कडवकके पत्ताकी दूसरी पंक्तिका 'सोक्खपरंपरु' बस इतने प्रारंभिक अंशके उपरांत ही प्रति समाप्त हो जाती है। इसके आगे किसी प्रकारकी कोई प्रशस्ति नहीं है। अतः प्रतिके लेखनकाल आदिका अनुमान लगाना कठिन है।

प्रतिगत विशेषताएँ :—

(१) इस प्रतिकी ध्वन्यात्मक विशेषताएँ निम्न प्रकार हैं :—

(१) आदिमें सर्वत्र तथा मध्यमें 'ण्ण' ण्य, एवं 'र्ण' इन संयुक्त रूपोंमें विद्यमान 'ण्' ध्वनिकी पूर्ण सुरक्षा; कहीं-कहीं मध्यमें भी असंयुक्त 'ण' का सुरक्षित रहना; अन्यत्र जैसे 'ज्ञ' और 'ण्ण' के स्थान पर प्रचुरतासे तथा कहीं-कहीं ष्ण, स्न, ह्न, एवं ण्य के स्थान-पर भी ण्ण, न, ण् के प्रयोगका बाहुल्य। आदि 'न' सुरक्षित रहनेके संबंधमें यह ख एवं ग प्रतियोंसे पूर्णतः मेल रखती है। अन्य स्थितियोंमें ण् के प्रयोगोंमें-से कुछ उदाहरण निम्नप्रकार हैं :—

मध्य असंयुक्त न > न नमिविनमि, झाणानल आदि; ण्ण > ण्ण जीवासाछिन्नु, आसन्नभव्व, भिण्ण, पण्णय, संछिण्ण, सण्णिह आदि; ण्य > ण्ण अण्ण, अन्नुण्ण, धण्ण रायकण्ण, सिण्ण आदि; र्ण > ण्ण पुणुण्णउ (पुनर्नवः), निण्णासिय, दुण्णिरिक्ख आदि; ष्ण > ह्न तुन्हिक्को; स्न > न्ह नेह; स्न > न्ह न्हाण; ह्न > ण्ण मज्झण्ण; ण्य > ण्ण लावण्णवण्ण, तारुण्ण, महापुण्ण, भण्णइ, आदि; ज्ञ > न संपन्नणाण; ज्ञ > ण्ण सण्णालुय, विण्णत्त, विण्णाण आदि; र्ण > ण्ण अवहण्ण, फलिहवण्ण, वण्णिऊण, उन्नामय, संपुण्ण, कन्नपुड, निव्वन्नमि, महन्नव आदि आदि।

(२) तृतीया एवं सप्तमी विभक्तियोंमें, एवं अन्य शब्द रूपोंमें 'इ' एवं 'ि' मात्राके प्रयोगमें यह क प्रतिसे मेल रखती है।

(३) अन्य पाठोंमें इस प्रतिका मेल अधिकांशमें क एवं ङ प्रतियोंसे तथा अल्पांशमें ख एवं ग प्रतियोंसे है, और अनेक पाठ चारों प्रतियोसे भिन्न तथा अधिक शुद्ध हैं। अतः यह प्रति क ङ और ख ग इन प्रति परंपराओंकी अपेक्षा किसी अन्य स्वतंत्र प्रतिसे संबंध रखती है। संभव है इस परम्पराकी कोई अन्य प्रति किसी शास्त्र-भंडारमें कभी अधिक शोध-खोज होनेपर उपलब्ध हो सके। 'जंबूसामिचरिउ पंजिका'से भी उपर्युक्त दोनों प्रति-परम्पराओं (क ङ, ख ग) से भिन्न प्रति होनेके संकेत मिलते हैं।

ङ प्रति भी जयपुर शास्त्र-भंडारमें उपलब्ध है। कुल पत्र संख्या १०६; आकार १०" × ४½"; पंक्तियाँ प्रति पृष्ठ १०; अक्षर प्रति पंक्ति लगभग ३४; अंतिम पृष्ठपर कुल आठ पंक्तियाँ हैं, और अन्य प्रतियोंके समान इसमें भी प्रथम पत्रपर केवल एक ही ओर कुल १० पंक्तियाँ हैं। हाशिया दोनों पार्श्वोंमें लगभग ¾", ¾", तथा ऊपर नीचे ½", ½"। लिखावट बहुत सुन्दर और चमकीली है, पाठ भी अनेक स्थलों-पर क प्रतिकी अपेक्षा शुद्ध है। इसके लेखनकी दीर्घ कालावधिके प्रभावसे प्रतिके पत्र बहुत जीर्ण और टूटनेवाले हो गये हैं।

प्रतिका आरंभ '॥ स्वस्ति ॥ ओं नमो वीतरागाय ॥' इस प्रकार होता है। प्रति पूर्ण है। कवि प्रशस्ति इसमें नहीं है, परन्तु निम्न प्रति प्रशस्ति उपलब्ध है :—

संवत् १५४१ वर्षे आसोजवदि ७ सप्तमैं शनिवारे श्री मूलसंघे बलात्कारगणे सरस्वतीगच्छे कुंदकुंदाचार्यान्वए [°थान्वये] भट्टारक श्री पद्मनंदिदेवा तत्पट्टे भट्टारक श्रीशुभचंद्रदेवा तत्पट्टे भट्टारक श्री जिनचंद्र देवा तत्शिष्य श्री रत्नकीर्ति देवा षंडेलवालानवे [°न्वये] पाटणीगोत्रे संघही धनराज सप्तस्ति [स्वर्गस्थः[1]] तस्य भार्या कोडी। तयो पुत्रा संघही देवराज। मूलराज। तस्य पुत्र [पुत्राः] सोनपाल। रणमल। महिपाल। मलू। ज्ञानावरणीकर्म्मक्षयनिमित्तं मु० [मुनि] श्री विशालकीर्ति जोगु सक्तो [?] पाटणी पुस्तक चटापितं ॥ शुभं भवतु ॥

इस प्रशस्ति-पर-से इतनी बातें जानी जा सकती हैं :—

(१) प्रतिका लेखन संवत् १५४१ में आश्विन कृष्ण सप्तमी शनिवारके दिन पूर्ण हुआ।

(२) यह प्रति मुनि श्री विशालकीर्तिको प्रदान करनेके निमित्तसे लिखायी गयी, जिनकी गुरु-परंपरा निम्नप्रकार थी :—

[1]मूलसंघ-बलात्कारगण-सरस्वतीगच्छ-कुंदकुंदाचार्यान्वयमें भ० श्री पद्मनंदी (सं० १३८५-१४५०)

|

भ० श्री शुभचंद्र (सं० १४५०–१५०७)

|

,, ,, जिनचंद्र (सं० १५०७–१५७१)

|

श्री रत्नकीर्ति

| (?)

मुनि श्री विशालकीर्ति

खंडेलवालान्वयमें, पाटनी गोत्रमें श्री रत्नकीर्तिके एक (श्रावक) शिष्य संघही (संघाधिप-संघ-पति) धनराज थे, वे स्वर्गस्थ हो गये। उनकी कोडी नामकी भार्या थी। उसके दो पुत्र थे, संघही देवराज और मूलराज। संभवतः मूलराजके चार पुत्र हुए सोनपाल, रणमल, महिपाल और मल्लू। इसके बादका अंश स्पष्ट नहीं है। इसी पाटनी परिवारके किसी व्यक्तिने जो मुनि श्री विशालकीर्तिका भक्त था, उनके लिए यह पुस्तक लिखवायी।

प्रतिगत विशेषताओंकी दृष्टिसे यह प्रति पूर्ण रूपसे क प्रतिसे समानता रखती है तथा निश्चित रूपसे ये दोनों प्रतियाँ एक ही प्रति-परंपराकी हैं। ङ प्रतिका लेखनकाल उपर्युक्त प्रशस्तिके अनुसार बिलकुल निश्चित है, परंतु क प्रतिमें कोई प्रशस्ति न होनेसे उसके लेखनकालका अनुमान लगाना कठिन है, यह पहले ही कहा जा चुका है। तथापि प्रतियोंके पत्रोंकी अपेक्षाकृत जीर्णता तथा ङ प्रतिमें क प्रतिकी अपेक्षा अनेक पाठ शुद्ध होने एवं क प्रतिके अधूरेपन आदि तथ्योंपर विचार करनेसे ऐसी दृढ प्रतीति होती है कि ङ प्रति क प्रतिसे बहुत अधिक प्राचीन है। और इस दृष्टिसे देखनेपर वास्तवमें इन प्रतियों-के संकेत बिलकुल विपरीत अर्थात् ङ के स्थानपर क, और क के स्थानपर ङ ऐसा होना चाहिए था। परन्तु क्योंकि संपादकको क प्रति सर्वप्रथम उपलब्ध हुई और ङ प्रति सबसे पीछे। अतः इनकी उपलभ्यता० की दृष्टिसे ही इनके ये संकेत मान लिये गये हैं।

उपर्युक्त पाँचों प्रतियोंमें ख प्रति सबसे प्राचीन है, संवत् १५१६ की। इसके बाद कालक्रममें ङ प्रतिका नाम आता है जो ख के ठीक २५ वर्षोपरांत संवत् १५४१ में लिखी गयी थी। इसके उपरांत ग प्रतिका समय आता है, जो ङ प्रतिके ६० वर्षोपरांत संवत् १६०१ में लिखकर पूर्ण हुई। क एवं घ प्रतियाँ अंतमें अपूर्ण हैं, शेष इनके संबंधमें ऊपर लिखा गया है।

यहाँ संपादन-सामग्रीके परिचयमें 'जंबूस्वामीचरित्रपंजिका' (पं) का परिचय देना इस दृष्टिसे आवश्यक है कि संस्कृत टिप्पणोंके साथ मूल पाठके जो उद्धरण इसमें दिये गये हैं, वे पाठ-संशोधनमें बहुत सहायक सिद्ध हुए हैं, और कहीं-कहीं तो केवल पंजिकाका पाठ ही शुद्ध रहनेसे उसे मूलमें स्वीकार कर अन्य सब प्रतियोंके पाठोंको पाठभेदोंमें दे दिया गया है।

---

१. मूलसंघ बलात्कारगण उत्तरशाखाके विस्तृत इतिहासके लिए देखें : डॉ० जोहरापुरकर कृत 'भट्टारक-संप्रदाय' पृ० ८९ से पृ० २१२।

पं की प्रतिमें कुल पत्र संख्या ३१ है; आकार १०$\frac{1}{2}$"×४$\frac{3}{4}$"; पंक्तियां प्रतिपृष्ठ १२; अक्षर प्रति-पंक्ति लगभग ४०; हाशिया दोनों पार्श्वोंमें १", १" से कम, ऊपर-नीचे $\frac{3}{4}$", $\frac{3}{4}$"। पत्र २३ अ, (पृ० ४५) पर कुल ९$\frac{1}{2}$ पंक्तियां हैं। प्रथम पत्रपर दाहिनी ओरके हाशियेपर 'जंबूस्वामीचरित्रस्य पंजिका' लिखा हुआ है। यह प्रति जयपुरके छोटे तेरापंथी मंदिरके शास्त्र-भंडारमें उपलब्ध है।

पंजिका (पं) का प्रारंभ "ओं नमो श्री वीतरागाय। मन्दमतीनां सुखावबोधार्थं जंबूस्वामी-चरित्रे करोमि टिप्पणकं" इस प्रकार होता है और अंतमें निम्न अपूर्ण प्रति प्रशस्ति भी उपलब्ध होती है :—

श्री शुभं भवतु। संवत् १५६५ वर्षे फाल्गुण सुदि १० गुरुवासरे पुष्यनक्षत्रे श्रीमूलसंघे नंद्याम्नाए सरस्वतीगच्छे श्री कुंदकुंदाचार्यान्वये भट्टारक श्री पद्मनंदिदेवा तत्पट्टे भ० श्री० शुभचंद्रदेवा तत्पट्टे भ० श्री जिनचंद्रदेवा तत्शिष्य मंडलाचार्य मुनि श्री रत्नकीर्त्तिदेवा तत्शिष्य मंडला० मुनि श्री हेमचंद्र तदा-म्नाए खंडेलवालानुए [°न्वये] टोग्या गोत्र संघभारधुरंधरं .....सं०।

इस अपूर्ण प्रशस्तिसे यह जानकारी होती है कि यह पंजिका (पं) संवत् १५६५ में फाल्गुण शुक्ल दशमी गुरुवारके दिन लिखी गयी; और जिन्होंने (?) इस पंजिकाकी रचना की; अथवा अपने गुरुसे अर्थोंको सुनकर लिखा, या स्वयं लिखवाया, उनकी गुरुपरम्परा निम्नप्रकार थी :—

[1]मूलसंघ-नंद्याम्नाय-सरस्वतीगच्छ-कुंदकुंदाचार्यान्वयमें :—

भ० श्री पद्मनंदी [सं० १३८५—१४५०]
" " शुभचंद्र [सं० १४५०—१५०७]
" " जिनचंद्र [सं० १५०७—१५७१]
|
मंडला० मुनि श्री रत्नकीर्ति [इन्होंने सं १५७२ में दिल्ली जयपुर शाखासे अलग नागौर शाखा स्थापित की।]
|
मंडला० मुनि श्री हेमचंद्र

इनके आम्नायमें खंडेलवालान्वयमें टोग्या गोत्रके संघपति···(अपूर्ण) .....[ने इस प्रतिको मुनि हेमचन्द्रजीके निमित्त लिखवाया]।

सम्पादनमें सहायक सामग्रीके रूपमें दो और रचनाओंका उल्लेख करना यहाँ आवश्यक है।

(१) ब्रह्म-जिनदासकृत 'जंबूस्वामीचरित' और (२) पं० राजमल्लकृत 'जंबूस्वामीचरित'। ब्रह्म जिनदास भ० सकलकीर्तिके शिष्य थे और इन्होंने संवत् १५२० में जंबूस्वामिचरित्रकी रचना पूर्ण की थी। यह चरित प्रस्तुत अपभ्रंश काव्यके समान ११ परिच्छेदोंमें पूर्ण हुआ है, और अधिकांशतया सभी बातोंमें न केवल भावात्मक रूपसे बल्कि शब्दात्मक रूपसे भी इससे इतनी अधिक समानता रखता है कि इसे यथार्थमें प्रस्तुत अपभ्रंश-काव्यका संस्कृत रूपांतर कहना अनुचित न होगा। अतः स्वाभाविक रूपसे इस संस्कृत रूपान्तरसे मूल अपभ्रंशके पाठ संशोधन और हिंदी अनुवादमें बहुत अधिक सहायता मिली है।

पं० राजमल्लकी रचना सं० १६३२ में आगरेमें पूर्ण हुई। इसमें १३ पर्व हैं, और इसका भी विषयानुसार पर्व-विभाजन प्रस्तुत अपभ्रंश काव्यसे अत्यधिक मिलता-जुलता है। प्रारंभमें कुछ पर्व केवल आगरे आदिका वर्णन होनेसे वास्तवमें मूल रचनासे विशेष संबंध नहीं रखते। इसका अध्ययन करनेसे स्पष्ट होता है कि यह भी अपभ्रंश जंबूसामिचरिउका अधिकांशमें संस्कृत रूपांतर ही है। अतः इससे भी पाठसंशोधन व अनुवाद कार्यमें पर्याप्त सहायता उपलब्ध हुई है।

---

१. भट्टारक संप्रदाय पृ० ९६, ११२ तथा ११४; लेखांक १०९।

प्रति प्रशस्तियोंकी प्रामाणिकता

ख ग ङ प्रतियों तथा पं की प्रशस्तियोंमें मूलसंघ, बलात्कारगणके जिन भट्टारकों एवं मुनियों, तथा खंडेलवालान्वयमें पाटनी, टोंग्या (या ठोल्या ?) और साह गोत्रोंमें उनके श्रद्धालु श्रावकों तथा प्रतिलेखन स्थानोंके नाम आये हैं, उनकी ऐतिहासिक सचाईकी परीक्षाके लिए यहाँ कुछ चर्चा कर लेना उचित होगा।

दिगंबर जैन-संघके इतिहासमें बलात्कारगणका अत्यधिक महत्त्वपूर्ण स्थान है, और जैन साहित्यकी सुरक्षा एवं संवर्द्धनमें इस गणके भट्टारकों, आचार्यों, मुनियों तथा श्रद्धालु श्रावकोंका अभूतपूर्व एवं अनुपम योगदान रहा है। केवल साहित्य ही नहीं, जैनधर्म, संप्रदाय और जैनतीर्थों व मंदिरोंकी सुरक्षा, प्रचार-प्रसार और निर्माणमें सदैव ही इस संघका बहुत बड़ा हाथ रहा है।

यूँ तो इस गणका उद्भव आचार्य कुंदकुंदसे ही माना जाता है, और तदनुसार इसके साथ कुंदकुंदाचार्यान्वय, नंद्याम्नाय, सरस्वतीगच्छ आदि पद भी जुड़े रहते हैं, परन्तु इस गणका प्रथम उल्लेख आचार्य श्रीचंद्रने किया है, जो धारा नगरीके निवासी थे, और जिन्होंने सं० १०७०, १०८०, एवं १०८७ में क्रमशः पुराणसार, उत्तरपुराण वे पद्मचरितकी रचना की थी। यहींसे इस गणकी ऐतिहासिक परंपरा चालू होती है, और विक्रम की १५वीं शती तक जाती है। दक्षिणमें इस गणकी कारंजा एवं लातूर शाखाएँ वि० की १६वीं शतीसे प्रारम्भ होकर वर्तमान तक चल रही हैं।

बलात्कारगणकी उत्तर-शाखा मंडपदुर्ग (मांडलगढ़-राजस्थान) में भट्टारक वसंतकीर्तिके द्वारा सं० १२६४ में प्रारंभ हुई, तथा विशालकीर्ति-शुभकीर्ति-धर्मचंद्र-रत्नकीर्ति एवं प्रभाचंद्र भट्टारकोंसे होती हुई भ० पद्मनंदी (सं० १३८५–१४५०) तक आकर उनके बाद दिल्ली-जयपुर; ईडर एवं सूरत इन तीन प्रमुख शाखाओंमें विभक्त हो गयी। दिल्ली-जयपुर शाखामें-से दो और उपशाखाएँ निकलीं, नागौर शाखा एवं अटेर शाखा। अटेरशाखामें से सोनागिर प्रशाखा; ईडरशाखामें-से भानपुर उपशाखा; और सूरत शाखामें-से जेरहट उपशाखा। इन सबका दीर्घकालीन इतिहास है, और इनमें-से बहुत-से भट्टारकपीठ आज भी विद्यमान हैं। इस प्रकार हम देखते हैं कि बलात्कारगणकी शाखा, उपशाखा और प्र-शाखाएँ संपूर्ण उत्तरभारतमें व्याप्त थीं। दिल्ली-जयपुरके निकटवर्ती उत्तरप्रदेश एवं पंजाबमें हिसार तकका सारा प्रदेश इसी शाखाके प्रभावमें था। गुजरात, राजस्थान एवं मालवामें भट्टारक-संप्रदायका अत्यधिक प्रभाव था; और दिल्ली जयपुर, पंजाबमें आजका कुरुक्षेत्र तथा उत्तरप्रदेशमें मेरठ व आगराके संभाग, इन समस्त प्रदेशोंमें बलात्कारगणके भट्टारकों, मुनियों तथा भक्तश्रावकों-द्वारा निरंतर धर्म व साहित्यकी सुरक्षा और संवर्द्धनका कार्य संपन्न किया जाता रहा।

यहाँ उपर्युक्त विस्तृत टिप्पणी देनेका तात्पर्य यह है कि जंबूसामिचरिउकी ख ग एवं ङ प्रतियों तथा पं की प्रशस्तियोंमें बलात्कारगणसे संबद्ध जिन-जिन आचार्यों, खंडेलवालान्वय, पाटणी, साहू तथा टोंग्या [ठोल्या ?] गोत्रों एवं झूंझणपुर और तोडागढ़ नगरों तथा रावराजा रामचंद्र (सोलंकी) के नामोल्लेख हुए हैं, वे सभी पूर्णतः ऐतिहासिक हैं, तथा भट्टारक संप्रदायसे संबद्ध लेखों, प्रशस्तियों व पट्टावलियोंमें इन सबके नाम उपलब्ध होते हैं। अतः प्रतियोंकी प्रशस्तियोंमें दी गयी सूचनाएँ ऐतिहासिक सत्य हैं।

पाठ-सम्पादनकी पद्धति

§ १ सामान्य सिद्धांतके रूपमें ख एवं ग प्रतियोंकी परंपरागत सर्वप्राचीनता, तथा पाठोंकी प्रामाणिकताको ध्यानमें रखकर इन प्रतियोंके पाठोंको ही मूलमें स्वीकार किया गया है। परन्तु अर्थ औचित्य तथा व्याकरण एवं छंदशुद्धिकी दृष्टिसे जहाँ कहीं भी आवश्यक प्रतीत हुआ है वहाँ क घ एवं ङ प्रतियों-

---

१. भट्टारक सम्प्रदाय पृ० ४४।

के, या केवल क ख प्रतियोंके, तथा बहुत बार केवल किसी एक ही प्रति, विशेष रूपसे घ में उपलब्ध पाठको ही ले लिया गया है। क्वचित् केवल पं में उपलब्ध पाठको भी इसी आधारपर स्वीकार किया गया है, और इसी प्रकार कुछ ऐसे भी स्थल हैं, जहां सब प्रतियोंके पाठोंके आधारपर उनसे भिन्न शुद्ध पाठ बनाया गया है। ऐसे समस्त स्थलोंमें यह पाठ परिवर्तन कहीं भी एक अक्षर, एक मात्रा अथवा एक अनुस्वारसे अधिक नहीं किया गया।

§ २ 'न' और 'ण' के प्रयोगके सम्बन्धमें निम्न प्रणाली अपनायी गयी है :—

(i) आदि 'न' की सर्वत्र सुरक्षा।

(ii) मध्यवर्ती संयुक्त 'न्न' की सुरक्षा; जैसे सन्नद्ध, भिन्न, आसन्न आदि।

(iii) आदिमें 'न' के पश्चात् 'र्न' आनेपर 'न्न' का प्रयोग, जैसे निन्नासिय।

(iv) झाणानल, अनल तथा नेह (स्नेह) शब्दोंमें 'न' की सुरक्षा।

(v) अन्य सब स्थितियोंमें मध्यवर्ती असंयुक्त तथा संयुक्त न् के स्थानपर सर्वत्र ण् का प्रयोग किया गया है। इस संबंधमें घ प्रतिका साक्ष्य भिन्न है, और जैसा कि घ प्रतिके परिचयमें प्रतिगत विशेषताओंके अन्तर्गत § १ में कहा गया है कि यह प्रति 'न'कार बहुला है और इसमें र्न, न्य, ञ, ण्य, र्ण, ण्ण, स्न और ह्न के स्थानपर प्रचुरतासे न, न्न, न् का प्रयोग हुआ है, इन प्रयोगोंको स्वीकार नहीं किया गया। इसके दो कारण हैं—एक तो यह कि स्वयं इस प्रतिमें भी ये प्रयोग सर्वत्र नियमित रूपमें नहीं किये गये हैं, कहीं हैं, कहीं नहीं; और दूसरा यह कि जो एक परंपराकी प्राचीनतम व प्रामाणिकतम उपलब्ध प्रतियां ख और ग हैं, उनमें ये प्रयोग नहीं पाये जाते। अतः यह साक्ष्य इस अकेली घ प्रतिका रह जाता है, जिसकी प्राचीनताका कोई निश्चय नहीं है।

'न' के इन प्रयोगोंके सम्बन्धमें यहां दो साक्ष्य प्रस्तुत हैं। प्रथम साक्ष्य श्रीचंद्र कृत अपभ्रंश 'कहकोसु'[1] (कथाकोष, वि० सं० ११२३) का है, जिसमें उपर्युक्त घ प्रतिके ठीक समान, परंतु अधिक नियमित रूपसे शब्दोंके आदि एवं मध्यमें असंयुक्त तथा संयुक्त सभी स्थितियोंसे न एवं न्न का प्रयोग अत्यंत प्रचुरतासे किया गया है। दूसरा साक्ष्य जिनदत्तसूरि (वि० सं० ११३२-१२११) विरचित अपभ्रंश काव्यत्रयी[2] (चर्चरी, उपदेशरसायनरास, कालस्वरूपकुलक) का है, जो गुर्जरदेशीय थे और जिन्होंने वीर कविके प्रस्तुत अपभ्रंश चरितकाव्यकी रचनाके अधिकसे अधिक एक सौ वर्षोंके अंदर ही अपनी काव्यत्रयीकी रचना की थी। इस अप० काव्यत्रयीमें उपर्युक्त पांचों स्थितियोंमें न, न्न एवं न् का प्रयोग किया गया है, जिनके कुछ उदाहरण ये हैं :—नमिवि (च० १) गुणवन्नण (च० २) पुन्निहि (पुण्यैः च० ७), मन्निउ (मानितः च० १४), न्हवण (उप० ४८), निव्विन्नी (उप० ६७), सुन्नउ (काल० १२) तथा नेह (काल० १३)। परंतु प्रस्तुत रचनामें इस संपादकने कुछ विशिष्ट स्थितियोंमें ही न, न्न का प्रयोग स्वीकार किया है, इसका कारण ऊपर ही लिखा जा चुका है।

§ ३ सभी प्रतियोंमें लगभग सर्वत्र 'ब' के स्थानपर 'व' का प्रयोग मिलता है, इस संबंधमें मैंने मूल-संस्कृत शब्दके अनुसार यथास्थान ब् व् दोनोंका प्रयोग किया है।

§ ४, दो स्वरोंके बीचमें 'य' श्रुति एवं 'व' श्रुतिके प्रयोगमें प्रतियोंमें एकरूपता नहीं है, कहीं इनका प्रयोग हुआ है, और कहीं केवल उद्वृत्त स्वर ही शेष रहा है। इस संबंधमें जहां दो या अधिक प्रतियोंमें श्रुतिका प्रयोग हुआ है, उसे स्वीकार किया गया है। 'व' श्रुतिका प्रयोग उन दो स्वरोंके

---

१. संपादक : डॉ० हीरालाल जैन; प्रका० प्राकृत टैक्स्ट-सोसायटी अहमदाबाद ग्रन्थ शीघ्र प्रकाश्यमान है।

२. संपादक : लालचंद भगवानदास गांधी, प्रका०-गायकवाड ओरि० सिरीज़ ग्रन्थ क्र० xxxvii बड़ौदा १९२७ ई०

बीच किया गया है, जिनमें पूर्व स्वर 'उ' हो, अन्यत्र साधारणतः प्रतियोंके अनुसार 'य' श्रुति ही रखी गयी है। जहाँ प्रतियोंमें किसी श्रुतिका प्रयोग नहीं मिलता, वहाँ नियमतः उद्वृत्त स्वर ही रखा गया है।

§ ५. तृतीया एवं सप्तमीके कारक प्रत्ययों तथा कृदन्तके पूर्वकालिक क्रियाके क्त्वा तथा ल्यप् प्रत्ययोंके स्थानपर और अन्यत्र भी ख ग प्रतियोंके साक्ष्यके अनुसार छन्दकी आवश्यकताको ध्यानमें रखते हुए सबसे अधिक 'ए' व 'प्प' तथा इनकी मात्राएँ (े, ॅ) और जहाँ ये नहीं हैं वहाँ 'इ' अथवा 'इ' की मात्रा (ि); अथवा इन दोनोंसे रहित जैसे करवि, पडवि, परिहरिवि आदि रूपोंको (ख ग प्रतियोंके अनुसार) स्वीकार किया गया है।

§ ६. क एवं ङ प्रतियोंके अनुस्वारबहुल शब्दोंको इन प्रतियोंपर प्रादेशिक बोलीके प्रभावको दिखलानेकी दृष्टिसे इस प्रथम संस्करणमें पाठभेदोंमें रख लिया गया है। भविष्यमें किसी दूसरे संस्करणमें इन्हें रखनेकी आवश्यकता नहीं रहेगी।

§ ७. प्रतियोंमें लिखावट संबंधी निम्नप्रकारकी भूलें हैं, परन्तु शुद्ध-पाठ लेना सर्वत्र संभव हुआ है :—(i) °उं न > °पुण्ण उट्ठिउं न > उट्ठिपुण्ण (ख ग)
> °ऊ ण ,, ,, > उट्ठिऊण (क ङ)

(ii) ए > प, त > त्त } —पारए तरट्टि > पारपत्तरट्टि (क ङ)

(iii) च > व तवचरण > तववरण (क ङ)
विराउसइं > विराउ° (,,)
°संकेयचत्तो > °वत्तो (क ङ)
च > च वेयइ > चेयइ (क ख ग ङ)
ववगयसत्त > चवगय° (क ङ)

(iv) च्च > व्व, त्थ > च्छ } घणुच्चत्थणीणं > घणुव्वच्छणीणं (क ङ)

(v) च्छ > त्थ सच्छा > सत्था (ख ग)

(vi) त्थ > च्छ वित्थिण्ण > विच्छिण्ण. (क ङ)

(vii) भ > त मुवडाल > तुयडाल (घ)

(viii) म > व, व > म } उवसाभमि > उवसामवि (क ङ)
म > स समुद्धरहि > सुसुद्धरहि (क ङ)

(ix) र क > क्ख पर-केवलइं > पक्खेवलइं > (क)

(x) ल > स तण्हालुयउ > तण्हासुयउ (क ङ)

इसपर-से स्पष्ट है कि लिखावटकी ये अधिकांश भूलें क एवं ङ प्रतियोंमें हुई हैं। इससे इन प्रतियोंके पाठोंकी प्रामाणिकता कम जाती है।

साधारणतः उपर्युक्त सिद्धान्तोंके अनुसार इस रचनाका संपादन किया गया है।

२. ग्रन्थकार परिचय

जन्मभूमि, परिवार, पिता, काव्यरचना प्रेरक, समय, पूर्ववर्ती और समकालीन कवि तथा आचार्य, समकालीन राजा, व्यक्तित्व और कृतित्व :

महाकवि वीरने जंबूसामिचरिउ (१. ४—५) में अपना परिचय स्वयं दिया है। उनका जन्म मालव देशके गुलखेड नामक ग्राममें हुआ था। उनके पिता लाडवर्गगोत्रके महाकवि देवदत्त थे,

जिन्होंने पद्धडिया छंदमें (१) वरांगचरित[1], (२) चच्चरिया शैलीमें शांतिनाथका यशोगान (शान्तिनाथरास)[1]; (३) सुन्दर काव्य शैलीमें सुद्धयवीरकथा[1]; एवं (४) अंबादेवीरास[1] की रचना की थी, जिसका नृत्याभिनय वीर कविके कालमें किया जाता था। कविने अपने पिताको कवि स्वयंभू तथा पुष्पदंतके पश्चात् तीसरा स्थान प्रदान किया है और कहा है कि 'स्वयंभूके होनेपर एक, पुष्पदंतके होनेपर दो तथा देवदत्तके होनेपर तीन कवि विख्यात हुए (५.१)।' कविके इस कथनमें अतिशयोक्ति अवश्य संभावित है, तथापि इससे इतना तो निश्चित रूपसे कहा जा सकता है कि अवश्य ही कविके पिता देवदत्त अपने समयके प्रख्यात व उच्चकोटिके कवियोंमें रहे होंगे।

कविकी माँका नाम श्रीसंतुवा था, और (१) सीहल्ल (२) लक्षणांक तथा (३) जसई नामोंसे प्रख्यात तीन अनुज थे। कविकी चार पत्नियाँ थीं। प्रथम जिनमती, दूसरी पद्मावती, तीसरी लीलावती एवं अंतिम (चतुर्थ) भार्याका नाम जयादेवी था। उनकी प्रथम पत्नीसे उन्हें नेमिचंद्र नामका एक पुत्र उत्पन्न हुआ था। यद्यपि वीर संस्कृत काव्य-रचनामें निपुण थे, किन्तु पिताके मित्रोंकी प्रेरणा, उत्साह संवर्द्धन एवं आग्रह, तथा संस्कृत काव्य-रचनाको छोड़कर सर्वजनप्रिय प्राकृत (अपभ्रंश) प्रबन्ध शैलीमें जंबूसामिचरिउकी रचना करनेके अपने पिताके आदेशके कारण कवि अपभ्रंश-प्राकृतमें महाकाव्यकी रीतिसे 'जंबूसामिचरिउ' की रचनामें प्रवृत्त हुआ।[2]

लाडवग्ग वंशकी ऐतिहासिकता

कविका जन्म लाडवग्ग अर्थात् लाट-वर्गट वंशमें हुआ था। इस लाट-वर्गटवंशका इतिहास बहुत पुराना है। वास्तवमें इस वंशका प्रारम्भ पुन्नाट संघसे हुआ है। इस संघके आचार्य पहले पुन्नाट अर्थात् कर्नाटक प्रदेशमें विहार करते थे, इसलिए इसका नाम पुन्नाट था। बादमें इसका प्रमुख कार्यक्षेत्र लाड-बागड (सं० लाट-वर्गट) अर्थात् गुजरात और सागवाडेके आसपासका प्रदेश हुआ। इसलिए इसका नाम लाड-बागड गच्छ पड़ा।[3]

पुन्नाट संघके प्राचीनतम ज्ञात आचार्य जिनसेन हैं, जिन्होंने शक सं० ७०५ (वि० सं० ८४०) में वर्द्धमानपुरके पार्श्वनाथ तथा दोस्तटिकाके शांतिनाथ मंदिरमें रहकर हरिवंशपुराणकी रचना की।[4]

आचार्य जयसेन लाड-बागडसंघके नामसे ज्ञात प्रथम व्यक्ति हैं, जिन्होंने वि० सं० १०५५ में सकली करहाटक (करहाड, आधुनिक कराड, बम्बई प्रदेश) ग्राममें रहकर धर्म-रत्नाकर नामक ग्रन्थ लिखा।[5] प्रायः इसी समय इस गणके दूसरे आचार्य महासेनने प्रद्युम्नचरित लिखा[6], तथा सं० ११४५ में इसी गणके आचार्य विजयकीर्तिके उपदेशसे एक मंदिर बनवाया गया[7]।

---

१. दुर्भाग्यतः महाकवि देवदत्तकी इन चारोंमें-से किसी एक भी रचनाका अभीतक कोई पता नहीं चलता। संभव है कि कालांतरमें जिन-शास्त्र भंडारोंके हस्तलिखित ग्रन्थोंकी सूचियाँ अभीतक पूर्ण रूपसे प्रकाशित नहीं हो पायी हैं, उनमें-से किसीमें कोई रचना उपलब्ध हो सके।

२. जं० सा० च० १.५.५. तथा १.१८. घत्ताके उपरांत संस्कृत पद्य २-३।

३. पुन्नाट और लाड़वागड संघोंकी एकताके लिए देखिए : म० संप्र० लेo १२१, व ७४० तथा पृष्ठ २५७।

४. म० संप्र० लेo १२२

५–७. वही, पृ० २५७, तथा पं० नाथूराम प्रेमी कृत 'जैन साहित्य और इतिहास' द्वि० सं० पृ० २७८

आ० जयसेनसे लेकर महासेन तक इस संघकी गुरु-शिष्य परम्परा निम्नप्रकार है[1] :



शांतिषेणके शिष्य आ० विजयकीर्ति (सं० ११४५) जो की गुरु परम्परा इस प्रकार थी—देवसेन—कुलभूषण—दुर्लभसेन—शांतिषेण—विजयकीर्ति। ऐसे भी देवसेन गुरु तक यह परम्परा वि० सं० १०५० के पूर्व तक जा पहुंचती है।

प्रस्तुत काव्यके रचयिता कवि वीरके पिता देवदत्त मालवामें इसी संघके अनुयायी वंशमें उत्पन्न हुए थे। वीर कृत 'जंबूसामिचरिउ' का रचनाकाल वि० सं० १०७६ निश्चित है।[2] अतः उनके पिताका समय सरलतासे वि० सं० १००० के लगभग माना जा सकता है। आ० विजयकीर्ति (सं० ११४५) के आगे भी वि० सं० १५०० तक लाड-बागड संघकी परम्परा अखण्ड रूपसे चलती रही।

वीर कविके काव्य-रचनाका प्रेरक

वीर कविने लिखा है ? (१-५ २) कि मधुसूदनके पुत्र और उसके पिताके मित्र तक्खड नामक श्रेष्ठ जो कि मालवदेशमें सिन्धुवर्षी नामक नगरीके रहनेवाले थे; ने वीरको संस्कृत काव्य रचनामें निपुण जानकर प्राचीन कवियोंके द्वारा अनेक ग्रन्थोंमें उद्धृत (उल्लिखित या लिखित) 'जंबूस्वामिचरित' को सर्वजनप्रिय प्राकृत (अपभ्रंश) प्रबन्ध शैलीमें संक्षेपमें लिखनेकी प्रेरणा दी। कविके संकोच करने-पर तक्खडके अनुज भरतने अग्रजकी बातका समर्थन किया और कविको काव्य रचनेका उत्साह दिलाया। तक्खडके पिताका नाम मधुसूदन था, और वह धक्कडवग्ग अर्थात् धर्कटवंशका आभूषण था।

धर्कट या धक्कडवाल वंश यह वैश्योंकी ही एक जाति है। अपभ्रंश भविसयत्त कहा (भविष्यदत्तकथा) के रचयिता महाकवि धनपाल (१०वीं शती ई०) इसी धक्कड वणिक् वंशमें उत्पन्न हुए थे।[3] उन्होंने 'भविसयत्तकहा' (सन्धि २२) में कहा है :—

धक्कडवणिवंसि माएसरहो समुब्भविण।
धणसिरिदेविसुएण विरइउ सरसइसंभविण॥

अपभ्रंश भाषाकी धम्मपरिक्खा (धर्मपरीक्षा)के कर्त्ता हरिषेण भी इसी धक्कडवंशके हैं जिनका

---

१. म० सम्प्र० पृ० २६१

२. देखें, आगे प्रस्तावना : समय निर्धारण।

३. देखें, डॉ० दलाल और गुणे-द्वारा संपादित 'भविसयत्तकहा' प्रका०—गायक० ओरि० सि० ग्र० X X—बड़ौदा सन् १९२३; तथा प्रेमी, जैन साहित्य और इतिहास पृ० ४०९।

समय वि० सं० १०४४ है। आगे भी देलवाड़ा तथा आबूके शिलालेखोंमें इस जातिका उल्लेख है।[1] हरिषेणने 'सिरउंबपुरणिग्गयधक्कडकुल' लिखा है, अर्थात् सिरिउंबपुरसे निकला हुआ धक्कडकुल। 'सिरिउंबपुर' संभवतः टोंक राज्यके सिरोंजका ही पुराना नाम है। मेवाड़की पूर्वसीमापर टोंक राज्य है, और सिरोंज पहले मेवाडमें ही शामिल था। हरिषेणने अपनेको मेवाड़ देशका कहा भी है। यह धक्कडजाति अब भी विद्यमान है। ये लोग दिगम्बर जैनधर्मका पालन करते हैं, तथा अपने मूल निवास राजस्थानसे महाराष्ट्रके अकोला और यवतमाल जिलों तक फैल गये हैं। मुनि जिनविजयजी-के अनुसार मूलतः धक्कडकुल उपकेश (ओसवाल) जातिकी एक शाखा है।[2]

समय-निर्धारण

'जंबूसामिचरिउ' की प्रशस्तिके साक्ष्यके अनुसार वि० सं० १०७६ में माघ शुक्ल दशमीके दिन इस काव्यकी रचना पूर्ण हुई, तथा इस रचनाको पूर्ण करनेमें कविको एक वर्षका समय लगा।

प्रस्तुत काव्यके अंतःसाक्ष्य तथा अन्य बाह्य साक्ष्योंसे भी प्रशस्तिमें उल्लिखित समय ठीक सिद्ध होता है। जैसा ऊपर कहा गया है कि कविने अपने पूर्वाचार्योंमें महाकवि स्वयंभू (लगभग ८वीं शती विक्रम) पुष्पदंत (वि० की नौवीं शती का उत्तरार्द्ध एवं दसवींका पूर्वार्द्ध) तथा स्वयं अपने पिता देवदत्तका उल्लेख किया है। पुष्पदंतके उल्लेखसे ऐसा प्रतीत होता है कि जब यह महाकवि अपने जीवन-का उत्तरार्द्ध काल-यापन कर रहा था, और जिस समय राष्ट्रकूट राजा कृष्ण तृतीयकी मृत्यु (वि० सं० १०२४) के पाँच ही वर्ष उपरान्त धारानरेश परमारवंशीय राजा सीयक या श्रीहर्षने कृष्ण तृतीयके उत्तराधिकारी व अनुज खोट्टिगदेवको आक्रमण करके मार डाला था, एवं मान्यखेटपुरीको बुरी तरह लूटा तथा ध्वस्त कर दिया था (वि० सं० १०२९), तथा इनके महापुराणकी रचना पूर्ण हो चुकी थी; तबतक इस निष्परिग्रही, निरासक्त, निःस्वार्थ एवं अभिमान-मेरु महाकविकी ख्याति वीर कविके मालव-प्रान्तमें भी पूर्णरूपसे व्याप्त हो चुकी होगी; उसी समय वीर कविने अपने बाल्यकालमें ही वागेश्वरीदेवीके इस वरद पुत्रकी ख्याति सुनी होगी तथा होश संभालनेपर अवश्य उनकी रचनाओंका अध्ययन किया होगा।

'जंबूसामिचरिउ' पर पुष्पदन्तकी रचनाओंका गंभीर एवं व्यापक प्रभाव भी इस तथ्यकी पुष्टि करता है। अतः वीर कविके समयकी पूर्वसीमा वि० सं० १०२५ के लगभग निश्चित हो जाती है। प्रश्न उत्तरसीमा निर्धारित करनेका है।

वीर कविका समय वि० सं० ११०० से पूर्व होनेका एक अति प्रबल एवं अकाट्य साधक प्रमाण यह है कि वि० सं० ११०० में होनेवाले मुनि नयनंदिके 'सुदंसणचरिउ' पर 'जंबूसामिचरिउ' का अत्यन्त गम्भीर और प्रचुर प्रभाव दृष्टिगोचर होता है।[3]

एक और बात जो इस संबंधमें कही जा सकती है वह यह है कि प्रस्तुत काव्यकी ५ वीं-६वीं एवं ७वीं संधियोंमें हंसद्वीपके राजा रत्नशेखरके द्वारा केरलके घेर लिये जाने, व मगधराज श्रेणिककी सहायतासे राजा रत्नशेखरको परास्त किये जानेके बहानेसे वीर कविने जिस ऐतिहासिक युद्ध घटनाकी ओर संकेत किया है, जिसमें कविने स्वयं भी एक पक्षकी ओरसे भाग ले लिया हो, ऐसा प्रतीत होता है, वह घटना परिवर्तित रूपमें मुंजके द्वारा केरल, चोल तथा दक्षिणके अन्य प्रदेशों-पर वि० सं० १०३० से १०५० के बीच चढ़ाई करके उन्हें विजित करनेकी मालूम पड़ती है।

१-२. धक्कडकुलकी उत्पत्ति और वर्तमान स्थितिपर जिनविजयजीके मतके लिए देखिए : प्रेमी, जै० सा० और इति०, पृ० ४०९ तथा उस पर पाद टिप्पण।

३. देखें : आगे प्रस्तावना—पूर्ववर्ती साहित्यकारोंका प्रभाव।

परवर्ती एवं बाह्य साक्ष्य

वीर कविके परवर्ती साक्ष्योंमें प्रथम साक्ष्य ब्रह्म जिनदासकृत संस्कृत जम्बूस्वामिचरित है, जिसे उन्होंने वि० सं० १५२० में पूर्ण किया। यह रचना वीरकृत अपभ्रंश काव्यका अधिकांशतया संस्कृत रूपांतर मात्र है। कवि रयधूने (१५वीं शती ई०) भी अपनी दो रचनाओंमें वीर कविका नामोल्लेख किया है। इसके पश्चात् वि० सं० १५१६, १५४१ एवं १६०१ की जंबूसामिचरिउकी हस्तलिखित प्रतियाँ उपलब्ध हैं, जिनका पूर्ण उपयोग इस काव्यके संपादनमें किया गया है। वि० सं० १६३२ में आगरामें पं० राजमल्ल-द्वारा रचित जम्बूस्वामिचरित्र भी प्रस्तुत अपभ्रंश काव्यका संस्कृत रूपान्तर ही है।

कवि-द्वारा उल्लिखित पूर्ववर्ती कवि और काव्य

कवि वीरने अपनी इस रचनामें स्पष्ट रूपसे सर्वप्रथम अपभ्रंश महाकवि स्वयंभूका स्मरण किया है।[1] तत्पश्चात् अपने पिताश्री महाकवि देवदत्तका।[2] आगे चलकर कविने यह कहते हुए कि स्वयंभूके होनेपर लोकमें एकमात्र (अपभ्रंश) कवि हुआ, पुष्पदंतके जन्म लेनेपर दो हो गये, तथा देवदत्तके होनेपर तीन[3], इस प्रकार अप० महाकवि पुष्पदंतका आदरपूर्वक स्मरण किया है। संधिके दूसरे कडवककी निम्न पंक्तिके द्वारा त्रिभुवन स्वयंभूका भी अप्रत्यक्ष उल्लेख होना संभावित है—'सो चेय गव्वु जइ णउ करइ, तहो कज्जे पवणु तिट्ठियगु घरइ'। अपभ्रंश कवियोंकी प्राचीन परंपरामें इनके सिवाय किसी अन्य कविका उल्लेख प्रत्यक्ष वा अप्रत्यक्ष किसी भी रूपमें वीर कविने नहीं किया।

अपने पिता कवि देवदत्त-द्वारा रचित जिन चार काव्य कृतियों[4] (१) पद्धडिया छंदमें रचित 'वरांगचरित' (२) 'सुदृयवीरकहा' (३) 'शांतिनाथचरित' अथवा रासके रूपमें शांतिनाथका महान् यशोगान तथा (४) 'अंबादेवी-रास' का उल्लेख कविने किया है, दुःख है कि उनमें-से किसी रचनाका अभी तक कोई पता नहीं चल चका।

प्राकृत साहित्यके निर्माता कवि और काव्योंमें वीर कविने 'सेतुबन्ध' महाकाव्यका[5] अप्रत्यक्ष उल्लेख किया है।

संस्कृत साहित्य और साहित्यकारोंमें सर्वप्रथम उल्लेख 'प्रदीप' नामक शब्दशास्त्रका[6] तथा बादमें छंदशास्त्र,[7] एवं निघंटु (नामकोश)[8] और तर्क[9] (शास्त्र) का उपलब्ध होता है। सेतुबंधके साथ ही रामायणमें सेतुबंधकी घटनाका संकेत है। रामायणके उल्लेख प्रस्तुत 'जम्बूसामिचरिउ' में एकाधिक बार प्राप्त होते हैं।[10] महाभारतकी चर्चा भी स्पष्ट रूपसे काव्यमें हुई है।[11] भरतमुनि और उनके

---

१. जं० सा० च० १.२.१२;५.१.१.

२. वही १.४.२.

३. वही ५.१.२.

४. वही १.४.३-५.

५. जं० च० १.३.४.

६. पतंजलि कृत व्याकरण महाभाष्यपर कैयट कृत 'प्रदीप' नामक प्रख्यात टीका, जिसका रचनाकाल संस्कृत साहित्यके इतिहासकारोंने वि० सं० ११०० से पूर्व निर्धारित किया है।

७. वही १.३.३ यहाँ उल्लिखित छंदःशास्त्रसे तात्पर्य पिंगलसे होना चाहिए, क्योंकि आगे चलकर ४.४.२. में स्पष्टतः 'पिंगल' नाम आया है अर्थात् कविने पिंगल छंदःशास्त्रका अध्ययन किया था।

८-९. जं० च० १.३.३.

१०. वही १.३.४;३.१२.१–२;५.८.३३–३४.

११. वही ५.८.३१–३२; ७ ,, ,,

नाट्यशास्त्रका स्मरण कविने जिस रूपमें किया है[1] उससे स्पष्ट प्रतीत होता है कि भरतमुनिके नाट्यशास्त्रका वीर कविने मनोयोगपूर्वक अध्ययन किया, और उनके नाट्यशास्त्रके शास्त्रीय नियमोंके आदर्श पर अपनी काव्यकृतिमें रसों, भावों, अलंकारों आदि काव्य तत्त्वोंका समावेश किया। यह तथ्य 'जंबूसामिचरिउ' के तुलनात्मक अध्ययन[2] से और भी अधिक परिपुष्ट होता है। इनके अतिरिक्त वीर कविने संस्कृतके अन्य किसी कवि या काव्यका कोई उल्लेख नहीं किया, तथापि प्रस्तुत काव्यकृतिका सूक्ष्मतासे अध्ययन करनेपर ज्ञात होता है कि वीर कवि संस्कृतके महाकवि कालिदास, हर्षचरितकार, बाण, शिशुपालवधके प्रणेता कवि माघ एवं उत्तररामचरितके रचयिता भवभूतिसे अवश्य प्रभावित था।[3] संस्कृत कवियोंमें कवि वीर कालिदाससे सबसे अधिक प्रभावित है, और प्रस्तुत काव्यके अनेक वर्णनोंमें यह प्रभाव स्पष्ट परिलक्षित होता है, यहाँ तक कि कुछ स्थलोंपर[4] तो वीर कविने कालिदासके श्लोकोंको शब्दशः अपभ्रंश रूपान्तर करके अपनी रचनामें समाविष्ट कर लिया है।

समकालीन कवि और आचार्य

जैन साहित्यके इतिहासमें विक्रमकी ११वीं शती सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण है। जैन साहित्यके विविध-अंगों अथवा अनुयोगों—सिद्धांत व दर्शन, आचार, ज्योतिष, गणित, भूगोल एवं पुराण कथा व चरित इन सब विषयोंपर अत्यंत महत्त्वपूर्ण ग्रंथोंकी रचनाकी दृष्टिसे यह ११वीं शती प्रारंभसे लगाकर अंत तक अत्यधिक क्रियाशीलता और उत्साहकी रही है।[5] संस्कृत, प्राकृत एवं अपभ्रंश सभी भाषाओंमें इस शतीमें बहुत उच्चकोटिके महाकाव्य, चरितकाव्य, चंपूकाव्य एवं कथा-कृतियोंकी रचना की गयी है। संस्कृतमें वीरनंदिकृत चंद्रप्रभचरित (महाकाव्य); अजितसेनके शिष्यका चामुंडपुराण, महासेनका प्रद्युम्नचरित (सं० १०३१-१०६६ के बीच); जंबूनागका मणिपतिचरित्र, जिनेश्वरसूरि कृत निर्वाणलीलावतीकथा एवं वीरचरित्र, सोमदेव कृत यशस्तिलकचंपू (वि० सं० १०१६) धनपाल कृत नवसाहसांकचरित ये प्रमुख रचनाएँ हैं। प्राकृतमें धनेश्वर सूरिकृत सुरसुंदरी-चरियं इसी शतीकी एक विशिष्ट रचना है। अपभ्रंशमें इस शतीकी प्रमुख रचनाएँ हैं :—महाकवि पुष्पदंतकृत 'तिसट्ठिमहापुरिसगुणालंकार' या महापुराण, णायकुमारचरिउ एवं जसहरचरिउ; हरिषेणकृत 'धम्मपरिक्खा' (वि० सं० १०४४); महेश्वरसूरि कृत संयममंजरी कहा; सागरदत्तकृत पार्श्वपुराण एवं जंबूचरिउ (वि० सं० १०७६) तथा नयनंदिकृत सुदंसणचरिउ (वि० सं० ११००)।

उपर्युक्त संस्कृत-प्राकृत एवं अपभ्रंश कवियोंमें जिनका कवि वीरके साथ विशेष संबंध रहा होगा, वे हैं—संस्कृतमें (१) यशस्तिलकचंपू आदिके रचयिता सोमदेवसूरि; (२) सुभाषितरत्नसन्दोह (वि० सं० १०५०), धर्मपरीक्षा (वि० सं० १०७०), पंचसंग्रह एवं उपासकाचार आदि ग्रन्थोंके प्रणेता आचार्य अमितगति; (३) कविके ही पितृकुल लाड-बागड वंशसे संबद्ध तथा प्रद्युम्नचरित्र (वि० सं० १०३३ से १०६६ के बीच) के कर्ता महासेन, (४) नव-साहसांक चरित (लगभग वि० सं० १०५०) के लेखक पद्म या परिमल तथा (५) पाइयलच्छीनाममाला और तिलकमंजरीके कर्ता धनपाल। एक सोमदेवको छोड़कर ये सभी परमार राजा मुंजकी राजसभाके रत्न थे, और अधिकतर इन सबने धारा नगरीमें रहकर अपनी कृतियाँ पूर्ण की थीं। सोमदेवने कृष्णतृतीयके राज्यकालमें शक सं० ८८१ (वि० सं० १०१६) में कृष्ण-तृतीयके चालुक्यवंशी सामंत अरिकेसरीके ज्येष्ठ पुत्र वाग्गराजकी राजधानी गंगधारामें रहकर

---

१. वही १.१.१–७.

२. देखें : प्रस्तावना—पूर्ववर्ती साहित्यकारोंका प्रभाव।

३. वही।

४. देखिए मूल १.३.९–१२; सिलाइए रघुवंश १–२–४।

५. विशद जानकारीके लिए देखें : कस्तूरचंद कासलीवाल : 'जैन ग्रन्थ और ग्रन्थकार' पृ० १०–१४।

अपने ग्रंथोंकी रचना की थी। संभव है धारवाडके निकट गंगवाटी नामक स्थानका ही प्राचीन नाम गंगधारा रहा हो।[1]

अपभ्रंशमें महाकवि पुष्पदंत तथा धम्मपरिक्खा (वि० सं० १०४४) के रचयिता हरिषेण इन दोनोंसे कविका विशेष साक्षात् संपर्क होनेकी सम्भावना है। इनमें-से पुष्पदंतने तो मान्यखेटपुरी (मलखेड़, बरार) में राष्ट्रकूट राजा कृष्ण तृतीयके मन्त्री भरतके आश्रयमें रहकर अपनी काव्य प्रतिभा दिखलायी और हरिषेण मुंजके आश्रयमें धारानगरीमें रहकर अद्भुत कथाकोषके समान विचित्र कथाओंसे भरी हुई अपनी धम्मपरिक्खाकी रचना की। अपभ्रंशभाषामें ही पार्श्वपुराण तथा 'जम्बूचरिउ' के कर्ता सागरदत्त विशेष ध्यान देने योग्य हैं। जैन ग्रंथावलिमें उनके 'जंबूचरिउ' का रचनाकाल भी ठीक वही कहा गया है जो वीर कृत प्रस्तुत 'जंबूसामिचरिउ' का है, अर्थात् वि० सं० १०७६। संधियों-की संख्या भी इसी काव्यके अनुसार ग्यारह बतलायी गयी है। अतः इन दो रचनाओंका तुलनात्मक अध्ययन सबसे महत्त्वकी वस्तु होता; क्योंकि एक ही भाषा, एक ही नाम, एक ही नायक, एक ही विधा, एक-सा ही परिमाण तथा ठीक एक-सा ही समय, फिर भी दो सर्वथा भिन्न रचनाओंका होना प्राचीन-कालकी एक महत्त्वपूर्ण घटना है। परंतु खेद है कि सागरदत्त कृत 'जंबूचरिउ'की एकमात्र जिस प्रतिका उल्लेख जैन ग्रंथावलिमें किया गया है, वह प्रयास करनेपर भी संपादकको उपलब्ध नहीं हो सकी। रचना स्थानका भी कोई अनुमान लगाया नहीं जा सकता। अतः इन दोनोंके परस्पर संबंध, सादृश्य या वैषम्य किसी भी संबंधमें कुछ कहा नहीं जा सकता।

समकालीन राजा

वीर कवि यद्यपि अपने समकालीन राजाओं तथा राजनैतिक स्थितिके संबंध स्पष्ट उल्लेख नहीं किये किंतु प्रकारांतरसे जो जानकारी दी है, वह बहुत महत्त्वपूर्ण है। जंबूसामिचरिउकी प्रशस्ति (पंक्ति ९-१०) में कविने कहा है कि बहुत-से राजकार्य, धर्म, अर्थ एवं काम गोष्ठियोंमें विभाजित समयवाले वीर कविको इस चरित-काव्यकी रचना करनेमें एक वर्षका समय लगा। पाँचवींसे लेकर सातवीं संधि तक युद्धका जो वर्णन है, वह अपने आपमें विशेष महत्त्व रखता है। निश्चित समय (वि० सं० १०७६) तथा उसका निवास स्थान गुलखेड़ इस सामग्रीके विषयमें विचार करनेके लिए एक निश्चित आधार देते हैं। गुलखेड़ नामक ग्राम या नगर मालवामें सिंधुवर्षी नगरी (?) के संनिकट ही कहीं रहा होगा। सिंधुवर्षी नगरीकी भौगोलिक स्थितिका इतना ठीक-ठीक अनुमान लगाया जा सकता है कि पूर्वी मालवामें जमुनासे निकलनेवाली एक छोटी नदीका नाम काली-सिंधु या सिंधु नदी है। यह नदी प्राचीन दशार्ण क्षेत्र, जिसकी प्राचीन राजधानी विदिशा थी, से बहती हुई पद्मावती नामक स्थानपर आकर चर्मण्वती (चंबल नदीसे भोपालके निकट निकलनेवाली पारा नदीमें मिल जाती है। वहाँसे आगे दोनों नदियाँ मिलकर बेतवामें गिर जाती हैं। इसी सिंधु नदीके तीरपर भोपालसे पूर्व और विदिशासे उत्तरमें कहीं सिंधुवर्षी नामक नगरी रही होगी। इससे अधिक ठीक स्थिति कह सकना कठिन है।

इन दो सूचनाओंका आश्रय लेकर अर्थात् मालव देश एवं वि० सं० १०७६ (के आस पास) का समय, देखनेपर ज्ञात होता है कि मालवामें वि० सं० १०२४ में मुंजके पिता सीयक, श्रीहर्ष या सिंहभट राज्य कर रहे थे। वि० सं० १०२४ के पहले वे राष्ट्रकूट राजा कृष्ण तृतीयके द्वारा हराये गये थे। परंतु वि० सं० १०२९ के प्रारंभमें कृष्ण तृतीयकी मृत्यु हो जानेपर उनके अनुज खोट्टिगदेव गद्दीपर बैठे। खोट्टिगदेवके गद्दीपर बैठते ही सीयकने पूरी तैयारीके साथ मान्यखेटपर आक्रमण किया और खोट्टिगदेवको हराकर मान्यखेट नगरीको बुरी तरह लूटा व ध्वस्त किया। सीयककी राजधानी धारा-नगरी थी। इससे वे धारानरेश या धारानाथ कहलाते थे। सीयकके उपरांत उसके पुत्र प्रसिद्ध मुंज राजा गद्दीपर बैठे। इन्होंने अपने पितासे प्राप्त राज्य सीमाओंको न केवल रक्षा की वरन् उनका विस्तार भी

---

१. पं० कैलाशचंद्र शास्त्री, सोमदेवकृत उपासकाध्ययन, प्रस्तावना पृ० १४।

किया। कर्णाटक, लाट, केरल, चोलके राजाओंको उन्होंने जीता था, और अन्य भी कई प्रदेशों पर चढ़ाई की तथा अपने राज्यकी सीमा वृद्धि की थी।[1] उन्होंने सोलंकी राजा तैलप द्वितीयको छह बार हराया था, पर सातवीं बार गोदावरीके पासके युद्धमें वे कैद कर लिये गये और वि० सं० १०५०–१०५४ के बीच मार डाले गये।[2] मुंजराजका दूसरा नाम वाक्पतिराज भी था।[3]

मुंजराजकी मृत्युके बाद सिंधुल, सिंधुराज, कुमारनारायण या नव-साहसांक नामोंसे विख्यात उनके छोटे भाई गद्दीपर बैठे। इन्होंने हूणोंको तथा दक्षिण कोसल, वागड़, लाट और मुरल तथा अन्य कई प्रदेशोंके राजाओंको युद्धमें हराया।[4] ये गुजरात नरेश सोलंकी चामुण्डराजके साथकी लड़ाईमें मारे गये। वि० सं० १०५० और १०६६ के बीच किसी समय इनके मारे जानेका अनुमान किया गया है।[5]

सिंधुराजकी मृत्युके उपरांत भोजराज गद्दीपर बैठे और वि० सं० ११११ तक लगभग ४५ वर्ष राज्य किया।[6] राज्याधिरूढ़ होते ही भोजने दिग्विजयका उपक्रम किया और अनेक युद्ध किये। उनमें-से बहुत-से युद्धोंमें ये विजयी हुए, परंतु दक्षिणमें इनकी विजय अस्थायी रही और जयसिंहके पुत्र सोमेश्वर प्रथमने कर्णाटकी गद्दीपर बैठनेके बाद दक्षिणके संघर्षमें भोजदेवकी भयानक दुर्दशा की। गुजरातमें भी भोजराजको विजयश्री हाथ नहीं लगी। भोजराज अतिशय साहित्यिक अभिरुचि संपन्न राजा थे और इनकी सभा अनेक विख्यात कवियों-साहित्यकारोंसे अलंकृत रहती थी।

इस पृष्ठभूमिपर वीर कविकी सूचनाओं और वर्णनोंको जाँचनेमें विशेष सुविधा होगी।

जं० सा० च० की प्रशस्ति (पंक्ति ९-१०) में कविने लिखा है कि बहुत-से राजकार्यमें लगे रहकर इस काव्यकी रचना करनेमें उन्हें एक वर्षका समय लगा। इससे यह प्रमाणित है कि कविका किसी राजाकी राज्य सभासे घनिष्ठ संबंध था।

काव्यकी पाँचवीं संधिमें कविने लिखा है कि केरलमें मृगांक नामका राजा था, उसकी विलासवती नामक कन्या दैवज्ञ मुनिके कथनानुसार मगधके श्रेणिकराजको ब्याही जानी थी। परंतु हंसद्वीपके राजा रत्नशेखरने उसके रूप-गुणोंकी प्रशंसा सुनकर उसके पिता मृगांकसे विलासवतीको अपने लिए माँगा, और न देनेपर केरलपुरीको चारों ओरसे घेर लिया। यह समाचार मृगांकके साले गगनगति विद्याधरसे सुनकर श्रेणिक राजाने सैन्य सहित केरलकी ओर प्रस्थान किया। परंतु काव्यके नायक अकेले जंबूस्वामीने ही गगनगति विद्याधरके साथ जाकर मृगांककी सेनाकी सहायता करके रत्नशेखर विद्याधरको हरा दिया''''' आदि। छठी सातवीं संधियोंमें दोनों सैन्यों एवं प्रमुख व्यक्तियों गगनगति—रत्नचूल, मृगांक-रत्नचूलके बीच युद्धमें केरल पक्षकी पराजय तथा अंतमें जंबूकुमार-द्वारा रत्नचूलके पराजयका वर्णन है, और फिर आठवीं संधिकी प्रारंभिक पंक्तियोंमें कहा है कि आर्षप्रोक्त कथासे अधिक जो मैंने युद्धादिका वर्णन किया उसके लिए गुरुजन मुझे क्षमा करें। कविके इस कथनसे यह बात बिलकुल स्पष्ट है कि उसने अपने काव्यको महाकाव्य बनानेकी दृष्टिसे अपनी ओरसे यह सारा युद्धका प्रसंग जोड़ दिया। यह युद्ध वर्णन सर्वथा काल्पनिक भी हो सकता था, परंतु कविने फिर कहा है कि हाथमें धनुष, तथा दो भुजाओंमें विक्रम वीर कविका सहज परिकर है''''आदि (६.१.३–६)। इससे ज्ञात होता है कि कविने स्वयं भी किसी युद्धमें

१-२. प्रेमी, जैन साहित्य और इतिहास, द्वि० सं० पृ० २८२।

३. पृ० २८३, बल्लाल कृत भोजप्रबंधके संपादक पं० जगदीशकाकशास्त्रीने ग्रंथकी भूमिका पृ० ग पर इन्हें 'वाक्पतिराज द्वितीय'के नामसे प्रसिद्ध कहा है।

४. जगदीशकाकशास्त्री; बल्लालकृत भोजप्रबंध भूमिका पृ० ङ।

५. प्रेमी, जै० सा० इति० पृ० २८२ द्वि० सं०।

६. श्री गांगुलीके मतानुसार भोजराज लगभग वि० सं० १०५६–५७ में गद्दीपर बैठे और ५५ वर्ष राज्य किया; देखिए : अ० का० शास्त्री भो० प्र० भूमिका पृ० च।

भाग लिया था। देखना यह है कि वह युद्ध कौन-सा, किस राजाके द्वारा, कहाँ किया हो सकता है, जिसमें वीर कविने भाग लिया हो और जो उसके वर्णनके अनुकूल भी पड़ता हो।

इस भूमिकापर जब हम विचार करके देखते हैं तो उपर्युक्त परमारवंशीय राजाओंमें सर्वप्रथम सीयक या सिंहभटके जीवनके ऊपर अनायास हमारी दृष्टि पहुँच जाती है, जिन्होंने दक्षिणमें कर्नाटक, लाट, केरल और चोलदेशके राजाओंको जीता था, और जिनका राज्यकाल सं० १०२४ से लगाकर सं० १०५४ तक तीस वर्षोंकी दीर्घ अवधि पर्यंत बना रहा। इसके बाद परमार वंशके राजाओंको दक्षिणमें ऐसी विजय प्राप्त नहीं हुई। अतः उपर्युक्त सारी चर्चाको ध्यानमें रखकर, तथा सब साक्ष्योंको एक साथ मिलाकर देखने-पर ऐसा अनुमान होता है कि सीयककी दक्षिण-विजय यात्रामें कवि अपने यौवनकालमें उनके साथ रहा, और प्रौढ़त्व अथवा वृद्धत्व आनेपर राजकाजमें लगे रहते ही उसने जं० सा० च० की रचना अपने पिताके मित्र मधुसूदन श्रेष्ठिके पुत्र तक्खडकी प्रेरणा और उसके अनुज भरतके अति उत्साह संवर्द्धन करनेसे की और सीयककी दक्षिण-विजय यात्रा, जिसमें केरल भी सम्मिलित था, को ही अपने काव्यके अनुरूप परिवर्तित करके कविने उसे यह काव्योचित रूप दे डाला। यह अनुमान करनेमें कोई असंगति या असंभाव्यता प्रतीत नहीं होती।

सीयककी मृत्युके उपरांत भी कवि कमसे कम २५–३० वर्ष जीवित रहा, और इस बीच मुंज व सिंधुल राजा हुए तथा उनके बाद भोजदेव गद्दी पर बैठे। भोजदेवके शासनकालमें भी वीर कवि कमसे कम १५-२० वर्ष जीवित रहा, और उसकी राज्यसभाका सदस्य रहा होना चाहिए। इस विषयमें अभी अन्य साक्ष्योंकी अपेक्षा बनी रहती है।

उपर्युक्त समस्त विवेचनके आधारसे राष्ट्रकूटवंशीय कृष्णराज-तृतीय तथा परमारवंशीय सीयक, मुंज, सिंधुल और भोजदेव वीर कविके समकालीन व उसके संरक्षक राजा कहे जा सकते हैं। और इन तथ्योंपर-से कविका जीवनकाल भी बहुत कुछ निश्चित हो जाता है जो लगभग वि० सं० १०१० से लगाकर वि० सं० १०८५ तक ठहरता है।

कविकी शिक्षा तथा व्यक्तित्व एवं कृतित्व

इस विषयमें कविने अपनी रचनामें पर्याप्त सामग्री प्रदान की है। आदिमें तीर्थंकर महावीर, पार्श्व एवं आदिनाथ-ऋषभकी स्तुति तथा महाकाव्योंकी रीतिके अनुसार सज्जन प्रशंसा, दुर्जन निंदा व काव्यदोषोंको क्षमा करनेके लिए मध्यस्थ ज्ञानी जनोंकी अभ्यर्थना तथा महाकवि स्वयंभूका नाम स्मरण व गुण संकीर्तन करके, कवि अपनी विनयशीलता प्रदर्शित करते हुए कहता है[1]—सुकाव्य रचनामें मनसे प्रवृत्त होकर भी मैंने उसके लिए विद्यासाधन रूपी कौन-सी सामग्री एकत्र की? क्या मैंने प्रदीप[2] नामक शब्दशास्त्रका अध्ययन किया; या छंदशास्त्र सहित निघंटुको जाना; या कि तर्कशास्त्रको समझा या कि महाकवि रचित विशिष्ट काव्य सेतु[3]—का अध्ययन किया? व्याकरणकी गुण, वृद्धि आदि क्रियाओं, समास-विधान, अपशब्द व शुद्ध शब्दोंका भेद, अथवा छंदशास्त्र इनमें-से किसीको भी तो मैंने नहीं समझा; हाँ रामायणमें समुद्रपर सेतु बाँधा गया था, यह मैंने अवश्य सुना है""आदि-आदि। कविके इन वाक्योंसे स्पष्टतया यह प्रकट होता है कि वह शब्दशास्त्र, छंदशास्त्र, निघंटु (नामकोश), तर्कशास्त्र तथा प्राकृत काव्य सेतुबंध इन सबका विशेष रूपसे गहन अध्ययन करनेके उपरांत काव्य रचनामें उद्यत हुआ। प्राचीन प्रणालीके अनुसार जैन साहित्यके चारों अनुयोगों (विधाओं) प्रथमानुयोग (पुराण, कथा, चरित, साहित्य), द्रव्यानुयोग (सैद्धांतिक साहित्य), चरणानुयोग (आचारपरक धार्मिक साहित्य) एवं करणानुयोग (जैन-भूगोल,

---

१. जं० सा० च० १.३.१-१०।

२. देखिए ऊपर पृ० १७, पाद टिप्पण ६।

३. महाकवि प्रवरसेन (५वीं शती ई०) विरचित 'सेतुबन्ध' महाकाव्य।

गणित ज्योतिष आदि) का कविने आचार्य-परंपरासे गंभीर एवं तात्त्विक ज्ञान प्राप्त किया था, यह तथ्य संपूर्ण रचनामें पद-पदपर झलकता है। मूल ग्रंथमें अनेक पौराणिक घटनाओंके उल्लेखोंसे[1] ज्ञात होता है कि कविको केवल जैन पौराणिक परंपराका ही नहीं, बल्कि वाल्मीकि-रामायण व महाभारत इन दोनों पौराणिक महाकाव्यों तथा शिवपुराण आदि पुराणोंसे भी गहरा परिचय था। इनके अतिरिक्त प्राचीन कवियोंके प्रसिद्ध काव्यग्रंथों व शास्त्रीय लक्षणग्रंथों, विशेषरूपसे भरतके नाट्यशास्त्रके अनुसार अलंकार व अन्य काव्य-लक्षणोंका कविको तलस्पर्शी ज्ञान था, इसके भी अनेक प्रमाण प्रस्तुत काव्य-कृतिमें[2] हमें उपलब्ध होते हैं। संस्कृत साहित्यके कुछ प्रमुख-कवियों, लेखकोंकी रचनाओंसे कवि सुपरिचित एवं प्रभावित था, जिनमें-से महाकवि कालिदास, तथा बाण विशेषरूपसे उल्लेखनीय है।[3]

शास्त्रीय ज्ञानके अतिरिक्त कवि लौकिक शिक्षामें भी निष्णात था। केवल काव्य-रचना ही उसका एक-मात्र जीवन व्यापार अथवा साधन नहीं था, बल्कि वह अन्य भी बहुविध राजकार्य, धर्म, अर्थ, व काम चर्चाओं में लगा रहता था, और इन सब कार्योंमें व्यस्त रहते हुए इस 'जंबूसामिचरिउ' नामक चरितकाव्यकी रचना करनेमें उसे एक वर्षका समय लगा।'[4] अर्थात् कविको समाजके विभिन्न वर्गों एवं जीवन-यापनके विविध साधनोंका साक्षात् अनुभव था। वीर कवि एक श्रद्धा-भक्तिवान् जैन सद्गृहस्थ था; और उसने मेघवनपत्तनमें भगवान् महावीरकी प्रतिमाकी स्थापना करायी थी।[5] अन्यत्र कविने स्वयं कहा है कि दरिद्रोंको दान, दूसरोंके दुःखमें दुःखी, सरस-काव्य [की रचना] को ही सर्वस्व माननेवाले पुरुषोंको धारण करनेसे ही धरित्री कृतार्थ होती है; तथा हाथमें धनुष, साधुचरित्र महापुरुषोंके चरणोंमें शिरसः प्रणाम, मुखमें सच्ची वाणी, हृदयमें स्वच्छ-प्रवृत्ति, कानोंसे सुने हुए श्रुतका ग्रहण, तथा दो भुज-लताओंमें विक्रम यह वीर (पुरुष, कवि) का सहज परिकर हुआ करता है।[6] अर्थात् वीर कवि पूर्ण रूपसे एक अनुकंपावान सल्लक्षण जैन गृहस्थ होनेके साथ ही साथ एक सच्चा वीर पुरुष भी था।

कवि केवल अपभ्रंश रचनामें ही सिद्धहस्त नहीं था। संस्कृत एवं प्राकृतमें भी उसे निर्बाध नैपुण्य एवं गति प्राप्त थी। संस्कृतके कुछ श्लोक प्रथम संधिके अंतमें तथा एक आर्या पंचम संधिके ११वें कडवकमें उपलब्ध है, और प्राकृतकी अनेक गाथाएँ प्रत्येक संधिके प्रारंभमें विद्यमान हैं। प्रशस्ति भी प्राकृत गाथाओंमें लिखी गयी है। पहली और सातवीं संधियोंके बीचमें भी (१.११; ७.६) प्राकृत गाथाएँ हैं। इन गाथाओंकी भाषा गूढ़ अर्थ प्रधान व क्लिष्ट है, और ये शुद्ध साहित्यिक शैलीमें निबद्ध हैं, तथा अत्यंत गंभीर और विशद भावोंसे द्योतित हैं। संपूर्ण रचना संस्कृतके तत्सम शब्दोंसे भरी है, और शैली भी संस्कृत काव्योंके अनुरूप समास, अलंकार तथा श्लेष प्रधान है। ये बातें यह सिद्ध करनेके लिए पर्याप्त हैं कि संस्कृत रचनामें निपुण होनेका कविका दावा असत्य नहीं है, और प्राकृत रचनामें उसकी सिद्धहस्तता प्रकट करनेके लिए तो कविकी प्रस्तुत रचनामें उपलब्ध गाथाएँ ही पर्याप्त प्रमाण हैं। इस प्रकार कविकी एक मात्र कृति 'जंबूसामिचरिउ' से प्रमाणित है कि कवि संस्कृत-प्राकृत एवं अपभ्रंश तीनों भाषाओंमें निष्णात था, तथा किसी भी भाषामें काव्य रचना करनेमें समर्थ था।

---

१. जं० सा० च० १.१०.७-८; ३.१२.१-२; ७. १८.१२-१३; ५-८.३१-३६, एवं ५.९.१४.।

२. वही, ३.१३.४; ७.१.३-६; ८.१.३-१०; ९.१.१-४; एवं १०.१.१-४।

३. विशेषके लिए देखें—प्रस्तावना—पूर्ववर्ती साहित्यकारोंका प्रभाव।

४. जं० सा० च० प्रशस्ति गाथा ५।

५. जं० सा० च० प्रशस्ति गाथा ४।

६. जं० सा० च० ६.१.१-६।

३. कथासार, कथावस्तुका महाकाव्यात्मक गठन और मौलिकता

तीन तीर्थंकर महावीर, पार्श्व एवं ऋषभकी स्तुति वंदना करके (१.१) अपने विद्याभ्यास, (१.३) माता-पिता (१.४) एवं प्रेरणादायकोंका परिचय देकर कवि जंबूस्वामीचरितकी कथा प्रारंभ करता है (१.५-६)। मगधदेश (१.६-८) के राजगृह नगर (१.९-१०) में श्रेणिक नामका राजा (१.११) था, उसकी कई सहस्र सुंदर रानियां (१.१२) थीं। एकबार भ० महावीर अपने समवशरण सहित विपुलाचल पर पधारे (१.१३)। राजा अपने समस्त परिवार, परिजन, पुरजन, व सेना सहित भगवान्के दर्शनोंको गया (१.१४-१६) तथा स्तुति-वंदना करके (१.१७-१८) उचित स्थानपर बैठ गया। (संधि—१)।

श्रेणिकके अनुरोध करने पर भगवान्ने जीवादि तत्वोंका उपदेश दिया (२.१-२)। उसी समय एक महातेजस्वी देव अपनी चार देवियों सहित अपने आकाशगामी विमानसे उतरा व भगवान्को वंदना करके समवशरणमें देवताओंके कोठेमें बैठ गया। श्रेणिकके प्रश्न करने पर भगवान्ने कहा यह विद्युन्माली नामका देव है, जो सातवें दिन स्वर्गसे च्युत होकर इसी नगरमें मनुष्य रूपमें जन्म लेगा व तप करके उसी भवसे मोक्ष जायेगा (२.३)। श्रेणिक-द्वारा पुनः पूछे जाने पर भगवान् ने उस देवके पूर्व भवोंकी कथा इस प्रकार कहनी प्रारंभ की—

इसी मगध देशमें वर्द्धमान नामका ब्राह्मणोंका अग्राहार ग्राम है (२.४)। वहाँ सोमशर्म नामका वेदज्ञ ब्राह्मण रहता था, जिसकी सोमशर्मा नामक पत्नी थी। उनके दो शास्त्रज्ञ पुत्र हुए, बड़ा भवदत्त तथा छोटा भवदेव। कुछ काल पश्चात् व्याधिग्रस्त होकर उनका पिता विष्णुका स्मरण करता हुआ जीवित ही चितामें प्रविष्ट होकर मृत्युधर्मको प्राप्त हुआ। पतिव्रता सोमशर्माने भी चितामें जलकर तत्क्षण पतिका अनुगमन किया। माता-पिता दोनोंके वियोगको स्वजनोंके धैर्य बंधाने पर (२-५) किसी-किसी तरह सहन करते हुए बड़ा भाई भवदत्त न्याय-नीतिपूर्वक गृहस्थधर्मका पालन करने लगा। उस समय बड़ा भाई भवदत्त अठारह वर्षका था, और छोटा भवदेव बारह वर्षका। कुछ दिन बाद सुधर्म मुनिका उपदेश (२.६) सुनकर भवदत्तको वैराग्य हो गया और छोटे भाई भवदेवको गृहस्थीका भार सौंपकर वह संघमें दीक्षित हो गया (२.७)। बारह वर्ष पश्चात् मुनिसंघ विहार करते-करते पुनः उसी गाँवमें आया। छोटे भाई भवदेवको भी दीक्षित करनेकी इच्छासे गुरुकी अनुज्ञा लेकर भवदत्त मुनि भवदेवके घर आये (२.८)। उस समय भवदेवका विवाह हो रहा था। बड़े भाईका आगमन सुनकर वह नववधूको अर्द्धमंडित ही छोड़कर तुरंत बाहर आया (२.९), और मुनिके पूछने पर उसने बताया कि मैंने इसी गाँवके दुर्मर्षण नामक ब्राह्मण व उसकी नागदेवी नामक पत्नीकी नागवसू नामक कन्यासे विवाह किया है (२.११)। भवदेवके आग्रहसे वहीं आहार लेकर भवदत्त मुनि जहाँ संघ ठहरा था, वहाँ लौट चले। नगरके अन्य नर-नारी कुछ दूर तक मुनिको छोड़कर नगरको लौट गये, पर मुनिने भवदेवको वापिस लौट जानेको नहीं कहा। अतः भाईके प्रति श्रद्धा व लज्जाके कारण भवदेव घर जानेको अत्यंत उत्सुक होने पर भी लौट नहीं सका और मुनिके साथ जहाँ संघ ठहरा था, वहाँ पहुँच गया (२.१२)। संघमें जाकर अन्य मुनिजनोंको प्रेरणासे तथा भाईकी भी वैसी ही अंतरंग इच्छा जानकर उसके सम्मानकी रक्षाके लिए बे-मनसे भवदेवने आचार्यसे दीक्षा ले ली (२.१३)। तदनंतर संघ वहाँसे विहार कर गया। भवदेव दिन-रात नागवसूके ध्यानमें लीन रहता हुआ, घर लौटकर पुनः उसके साथ कामभोग भोगनेके अवसरकी प्रतीक्षामें समय व्यतीत करने लगा (२.१४)। बारह वर्ष पश्चात् मुनिसंघ पुनः उसी वर्द्धमान गाँवके निकट आकर ठहरा। भवदेव इससे बहुत उल्लसित हुआ, और बहाना करके मनमें प्रेय व श्रेय वृत्तियोंके द्वंद्वमें पड़ा हुआ अपने घरकी ओर चला (२.१५-१६)। गाँवके बाहर ही एक जिन-चैत्यालयमें उसकी नागवसूसे भेंट हो गयी। व्रतोंके पालनेसे अति कृशगात्र, अस्थिपंजर मात्र शेष रहनेसे भवदेव उसे पहचान नहीं सका (२.१६)। अपने कुल व पत्नीके संबंधमें पूछने पर नागवसू उसे पहचान गयी कि यह भवदेव है, और धर्मच्युत होना चाहता है। तब नागवसूने उसे अपना परिचय दिया और अपना तपः शुष्क शरीर दिखलाकर व नानाप्रकारसे धर्मोपदेश

जैकर भवदेवको प्रतिबुद्ध किया (२.१७-१८)। इस प्रकार बोध प्राप्त करके भवदेवने आचार्यके समक्ष जाकर सब कुछ बतलाकर प्रायश्चित्त किया, पुनः दीक्षा ली (२.१९) और अति कठोर तप करने लगा। तप करके दोनों भाई मरकर तीसरे स्वर्गमें देव हुए (२.२०)। (संधि-२)।

मंदराचलसे पूर्व दिशामें पूर्व-विदेहमें पुंडरिकिणी नामकी नगरी (३.१-२) है। बड़े भाई भवदत्तका जीव स्वर्गमें अपनी आयु पूरी करके, वहाँके राजा वज्रदंत व उसकी रानी यशोधनाका सागरचंद्र नामक पुत्र हुआ (३.३)। उसी देशमें वीताशोक नामक नगरीमें, छोटे भाई भवदेवका जीव, वहाँके राजा महापद्म और उसकी वनमाला नामक पट्टरानीका शिवकुमार नामक पुत्र हुआ (३. ३)। युवा होनेपर उसका युवराज पद-पर अभिषेक एवं अनेक राजकन्याओंके साथ परिणय करा दिया गया। उधर पुंडरिकिणी नगरी में सुबंधुतिलक नामके एक महामुनि पधारे (३.४)। उनसे धर्म श्रवण एवं दोनों भाइयोंके पूर्वजन्मका ज्ञान प्राप्त करके कुमार सागरचंद्र वहीं दीक्षित हो गया (३.५)। मुनिसंघके साथ विहार करते हुए मुनि सागरचंद्र छोटे भाई भवदेवके जीव युवराज शिवकुमारको प्रतिबोध देनेकी इच्छासे वीताशोक नगरीमें पधारे। उन्हें देखकर अपने पूर्वजन्मका स्मरण होनेसे शिवकुमारको भी वैराग्य हो गया और उसने दीक्षा लेनेकी अनुमति माँगी (३-७)। परंतु दीक्षाके लिए माता-पिताकी अनुज्ञा न मिलनेसे घरमें ही मंत्रीपुत्र दृढ़धर्मके हाथों केवल कांजीका शुद्ध आहार लेते हुए अनेक वर्षों तक कठोर तप करके आयुष्यके अंतमें संन्यास-पूर्वक मरण किया (३-९)। उसी तपके प्रभावसे पहले भवदेव, फिर स्वर्गमें देव और फिर शिवकुमारका यह जीव विद्युन्माली नामका यह अति तेजस्वी देव हुआ है। उधर बड़ा भाई भवदत्त, फिर देव, और फिर सागरचंद्र मुनिका जीव भी आयुष्य पूरा करके स्वर्गमें देव हुआ। अब विद्युन्माली देव मनुष्य जन्म लेकर विद्युत्प्रभ नामक चोरके साथ दीक्षा लेगा (३-१०)।

विद्युन्माली देवकी चार देवियोंका पूर्वभव पूछनेपर भगवान्‌ने कहा—भारतदेशमें चंपानगरीमें सूर्यसेन नामका एक सेठ जयभद्रा, सुभद्रा, धारिणी और यशोमती नामकी चार अतिसुंदर पत्नियोंके साथ रहता था (३-१०)। कुछ काल बाद कर्मविपाकसे सूर्यसेनको कुष्ठ आदि अनेक भयानक व्याधियाँ हो गयीं और वह अपनी पत्नियोंसे बड़ी ईर्ष्या रखने लगा, तथा द्वेष व शंकासे उन्हें नानाप्रकारकी यातनाएँ देने लगा (३-११)।

एक बार वसंतऋतु (३.१२) में नागयक्षकी यात्रा (पूजा)-के अवसर-पर वे चारों भी नागदेवताके दर्शन कर निकटस्थ वासुपूज्य भगवान्‌के मंदिरमें गयीं। वहाँ सुमतिनामक मुनिसे उन्होंने श्रावकोंके व्रत ले लिये। सूर्यसेनकी मृत्युके उपरांत सब संपत्ति मंदिर निर्माणमें लगाकर चारों बहुएँ सुव्रता आर्यिकाके पास आर्यिकाएँ हो गयीं। वे ही चारों तप करके मरणोपरांत स्वर्गमें विद्युन्माली देवकी चार प्रियाएँ हुई हैं (३.१३)।

पुनः विद्युच्चोरके संबंधमें पूछने पर भगवान्‌ने कहा—मगधदेशमें हस्तिनापुर नामक नगरमें विसंध्र नामके राजा व उसकी श्रीसेना नामक प्रिय रानीसे विद्युत्प्रभ नामका पुत्र हुआ जो चोरीके व्यसनके वशीभूत होकर पिताका राज्य छोड़कर राजगृह नामक नगरमें आकर कामलता नामक वेश्याके घरमें रहता है, व चोरीका धन ला-लाकर उसका घर भरता है (३-१४)। (संधि ३)।

तब विद्युन्माली देवके जन्मकुलके संबंधमें पूछनेपर भगवान्‌ने कहा कि यह देव इसी राजगृह नगरी-के निवासी व यहीं समवशरणमें उपस्थित श्रेष्ठी अरहदास व उसकी प्रिय भार्या जिनमतीके पुत्ररूपमें जन्म लेगा। भगवान्‌के ये वचन सुनकर एक यक्ष अपने गोत्रकी प्रशंसा करता हुआ प्रसन्नताके कारण उठकर नाचने लगा (४.१)। इसका कारण पूछने पर भगवान्‌ने कहा कि इसी नगरीमें धनदत्त नामका सेठ रहता था। उसकी गोत्रवती नामकी भार्या थी। उसके दो पुत्र हुए, बड़ा अरहदास जो बहुत सज्जन व धर्मात्मा हुआ; और छोटा जिनदास जो जवानीके वेगमें कुसंगतिके प्रभावसे जुआ आदि व्यसनोंमें बुरी तरह पड़ गया। एक दिन वह जुएमें छत्तीस सहस्र स्वर्णमुद्राएँ हार गया। घरसे मुद्राएँ लाकर देनेका वचन देने पर भी छलक नामके एक जुआड़ीने जिनदाससे व्यर्थ झगड़ा करके उसके पेटमें कटारी मार दी (४-२)। यह सूचना

मिलने पर बड़ा-भाई अरहदास उसे घर ले गया, और सब उचित उपचार किया। पर वह बच नहीं सका, और भाईके सदुपदेशसे शुभ भावोंसे मरकर उसने यक्ष योनिमें इस रूपमें जन्म लिया है। अतः अपने पूर्व-जन्मके पितृकुलमें भाईके घरमें अंतिम केवलीके जन्म होनेकी बात सुनकर अपने गोत्रकी प्रशंसा करता हुआ आनंदके कारण नाच रहा है। (४.३)।

इसके पश्चात् भगवान्ने नानाप्रकारसे धर्मोपदेश किया व आगे होनेवाले संपूर्ण जंबूस्वामी चरित्र-को विस्तारसे बतलाया। धर्म श्रवण करके व नानाप्रकारसे श्रावकव्रतोंको लेकर राजा सहित सब पुरजन नगरको लौट आये। सात दिन पश्चात् अरहदासकी जिनमती भार्याने सोते समय रात्रिके अंतिम प्रहरमें पाँच मांगलीक स्वप्न देखे (४-५) :—

(१) अत्यंत सुगंधित जंबूफलोंका समूह, (२) समस्त दिशाओंको प्रकाशित करनेवाला धूम्ररहित अग्नि, (३) फूला हुआ व फलभारसे नम्र सुगंधित शालिक्षेत्र; (४) चक्रवाक् हंस आदि पक्षियोंके मधुर कलरवसे युक्त सरोवर एवं (५) नाना मगरमच्छ—कंछपादिसे भरा हुआ विशाल सागर। इसी समय विद्युन्माली देव जिनमतीके गर्भमें अवतीर्ण हुआ (४.७)। नौ मास पूर्ण होने पर वसंतकी शुक्ल पंचमीको सोमवारके दिन जब चंद्रमा रोहिणी नक्षत्रमें विद्यमान था, प्रत्यूष कालमें पुत्र जन्म हुआ। बहुत आनंदसे पुत्र जन्मोत्सव मनाया गया। स्वप्नमें जंबूफलोंका प्रथमदर्शन होनेसे पुत्रका नाम जंबूस्वामी रखा गया (४-८)। उचित समयपर बालककी शिक्षा-दीक्षा हुई और उसके रूप (४-९) व गुणोंकी ख्याति चारों ओर फैलने लगी (४-१०)। जहाँ भी वह जाता नगरकी नारियाँ उसे देखकर अपनी सब सुध-बुध खो बैठतीं और कामबाणोंसे पीड़ित हो जातीं (४-११)।

अरहदासके चार धनाढ्य-बालमित्रोंने बचपनमें खेल-खेलमें की हुई प्रतिज्ञानुसार अपनी अपनी चार कन्याओंको (जो पूर्वभवमें विद्युन्माली देवकी चार देवियाँ थी), जिन्हें सब प्रकारकी स्त्रीजनोचित विद्याओं व कलाकौशलकी शिक्षा दी गयी थी (४-१२), जो जन्मसे ही अद्वितीय सुंदरियाँ थीं, और दिन-दिन पूर्ण यौवन (४-१३-१४) को प्राप्त हो रही थीं, अरहदाससे जंबूस्वामीके लिए वधू रूपमें स्वीकार करनेका अनुरोध किया। जिनमतीकी अनुमति लेकर अरहदासने इस प्रस्तावको सहर्ष स्वीकार किया (४-१४)। पाँचों श्रेष्ठियोंके घरोंमें विवाहकी पूरी तैयारियाँ होने लगीं (४-१५)। इतनेमें वसंत आ पहुँचा (४-१५)। नगरके स्त्री-पुरुष युगलोंके साथ राजा नगरसे निकला और उपवनमें पहुँचा (४-१६)। वहाँ यथेच्छ उद्यान क्रीड़ा की गयी (४-१७)। जंबूस्वामीने भी उन्मुक्त भावसे कामिनियोंके साथ हास-परिहास किया (४-१८)। पश्चात् सबने देर तक जलक्रीड़ा की (४-१९)। जलक्रीड़ा समाप्त करके जब सब लोग नगरमें आनेकी तैयारी कर रहे थे (४-२०) कि राजाका विषमसंग्रामशूर नामक पट्टहाथी बंधन तुड़ाकर भाग निकला, और उसने नगर व उपवनमें सर्वत्र मृत्यु एवं विनाशका भयावह दृश्य उपस्थित कर दिया (४-२०-२१)। उसे कोई वशमें नहीं कर सका। जंबूस्वामीने सरलतासे उसपर विजय प्राप्त कर ली (४.२२)। इसपर राजाने बहुत प्रकारसे जंबूस्वामीकी प्रशंसा की। (संधि–४)।

विविध प्रकारसे जंबूस्वामीका सन्मानादि करके राजाने उसके साथ नगरमें प्रवेश किया और अपनी राजसभा लगायी (५.१)। एक दिन जब राजा जंबूस्वामीके साथ सभामें बैठा था, तो गगनगति नामका विद्याधर अपने विमानसे राजसभामें आकर उतरा, और प्रणाम करके निवेदन करने लगा—देव, मैं सहस्र-शृंग नामक पर्वतपर रहनेवाला गगनगति नामका विद्याधर हूँ। मलयाचलमें केरल नामकी नगरीके राजा मृगांकसे मालतीलता नामक मेरी बहन ब्याही गयी है। उनकी विलासवती नामकी अपूर्व सुंदरी कन्या है। मुनिके कथनानुसार उसका परिणय आपसे किया जाना है (५.२) उधर हंसद्वीपके रत्नचूल नामक प्रचंड बली विद्याधर राजाने बलपूर्वक उस कन्याको प्राप्त करने हेतु अपनी सेनाके साथ केरल नगरीको चारों ओरसे घेर लिया है, तथा वहाँ बड़ा विनाश कर रहा है। अब अन्य कोई उपाय न देख, क्षात्रधर्मकी रक्षा हेतु अपने सीमित सैन्य साधनके साथ मृगांक राजा कलके दिन नगरसे बाहर निकलकर रत्नशेखरसे

युद्ध करेगा, और सर्वनाशको प्राप्त होगा (५.३)। मैं अपना धर्म निभाने यहाँ आ रहा हूँ। रास्तेमें आपकी सभा देखकर प्रासंगिक समाचार आपसे निवेदन कर दिया है। उसके इतना कहने पर जंबूस्वामी राजाकी अनुज्ञा लेकर, उसके साथ विमानमें बैठकर अकेले ही केरल नगरीकी ओर चल दिये। इधर राजाने भी अपने सेनापतियोंको केरल नगरीकी ओर प्रयाण करनेके लिए तैयार होनेका आदेश दिया (५.५)। प्रयाणकी तैयारियाँ की गयीं व राजाने सेनाके साथ प्रस्थान किया (५.६)। रास्तेमें विंध्याटवी पड़ी (५.८)। उसे पार कर राजाने विंध्यप्रदेशमें प्रवेश किया (५.९)। आगे रेवा नदी पड़ी और उसके तट पर कुरल पर्वतके निकट राजाने सेना सहित पड़ाव डाल लिया (५.१०)। उधर गगनगति विद्याधरके साथ जंबूस्वामी केरल नगरीमें पहुँचे और नगरके बाहर ही विमानसे उतरकर मृगांक राजाके दूत बनकर रत्नशेखरकी छावनीमें प्रविष्ट हो गये (५.११)। रत्नशेखरकी सभामें पहुँचकर, दूसरेके निमित्त दी हुई कन्याको बलपूर्वक लेनेके कदाग्रहपर उसे बहुत बुरा-भला कहा (५.१२-१३)। इससे रत्नशेखर बहुत क्रुद्ध हो गया और उसने अपने भटोंको जंबूस्वामीको पकड़कर मार डालने की आज्ञा दी। सभास्थलमें ही भयानक युद्ध प्रारंभ हो गया। गगनगतिने जंबूस्वामीको एक दिव्य ढाल व तलवार भेंट की, व स्वयं भी युद्ध करने लगा। स्वामीने अकेले ही नाना प्रकारके पैंतरे बदलते हुए सहस्रों शत्रु भटोंको मार विराधा व उसकी सेना को तितर-बितर कर दिया (५.१४)। (संधि—५)।

अपने चरोंसे यह सब समाचार पाकर मृगांक राजाने तुरंत अपनी सेनाको युद्धमें चलनेकी तैयारी करनेके आदेश दिये। वीर बंधुओंने अपने प्रियतमोंको नाना संदेश दिये (६.३)। सेनाने नगरसे प्रयाण किया (६.४)। दोनों सेनाओंमें भीषण युद्ध हुआ (६.५-६)। संग्रामका भीषण दृश्य (६.७)। भटोंकी अवस्था (६.८)। युद्ध (६.९)। गगनगति और रत्नशेखर विद्याधरमें आकाशमें युद्ध हुआ, उसमें गगनगति घायल हो गया (६.१०-११)। रत्नशेखर आकाशसे नीचे उतरा, और मृगांक राजासे युद्ध करके, उसे परास्त करके बाँधकर ले गया (६.१२-१४)। इससे केरल राजाकी सेना पराभूत भावसे निश्चेष्ट व अधोमुख होकर बैठ रही। (संधि—६)।

छावनीके भीतरसे युद्ध करते हुए बाहर निकलने पर जंबूस्वामीको गगनगतिसे युद्धके सब समाचार ज्ञात हुए, व स्वामीकी प्रेरणासे केरल सेना पुनः युद्धके लिए तत्पर हो गयी। दोनों सेनाएँ पुनः आमने-सामने डट गयीं (७.१-५) फिर वीरोंका परस्पर महान् युद्ध हुआ, व अनेक कायर जन भाग खड़े हुए (७.६)। इधर रत्नशेखरसे सामना होने पर जंबूस्वामीने उसे अपने साथ द्वंद्व युद्धके लिए ललकारा, जिससे व्यर्थ नरसंहार न हो। दोनों सेनाओंको अलग-अलग दूर हटा दिया गया (७.७)। जंबूस्वामी एवं रत्नशेखरमें महाभयानक युद्ध हुआ (७-८१०)। जंबूस्वामीने युद्धमें रत्नशेखरको परास्त करके बाँध लिया, और मृगांक राजाको बंधनसे छुड़ा लिया, तथा मृगांक राजाके अनुरोधसे केरल नगरीको गये। वहाँ जाकर रत्नशेखर विद्याधरको भी बंधन मुक्त कर दिया, व केवल क्षात्रधर्मकी रक्षा हेतु युद्ध करनेके लिए क्षमा माँगी। तत्पश्चात् कुछ दिन केरल नगरीमें रहकर पत्नी व कन्या सहित मृगांक राजा, गगनगति विद्याधर एवं रत्नशेखर विद्याधरादिके अनेक विमानोंके साथ कुमारने मगधकी ओर प्रयाण किया। इन सबके साथ पर्वतके निकट ही ससैन्य श्रेणिक राजासे भेंट हो गयी। राजाने जंबूस्वामी व अन्य सबका समुचित स्वागत किया। गगनगति विद्याधरने सबका परिचय दिया, विलासवती कन्याका राजासे परिणय करा दिया गया। मृगांक व रत्नशेखरमें मैत्री करा दी गयी। सब लोग अपने-अपने स्थानोंको विदा कर दिये गये। श्रेणिक राजाने भी राजगृहकी ओर प्रयाण कर दिया। राजगृह पहुँच कर नगरके बाहर ही उपवनमें सुधर्म स्वामी ५०० मुनियोंके साथ विराजमान दिखाई दिये। राजा व अन्य सबने मुनिकी वंदना की, और जंबूकुमारने भी प्रणाम किया (७.११-११)। (संधि—७)।

आठवीं संधिके प्रारंभमें कवि विनयपूर्वक निवेदन करता है कि आर्षप्रोक्त कथासे अधिक वसंतक्रीडा, वृष्टिका उपद्रव, नरेंद्रका प्रस्थान एवं युद्धका वृत्त, यह जो मैंने कहा, उसके लिए गुणीजन मुझे क्षमा करें। इसके पश्चात् कई गाथाओंमें काव्यके लक्षणोंपर प्रकाश डालकर कवि कथासूत्रको आगे बढ़ाता है। सुधर्म

स्वामीको देखकर अपने मनमें अनायास उनके प्रति बड़ा स्नेह उमड़ आनेसे जंबूस्वामीने सुधर्म गणधरसे इसका कारण पूछा। तब सुधर्मस्वामीने भवदत्त-भवदेवके जन्मसे लगाकर दोनोंके पाँच भवोंका वर्णन किया। तू पहले भवदेव था, मैं भवदत्त। तत्पश्चात् दोनों स्वर्गमें एक साथ देव हुए। अनंतर तू शिवकुमार हुआ, मैं सागरचंद्र। इसके पश्चात् फिर दोनों देव हुए। तू विद्युन्माली देवके रूपसे च्युत होकर यहाँ जंबूस्वामी हुआ है; और मैं स्वर्गसे च्युत होकर इसी मगध देशमें संवाहन नामक नगरमें सुप्रतिष्ठ राजा व रुक्मिणी रानीका सुधर्म नामका पुत्र हुआ। एक दिन सुप्रतिष्ठ राजा सपरिवार महावीर जिनेंद्रके समवशरणमें गया, और भगवान्का उपदेश सुनकर वहीं दीक्षित हो गया। सुधर्मकुमारने भी उसी समय पिताके मार्ग-पर अनुगमन किया। पिता भगवान्के चतुर्थ गणधर हुए और मैं सुधर्म उनका पाँचवाँ गणधर बना। वही मैं ऋषिसंघके साथ विहार करते हुए यहाँ आया हूँ। तथा वे जो तुम्हारी चार देवियाँ थीं, उन्होंने भी पूर्वजन्मके स्नेहसे बँधे हुए सागरदत्तादि चार श्रेष्ठियोंकी चार अति सुंदर कन्याओंके रूपमें जन्म लिया है। आजसे दसवें दिन उनसे तुम्हारा परिणय होगा (८.१-५)। यह सब इतिवृत्त सुनकर जंबूस्वामीको संसारसे वैराग्य हो गया, और उसने आचार्यसे दीक्षा देनेका अनुरोध किया, व आचार्यके आदेशसे घर जाकर माता-पितासे दीक्षा लेनेकी अनुमति माँगी। माता-पिताके अनेक प्रकारसे पुत्रको समझाने व सांसारिक सुख भोगनेके लिए प्रेरित करनेपर जब वह किसी भी प्रकार नहीं माना तो उन्होंने कन्याओंके पिताओंको यह समाचार भिजवाकर अनुरोध कराया कि कन्याओंके लिए अन्य वर देख लिया जाये। कन्याएँ इसके लिए प्रस्तुत नहीं हुईं, व अपने अपूर्व सौंदर्य और काम-चेष्टाओं द्वारा (८.११) जंबूस्वामीको अपने वशमें कर लेनेके विश्वाससे स्वामीको यह समाचार भिजवाया कि स्वामी केवल एक दिनके लिए विवाह कर लें, अगले दिन प्रातः दीक्षा ले लें, तब उन्हें कोई नहीं रोकेगा। स्वामीने यह प्रस्ताव स्वीकार कर लिया। वणिक् गोत्राचारकी श्रेष्ठ रीतिसे विवाह हुआ (८.१२-१३) विवाहके उपरांत जंबूस्वामी चारों वधुओंके साथ अपने घर आये। इतनेमें सायंकाल हो गया, व थोड़ी देरमें चारों ओर घना अंधेरा छा गया (८.१४)। कुछ देर बाद चंद्रोदय हुआ और स्वामी वधुओं सहित अपने वासगृहमें प्रविष्ट हुए (८.१५)। सब समागत मित्र-स्वजन अपने अपने घरोंको विदा कर दिये गये, वासगृहके द्वार निश्छिद्ररूपसे बंद कर दिये जानेके उपरांत वधुएँ जंबूस्वामीको वशमें करनेके लिए नानाप्रकारकी कामचेष्टाएं करने लगीं (८.१६)। (संधि.८)

नौवीं संधिके आदिमें दो गाथाओंमें पुनः काव्यके कुछ लक्षण कहकर कवि कथाको आगे ले चलता है। वधुओंको उन सब कामचेष्टाओंका जंबूस्वामीपर रंचमात्र भी कोई प्रभाव न पड़ते देखकर वधुओंको बड़ी निराशा हुई, और उन्होंने क्रम क्रमसे जंबूस्वामीपर व्यंग्य करते हुए उसे इंद्रिय सुखोंमें प्रेरित करनेके लिए प्रचलित लोक कथाएँ सुनानी आरंभ कीं। जंबूकुमारने भी प्रत्येक वधूकी कथाके उत्तर स्वरूप, उसके आशयको खंडित करनेवाली उतनी ही कथाएँ कहीं। (इन सब कथाओंके लिए देखिए : प्रस्ता० 'जंबूस्वामी चरितकी अंतर्कथाएँ एवं मूलका हिंदी अनुवाद ९.४ से ९.११)।

इस प्रकार परस्परमें कथा वार्ता करते-करते आधीरात बीत गयी। इधर चोरीके हेतु वेश्यावाट (९.१२) में-से निकलकर मिथुनोंकी कामक्रीड़ा—(९.१३) को देखता हुआ विद्युच्चर नामक चोर जंबूकुमार (स्वामी) के घर पहुँचा व भित्तिसे लगकर छिपकर खड़ा हो गया परंतु वर-वधुओंके सारे कथा-संलापको सुनकर उसका चित्त बदल गया। जंबूकुमारकी व्याकुलतासे जागती, बार बार जाती आती माँने उसे देख लिया व पूछा तू कौन है व क्या चाहता है? विद्युच्चरने अपना परिचय दिया, और माँको व्याकुलताका कारण पूछा। माँसे सब सुनकर उसने कहा—माँ किसी तरह मुझे भीतर प्रवेश कराओ, तो मैं भी कुमारको समझानेका प्रयत्न करके देखता हूँ। यदि समझ जाये तो ठीक, अन्यथा मैं भी विहान होते ही इसीके साथ तपश्चरणका अनुसरण करूँगा। माँने अपना छोटा भाई कहकर पुत्रकी अनुमति लेकर उसे भीतर प्रवेश कराया। जंबूस्वामीने छद्म मामाका उचित स्वागत अभिनंदन किया, और पूछा कि मामा इतने वर्षों तक आपने कहाँ-कहाँ भ्रमण किया (९.१८)। विद्युच्चरने दक्षिण दिशामें समुद्रसे लगाकर, क्रमशः दक्षिण, पश्चिम, उत्तर व अंतमें पूर्व दिशामें अपने भ्रमण किये हुए सब देशोंके नाम लिये (९.१९)। (संधि-९)।

इसके उपरांत जंबूस्वामीकी स्तुति करके विद्युच्चरने उसे भोगोंकी ओर प्रेरित करनेके लिए भौतिक दर्शनोंके तर्क दिये। स्वामीने युक्तिपूर्वक विद्युच्चरके समस्त तर्कोंका खंडन कर उसे निरुत्तर कर दिया (१०.१-५), और अपने पूर्व जन्मोंका वृत्तांत भी कहा (१०.६)। यह सुनकर विद्युच्चर बोला, यदि किसी तरह तुम्हें पूर्वजन्मोंमें देवसुख प्राप्त हो गया तो बार-बार हृदयेच्छित सुख कहाँसे प्राप्त होंगे। इस संबंधमें विद्युच्चरने उस ऊँटका आख्यान सुनाया जिसने एक बार कहीं मधुका स्वाद लेकर, मधुकी आशामें अन्य कुछ खाना ही छोड़ दिया (१०.७)। इसपर जंबूस्वामीने वाणिक्पुत्रकी कथा सुनायी (१०.८)। क्रमशः दोनोंने उत्तर-प्रत्युत्तर स्वरूप चार-चार कथाएँ कहीं। (कथाओंके लिए देखिए आगे, प्रस्तावना—जंबूसामिचरिउकी अंतर्कथाएँ व हिंदी अनुवाद १०.७ से १०.१७) इस समस्त चर्चाके होते-होते विद्युच्चरको भी प्रतिबोध हो गया, और भक्तिपूर्वक जंबूस्वामीकी स्तुति करके स्वयं भी उनके साथ दीक्षा लेनेकी इच्छा प्रकट की (१०.१८) जंबूस्वामीकी चारों वधुओं व माता-पिताको भी ज्ञान हो गया। ये सारे समाचार मिलनेपर श्रेणिक राजाने बड़े उछाहसे जंबूस्वामीका अभिनिष्क्रमण महोत्सव मनाया। जंबूस्वामी व राजा सहित सब कोई सुधर्मगणधरके पास पहुँचे (१०.१९)। जंबूस्वामीने आचार्यसे दीक्षा ग्रहण की व एक एक कर समस्त वस्त्राभूषणोंको उतार फेंका, तथा सिरसे केश लोंच कर लिया। विद्युच्चरने भी दीक्षा ले ली। जंबूस्वामीके पिता अरहदास भी निर्ग्रंथ साधु हो गये। उनकी माता व चारों वधुएँ भी आर्यिकाएँ हो गयीं, व कठोर तप करने लगीं। जंबूस्वामी गुरुके साथ रहकर बारह प्रकारका महान् तप करने लगे (१०.२०-२२)।

अठारह वर्ष बीतनेपर माघ शुक्ल सप्तमीके दिन प्रातःकाल विपुलगिरिके शिखरसे सुधर्मस्वामी निर्वाणको प्राप्त हुए (१०.२३)। उसी दिन जंबूस्वामीको भी कैवल्य प्राप्त हुआ। देवताओंने बड़ा उत्सव मनाया। इसके पश्चात् जंबू अठारह वर्षों तक धर्मोपदेश करते हुए, अंतमें विपुलगिरिके शिखरपर निर्वाणको प्राप्त हुए। पिता-माता व चारों वधुएँ तप करके समाधि एवं सल्लेखनापूर्वक मरकर विभिन्न स्वर्गोंमें देव हुए (१०.२४)।

जंबूस्वामीके निर्वाणगमनके उपरांत विद्युच्चर मुनिसंघके साथ विहार करते-करते ताम्रलिप्ति पधारे व नगरके बाहर ही ठहर गये। वहाँ भूत-पिशाचोंने समस्त संघपर महान् उपसर्ग किया। एक विद्युच्चर महामुनिको छोड़कर अन्य कोई मुनि उस उपसर्गको सहन नहीं कर सके और योग-ध्यान छोड़कर भाग निकले। उस महान् उपसर्गमें विद्युच्चर मुनि बिलकुल अडिग व निर्भय रहे (१०.२५-२६) (संधि-१०)।

जैसे-जैसे वह घोर उपसर्ग बढ़ता गया, वैसे-वैसे मुनि अनित्य, अशरण, अशुचित्व आदि बारह भावनाओंका चिंतन करते हुए कर्मोंको काटने लगे। दशविध धर्मोंका ध्यान व अनुप्रेक्षाओंकी भावना करते हुए, परीषहोंके वशीभूत न होकर, समाधिपूर्वक मरकर विद्युच्चर महामुनि सर्वार्थसिद्धिको प्राप्त हुए। वहाँ आयुष्य पूरा कर वे एक ही बार मनुष्य जन्म लेकर मोक्ष प्राप्त करेंगे। (संधि-११)।

कथावस्तुका महाकाव्यात्मक गठन एवं मौलिकता

महाकवि वीरने जंबूस्वामीके पौराणिक आख्यानको महाकाव्यकी कथावस्तुके रूपमें ग्रथित किया है। यही कारण है कि मूल आख्यान और अंतर्कथाओंका गठन बहुत सुदृढ़ रूपमें हुआ है। इस काव्यमें प्रयुक्त अंतर्कथाएँ मूलकथाधाराके छोटे-छोटे जलस्रोतोंके समान हैं, जो आगे चलकर मूलकथासे मिलकर उसकी धाराको पृथुलतर, गंभीरतर और विशालतर बना देते हैं। लघु कथाएँ स्वतंत्र होते हुए भी मूलकथासे संबद्ध हैं। सभी कथाओंसे नायकके फलागमपर प्रभाव पड़ता है। कथावस्तुका आरंभ एक दिव्य विभूतिके दर्शनसे होता है। श्रेणिककी दृष्टि आकाश मार्गसे आये हुए विद्युन्माली देवपर पड़ती है और वे उसके सौंदर्य, ऐश्वर्य, एवं प्रभावसे आकृष्ट हो उसका इतिवृत्त जाननेकी जिज्ञासा व्यक्त करते हैं। इस प्रकार यद्यपि कथावस्तुका आरंभ शुद्ध-पौराणिक रूपमें हुआ है, वक्ता और श्रोताके रूपमें [illegible] हुई है, तो भी कविने इतिवृत्तके साथ वर्णन-व्यापारोंका समावेश कर कथाको महाकाव्योचित गरिमा प्रदान

की है। कविने पौराणिक मान्यताओंको पुराणके रूपमें ही प्रस्तुत किया है, पर कथा सानुबंध होनेसे उसमें महाकाव्यत्व आ गया है।

महाकवि वीरके पूर्व जंबूस्वामीचरितकी कथावस्तु संघदासगणिने वसुदेवहिंडीमें कथाकी उत्पत्ति नामक प्रथम प्रकरणमें, गुणभद्रने उत्तरपुराणके छिहत्तरवें पर्वमें तथा कवि गुणपालने गद्य-पद्य मिश्रित शैलीमें रचित प्राकृत जंबूचरियंमें ग्रथित की है। पुष्पदंतने अपभ्रंश महापुराणके उत्तरखंडमें सौवीं संधिमें 'जंबूसामि-दिक्खवण्णणं'में पूर्ण रूपसे गुणभद्रका ही अनुकरण किया है। इन आचार्योंने नायकको प्रत्यक्ष रूपमें उपस्थित कर तदनंतर उसकी भव-परंपरा प्रस्तुत की है। पर वीर कविने विद्युन्माली देवके चमत्कारसे आकृष्ट हो श्रेणिक-द्वारा उसके पूर्वभवोंको जाननेकी जिज्ञासा व्यक्त करायी है। अतः कविने प्रारंभमें ही यह दिखलानेका सफल प्रयास किया है कि सर्वसाधारण विषयासक्त मनुष्य भी साधनाके बलसे भगवत्पदको प्राप्त कर सकता है। आत्मा परमात्मा है, पर उसकी यह शक्ति अप्रकटित है। इसे प्रकाशमें लानेके लिए पुरुषार्थ अपेक्षित है। इस तथ्यको मनमें निहित रखकर ही कविने नायकका उत्तरोत्तर विकास दिखलाया है। अतः आध्यात्मिक साधनाकी व्यंजना उत्तरोत्तर वर्द्धमान है। कथावस्तु आरंभसे ही पाठक और श्रोताके मनमें जिज्ञासाके साथ यह द्वंद्व उत्पन्न कर देती है कि भवदेवकी भूमिकामें जंबूस्वामी किस प्रकार आत्मोद्धारके लिए प्रयास करता है।

कविने 'विषयोंसे ठुकराया हुआ व्यक्ति आत्मसाधनाकी ओर अग्रसर होता है,' इस तथ्यकी यथार्थ पुष्टि की है।[1] हिंदीके महाकवि तुलसीदासका जीवन भी इसी तथ्यका एक और उत्कृष्ट उदाहरण है। कथागठनमें भी कविने अपनी मौलिकताका परिचय दिया है। संघदासगणि, गुणभद्र एवं गुणपाल कथाकारके रूपमें हमारे सामने आते हैं, जबकि वीर कवि एक महाकाव्य रचयिताके रूपमें। कथाकार केवल कथातत्त्वोंके निर्वाहका ध्यान रखता है। जबकि वीर कविने वस्तुव्यापार-वर्णनों तथा यथास्थान छोटी-बड़ी अनेक अवांतर कथाओंका समावेश करके 'जंबूसामिचरिउ'में कथाका विकास महाकाव्योचित आयामके मध्य किया है। कविकी मौलिकता इस बातमें भी है कि उसने अपने नायकका प्रतिद्वंद्वी नायक भी कल्पित किया, यतः महाकाव्यमें प्रतिनायकका रहना आवश्यक है। विद्याधर रत्नशेखरका आख्यान वसुदेवहिंडी, उत्तरपुराण तथा प्राकृत जंबूचरियं इन तीनों ही पूर्ववर्ती ग्रंथोंमें नहीं है। कविने कन्या-प्राप्ति, विरक्त नायकके जीवनमें न दिखलाकर नायकके स्वामी श्रेणिकके जीवनमें दिखलायी है, और कन्याके अधिकारी श्रेणिकको युद्धमें न भेजकर नायक जंबूस्वामीको युद्धमें भेजा है। अतः नायकके शौर्य, पराक्रम, साहस एवं युद्धकला प्रवीणता दिखलानेका कविको पूर्ण अवसर प्राप्त हुआ, और उसने इस अवसरको निर्माण कर उससे पूर्ण लाभ भी उठाया। नायकके चरित्रके इन गुणोंका उद्घाटन किये बिना कविकी इस रचनामें महाकाव्यत्व नहीं आ सकता था। रत्नशेखर-विषयक आख्यानकी सृष्टि करके कवि अपनी कृतिमें महाकाव्यके संपूर्ण तत्त्वोंका यथोचित समावेश कर, अपने काव्यको महाकाव्योचित गरिमा प्रदान करते हुए अपनी मौलिक सूझ-बूझका परिचय देनेमें पूर्ण रूपसे सफल हुआ।

४. जंबूस्वामी : एक ऐतिहासिक कथापुरुष, कथाकी दीर्घ परंपरा और मूलस्रोत

जैन साहित्यकी ऐतिहासिक परंपरा भ० महावीरसे प्रारंभ होती है, जिनका निर्वाणकाल भारतीय इतिहास, साहित्य एवं संस्कृतिके स्वदेशी एवं विदेशी लगभग सभी विद्वान् अब एक मतसे ५२७ ई० पू० अथवा ४७० वि० पूर्व मानते हैं।[2]

---

१. नागवसू द्वारा भवदेवको बोध प्रदान करनेका वृत्त उत्तरा० २१ में राजुल और रथनेमिके आख्यानसे तुलनीय है।

२. डॉ० ही० ला० जैन भा० सं० में जैन धर्मका योगदान पृ० २५–२६; पं० कैलाशचन्द्रशास्त्री : जैन सा० और इति० की पूर्वपीठिका पृ० २८७–३३० आदि ग्रन्थ।

भ० महावीरके पश्चात् उनके प्रमुख गणधर इंद्रभूति गौतमका नाम आता है। वि० पू० ४७० में कार्तिक कृष्ण अमावस्याको प्रातःकाल महावीरका निर्वाण हुआ; उसी दिन संध्याकालमें गौतमको केवलज्ञान प्राप्त हुआ। बारह वर्ष तक केवली रूपसे धर्मोपदेश देते रहकर जिस दिन गौतम निर्वाणको प्राप्त हुए, उसी दिन महावीरके दूसरे प्रधान शिष्य सुधर्माको कैवल्यकी प्राप्ति हुई और ये बारह वर्षों तक संघके प्रधान रूपसे धर्मोपदेश देते हुए विचरण कर निर्वाणको प्राप्त हुए। उसी दिन सुधर्माके प्रमुख शिष्य जंबू केवली पदको प्राप्त हुए, तथा जैन श्रमणसंघके प्रधानाचार्य अथवा कुलपति बने और अड़तीस वर्षों तक जैनधर्म व श्रुतका प्रचार-प्रसार करते रहकर वि० पू० ४०८ (ई० पू० ४६५)में निर्वाणगामी हुए। ये ही जंबू प्रस्तुत चरितके नायक जंबूस्वामी हैं। जैन परंपरामें इन्हें अंतिम केवली माना जाता है, तथा ये एवं इनकी शिष्य-संततिके द्वारा ही भ० महावीरके उपदेशोंकी अर्द्धमागधी जैनागमके रूपमें सुरक्षा हो सकी यह ऐतिहासिक सत्य है। इस कारण जैन परंपरामें जंबूस्वामीका स्थान अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। गौतमको केवलज्ञान होनेसे लगाकर जंबूस्वामीको मोक्ष होने तक वीर निर्वाणके १२ + १२ + ३८ = ६२ (या श्वे० परंपरानुसार १२ + ८ + ४४ = ६४ वर्ष) पूर्ण होते हैं। जंबूस्वामीके पश्चात् दिगंबर परंपरानुसार विष्णु या नंदी १४ वर्ष, नंदिमित्र १६ वर्ष, अपराजित २२ वर्ष, गोवर्द्धन १९ वर्ष और भद्रबाहु २९ वर्ष, इस प्रकार आगामी १४ + १६ + २२ + १९ + २९ = १०० सौ वर्षोंकी अवधिमें ये पाँच श्रुतकेवली हुए, और कुल मिलाकर वीर निर्वाणके १६२ वर्ष पूरे हुए।

श्वेतांबर गुरु पट्टावलियोंके अनुसार वीर निर्वाणके बारह वर्ष पश्चात् इंद्रभूति (गौतम गोत्र) का निर्वाण हुआ और इनके आठ वर्ष, तथा वीर नि० के बीस वर्ष पश्चात् सुधर्मा (अग्नि वैश्यायन गोत्र) और सुधर्माके निर्वाण जानेके उपरांत बयालीस वर्षों तक केवलज्ञानी रूपसे धर्मोपदेश देते हुए विचरण करते रहकर जंबूस्वामी (काश्यप गोत्र) मोक्षको गये। इस प्रकार वी० नि० के चौंसठ वर्षों तक तीन केवल-ज्ञानियोंकी यह परंपरा अविच्छिन्न रूपसे चली। जंबूस्वामीके बाद इनके समकालीन गुरुबंधु प्रभव, जिन्हें दिग० आम्नायके साहित्यमें विद्युच्चर नामसे जाना जाता है, और जो हमारे चरित काव्यके एक अन्य प्रमुख पात्र हैं, वे ११ वर्ष तक संघके प्रधान रहे; इनके उपरांत शय्यंभव २३ वर्ष, यशोभद्र ५० वर्ष, संभूतिविजय ८ वर्ष और भद्रबाहु १४ वर्ष = ६४ + ११ + २३ + ५० + ८ + १४ अर्थात् वी० नि० १७० वर्ष।

उपर्युक्त दोनों गुरु-परंपराओंके अध्ययनसे ज्ञात होता है कि जंबूस्वामीके निर्वाणकाल—अर्थात् वी० नि०के ६२ या ६४ वर्षों तक दोनोंकी गुरु शिष्य वंशावली एक समान है। जंबूके पश्चात्से इनमें स्पष्ट भेद पड़ जाता है। दिग० परंपरामें जंबूके उपरांत विष्णु या नंदिका नाम आता है, तथा गुरु-पट्टावलीमें कहीं भी विद्युच्चर (प्रभव) का नाम नहीं आता; जबकि श्वे० परंपरामें प्रभवके ११ वर्ष तक संघप्रधान रहने-का उल्लेख है। आगेके अन्य नाम भी भिन्न हैं। गुरु-शिष्य वंशानुक्रमके इस मतभेदमें पड़ना प्रस्तुत प्रसंगमें आवश्यक नहीं है। अतः जंबूस्वामी तककी मतभेद रहित वंशावलीको स्वीकार करके जंबूस्वामीके जीवन-चरितके विषयमें ऐतिहासिक दृष्टिसे यहाँ कुछ विचार किया गया है।

प्रस्तुत काव्यकृतिमें वीर कविने कहा है[1] कि जंबूस्वामीके दीक्षा लेनेके अठारह वर्षोपरान्त माघ शुक्ल सप्तमीके दिन प्रातःकाल सुधर्माको मोक्ष हुआ, और उसी दिन जंबूको केवलज्ञान; तथा सुधर्माके निर्वाणके अठारह वर्ष व्यतीत होनेपर जंबूको मोक्ष प्राप्त हुआ। ये दोनों मिलाकर (१८ + १८) छत्तीस वर्ष पूरे हुए। अब श्वे० एवं दिग० दोनों संप्रदायोंकी ऐतिहासिक गुरु-परंपरानुसार यदि वी० नि० के ६२ या ६४ वर्ष पीछे जंबूका निर्वाण माना जाये तो इस रीतिसे वीर कविके उपर्युक्त उल्लेखानुसार वी० नि० से २६ या २८ वर्ष पीछे गौतमका निर्वाण मानना होगा, जो अबतक उपलब्ध अन्य सभी जैन साहित्यिक-ऐतिहासिक प्रमाणोंसे सर्वथा विपरीत है। तिलोयपण्णत्तिके रचयिता यतिवृषभाचार्य (दूसरी-तीसरी शती ई०) शौरसेनी षट्खंडागमके धवला टीकाकार वीरसेन, और गोम्मटसारके रचयिता नेमिचंद्र सिद्धांतचक्रवर्ती

---

१. जं० सा० च० १०.२३-२४।

(९ श० ई०) एवं उत्तरपुराण (ई० ८९८ से पूर्व) के कर्त्ता गुणभद्र तथा अपभ्रंश महापुराण (या तिसट्ठि-महापुरिसगुणालंकार) के प्रणेता महाकवि पुष्पदंत इन सभीने वी० नि० के १२ वर्ष पश्चात् गौतम, इनके १२ वर्षोपरान्त सुधर्मा, एवं सुधर्माके ४० वर्ष (तिलोयपण्णत्तिके अनुसार ३८ वर्ष) पीछे जंबूस्वामीको मोक्ष प्राप्त होना एक मतसे मान्य किया है।

अब यदि हम अन्य उपलब्ध ऐतिहासिक सामग्रीकी ओर दृष्टिपात करें तो ज्ञात होता है कि भ० बुद्धका निर्वाण ५४४ ई० पू० में हुआ।[1] बुद्धके निर्वाणसे ८ वर्ष पहले ५५२ ई० पू० में अजातशत्रु गद्दीपर बैठा और लगभग उसी समय राजा श्रेणिक बिंबिसारकी मृत्यु हुई।[2] जंबूस्वामीके जन्मके संबंधमें स्वयं भ० महावीरसे अथवा कहिए गौतम गणधरसे राजा श्रेणिक बिंबिसारने प्रश्न किये, ऐसा उल्लेख सभी जैन साहित्यकारोंने किया है। तदनुसार जंबूका जन्म श्रेणिकके स्वर्गवाससे कुछ काल पूर्व अथवा उसीके आसपास लगभग ५५२-३ ई० पू० में होना चाहिए। और ऐसा होना असंभव भी नहीं है कि जंबूस्वामीकी आयु अस्सी वर्ष न होकर उससे अधिक नब्बे वर्ष रही हो। वीर कविने और उसके अनुसार ब्रह्म जिनदास (१३ श० वि०) तथा राजमल्ल (१७ श० वि०) ने यह भी कहा है कि जंबूस्वामीने राजा श्रेणिक बिंबिसारके राज्यकालमें ही दीक्षा अंगीकार की थी, और राजाने स्वयं उनका दीक्षोत्सव बड़े धूमधामसे मनाया था। इस कथनपर विचार करनेसे जंबूका जन्म ५५२ ई० पू० में श्रेणिककी मृत्युके कमसे कम १६, १७ वर्ष पूर्व अर्थात् ई० पू० ५६८-६९ में मानना पड़ेगा, और ऐसा माननेसे जंबूका आयुष्य ४६३ ई० पू० से ५६८ ई० पू० तक लगभग १०५ वर्षका, तथा गौतम इंद्रभूति, सुधर्मा एवं जंबू तीनोंके केवलज्ञान कालके संबंधमें श्वे० तथा दिग० दोनों संप्रदायों-द्वारा स्वीकृत कालक्रमका खंडन करना होगा, जिसके लिए हमारे पास कोई पुष्ट प्रमाण नहीं हैं। अतः वीर कविका यह कथन ऐतिहासिक दृष्टिसे समीचीन प्रतीत नहीं होता।

इसी प्रकार वीरके अनुसार सुधर्मा और जंबूका केवली रूपमें रहनेका समय कुल १८, १८ वर्ष माननेमें भी ऐतिहासिक साक्ष्य विरुद्ध है, यह ऊपर ही कहा गया है। संभव है वीर कविके समक्ष ऐसी कोई गुरु-पट्टावलियाँ रही हों, जिनमें गुरु-वंशावलीके संबंधमें कोई ऐसे उल्लेख रहे हों, पर वर्तमानमें उपलब्ध ऐतिहासिक-सामग्रीसे संग्रहीत तथ्योंसे यह सर्वथा विपरीत है।[3] इसी प्रसंगमें श्वे० आम्नायमें प्राप्य गुरु-पट्टावलियोंमें[4] गौतम, सुधर्मा एवं जंबूके संबंधमें जो कुछ जानकारी उपलब्ध होती है, उसपर विचार कर लेना उचित है। इनके अनुसार इंद्रभूति गौतमका जन्म ई० पू० ६०७ में हुआ। वे ५० वर्ष गृहस्थ रहे तथा ३० वर्ष साधु और ई० पू० ५२७ में भ० महावीरके निर्वाणके दिनसे ई० पू० ५१५ तक १२ वर्ष केवली रहकर निर्वाणको प्राप्त हुए। सुधर्माका जन्म भी ६०७ ई० पू० हुआ। ये भी ५० वर्ष गृहस्थ रहे, ३० वर्ष साधु, १२ वर्ष तक गौतमके केवलज्ञान कालमें संघ प्रधान तथा ८ वर्ष (दिग० परंपरानुसार १० वर्ष) केवली; इस प्रकार सौ वर्षकी आयुमें लगभग ५०७ ई० पू० इनका निर्वाण हुआ। जंबूस्वामीका जन्म ५४३ ई० पू०; दीक्षा १६ वर्षकी अवस्थामें भ० महावीरके निर्वाणसे कुछ पीछे ५२७ ई० पू०; केवलज्ञान ५०७ ई०

---

१. भ० बुद्धके निर्वाणकालके संबंधमें भी बहुत मतभेद है, तथापि अब सामान्य रूपसे सभी विद्वान् यह स्वीकार करते हैं कि भ० बुद्धका निर्वाण भ० महावीरके निर्वाणसे १६ वर्ष पहले लगभग ५४४ ई० पू० में हुआ; द्रष्टव्य : बौद्धधर्मके २५०० वर्ष।

२. पं० कै० च० शास्त्री : जैन सा० इति० पूर्वपीठिका पृ० ३०३-३१२।

३. जंबूके जन्मके संबंधमें महाकवि-पुष्पदंतने लिखा है कि जिस रात जंबू गर्भमें आयेंगे, उसी रात भ० महावीरका निर्वाण होगा (म० पु० १००-२)। तदनुसार जंबूस्वामीका जन्म वीर निर्वाणके एक वर्ष पश्चात् ई० पू० ५२६ में मानना होगा। महाकवि पुष्पदंतका यह कथन भी अन्य किसी ऐतिहासिक उल्लेखसे समर्थित न होनेसे मान्य नहीं है।

४. जैन सत्यप्रकाश वर्ष ७, अंक १-२ पृ० ४९-७४ : मुनि न्यायविजयजीका 'गुरु-परंपरा' नामक लेख।

पू० तथा निर्वाण ४६३ ई० पू०। जंबूस्वामीके जन्म, दीक्षा, केवलज्ञान एवं मोक्ष कालके संबंधमें अद्यावधि उपलब्ध ऐतिहासिक सामग्रीके आधारपर यह मत ही सबसे अधिक समीचीन है।

उपर्युक्त रीतिसे जंबूस्वामीके जीवनकालके संबंधमें चर्चा करनेके उपरांत अब हमें उनके जीवन चरित विषयक प्राचीनतम उपलब्ध सामग्री, कथाकी पूर्व परंपरा एवं मूलस्रोतोंपर विचार करना है। इस विषयमें हमारा ध्यान सर्वप्रथम अर्द्धमागधी जैनागमोंपर जाता है। जैन संप्रदायकी इस पुरातन पवित्र साहित्य संपत्तिका अवलोकन करनेसे हमें जंबूस्वामीके संबंधमें इतनी सूचनाएँ प्राप्त होती हैं कि वे महावीर स्वामीके पाँचवें गणधर अग्निवेश्यायन गोत्रीय आर्य सुधर्मा (सुधर्मस्वामी) स्थविरके प्रधान शिष्य थे, और कश्यप गोत्रके थे। संघमें दीक्षा लेनेके उपरांत इन्होंने आर्य सुधर्मासे क्रमशः एक-एक जैनागमको कहनेका अनुरोध किया, व आर्यसुधर्माने जैसा भ० महावीरके मुखसे सुना था, तदनुसार जंबूको एक-एक आगम कहकर सुनाया।[1] स्थान-स्थानपर जंबूस्वामीने श्रमण भ० महावीरके धर्म व सिद्धांतके संबंधमें भी अनेक प्रश्न किये और सुधर्माने उनका उत्तर दिया।[2] इस प्रकार समस्त जैनश्रुत गुरु-शिष्य परंपरासे भ० महावीरसे आर्य सुधर्माको, सुधर्मासे आर्य जंबूको एवं जंबूसे उनकी शिष्य संततिको प्राप्त हुआ। जंबूस्वामीके जीवनके संबंधमें इससे अधिक सामग्री आगम साहित्यसे प्राप्त नहीं होती।

आगमिक परंपराके अध्ययनके उपरांत कालक्रमसे यतिवृषभाचार्य (दूसरी तीसरी शती ई०) कृत तिलोय-पण्णत्तिका नाम आता है, जिसमें जैन दृष्टिसे त्रेसठ पौराणिक महापुरुषों [२४ तीर्थंकर, १२ चक्रवर्ती, ९ बलदेव, ९ वासुदेव (नारायण), ९ प्रतिवासुदेव (प्रतिनारायण)] के जीवनचरित अथवा जैन महापुराणों व चरितग्रंथोंकी सामग्री बीज रूपमें नामावलियोंके रूपमें प्राप्त है, जिनमें माता-पिता, वंश, जन्मस्थान, निर्वाणस्थान व महापुरुषोंके जीवनसे संबद्ध प्रमुख व्यक्तियों, स्थानों व घटनाओंके नाम मात्र उल्लिखित हैं। परंतु जंबूस्वामीके संबंधमें इस ग्रंथमें केवल इतनी ही संक्षिप्त सूचना उपलब्ध होती है कि जिस दिन भ० महावीर सिद्ध हुए उसी दिन गौतम गणधरको केवलज्ञान प्राप्त हुआ। पुनः गौतमके सिद्ध होनेपर उनके पश्चात् सुधर्मस्वामी केवली हुए।[3] सुधर्मस्वामीके मुक्त होनेपर जंबूस्वामी केवली हुए। पश्चात् जंबूस्वामीके भी मोक्षको प्राप्त होनेपर फिर कोई अनुबद्ध केवली नहीं रहे।[4] गौतमादिक केवलियोंके धर्म-प्रवर्तनकालका प्रमाण पिंड (एकत्र) रूपसे बासठ वर्ष है (१२ + १२ + ३८ = ६२)।[5]

तिलोयपण्णत्तिके पश्चात् जंबूस्वामीके जीवनचरितकी दृष्टिसे सबसे महत्वपूर्ण ग्रंथ संघदास गणि (५ वीं-छठी शती ई०) कृत वसुदेव-हिंडी है, जो न केवल प्राचीन ही है, बल्कि पर्याप्त विशद भी है, और जिसे पीछेके समस्त जंबूचरितके रचयिता कवियों, लेखकोंका प्रमुख आधार ग्रंथ बननेका गौरव प्राप्त है।

---

१. आगमोंमें जंबूस्वामी विषयक उल्लेखोंके लिए देखें: आया० १.१.१; सूय० १.१; २.१.१; २.३.४३; २.४.६३ और २.७.८१; ठाण० १.१; समवाय० १.१; भगवती० १.१.४; नाया० १.१; ५.३१-३२; उवासग० १.१ आदि; अंतगड०, अणुत्तर० एवं विवाग० के अध्ययनोंका प्रारंभ व अंत; पण्ह० आग० में पाँच आस्रवद्वार, पाँच संवरद्वार आदि प्रश्नोंका प्रकरण; नंदी० गाथा २२; निशीथ चू० २, पृ० ३१०; कल्पसूत्र-विनयविजय पृ० २४९; कल्पसूत्र-धर्मविजय पृ० १६२; कल्पसूत्र-स्थविरावलीचरित ५.५-७; निरयावलिया १.१; तित्थोगलिय ६९८ ff; व्यवहार भाष्य १०,६९९; दशवैका० चू० पृ० ६।

२. देखिए सूय० ५.१.१-२; ५.२.१; ६.१.१-२; ८.१.१; ९.१.१, ११.१.१-३।

३. तिलोयपण्णत्ती ४.१४७६।

४. वही ४.१४७७।

५. वही ४.१४७८. इससे अगली गाथामें एक और महत्वपूर्ण उल्लेख है कि केवलज्ञानियोंमें अंतिम श्रीधर कुंडलगिरिसे सिद्ध हुए (४.१४७९)।

इसके संबंधमें विद्वानोंका यह मत है कि वसुदेव हिंडी[1] गुणाढ्य कृत पैशाची बृहत्कथाका सबसे प्रामाणिक जैन रूपांतर है।[2] भाषाकी अपेक्षा भी यह गुणाढ्यकी पैशाची बृहत्कथाके सबसे अधिक निकट है।[3]

वसुदेव-हिंडीके कथाकी उत्पत्ति[4] नामक प्रथम अधिकारमें मंगलाचरणके उपरांत जंबूस्वामीकी कथा इस प्रकार प्रारंभ होती है—प्रथमतः सुधर्मास्वामीने जंबूस्वामीको प्रथमानुयोग ग्रंथमें तीर्थंकर, चक्रवर्ती तथा दशार वंशके व्याख्यानके प्रसंगमें आये हुए वसुदेवचरितको कहा था। अतः वसुदेवचरित प्रारंभ करनेसे पूर्व जंबूस्वामी तथा उनके शिष्य प्रभवकी उत्पत्तिकी कथा कहनी चाहिए। यह कथा इस प्रकार है :

मगध देशके राजगृह नामक नगरमें श्रेणिक नामका राजा था, व चेलना रानी। इनका कूणिक नामक पुत्र था। इसी राजगृहमें ऋषभदत्त नामक सेठ था, जिसकी धारिणी नामक पत्नी थी। एक बार वह अर्द्ध-जाग्रत् अवस्थामें निम्न पाँच स्वप्न देखकर जाग उठी—(१) धूम्ररहित अग्नि (२) पद्मसरोवर (३) फलभारसे नम्र शालिक्षेत्र (४) धवल मेघके समान श्वेत व उद्धत चतुर्दंतयुक्त हाथी, एवं (५) वर्ण-गंध व रसपूर्ण जंबूफल। उसी रात्रिको स्वर्गसे च्युत होकर विद्युन्माली देवका जीव धारिणीके गर्भमें अवतीर्ण हुआ। नवमास पूर्ण होनेपर बालकका जन्म हुआ, एवं बालकके बड़े होनेके साथ-साथ उसके रूप व गुणोंकी ख्याति सब ओर फैलती गयी।

उसी कालमें सुधर्मास्वामी राजगृहके गुणशील नामक चैत्यमें संघ सहित पधारे। जंबूस्वामी सब लोगोंके साथ आर्य सुधर्माके दर्शनोंको गये। आर्य सुधर्माका उपदेश सुनकर जंबूको वैराग्य हो गया, और दीक्षाके लिए माता-पिताकी अनुज्ञा लेने हेतु घरकी ओर चले। नगरके एक द्वारपर भीड़ देखकर सारथीको रथ घुमाकर दूसरे द्वारसे चलनेको कहा। वहाँ शत्रु सैनिकोंके घातके लिए शिला-शतघ्नी आदि शस्त्रोंको डोरसे लटकते हुए देखकर उन्हें ऐसा प्रतीत हुआ कि यदि अचानक कोई शस्त्र ऊपर आकर गिरे तो बिना व्रत लिये ही मेरी मृत्यु होगी। यह विचार मनमें आते ही जंबू रथ लौटाकर पुनः आर्य सुधर्माके पास गये, और आजन्म ब्रह्मचर्यका व्रत लेकर घर आये। आकर माता-पितासे दीक्षा लेनेकी अनुमति माँगी। तब माता-पिताने कहा कि धर्म श्रवण सब कोई करते हैं, पर कोई वैराग्य तो नहीं लेता। इसपर जंबूस्वामीने कहा—धर्म श्रवण करनेपर किसीको तत्त्वार्थोंका निश्चय देरमें होता है, और किसीको तुरंत हो जाता है, तथा वह धर्मके मार्गपर लग जाता है। इस संबंधमें जंबूस्वामीने उन पाँच मित्रोंकी कथा सुनायी जो एक बार उद्यानमें गये। वहाँ तीर्थंकरका दर्शन कर व उनका उपदेश सुनकर परस्पर विचार-विनिमय करके वहींके वहीं दीक्षित हो गये, तथा अंतमें केवली होकर मोक्ष गये। अतः आप मुझे दीक्षा लेनेकी अनुमति दें। फिर भी माता-पिताने जंबूको विपुल संपत्तिसे दुर्लभ विषयभोग भोगकर पीछे दीक्षा लेनेको कहा। इसपर जंबूस्वामीने उस वानरकी कथा कही जो अपनी विषय लोलुपताके कारण अंतमें शिलाजोतमें चिपककर दुःखद अंतको प्राप्त हुआ। नानाप्रकारसे समझानेपर भी जब जंबूस्वामी नहीं माने तो माताने समुद्रश्री, सिंधुमती आदि उन आठ कन्याओंके माता-पिताके पास यह समाचार भिजवाया जिनका बहुत पहलेसे ही जंबूके साथ वाग्दान किया जा चुका था। ऐसा जानकर कन्याओंने कहा जंबूस्वामीसे हमारा वाग्दान हो चुका है, अतः जो मार्ग

---

१. प्राकृतमें हिंडधातुका अर्थ है चलना, फिरना, परिभ्रमण करना, अतः वसुदेव-हिंडीका अर्थ हुआ 'वसुदेव (वासुदेव कृष्णके पिता) का परिभ्रमण (वृत्तांत)।' इस ग्रंथमें वसुदेवके गृह त्यागकर चले जानेके उपरांत अनेक वर्षोंके परिभ्रमण व नाना कन्याओंसे परिणयके वृत्तांत एवं अनुभव कथाना रंजित साहित्यिक शैलीमें वर्णित हैं।

२. वसुदेव हिंडी प्र० खंड, गुज० अनु० भूमिका पृ० ९-१३; प्रकाशक जैन आत्मानंद सभा भावनगर।

३. वही, भूमिका पृ० १६.

४. इस अंशको विद्वानोंने शुद्ध जैन-कथाभाग कहा है; वही पृ० १२।

धनका, वही हमारा। कन्याओंका ऐसा निश्चय जानकर जंबूस्वामीसे उन कन्याओंके साथ विवाह कर लेनेका अनुरोध किया गया, जिसे स्वामीने स्वीकार किया। उचित तिथि-मुहूर्तमें विधिपूर्वक विवाह संस्कार संपन्न हुआ और जंबू वधुओंके साथ घर आकर वासगृहमें प्रविष्ट हुआ।

उसी कालमें जयपुरवासी विंध्य राजाका कलानिपुण प्रभव नामक पुत्र था, जो पिताके द्वारा छोटे भाई प्रभुको राज्य दे देनेसे रुष्ट होकर राज्य छोड़कर चला आया था, और विंध्याचलकी विषम तलैटीमें चोर सरदारोंके साथ चोरी करके जीवन यापन करता हुआ रहता था। जंबूस्वामीका विवाह एवं अपरिमित दहेजकी बात सुनकर अपने साथी पाँच सौ चोरोंके साथ अटवीसे निकलकर, रातके समय नगरीमें प्रविष्ट हुआ। तालोद्घाटनी विद्यासे ताले खोलकर जंबूस्वामीके घरमें पहुँचा, तथा अवस्वापिनी विद्याके बलसे सबके सो जानेपर चोर सोते हुए लोगोंके आभूषण आदि खोलने लगे। यह देखकर चोरकी विद्यासे अप्रभावित, अतः जागते हुए जंबूने ये निर्भीक वचन कहे—'आमंत्रित लोगोंको स्पर्श मत करना'। ये वचन सुनकर चोर स्तंभित जैसे हो गये। प्रभवने जंबूको देखकर अपना परिचय देकर कहा मेरी दो विद्याएँ 'तालोद्घाटिनी व अवस्वापिनी' ले लीजिए, और मुझे अपनी 'स्तंभिनी तथा मोचनी' विद्याएँ दे दीजिए। इसपर जंबूने कहा—मुझे सांसारिक विद्याओंसे कोई प्रयोजन नहीं है। मैंने तो गणधरके पास संसारमोचनी-विद्या ग्रहण की है। प्रभात होते ही घर-परिवार सब छोड़कर मैं दीक्षा लूंगा। जंबूके ऐसे वचन सुनकर प्रभव आश्चर्यचकित रह गया, व उसने भी यौवनमें मानुषिक विषयसुख भोगकर पक्व वयःमें दीक्षा लेना उचित बतलाया। विषयसुखोंके संबंधमें जंबूने प्रभवको 'मधुबिंदु आस्वाद'का दृष्टांत सुनाया (प्रस्तावना–५ 'जंबूस्वामी चरित-की अंतर्कथाएँ')।

पुनः प्रभवके यह पूछने पर कि किस दुःखके कारण तुम अकालमें स्वजनोंका त्याग करते हो, जंबूने गर्भावास दुःखके संबंधमें ललितांगकुमारका आख्यान सुनाया (वही : 'जंबूस्वामीचरितकी अन्तर्कथाएँ')।

इसीप्रकार जंबूने सांसारिक संबंधोंकी असारताके विषयमें कुबेरदत्त एवं कुबेरदत्ताका, पितरोंको पिंड-दानादि रूप लोकधर्मकी असंगतिके बारेमें महेश्वरदत्तका, तथा सांसारिक सुख व मोक्षसुखकी तुलनाके संबंधमें एक कौड़ीके लिए सर्वस्व हार जाने वाले बनियेका, तथा धनके सदुपयोगके बाबत गोपयुवकका, ये सब कथानक प्रभवको सुनाये। इस कथा-वार्ताके उपरांत प्रभवको भी बोध हो गया। प्रातःकाल होते ही जंबूस्वामीने दीक्षाके लिए अभिनिष्क्रमण किया। जंबूद्वीपके अधिपति अनादृत (अणाढिय) देवने स्वामीका अभिनिष्क्रमण महोत्सव मनाया। वैभारगिरि-पर सुधर्मा गणधरके पादमूलमें जंबूस्वामीने दीक्षा ली। आर्य सुधर्माने प्रभवको जंबूके शिष्यरूपमें विहित किया। जंबूस्वामीकी माँ एवं वधुएँ भी सुव्रता आर्यिकाकी शिष्याएँ हो गयीं। थोड़े ही समयमें जंबू श्रुतकेवली हो गये।

कालांतरमें आर्य सुधर्मा संघसहित विहार करते-करते चंपानगरीके पूर्णभद्र चैत्यमें पधारे। कूणिक राजा उनकी वंदना करने आया, व अति स्वरूपवान जंबूस्वामीको देखकर उनके पूर्वकृत तप, त्याग, दान, शील आदिके संबंधमें विशेष जानकारी चाही। इसपर आर्य सुधर्माने उत्तर दिया कि पूर्वकालमें तुम्हारे पिता श्रेणिकको भगवान् महावीरने जिस प्रकार यह कथा सुनायी थी, उसे कहता हूँ, ध्यानपूर्वक सुनो। यह कहकर सुधर्माने केवली होने पर्यंत राजर्षि प्रसन्नचंद्रका कथानक विस्तारसे कहा (प्रस्तावना—५)। देवता राजर्षिका कैवल्योत्सव मनाने आये। भगवान्से यह जानकर श्रेणिकने पूछा इनके पीछे कौन केवली होगा। तभी महातेजस्वी विद्युन्माली देव अपनी चार देवियों सहित भगवान्की वंदना करने आया। उसकी ओर संकेत कर भगवान्ने कहा—यह देव, जो कि सात दिन बाद देवगति त्याग करके मनुष्य गतिमें अवतीर्ण होगा। उसकी असाधारण, असामान्य तेजस्विताके विषयमें पूछने पर भगवान्ने श्रेणिक से कहा—

इसी जनपदमें सुग्राम नामक गाँवमें आर्यक नामका एक राष्ट्रकूट रहता था। उसकी रेवती नामक पत्नी थी। उनके दो पुत्र भवदत्त व भवदेव हुए। बड़ा भवदत्त युवावस्थामें ही दीक्षित हो गया। कुछ काल

बाद साधुसंघ विहार करते-करते पुनः उसी गाँवमें आया। भवदत्त अनगार छोटे भाई भवदेवको दीक्षित करनेकी इच्छासे गुरुकी अनुज्ञा लेकर भवदेवके घर गया। उसी समय भवदेवका विवाह हुआ था, और वह कुलकी रीतिके अनुसार नवपरिणीता नागिलाका मंडनकर्म कर रहा था। भाईका आगमन सुनकर भवदेव नागिलाको अर्द्धमंडित ही छोड़कर बाहर आया। आहारादि करके भवदत्त अनगार घरसे निकले व घी का भरा पात्र भवदेवके हाथमें दे दिया। भवदेवके भाईके पात्रको लेकर शीघ्रसे शीघ्र घर लौटनेकी इच्छा करता हुआ बेमनसे भाईके साथ चला, व संघमें जाकर भाईकी सम्मान रक्षाके लिए दीक्षा ले ली। बहुत काल बाद भवदत्त अनगार समाधिमरण करके स्वर्ग गया।

इधर भवदेव मनमें पत्नीका ध्यान करता हुआ ब्रह्मचर्य पालने लगा। एक बार जब साधुसंघ पुनः उसी गाँवमें आया, तो गुरुको कहे बिना ही अपने घरकी ओर चल दिया, और गाँवके बाहर ही एक मंदिरमें विश्राम करने बैठा। तभी उसकी व्रतोपवाससे क्षीण देहवाली पत्नी नागिला एक ब्राह्मणीके साथ उसी मंदिरमें पूजा करने आयी। भवदेव उसे पहचान नहीं सका, तथा उससे अपने माता-पिता और पत्नीके विषयमें पूछा और नागिलासे मिलनेकी इच्छा व्यक्त की। नागिलाने उसे पहचानकर अपना परिचय दिया, व भवदेवको बोध देनेके लिए भोगपिपासाके कारण पाड़ा बनने वाले ब्राह्मणपुत्रकी कथा सुनायी (प्रस्तावना –५)। इतनेमें ब्राह्मणीका पुत्र कहींसे दूध-पाक जीमकर वहाँ आया व माँसे बोला—*माँ एक थाली लाओ, उसमें अतिशय स्वादिष्ट दूधपाकका वमन करूँगा। अभी अन्यत्र जीमने जाता हूँ। पुनः भूख लगनेपर अपने वमित दूधपाकको खाऊँगा।* माँने कहा बेटा वमन करके खाया नहीं जाता। भवदेवने भी उसे धिक्कारा। इसी पर नागिलाने भवदेवको बोध दिया—तुम भी वमित (त्यक्त) नागिला और भोगोंका भक्षण करना चाहते हो। इससे भवदेवको प्रतिबोध हो गया।

इसके पश्चात् भवदेवने कठोर तप किया, व सल्लेखनापूर्वक मरकर स्वर्ग गया। उधर भवदत्त देवायु पूरी करके पुष्कलावती देशमें पुंडरीकिणी नगरीमें वज्रदंत चक्रवर्ती व यशोधरा रानीका सागरदत्त नामक पुत्र हुआ एवं युवावस्थामें ही एक बार मेरुपर्वतके समान महामेघको क्षणभरमें विलीन होते देखकर विरक्त हो गया और मुनिसंघमें दीक्षा ले ली। इधर भवदेवका जीव देवायु पूरी करके उसी देशमें वीतशोका नगरीमें पद्मरथ राजाकी वनमाला देवीसे शिवकुमार नामक पुत्र हुआ। युवा होने पर अनेक राजकन्याओंके साथ उसका परिणय करा दिया गया और वह भोग-विलासपूर्वक रहने लगा।

कालांतरमें सागरदत्त मुनि संघसहित विचरते हुए वीतशोका नगरीमें पधारे। उन्हें देखकर शिवकुमारको बड़ा स्नेह उमड़ आया। कारण पूछनेपर मुनिने अपने व शिवकुमार दोनोंके अबतकके दो पूर्वजन्मों [भवदत्त—भवदेव (१), स्वर्गमें देवता (२)] की कथा सुनायी। यह सुनकर शिवकुमारको वैराग्य हो गया। माता-पितासे दीक्षा लेनेकी अनुमति न मिलने पर घरमें ही रहते हुए मंत्रीपुत्र दृढ़धर्मके हाथों केवल कांजी व अंबिल आहार लेते हुए बारह वर्षों तक उसने कठोर तप किया, और पीछे समाधिपूर्वक देहत्याग करके स्वर्गमें विद्युन्माली नामक महातेजस्वी देव हुआ। आजसे सात दिनों बाद अपनी देवायु पूरी करके यह राजगृहमें ऋषभदत्त सेठकी धारिणी नामक पत्नीके गर्भमें पुत्र रूपमें अवतरित होगा। यह बात सुनकर जंबूद्वीपका अधिपति अनादृत देव अपने कुलकी प्रशंसा करता हुआ उठकर नाचने लगा। कारण पूछनेपर भगवान्ने श्रेणिकको कहा—

इसी नगरमें गुप्तिमति नामका श्रेष्ठिपुत्र था। ऋषभदत्त व जिनदास उसके दो पुत्र थे। ऋषभदत्त शील सदाचारवान् था, जबकि जिनदास मद्य-वेश्या एवं जूएका व्यसनी। ऋषभदत्तने जिनदाससे कोई संबंध न होनेकी घोषणा कर दी। एक बार एक सेनापतिके साथ जूआ खेलते समय जिनदासने कुछ धोटाला किया। इसपर सेनापतिने उसे शस्त्रसे मारा। यह दुःखद समाचार मिलते ही ऋषभदास तुरंत आया और औषधोपचार निमित्त जिनदासको घर ले गया। तब जिनदासको भारी पश्चात्ताप हुआ। भाईसे अपने कुकृत्योंकी क्षमा माँगकर, उससे सदुपदेश लेकर, भावतः समस्त आरंभ परिग्रहको त्याग कर अनशन धारणकरके, सम्यक् आराधना करते हुए, समाधिमरण करके जिनदास स्वर्ग गया। वही यह जंबूद्वीपका अधिपति

अनादृत नामक देव है। मेरे कुलमें अंतिमकेवली होगा, ऐसा जानकर यह देव अपने कुलकी प्रशंसा करता हुआ प्रसन्नताके भावावेगसे नाच रहा है। भगवान्‌के मुखसे यह सारा वृत्तांत सुननेके अनंतर वह देव भगवान्‌की वंदना करके उनके समवशरणसे उठकर अपने देवलोकको चला गया।

विद्युन्माली देव भी वहाँसे चला गया। पीछे उसकी चारों देवियोंके पूछनेपर प्रसन्नचंद्र केवलीने बताया कि देवलोकमें विद्युन्माली देवसे वियोग प्राप्त कर, राजगृहीमें श्रेष्ठिपुत्रियोंके रूपमें जन्म लेकर तुम लोगोंका पुनः संगम होगा, और तुम लोग भी उसके साथ संयम धारण करके स्वर्गमें देव बनोगी। केवलीके ऐसे वचन सुनकर देवियाँ भी उनकी वंदना कर चली गयीं।

'वसुदेव-हिंडी'में उपलब्ध जंबूचरितका संक्षेपमें अध्ययन कर आगे दृष्टिपात करनेसे कथाकी एक और परंपरा हमारे सामने आ जाती है। वह है गुणभद्राचार्य कृत उत्तर पुराण, जिसकी रचना ८९७ ई० से पहले ही पूर्ण की जा चुकी थी। उत्तर पुराणमें आदि तीर्थंकर 'ऋषभ जिन'को छोड़कर शेष बासठ शलाका पुरुषों (पौराणिक जैन महापुरुष) का जीवन चरित विस्तारसे वर्णित है। उत्तर पुराणके छिहत्तरवें पर्वमें १ से लगाकर २१३वें श्लोक तक जंबूस्वामीकी कथा संक्षेपमें इस प्रकार वर्णित है :—

एक बार भ० महावीर विहार करते-करते राजगृह नगरमें आये, और संघसहित विपुलाचल पर्वतपर पधारे। राजा श्रेणिक भगवान्‌के दर्शनोंको आया व उनकी स्तुति की। फिर गणधर गौतमकी स्तुति करके, मार्गमें देखे हुए धर्मरुचि मुनिके[1] ध्यानमें लीन होनेपर भी मुखपर विकृत भाव होनेका कारण पूछा। गौतम स्वामीने संक्षेपमें धर्मरुचि मुनिका संपूर्ण वृत्तांत सुनाकर उनके मुखपर विकृत भाव आनेका कारण बतलाया और श्रेणिकसे कहा—जाओ, उनके कषाय-भाव शांत करो। श्रेणिक गया, और गणधरके कथनानुसार मुनिको बोध देकर उनके भाव शांत कर, उन्हें प्रसन्न कर आया। कुछ ही क्षणोंमें धर्मरुचि मुनिको केवलज्ञान हो गया। इंद्रादि देवोंने आकर उनकी पूजा की और श्रेणिकने भी; तथा भगवान् के पास आकर गणधरसे पूछा कि इनके बाद सबसे पीछे स्तुति करने योग्य कौन होगा ? इतनेमें विद्युन्माली देव अपनी चारों देवियों सहित वहीं आ पहुँचा और भगवान् की वंदना कर यथास्थान बैठा। उसकी ओर संकेत कर गणधरने कहा—यह अंतिम केवली होगा। आजसे सातवें दिन यह स्वर्गसे च्युत होकर इसी नगरके सेठ अर्हद्दासकी स्त्री जिनदासके गर्भमें आयेगा। इसके पहले जिनदासी पाँच स्वप्न देखेगी—हाथी, सरोवर, धानका खेत, ऊर्ध्वशिखा निर्धूमाग्नि, व देवकुमारों-द्वारा लाये हुए जामुनके फल। उसका नाम जंबूकुमार होगा, जो बहुत रूपवान्, भाग्यवान्, कांतिमान्, सर्व कलाकुशल व यौवनके आरंभसे ही विकार रहित रहेगा। मैं पुनः इसी विपुलाचलपर सुधर्म गणधर-के साथ आऊँगा। चेल्लिनीका पुत्र इस नगर (राजगृही) का राजा कूणिक मेरा धर्मोपदेश सुनने आयेगा व जंबूकुमार भी उपदेश सुनकर विरक्त होकर दीक्षा लेना चाहेगा, पर अपने भाई-बंधुओंके आग्रहके कारण ऐसा नहीं कर सकेगा। फिर नगरके सागरदत्तादि चार सेठोंकी कन्याओंके साथ उसका विधिपूर्वक विवाह होगा। और विवाहके उपरांत भी वह वधुओंके साथ आवास महलमें निर्विकार भावसे पृथिवीतलपर बैठेगा। मेरा पुत्र अपनी वधुओंका वशवर्ती हुआ या नहीं, यह देखनेकी आकुलतासे उसकी माँ स्नेहवश अपने आपको छिपाकर वहीं खड़ी होगी। उसी समय पोदनपुर नगरके राजा विद्युद्राजकी रानी विमला-महीसे उत्पन्न हुआ विद्युत्प्रभ नामका चोर, जो अदृश्य होने आदि रूप अनेक विद्याओंका जानकार होगा, चोरी करने अर्हद्दासके घर आवेगा। जंबूकुमारकी माँको जागी देखकर अपना परिचय देकर उससे इतनी रात तक जागनेका कारण पूछेगा। माँसे सब बातें जानकर उससे प्रभावित अपने कर्मोंकी निंदा व धिक्कार तथा जंबूकुमारकी महान् विरक्तिके संबंधमें सोचता हुआ वह जंबूकुमारको समझाने हेतु उसके वासगृहमें आवेगा, जहाँ जंबूकुमार सब वधुओंके बीच निर्विकार भावसे बैठा रहेगा। वहाँ जाकर वह जंबू-

१. वसुदेव-हिंडीमें धर्मरुचि मुनिके स्थानपर प्रसन्नचंद्र राजर्षिकी कथा पूरे विस्तारसे दिया गया है। (देखिए परिशिष्ट २)।

कुमारको मीठा तृण खानेवाले ऊँटकी कथा सुनाकर कहेगा कि इसी प्रकार उपस्थित भोगोंको छोड़कर स्वर्ग सुखोंकी इच्छा करके तू भी उस ऊँटके समान मृत्युको प्राप्त होगा। इसके उत्तरमें जंबू वाह-ज्वरसे पीड़ित वैश्यकी कथा कहेगा (प्रस्ता०—५)। अंतमें जंबूकुमारके तर्कोंसे विद्युच्चरको भी बोध प्राप्त होगा, तथा जंबूस्वामीकी माँ एवं वधुएँ भी संसारसे विरक्ति भावको प्राप्त होंगी। जंबूस्वामीके वैराग्य भावको जानकर उसके सब स्वजन, सेना सहित कूणिक राजा व अनावृत देव आकर उसका दीक्षा अभिषेकोत्सव मनायेंगे। तब जंबूकुमार दिव्य यानपर चढ़कर बड़े जनसमूहके साथ विपुलाचलके शिखरपर मेरे ही पास आवेगा, तथा विद्युच्चर और उसके ५०० भृत्योंके साथ सुधर्म गणधरके पास दीक्षा लेगा। केवलज्ञानके बारह वर्ष बाद मुझे निर्वाण होगा, तब सुधर्मको कैवल्य लाभ। इसके बारह वर्ष बाद जब सुधर्माको मोक्ष होगा, तब जंबूको कैवल्य लाभ, और ४० वर्ष तक वे केवली अवस्थामें धर्मोपदेश देते हुए विहार करते रहेंगे। इस कथाको सुनकर अनावृत नामक देव अपने वंशका माहात्म्यगान करता हुआ उठकर नाचने लगा। श्रेणिकके पूछनेपर गौतमने अनावृत देव (वसु० हिंडीमें अनादृत देव) का पूर्वभव अति संक्षेपमें कहा—अर्हद्दासका भाई जिनदास व्यसनोंमें पड़कर दुरवस्थाको प्राप्त होकर पश्चात्ताप करके मरकर देव हुआ।

इस कथाके कह चुकनेपर श्रेणिकने विद्युन्माली देवका पूर्वभव पूछा। आगेकी संपूर्णकथा, शिवकुमार और सागरदत्त तथा भवदेव और भवदत्तके जन्मों तथा चारों देवियोंके आगामी जन्ममें जंबूस्वामीकी पत्नियाँ बननेका वृत्तांत सब कुछ वसुदेव हिंडीके अनुसार है। अंतर केवल इतना है कि भवदेव-भवदत्तके जन्म स्थानका नाम वृद्ध नामक गांव, पिता राष्ट्रकूट नामक वैश्य, भवदेवकी वधूका नाम नागिलाके स्थानपर नागश्री, और भवदेवको बोध देनेका निमित्त नागश्री नहीं एक गणिनीको बतलाया गया है। गणिनीके कथनानुसार नागश्रीकी दारिद्र्य आदिसे पीड़ित दुरवस्थाको देखकर भवदेवको संसारकी असारता एवं देहकी क्षणभंगुरताका बोध प्राप्त होकर सच्चा वैराग्य उत्पन्न हो जाता है।

संघदास गणि कृत वसुदेव-हिंडी तथा गुणभद्र कृत उत्तर-पुराणके अतिरिक्त (परंतु कालकी दृष्टिसे इन दोनोंके बीच) जंबूस्वामीके अंतिम भवकी कथाके लगभग पूर्णतया समकक्ष दूसरी कथा हरिभद्र कृत समराइच्च-कहा (८वीं शती ई०) के नौवें भवमें प्राप्त होती है। कथा संक्षेपमें निम्नप्रकार है : कुमार समरादित्य बड़े ही प्रतिभाशाली, विद्वान्, शौर्य-वीर्य-धैर्य आदि सर्वगुण एवं रूप-यौवन संपन्न राजकुमार थे। परंतु पूर्वभवों-के अज्ञात संस्कारोंके कारण बाल्यकालसे ही उन्हें भोगोंसे विरक्ति थी। फिर भी पिताके अति आग्रहके कारण उन्होंने दो कन्याओंके साथ विवाह किया, परंतु वे उनके रूप-यौवनसे किंचित् भी विचलित नहीं हुए, और वधुओंकी दो प्रमुख सखियोंके साथ बैठकर कथा-वार्ता करने लगे। इसी प्रसंगमें उन्होंने रति रानी तथा शुभंकरकुमार-के अनुचित अनुरागकी कथा (जंबूसामिचरिउमें विभ्रमा नामक रानी और ललितांगकुमारकी कथा किंचित् भेद लिये हुए शेष पूर्णतः समराइच्चकहाके अनुरूप) सुनाकर दोनों वधुओंको समझाया, और निम्न शब्दोंमें अनु-रागकी सच्ची परिभाषा भी बतलायी : 'परमहित-मोक्षकी प्राप्तिमें अनुराग और अपने आत्मीयजनको उसीकी प्रेरणा देना।' वधुओंके द्वारा विषय-भोग त्याग दिये जानेपर, उनकी इस शुभ भावनापर ध्यान करते-करते शुभंकर कुमारको घरमें रहते ही अवधिज्ञान हो गया, और नाना कथाओंके द्वारा अपने माता-पिताको भी समझाकर कुमार समरादित्यने जिन-दीक्षा ले ली। देवताओंने आकर उनकी पूजा की। तत्पश्चात् थोड़े ही कालमें तप करते हुए मुनि समरादित्यको क्रमशः कैवल्य तथा मोक्षकी प्राप्ति हुई।[1] जंबूस्वामीके आख्यानसे इसका सादृश्य अत्यंत स्पष्ट है, अतः अधिक लिखनेकी आवश्यकता नहीं।

जयसिंह सूरि-द्वारा विरचित धर्मोपदेशमालाविवरण (वि० सं० ९१५) में 'दोषबाहुल्ये नूपुरपंडिता-कथा'; मधुबिंदु-कूप-नर-कथा, क्र० ७३; तथा द्रव्य-भावाटव्यां धनसार्थवाहकथा, क्र० ८५-८६; ये सब कथाएँ पूर्णरूपमें विद्यमान हैं, और निश्चयतः ये ही कथाएँ गुणपालकृत जंबूचरियं (विक्रमकी ११ वीं शतीके

---

१. 'जंबूस्वामीचरिउ' की कुछ अंशकथाओंके समकक्ष अन्य कथाएँ भी समराइच्चकहामें उपलब्ध हैं, उनका निर्देश आगे यथास्थान किया गया है।

पूर्व) की कथाओंका आदर्श बनी है। जंबूस्वामीकी कथा इसमें अति संक्षेपमें 'सत्पुरुषप्रभावे जम्बूकथा', (क्र० ५३), में निम्न गाथाके व्याख्यान रूपमें विद्यमान है :—

सुपुरिसचेट्ठं दट्ठुं बुज्झंते नूण कूरकम्मा वि।
मुणि-जंबु-दंसणाओ विलाय-पभवा जहा बुद्धा ॥३८॥

जम्बूदर्शनात् प्रभवः प्रतिबुद्धः। 'रायगिहे उसभदत्तस्स धारिणीए जह नेमित्तिय-सिद्धपुत्तादेसाओ जंबू नामो जाओ। जहा य संवड्ढिओ पडिबुद्धो, जणणि-जणय-वयणाओ जह अट्ठ कन्नयाओ परिणीयाओ। तांहि सह जुत्त-पडिवत्तीहिं धम्मजाग(र)णेण अग्गंतस्स चोर-सहिओ पभवो बोहिओ। जहा हि दोन्नि वि पव्वइया, तहा सुप्पसिद्धं' ति काऊण न भणियं गंथ-गोरव-भीरुत्तणओ, नवर भुवणओ सबुद्धीए कायव्वो।

'जंबूसामिचरिउ' कथाकी पूर्व परंपराकी दृष्टिसे प्रथमतः वसुदेव हिंडी, द्वितीय गुणभद्र कृत उत्तर-पुराण, तृतीय समराइच्च कहा, एवं चतुर्थ जयसिंह सूरि कृत 'धर्मोपदेशमालाविवरण' पर विचार करनेके उपरांत जिस ग्रंथपर हमारी दृष्टि अनायास आकृष्ट हो जाती है वह है प्राकृत 'जंबूचरियं।' मुनि गुणपालकी यह कृति सुंदर रत्नोंसे बीच-बीचमें जटित एक श्रेष्ठ मुक्तामालाके समान गद्य-पद्यमय मिश्रित शैलीमें रचित काव्य एवं साहित्य-रससे भरपूर एक उत्कृष्ट रचना है। इस ग्रंथका लेखनकाल अभीतक निःसंदिग्ध रूपसे निर्धारित नहीं किया जा सका है, परंतु इसके विद्वान् संपादक मुनि श्री जिनविजयजीने इसकी भाषा एवं शैलीपर गंभीरतापूर्वक विचारकर ग्रंथकी प्रस्तावनामें इसका रचनाकाल विक्रमकी ११वीं शती अथवा इससे पूर्व माना है। डॉ० नेमिचंद्रजी शास्त्रीने भी अपने ग्रंथ 'प्राकृत भाषा और साहित्यका आलोचनात्मक अध्ययन'में इसका रचनाकाल मुनि जिनविजयजीकी अपेक्षा और भी दो शती पूर्व अर्थात् विक्रमकी नौवीं शतीके लगभग माना है। 'जंबूचरियं' तथा 'जंबूसामिचरिउ'के तुलनात्मक अध्ययनसे यह समस्या कुछ और सुलझ जाती है और निश्चित रूपसे यह कहा जा सकता है कि 'जंबूचरियं'की रचना वि० सं० १०७६ में 'जंबूसामिचरिउ'के प्रणयनसे अवश्य ही कुछ पूर्व समाप्त हो चुकी होगी, तथा इसकी महान् ख्यातिसे आकृष्ट होकर वीर कविने निश्चयसे गंभीरतापूर्वक इसका अध्ययन किया होगा, और संभवतः इसकी क्लिष्ट प्राकृत भाषा निबद्ध शैली एवं लंबे-लंबे धार्मिक उपदेशों व नीरस और बोझिल प्रतीकोंके कारण इसे सर्वजनप्रिय न समझकर, सरलतर प्राकृत अर्थात् अपभ्रंश भाषामें, अर्थ-सुगम शैलीमें, काव्यरससे सर्वसाधारणको विभोर कर देनेवाले अपूर्व ग्रंथरत्नकी रचना करनेकी बलवत्तर प्रेरणा उसके कविहृदयमें उत्पन्न हुई होगी, जिसकी महाकाव्यात्मक कथावस्तुका आयाम आदर्श रूपमें स्वभावतः उसके समक्ष उपस्थित हो गया था। निम्न पंक्तियोंके अध्ययनसे यह कथन स्वतः प्रमाणित हो सकेगा।

वसुदेव हिंडी तथा गुणभद्र कृत उत्तरपुराण के मूलकथा गठनके परिप्रेक्ष्यमें जब हम गुणपालकृत 'जंबूचरियं' के मूलकथा-गठन एवं अंतर्कथा-गुंफन-शिल्प-पर विचार करके देखते हैं तो एक सर्वथा परिवर्तित, नवीन एवं अपूर्व कथावस्तु हमारे सामने उपस्थित होती है, जिसमें प्रथम दो उद्देश्योंमें हरिभद्र कृत समराइच्च कहाके समान साहित्यिक रीतिसे कथाओंके अर्थकथा, कामकथा, धर्मकथा एवं संकीर्णकथा ये चार भेद बतलाकर, फिर मनुष्योंके कल्याण हेतु धर्मकथा कहना ही काव्य-रचनाका उद्देश्य एवं प्रयोजन बतलाकर विस्तारसे धर्मचर्चा करके तीसरे उद्देश्य (अध्याय) से वास्तविक कथा प्रारंभ की गयी है। संक्षेपमें कथा निम्न प्रकार है :—

जंबूद्वीपके राजगृह नामक नगरमें श्रेणिक नामका राजा था, उसकी चेलना नामक महादेवी थी। एक समय विपुलाचलपर भ० महावीरका समोशरण आया। राजा श्रेणिक भी भगवान्के दर्शनोंके लिए नगरसे निकला। रास्तेमें प्रसन्नचंद्र मुनिके दर्शन हुए; जिनके मुखपर ध्यानावस्थामें ही नाना प्रकारके उतार-चढ़ाव आ रहे थे। समोशरणमें जाकर श्रेणिकने भगवान्से प्रसन्नचंद्र राजर्षिके संबंधमें जाननेकी जिज्ञासा व्यक्त की। भगवान्ने राजर्षिका पूर्ण कथानक विस्तारसे सुनाया। इतनेमें राजर्षिको केवलज्ञान हो गया और आकाशसे देवगण उनका कैवल्योत्सव मनाने आये। 'राजर्षिके बाद अंतिम केवली कौन होगा ?' यह प्रश्न करनेपर भगवान्ने अपनी चार देवियों सहित प्रसन्नचंद्र केवलीकी वंदना निमित्त वहाँ आये हुए अत्यंत तेजस्वी विद्यु-

न्माली देवकी ओर संकेत करके बतलाया कि यही देव अंतिम केवली होगा। विद्युन्माली देवकी अतिशय तेजस्विताका कारण एवं उसके पूर्व-भव पूछनेपर भगवान् महावीरने उसके प्रथम भवसे कथा प्रारंभ की। सुग्राम नामक ग्राममें भवदत्त-भवदेव दो भाई थे। सुस्थित नामक मुनिके संयोग एवं धर्मोपदेशसे भवदत्तको वैराग्य हो गया और वह साधुसंघमें दीक्षित हो गया। कुछ काल बाद अनुजको भी दीक्षित करनेके निश्चय-से मुनि भवदत्त, संघके पुनः अपने ग्राममें आनेपर, अपने घर गया। और नव-वधूके साथ सातफेरे (सप्तपदी) लेते हुए भवदेवका विवाहकार्यके बीचमें-से ही भोजनयुक्त भिक्षा-पात्र हाथमें देकर, इस बहाने उसे नगरके बाहर जहाँ संघ ठहरा था, उस ओर ले जाने लगा। भवदेव घर लौटनेकी इच्छासे पूर्व-क्रीड़ित स्थानोंको दिखलाता हुआ चला। मुनि 'हूँ, हाँ, स्मरण करता हूँ', ऐसा कहते हुए चुपचाप जैसे चलते रहे। भवदेव भी अग्रजके सम्मान, मर्यादा एवं लज्जाके वशीभूत हुआ, उनकी अनुमति बिना घर न लौट सका, और संघमें जाकर चुपचाप दीक्षित हो गया, पर सांसारिक सुखोंका ही चिंतन करता रहा। कुछ काल बाद मुनि भव-दत्तके स्वर्गस्थ हो जानेपर अवसर पाकर भवदेव पुनः अपने घरकी ओर चला। नगरके बाहर ही जिन चैत्यालयमें नागिला (पत्नी) से भेंट हो गयी। उसने भोग-सुखकी वासनासे पाड़ा बननेवाले तथा अपने ही वमनको खानेकी इच्छा करनेवाले ब्राह्मणपुत्रोंके दृष्टांतों द्वारा भवदेवको बोध दिया। इसके उपरांत भवदेव कठोर तपस्या कर स्वर्गमें देव हुआ। स्वर्गसे आकर बड़ा भाई भवदत्त सागरदत्तके रूपमें जन्मा, और भवदेव राजपुत्र शिवकुमारके रूपमें। सागरदत्तके दर्शन व संयोगसे शिवकुमारको पूर्व-जन्मस्मरण एवं वैराग्य हो गया। माता-पिताके आग्रहको न टाल सकनेके कारण शिवकुमार घरमें रहता हुआ ही कठोर तप करने लगा (इस जन्ममें शिवकुमार एवं कनकवतीकी परस्पर प्रणयकथा बहुत ही रोचक है)। सागरदत्त मुनि तप-साधना कर मोक्ष गये और शिवकुमार समाधिमरण कर स्वर्गमें विद्युन्माली नामक देव हुआ, जिसकी चार अत्यंत प्रिय देवियाँ हैं। यह सात दिनों बाद राजगृहके सेठ ऋषभदत्तकी धारिणी नामक धर्मपत्नीके गर्भमें आवेगा तथा अत्यंत यशस्वी पुत्र होगा, और १६ वर्षकी अवस्थामें दीक्षा लेकर अंतिम केवली होगा। ये चारों देवियाँ स्नेहवशात् इसकी पत्नियाँ बनेंगी। कुल आठ कन्याओं (४ पूर्व देवियाँ + ४ कन्याएँ) से इसका विवाह होगा। इसी प्रसंगमें अणाढिय देवका लघु आख्यान कहा गया है।

उचित समयपर जंबूका जन्म हुआ। युवा होनेपर सुधर्माका उपदेश सुनकर उसे वैराग्य हो गया, पर माता-पिताके अत्यधिक आग्रहके कारण पूर्व वाग्दत्त आठ कन्याओंसे विवाह किया और अपने वासगृहमें आकर निर्विकार भावसे बैठा। सब सो गये। प्रभव चोर अपने ५०० साथियोंके साथ चोरी करने आया। जंबूको जागते हुए देखकर उससे कथासंलाप करने लगा। जंबूकुमारने सांसारिक सुखोंके संबंधमें मधुबिंदु दृष्टांत एवं रिश्ते-नाते और पिंडदानके संबंधमें एक ही जन्ममें अठारह नाते तथा महेश्वरदत्तके आख्यान सुनाये। बहुएँ भी जाग गयीं और पहले एक पत्नी-द्वारा कथा, फिर जंबू-द्वारा उसका उत्तर; फिर दूसरी पत्नीकी कथा और उसका उत्तर, इस प्रकार कथा-प्रतिकथाके रूपमें (१) मूर्ख किसान, (२) कौवा, (३) वानर-युगल, (४) इंगालदाहक, (५) नूपुरपंडिता, (६) मेघरथ-विद्युन्माली, (७) शंखधमक, (८) यूथपति वानर, (९) बुद्धि-सिद्धि, (१०) जात्यश्व, (११) ग्रामकूट पुत्र, (१२) घोड़ीपालक, (१३) माँ-साहस पक्षी, (१४) तीन मित्र, (१५) चतुर ब्राह्मण कन्या, (१६) ललिता रानी, (१७) बनिये और खदानें तथा (१८) द्रव्या-टवी-भावाटवीका दृष्टांत ये सब आख्यान कहे गये। अंतके तीन आख्यान अकेले जंबूस्वामी-द्वारा सुनाये गये। सबको बोध हो गया। राजा कूणिकने जंबूका दीक्षोत्सव बड़े उल्लास-उत्साहसे मनाया। जंबू, उसके माता-पिता, वधुएँ व उनके माता-पिता एवं ५०० साथियों सहित प्रभव, सबने दीक्षा ली। सुधर्मा कैवल्य प्राप्त कर मोक्ष गये। जंबू संघके प्रधान हुए और यथासमय मोक्ष गये। अन्य सब तप करके स्वर्गको प्राप्त हुए। इस प्रकार मुनि गुणपाल कृत जंबूचरित्र पूर्ण हुआ।

उपर्युक्त रीतिसे गुणपाल कृत जंबूचरियके मूलकथा-गठन एवं अंतर्कथाओंके संयोजनपर थोड़ा-सा ध्यान देनेसे ही यह बात बिलकुल स्पष्ट हो जाती है कि वीर कविने अपने महाकाव्यकी योजनामें, इस दृष्टि-से आवश्यक अन्य तत्त्वोंका समावेश तथा यथायोग्य संक्षेप-संवर्द्धन और परिवर्तन कर, अन्य सब रीतिबोंसे

'जंबूचरियं' को ही प्रमुख रूपसे अपना आदर्श आधार-ग्रंथ माना है; हाँ, सामग्री उन्होंने गुणभद्रके उत्तर पुराणसे भी यथावश्यक यथेष्ट परिमाणमें संग्रहीत की है; और 'जंबूसामिचरिउ' में समाविष्ट पाँच अंतर्कथाएँ तो ऐसी हैं, जो प्रथम बार केवल 'जंबूचरियं' में ही उपलब्ध होती हैं, इसके पूर्व अन्य किसी ग्रंथमें नहीं। संभव है गुणपालको अर्द्धमागधी आगमग्रंथोंकी टीकाओं या चूर्णियों अथवा मौखिक परंपरासे ये लघुकथाएँ उपलब्ध हुई हों, परंतु इस संपादकको अबतक इनका कोई अन्य पूर्ववर्ती स्रोत ज्ञात नहीं हो सका। सभी प्रमुख जंबूस्वामिचरितोंकी आद्योपांत कथासारिणीसे भी यह बात स्पष्टतया सिद्ध होती है। उपर्युक्त समस्त चर्चापर विचार करते हुए गुणपालकृत 'जंबूचरियं' का रचनाकाल वि० सं० १०७६ में 'जंबूसामिचरिउ' की रचनासे पूर्वतर मानना युक्तियुक्त एवं औचित्यपूर्ण प्रतीत होता है।

वीर कविके पूर्ववर्ती साहित्यकारोंकी उपर्युक्त रचनाओंके अतिरिक्त महाकवि पुष्पदंत कृत महापुराण (वि० सं० १०२९) के उत्तरखंडमें 'जंबूसामिदिक्खवण्णणं' नामक सौवीं संधिमें संक्षेपमें जंबूस्वामिचरित वर्णित है, जो पूर्णतः गुणभद्र कृत उत्तर पुराणके ७६वें पर्वके अनुकरणपर रचित है, अतः उसमें कोई नवीनता नहीं है।

कालक्रमसे जंबूस्वामीकी कथा-परंपरामें इन सबके उपरांत वीरकृत 'जंबूसामिचरिउ' का स्थान है। वीरके पश्चात् दिगम्बर आम्नायकी साहित्य-संपत्तिमें इस कथापर आधारित दो प्रमुख कृतियाँ हमारे समक्ष आती हैं : (१) ब्रह्म जिनदास (वि० सं० १५२०) तथा (२) पं० राजमल्ल (वि० सं० १६३२) कृत 'जंबूस्वामिचरित्र'। ये दोनों रचनाएँ संस्कृत भाषामें सुंदर काव्यशैलीमें रचित हैं, परंतु कुछ कम-अधिक दोनों ही वीर कविके प्रस्तुत अपभ्रंश चरितकाव्यके लगभग पूर्णतया संस्कृत-रूपांतर हैं, अतः इनमें कोई नवीन सामग्री नहीं है। पुरानी जयपुरी हिंदी, व आधुनिक हिंदीमें भी इन्हीं ग्रंथोंके छोटे-बड़े संक्षिप्त रूपांतरोंमें कुछ रचनाएँ उपलब्ध हैं, जिनकी सूची आगे दी गयी है।

श्वे० आम्नायकी साहित्य-धारामें जंबूस्वामीचरित-कथाकी परंपरा आधुनिक काल तक अविच्छिन्न रूपसे चलती आयी है, और इसमें विविधशैलियों, भाषाओं व छोटे-बड़े आकारकी पचासों कृतियाँ उपलब्ध हैं (देखें आगे सूची)। उनमें-से कुछ प्रमुख ग्रंथ हैं (१) भद्रेश्वर कृत प्राकृत-कथावली (वि० १२ वीं शती पूर्वार्द्ध); (२) नेमिचंद्रसूरिकृत प्राकृत-आख्यानकमणिकोष (वि० सं० १२२९, केवल प्रसन्नचंद्र राजर्षि तथा नूपुरपंडिता, ये दो अंतर्कथाएँ) ; (३) हेमचंद्र कृत संस्कृत परिशिष्टपर्व (वि० सं० १२१७-१२२९) ; एवं (४) उदयप्रभसूरि कृत संस्कृत धर्माभ्युदय-महाकाव्यमें संपूर्ण अष्टम सर्ग (वि० सं० १२७९-१२९०) आदि।

जंबूसामिचरिउकी कथा-परंपराओंका तुलनात्मक अध्ययन

ऊपर वसु० हिंडीके अनुसार जंबूकथाके संक्षेपमें हममें देखा है कि कथावस्तु सीधे जंबूस्वामीके गर्भमें आनेसे लेकर, जन्म, युवावस्था, गुरूपदेश, वैराग्य, माता-पिताके आग्रहसे आठ कन्याओंसे विवाह, प्रभवका चोरी हेतु आगमन, जंबूसे कथोपकथन (अधिकांश अंतर्कथाओंका यहीं समावेश), सबको बोध और दीक्षा तक आकर कूणिक अजातशत्रुके द्वारा जंबूके पूर्व-भव जाननेकी जिज्ञासा करनेपर कथा पीछेकी ओर मुड़ती है, और उसमें विद्युन्मालीका आख्यान आता है। तथा वहाँसे फिर और पीछे चलकर भवदत्त-भवदेव सागरदत्त-शिवकुमार और पुनः विद्युन्मालीदेव तथा उसकी चार देवियों-पर ले जाकर कथा बड़े विचित्र स्थलपर आकर समाप्त हो जाती है।

गुणभद्रके उत्तरपुराणमें भी कथाको जंबूस्वामीसे ही प्रारंभ कर पीछेकी ओर उलटे क्रमसे : विद्युन्माली, सागरदत्त-शिवकुमार एवं भवदत्त-भवदेव-पर ले जाकर अपनी पत्नी नागश्रीकी दारिद्र्यादि जनित दारुण दुरवस्था देखकर वास्तविक वैराग्य और तपःसाधना आरंभ करनेपर कथा समाप्त की गयी है। इन दोनों चरितकथाओंके संपूर्ण गठन एवं अंतर्कथाओंमें संक्षेप-विस्तारके अतिरिक्त वास्तविक अंतर नगण्यके समान है।

'जंबूसामिचरिउ' की कथावस्तुके साथ उपर्युक्त कथा-रूपरेखाओंपर तुलनात्मक दृष्टिपात करके देखें तो हमारे सामने निम्न तथ्य स्वतः उपस्थित होते हैं :—

(१) वसुदेव-हिंडी तथा उत्तरपुराण दोनोंमें जंबूस्वामीकी कथाका वह प्रारंभिक स्थूल प्रारूप दिखाई देता है जब कि वह आगम क्षेत्रसे निकलकर पुराण एवं कथा साहित्यमें अवतीर्ण हुई थी। इस समय तक इस कथाने काव्य रचनाके योग्य कथावस्तुका ही नहीं, वरन् व्यवस्थित चरित कथाका भी रूप धारण नहीं किया था। इन दोनों ग्रंथोंमें जिस स्थलपर एवं जिस रूपमें जंबूस्वामीके अंतिम भवकी कथा कही गयी है, उससे स्पष्ट है कि अन्य पूर्वभवोंकी कथासे इसका कोई वास्तविक संबंध नहीं है। केवल विद्युन्मालीके भवका कुछ संबंध मालूम पड़ता है, वह भी घनिष्टतासे नहीं। जंबूस्वामीके भवका वृत्तांत जान लेनेके उपरांत पाठकको वास्तवमें उसके पूर्वभव जाननेकी कोई जिज्ञासा नहीं रह जाती। विद्युन्माली देवसे कथाका संबंध जोड़कर किसी तरह कुछ जिज्ञासा और उसके साथ अन्य भवोंके विषयमें भी कुछ उत्सुकता उत्पन्न की जाती है।

(२) राजर्षि प्रसन्नचंद्र अथवा धर्मरुचिका जो आख्यान इनमें मिलता है, उसका मूलकथासे बिलकुल कोई संबंध नहीं है।

(३) शिवकुमार-सागरदत्त, तथा भवदेव-भवदत्तके आख्यानोंको ऊपरसे किसी तरह आरोपित किया गया है, यह बिलकुल स्पष्ट प्रतीत होता है, क्योंकि नायकका वर्तमान भव पूर्ण जान लेनेके उपरांत, पिछले भवोंकी अधिकांश जिज्ञासा स्वयमेव शांत अथवा नष्टप्रायः हो जाती है। अर्थात् इन ग्रंथोंमें पाँचों भवोंकी कथाओंमें कोई वास्तविक संबंध तो प्रतीत नहीं ही होता, इसके विपरीत ऐसा अनुभव होता है कि जंबूस्वामीके एक भवके संक्षिप्त वृत्तके साथ, अन्य भवोंकी कथाएँ अन्यान्य स्रोतोंसे लेकर सबको किसी प्रकार एक ही कथावस्तुके साँचेमें भर दिया गया है।

(४) कथाक्रम भी दोनोंमें व्यवस्थित नहीं है। वसुदेव-हिंडीमें पहले जंबूस्वामी, फिर विद्युन्माली, उसके पश्चात् भवदत्त-भवदेवका भव, तथा अंतमें सागरदत्त-शिवकुमारकी कथा कहकर उनका विद्युन्माली और फिर जंबूस्वामीसे संबंध स्थापित किया गया है। उत्तरपुराणमें क्रम और भी विचित्र है, पहले विद्युन्माली देवका आना, फिर जंबूस्वामीका चरित, फिर विद्युन्मालीके पूर्व-भवमें शिवकुमार-सागरदत्तका चरित, और इसी भवमें सागरदत्तसे भवदत्त और भवदेवके पूर्व-भवकी कथा कहलायी गयी है। इस प्रकारके क्रमसे कथामें एक विशृंखलता आ गयी है, जिससे पाठककी जिज्ञासाका ह्रास होता है और वह श्रांत-थकित-सी हो जाती है।

(५) उत्तरपुराणमें भवदेवको उसकी त्यक्त पत्नीसे नहीं, वरन् एक गणिनी (साध्वी) से बोध दिलाकर कथाका एक और उत्कृष्ट मार्मिक स्थल नष्ट कर दिया गया है।

(६) जंबूस्वामीकी आठ या चार पत्नियोंके संबंधमें पूर्वभवका कोई वृत्तांत नहीं कहा गया।

(७) जंबूस्वामी तथा सुधर्माका पूर्वजन्मका कोई संबंध इन ग्रंथोंमें दिखलाया नहीं गया। बस, भवदत्त-भवदेवमें अग्रज-अनुज संबंध तथा सागरदत्त-शिवकुमारके भवमें पूर्व संबंध जनित आकस्मिक अनुराग एवं तज्जन्य पूर्व-जातिस्मरण मात्रका उल्लेख है।

(८) नायक जंबू भवोंमें वीर भावको प्रकट करनेकी कोई आवश्यकता इन्हें प्रतीत नहीं हुई, अथवा ऐसा करनेका कोई सुयोग अपनी रचनाओंमें ये नहीं जुटा पाये।

उपर्युक्त मुद्दोंपर विचार करनेसे ऊपर लिखे अनुसार यह तथ्य और भी स्पष्ट हो जाता है कि इनमें वर्णित मूल-जंबूकथा तथा उसके भव-भवांतरोंकी अन्य कथाओं एवं अंतर्कथाओंमें कोई अविच्छेद्य-अखंडनीय संबंध नहीं है। अतः ये सब मिलकर किसी सुव्यवस्थित-सुगठित चरित-कथाका निर्माण नहीं करतीं और स्पष्टतया कथाकथन मात्रके उद्देश्यसे ऊपरसे जैसे-तैसे आरोपित की गयी आभासित होती हैं, जिससे इनमें वर्णित चरित-कथा अनेक लघुकथाओंके संकलनके समान प्रतीत होती है।

वसुदेव-हिंडी तथा उत्तरपुराणकी जंबूचरित-कथाके अध्ययनसे एक अति महत्त्वपूर्ण तथ्य यह भी

प्रकट होता है कि शुद्ध साहित्यमें दिग०, श्वे० जैसा क्षुद्र आम्नाय-भेद तबतक स्थापित नहीं हुआ था। विमलसूरिके प्राकृत पउमचरियं तथा दिग० परंपराके आ० जिनसेन रचित पद्मपुराणके अध्ययनसे भी यह तथ्य पुष्ट होता है।

अब इन्हीं मुद्दोंपर गुणपाल कृत जंबूचरियंका विश्लेषण करनेसे निम्न बातें प्रकट होती हैं :—

(१) गुणपालने कथाक्रमको पूर्णतः परिवर्तित कर, विद्युन्माली देवसे प्रारंभ कर, भवदत्त-भवदेव, देवगति, सागरदत्त-शिवकुमार, सागरदत्तको मोक्ष एवं शिवकुमारका विद्युन्माली देवके रूपमें जन्म लेना और यहांसे जंबूस्वामीके जन्मसे लेकर मोक्ष जाने तकके वृत्तको अत्यंत सुंदर, सुगठित, सुसंबद्ध तथा महाकाव्य रचनाके सर्वथा योग्य आयाममें सजाया-सँवारा है।

(२) राजर्षि प्रसन्नचंद्रके कथानकको गुणपाल भी संभवतः पूर्वपरंपराके आग्रहके कारण छोड़ नहीं सके।

(३) शिवकुमार-सागरदत्त एवं भवदेव-भवदत्तके आख्यानोंको सुसंबद्ध रीतिसे इस प्रकार लिया गया है कि वे मूलकथाके अनिवार्य-अविच्छेद्य अंग बन गये हैं। शिवकुमार एवं कनकवतीका परस्पर प्रेमाख्यान बहुत सुंदर व रोचक है, तथा अन्य सभी जंबूचरितोंसे अतिरिक्त है। इस कथाका आधार सम० कहाके द्वि० भवमें सिंहकुमार-कुसुमावलीकी प्रणयकथा है।

(४) कथाक्रम बिलकुल सुव्यवस्थित है, जिससे पाठककी जिज्ञासा और कुतूहल आद्योपांत निरंतर बने रहते हैं।

(५) वसु० हिंडीके समान भवदेवको उसकी पत्नी नागिलाके द्वारा ही बोध प्राप्ति करायी गयी है।

(६) जंबूस्वामीकी आठ पत्नियोंके संबंधमें पूर्वभवका कोई वृत्तांत इसमें भी नहीं है।

(७) जंबूस्वामी-सुधर्माका कोई पूर्व-संबंध यहाँ भी स्थापित नहीं किया गया है।

(८) नायकमें वीरताका गुण प्रकट करनेका इन्हें भी कोई विचार नहीं आया।

वीर रचित 'जंबूसामिचरिउ' की विशेषता

उपर्युक्त तीन कृतियोंके विश्लेषणसे यह सुज्ञात हो जाता है कि गुणपाल कृत 'जंबूचरियं'का इतिवृत्त ही प्रस्तुत 'जंबूसामिचरिउ' महाकाव्यकी मूल कथावस्तुका प्रमुख आधार है। उसीमें परिवर्तन, परिवर्द्धन, संशोधन करके वीरने अपनी रचनाको चरितात्मक प्रेमाख्यान महाकाव्यका रूप दिया है। विद्युन्माली देवके प्रकट होनेसे, उसके पूर्वभवके संबंधमें प्रश्न करके पाठकमें जिज्ञासा और कुतूहल उत्पन्न कर गुणपाल और वीर दोनों ही भवदत्त-भवदेव; देव; सागरदत्त-शिवकुमार; विद्युन्माली देव एवं जंबू-सुधर्मा तथा प्रभव या विद्युच्चरके कथानकोंकी ओर ले चलते हुए पाठककी अभिरुचि और जिज्ञासा निरंतर जाग्रत-बनाये रखनेमें सफल हुए हैं। गुणपालकी रचना लंबे-लंबे धार्मिक उपदेशों और कथाओंके साथ सर्वत्र गूढ़ धार्मिक-आध्यात्मिक प्रतीकोंको संबद्ध करनेसे सामान्य पाठकके लिए दुरूह और बोझिल हो गयी है। वीरने अपनी काव्य-चातुरीसे अपनी रचनामें ऐसी स्थिति कहीं भी उत्पन्न नहीं होने दी।

गुणपालने पूर्व-परंपरानुसार भवदत्त-भवदेवके संबंधको तीसरे भवमें सागरदत्तको मोक्षोपलब्धि कहकर वहीं काट दिया। परंतु वीर कवि ऐसा न करके उसे पाँचवें भव तक ले आया; तथा पाँचवें भवमें सुधर्माके द्वारा उससे पूर्वके चारों भवोंको संक्षेपमें कहलाकर कथासूत्रको आद्योपांत प्रगाढ़ एवं अविच्छेद्य-रीतिसे जोड़ दिया। इसी प्रकार जंबूस्वामीकी चार पत्नियों या विद्युन्माली देवकी चार देवियोंका एक श्रेष्ठिकी चार पत्नियोंके रूपमें पूर्वभवका वृत्तांत जोड़कर उनके उस जन्मके तपरूपी सुकृत-सामर्थ्यसे उनमें जंबूस्वामीकी पत्नियाँ बनने योग्य अर्हता उत्पन्न कर, इस जन्ममें उनके संबंधका सार्थक्य एवं अविच्छेद्य संगति भी अभूतपूर्व रीतिसे सिद्ध किये हैं। बाल्यकालसे ही विवेकवान् होनेपर भी नायकको सर्वथा नीरस-वैरागी नहीं दिखलाया जैसा कि अन्य पूर्व रचनाओंमें है। बल्कि युवावस्थामें अपनी सुहृन्मंडलीके साथ कामिनियोंसे कामविकार रहित स्वच्छंद जल-क्रीड़ा भी दिखलायी है, और जंबूस्वामीमें महाकाव्योचित नायकके

बुद्धिमत्ता, शौर्य, वीर्य, धैर्य, साहस, तेजस्विता आदि सभी गुणोंको प्रकट करनेकी दृष्टिसे जलक्रीड़ाके समय हस्त्युपद्रव और स्वामी-द्वारा सरलतासे उसका पराजय तथा केरल नगरीमें युद्धकी घटनाओंको अपनी कवि-कल्पना-द्वारा मूल कथाके साथ गुंफित कर दिया है। प्रसन्नचंद्र (या धर्मरुचि) के मूल-कथा-गठनमें सर्वथा अनावश्यक और ऐसे ही अन्य छोटे-बड़े कथानकोंको अपनी रचनामें-से निकाल दिया है और कुछ नवीन सुंदर लघुकथाओंको समाविष्ट कर लिया है। व्यभिचारिणी रानी एवं वणिक्पुत्रवधूके द्विकथात्मक बड़े आख्यानमें-से रानी संबंधी अंश बिलकुल छोड़ दिया है, तथा वणिक्पुत्रवधूके आख्यानको भी बहुत संक्षिप्त कर दिया है।

इस प्रकार वीर कवि अपनी मौलिक सूझ-बूझ और काव्य-कला कौशलसे प्राचीन सामग्रीमें-से एक उत्कृष्ट व अभिनव महाकाव्यकी रचनामें पूर्ण सफल हुआ। संघदास, गुणभद्र एवं गुणपाल भी, मूलतः कवि रूपमें नहीं, कथाकार व उपदेष्टाके रूपमें हमारे समक्ष आते हैं, जबकि वीर चरित-काव्यके निर्माता महाकविके रूपमें। अतः उसे महाकवि कहा जाना सर्वथा उचित है।

जंबूचरितकी कथाका मूलस्रोत

जंबूस्वामीकथाकी पूर्व-परंपराका गंभीरतासे अध्ययन करनेपर यह स्पष्ट प्रकट होता है कि वसुदेव-हिंड़ीके पूर्व दिग०, श्वे० संपूर्ण आगम साहित्यमें 'जंबू काश्यप गोत्रीय थे, वे सुधर्माके शिष्य थे, सुधर्मासे जंबूके प्रश्नोंके उत्तर-स्वरूप सारे अर्द्धमागधी आगमोंको उन्हें कहकर सुनाया, सुधर्माके मोक्ष जानेपर जंबूको केवलज्ञान हुआ और ४०,४४ वर्ष जैन साधु संघके प्रधान रहकर जंबूको मोक्ष प्राप्त हुआ, तथा जंबू इस कालमें अंतिम केवली हुए—इन सूचनाओंके अतिरिक्त जीवनचरित-विषयक अन्य कोई भी सामग्री उपलब्ध नहीं होती। तब यहाँ यह प्रश्न होता है कि संघदास गणिने जंबूचरित कथाका निर्माण किस प्रकार किया? क्या शुद्ध निजी कल्पनासे? अथवा उनके सामने कोई और अज्ञात आधार होना संभव है? जंबूके चार या आठ कन्याओंसे विवाह करके भी, भरपूर यौवनमें बिना इंद्रिय सुख भोग लिये, विरक्त होकर दीक्षा लेनेका वृत्त मौखिक-परंपराके माध्यमसे भी संघदासको प्राप्त होना संभव है। फिर भी यह प्रश्न तो रह ही जाता है कि भवदत्त-भवदेव जन्मकी अत्यंत रसात्मक व मार्मिक कथा किस तरह, कहाँसे, संघदासने जंबूके जीवन-चरितसे जोड़ दी?

इस कथाके मूलस्रोतकी शोधमें अन्य भारतीय साहित्यपर दृष्टिपात करनेसे प्राचीन संस्कृत साहित्यमें जो रचना बलात् हमारा ध्यान आकृष्ट करती है, वह है बौद्ध महाकवि अश्वघोष कृत सौंदरनंद काव्य। कीथ प्रभृति संस्कृत साहित्यके इतिहासकार विद्वानोंके मतानुसार अश्वघोषको भास व कालिदाससे पूर्ववर्ती होना चाहिए। इनका अनुमानित जीवनकाल ई० पूर्व प्रथम शती माना जाता है।

इस काव्यकी 'कथावस्तु' जंबूस्वामीके पाँच भवोंमें-से उनके प्रथम और अंतिम इन दो भवोंके वृत्तसे संक्षेपमें मेल रखती है। यहाँ जंबूस्वामीके पाँचवें पूर्वजन्ममें भवदेवने भाईकी मर्यादाकी रक्षाके विचारसे वैराग्य लिया, और १२ वर्षों तक मुनिवेशमें रहकर भी पत्नीका ही ध्यान करता रहा। फिर पत्नीसे मिलने आया, तब उसीने बोध देकर पतन होनेसे बचाया। फिर देव हुआ। फिर शिवकुमारके जन्ममें बड़े भाईके जीव सागरदत्त मुनिके दर्शनसे उसे प्रतिबोध हुआ। घरपर रहकर ही तपस्या की। फिर देव हुआ, और अंतमें जंबूस्वामी। इस जन्ममें चार नव-विवाहित वधूओंको छोड़कर दीक्षा ली, तप किया, कैवल्य प्राप्त किया और फिर मोक्ष। यह पाँच जन्मोंकी कथा पूर्ण हुई।

दूसरी ओर सौंदरनंद काव्यमें सर्ग ४ से १२ तक गौतम बुद्धके अपनी दूसरी माँसे उत्पन्न सगे भाई नंदका चरित्र वर्णित है। बुद्धत्व प्राप्तिके उपरांत जब गौतम कपिलवस्तुके आराम-प्रांगणोंमें जीवोंको चार आर्यसत्यों व अष्टांगिक-मार्गका उपदेश देते हुए विहार कर रहे थे, उसी कपिलवस्तुके राजमहलोंमें उन्हीं-का सगा भाई नंद, बुद्धके आगमनसे सर्वथा निरपेक्ष रहकर अपनी प्रियतमा सुंदरीके साथ भोग-विलासमें डूबा हुआ था। बुद्धने भिक्षाके लिए नंदके प्रासादमें प्रवेश किया, पर वहाँ किसीका ध्यान अपनी ओर

आकृष्ट न होनेसे भिक्षा लिये बिना ही वापस वनको लौट चले। प्रासादकी छतपर खड़ी एक दासीने बुद्धको लौटते देखकर नंदको इसकी सूचना दी। इससे नंद दुःखित हुआ। वह तुरंत लौट आनेका वचन देकर, क्षण-भरके लिए भी जिसे प्रियतमका वियोग असह्य था, ऐसी अपनी प्रियतमासे मुनिको प्रणाम करने जानेकी अनुमति मांगकर, एक ओर प्रियाके स्नेहके अदम्य आकर्षण तथा दूसरी ओर गुरु-भक्तिके द्वंद्वके झूलेमें झूलता हुआ और प्रियाके अनुपम रूपका ध्यान करता हुआ मुनिके दर्शनोंको चला (सर्ग-४)। गौतम मार्गमें ही मिल गये। नंदने मुनिसे घर चलकर भिक्षा लेनेका अनुरोध किया, परंतु गौतमने उसे स्वीकार नहीं किया, तथा उसके ऊपर (प्रव्रज्या-दान रूपी) अनुग्रहकी बुद्धिसे भिक्षापात्र उसीके हाथमें दे दिया। परंतु भिक्षा-पात्र हाथमें होनेपर भी जब नंद घर लौटनेकी इच्छासे मार्गसे हटने लगा, तब गौतम अपनी दिव्य शक्तिके-द्वारा उसका मार्गविरोध करके बलात् नंदको संघमें ले गये। वहाँ उपदेश देकर उसे दीक्षित होनेको कहा। लज्जावश एक बार हाँ कहकर फिर स्पष्टतः मना करनेपर भी किसी-किसी तरह समझा-बुझाकर गौतमने प्रियाकी यादमें रोते हुए उस नंदका भिक्षुओं-द्वारा मुंडन कराकर उसे आनंदके शिष्य रूपमें भिक्षु बना लिया (सर्ग-५)।

छठे सर्गमें नंदकी नव परिणीता पत्नी सुंदरीका नाना संकल्प-विकल्पोंसे युक्त अत्यंत कारुणिक विलाप है, जिसे पढ़कर कोई भी सहृदय पाठक द्रवीभूत हुए बिना नहीं रहता।

सातवें सर्गमें नंदका विलाप है, और प्रियाके स्मरणसे उत्पन्न नंदकी दुःखद अवस्थाका अतिशय मार्मिक चित्रण है। नंद एक ओर भौतिक सुखके सर्वसाधन-संपन्न अपने महलमें लौटकर अपनी दिव्य रूपवती पत्नी सुंदरीके साथ समस्त इंद्रिय भोगोंको भोगना चाहता है, दूसरी ओर गुरु और उनके प्रति भक्ति व लज्जा उसे घर जानेसे रोकते हैं। इस अंतर्द्वंद्वमें नंदकी स्थिति प्रतिक्षण और भी अधिक दुःखद होती जाती है और इसी अंतर्द्वंद्वकी स्थितिमें कामसे अभिभूत होनेवाले पूर्व मुनियोंके चरित्रोंका स्मरण कर (७.२५-७.५०) एक दिन ऐसा आ ही जाता है जब वह 'कुलीन व्यक्तिके लिए भिक्षुवेष ग्रहण करके छोड़ना उचित नहीं, यह जो मेरा विचार है, वह भी नष्ट हो जाता है, यह सोचकर कि वे वीर नृपति तपोवनको छोड़कर अपने घरोंको लौट गये', इस विचारधाराके द्वारा अपने विवेकको तिलांजलि देकर घर लौट जाने-का निश्चय कर लेता है। उसके अश्रुपूर्ण लोचन और इस प्रकारकी मानसिक स्थितिसे एक निकटवर्ती भिक्षु उसके उस निश्चयको भाँप लेता है, और नाना प्रकारसे स्त्री शरीरकी अशुचिता, रोगोंका घर आदि उपदेशोंके द्वारा उसे भिक्षु जीवनमें स्थिर करनेका प्रयास करता है (सर्ग ७)। विश्वास प्राप्त कर लेने-पर नंद अपने अंतर्मनकी बात स्पष्ट रूपसे भिक्षुसे कह देता है कि प्रियतमाके बिना एक क्षण भी उसका मन यहाँ नहीं लगता। भिक्षु उसे फिर समझाता है, कहता है—तू फंदेमें-से निकलकर फिर उसीमें फंसना चाहता है, तू अपने ही वमन (त्यक्त पत्नी और कामभोग) को फिरसे खाना चाहता है आदि, और नाना प्रकारसे स्त्रीकी निंदा करता है (सर्ग ८)। पर नंदके ऊपर इस सब उपदेशका कोई प्रभाव नहीं पड़ता। भिक्षु जब उसे समझाकर हार गया, तब नंदकी मनःस्थिति गौतमसे आकर कह दी। (सर्ग ९)। नंदने गौतमके सामने भी अपना घर लौट जानेका निश्चय दृढ़तासे साफ-साफ कह दिया। तब गौतम पुनः अपनी दिव्य शक्तिका प्रयोग कर नंदको स्वर्ग ले गये। वहाँकी अप्सराओंका रूपविलास एवं उन्मुक्त मादक क्रीड़ाएँ देखकर नंदका चित्त उनमें मोहित हो गया और वह अपनी प्रियाको भूलकर स्वर्गकी अप्सराओंकी प्राप्तिके लिए तप करने लगा। नंदको स्वर्ग-सुखोंके ध्यानमें लगे देखकर आनंदने उसे उन सुखोंकी विनश्वरताका ज्ञान कराया (सर्ग १०), और नाना प्रकारसे स्वर्गकी निंदा की (सर्ग ११)। अंतमें नंदका हृदय शुद्ध हो गया और वह सच्चा वीतराग बनकर सन्मार्गपर लौट आया। अब उसने गौतम बुद्धके समक्ष पूर्ण आत्मसमर्पण कर दिया और शुद्ध निर्वाण-मार्गपर चलने लगा (सर्ग १२)। आगेके चार सर्गोंमें चार आर्यसत्य आदि बौद्ध दार्शनिक तत्त्वोंकी व्याख्या की गयी है। तथा सत्रहवें सर्गमें नंदको अर्हत् पद प्राप्त होनेका वर्णन किया गया है। इस प्रकार यह कथा जंबूस्वामीके केवली बनने तकके वृत्तांतसे समाप्तता रखती है।

नंदके इस आख्यानसे जंबूस्वामीचरित कथाका संबंध स्थापित करते समय यह प्रश्न उठना

स्वाभाविक है कि क्या वसुदेव-हिंडीके रचयिता संघदासको अश्वघोषकी यह उत्कृष्ट काव्य कृति उपलब्ध हो सकी होगी या नहीं ? इस संबंधमें ऐतिहासिक स्थिति यह है कि १०वीं सदी ई० तक नालंदा, (बिहार) वलभी (गुजरात) तथा १२वीं सदी ई० तक विक्रमशिला (भागलपुर, बिहार) के बौद्ध विश्वविद्यालय अपने चरम उत्कर्षपर रहे, तथा ये संपूर्ण भारत देशके सबसे बड़े अध्ययन केंद्र थे। इन विश्वविद्यालयोंमें संस्कृतका अध्ययन अनिवार्य रूपसे किया जाता था, और इनकी साहित्य संपत्तिका कोई पारावार नहीं था।[1] इस परिस्थितिमें महाकवि अश्वघोषकी ऐसी सुंदर काव्य-कृतिका अत्यंत लोकप्रिय एवं सर्वप्रचलित होना एक बिलकुल सामान्य बात है, और जैन विद्वानोंके सबसे उदार व्यापक एवं जिज्ञासु दृष्टिकोण-को ध्यानमें रखकर यह बात और भी अधिक बलपूर्वक कही जा सकती है कि संघदास गणि जैसे महान् साहित्यकारने ऐसी सर्वप्रसिद्ध तथा महान् काव्य रचनाका अध्ययन अवश्यमेव किया होगा ! स्वयं वसुदेव-हिंडीके अध्ययनसे यह प्रतीत होता है कि जंबूके जीवनचरितके साथ भवदत्त-भवदेवकी कथाका कोई घनिष्ठ वास्तविक संबंध नहीं है, तथा उसके साथ यह कथा बिलकुल अलगसे बादमें जोड़ी गयी है, यह बात वसु० हिंडीके कथा-विश्लेषणसे स्वतः झलकती है। जंबूस्वामीकी कथाको रसात्मक बनानेके हेतुसे नाम बदलकर बाहरकी किसी कथाको समाविष्ट कर लेना कोई असाधारण घटना नहीं है। नंद तथा भवदत्तके आख्यानोंके कथा-तत्त्वोंका तुलनात्मक विश्लेषण करनेसे भी उपर्युक्त कथनकी पुष्टि होती है।

नंद और उसकी पत्नी सुंदरीका परस्पर अत्यंत प्रगाढ़ अनुराग; एक ही पिताके सगे-मौसेरे भाई बुद्ध द्वारा उसे निर्वाण मार्गपर लगानेका प्रयत्न, नंदके घर जाना, किसीका ध्यान बुद्धकी ओर न जानेसे भिक्षा न मिलना, बुद्धका रिक्त भिक्षापात्र हाथमें लिये घरसे बाहर लौट पड़ना; एक सेविकाके द्वारा नंदको यह सूचना मिलनेपर, शीघ्र लौट आनेका वचन देकर, पत्नीकी अनुमति ले उसीका रूप चिंतन करते हुए बुद्धके दर्शनोंको जाना, और बुद्धके द्वारा अनुग्रह बुद्धिसे नंदके हाथमें रिक्त भिक्षा-पात्र दिया जाना, नंदकी घर लौटनेकी प्रबल इच्छा, बुद्ध-द्वारा उसे दिव्य शक्तिसे व्यामोहित कर संघमें ले जाना; नंदकी अनिच्छा और स्पष्ट अस्वीकार करनेपर भी उसका सिर मुंडाकर उसे प्रव्रजित कर लेना, नंदका विलाप और सुंदरीका ही निरंतर चिंतन, उसे समझानेके सब प्रयासोंकी विफलता होनेपर बुद्ध-द्वारा उसे स्वर्गदर्शन, और फिर स्वर्ग सुखोंकी भी क्षणिकता दिखलाकर सच्चे निर्वाण मार्गपर लगा देना, तथा अंततः नंदका अर्हत् होकर निर्वाण लाभ; इस कथाके ये मूलतत्त्व हैं। जंबूचरित-कथामें किंचित् परिवर्तन-परिवर्द्धनके साथ ये सभी तत्त्व सन्नि-हित हैं। बुद्ध-द्वारा नंदके घर जानेसे लेकर नंदकी दीक्षासे उसे सच्चा वैराग्य होने तकका वृत्त भवदत्त-भव-देवके वृत्तांतसे पूर्णतया समान है। नंद और बुद्धके सशरीर स्वर्गगमनसे भवदत्त-भवदेवके मृत्युके उपरांत स्वर्गगमनकी तुलना की जा सकती है। शिवकुमार सागरदत्त-भवकी कथा विशेष महत्त्वकी नहीं है। तथा जंबूकी मोक्ष-प्राप्ति नंदके निर्वाणके समान है। अतः जंबूस्वामीकी कथामें आद्योपांत सौंदरनंदकी कथाको पिरो लेना संघदास जैसे जैन साहित्यकारके लिए अत्यंत स्वाभाविक प्रतीत होता है।

वीर कविने पाँचों भवोंमें प्रथम भवके भ्रातृत्व संबंधको पूर्वजाति-स्मरण-द्वारा स्थायी बनाये रखा और इस प्रकार पहले जन्मके बड़े भाई भवदत्तके द्वारा बार-बार छोटे भाई भवदेवके जीवको बोध प्रदान किया, व अंतमें वही उसके पाँचवें जन्ममें मोक्षप्राप्तिमें उसका साक्षात् गुरु और मार्गदर्शक बना, एक यह तथ्य; और दूसरे भवदेवके अंतर्द्वंद्वका मार्मिक काव्यमय-चित्रण, दो बातोंसे ऐसा अनुमान होता है कि संभवतः स्वयं वीर कविने भी अश्वघोषके सौंदरनंदका गंभीरतासे अध्ययन किया, जिससे वह अपने काव्य वर्णनमें इतनी सजीवता और मार्मिकता ला सका। इस संबंधमें जैन कथाकारोंकी एक विशेषता यह है कि उन्होंने भवदेवकी पत्नीके द्वारा ही प्रथम भवमें उसे सच्चा बोध प्रदान कराकर भारतीय नारीके चरित्रको बहुत ऊँचा और सबके लिए आदर्श तथा महनीय बना दिया है। नारी चरितका ऐसा परम उत्कर्ष प्रेम, विरह और अंतर्द्वंद्वके मार्मिक-रसात्मक स्वल एवं मानव-जीवनके सर्वोत्कृष्ट श्रेयकी उपलब्धि, इन सब तत्त्वोंने जैन-परं-

---

१. बौद्धधर्मके २५०० वर्ष।

परामें जंबूस्वामीके कथानकको इतना अधिक लोकप्रिय बना दिया कि वर्तमान काल तक यह कथा काल-समुद्रकी उत्ताल तरंगोंके प्रचंड थपेटोंका अतिक्रमण करती हुई, अखंड-अविच्छिन्न रूपसे निरंतर गतिशील और प्रवहमान रही। तथा ५वीं शती ई० से लगाकर २०वीं शती ई० तक प्रत्येक शतीके उत्तर भारतके गुजरात, राजस्थान, मालवा, मध्यप्रदेश, एवं उत्तर प्रांत, इन सभी क्षेत्रोंमें विविध भाषा और शैलियोंमें छोटे-बड़े-मध्यम सभी आकारोंमें अनेक रचनाएँ जंबूस्वामीके जीवनके विविध पक्षोंको लेकर प्रणीत की जाती रहीं, जिनकी संख्या लगभग एक सौ तक जा पहुँची है। इन रचनाओंका कालक्रमानुसार विवरण निम्न प्रकार है—

जंबूस्वामी विषयक रचना-सूची

*१. वसुदेव-हिंडीमें 'कथोत्पत्ति'नामक प्रकरण—संघदास गणि, ५वीं ६ठी शती विक्रम, आर्ष जैन महाराष्ट्री प्राकृत, सर्वप्राचीन कथानक, आगेकी जंबूस्वामी विषयक समस्त रचनाओंका आधार।

२. 'रिट्ठरेणमिचरिउ' के अंतर्गत—स्वयंभू देव, ई० सन् ७०० के लगभग, अपभ्रंश।

*३. धर्मोपदेशमालाविवरण—जयसिंहसूरि, वि० सं० ९१५, महाराष्ट्री प्राकृत, संक्षेपमें कुछ पंक्तियोंमात्र, फुटकररूपमें जंबूस्वामि चरित्रकी चार कथाएँ उपलब्ध हैं (देखें : प्रस्ता०—५ 'कथासारिणी')।

*४. उत्तरपुराण, ७६वाँ पर्व—गुणभद्राचार्य, वि० सं० ९५५ के पूर्व, संस्कृत, २११ श्लोक।

*५. 'तिसट्ठिमहापुरिसगुणालंकारु' (महापुराण) १००वीं संधि—पुष्पदंत, वि० सं० १०१५-१०२१, अपभ्रंश।

*६. जंबूचरियं—मुनि गुणपाल, वि० सं० १०७६ के पूर्व, महाराष्ट्री-प्राकृत, १६ उद्देशक।

७. जंबूसामिचरिय—पं० सागरदत्त, वि० सं० १०७६, अपभ्रंश, ग्रंथाग्र २६००, बृहट्टिप्पणिकाकी सूची, क्र० ३०५-३०७ के अनुसार।
जंबूसामिचरियटिप्पण—गुजराती, ग्रंथाग्र ११००, बृहट्टिप्पणिकाकी सूची, क्र० ३०५-३०७ के अनुसार।

*८. जंबूसामिचरिउ—कवि वीर, वि० सं० १०७६, अपभ्रंश, ग्यारह संधियाँ, प्रस्तुत रचना।

९. 'कहावली' के अंतर्गत—भद्रेश्वर, ई० सन् ११०० के लगभग, प्राकृत।

१०. (क) 'उपदेशमाला' पर 'विशेषवृत्ति' : या 'दोघट्टी वृत्ति' के अंतर्गत—वृत्तिकार रत्नप्रभसूरि, वि० स० १२३८, संस्कृत।
*(ख) कर्पूर प्रकरणटीकाके अंतर्गत—(१) जिनसागरसूरिकृत, (२) प्रतिष्ठासोमकृत, संस्कृत, अति संक्षिप्त, एक पृष्ठ मात्र।

*११. परिशिष्टपर्व—हेमचंद्राचार्य, वि० सं० १२१७-१२२९ के बीच, संस्कृत, चार पर्व, गुणपाल कृत 'जंबूचरियं' के अनुसार।

*१२. धर्माभ्युदय महाकाव्य, अष्टमसर्ग मात्र—उदयप्रभसूरि, वि० सं० १२७१-९० के बीच, संस्कृत एक सर्ग।

*१३. जंबूस्वामिचरित्र—महेंद्रसूरिके शिष्य धर्ममुनि, वि० सं० १२६६, पुरानी गुजराती, ४१ कड़ियाँ, ५ पत्र, गुज० भाषामें अबतक प्राप्त सर्वप्रथम कृति (प्रा० गु० का० सं० में प्रकाशित)।

१४. जंबूचरित्र—कर्ता अज्ञात, वि० सं० १२९९, अपभ्रंश, (ग्रन्थ सूची, जैन ग्रन्थावली भाग-२)।

१५. जंबूस्वामी फाग—कर्ता अज्ञात, वि० सं० १४३०, पुरानी गुजराती, प्रा० गु० का० सं०में प्रका०।

*१६. जंबूस्वामीचरित्र-काव्य—जयशेखरसूरि, वि० सं० १४३६, संस्कृत, ७२६ श्लोक प्रमाण, छह-प्रकरण। जय शेखर सूरि अंचल गच्छके भट्टारक थे। यह कथानक उनकी स्वोपज्ञ उपदेश-चिंतामणि-वृत्तिके अंतर्गत आया है। इसमें कथा प्रारंभ आर्यवसु-ब्राह्मण, सोमशर्मा ब्राह्मणी, भवदत्त-भवदेव पुत्र, सीधे यहींसे होता है। भवदेवकी दीक्षाके वृत्तमें भी कुछ भेद है। पहली बार जब भवदत्त, भवदेवको दीक्षित करनेकी इच्छासे घर गये तो वहाँका राग-रंग देखकर स्वयं उनका मन विचलित

हो उठा और वे शीघ्र वहाँसे संघमें लौट आये। संघमें मुनियों-द्वारा व्यंग्य किये जानेपर पुनः भवदेवके घर गये और उसे किसी तरह संघमें लाकर दीक्षित किया।

१७. जंबूस्वामीनो विवाहलो—पीपल गच्छीय हीरानंदसूरि, वि० सं० १४९५। सांचोरमें वैशाख शुक्ल अष्टमीके दिन रचना पूर्ण हुई। पुरानी गुजराती।

१८. जंबूस्वामीचरित—रत्नसिंह सूरिके शिष्य, वि० सं० १५१६, रचयिताने अपना नाम न देकर केवल अपने गुरुका नामोल्लेख किया है।

*१९. जंबूस्वामी चरित्र—ब्रह्म जिनदास, वि० सं० १५२०, संस्कृत ११ संधियाँ, पूर्णरूपसे वीर कृत अपभ्रंश 'जंबूसामिचरिउ' का संस्कृत रूपांतर, इसी संपादक-द्वारा संपादनाधीन इसकी अनेक प्रतियाँ आमेर, आरा, जयपुर, बंबई, ब्यावरके जैन भंडारोंमें विद्यमान हैं।

२०. जंबूकुँवर रास—ब्रह्म जिनदास, वि० सं० १५२०, पुरानी जयपुरी हिन्दी, ११ संधियाँ,

*२१. जंबूस्वामि चौपाई—जिनभद्र सूरि, वि० सं० १५२२ आश्विन पूर्णिमाके दिन नंदेसमें लिखित, पुरानी जयपुरी हिन्दी (पद्यात्मक), पत्र ११, अरहन्तगादि प्राचीन जैन मुनियोंके नामोल्लेखोंकी दृष्टिसे महत्त्वपूर्ण।

२२. जंबूस्वामिपंचभव-वर्णन चौपाई—देपाल भोजक, वि० सं० १५२२, लगभग १७९ गाथा प्रमाण।

*२३. प्रभव-जंबूस्वामि वेलि—वि० सं० १५४८ आसोज बदी आठम, पुरानी राजस्थानी हिंदी, पत्र ५; कुल २३ सुंदर गेय पद्य, प्रभव-जंबू वार्तालापसे प्रारंभ।

२४. जंबूस्वामिचरित्र—सकलचंद्र (वि० सं० १५२०) के शिष्य भुवनकीर्त्ति, वि०१६वीं शती, प्राकृत। ये भुवनकीर्ति संभवतः दिग० परंपराके थे।

*२५. जंबू अंतरंग रास अथवा जंबूकुमार विवाहलो—सहजसुंदर, वि० १६वीं शती, राधनपुर नगरमें लिखित, पुरानी गुज० मिश्रित हिंदी, पत्र ४, ५ ढालें, ६४सुंदर गेय पद्य, अंतमें एक दोहा। यह लघुकृति सुंदर काव्यकी रीतिसे प्रतीकात्मक शैलीमें रची गयी है, और लौकिक वधुओंको त्यागकर इसमें जंबूस्वामीका सिद्धि (मोक्ष) रूपी वधूसे परिणय वर्णित है।

२६. जंबूस्वामी गीता—वि० सं० १५९३, गुज०, पत्र-५, (जैनग्रन्था० भाग० २)।

२७. जंबूस्वामी रास (पंचभव चरित्र)—विजयगच्छीय मल्लिदास, वि० सं० १६१९, गुज० मिश्रित हिंदी, ३० ढालें।

२८. जंबूकुमार रास—पीपलगच्छीय विमलप्रभ सूरिके शिष्य राजपाल, वि० सं० १६२२, गुज० मिश्रित हिंदी, २७ श्लोक प्रमाण, लगभग ९५५ कड़ियोंमें रचित।

२९. जंबूचरित—उपा० पद्मसुंदर नागौरी, वि० सं० १६२६-३९ के बीच, प्राकृत। इनके गुरु तपागच्छीय पद्ममेरु थे, और दादागुरु आनंदमेरु थे, जो अकबरके एक सभासद् थे। ये कवि चक्रवर्तीके नामसे भी प्रसिद्ध थे।

*३०. जंबूस्वामिचरित्रम्—पं० राजमल्ल, वि० सं १६३२ आगरेमें रचित, संस्कृत, १३ पर्व, वीरकृत अपभ्रंश जं० सा० च० के आधारसे, लगभग उसीका संस्कृत रूपांतर (प्रकाशित)।

३१. जंबूस्वामिचरित्र—पांडे जिनदास, वि० सं० १६४२, मूल संस्कृतका भाषा। (हिंदी) रूपांतर कर्त्ता पांडे जिनदास; छंदोबद्ध कर्त्ता लमेचू नाथूराम; शुद्ध हिंदी गद्यानुवाद सूरतसे प्रकाशित।

३२. जंबूरास—खरतरगच्छीय गुणविनय, वि० सं० १६७०, बाहडमेर ग्राममें रचित, पुरानी राजस्थानी।

*३३. जंबूस्वामि चरित्र—भावशेखर शाह, वि०सं० १६८४, पाटन नगर नामक ग्राममें रचित, राजस्थानी-गुज० मिश्रित, ग्रन्थाग्र २१००, गाथाएँ ११००, पत्र १ से ६ नहीं, ७ से ३६ हैं। इसके रचयिता भावशेखर अंचलगच्छ, श्रीमालिवंश, चंद्रकुल और प्रसिद्ध पालीताणीया शाखाके थे। इनकी गुरु परंपरा इस प्रकार थी : भवनतुरंगसूरि—वाचक कमलशेखर—पुण्यशेखर—विवेकशेखर—गणिविजय-शेखर—भावशेखर शाह।

३४. जंबू चौपाई—उपागच्छीय कमलविजय, वि० सं० १६९२ सिवाणा ग्राममें रचित, राज० गुज० मिश्रित।

*३५. जंबूकुमार चौपाई अथवा जंबूस्वामी रास—खरतरगच्छीय ज्ञाननंदि वाचकके शिष्य–पाठक भुवनकीर्ति गणि द्वितीय, वि० सं० १७०५, श्रावण सुदी १, बुहनिपुर नगरमें रचित, राज० गुज० मिश्रित, पत्र ३६; ४ अधिकार; दोहा, ढाल सब मिलाकर १३५३ सुंदरगेय पद्योंमें रचित, परिशिष्ट पर्व (हेमचंद्र) के आधारसे।

३६. जंबूस्वामी रास—खरतरगच्छीय पद्मचंद्र, वि० सं० १७१४, सरिसा पाटनमें रचित, राज०-गुज० मिश्रित, लगभग १५११ गाथा प्रमाण, परि० पर्वके आधारसे।

३७. जंबू चौपाई—खरतरगच्छीय जिनसागर सूरिके शिष्य : कवि उदयरत्न, वि० सं० १७२०, राज०-गुज० मिश्रित।

*३८. जंबूपृच्छा रास अथवा कर्मविपाक रास—वीरजी मुनि, वि० सं० १७२८, पाटन नगरमें रचित, राज० गुज० मिश्रित, १३ ढालें। इसमें जंबूस्वामीके प्रश्न हैं, जिनका उत्तर सुधर्मा द्वारा दिया गया है। भीमशी माणेक-द्वारा प्रकाशित।

३९. जंबूरास—धर्ममंदिर, वि० सं० १७२९, मुलतान नगरमें रचित, राज०-गुज० मिश्रित, धर्ममंदिर व सुमतिरंग दोनोंकी ये रचनाएँ एक ही वर्षमें एक ही स्थानमें रहकर लिखी गयीं। अतः तुलनात्मक दृष्टिसे ये अवश्य अध्ययनीय हैं। संपादकको ये रचनाएँ उपलब्ध नहीं हो सकीं।

४०. जंबूस्वामी चौपाई—खरतरगच्छीय सुमतिरंग, वि० सं० १७२९, मुलतानमगरमें रचित राज०-गुज० मिश्रित।

४१. जंबूकुमार रास—उपागच्छीय चंद्रविजय, वि० सं० १७३४, ग्राम कोरडादेमें रचित, राज०-गुज० मिश्रित, ८५२ गाथा प्रमाण।

*४२. जंबूस्वामी रास—उपागच्छीय कविराज धीरविमलके शिष्य नयविमल, वि० सं० १७३८, मार्गशीर्ष शुक्ल १३ सोमवार, ग्राम थिरपुर नगरमें रचित, राज० गुज० मिश्रित, ३५ ढालें (पत्र ३५) प्रकाशित।

*४३. श्रीजंबूस्वामी ब्रह्मगीता—उपा० यशोविजयजी, वि० सं० १७३८ (खंभातमें रचित), गुजराती, पत्र २, लघु कृति मदनपराजय (अपभ्रंश) को प्रतीकात्मक शैलीमें रचित, गु० सा० सं० भाग १ में प्रकाशित।

४४. जंबूस्वामी रास—उपा० यशोविजयजी, वि० सं० १७३९, खंभातमें रचित गुजराती, ५ अधिकार, ३७ ढालें, मदनपराजय (अपभ्रंश)की प्रतीकात्मक शैलीमें रचित, गु०सा०सं० भाग २ में प्रकाशित।

४५. जंबूस्वामी रास—उपागच्छीय उदयरत्न, वि० सं० १७४९, ग्राम खेडा हरियाणामें रचित, गुजराती, ६६ ढालें, लगभग २५०० गाथाएँ।

४६. जंबूस्वामी रास—खरतरगच्छीय यशोवर्धन, वि० सं० १७५१।

४७. जंबूस्वामी रास—खरतरगच्छीय जिनहर्ष, वि० सं० १७६०, ४ अधिकार, ८० ढालें, लगभग १६५७ गाथाप्रमाण।

४८. जंबूकुमार रास—कडवागच्छीय लाधाशाह, वि० सं० १७६४, ग्राम सोहीमें रचित, ३२ ढालें।

४९. जंबूस्वामी स्तवन—भाग्यविजय, वि० सं० १७६६, १४ श्लोकप्रमाण।

*५०. जंबूसामिचरित्तं—(पूर्व) मुनि जिनविजय, वि० सं० १७८५-१८०१ के बीच, प्राकृत, प्रकाशित।

५१. जंबूस्वामी चौढालिया—खरतरगच्छीय विनयनंदके शिष्य श्री दुर्गादास, वि० सं० १७९३।

*५२. जंबूकुमार रास—नयविजय विबुधके शिष्य, वाचक जसविजय, वि० सं० १७९९, खंभनगरमें रचित, राजस्थानी, पत्र ४४।

५३. जंबूचरित—श्री चेतनविजय, वि० सं० १८०५, अजीमगंजमें रचित, राजस्थानी।

५४. जंबूस्वामी चरित्र—विजयकीर्ति, वि० सं० १८२७, हिंदी पद्य, पद्य २०, जयपुर शास्त्र भंडारमें उपलब्ध।

५५. जंबू चोपाई—श्री चंद्रनाथ, वि० सं० १८३८, ग्राम बोडायडमें रचित, राजस्थानी, ३५ ढालें।

५६. जंबूकुमार चरित—श्वे० तेरापंथके संस्थापक आचार्य भीखणजी; लगभग वि० सं० १८५०, राज०, ४६ ढालें, गाथाओंके ऊपर २१५ दोहे, ७८८ गाथाएँ, परि० पर्वके आधारसे, सि० ग्र० रत्ना० द्वि० खंड, प्रका० श्वे० तेरा० महा० कलकत्ता।

५७. जंबूस्वामि चरित्र—श्रीचेतनविजय, वि० सं० १८५२-५३, हिंदी, पत्र ३०।

५८. जंबूकुमार चौढालिया—श्री सौभाग्यसागर, वि० सं० १८७३, पाटनमें रचित, भीमशी-माणेक-द्वारा प्रकाशित।

५९. जंबूस्वामी श्लोक—श्री लब्धिविजय, वि० १९वीं शती।

*६०. जंबूस्वामी कथा—विजयशंकर-विद्याराम. वि० सं० १९१४, द्वि० ज्येष्ठमास कृष्णपक्ष सोमवार, भीनगरमें रचित, गुज० परक हिंदी, पत्र, २०; छंदरहित गद्यात्मक पद्यश्लोकों, जंबूस्वामीचरितकी २३ अंतर्कथाओंसे युक्त।

*६१. जंबूस्वामी गुणरत्नमाला—ओसवाल श्रावक जेठमल चोरडिया, वि० सं० १९२०, आषाढ़ कृष्ण-५, (जयपुर) पुरानी राजस्थानी, पत्र-३०, प्रकाशित।

*६२. जंबूस्वामी चौपाई—कर्ता अज्ञात, रचनाकाल अज्ञात, राजस्थानी, पत्र-४ पहले पाँच पृष्ठोंमें राजुल कथा; अंतमें एक पृष्ठमें अतिसंक्षेपमें जंबूस्वामीके जन्मसे लेकर मोक्षगमन पर्यंतकी कथा।

*६३. जंबूस्वामी चरित—रचयिता व रचनाकाल अज्ञात, संस्कृत गद्य, पत्र-३, सरल शैली, छोटे-छोटे वाक्य, संक्षिप्त कथा।

*६४. जंबूस्वामी चौपाई—रचयिता व रचनाकाल अज्ञात, पुरानी राजस्थानी, पत्र-२, पृ० ३, अपूर्ण, भवदेवके जन्मसे कथा प्रारंभ, विविध धर्मोंकी समीक्षा प्रस्तुत करके जंबूस्वामी जन्म, व प्रभवके साथ वार्तालापमें महेश्वरदत्तके आख्यान पर आकर कथा अपूर्ण समाप्त।

*६५. जंबूकुमार रास—श्रीबालचंदगणीके शिष्य लोंकागच्छके नायक मुनि भूधर, संवत् भारवनस्पति भाषुदाषुः मुनिवर वर्ष (?) आश्विन मास विजयादशमी, पुरानी राजस्थानी, पत्र-१४।

*६६. जंबूचरित अथवा जंबूस्वामी अज्झयण—(संभवतः) पद्मसुंदरगणि, रचनाकाल अज्ञात अर्द्ध-मागधी अपभ्रंश, ३६ पत्रोंसे लगाकर ६० पत्रों तकमें लिखित अनेक प्रतियाँ उपलब्ध। १९ उद्देसक, यह बहुत महत्त्वपूर्ण रचना है। इसके जंबूअज्झयण, जंबूपयण्णा, जंबूस्वामि कथानक, जंबूचरित्र एवं जंबूस्वामि अज्झयण ये अनेक नाम प्रचलित हैं। इसपर अनेक बालावबोधों व टिप्पणोंकी रचना हुई है। यह कृति भी इसी संपादकके संपादनाधीन है।

(क) जंबूचरित्र बालावबोध—वि० सं० १७९०, पुरानी गुजराती।

(ख) जंबूचरित्र बालावबोध—श्री सुंदरगणि, वि० सं० १७९५ से पूर्व, पुरानी गुजराती।

(ग) जंबूचरित्र बालावबोध—वि० सं० १८०८, पुरानी गुजराती।

(घ) जंबूचरित्र बालावबोध—वि० सं० १८१२, पुरानी गुजराती।

(ङ) जंबू अध्ययन चरित्र बालावबोध—वि० सं० १८१६ से पूर्व, पुरानी गुजराती।

(च) जंबूस्वामीकथानक—वि० सं० १८२९, पुरानी गुजराती।

६७. जंबूस्वामीकुलक—प्राकृत, प्रकीर्ण ग्रन्थसंग्रह। (जैन ग्रंथा० २)

६८. जंबूचरित्र—अज्ञात, (जैन ग्रंथा० २)

६९. जंबूचरित्र—(संभवतः) संघतिलक, अपभ्रंश, केवल २० गाथाएँ, (जैन ग्रन्था० २)

७०. जंबूचरित्र—प्रद्युम्नसूरि; दादागुरु प्रद्युम्न, गुरु वीरभद्र, प्रारंभ : पढमभवे भवदेवो बहियवओ पढम-सुरपवरो। रायसुयसिवकुमारो कय-बारसवास-तव-सारो ॥१॥ अंत : बारस नवाणुए महव सिय पंडिय मुरि समुद्धरियं। वन्नाडी गामाए वणियव्वं संघवद्दकए ॥२०॥

७१. जंबूचरित्र—गुजराती, पत्र ४४, ७२५ श्लोक प्रमाण, (जैन ग्रन्था० २)।

७२. जंबूस्वामीश्लोको—लब्धिविजय, पत्र १, ४५ श्लोक प्रमाण (जैन ग्रन्था० २)।

७३. जंबूचरी—गुजराती, पत्र १४, (जैन ग्रंथा० २)।

७४. जंबूस्वामी कथा—नयविमल, गुजराती, पत्र ९, (जैन ग्रंथा० २)।

७५. जंबूस्वामिचतुष्पदी—गुजराती, २७५ श्लो० प्रमाण, (जैन ग्रंथा० २)।

७६. जंबूस्वामीस्वाध्याय—गुजराती, पत्र १, ११ श्लो० प्रमाण, (जैन ग्रंथा० २)।

७७. ,, ,,—गुजराती, पत्र १, १६ श्लो० प्रमाण, (जैन ग्रंथा० २)।

७८. जंबूकुमार स्वाध्याय—गुजराती, पत्र १, (जैन ग्रंथा० २)।

७९. जंबूनाटक—(मुद्रित जैन ग्रंथावलि)।

८०. जंबूस्वामिचरित्र—रत्नशेखर, (मुद्रित जैन-ग्रंथावलि)।

८१. जंबूचरित्र—गुजराती, (मुद्रित जैन ग्रंथावलि)।

८२. ,, ,,—मूल संस्कृत (?) गुजराती भावांतर, वि० सं० १९५०, (मुद्रित जैन ग्रंथावलि)।

८३. जंबूस्वामिचरित्र—गुजराती, (मुद्रित जैन ग्रंथावलि)।

८४. ,, ,,—(मुद्रित जैन ग्रंथावलि)।

८५. जंबूस्वामीचरित्र—१६४४ गाथा प्रमाण, (जैन ग्रंथा० २)।

८६. ,, ,, पद्मसुंदर, प्राकृत, ७५० गाथा प्रमाण, (जैन ग्रन्था० २)।

८७. ,, ,, संस्कृत, पत्र १४, (जैन ग्रथा० २)।

८८. ,, ,, संस्कृत गद्य, ८९७ गाथा प्रमाण, (जैन ग्रन्था० २)।

८९. ,, ,, सकलहर्ष, पत्र ११, (जैन ग्रन्था० २)।

*९०. ,, ,, मानसिंह, संस्कृत पद्य, ग्रंथाग्र १३००, (जैन ग्रन्था० २)। (यह ग्रंथ भी इसी संपादकके संपादनाधीन है)।

९१. ,, ,, पत्र ५०, (जैन ग्रन्था० २)।

९२. जंबूस्वामीकथा—प्राकृत, (जैन ग्रन्था० २)।

९३. जंबूस्वामिचरित्र—नमिदत्त, (जि० र० कोश)।

९४. ,, ,, विद्याभूषण, (जि० र० कोश)।

९५. ,, ,, पं० दीपचंद्रवर्णी, सन् १९३९ (मथुरा), हिंदी, प्रकाशित।

नोंध :—उपर्युक्त सूची डा० ए० बा० ची० डा० शाह द्वारा संपादित उपा० यशो० कृत जंबूस्वामीरासकी प्रस्ता०; जैन ग्रन्थावली पान-२; मुद्रित जैनग्रन्थावली; जिनरत्नकोश; तथा भ० ओ० रि० इं० पूना, ओरि० रि० इं० बड़ौदा एवं डा० ए० भारती ओ० सं० अहमदाबादकी हस्तलिखित प्रतियों-की सूचियों एवं अंतिम तीन संस्थाओंके विद्वेषकों व संग्रहाध्यक्षोंके सौजन्यसे प्राप्त जंबूस्वामी-चरितविषयक पोथियोंके आधारसे प्रस्तुत की गयी है। संपादकने इस सूचीमें तारा *चिह्नांकित ग्रन्थों व पोथियोंका स्वयं अध्ययन किया है।

५. जम्बूस्वामी-चरितकी अंतर्कथाएँ

मूल कथाओंसे संबंध, संस्कृत, अपभ्रंश जंबूस्वामी-चरितोंमें उपलब्ध कथाओंका तुलनात्मक विश्लेषण एवं अंतर्कथाओंका महाकाव्यकी दृष्टिसे औचित्य तथा मूल्यांकन एवं कथानक रूढ़ियोंका विश्लेषण :

'जंबूसामिचरिउ'में लघु अंतर्कथाओंकी शृंखला उस स्थानसे प्रारंभ होती है, जब जंबूस्वामी विवाहके उपरांत चारों वधुओंके साथ मातृगृहके भीतर एकांतमें आकर उन वधुओंके बीच निर्विकार भावसे बैठ जाते हैं। वधुएँ प्रथमतः अपनी शारीरिक चेष्टाओं, सुंदर अंग-प्रत्यंगोंके प्रदर्शन तथा नाना प्रकारके हाव-भाव विलास, तीखे कटाक्ष एवं मधुरता पूर्वक वात्स्यायनके कामसूत्रके पाठ आदिके द्वारा जंबूस्वामीको अपने रूप-यौवनके पाशमें फँसाना चाहती हैं, पर जंबूस्वामीके विवेकपूर्ण हृदयपर इन सबका किंचिन्मात्र कोई भी प्रभाव नहीं होता और वह हिमाचलके समान अडिग, अडोल बना रहता है। यह अवस्था देखकर वधुएँ निराश होने लगती हैं और अब अपने कथा कौशलसे उसे वशमें करनेका प्रयत्न आरंभ कर देती हैं। इन्हीं कथा-प्रतिकथाओंके रूपमें इन लघु आख्यानोंकी सृष्टि होती है।

यहाँ एक विशेष ध्यान देने योग्य बात यह है कि 'वसुदेव-हिंडी' तथा गुणभद्रकृत 'उत्तरपुराण'में भवदेवके जन्ममें उसे बोध देनेके हेतु उसकी वधू नागिलासे अपने ही वमनको खानेवाले ब्राह्मण पुत्रको अथवा जैन गणिनी (साध्वी) के मुखसे एक दासीके द्वारा अपने पुत्रको उसीका वमन खिलानेका प्रयत्न करनेकी जो कथा कहलायी गयी है, वह वीर कविकी इस रचनामें नहीं है, यद्यपि उसका यहाँ होना अनुचित नहीं होता। दूसरी मुख्य बात यह है कि उपर्युक्त दोनों ग्रंथोंमें कथाके मध्यमें राजर्षि प्रसन्नचंद्र अथवा धर्मरुचिका जो कथानक है, उसकी जंबूस्वामी चरितकी कथावस्तुसे कोई भी संगति न होनेसे, उसे यहाँ सर्वथा छोड़ दिया गया है।

अणाढिय अथवा अनादृत नामक देवका आख्यान और 'जंबूसामिचरिउ'में केरलके राजा मृगांककी, राजा श्रेणिकसे परिणेय कन्या विलासवतीके निमित्त हुए युद्धका वृत्तांत, ये सब प्रस्तावना—३ में 'मूलग्रंथकी संक्षिप्त कथावस्तुके' अंतर्गत आ गये हैं। अतः यहाँ 'जंबूसामिचरिउ'में वर्णित समस्त लघु आख्यानोंको संक्षेपमें लेकर, उनमें-से जो अन्य प्राकृत-संस्कृत चरितोंमें उपलब्ध हैं, उन्हींका तुलनात्मक अध्ययन प्रस्तुत किया जा रहा है। इस प्रसंगमें एक आवश्यक कथ्य यह है कि इस अध्ययनमें वीर कविके पूर्ववर्ती वसुदेवहिण्डी, उत्तर पुराण (गुणभद्र) एवं जंबूचरियं (गुणपाल), तथा पश्चाद्वर्ती चरितकारोंमें संस्कृतमें हेमचंद्र, ब्रह्म जिनदास एवं पं० राजमल्ल, इस प्रकार प्राकृत-संस्कृत जंबूस्वामी विषयक छह प्रतिनिधि ग्रंथोंको आधार बनाया गया है।

[१] पहली कथा जंबूस्वामीकी सद्यः परिणीता पंकजश्री उन्हींकी ओर संकेत कर अपनी सपत्नियों-को संबोधित करते हुए कहती है, 'सखियो ! हमारा यह भर्तार धनहड (धनदत्त) नामक मूर्ख किसानका अनुसरण कर रहा है। धनदत्त नामका एक मूर्ख किसान था। उसकी पहली सुशील—सद्गृहिणी पत्नी एक पुत्रको जन्म देकर स्वर्ग चली गयी। पुत्र बड़ा होकर घरका सब कार-भार भली भाँति देखने लगा। वृद्धत्वमें दैवसे प्रेरित होकर उसने एक चंचलचित्त और अति कामुक तरुणीसे विवाह किया तथा उसका वशवर्ती होकर रहने लगा। एक दिन अर्द्ध रात्रिको वह अकस्मात् उससे क्रुद्ध होकर शयनपर मुँह फेर कर पड़ रही। बहुत अनुनय-विनय करनेपर कारण बतलाया—घरमें तुम्हारा युवा पुत्र विद्यमान है, मेरे उदरसे जो पुत्र होंगे, वे सब इसके दास बनकर ही जी सकेंगे। अतः इसे मार डालो। मेरे उदरसे जो पुत्र होगें, बुढ़ापेमें उनसे सुख उठायेंगे। पिता-पुत्र संबंध, लोक-लाज, राज-भय और पुत्रकी बलिष्ठताका भी डर, कहीं उलटे-मुझे ही न मार डाले, आदि बतलानेपर भी वह नहीं मानी और पुत्रको सरलतासे मार डालनेका उपाय भी सुझा दिया, 'प्रातःकाल खेतमें जब पुत्र हल चला रहा होगा, तो तुम भी पीछे-पीछे उद्धत बैल और तीखे फल वाला हल लेकर जाना। उसके पीछे हल चलाते हुए उसे दुष्ट बैलसे सींग मरवा देना, फिर हलके तीक्ष्ण फालसे उसको विदीर्ण करके मार डालना ! इसमें न राजभय है, न लोक लाजकी चिंता, न पुत्रके बलवान् होनेका डर।' 'साँप भी मरे और लाठी न टूटे' ऐसा उपाय बतलाया। पासके घरमें सोते हुए पुत्रने यह सब

पापयोजना सुन ली और सवेरे ही आगे आकर हरे भरे खेतमें हल चलाकर उसका विनाश करने लगा। पीछेसे किसान आया, तथा यह देखते ही अपना सब षड्यंत्र भूल गया और बोला, अरे! क्या पागल हो गया है, जो हरे-भरे खेतको उजाड़ रहा है? पुत्रने कहा, इसे उखाड़कर इसमें नया धान रोपूँगा। पिताने निंदा की, रे मूर्ख! चला जा! प्राप्यको छोड़कर अप्राप्यकी इच्छा करता है। पुत्रने उत्तर दिया आप भी तो रात्रिमें की हुई सलाहके अनुसार मुझ जैसे पुत्रको मारकर नयी महिलासे अन्य पुत्रोंकी इच्छा करते हैं। इसपर पिता पुत्रका आलिंगन करके रोने लगा। इसी प्रकार हम लोगोंका यह भर्तार (जंबूस्वामी) हम लोगोंको त्याग कर भविष्यमें सुरनारियोंके साथ किन्हीं अपूर्व सुख भोगोंकी उपलब्धिकी आशा करता है।'

यह आख्यान वसुदेव-हिंडी एवं उत्तर पुराण दोनोंमें नहीं है। गुणपाल कृत प्राकृत 'जंबूचरियं'में यह थोड़ेसे परिवर्तनके साथ वर्णित है, तथा ब्रह्म जिनदास (वि० सं० १५२०) और पं० राजमल्ल (वि० सं० १६३२) कृत जंबूस्वामी चरित्रोंमें यह तथा इसमें उपलब्ध अन्य आख्यान भी लगभग जैसे-के-वैसे संस्कृत रूपांतरमें वर्णित हैं। राजमल्लकी रचनामें जिन कथानकोंमें कुछ अंतर है, उन्हें यथास्थान निर्दिष्ट कर दिया गया है। गुणपालके अनुसार पत्नीकी मृत्युके उपरांत पिताका कष्ट देखकर पुत्रने ही पितासे दूसरा विवाह कर लेनेका आग्रह किया। परंतु विवाह योग्य जवान पुत्र घरमें रहनेसे कोई अपनी कन्या उसे देनेको तैयार नहीं हुआ। इसपर किसानने विवाहमें बाधक युवा पुत्रको मार डालनेका निश्चय किया और एक तीक्ष्ण धारवाला फरसा छुपा कर हल चलाने गया, तथा पुत्रको मारनेके अपध्यानमें खड़े खेतमें हल चलाकर उसे ही उजाड़ने लगा। पीछेसे पुत्रने आकर कहा, यह क्या खड़े खेतको उजाड़कर नया धान रोपोगे? किसानको लगा, पुत्रने मेरा आशय जान लिया और सब बात सच कहकर रोने लगा।

इन दो कथानकोंका अंतर गुणपाल-द्वारा वर्णित किसान पिताका चरित्र बहुत नीचे गिरा देता है, कि वह स्वयं पुत्रको मारनेका निश्चय करता है, जबकि 'जंबूसामिचरिउ'का किसान दूसरी तरुण पत्नीके बार-बार अति आग्रह करनेपर एवं अपनी कोई युक्ति न चलनेपर विवश होकर पुत्र घातके लिए प्रस्तुत होता है।

[२] उपर्युक्त आख्यानको सुनकर जंबूस्वामीने प्रत्युत्तर स्वरूप यह कथा सुनायी—'विंध्यपर्वतपर एक बड़ा हाथी वर्षाके पूरसे नर्मदा नदीमें बह कर मर गया। उसके मांसका लोलुपी एक कौवा भी उसके साथ-साथ बहता हुआ समुद्रमें जा पहुँचा और जब वहाँ पहुँचकर चारों ओर देखा तो आश्रयके लिए कोई गाँव, ठाँव, रूख आदि कुछ भी नहीं दिखाई दिया। हाथीको मच्छोंने निगल लिया और कौआ निराश्रय होकर आकाशमें उड़ा तथा अंतमें कांव कांव करता हुआ समुद्रमें डूब कर मर गया। इसी प्रकार विषयासक्त हो तुम लोगोंका सुख भोगता हुआ मैं संसार महासमुद्रमें फँसकर विनाशको प्राप्त नहीं होऊँगा।'

वसुदेव-हिंडीमें यह कथा चतुर्थ नीलयशा लंभकके अंतर्गत, ललितांगक देवके-द्वारा उसके पूर्व भवकी कथामें उसके मित्र स्वयंबुद्धके मुखसे कहलायी गयी है और कुछ परिवर्तित रूपमें है—'ग्रीष्म ऋतुमें एक बड़ा हाथी पहाड़ी-पर-से नदीमें उतरता हुआ एक विषम किनारेपर आकर गिर पड़ा। भारी शरीर व अशक्तताके कारण वह वहाँसे उठ नहीं सका, और वहीं मर गया। अनेक पशु-पक्षी आकर गुदा-द्वारसे उसका मांस खाने लगे। इस प्रकार द्वार बड़ा हो जानेपर अनेक कौए उसके पेटमें घुसकर मांस खाते हुए वहीं रहने लगे। आतपके प्रभावसे कदाचित् गुदा द्वार छोटा हो गया, कौवे और प्रसन्न हुए कि अब और भी निर्विघ्न रूपसे यहीं रहेंगे। वर्षाकालमें पूरमें पड़कर हाथी नदीमें बह गया। समुद्रमें जानेपर हाथीको मच्छोंने निगल लिया, कौवे उसके पेटमें-से निकलकर उड़े और कहीं आश्रय न पा समुद्रमें गिर कर मर गये।'

उत्तरपुराणमें यह कथा नहीं है, गुणपाल तथा हेमचंद्र कृत चरितोंमें वसुदेव-हिंडीके कथानकके अनुसार संक्षिप्त रूपमें है—विंध्य पर्वतपर एक बड़ा हाथी किसी प्रकार मर गया। इसके आगे उपर्युक्त कथानुसार और समाप्ति इस प्रकार कि गुदा-द्वार बंद होनेपर (एक) कौवा हाथीके पेटके भीतर ही मर गया[1]। ब्रह्म जिनदास एवं राजमल्लकी कृतियोंमें वीरके अनुसार ही कथा आयी है।

---

१. तुलना : कथा सरित्सागर, १२वीं तरंग, पृ० ७७ टौनी कृत अनुवाद।

[३] अब कनकश्री बोली—'कैलास पर्वतपर एक बंदर रहता था। एक दिन वह उसके शिखरसे गिरकर चूर-चूर होकर मरा, और तुरंत मणिस्वर्ण-जटित मुकुटको धारण करनेवाला विद्याधर हो गया। किसी दूसरे विद्याधरने इसे देखा और प्रियासे बोला कि यहाँ वानर मरकर विद्याधर हो जाता है, तब यदि विद्याधर मरे तो अवश्य उत्तम देव होगा! ऐसा कहकर रोती हुई प्रियाके द्वारा बार-बार रोके जानेपर भी पर्वत शिखरसे कूद पड़ा और मरकर लाल मुँह वाला बंदर बनकर रह गया।'

वसु० हिंदी तथा उ० पु० में यह आख्यान भी नहीं है। गुणपाल तथा हेमचंद्रमें कुछ परिवर्तनके साथ परिवर्द्धित रूपमें है। उसका संक्षिप्त सार इस प्रकार है—'भागीरथीके तटपर बंदरोंका एक जोड़ा रहता था। एक दिन वानर तटवर्ती वृक्षपर चढ़ा और प्रमादसे भागीरथीमें गिर गया तथा सुंदर मनुष्य बनकर निकला। वानरी भी उसी वृक्षसे भागीरथीमें कूद पड़ी और सुंदर स्त्री बन गयी। तब मनुष्यने कहा आओ फिर कूद पड़ें, अबकी बार मनुष्यसे देव हो जायेंगे। स्त्रीने मना किया, नहीं माना और फिर कूद पड़ा तथा पुनः बंदर हो गया। स्त्री नहीं कूदी, और दैववशात् निकटवर्ती नगरके राजाकी अग्रमहिषी बनी। बंदरको एक मदारीने पकड़कर नाचना सिखाया और एक दिन उसे राजमहलमें ले गया। वहाँ नाचनेके बाद हाथ फैलाकर माँगते समय बंदरने रानीको देखा और पहचानकर अपनी दुर्गतिपर रोने लगा। रानीने भी उसे पहचान लिया और संबोधित किया, 'तब समझानेपर नहीं माना अब क्यों रोते हो?'

गुणपाल व हेमचंद्रके अनुसार 'रानीको पहचानकर बंदरने अपनी करनीपर पश्चात्ताप किया' यहींपर कथा समाप्त हो जाती है।[1] इस परिवर्द्धनसे कथाके इस आशयमें कोई अंतर नहीं आता कि उपलब्ध सुखको छोड़ कर जो कोई भविष्यमें अधिक सुखकी आशा करता है, वह दोनोंसे वंचित होता है।

ब्रह्म जिनदास एवं राजमल्ल कृत चरितमें यही कथानक वीरकी अपेक्षा कुछ अंतरसे वर्णित है पर्वतसे गिरकर विद्याधर बननेके उपरांत उस पूर्व वानरको एक मुनिके दर्शन हुए। उनसे विद्याधरने अपना पूर्वभव पूछा। मुनिने कैलास पर्वतसे गिरनेका वृत्तांत उसे कह सुनाया। उसे सुनकर विद्याधरसे देव बननेकी इच्छासे वह पुनः पर्वतसे कूद पड़ा, और मरकर वापिस लाल मुँहवाला बंदर हो गया। कवि वीर-द्वारा वर्णित इस कथानकमें कुछ अस्पष्टता और संदिग्धता है, जब कि ब्रह्म जिनदास व राजमल्ल-द्वारा वर्णित कथा बिलकुल स्पष्ट है। इसमें किसी अन्य विद्याधर युगलका प्रवेश नहीं है। एक ही वानरके साथ सारी घटनाएँ हुई हैं। कथाके आशयकी दृष्टिसे भी यह कथानक किसी प्राचीनतर कथाका शुद्ध रूप है; क्योंकि वानरसे विद्याधर बनकर उपलब्ध सुखोंसे संतोष नहीं हुआ, और विद्याधरसे मरकर देव बननेकी लालसासे उसने ऐसा किया, तथा पुनः बंदरका बंदर होकर रह गया।

हरिभद्रकृत समराइच्च कहाके दूसरे भवमें इस कथाका प्राचीनतर रूप उपलब्ध होता है। वहाँ मुनि धर्मघोष, रुद्रदास एवं सोना नामक पति-पत्नीके रूपमें अपने दो पूर्वभवोंकी आत्मकथा सुनाते हुए कहते हैं—सोनाके अतिशय धार्मिक आचरणके कारण, कामभोगके सुखसे वंचित होनेसे रुद्रदास बहुत क्रुद्ध हुआ और उसे घड़ेमें-से फूलकी माला निकालनेके बहाने सर्पसे कटवाकर मार डाला। रुद्रसेनने मरकर तोतेका जन्म लिया और सोनाने पर्वतपर हाथीका, जो अनेक हथिनियोंके साथ क्रीड़ापूर्वक सुखसे रहता था। तोतेने हाथीको सुखी देखा तो पूर्वजन्मका बैर स्मरण हो आया और उसने किसी प्रकार हाथीको इस सुखसे वंचित करनेका निश्चय किया। दैवयोगसे लोलारति नामक विद्याधर, मृगांक नामक विद्याधरकी बहन चंद्रलेखा, जिसपर वह अनुरक्त था; उसे चुराकर वहाँ लेकर आया और तोतेको-देखकर बोला—'मैं इस पर्वतकी गहन कंदरामें अपनी प्रियाके साथ छिप जाता हूँ। मृगांक विद्याधर मेरा पीछा कर रहा है। जब वह यहाँ आये तो तुम कुछ मत बोलना, जब चला जाये तो मुझे संकेत कर देना। मैं तुम्हारे लिए इसका कुछ प्रत्युपकार करूँगा।' तोतेने

---

१. कथाकोषमें एक स्नानवती तीर्थका उल्लेख है जिसमें पशुओंको मनुष्य बनानेकी शक्ति कही गयी है। दो बंदर जो जादूसे बना दिये गये थे; इस विषयमें बातचीत करते सुनाई पड़ते हैं।

वैसा ही किया, तथा कबाड़ीपनसे ही अपनी जीविका चलती रहेगी, ऐसा निर्णय कर उसमें-से एक भी सिक्का नहीं निकाला और घर चला गया, एवं उसी प्रकार लकड़ियाँ बेचकर कष्टपूर्वक जीवन यापन करता रहा। किसी दूसरे पर्वपर यात्री अपना धन खोजने आये तथा खोज-खोजकर सब घड़ोंमें-से अपने सब मणिरत्नोंके साथ कबाड़ीका एक रुपया भी निकालकर ले गये। दुबारा जब कबाड़ी उस गड़ी हुई संपत्तिको देखने गया तो सब घड़ोंको रीता देखकर अपना सिर पीट लिया कि हाय उन मणि-रत्नोंके साथ मेरा एक मात्र रुपया भी चला गया।[1] इसी प्रकार हमलोगोंका यह स्वामी स्वाधीन लक्ष्मीको तो भोगता नहीं और श्रेष्ठ स्वर्ग सुखको चाहता है। इसके हाथ कुछ भी नहीं लगेगा। ब्रह्म जिनदास एवं राजमल्लकी कृतियोंमें यह आख्यान शंख नामक कबाड़ीके नामसे वर्णित है। अन्य चरितोंमें यह उपलब्ध नहीं होता।

[६] इसके प्रत्युत्तरमें जंबूस्वामी बोले—'हे सुंदरी! रति सुखके लिए मैं भ्रमरके समान विनाशको प्राप्त नहीं होऊँगा। कमलगंधका लोभी मुग्ध भौंरा सूर्यास्तको भी नहीं जान पाता और रात्रिके आनेपर उसी कमलमें बंद होकर मर जाता है। इसी प्रकार विषय-सुखोंका त्याग न करके मैं अपना सर्व-नाश नहीं करूँगा।' भ्रमरका यह संक्षिप्त दृष्टांत भी अन्य चरितोंमें उपलब्ध नहीं होता।

[७] यह दृष्टांत सुनकर रूपश्रीने कहा, तुम्हारे जैसे ही आत्मगर्वसे एक सर्प स्वयंकी ही करनीसे नेवलोंके द्वारा निगल लिया गया। 'किसी समय वर्षाकालमें सात दिनों तक लगातार घनघोर वृष्टि हुई। जल-थल सब एक हो गये। सूर्य भी दिखाई नहीं दिया। बहुत घर पानीसे गल गये, बह गये। मनुष्य और पशु सभी भूखसे तड़पने लगे। ऐसे समय एक अति प्राज्ञ करकँटा पानीमें बहता हुआ किसी तरह किनारे आकर लगा और आहारकी खोजमें निकला तो भयानक काले व जीभ लपलपाते हुए सर्पके सामने जा पहुँचा। तत्क्षण उससे बचनेका उपाय सोचकर सर्पका जय-जयकार करके बोला, 'हे स्वामिश्रेष्ठ, मुझे मारकर इस क्षुद्र जंतुयोनिसे मेरा उद्धार कीजिए।' इतना कहकर दीन मुख बनाकर अश्रु बहाता हुआ रोने लगा। इस आश्चर्यजनक व्यवहारका कारण पूछनेपर उसने सर्पको बतलाया कि आप हमारे कुलप्रभु हैं। अतः आपसे खाया जाकर मैं सीधे मोक्ष प्राप्त करूँगा, यह तो मेरे द्वारा आपके जय-जयकार किये जानेका कारण है। परंतु मेरे कुटुंबमें संतानें बहुत हैं। एक मेरे न रहनेसे वे अनाथ हो जावेंगे। यह मेरे रोनेका कारण है। इसलिए हे देव! अच्छा हो कि आप चलें और मेरे सारे कुटुंबको खा डालें। 'बताओ तुम्हारा कुटुंब कहाँ है?'—सर्पके ऐसा पूछनेपर करकँटा एक पहलेसे देखे हुए नेवलोंके बिलको ओर आगे-आगे चला और सर्प पीछे-पीछे। बिलके सामने पहुँचकर करकँटा बोला, स्वामी आइए। भीतर प्रवेश करके मेरे कुटुंबका भक्षण कर लीजिए। सर्प बिलमें घुसा और वहाँ नेवलोंके समूहने उसे फाड़कर खा डाला। अधिककी इच्छा रखनेवाला सर्प दूधको तो देखता है, परंतु घातमें लगे व्यक्तिके प्रहारको नहीं देख पाता। इसी प्रकार अधिक (अनुपलब्ध) सुखोंकी इच्छा करनेवाले हमारे इस प्रियतमके उपलब्ध सुख साधन भी शिव और माधव धूर्तों-द्वारा प्रलोभित राजपुरोहितके समान लुट जायेंगे।[2]

ब्रह्म जिनदास एवं राजमल्ल कृत चरित्रमें यह आख्यान अति संक्षेपमें वर्णित है। अपने आहारकी खोजमें निकला हुआ एक करकँटा एक काले साँपके सामने आ पड़ा और उसे देखते ही अपने पहले देखे एक नकुल-बिवरका स्मरण करके दौड़कर सैंकड़ों छिद्रोंवाले उस बिवरमें घुस गया।[1] सर्प भी उसके पीछे-पीछे भागा और नकुलोंके महाबिलमें घुसते ही फाड़कर खा लिया गया।

---

१. यही आख्यान लोक कथा रूपमें इस प्रकार प्रचलित है—एक कबाड़ी बहुत कष्टसे रहकर प्रतिदिन कुछ बचाकर जंगलमें घड़ेमें गाड़कर रखने लगा। एक दिन उस घड़ेको खोदकर उसमें कुछ देखते हुए कबाड़ीको एक धूर्तने देख लिया और उसके जानेपर घड़ेमें-से उसकी सारी जमा-पूंजी आरामसे निकालकर ले गया। ब्रह्म जिनदासकी कृतिमें भी इस आख्यानका अंत भाग इसी प्रकार है।

२. शिव और माधव धूर्तों-द्वारा राजपुरोहितको प्रलोभित करके लूटनेका आख्यान संपादकको अभीतक कहीं नहीं मिल सका।

[८] जंबूस्वामीने कहा कि विष यदि स्वाधीन भी हो, तो भी क्या तुरंत ही उसका त्याग नहीं कर दिया जाता ? और यह कथा सुनायी—किसी रात्रिमें एक शृगाल एक नगरमें आहारार्थ प्रविष्ट हुआ। उसने मार्गमें पड़ा एक मृत बैल देखा और उसका मांस खाने लगा। इसमें वह इतना आसक्त हो गया कि खाते-खाते उसका मुँह छिल गया और सारी रात कब बीत गयी, इसका भी उसे कोई भान नहीं हुआ। प्रातःकाल होनेपर लोगोंके आवागमनके शोरसे उसे बोध हुआ। तब उसने सोचा कि अपनेको मृत दिखला देता हूँ, रात्रि आनेपर जंगलमें चला जाऊँगा। इतनेमें वहाँ लोग एकत्र हो गये और उनमें-से एकने औषधार्थ शृगालके कान व पूंछ काट लिये। फिर भी वह शांत पड़ा रहा, यह सोचकर कि पूंछ व कानके बिना भी जी लूँगा, यदि पुण्यसे आज बच जाऊँ तो। इतनेमें एक कामुकने उसके दाँतसे प्रियाका मन वशमें करनेके लिए पत्थर लेकर एक दाँत तोड़ डाला। अब शृगाल जान बचाकर भागा। परन्तु सिंहके समान बलवान् एक कुत्तेने दौड़कर उसका गला पकड़ लिया और शोर करते हुए अनेक कुत्तोंने मिलकर उस शृगालको खा लिया। इसी प्रकार जो व्यक्ति विषय-भोगोंमें अंधा बना रहता है। वह निश्चयसे विनाशको प्राप्त होता है। ब्रह्म जिनदास एवं राजमल्लकी कृतियोंमें यह कथानक संक्षेपमें वर्णित है, अन्य चरितोंमें सर्वथा नहीं।

[९] इस प्रकार कथा-प्रतिकथा होते-होते आधी रात्रि व्यतीत हो जाती है। इसी बीच विपुल धन चुरानेकी इच्छासे विद्युच्चर (वसु० हिंडीके अनुसार प्रभव अपने ५०० साथियों सहित; उ० पु० के अनुसार विद्युत्प्रभ) नामक चोर वहाँ पहुँचता है। पहले दोनोंमें कुछ दार्शनिक वाद-विवाद होता है। विद्युच्चर नाना प्रकारसे जंबूस्वामीको सांसारिक भोग भोगनेको प्रेरित करता है। जंबूस्वामी अपने पिछले चार जन्मोंका वृत्तांत सुनाते हैं। यह सुनकर विद्युच्चर कहता है कि यदि पूर्व जन्मोंके शुभकर्मोंकी परिणतिसे तुम्हें किसी प्रकार स्वर्ग सुख मिल गया, तो बार बार ऐसा होना कैसे संभव है ? इस संबंधमें एक कथा कहता हूँ, उसे सुनो—'किसी घुमक्कड़ने अपने कार्यसे भ्रष्ट तथा खस (खुजली) व्याधिसे पीड़ित एक ऊंटको अटवीमें छोड़ दिया। स्वच्छंद विचरण करनेसे ऊंट स्वस्थ और बलशाली हो गया तथा बहुत दिनोंपर कहीं उसे मधु खानेको मिला। उस मधुका सदैव स्मरण करते रहकर वह करीलकी शाखाओंको कभी चरता था और कभी नहीं भी चरता था। यही बात भोगे हुए स्वर्ग सुखोंको स्मरण करनेकी है। भला स्वर्ग और मोक्ष किस मूढ़को प्राप्त होते हैं ?

ऊँटका यह कथानक उ० पु० में कुछ भिन्न रूपमें है। एक स्वच्छंद विचरण करनेवाला ऊँट चरता हुआ कहीं पर्वतके निकट पहुँचा। वहाँकी घास किसी ऊँचे स्थानसे टपकते हुए रससे मीठी हो रही थी। ऊंटने उसे एक बार खाया, तो बस सदैव वैसी ही मीठी घास खानेके संकल्पसे मधु टपकनेकी प्रतीक्षामें अन्यत्र घास चरना छोड़कर वहीं बैठा रहा और अंतमें भूखसे तड़पकर मर गया। वसु० हिंडी और गुणपाल तथा हेमचंद्रके चरितोंमें यह कथा नहीं है।

ब्रह्म जिनदास एवं राजमल्ल कृत जंबूस्वामीचरितमें इस कथानकमें उ० पु० की अपेक्षा कुछ अंतर है—वनमें स्वच्छंद घूमते हुए एक ऊंटने एक कुएँके तटपर खड़े हुए वृक्षके पत्ते खाते समय ऊपरसे टपकता हुआ एक मधुबिंदु चख लिया। और अधिक मधु प्राप्त करनेकी इच्छासे उसने ऊँची गरदन करके शाखासे टपकते मधुको चाटनेकी चेष्टा की, और सहसा शरीरका संतुलन खो बैठनेसे कुएँमें गिरकर मर गया।

[१०] इसे सुनकर जंबूस्वामी यह कथा कहने लगे—'एक वणिकपुत्र धन कमानेकी अति तृष्णासे अकेला ही व्यापारको चला और एक अरण्यमें शीतल जलवाला एक सरोवर देखा। वहाँ उसे चोरोंने लूट लिया, और वह भयसे काँपता हुआ, जलका स्मरण करते हुए सो गया। स्वप्नमें उसने उस सरोवरको देखा और स्वप्नमें ही मानो प्रचुर जल पी लिया ऐसे संस्कारवश जाग उठा तथा अत्यंत प्याससे पीड़ित हो जिह्वासे ओसबिंदु चाटने लगा। भला इनसे कहीं उसकी प्यास बुझ सकती है ? इसी प्रकार वह व्यक्ति है जो भोगे हुए स्वर्ग सुखोंका स्मरण करता है। उसकी अभिलाषाएँ कभी नहीं मिट सकतीं। और फिर मनुष्यका यह काम-भोगों संबंधी सुख तो बहुत ही घिनौना, विवेक रहित तथा दूसरोंके लिए केवल कौतूहल उत्पन्न करनेवाला है।

वसु० हिंदीमें यह कथानक नहीं है। उ० पु०में इसके स्थानपर यह कथानक उपलब्ध होता है—'एक मनुष्य महा दाहज्वरसे पीड़ित था। उसने नदी, सरोवर, ताल आदिका प्रचुर पानी बार-बार पिया तो भी उसकी प्यास शांत नहीं हुई। तो क्या कुशाग्रपर रखे हुए क्षुद्र जलबिंदुसे उसकी प्यास बुझ जावेगी? कदापि नहीं। इसी प्रकार इस जीवने चिर कालतक स्वर्ग सुख भोगे हैं, फिर भी यह तृप्त नहीं हुआ, तो क्या हाथीके कानके समान चंचल (क्षणिक) इन वर्तमान सुखोंसे यह तृप्त हो जावेगा?

गुणपाल कृत 'जंबूचरिय'में इसके स्थानमें यह कथा उपलब्ध होती है।—'कलिंग देशमें अंबाडग ग्राममें कोयलेसे आजीविका करनेवाला एक लकड़हारा था। करवेमें पानी भरकर लकड़ी काटने जंगलमें गया। लकड़ियां काटकर उन्हें जला दिया। आगकी गर्मी, सूर्यका ताप और परिश्रमसे उसे अत्यंत तीव्र प्यास लगी। इधर करवेमें रखा हुआ जल बंदर पी गये। प्यासा ही घरको चला। पर थककर वहीं गिर पड़ा। इतनेमें थोड़ी मेघ वृष्टि हुई और ठंडी हवा चली, जिससे उसे नींद आ गयी। स्वप्नमें उसने देखा कि उसने सब सरोवरों और कुओंका जल पी लिया पर प्यास नहीं मिटी। नींद खुलनेपर प्याससे पीड़ित हो, वह एक कुएँपर गया। घासकी रस्सी बनायी और कुएँमें उतरकर उसके कीचड़युक्त जलको जीभसे चाटने लगा। भला इससे क्या उसकी प्यास बुझ जायेगी? इस कथाके पश्चात् सांसारिक वस्तुओंको आध्यात्मिक दृष्टिसे तुलना की गयी है जैसे, पुरुष-जीव, तृष्णा-भोगेच्छा आदि। हेमचंद्रने भी अपने परिशिष्ट पर्वमें इस कथाको लिया है।

[११] पुनः विद्युच्चरने कहा सुनिए—'एक वृद्ध बनिया था उसकी तरुण स्त्री थी। वह व्यभिचारिणी थी। एक बार वह ब्रह्ममुष्टि नामके एक चेटके साथ बहुत-सा द्रव्य लेकर निकल गयी। रास्तेमें उन्हें एक धूर्त मिला। धनपर दृष्टि रखकर उनके साथ उसने कपट प्रेम संबंध बढ़ाया। उन दोनोंके अनुचित संबंधको जानकर कामोत्तेजक मधुर गायन-द्वारा उस स्त्रीको मोह लिया और एक ग्रामासन्न देवालयमें पहुँचकर ब्रह्ममुष्टिसे पीछा छुड़ानेका यह उपाय किया—उसने स्त्रीसे कहा तुम ग्ररक्षकसे कह आओ कि दीर्घयात्रासे थकी हुई मैं अपने पतिके साथ अमुक देवालयमें सोऊँगी। स्त्रीने वैसा ही किया। रात्रिमें (नगरमें चोरीकी कोई दुर्घटना होनेसे) कोतवाल अपने सहायकोंके साथ देवालयमें आया। स्त्री झटपट ब्रह्ममुष्टिको शैयापर अकेले सोते हुए छोड़कर जागते हुए धूर्तकी शैय्यापर आ गयी, और धूर्त उस कोतवालसे बोला कि हमने दिनमें ही कह दिया था कि हम पति-पत्नी हैं, तीसरेको हम नहीं जानते, तुम लोग खोज लो! लोगोंने बेचारे ब्रह्ममुष्टिको पकड़ लिया, उसे बहुत मारा और बाँधकर ले गये। धूर्त उस कुलटाको साथ लेकर वहाँसे भाग निकला और एक नदीके किनारे पहुँचा। वहाँ पहुँचकर वह बोला कि नदी बड़ी अथाह और दुस्तर है, अतः पहले तुम अपने सब वस्त्राभूषण उतार कर दे दो। एक बार उन्हें उस पार रख आऊँ, वापस आकर तुम्हें साथ ले आऊँगा। स्त्रीने उसका विश्वास कर सारे वस्त्राभूषण उतारकर उसे दे दिये। धूर्त उन्हें लेकर पार उतर गया और परले पार जब शीघ्रतासे जाने लगा तो स्त्री चिल्लाकर बोली, अरे दुष्ट मुझे ठगकर और इस नग्न अवस्थामें छोड़कर कहाँ चला? धूर्तने शीघ्रतासे चलते हुए हाथ हिलाकर उत्तर दिया, अरे तूने पहले तो परिणय किये हुए श्रेष्ठ भर्तारको छोड़ा, फिर जारको भी मरवा डाला, तो अब क्या मुझे भी खाना चाहती है? मैं चला, तू यहीं रह। धूर्तके चले जानेपर जब वह असती इस दुरवस्थामें तीर पर खड़ी थी कि मांसका टुकड़ा लिये एक शृगाल वहाँ आया और उस मांसके टुकड़ेको छोड़कर जलसे बाहर स्थलपर पड़े हुए एक मच्छको पकड़नेको लपका। इतनेमें मच्छ जलमें कूद गया और उधर मांसके टुकड़ेको एक बाज झपटकर ले गया। दोनोंसे वंचित हो बड़े लज्जित और दुखी हुए इस शृगालको लक्ष्य करके उस कुलटाने व्यंग किया, रे मूर्ख शृगाल! स्वाधीन (मांसका टुकड़ा) वस्तुको छोड़कर तुझे क्या लाभ हुआ? इस व्यंग्यबाणसे विधकर शृगालने (मनुष्यकी वाणीमें) उत्तर दिया—'मैं तो अवश्य कुबुद्धि या मूर्ख हूँ, पर तेरी यह सद्बुद्धि जो मुझे सीख दे रही है, वह स्वयं तेरे लिए कहाँ दिखाई देती है? पहले तूने पतिको छोड़ा, फिर जारको मरवा डाला और अब धनसे भी गयी व धूर्तसे भी। नग्न खड़ी रहकर बोलनेमें कुछ तो लज्जा कर।' यह कथानक सुनाकर विद्युच्चर बोला—इस असती कथानकको समझो, और देवमुखोंके लिए स्वाधीन सुखोंको छोड़कर मनका दमन मत करो।

यह कथानक वसु० हिंडीमें नहीं है। उ० पु० में केवल शृगालसे संबद्ध अंश स्वतंत्र रूपसे इतना भर है कि एक शृगाल मांसका टुकड़ा मुंहमें लिये कहींसे आया, नदी तट-पर जलसे बाहर मछलीको देखा, मांसका टुकड़ा छोड़, मछलीको पकड़ने झपटा, मछली पानीमें खिसक गया। इधर मांसके टुकड़ेको बाज उठाकर ले गया, और शृगाल दोनोंसे वंचित हुआ। यहाँ असती कथानकसे इसका कोई संबंध नहीं दिखलाया गया है, परंतु अन्य चरितोंमें भिन्न-भिन्न रूपोंमें कहीं अति विस्तारसे और कहीं संक्षेपमें वर्णित है। गुणपाल कृत जंबूचरियं तथा उसका अनुसरण करनेवाले हेमचंद्रने इसे बहुत विस्तारसे दिया है और इसके साथ एक दुराचारी सुनार पुत्र या वणिक् पुत्र-वधूका बृहद् आख्यान भी जुड़ा हुआ है (देखें आगे)।

ब्रह्म जिनदास एवं राजमल्ल कृत जंबूस्वामिचरित्रमें इस कथानकसे कुछ अंतर है। वह संक्षेपमें इस प्रकार है—'एक वृद्ध बनियेकी तरुण स्त्री विटोंसे स्वेच्छासे रमण करनेको धन लेकर एक जारके साथ भाग गयी। रास्तेमें किसी दूसरे धूर्तने उसे मोह लिया और उसके साथ किसी अन्य नगरमें जाकर ठहरी। वहाँ वह तीसरे जारसे लग गयी। तब धूर्तने नगर रक्षकसे जाकर शिकायत की कि कोई जार मेरी स्त्रीके पास आता है, उसे पकड़ो तो तुम्हें कुछ सुवर्ण लाभ कराऊँगा। रात्रिमें धूर्त जागते हुए उस पुंश्चलीके साथ पड़ रहा। कुछ देर बाद वह तीसरा जार आया। स्त्री उठकर चुपचाप उसके अंकमें चली गयी। फिर कोतवाल अपने सहायकोंके साथ आया और पूछा, यहाँ कौन जार या चोर है? तीसरा जार झटसे बोला, मैं नहीं जानता आप लोग खोजें! उन्होंने धूर्तको ही पकड़ लिया, उसका कुछ कहना नहीं सुना कि उसने ही कोतवालको शामको समाचार दिया था। उसके पकड़े जानेपर तीसरा जार स्त्रीको लेकर भाग निकला।' आगेका कथानक चोरके अनुसार है। इतना अंतर है कि शृगालके ऊपर व्यंग्य करनेपर दूसरे तीरपर-से वह जार चिल्लाकर बोला यह तो पशु है, इसे हिताहितका विवेक नहीं, पर पापिनी तूने स्वयं क्या किया? अपना चरित्र तो देख···आदि, और उसे नदीके इसी तीरपर नग्न छोड़कर चलता बना।

[१२] इसका उत्तर जंबूस्वामीने यह कथानक सुनाकर दिया—'एक बनिया जहाज लेकर कहीं दूसरे तीरपर पहुँचा और एक श्रेष्ठ बहुमूल्य चिंतामणि रत्न खरीदकर जहाजसे वापिस लौट चला। आते समय उस चिंतामणि रत्नको हथेलीपर रखकर, अन्यत्र उसे बेचकर नाना प्रकारके हाथी-घोड़े आदि खरीदकर राजाके समान संपदा सहित घर लौटनेकी सुखद कल्पनाएँ करते-करते अर्द्धनिद्रित-सा हो गया. जिससे वह रत्न हथेलीसे निकलकर समुद्रके मध्यमें जा गिरा। बनिया तुरंत सचेत होकर तैरनेवालोंसे चिल्लाया, अरे! अरे! जहाज रोको! चिंतामणि रत्न समुद्रमें गिर गया है, उसे ढूँढ़कर मुझे लाकर दो. भला वह रत्न क्या उस बनियेको पुनः मिल सकेगा? उसी प्रकार यह मनुष्य जन्म चिंतामणि रत्नके समान है। रति सुखकी निद्रामें पड़कर संसार समुद्रमें खोकर, मैं इसे फिर कैसे पाऊँगा?' वसुदेव हिंडी, गुणपाल कृत जंबूचरियं तथा हेमचंद्रके परिशिष्ट पर्वमें यह आख्यान नहीं है। उ० पु० में इसके स्थानपर यह कथानक है—'कोई मूर्ख पथिक कहीं जा रहा था। रास्तेमें किसी चौराहेपर उसे महा देदीप्यमान रत्नोंकी राशि मिली। वह चाहता तो सरलतासे उसे ले सकता था। परंतु तब उसे न लेकर पथिक आगे चला गया। फिर कुछ समय बाद मनमें विचार आनेपर उस रत्नराशिको लेनेकी इच्छासे वापिस लौटकर पुनः उस चौराहेपर आया, तो क्या वह उस रत्नराशिको पा सकेगा? नहीं! इसी प्रकार जो मनुष्य इस संसार रूपी समुद्रमें गुण रूपी मणियोंको पाकर भी उन्हें एक बार स्वीकार नहीं करता, वह पीछे उन्हें फिर कभी नहीं पा सकेगा।' यहाँ कथानकका आशय मनुष्य जन्ममें प्राप्य तप, संयम, साधनादि गुणोंसे है, जिन्हें मनुष्य जन्मके सिवाय अन्य किसी गतिमें, किसी शरीरमें पाया नहीं जा सकता।

[१३] जंबूस्वामीके यह कथानक कहनेके उपरांत विष्णुश्वरने एक शृगाल संबंधी कथानक सुनाया—'विंध्य क्षेत्रमें एक धनुषधारी प्रचंड भील रहता था। एक दिन उसने बाणके आघातसे एक हाथीको मार डाला। इधर उसे सर्पने डस लिया। उस सर्पको उसने वहीं धनुषके प्रहारसे मार डाला और स्वयं भी विषके प्रभावसे गिरकर मर गया। दैवयोगसे ये सब, मृत हाथी, भील और सर्प तथा धनुष एक

घूमते हुए शृगालकी दृष्टिमें पड़ गये। उसने सोचा यह हाथी छः मास, मनुष्य एक मास और सर्प मेरा एक दिनका; भोजन होगा। अच्छा हो इन सबको अभी रहने दूँ। आज तो अपनी क्षुधा इस धनुषकी सूखी तांतको खाकर मिटा लेता हूँ। ऐसा सोचकर उस तांतको काटने लगा। उसे कुतरनेसे धनुषमें बँधी हुई गाँठ टूट गयी और उसके एक सिरेसे उसका तालू और कपाल फूट गया, तथा वह शृगाल वहीं ढेर हो गया। अत्यधिक लोभ करनेवाला शृगाल जिस प्रकार विनष्ट हुआ, उसी प्रकार वर्तमान उपलब्ध सुखोंको छोड़कर भविष्यत् शिव (मोक्ष) स्वर्ग सुखकी आशामें तुम भी यूँ ही विनष्ट होवोगे।'

यह आख्यान गुणपाल और हेमचंद्रके चरितोंमें नहीं है। उ० पु० में इसी प्रकार तथा वसु० हिंडीमें नीलयशा नामक चतुर्थ लंभकमें कुछ परिवर्तित रूपमें है—'भीलने एक ही बाणसे हाथीको मार गिराया और हाथी दाँत तथा गजमुक्ता निकालनेके लिए एक फरसा लेकर उसपर प्रहार करने लगा। हाथीके गिरते समय एक बड़ा सर्प उसके नीचे दब गया और उसने भीलको डस लिया, भील भी मर गया और सर्प भी।' शेष कथा पूर्ववत् है। ब्रह्म जिनदासकी रचनामें यह वीरके अनुसार ही वर्णित है।

[१४] इस कथाके प्रत्युत्तरमें जंबूस्वामीने लकड़हारेका कथानक सुनाया—'एक दिन एक लकड़हारा कुल्हाड़ी लेकर वनमें गया। लकड़ी काट, गट्ठा बाँध, उसे सिरपर रखकर चल दिया। मध्याह्न कालमें तीक्ष्ण रवि किरणोंसे तप्त होकर, भार डालकर एक वृक्षके नीचे पड़कर सो रहा। स्वप्नमें उसने राजलीला-विलास देखा। मानो वह राजा है। सुंदर कामिनियोंके साथ काम-क्रीड़ा कर रहा है। सिंहासनपर बैठा है और उसपर चमर डुलाये जा रहे हैं। हाथी, घोड़े, योद्धा आदि सभी सामग्री है और राजद्वारपर प्रतिहार पहरा दे रहा है, आदि। इतनेमें क्षुधासे पीड़ित उसकी क्रुद्ध पत्नीने आकर उसे जगा दिया। उसके कठोर वचनोंको सहन न कर, लकड़हारेने उसे पीटकर भगा दिया और पुनः सो गया; तो अबकी बार स्वप्नमें देखा कि उसके सिरपर भार लदा है, और सारे शरीरसे मलिन दुर्गंधयुक्त पसीना बह रहा है। यह स्वप्न देखकर दुःखसे तड़फ कर वह जाग उठा। अब यदि लकड़हारेको स्वप्नमें एक बार राज्य मिल भी गया, तो वह भी बार-बार कैसे मिल सकता है? अतः यदि मैं एक बार मनुष्य जन्म खो बैठा, तो फिर नरकोंके दुःखोंसे ग्रस्त होकर पड़ा रहूँगा।'

ब्रह्म जिनदास एवं राजमल्ल कृत चरित्रमें यह आख्यान लकड़हारेकी पत्नी-द्वारा जगा दिये जानेपर समाप्त हो जाता है। वसु० हिंडी, उ० पु० और गुणपाल तथा हेमचंद्र कृत चरितोंमें यह नहीं है। परंतु संपूर्ण जैन साहित्यमें 'स्वप्नमें लकड़हारेको राज्य प्राप्ति' कहावतके रूपमें प्रसिद्ध और प्रचलित है।

[१५] जंबूस्वामीके उपर्युक्त आख्यानके उत्तर स्वरूप विद्युच्चरने यह कथा सुनायी—'एक बार नटोंका एक बड़ा दल वर्षाकालमें आजीविका हेतु नगरमें आया। रात्रिमें बोड नामक एक जरा जीर्ण नटको वृक्षोंसे संकीर्ण उद्यानके समीप अपने निवास (तंबू) की रक्षा हेतु छोड़कर, नट समूह नृत्य दिखलानेके लिए राजाके पास गया। इधर अपनी सासुसे भर्त्सना पाकर आभरणोंसे लदी हुई एक बहू उसी उद्यानमें एक वृक्षके नीचे आकर ठहरी और मरनेके उद्देश्यसे अपने गलेमें फंदा लगाया। यह देखकर वृद्ध बोडने सोचा, अरे, इसके मरनेसे मुझे यहाँ बैठे-बैठे स्वर्ण लाभ हो गया। परंतु यह मरना नहीं जानती। मैं इसे ठीकसे मरनेकी शिक्षा देता हूँ, और मरनेपर इसके आभूषणादि ले लूंगा। पूछनेपर स्त्री बोली, हे भाई! मुझे शिक्षा दो, और सुख-मृत्युसे यमपुरी भेज दो। तब नटने स्त्रीके हाथसे फंदा ले लिया और एक मुरज लाकर वृक्षके नीचे रखा। उसपर स्वयं चढ़कर उस फंदेको एक पटसे वृक्षकी शाखामें बांधकर, अपने गलेमें डाल लिया। 'हे सुंदरी! मुरजको लुढ़काकर सुदृढ़ फंदेसे सुखपूर्वक मरना चाहिए' इस प्रकार उत्साहपूर्वक उस स्त्रीको यह दिखलाते समय वेगके कारण दैव संयोगसे मुरज लुढ़क गया, फंदेकी सुदृढ़ गाँठ वृद्ध बोडके गलेमें पड़ गयी और वह तड़फड़ाता हुआ मर गया। वह स्त्री बोडको इस तरह मरता हुआ देखकर, लज्जा और भयपूर्वक वहाँसे भाग गयी। इसी प्रकार जो व्यक्ति असिद्ध (अनुपलब्ध) कार्योंकी इच्छा करता है, और उसका परिणाम न जानते हुए इस बोडका अनुसरण करता है, वह स्वयंकी ही दुर्बुद्धिसे सुख त्याग कर मृत्युको प्राप्त होता है।'

वसु० हिंदी और गुणपाल तथा हेमचंद्रके चरितोंमें उपर्युक्त आख्यान नहीं है। उ० पु० में किंचित् परिवर्तित संक्षिप्त रूपमें है—'एक वधू सासकी भर्त्सना पाकर एक उद्यानमें वृक्षके निकट आयी और मरनेके लिए गलेमें फंदा लगाया। इतनेमें स्वर्णकारक नामका एक मृदंगवादक वहाँ आ पहुँचा और स्त्रीका अभिप्राय जानकर सुवर्णलाभके लोभसे उसे मरनेकी रीति दिखलाने लगा।' आगे कथा पूर्वोक्त प्रकार है।

ब्रह्म जिनदास एवं राजमल्ल कृत जंबूस्वामीचरित्रमें यह कथानक बिलकुल भिन्न रूपमें है—'एक कुशल नटने अनेक नर्तकियोंके साथ राजभवनमें नृत्यादिका सुंदर प्रदर्शन किया। उससे राजा बहुत प्रसन्न हुआ और उसके दलको प्रचुर सुवर्ण-वस्त्राभूषणादि बहुमूल्य पुरस्कार प्रदान किये। थके हुए ये सब लोग रात्रिमें वहीं सो गये। नट जागता रह गया। सबको सोते देख नटको लोभ आ गया। सोचा, 'सब सोये हैं, मैं यह सब प्राप्त धन लेकर यहाँसे चंपत हो जाऊँ।' यह सोचकर सब धनकी गठरी बाँधकर वह जैसे ही चला, जागती हुई नर्तकियोंने उसे वहीं पकड़ लिया और प्रातःकाल राजाके सामने उपस्थित किया। राजाने उसे चोरीका उचित दंड दिया। इस प्रकार अतिशय लोभके कारण जो उचित पुरस्कारांश था वह भी खोया और उलटे दंडका भागी बना। वीर कृत कथानकका आशय भी ऐसा ही है। विद्युच्चरका तात्पर्य यह है कि, 'हे जंबूस्वामी, शिव सुखकी उपलब्धिके लिए इतने अधीर मत होओ। कुछ दिन उपलब्ध अनुपम सुंदरी स्त्रियों और अन्य भोगोंको स्वेच्छासे भोगो फिर मोक्ष प्राप्तिके लिए साधना करना। अत्यधिक उतावलापन करनेमें दोनों ही प्रकारके सुखोंसे वंचित होनेकी संभावना अधिक है। हो सकता है सहसा इन सुखोंको त्याग कर पीछे पश्चात्ताप हो। तब न इस लोकके रहोगे न परलोकके।'

[१६] इसके प्रत्युत्तरमें जंबूस्वामीने अपने निश्चयकी दृढ़ता और विवेकशीलता व्यक्त करनेके हेतुसे चंग नामक सुनार पुत्र (अन्यत्र ललितांग, कहीं सुनार पुत्र, कहीं श्रेष्ठि पुत्र)का आख्यान सुनाया, जो इस कथा-प्रतिकथाओंकी इस शृंखलामें सबसे अंतिम है। बनारसका लोकपाल नामक राजा शत्रुको जीतनेके लिए देशांतरको गया। युद्धमें पाँच वर्ष लग गये। पीछे उसकी विभ्रमा नामक महादेवी पुरुष संयोगके बिना कामपीड़ासे व्याकुल हो उठी। एक बार अपने राजप्रासादकी छतसे उसने चंग नामक अति सुंदर, युवा एवं हृष्ट-पुष्ट सुनार पुत्रको देखकर दासीसे कहा कि किसी प्रकार इस युवकसे मिला और मेरा काम-दाह शांत कर! दासी गयी और चतुराईसे उस सुनार पुत्रको बुला लायी। आनेपर दोनोंने दृष्टिसे एक दूसरेको पहचाना और कामराग-भरी महादेवीने उसे अपनी शैय्यापर बैठाया। उसी समय विजयी होकर राजा समस्त सैन्य साधन, परिजन, परिवारके साथ लौट आया। रानीने चंगको पीछेके कोठेमें छिपा दिया। परंतु किसी कारण उसी कोठेमें राजाके आगमनका समाचार जानकर भयसे उतावली रानीने चंगको पुरीष कूपमें डाल दिया। उसीमें प्राण टिकने-भरको आहार पहुँचाती रही। चंग छह मास तक कूपमें पड़ा रहा। उसका सारा शरीर दुर्गंध पूर्ण और पांडुरवर्ण हो गया। पुरीष कूपके बहुत सड़ जानेपर कर्मकरोंने जलसे कूपका शोधन किया, भूमिस्थ द्वारसे मलयुक्त गंदे पानीके साथ चंग भी बहकर निकल गया, और गंगाके प्रवाहमें जाकर गिरा। गंगाके तीरपर लोगोंने उसे पहचाना और पूछा कि तेरा शरीर दुर्गंधयुक्त और पांडुर-वर्ण क्यों हो गया? चतुर चंगने उत्तर दिया कि मुझे रूपासक्त नाग सुंदरियाँ पाताल स्वर्गमें ले गयीं और वहाँ एक दिन मुझे घरका स्मरण करते हुए जानकर रोषसे कुरूप करके छोड़ दिया। घर आकर जलसेचन और दिव्य सुरभित द्रव्य तथा तैलोंके प्रयोगसे बहुत दिनोंमें चंग पुनः पूर्ववत् स्वस्थ, सुंदर हो गया। किसी समय राजा पुनः बाहर गया। रानीको पुनः पुरुष विरह उत्पन्न हुआ, उसने चंगको पुनः बुलवाया, पर वह नहीं गया, और दासीसे बोला—"सौंदर्यका जो फल मैंने भोगा उसके कारण शरीरकी दुर्गंध अब तक शांत नहीं हुई। पुण्यसे एक बार संकटसे छूट गया तो क्या कोई बार-बार उस संकटमें पड़ने जाता है?" इसी प्रकार हे मामा! तिर्यंच और नरक गतियोंका अनुभव करके यदि किसी प्रकार मुझे मनुष्यत्व प्राप्त हो गया, तो अब मैं लेश मात्र रति सुखके वशीभूत होकर पुनः नरक गतिमें पड़ने नहीं जाऊँगा।'

यह आख्यान कुछ अंतरसे सभी चरितोंमें उपलब्ध है। वसु० हिंदीमें संक्षेपमें यह कथा इस प्रकार है—'वसंतपुरके शतायुध नामक राजाकी ललिता नामक रानी एक दिन छज्जेपर खड़ी थी। तब उसने राज-

मार्गसे जाते हुए श्रेष्ठि पुत्र ललितांगको देखा और उसपर मुग्ध हो गयी तथा अपनी चतुर दासीके हाथ उसके पास प्रेमपत्र पहुँचाया। पूर्णिमाका दिन आनेपर रानीकी अस्वस्थताका बहाना करके चतुरदासी वैद्यके रूपमें ललितांगको रानीके भवनमें ले गयी। इस प्रकार दोनों निःशंक रति सुख भोगने लगे। अंतःपुरके वृद्ध रक्षकों-को इसका पता चल गया। उन्होंने राजाको सूचना दी और राजाने ललितांगको पकड़नेके आदेश दे दिये। तब रानीने भयभीत होकर ललितांगको पुरीष कूपमें डाल दिया। आगेकी कथा लगभग पूर्वोक्त प्रकार है।

गुणपाल कृत जंबूचरियमें इतना अंतर है कि 'कौमुदी महोत्सव आनेपर राजाने रानीसे उद्यान-क्रीड़ा हेतु चलनेको कहा। रानी शिरोवेदनाका बहाना करके नहीं गयी। राजाके जानेपर एकांत पाकर चतुर धायने ललितांगको अंतःपुरमें प्रवेश करा दिया। इधर अकेले होने व रानीकी शिरोवेदनाकी चिंतासे राजाका मन उद्यान-क्रीड़ामें नहीं लगा और वह शीघ्र लौट आया। भयभीत रानीने ललितांगको पुरीष कूपमें डाल दिया।' आगे कथा पूर्वोक्त प्रकार है और अंतमें यह कि ललितांगके साथ बार-बार ऐसा हुआ, तथापि वह सचेत नहीं हुआ।

हेमचंद्रके चरितमें इतना अल्प अंतर है कि कौमुदी उत्सवके समय राजा शिकारपर गया, पीछे यक्ष मूर्तिके बहाने धायने ललितांगको अंतःपुरमें प्रवेश करा दिया तथा दोनोंने अपनी कामवासना पूर्ण की। रक्षकोंको संदेह हो गया कि यक्ष मूर्तिके रूपमें पर-पुरुषको प्रवेश कराया गया है। राजाको इसकी सूचना दी गयी। शेष वसु० हिंडीके समान।

उपर्युक्त चारों ग्रंथोंमें इसका धार्मिक प्रतीकार्थ यह निकाला गया है कि ललितांग जीव है, रानी विषय भोगोंका प्रतीक है और पुरीष कूप गर्भवासका; तथा अंधद्वारसे निष्क्रमण माताके गर्भद्वारसे निकलनेके समान है, आदि।

उ० पु० में कथा बहुत संक्षेपमें है—एक राजाकी रानी ललितांग नामक धूर्तपर मुग्ध हो गयी और चतुराईसे दासी-द्वारा उसे अंतःपुरमें बुलवा लिया, तथा यथेच्छ रमण किया। राजाको इसका पता लग गया। भयसे रानीने ललितांगको शौचालयमें छिपा दिया और वहीं दुर्गंधसे दम घुटकर उसकी मृत्यु हो गयी।

हरिभद्रकृत 'समराइच्चकहा'के नौवें भवमें प्रद्युम्न राजाकी रति नामक रानी तथा शुभंकर कुमारकी परस्पर आसक्तिकी कथा भी गुणपालके आख्यानके समान है और वही कथानक गुणपालकी रचनाका आधार है। राजमल्लने लगभग वीर कृत 'जंबूसामिचरिउ'का ही अनुकरण किया है, केवल इतने अंतरसे कि राजा शिकारको गया था, युद्धके लिए नहीं। यहाँ एक ध्यान देने योग्य बात यह है कि वसु० हिंडी, उ० पु० तथा हेमचंद्र वर्णित कथानकमें रानी और ललितांगका मिलन होता है और वे अपनी वासना पूर्ति करते हैं। परंतु वीर कवि तथा हरिभद्र और गुणपालके अनुसार चंग या ललितांग अंतःपुरमें पहुँचा ही था, कि राजा आ गया अथवा रक्षकोंको खबर लग गयी और बस! ललितांग गूथ कूपमें फेंक दिया गया। उनकी काम-वासना अतृप्त ही रही। ऐसा कहनेमें तीनों ग्रंथकारोंका आशय यह रहा है कि संसारमें जीव चाहे कितने ही भोग भोगे तथापि उसकी भोगवासना सदैव अतृप्त ही रहती है।

अन्य अंतर्कथाएँ

जं० सा० च० की उपर्युक्त अंतर्कथाओंके अतिरिक्त वसु० हिंडी, जंबूचरियं (प्राकृत) परि० पर्व तथा ब्र० जिन० एवं पं० राज० कृत जंबूस्वामीचरित्रोंमें निम्नलिखित अंतर्कथाएँ और भी उपलब्ध होती हैं। लोककथा-तत्त्वों, एवं मूलकथाको रोचक बनाने, तथा उसे गति प्रदान करने आदिकी दृष्टिसे ये कथाएँ भी महत्त्वपूर्ण हैं। उन्हें गुणपाल कृत जंबूचरियके कथा-क्रमानुसार यहाँ दिया जा रहा है।

[१] राजर्षि प्रसन्नचंद्र एवं वल्कलचीरी

भ० महावीर अपने संघसहित राजगृहके निकट पधारे। लोग उनके दर्शनोंको गये। राजा श्रेणिकके दो सिपाहियोंने भगवान्‌के दर्शनोंको जाते हुए रास्तेमें मुनि प्रसन्नचंद्रको खड़े होकर ध्यान करते देखा। उन्हें

देख उनमें-से एक बोला—इसकी तपस्याका कोई लाभ नहीं। यह राजा दीक्षा लेते समय अपनी रानियों और बालक राजकुमारको मंत्रियोंके भरोसे छोड़ आया है। वे राजकुमारका वध कर देना चाहते हैं। इस प्रकार इसकी प्रव्रज्या इसके कुल नाशका कारण होगी। इतना कहकर वे चले गये। इधर यह सब सुनकर मुनिको बड़ा विक्षोभ उत्पन्न हुआ। वे मनसे ही मंत्रियोंसे युद्ध करने लगे और उनके मुख-मंडलपर तीव्र गतिसे विविध-भावोंका उतार-चढ़ाव प्रकट होने लगा। पीछेसे भगवान्‌के दर्शनोंको आते राजा श्रेणिकने मुनिको इस अवस्थामें देखा और समवशरणमें पहुँचकर भगवान्‌से उनके संबंधमें प्रश्न किया। भगवान्‌ने मुनिका पूर्ण वृत्तांत इस प्रकार सुनाया—

'पोतनपुरका राजा सोमचंद्र शिरके श्वेत बालका निमित्त पाकर अपने पुत्र प्रसन्नचंद्रको राज्य दे दीक्षित हो गया। गर्भवती रानी धारिणीने भी पतिका अनुगमन किया। समयपर वनमें ही धारिणीने पुत्रको जन्म दिया, और स्वयं सूतिका रोगसे चल बसी। पिता सोमचंद्र साधु अब स्वयं पुत्रका पालन करने लगे और उसका नाम बल्कलचारी रखा। उधर नगरीमें राजा प्रसन्नचंद्रको किसी प्रकार अपने भाईके जन्म लेने आदिके समाचार मिले। उसने बड़ी युक्तिपूर्वक (देखें : परि० पर्व) पिता सोमचंद्रको पता लगे बिना ही बल्कलचारीको अपने पास बुलवाकर उसका विवाहादि करा दिया। इधर सोमचंद्र साधु होनेपर भी पुत्रके मोहवश पुत्र वियोगमें रोते-रोते अंधा हो गया। एक बार दोनों भाई पितासे मिलने वनमें आये। पुत्रमिलनके आनंदाश्रुओंसे सोमचंद्रको पुनः दृष्टि प्राप्त हो गयी। पिताकी कुटीमें अपने चीरसे उनके पात्रोंको साफ़ करते-करते बल्कलचारी ध्यानमें लीन हो गया कि कभी मैं भी इसी अवस्थामें (साधु) था, उसी अवस्थामें चिंतन करते-करते उसे वहीं पूर्व जन्मका स्मरण हो आया। एकाग्रतासे ध्यानमें ऊँचे और ऊँचे चढ़ते हुए बल्कलचारीको वहीं केवलज्ञान प्राप्त हो गया, तथा वे प्रत्येकबुद्ध हो गये। पिताको भ० महावीरको सौंप वे प्रत्येकबुद्ध अन्यत्र विहार कर गये। प्रसन्नचंद्रको भी इस घटनासे वैराग्य हो गया, और घर आकर बालक राजकुमार तथा रानियोंको मंत्रियोंकी देख-रेखमें छोड़ वह दीक्षित हो गया। भ० महावीरके यह कथा कहते-कहते मुनि प्रसन्नचंद्रको भी इसी बीच आत्मचेतना जाग्रत हुई। उनके विचार बदले। उन्होंने तीव्र पश्चात्ताप किया, और उसी समय ध्यान बलसे ऊपर चढ़ते-चढ़ते उन्हें केवलज्ञान उत्पन्न हो गया।

यह कथा जंबूचरियंके अतिरिक्त वसु० हिंडी, उ० पु० (संक्षिप्त) तथा परि० पर्वमें भी प्राप्त होती है।

इसी प्रसंगमें अंतिम केवली कौन होगा, यह पूछनेपर भगवान् ने विद्युन्माली देवका नाम लिया और जंबूस्वामीके भवदेव नामक प्रथम भवसे कथा प्रारंभ की।

[२] भोग-वासनाग्रस्त ब्राह्मण-पुत्र

भवदेवके दीक्षोपरांत भोगकी इच्छासे पुनः नागिलासे मिलने आनेपर नागिला (जं० सा० च० नागवसू) ने उसे प्रतिबोध देनेके लिए कथा सुनायी।

नागिला : रे भवदेव, साधुत्वको छोड़कर तू वासना-ग्रस्त ब्राह्मण-पुत्रके समान पशु होकर दुःख पावेगा।

भवदेव : कौन-सा ब्राह्मण-पुत्र ?

नागिला : सुन ! मैं तुझसे कहती हूँ—'लाटदेशके भरुकच्छ नगरमें रेवाविल्य नामक अति दरिद्र ब्राह्मण हुआ। उसकी अत्यंत विकृत व कुरूपाकृति तथा स्वभावसे महादुष्ट यथा नाम तथा गुण आपदा नामक पत्नी थी। उसे पाँच लड़कियाँ हुईं और एक सबसे छोटा लड़का। महान् कष्टमय जीवन व्यतीत करते-करते आपदा तो कुछ काल बाद मर गयी, और ब्राह्मण अत्यंत दुःखी व किंकर्तव्यविमूढ़ होकर लड़कियोंको ब्राह्मण लड़कोंके हाथोंमें सौंप पुत्र सहित घरसे निकल गया। तीर्थाटनमें साधुओंके सत्संगसे वे दोनों साधु बन गये। पुत्र साधु जीवनके कष्टोंको सह नहीं सका, अतः संघसे निकाल दिया गया और गृहकार्योंमें प्रवृत्त हो गया। ग्वालोंके साथ पशु चराने, लोगोंका लकड़ी, पानी, भूसा आदि ढोनेका श्रम करके भी कठिनाईसे वह उदरपूर्ति कर पाता, फिर भी घरमें स्त्री लानेकी तीव्र इच्छा रखता। इस प्रकार महान् कष्टमय जीवन व्यतीत करते हुए अतृप्त भोगवासनाओंसे पीड़ित वह ब्राह्मण पुत्र एक बार सर्प-काट लेनेसे मरकर एक

महिषके रूपमें जन्मा और उस जातिमें भी वध-बंधन आदि सहता हुआ असह्य भार ढोने लगा (उसके पिताने, जो संन्यासपूर्वक मरकर देव हुआ था, स्वर्गसे आकर उसे बोध दिया)। इसी प्रकार तू भी भोग-वासनाके वशीभूत हो दुर्गतिको प्राप्त होगा।'

[३] वमन-भक्षणेच्छुक ब्राह्मण-पुत्र

इसी बीच नागिलाके सासकी ब्राह्मणीका पुत्र वहाँ आ गया और माँसे बोला—'माँ एक थाली लाओ, मैं बहुत स्वादिष्ट दूध-पाक जीमकर आया हूँ, उसका वमन करूँगा। उसे तू संभालकर रख लेना, जब मुझे पुनः भूख लगेगी तो मैं उसे खाऊँगा। अभी मुझे दूसरे घर जीमने जाना है।' उसका यह कथन सुनकर माँने उसे धिक्कारा—'छिः बेटा! वमन करके भी कहीं पुनः खाया जाता है?' भवदेवसे भी न रहा गया और उसने भी ब्राह्मण-पुत्रका बड़ा धिक्कार किया। यह सुनकर नागिलाने कहा—रे भवदेव! दूसरेको क्या धिक्कारता है, तू अपनी ओर तो देख! तू भी अपने वमन (त्यक्त) किये हुए (विषय भोगों) को फिरसे खाने (भोगने) की इच्छा कर रहा है! नागिलाके इस कथनसे भवदेवको सच्चा बोध हो गया।

यह कथा जंबूचरियंके अतिरिक्त वसु० हिंडी और परि० पर्वमें भी मिलती है।

इस स्थल-पर गुणभद्र कृत उ० पु० में निम्नरीतिसे तीन कथाएँ कही गयी हैं जो अन्यत्र नहीं मिलतीं।

[४] दासी-पुत्र

दीक्षाके बारह वर्ष पश्चात् गाँवमें आने-पर मुनि भवदेवकी भेंट सुव्रता नामक गणिनी (साध्वियोंके संघकी अध्यक्षा) से हुई। भवदेवने गणिनीसे अपनी स्त्री नागश्री (जं० सा० च० नागवसू) के संबंधमें पूछा! गणिनी उसका अभिप्राय समझ गयी, और उसे संयममें स्थिर करनेके आशयसे 'मैं नागश्रीके संबंधमें अच्छी तरह नहीं जानती', ऐसा उत्तर देकर, अपने साथकी दूसरी आर्यिकाको निम्नलिखित कथा सुनाने लगी—'एक सर्व समृद्ध नामक वैश्य था। उसका दारुक नामका सरल-हृदय दासी-पुत्र था। एक दिन दासीने सेठका जूठा स्वादिष्ट भोजन जबर्दस्ती अपने पुत्रको खिला दिया। वह खा तो गया, पर ग्लानिके कारण उसने वह सब भोजन वमन कर दिया। उसकी माँ ने वह वमन काँसेकी थालीमें ले लिया, और भूख लगनेपर पुनः उसके सामने रख दिया। भूखसे अत्यंत पीड़ित होनेपर भी दारुकने अपना वमन नहीं खाया। तब मुनि अपने छोड़े हुए पदार्थको किस तरह चाहते हैं।

[५] राज-श्वान

इसके उपरांत सुव्रता दूसरी कथा कहने लगी—नरपाल नामक राजाने कौतुकवश एक कुत्ता पाल रखा था। राजा उसे अच्छे-अच्छे भोजन देता, सुवर्णके आभूषण पहनाता और वनविहारादिके समय उसे अपनेकी पालकीमें साथ बैठाकर ले जाता। एक दिन पालकीमें जाते समय कुत्तेकी दृष्टि अकस्मात् एक बालककी विष्टापर पड़ गयी, और उसे प्राप्त करनेकी इच्छासे वह झट उसपर कूद पड़ा। यह देख राजाने उसे डंडेसे पीटकर भगा दिया। इसी प्रकार जो मुनि पहले सबके पूजनीय होते हैं, वे ही छोड़ी हुई वस्तुकी इच्छा कर फिर अनादरके पात्र बन जाते हैं।

[६] दुर्बुद्धि पथिक

इसके बाद सुव्रता यह कथा कहने लगी—'एक पथिक वनमें-से सुगंधित फल-पुष्प तोड़कर लानेकी इच्छासे चला, परंतु सुमार्ग छोड़कर महा संकीर्ण वनमें जा पहुँचा। वहाँ उसने उसे मारनेकी इच्छासे सामने आता-हुआ एक व्याघ्र देखा। उसके भयसे भागते-भागते वह दुर्बुद्धि पथिक एक भयंकर कुएँमें जा पड़ा। वहाँ उसे वात-पित्तादि सब दोष उत्पन्न हो गये, और सब इंद्रियाँ जड़ीभूत होने लगीं! सर्पादि का भय भी वहाँ था, और कुएँमें-से निकलनेका कोई उपाय भी उसे ज्ञात नहीं था। पुण्यसे एक सद्वैद्य वहाँसे आ निकला, और दयार्द्र होकर उसे ठीक प्रकारसे कुएँसे बाहर निकलवाया। औषधोपचारके द्वारा उसके सब रोग नष्ट कर दिये। उसकी सब इंद्रियाँ पूर्ववत् क्रियाशील हो गयीं। तब वैद्यने उसे सुरम्य नगर (मोक्ष) की

और रवाना कर दिया। कुछ काल बाद वह पथिक पुनः विषयोंमें आसक्त हो गया, और दिशा भ्रांत होकर पुनः उसी कुएँमें जा गिरा। इस कथामें पथिक मिथ्यादृष्टि जीव है, वैद्य सद्गुरु है, कुआँ संसार-कूप है, व्याधियाँ सांसारिक आधि-व्याधि दुःख, रोग, शोक हैं। सद्गुरु रूपी वैद्य जीवोंके सम्यग्दृष्टि रूपी नेत्रों एवं सम्यक् ज्ञान रूपी कानोंको खोल सम्यग्चारित्र प्रदान कर मोक्ष रूपी सर्वरमणीय नगरकी ओर जीवोंको रवाना करते हैं। सद्बुद्धि पुण्यवान् जीव एक बार उस मार्गको प्राप्त कर फिर मुक्ति प्राप्त किये बिना उसे नहीं छोड़ते। पर दुर्बुद्धि मंदपुण्य अभागे पुरुष बार-बार सत्संयोग पाकर भी विषयोंमें अंधे और मूढ़ बने रहकर उस मार्गसे फिर-फिरकर लौट आते हैं। गणिनीकी ये सब बातें सुनकर भवदेवको सच्चा वैराग्य हो गया।

तीसरे भवमें शिवकुमार कनकवतीका प्रेमाख्यान बहुत बड़ा है, और मूल कथासे उसका कोई वास्तविक संबंध नहीं। अतः उसे यहाँ नहीं दिया जाता। यहाँसे हम विद्युन्मालीके रूपमें देवायु पूर्ण करके जंबूस्वामीके जन्म और १६ वर्षकी आयुमें सुधर्मस्वामीके दर्शन-धर्मोपदेशके उपरांत जंबूस्वामीको वैराग्य होनेसे आगेकी कथाओंपर आते हैं। जंबूस्वामी आर्य सुधर्माका उपदेश सुनकर घर आये, और उनमें तथा उनके माता-पितामें इस प्रकार वार्तालाप होने लगा—

[७] इभ्यपुत्र

जंबू—माँ सुधर्मस्वामीके दर्शन और धर्मोपदेशसे मुझे अपने चार पूर्वजन्मों (भवदेव, देव, शिवकुमार, विद्युन्मालीदेव) का स्मरण हुआ है। इससे मैं संसारसे पूर्णतः विरक्त हो गया हूँ और मुनि दीक्षा-लेना चाहता हूँ। आप मुझे दीक्षा लेनेकी अनुमति दें।

माँ—धर्मोपदेश तो हमने भी अनेक बार सुना है, पर तेरे जैसा निश्चय तो कभी नहीं हुआ!

जंबू—माँ किसीको अनेक बार सुनकर भी धर्मबोध और श्रद्धा नहीं होती, और किसीको एक बार सुनकर ही हो जाती है। इस संबंधमें मैं तुम्हें एक दृष्टांत सुनाता हूँ, उसे ध्यानसे सुनो—

'वसंतपुरमें लावण्यवती नामकी एक अति रूपवान और धनवान् गणिका रहती थी। अनेक समृद्धिशाली राजपुत्र उसके पास भोग करनेको आते थे। कुछ काल ठहरकर जब वे जाने लगते तो लावण्यवती अपनेको स्मरण रखनेके लिए उन राजपुत्रोंको उनके मना करनेपर भी अपने बहुमूल्य कड़े-कुंडलादि आभूषण भेंट किया करती थी। एक बार रत्नोंका पारखी एक चतुर वणिक् पुत्र उसके पास आया। लावण्यवतीके पाँच अमूल्यरत्नोंसे जटित पाद-पीठको, कोई पहचान न सके इस हेतुसे, अन्य गणिकाओं-द्वारा अनादरपूर्वक यहाँ-वहाँ फेंके जाते देख उस रत्न-पारखी वणिक् पुत्रने तुरंत पहचान लिया। कुछ दिन वहाँ रहकर जब उसने घर जानेकी इच्छा प्रकट की तो लावण्यवतीने उससे भी अपनी स्मृतिकी रक्षाके लिए कोई वस्तु ले लेनेका आग्रह किया। उसने उत्तर दिया, 'यदि कुछ लेना ही है तो तुम्हारे निरंतर चरणस्पर्शसे सौभाग्यशाली यह पादपीठ ही मुझे मिले।' लावण्यवतीने उसे बहकानेका बहुतेरा प्रयास किया, पर वह अपने आग्रहपर अटल रहा। तब लावण्यवतीने उसके रत्नपरीक्षाके कौशलपर मुग्ध होकर अपना वह महार्घ्य पादपीठ उस वणिक् पुत्रको अर्पित कर दिया। हे माँ! यही बात धर्म श्रवणके संबंधमें है। इस दृष्टांतमें गणिका धर्मश्रुतिका प्रतीक है, राजपुत्र श्रोता, कड़े-कुंडलादि आभूषण धार्मिक अणुव्रत, पादपीठ सम्यग्दर्शन, पंचरत्न पाँच महाव्रत, और वणिक्पुत्र सम्यग्ज्ञानका प्रतीक है। साधारण श्रोता छोटे-छोटे व्रतोंको लेकर संतुष्ट हो जाते हैं, और सम्यग्ज्ञानी पुरुष सम्यग्दृष्टि ग्रहण कर पंच-महाव्रतोंको धारण करके मोक्षको अपना लक्ष्य बनाता है। अतः आप मुझे दीक्षा लेनेकी अनुमति दें।'

यह कथा जंबूचरियंके अतिरिक्त केवल वसु० हिंडीमें मिलती है।

[८] पाँच मित्र

माता-पिता—जब पुनः सुधर्म गणधर आवें तब तुम चले जाना!

जंबू—इस संबंधमें आपलोग एक पुरानी कथा सुनें—'कंचनपुर नामके प्रसिद्ध नगरमें पाँच मित्र

रहते थे ! एक बार कुंथुनाथ भगवान्‌का धर्मोपदेश सुनकर उनमें-से एकने कहा—भगवान्‌के मुखसे धर्मश्रवण करना अति दुर्लभ होता है । अतः हमलोग उनके चरणोंमें दीक्षा ले लें । दूसरेने कहा इन या किसी अन्य भगवान्‌के पुनः यहाँ आनेपर हम लोग दीक्षा लेंगे । ऐसी शंका आनेपर वे पाँचों स्वयं भगवान्‌के पास गये और उनसे भगवानोंके दर्शन तथा धर्म श्रवणको अति दुर्लभ जानकर वहीं दीक्षा ले ली । यही बात मेरे संबंधमें है ।'

यह कथा भी जंबूचरियंके अतिरिक्त केवल वसु० हिंडीमें प्राप्त होती है ।

[९] मधु-बिंदु दृष्टांत

जंबूका विवाह हो गया और वह घर आकर वधुओंके बीच निर्विकार भावसे बैठ गया । सब सो गये, जंबू जागता रहा । इतनेमें प्रभव चोर वहाँ चोरी करने आया । जंबूको जागते देख, और उसकी दीक्षा लेनेकी इच्छा जान उनमें इस प्रकार वार्तालाप हुआ (कवि वीर, ब्र० जिन० एवं पं० राज०के अनुसार यह वार्त्तालाप वधुओं और जंबूके बीच हुआ)—

प्रभव : जंबू तुम्हारा यह देव दुर्लभ अद्वितीय रूप, यौवन, अपार संपत्ति तथा ये अपूर्व-अनिंद्य सुंदरी वधुएँ, इन सबका अलभ्य मानवीय सुख भोगकर परिपक्व वय आनेपर तब तुम दीक्षा लेना ।

जंबू : हे प्रभव ! यह समस्त सांसारिक सुख तुच्छ मधु-बिंदुके आस्वादके समान है ! सो कैसे ? इसका दृष्टांत मुझसे सुनो—

'एक बार एक धनवान् वणिक् वाणिज्यके लिए निकला और राहमें बड़े दुर्गम वनमें फँस गया । वहाँ यमके समान एक दुर्दांत हाथी उसके पीछे लग गया । प्राण रक्षाके लिए भागता-भागता वणिक् एक वट वृक्षके प्ररोहोंको पकड़कर उसके नीचे स्थित कुएँमें लटक गया, जिसके चार कोनोंमें चार विषैले सर्प और बीचमें एक भयानक अजगर मुँह खोले पड़े थे । इधर एक श्वेत और एक काला ऐसे दो चूहे अविराम गतिसे उसी प्ररोहको काट रहे थे, जिससे वह लटका था । इतनेमें हाथी भी आ गया और क्रुद्ध होकर उखाड़नेके लिए उस वटवृक्षको झकझोर डाला । वृक्षके हिलनेसे उसपर लगा मधुमक्खियोंका छत्ता उड़ गया और उसमें-से एक-एक बूँद टपककर भाग्यसे वणिक्‌के मुखमें जाकर गिरने लगी । वणिक् उसका आस्वाद लेने लगा । वे सारी मधु-मक्खियाँ आ आकर वणिक्‌से चिपट गयीं और तीक्ष्णतासे काटने लगीं । आकाश-मार्गसे जाते एक विद्याधरने वणिक्‌को इस मारणांतिक भयावह स्थितिमें देखा और अनुकंपा पूर्वक वहाँसे उसका उद्धार करनेको तत्पर हुआ । पर उस महान् संकटमें भी वह वणिक् उन क्षुद्र मधु-बिंदुओंके स्वादको नहीं छोड़ सका । चूहोंने उसकी अवलंब—डाल काट दी । उसका प्राणांत हो गया और वह कूपमें उन भयानक सर्पोंके मुखमें जाकर गिरा । इस दृष्टांतमें वणिक् संसारी जीव है; वन संसार है, वाणिज्य सांसारिक तृष्णाएँ हैं, हाथी मृत्युका प्रतीक है ! वटवृक्ष मोक्ष है, जिसपर वह चढ़ नहीं सकता । प्ररोह आयु है और श्वेत व काले चूहे दिन और रात हैं जो अविराम गतिसे मानवीय आयुष्यको काटते रहते हैं । मधु-मक्खियाँ आधिव्याधियाँ हैं, जिनसे मनुष्य पीड़ित रहता है । वह कूप मृत्युकूप है और चार सर्प नरक, तिर्यंच, मनुष्य व देव ये चार गतियाँ तथा अजगर क्षुद्र-सूक्ष्म जीव योनि (निगोद) का प्रतीक है । इन परिस्थितियोंमें सांसारिक इंद्रिय सुख उस क्षुद्र मधु-बिंदुके आस्वादके समान है । विद्याधर सद्गुरु हैं । पर मोहांध जीव सद्गुरुका उपदेश और अवलंब पाकर भी इंद्रिय सुखोंको त्याग नहीं सकता तथा मृत्यूपरांत भयानक दुर्गतिको प्राप्त होता है ।'

यह कथा जं० सा० च० के अतिरिक्त उपर्युक्त सभी चरितोंमें पायी जाती है !

प्रभव : यदि ऐसा हो, तो भी हे जंबू ! अपने माता-पिता, बंधु-बांधव, पत्नियोंके प्रति अपने कर्त्तव्योंको पूर्ण करके तब तुम दीक्षा लेना ।

जंबू : प्रभव ! सांसारिक संबंध कितने असत्य और असार होते हैं, इस संबंधमें यह आख्यान ध्यानसे सुनो—

[१०] कुबेरदत्त-कुबेरदत्ता (अठारह नाते)

मथुराकी एक वेश्या कुबेरसेना एक बार जुड़वाँ भाई-बहनोंकी माँ बनी। उसने उनके नाम कुबेरदत्त और कुबेरदत्ता रखकर उनकी अँगुलियोंमें नामांकित मुद्रिकाएँ पहनाकर एक मंजूषामें रख उन दोनोंको जमुनामें प्रवाहित कर दिया। बहती हुई वह मंजूषा शौर्यनगरके किनारे दो वणिकोंके हाथ लगी। उनमें-से एकने पुत्रीको ले लिया, दूसरेने पुत्र। युवा होनेपर समान रूप गुणोंको देख उनका परस्पर विवाह कर दिया गया। विवाहोपरांत द्यूत-क्रीड़ामें कुबेरदत्ताने कुबेरदत्तको जीत लिया। सखियोंने कुबेरदत्तकी अँगूठी निकालकर कुबेरदत्ताकी गोदीमें डाल दी। अँगूठीको देखते ही कुबेरदत्ताको सहसा ऐसा हुआ कि हो न हो हम दोनों भाई-बहन हैं? माता-पितासे वृत्त पूछनेपर बात सत्य सिद्ध हुई। इससे कुबेरदत्ताको बड़ी विरक्ति हुई और वह जैन साध्वी बन गयी। कुबेरदत्त व्यापारादिमें लग गया। एक बार व्यापारके ही प्रसंगमें वह मथुरा पहुँचा और कुबेरसेनाके रूप गुणोंकी ख्याति सुन उससे आकृष्ट हुआ और अंततः उसीके यहाँ रहने लगा। कुबेरसेनासे उसे एक पुत्र हुआ। कुबेरदत्ता साध्वी भी घूमते-घामते मथुरा पहुँची और वहाँ भाईको माँके साथ भोग भोगते जान उसे अतिशय क्लेश हुआ। दोनोंको (माँ कुबेरसेना, भाई कुबेरदत्त) प्रतिबोध देनेकी इच्छासे वह कुबेरसेनाके ही घर जाकर ठहरी। भाई व माँ (अब पति-पत्नी) दोनोंने उसे नहीं पहचाना। उनके पास खेलते (कहीं पालनेमें झुलाते) बालकको देख वह बोली—तू मेरा भाई, पुत्र, देवर, भतीजा, चाचा और पौत्र है। तेरा पिता मेरा भाई, पिता, बाबा, पति, लड़का और श्वसुर है; और तेरी माँ, मेरी माँ, दादी, भाभी, पुत्रवधू, सास और सौत है। कुबेरदत्त-कुबेरसेना साध्वीके इस प्रलापसे बड़े क्षुब्ध हुए और उसका वास्तविक अर्थ पूछा। तब कुबेरदत्ताने जन्मसे लेकर अबतककी सारी कहानी उन्हें सुनायी और उन्हें अपने संबंध बतलाये कि जैसे उसने कहे थे, वे सभी सच हैं। कुबेरदत्ताके इस व्याख्यानसे कुबेरदत्तको भी तीव्र वैराग्य हो गया और वह भी दीक्षित हो गया तथा कुबेरसेना भी सच्ची श्रद्धालु धर्मनिष्ठ श्राविका बन गयी। तो हे प्रभव! ये सांसारिक संबंध तो ऐसे ही मिथ्या हैं, इनमें कोई सार नहीं है। जब एक ही जन्ममें इतने नाते (अठारह) संभव हैं, तो फिर जन्म-जन्मकी तो बात ही क्या? न जाने कौन किसका क्या-क्या बना है? और क्या-क्या बनता रहेगा? अतः इन झूठे संबंधोंके लिए मैं आत्मकल्याणकी हानि क्यों करूँ?

यह कथा जंबूचरियंके अतिरिक्त वसु० हिंडी और परि० पर्वमें उपलब्ध होती है।

[११] गोपयुवक दृष्टांत : अर्थ विनियोगकी विरूपता :

प्रभव : हे जंबू! तुम्हारे सातिशय वचनोंसे किसको बोध नहीं होगा? तथापि मैं कहता हूँ कि जिस अर्थ (धन) की उपलब्धि बड़े महान् प्रयत्नसे होती है, और वह धन तुम्हारे पास विपुल परिमाणमें है, उसके परिभोगके लिए वर्ष-भर घरमें रहो, फिर प्रव्रज्या ले लेना।

जंबू : सत्पुरुष उत्तम पात्रोंके लिए धनके परित्यागकी प्रशंसा करते हैं, न कि कामभोगमें। उसके विनियोगकी। कामभोगोंमें धनके विनियोगके संबंधमें मैं तुम्हें एक दृष्टांत सुनाता हूँ। उसे ध्यान देकर सुनो—

'अंग जनपदमें प्रभूत गो-महिष संपत्तिके स्वामी गोप रहते थे। एक बार चोरोंने उनके घोष (बस्ती) पर आक्रमण किया, और एक सद्यःप्रसूता रूपस्विनी तरुणीको, उसके लड़केको वहीं छोड़कर, अपहरण करके ले गये। उन्होंने चंपानगरमें उसे वेश्याओंके हाटमें ले जाकर बेच दिया। वहाँ वमन-विरेचनादि परिकर्म, परिचर्या और उपचार किये जानेसे उसका मूल्य लक्ष-मुद्राओंके बराबर हो गया। उधर उसका वह लड़का भी बड़ा होकर जवान हो गया और घीकी गाड़ियाँ भरकर चंपा नगरीको गया। वहाँ उसने घी बेचा, और तरुण पुरुषोंको गणिकाके घरमें स्वच्छंद क्रीड़ा करते हुए देखकर सोचा, 'मुझे इस धनसे क्या काम? यदि इस प्रकार इच्छित युवतीके साथ विहार न करूँ;" और देखते-देखते वही गणिका उसे अच्छी लगी जो उसकी माँ थी। उसने उसे यथेच्छ शुल्क दिया। संध्याके समय स्नानादि करके अपनी माँ-गणिकाके घरकी ओर चला। रास्तेमें एक अनुकंपावान् देवताने बछड़े-सहित गायका रूप बनाकर अपने को उस युवकके समक्ष प्रकट किया।

'पैर अशुचि (विष्टा) में पड़ गया' करके वह गोप युवक अपना पैर बछड़ेके शरीरसे पोंछने लगा। तब बछड़ा मनुष्य वाणीमें बोला—'माँ यह कैसा व्यक्ति है, जो अमेध्यमें भरे हुए अपने पैरको मेरे शरीरसे पोंछता है।' माँ बोली—'पुत्र! दुखी मत हो, यह अभागा अपनी माँके साथ अकार्य करने जा रहा है, इस गोपयुवकके लिए तेरे साथ ऐसा व्यवहार कोई बड़ी बात नहीं'; ऐसा कहकर देवताने अपनेको अदृश्य कर लिया। गोपयुवकने सोचा, 'सुना है मेरी माँ चोरोंके द्वारा अपहरण कर ली गयी थी! क्या वह गणिका तो नहीं हो गयी?', ऐसा विचारकर पहले तो वहींसे लौटने लगा। फिर सत्य शोधकी जिज्ञासासे वहाँ गया, और अज्ञानमें माँके गणिका सुलभ व्यापारोंकी उपेक्षा कर, आग्रहपूर्वक उससे उसका पूर्व वृत्त बिल्कुल सच-सच पूछा। वास्तविकता जान उसे तीव्र क्लेश हुआ····। तो प्रभव! मैं तुमसे पूछता हूँ यदि देवताने अनुकंपा न की होती, तब उस गोपयुवकके धनका भोग और विनिमय कैसा होता?'

यह कथा केवल वसु० हिंडीमें ही प्राप्त होती है।

[१२] महेश्वरदत्तका पिंडदान

प्रभव : जंबू! तुम्हारा कथन सत्य है, फिर भी पुत्रके नाते, लोकधर्मकी रक्षा हेतु पितरोंको पिंडदान करके जाना तुम्हारा कर्त्तव्य है।

जंबू : प्रभव! पिंडदानकी बात बिलकुल व्यर्थ है। इस विषयमें मैं एक कथा कहता हूँ, उसे दत्तचित्त होकर सुनो—

ताम्रलिप्तिमें महेश्वरदत्त नामका वणिक् रहता था। उसके माँ-बाप (बहुला व समुद्र) बड़े धूर्त्त और लोभी थे। मरकर उसकी माँ कुतिया व पिता भैंसके रूपमें उत्पन्न हुए। महेश्वरदत्त वाणिज्य हेतु प्रायः दीर्घकालीन प्रवासमें रहता था। पीछे उसकी अकेली, सुंदर-युवा पत्नी व्यभिचारिणी हो गयी। एक बार महेश्वरदत्त अचानक प्रवाससे लौट आया और उसने पत्नीको अपनी आँखों व्यभिचार करते देख लिया। उस जारको क्रोधवश महेश्वरदत्तने तत्क्षण मौतके घाट उतार दिया! मरकर वह जार अपने ही शुक्रसे महेश्वरदत्तकी पत्नीके गर्भमें प्रविष्ट हो गया। वणिक् फिर सुखसे पत्नीके साथ रहने लगा। उचित समयपर उसे पुत्र उत्पन्न हुआ, जिसे उस मूढ़ने अपना ही समझा। माता-पिताके वार्षिक श्राद्धके दिन उसने भैंसा खरीदा और वध करके, उसका मांस पकाया। पिंडदान किया, स्वयं खाया, गोदीमें बिठा पुत्रको दिया, और एक कुतिया आ गयी उसे भी फेंका। इसी बीच एक साधु वहाँ आये और यह देख, आह दुष्पाप! आह क्लेश! ऐसा शोकपूर्वक उच्चारण कर लौट चले। महेश्वरदत्त उनके पीछे भागा और उनके शोकोद्गार का कारण पूछा। साधुने सब कुछ बतलाया—यह भैंसा जिसे तुमने काटा, तुम्हारा ही पिता है और यह कुतिया तुम्हारी माँ है; तथा प्रमाणके लिए कुतियोंको घरमें ले जा उससे गड़े धनका स्थान बतलाया। बात सत्य निकली। हे प्रभव, पिंडदानकी बात बड़ी व्यर्थ है। कहाँ पितर और कहाँ पिंडदान?

यह कथा जंबूचरियके अतिरिक्त वसु० हिंडी तथा परि० पर्वमें मिलती है।

[१३] कौड़ीके लिए करोड़ खोनेवाला बनिया :

जंबूके ये वचन सुनकर प्रभवको बोध हो गया और उसने पूछा—स्वामी! सिद्धिसुख और विषय-सुखोंमें कितना अंतर है?

जंबू : सिद्धि सुख अनंत-अव्याबाध और निरुपम है। ऐसे सुखको छोड़, क्षुद्र इंद्रियसुखोंके लालची जीव उस वणिक्के समान हैं जो एक कौड़ीके लिए करोड़की संपत्ति खो बैठा! सुनो कैसे—

'एक बनिया करोड़ोंके भांड (पदार्थ) गाड़ियोंमें भरकर सार्थ (कारवां) के साथ एक अटवीमें प्रविष्ट हुआ। उसका एक पात्र फुटकर व्ययके लिए पणों (कौड़ीके मोल बराबर सिक्के) से भरा था। उन्मार्गमें पड़ जानेसे एक जगह उसका भार (पात्र) फूट गया और पण बिखर गये। उसने अपनी सब गाड़ियाँ रुकवा दीं, और सब आदमियोंको पण ढूंढनेमें लगा दिया। इतनेमें सार्थके दूसरे लोग भी आ गये और बोले, 'अरे गाड़ियोंको जाने दो! क्या एक काकिणीके लिए करोड़ोंसे हाथ धोना चाहते हो? क्या चोरोंसे

नहीं डरते ?' वह बोला—'भविष्यत्में लाभ होना तो संदिग्ध है; जो है उसे कैसे छोड़ दूँ ?' सार्थके शेष लोग चले गये, और उसका सारा माल चोरोंने लूट लिया।

यह कथा मात्र वसुदेव हिंडीमें उपलब्ध है।

इस प्रकार संवाद होते-होते बहुत रात बीत गयी और वधुओंकी नींद खुल गयी, तथा प्रभवके निरुत्तर हो जानेसे कथोपकथन अब वधुओं और जंबूस्वामीके बीच होने लगे।

समुद्दश्री : सखियो ! हमारे इस भर्त्तारको प्राप्त सुखोंको छोड़, अप्राप्त सुखोंकी धुनमें उस मूर्ख किसानके समान पछताना पड़ेगा, जिसकी कथा निम्न प्रकार है, सुनो :

[१४] बक नामक मूर्ख कृषक

'सुसीमन नामक गाँवमें बक नामक एक किसान रहता था। उसने खेतमें कांगू और कोदों नामक धान बोया। धानके पौधे समय पाकर खूब बड़े बड़े हो गये। इसी बीच वह एक बार दूर गाँवमें अपने संबंधियों-के यहाँ गया। वहाँ उसे गुड़-मंडग खिलाये गये, जो उसे बहुत अच्छे लगे। गुड़-मंडग बनानेकी विधि पूछने-पर उसे बताया गया कि पहले गेहूँ बोना। गेहूँ पक जानेपर उन्हें पिसाकर उस आटेको भट्ठीमें लोहेकी कड़ाईमें भूनना। इसी प्रकार ईख बोना और गन्नोंका रस पकाकर गुड़ बनाना। भुना हुआ आटा और गुड़ मिलानेसे गुड़-मंडग तैयार होगा। यह कहकर संबंधियोंने उसे गेहूँ और ईखके बीज भी दिये। उन बीजोंको लेकर वह खुशी-खुशी घर आया, और पुत्रोंके बहुत मना करनेपर भी हरी-भरी खेतीमें हल चलाकर उसे उजाड़कर उसमें गेहूँ और ईखके बीज बोये और पानी देनेके लिए वहीं कुआँ खोदा, जिसमें पानी नहीं निकला। इस प्रकार मूर्ख बक गेहूँ और ईख ही नहीं उगा सका, फिर गुड़-मंडग खानेका सुख तो उसे मिलता ही कैसे ? अपने जो कांगू और कोदों धान तैयार थे, उनसे भी हाथ धो बैठा। इसी प्रकार हमारा पति जंबू भी दिव्य सुखोंकी आशामें वर्तमान उपलब्ध सुखोंको छोड़ दोनोंसे ही वंचित होकर पछतायेगा।'

यह कथा जंबूचरियं तथा परिशिष्ट पर्वमें प्राप्त होती है।

कथा सूत्रको जोड़नेवाली बीचकी कथाएँ पहले दी जा चुकी हैं। आगेकी कथाएँ सभी चरितोंमें जंबूस्वामी तथा वधुओंके संवादके रूपमें आयी हैं। उसी क्रमसे वे यहाँ प्रस्तुत हैं।

दत्तश्री : हे नाथ, हम लोगोंको छोड़कर तुम उस वानरके समान पश्चात्ताप करोगे जिसकी कथा इस प्रकार है, सुनिये—

[१५] मूर्ख वानर

'भागीरथीके तटपर एक अति स्नेही वानर-युगल एक वृक्षपर रहता था। एक बार बंदर कुछ प्रमादसे कूदा, तो सीधा भागीरथीमें जा गिरा और पुण्यसंयोगसे उसमें-से मनुष्यका रूप प्राप्त करके निकला। वानरीने यह देखा और झट भागीरथीमें कूद गयी तथा एक सुंदर स्त्रीका रूप पाया व दोनों सुखसे रहने लगे। एक बार पुरुषके मनमें आया कि अब यदि फिर कूदूं तो मनुष्यसे देव हो जाऊँगा ! स्त्रीने बहुत मना किया, और रोयी, पर वह दुर्बुद्धि नहीं माना और फिरसे भागीरथीमें कूद पड़ा व पुनः लाल मुँह वाला बंदर बन गया। स्त्री वनमें अकेली रह गयी। सुंदर नारीके रूपमें वह एक दिन निकटस्थ नगरके राजपुरुषोंकी दृष्टिमें पड़ी। वे उसे राजाके पास ले गये। राजाने उसके अप्रतिम सौंदर्यसे आकृष्ट हो, उसे अपनी पटरानी बना लिया।[1] इधर उस वानरको एक मदारीने अपने जालमें फँसा लिया और उसे मार-मारकर नाचना व खेल दिखाना सिखलाया। एक दिन मदारी बंदरके करतब दिखलाने उसी राजाके राजमहलमें ले गया। बंदरके खेलोंसे सब बहुत प्रसन्न हुए। अंतमें बंदर हाथ फैलाकर सबसे पैसा माँगने चला और राजाकी पटरानीके सामने पहुँचा। उसे देखकर वह पहचान गया और विकल होकर रो पड़ा। तब पटरानी बोली—उस समय कितना समझाया पर माने नहीं, अब क्यों रोते-पछताते हो ! इसी प्रकार हे नाथ, तुम भी उपलब्ध मनुष्य सुखोंको छोड़ दिव्य सुखोंके लालचमें दोनोंको गँवाकर पछताओगे।'

१. 'जंबूचरियं'में यहीं कथा समाप्त।

यह कथा जंबूचरियके अतिरिक्त परिशिष्ट पर्वमें तथा ज० सा० च० (संक्षिप्त), ब्रह्म जिनदास और राजमल्लके चरितोंमें भी प्राप्त होती है। संक्षिप्त रूपमें इसका उत्तर जंबूने इंगाल दाहकके आख्यानसे दिया।

[१६] नूपुर-पंडिता

इंगाल दाहकका आख्यान सुन पद्मश्री बोली (परि० पर्व : पद्मसेना)—स्वामिन्, शरीरधारियोंका परिणाम (फलं) कर्माधीन होता है। अतः तुम युक्तिपूर्वक भोगोंको भोगो। इसके दृष्टांत अनेक हैं, पर मैं नूपुरपंडिता विलासवतीका आख्यान कहती हूँ उसे सुनो—

'अंगदेशके वसंतपुर नगरमें जितशत्रु राजा था, सागरदत्त श्रेष्ठि, उसकी श्रीसेना नामक सेठानी, वसुपाल नामक पुत्र और विलासवती नामक पुत्रवधू।[1] एक बार विलासवती नदीमें स्नान करने गयी। वहाँ एक धूर्त युवक उसे देख उसपर आसक्त हो गया, और विलासवती उस युवकपर। एक परिव्राजिकाकी सहायतासे युवक उसके घरके पीछेके उद्यानमें रात्रिमें उससे अभिसार करनेमें सफल हुआ। इसी समय सागरदत्त लघुशंकादि निवारणार्थ उठकर वहाँ आया तो उसने पुत्रवधूको धूर्तके साथ सोते देखा, और प्रातःकाल पुत्रको प्रमाण सहित बतलानेके लिए वधूके पैरका नूपुर निकालकर अंदर चला गया। विलासवती जगी तो थी ही, तुरंत धूर्तको तो वहाँसे भगा दिया और पतिको बुलाकर उसी स्थानपर उसके साथ आकर सो रही, तथा कुछ ही देर बाद हड़बड़ाकर उठी और बोली, देखो! देखो! तुम्हारे पिता अभी-अभी मेरे पैरका नूपुर निकालकर ले गये हैं, सवेरे मुझपर कलंक लगायेंगे कि मैं किसी पर-पुरुषके साथ सोयी थी। अब तुम जानो! 'तुम निश्चित रहो' कहकर श्रेष्ठिपुत्र सो गया!

प्रातःकाल होनेपर पिताने पुत्रसे वह बात कही। पर पुत्र नहीं माना और बोला, 'वृद्धावस्थामें आपको भ्रम हुआ है। मेरी पत्नी बड़ी सती-साध्वी है। मैं ही उसके पास सोया था। आपको वहाँ जानेमें लज्जा आनी चाहिए थी', उलटे आप बहूपर कलंक लगा रहे हैं। सागरदत्त कुछ नहीं कह सका, पर जो कुछ उसने आँखों देखा वह झूठ नहीं था। विलासवतीने अपने श्वसुरके द्वारा लोगोंमें होनेवाली बदनामीसे बचने और अपने सतीत्वको सबके समक्ष प्रमाणित करनेका उपाय निकाला। उस नगरमें एक साक्षात् प्रभावशाली पवित्र यक्षका आयतन था। कोई अपराधी उस यक्षके पैरोंके बीचसे जीवित नहीं निकल सकता था। नगरमें घोषणा करा, नहा-धोकर सब नागरिकोंके जुलूसके साथ वह यक्षके मंदिरमें पहुँची, इधर उसने उस धूर्त युवकको कहलवा दिया कि तुम पागलका रूप बनाकर यक्ष मंदिरमें सबके सामने मेरा आलिंगन कर लेना! धूर्तने ठीक समय वहाँ पहुँचकर वैसा ही किया। विलासवतीने उसे दुत्कार दिया और यक्षसे निवेदन किया कि मेरे पति और सबके सामने इस पागलको छोड़कर यदि किसी पर-पुरुषने मेरा स्पर्श किया हो तो तुम मुझे दंड देना! इतना कह, जबतक यक्ष कुछ निर्णय ले, वह झटसे उसके पैरोंके बीचसे होकर साफ़-साफ़ निकल गयी। लोगोंने उसका बड़ा जय-जयकार किया और श्रेष्ठिकी भर्त्सना।[2]

यह सब स्त्री-चरित्र देख चिंता, शोक व ग्लानिके कारण श्रेष्ठिकी नींद उड़ गयी। राजा जितशत्रुके पास भी श्रेष्ठिके निरंतर जागते रहनेकी बात पहुँची। राजाने उसे बुलवाकर अपने अंतःपुरका रक्षक नियुक्त कर दिया।

श्रेष्ठि रात्रिमें जागता हुआ पहरा देने लगा। इसी बीच उसने एक रानीको बार-बार प्रासादके वातायनसे झाँकते देखा। उसे कुछ संदेह हुआ और वह सोनेका बहाना करके पड़ रहा। तब उसने देखा कि राजाका पट्ट हाथी महावतखानेसे निकला, उसी वातायनके नीचे पहुँचा। उसने अपनी सूँड़ ऊपर उठा दी और वह रानी उसकी सूँड़के सहारे नीचे उतर महावतखानेमें आयी। वहाँ आनेपर महावत उसपर बहुत रुष्ट हुआ और उसे हाथीकी सांकलोंसे पीटा व देरसे आनेका कारण पूछा। रानीने नये रक्षककी नियुक्तिकी बात कहकर उससे हाथ जोड़कर क्षमा माँगी और फिर उसके साथ भोग करके हाथीके सूँड़पर चढ़कर उसी

---

१. परि० पर्व, राजगृह नगर, देवदत्त सुनार, देवदिन्न पुत्र, दुर्गिला पुत्रवधू।

२. तुलना : जातकट्ठकथा अंडभूत जातक नं० २२।

वातायनके मार्गसे वापिस प्रासादमें आकर सो रही ![1] यह घटना देख श्रेष्ठिको हुआ—आह ! जब राजमहलों तकमें ऐसा होता है तो हम साधारण लोगोंकी स्त्रियोंकी क्या बात ? इस विचारसे उसे जो निर्वेद-भाव आया, उससे उसकी चिंता मिट गयी और वह प्रगाढ़ निद्रामें लीन हो गया, तथा सात रात-दिनों तक निरंतर सोता रहा। राजाने उसे बीचमें जगाया नहीं, जागनेपर निद्रा आनेका कारण पूछा। श्रेष्ठिने आद्योपांत अपनी पुत्रवधूसे लगाकर जो कुछ प्रासादमें देखा वह सब कह सुनाया। कुशलतासे उस रानीकी पहचान की गयी और राजाने अपनी उस पटरानीको महावतके साथ उसी पट्टहस्तिपर चढ़ाकर हस्ति सहित ऊँचे पर्वतकी चोटीसे गिराकर मार डालनेकी आज्ञा दे दी। हाथीकी अद्वितीय दक्षताके कारण लोगोंने राजासे उसके प्राण न लेनेका आग्रह किया और उसीके साथ रानी और महावतको भी प्राण-भिक्षाके बदले देश-निकालेका आदेश प्राप्त हुआ।

महावत रानी (अब उसकी स्त्री) के साथ वहाँसे निकल किसी दिन कहीं दूसरे राज्यमें किसी ग्रामके बाहर एक रात-भरके लिए एक शून्य देवालयमें आकर ठहरा। रात्रिमें जब ये दोनों सो रहे थे, नगरसे एक चोर चोरी करके वहाँ आया और अंधेरेमें स्त्रीसे टकरा गया। स्त्री चोरको देखते ही उसपर मुग्ध हो गयी और उससे कहा—यदि तू मेरा भर्तार बनना स्वीकार करे, तो मैं तेरी प्राण-रक्षा करूँगी। चोरने स्वीकार किया। इतनेमें रक्षक राजपुरुष चोरको खोजते हुए वहाँ पहुँचे। स्त्रीने चोरको अपना पति बतला दिया, वह बच गया, और उसके बदले सोता हुआ निरपराध महावत पकड़ लिया गया। उसे फाँसीका दंड मिला, और मरनेके पूर्व एक श्रावकसे णमोकार मंत्र प्राप्त कर, उसका जाप करते हुए, अपने दुष्कृत्योंका प्रायश्चित्त करके मरकर स्वर्गमें देव हुआ।

इधर चोर स्त्रीको लेकर वहाँसे भागा और एक विशाल नदीके तीरपर पहुँचा। आगे कथा जं० सा० च०के समान; अंतर केवल यह कि महावतके जीवने स्वर्गमें देव होकर अवधिज्ञानके बलसे स्त्रीकी दशाको देखा और उसे चोर-द्वारा ठगी जाकर नदीके इस तीरपर झाड़ोंके बीच नंगी रोती खड़ी देखकर, उसपर अनुकंपा करके अपनी देवमायासे मांसका टुकड़ा मुँहमें लिये हुए शृगाल, बाज पक्षी और मत्स्यके रूप बनाये, और शृगालके रूपमें मनुष्यवाणीमें उसपर व्यंग्य करके उसे अपना देव-रूप दिखला, महावतका स्मरण दिलाकर प्रतिबोध दिया और हीन दुश्चरित्रमय जीवनसे छुटकारा दिलाकर उसे धर्मकी साधनामें प्रवृत्त किया।

इस प्रकार हे जंबू ! विलासवती अपनी चतुराईसे मानवीय भोग भोगनेमें सफल रही, और दूसरी ओर रानी महावतके सुखको छोड़, चोरके सुखकी लालचमें दोनोंको खो बैठी।[2] अतः तुम भी युक्ति-पूर्वक मनुष्य सुखोंको भोगो, व दिव्य सुखोंकी लालसासे इन्हें छोड़ दोनोंसे वंचित मत होओ।

यह कथा जंबूचरियंके अतिरिक्त परिशिष्ट पर्वमें पूर्ण तथा जं० सा० च०, ब्रह्म जिनदास तथा पं० राजमल्लके चरितोंमें संक्षेपमें पायी जाती है।

[१७] मेघरथ-विद्युन्माली

जंबू : ओ पद्मश्री ! मैं विषयसुखोंके लोभमें अंधा होकर अपने लक्ष्यसे भ्रष्ट होना नहीं चाहता।

पद्मश्री : स्वामिन् ! यह सब ठीक है, पर आप एक वर्ष हम लोगोंके साथ भोग करें, उसके उपरांत हम लोग भी आपके साथ गुरुके पादमूलमें दीक्षा ले लेंगी।

जंबू : हे पद्मश्री ! जो भोगेच्छा अनेक जन्मोंमें भोग-भोगकर तृप्त नहीं हुई, भला वह एक वर्षमें कैसे तृप्त हो सकेगी ? इस संबंधमें मैं एक दृष्टांत देता हूँ, उसे तुम ध्यानसे सुनो ! वैताढ्य पर्वतपर देवताओंके गगनवल्लभ नामक नगरमें दो विद्याधर भाई मेघरथ, विद्युन्माली रहते थे। एक बार कुछ विद्यासाधनके लिए, जिसमें उन्हें चांडाल कन्याओंसे विवाह कर एक वर्ष तक उनके साथ ब्रह्मचर्य-पूर्वक रहकर विद्या सिद्ध

---

१. तुलना : कथासरित्सागर, टौने कृत अनुवाद, भाग १, पृ० ११९ की कथा।

२. तुलना—जातकट्ठकथा : खुद्दकनिकाय जातक; तथा चीनी भाषासे अंगरेज़ीमें एस० बीलिय-द्वारा अनूदित अवदान, भाग २, पृ० ११ की कथा।

करनी थी, वे दोनों चांडाल देशको गये। वहाँ पहुँचकर अपने बुद्धि-कौशलसे उन्होंने दो चांडाल कन्याओंसे विवाह कर लिया, और विद्यासाधन करने लगे। मेघरथ चांडाल कन्याके मोह-पाशमें नहीं पड़ा, और नियमानुसार वर्ष-भरमें विद्या सिद्ध कर ली। पर विद्युन्माली भयानक विरूप-कुरूप और विकृत आकृतिवाली चांडाल कन्याके बाहु-पाशमें फँस गया, और स्वयं चांडालोंके समान रहने लगा, तथा विद्यासाधनके बदले उसे प्राप्त हुआ चांडाल-कन्यासे एक पुत्र। वर्ष-भर बाद जब मेघरथने उसका यह हाल देखा, तो उसे बहुत समझाया, और एक वर्ष बाद आनेको कहकर अपने नगरको चला गया, तथा वहाँ प्रभुत्व, सत्ता, संपत्ति, अनेक अपूर्व सुंदरी विद्याधर कन्याएँ, यश, सम्मान आदि प्राप्त कर देवोपम सुखसे रहने लगा। वर्ष-भर बाद पुनः विद्युन्मालीको देखने गया, तो पाया अब वह दो पुत्रोंका पिता बन चुका था। फिर उसे समझाया! पर विद्युन्मालीको बोध नहीं हुआ। वह चांडालीके विषय-सुखको छोड़ नहीं सका और उसीमें अंधा होकर अपना सब कुछ विद्याधरपना खोकर वहीं अधम चांडाल होकर रह गया। तो हे पद्मश्री! मैं विद्युन्मालीके समान इंद्रिय भोगोंमें पड़कर अपने मोक्षरूपी लक्ष्यसे भ्रष्ट नहीं होऊँगा!'

यह कथा जंबूचरियंके अतिरिक्त केवल परिशिष्ट पर्वमें उपलब्ध होती है।

[१८] शंखधमक

पद्मसेना (परि० पर्व : कनकसेना) : देखो स्वामिन्! उपलब्ध सुखोंको छोड़ अनुपलब्ध मोक्ष सुखके लिए अतिशय उत्कंठित मत होओ! अन्यथा तुम्हारी दशा शंखधमक किसान जैसी होगी।

जंबू : कैसे पद्मसेना?

पद्मसेना : सुनिये नाथ! मैं उसकी कथा सुनाती हूँ—'शालिग्रामका एक कृषक ऊँचे मचानपर बैठ पशु-पक्षियोंसे खेतकी रक्षाके लिए रात्रिमें खूब जोरसे शंख बजाया करता था। एक रातको चोरोंका एक दल चोरीके पशुओंका एक झुंड हाँककर ले जाते हुए किसानके खेतके पाससे निकल रहा था। उसी समय किसानने खेतपर पशुओंका आक्रमण समझ उच्च-ध्वनिसे शंख फूँका। 'बहुत लोग हमारा पीछा कर रहे हैं', ऐसा समझ चोरोंका दल पशुओंको वहीं छोड़ भाग गया। प्रातःकाल किसानने बिना ग्वालेके पशुओंके उस झुंडको वहीं चरते देखा। वह उन पशुओंको हाँककर गाँवमें ले गया। 'एक देवताने मुझे ये पशु भेंट किये हैं,' ऐसा कहकर उन्हें सब गाँववालोंको बाँट दिया।[1] दूसरे-दूसरे चोर भी इसी तरह अपना चुराया हुआ सब धन आदि छोड़कर भाग जाते रहे। पर इस सस्ती प्रसिद्धि और चोरोंकी संपत्तिका कड़ुआ फल उसे शीघ्र ही मिल गया। एक रातमें चोरोंका वही दल पुनः उसी मार्गसे निकला, और फिर वैसी ही शंख-ध्वनि सुन, उसे पहचान, अपनी पुरानी भूलको समझ खेतमें घुस गये, तथा उस मचानको उखाड़कर किसान सहित नीचे पटक दिया। किसानको बहुत मारा-पीटा, यातना दी और नंगा करके अधमरे रोते छोड़, उसके पशु व अन्य जमा पूँजी सब-कुछ लेकर चले गये। इसी प्रकार मोक्ष-सुखकी अति उत्कंठावश कहीं तुम अपने प्राप्त सुखोंको भी मत खो बैठना!'

यह कथा जंबूचरियंके अतिरिक्त परि० पर्वमें इसी रूपमें तथा इसके स्थानपर जं० सा० च०, ब्रह्म जिनदास एवं पं० राजमल्लके चरितोंमें शंख नामक कबाड़ीका आख्यान मिलता है। इसके उत्तरमें जंबूने कामातुर यूथपति वानरका आख्यान सुनाया।

[१९] बुद्धि-सिद्धि

तब हाथ जोड़कर कनकसेना (परि० पर्व : नभसेना) बोली—नाथ! कहीं दिव्य-सुखोंके अति लोभके कारण तुम्हारी अवस्था बुद्धि नामक वृद्धा जैसी न हो, जिसकी कहानी इस प्रकार सुनी जाती है—

'भारत क्षेत्रमें मार्कंदानगरीमें बुद्धि-सिद्धि नामकी दो वृद्धाएँ रहती थीं। वे परस्पर बहुत ही घनिष्ठ मित्र थीं; और दोनों ही दारिद्र्यसे अत्यंत दुःखी। बुद्धि दीर्घ कालसे सच्चे भक्ति भावसे भोलय

---

१. किसी ग्रंथके अनुसार अन्यत्र जाकर बेच दिया।

नामक यक्षकी पूजा कर नैवेद्य और पुष्प चढ़ाया करती थी। उसकी सच्ची भक्तिसे प्रसन्न हो यक्ष बुद्धिकी इच्छानुसार सुखपूर्वक जीवन-यापन हेतु प्रतिदिन उसे एक दीनार प्रदान करने लगा। इससे बुद्धि शीघ्र ही पड़ोसियोंमें सबसे धनवान् बन गयी! सिद्धिको यह रहस्य ज्ञात होनेपर वह भी यक्षको प्रसन्न कर बुद्धिसे दुगुना प्राप्त करनेमें सफल हुई। अब उन दोनोंमें कुस्पर्द्धा प्रारंभ हो गयी, और बार-बार यक्षको भेंट देकर एक-दूसरेसे दुगुना माँगती रहीं। यक्ष भी देता चला गया। एक बार सिद्धिने अत्यंत दूषित चित्त हो, यक्षसे अपनी एक आँख फोड़ देनेको कहा, यक्षने वैसा ही किया। बुद्धिने पुनः यक्षको प्रसन्न करके सदाकी तरह जो कुछ सिद्धिको दिया उससे दुगुना माँगा और दोनों आँखें गँवा बैठी। इसी प्रकार तुम भी दिव्यसुखोंके अतिलोभमें पड़कर कहीं दोनों लोकोंके सुखोंको न खो बैठो!'

यह कथा जंबूचरियंके अतिरिक्त केवल परिशिष्ट पर्वमें मिलती है।

[२०] जात्यश्व

जंबू : कनकसेना! मैं ऐसा मूर्ख नहीं हूँ। मैं तो श्रेष्ठ कुलीन अश्वके समान कभी भी सत्यका मार्ग नहीं छोड़ूंगा। सुनो कैसे?

'वसंतपुरके राजा जितशत्रुकी घुड़सालमें एक बड़ा भाग्यवान् और श्रेष्ठ लक्षणोंसे संपन्न घोड़ा था। उसके पुण्य प्रभावसे राजा दिनों-दिन बलवान् एवं दुर्जेय होता गया। राजाने वह घोड़ा सुरक्षा एवं लालन-पालन हेतु अपने नगरके पवित्र हृदय और विश्वसनीय जिनदास नामक श्रावकको सौंप दिया। जिनदास बहुत ध्यानसे घोड़ेकी देख-रेख करने लगा। वह उसपर बैठकर उसे एक पुष्करिणीमें ले जाता, स्नान कराता और रास्तेमें एक जिनमंदिरकी तीन प्रदक्षिणा देकर वापस ले आता। यही उसका दैनिक मार्ग और क्रम था। पड़ोसी राजा, जितशत्रुकी दुर्जेयतामें घोड़ेके प्रभावका रहस्य जान, घोड़ेको मारने या चुरानेका उपक्रम करने लगे, पर जिनदासकी सावधानीके कारण कोई कुछ कर नहीं पाया। एक प्रतिद्वंद्वी राजाके मंत्रीने घोड़ा चुरानेके लिए छह महीनेकी अवधि माँगी। वह जैन श्रावक बनकर वसंतपुर गया, और जिनदासका विश्वासपात्र बनकर उसके घर रहने लगा। किसी समय जिनदासको आवश्यक गृहकार्यसे दूर गाँवमें अपने संबंधियोंके घर जाना पड़ा। वह अपना घर-बार और घोड़ा, सब कुछ उस कपटी श्रावकके भरोसे छोड़ गया। रातमें उस कपटीने घोड़ेको खोल अपने राज्यमें भगा ले जानेका प्रयास किया, पर घोड़ा घरसे पुष्करिणी, वहाँसे मंदिर और मंदिरसे वापिस घर, इस मार्गके सिवाय कितनी भी मार-पीट और कुछ भी करने पर, अन्य मार्गपर एक पग भी नहीं गया। इस तरह जब सारी रात बीत गयी और सवेरा हो गया तो वह कपटी मंत्री घोड़ेको छोड़ भाग निकला! लौटनेपर जिनदासको सब पता चल गया, पर घोड़ा सुरक्षित था, इससे जिनदासको परम आनंद हुआ। इसी प्रकार हे कनकसेना! ये इंद्रियोंरूपी चोर मुझे कितना भी बहकायें, फुसलायें या यातना दें, पर मैं इनका वशवर्ती हो अपना मोक्षका मार्ग नहीं छोड़ूंगा!'

यह कथा जंबूचरियं तथा परिशिष्ट पर्वमें उपलब्ध होती है।

[२१] ग्रामवोड-पुत्र

कनकश्री (परि० पर्व : कनकसेना) : स्वामिन्! ऐसा कदाग्रह करके ग्रामवोड (या गाँवकूट—गाँवका सबसे उदार व्यक्ति) पुत्रके समान मूर्ख मत बनिये! सुनिये—

'भारतके बंग प्रदेशमें भद्दालंद नामक गाँवमें ग्रामवोडकी विधवा पत्नी अपने अत्यधिक आलसी पुत्रके साथ रहती थी। एक बार उसने कुछ भी न करनेके लिए पुत्रकी बहुत भर्त्सना की। तब पुत्रने कहा—माँ, अबसे मैं जीनेके साधन जुटानेके लिए अपनी शक्ति-भर सब कुछ करूंगा। एक दिन जब गाँवके लोग एक गोष्ठीमें बैठकर गप्-शप् कर रहे थे, तभी गाँवके कुम्हारका एक दुष्ट गधा रस्सा तुड़ाकर भाग निकला। कुम्हार, पकड़ो! पकड़ो! चिल्लाता हुआ उसके पीछे दौड़ा। कोई उस दुष्ट गधेको पकड़ने आगे नहीं बढ़ा। तब उस ग्रामकूट पुत्रको लगा कि अपना पुरुषार्थ दिखाकर यह कुछ अर्थ-प्राप्तिका अवसर है, ऐसा सोच उसने दौड़कर उस गधेकी पूँछ पकड़ ली। गधा उसे दुलत्तियाँ मारने लगा, लोगोंने भी उसे बहुत कहा,

पर उसने पूँछ नहीं छोड़ी। अंततः गधेने जोरसे उसके मुँहपर लात मारी, उसके सारे दाँत टूट गये, और वह पछाड़ खाकर गिर पड़ा। इसी प्रकार स्वामिन्! मोक्षके लिए दुराग्रह करके मूर्ख मत बनिये!'

यह कथा भी जंबूचरियं तथा परिशिष्ट पर्वमें उपलब्ध होती है।

[२२] घोड़ीपालक

चंबू : कनकश्री! नारीमें प्रेम करनेका परिणाम बड़ा बुरा होता है। कैसे? इसे मुझसे सुनो—

'भारतके कलिंग प्रदेशमें सिंहनिवास नामक ग्राममें किसी एक भुक्तिपालके पास बहुत उत्तम घोड़ी थी। उसने उसे सोल्लक नामक एक व्यक्तिके पास देख-रेखके लिए रख दिया। पर सोल्लक घोड़ीको खानेके लिए दी जानेवाली अच्छी-अच्छी वस्तुओंमें-से थोड़ी-सी ही उसे देता, शेष कुछ स्वयं खा लेता और कुछ बेच देता। क्रमशः क्षीणकाय होते-होते घोड़ी अंततः चल बसी। अपने समयपर सोल्लक भी मर गया। पर अपने दुष्कृत्यके परिणाम स्वरूप वह बार-बार पशु जातिमें जन्मा। बहुत जन्मोंके बाद एक दरिद्र ब्राह्मणके यहाँ पुत्र रूपमें उत्पन्न हुआ। उसका नाम सोमदत्त रखा गया। लगभग उसी समय कई जन्मांतरोंके उपरांत घोड़ी भी उसी नगरकी एक वेश्याकी पुत्री होकर, नगरमें सर्वोच्च सुंदरी कन्या हुई। युवकोंमें उसकी कृपा प्राप्त करनेकी होड़ लग गयी। सोमदत्त भी उसपर अत्यंत आसक्त था, पर दरिद्र होनेके कारण वेश्यापुत्री उसकी ओर अच्छी प्रकार देखती तक नहीं थी। फिर भी कमसे कम उसके सान्निध्यमें रहने हेतु अत्यासक्तिवशात् सोमदत्त उसका सेवक बन गया। पर कोई उसे चाहता नहीं था। अतः जब उसे घरसे निकाला जाने लगा तो उसने कठोरसे कठोर दंड, यातना, भूख-प्यास सब कुछ सहना स्वीकार किया, परंतु अपनी प्यारी वेश्यापुत्रीका घर नहीं छोड़ा। तो हे कनकश्री! मैं तुम लोगोंके प्रेमाधीन होकर, उस ब्राह्मण पुत्रके समान यातनाओंमें नहीं पड़ूँगा।'

यह कथा भी जंबूचरियं तथा परिशिष्ट पर्वमें पायी जाती है।-

[२३] मा-साहस पक्षी

कमलवती : हे नाथ! मा-साहस पक्षीके समान दुःसाहसी मत होइये! सुनिये—

'किसी जंगलमें एक पक्षी सोते व्याघ्रके मुखमें घुसकर उसके जबड़ोंमें लगा मांस नोच-नोचकर खाता, बार-बार उड़कर पेड़की डालपर जा बैठता। मा साहस! (दुःसाहस मत करो) मा साहस! कहता और फिर व्याघ्रके मुखमें प्रवेश कर मांस नोचने लगता। सोचो! उस पक्षीकी कथनी क्या? और करनी क्या? तथा उसका परिणाम क्या हुआ होगा? स्वामिन्, तुम भी उस मा-साहस पक्षीके समान बन रहे हो![1] तुम चाहते सुख हो, पर सुखके साधनोंकी निंदा करते हो, और साक्षात्सुखको छोड़ अदृष्ट सुखकी चाहसे तप करनेको उद्यत हुए हो। हे भोले नाथ! तुम्हारे कथन और कर्ममें मा-साहस शकुनि जैसा साक्षात् विरोध दिखाई देता है।'

यह कथा भी जंबूचरियं और परिशिष्ट पर्वमें मिलती है।

[२४] तीन-मित्र

जंबू : हे कमलवती! मैं सच्चा मित्र, संबंधी, प्रेमी और हितैषी कौन होता है, उसे जानता हूँ। अतः तुम लोगोंकी बातोंमें पड़कर अपने स्वार्थ (परमार्थ) से वंचित नहीं होऊँगा। सुनो! मैं तुम लोगोंको तीन (प्रकारके) मित्रोंका एक आख्यान सुनाता हूँ—

'क्षितिप्रतिष्ठ नगरमें अपराजित नामक राजा था। उसका सुबुद्धि नामक मंत्री था,[2] जिसके तीन मित्र थे—सहमित्र, पर्वमित्र, जोहार (प्रणाम) मित्र। सहमित्र निरंतर सुबुद्धि मंत्रीके साथ रहता। खाना,

---

१. तुलना : महाभारत १, १५४८।

२. परि० पर्व : जितशत्रु राजा; सोमदत्त ब्राह्मण—कुछ पुरोहित व प्रधान अमात्य।

पीना, सोना, उठना, बैठना सब कुछ साथ ही करता, और सुबुद्धि भी दिन-रात उसकी देख-भाल रखता। ये दोनों घनिष्ठतम मित्र थे। पर्व-मित्रसे जब कभी विशिष्ट प्रसंगों-पर भेंट हुआ करती, तब दोनों प्रेमसे एक साथ मिलकर उठते-बैठते, खाते-पीते। जोहार मित्रसे यदा-कदा भेंट हो जानेपर आपसमें केवल प्रणाम भर हुआ करता और बस। एक बार किसी कारण राजा अमात्य पर अत्यधिक क्रुद्ध हो गया। अमात्य अपने प्राण बचाने हेतु राजाके पाससे भाग निकला और सहमित्रके घर पहुँचा। ऐसी स्थितिमें भी सुबुद्धि मंत्रीने सहमित्रकी शरण नहीं मांगी, केवल दूसरे देशको चले जानेमें सहायताकी अपेक्षा की। सहमित्रने उत्तर दिया—'तुम कौन हो? कहाँसे आये हो? मैं तुम्हें नहीं जानता। तुम मेरे घरसे तत्क्षण निकल जाओ! मैं तुम्हारी कोई सहायता नहीं कर सकता।'

अमात्य अत्यंत निराश हो पर्व-मित्रके घर पहुँचा। उसने अनादर तो नहीं किया, बल्कि सम्मान किया, परदेश जानेमें कोई सहायता नहीं दी। हाँ परंतु चौराहे तक जाकर छोड़ आया और कहा—'इस रास्तेसे चले जाओ।

अब बिलकुल निराश हो, सहायताकी कोई अपेक्षा न कर वह बड़े संकोच और संभ्रमके साथ जोहार मित्रके घर पहुँचा। उसने बिना कुछ कहे-सुने-सब जान लिया। सुबुद्धि मंत्रीका अपनी आत्माके समान सम्मान-सत्कार किया। आत्मीयतापूर्वक अपने घरमें रखा और परदेशमें भी उसके साथ गया। वहाँ दोनों सुखसे साथ-साथ रहने लगे।'

इस दृष्टांतमें सुबुद्धि-मंत्री आत्मा है, सहमित्र देह, पर्व-मित्र स्वजन-संबंधी, और जोहार मित्र है धर्म। राजाका क्रोध यमदंडका पतन (मृत्यु) है, चौराहा श्मशान है, जहाँ तक स्वजन संबंधी साथ देते हैं और परदेश है परलोक जहाँ केवल धर्म ही साथ जाता है, अन्य कोई नहीं।

यह कथा जंबूचरियं तथा परिशिष्ट पर्वमें पायी जाती है।

[२५] चतुर ब्राह्मण कन्या

यह सब सुनकर सबसे अंतमें आठवीं विजयश्री (परि० पर्व जयश्री) नामक वधू जंबूस्वामीसे इस प्रकार कहने लगी—हे स्वामिन्! माना कि तुम अतिशय बुद्धिमान्, चतुर और महान् प्रतिभावान् हो, पर चतुर भट्टपुत्रोंके समान ये सब झूठे कथानक कहकर तुम दूसरोंको बहका सकते हो, हम लोगोंको नहीं! सुनिये। मैं सुनाती हूँ कि उस भट्टपुत्रोंकी चतुराईकी कथा—

'वाणारसी (वाराणसी) नगरीमें अपराजित राजा था।[1] उसे प्रतिदिन कहानियाँ सुननेका व्यसन था। नगरके ब्राह्मणोंकी यही उपजीविका थी। इसी नगरमें नागशर्म ब्राह्मण, सोमश्री ब्राह्मणी व उनकी एक चतुर कन्या थी।[2] ब्राह्मण था अशिक्षित। सो एक दिन राजाको कहानी सुनानेकी उसकी पारी आ गयी। उस दिन ब्राह्मण घरमें बड़ा दुःखी, दुर्मना, चिंतित दिखाई-दिया। यह देख पुत्रीसे न रहा गया, बोली—-पिताजी! आज आप ऐसे व्याकुल क्यों लग रहे हैं? क्या कारण है? कहिये भी तो;' और पितासे इसका कारण जान, कन्याने कहा—पिताजी आप चिंतित न हों, आज आपके बदले मैं राजाको कहानी सुनाने जाऊँगी।' यह कहकर कन्या राजदरबारमें पहुँच निर्भीक भावसे राजासे बोली—'राजन्! मुझे बालक समझकर मेरा अपमान न किया जाय! आज अपने पिताके बदले, मैं आपको कहानी सुनाऊँगी।' राजाने कहा—सुनाओ! तब कन्या कहने लगी—

एक बार मेरे माता-पिता एक समागत ब्राह्मण पुत्रके साथ मेरा वाग्दान करके; उसे व मुझे घरमें छोड़; विवाहके लिए सामग्री माँगने चले गये। रात्रिमें मैं भी उसके साथ सो रही, और अपने हाव-भाव विकारोंसे उसे उत्तेजित कर दिया। इससे वह मेरे साथ बलात्कारको उद्यत हो गया। मैं चिल्ला पड़ी! आस-पासके लोग इकट्ठे हो गये। वह भयभीत हो मेरी खाटके नीचे छिप गया। मैंने आये हुए लोगोंसे कहा यह मेरा स्वामी है। मैंने आज ही इसका वरण किया है। अब यह अचानक अस्वस्थ हो

१-२. परि० पर्वः रमणीय नामक नगर, नागश्री नामक ब्राह्मण कन्या; शेष कोई नाम नहीं।

गया है।[1] तब, 'इसको-सेवा करो, मलो, मर्दन करो' ऐसा कहकर लोग चले गये। मैं फिर उसके साथ सो गयी। अब मेरे साथ सुरत क्रीड़ाकी तीव्र अभिलाषा आदि कामविकारोंको दबानेसे उसे अचानक असह्य शूल वेदना उत्पन्न हो गयी और उसीसे उसका प्राणांत हो गया। मैंने रो-धोकर, गड्ढा खोदकर उसे वहीं गाड़ दिया। ऊपरसे लीप दिया और चुप दे दी। इतनेमें सबेरा हो गया। माता-पिता लौटकर आ गये। मैंने उनसे सब वृत्तांत कह दिया। यही मेरी कहानी है।' इतना कह वह चतुर ब्राह्मण-कन्या चुप हो गयी। राजाने पूछा, 'यह सब सच है या झूठ?' कन्याने उत्तर दिया—आपने अब तक जो अन्य कहानियाँ सुनीं, यदि वे सब सच हैं, तो यह भी सच है; आदि।[1] इस प्रकार, हे स्वामिन्! ब्राह्मण कन्याके समान झूठी कथाएँ सुनाकर तुम हम लोगोंको बहकानेमें सफल नहीं होगे!

यह कथा भी जंबूचरियं तथा परिशिष्ट पर्वमें उपलब्ध होती है।

इसपर जंबूस्वामीने कहा—मैं ललितांग (जं० सा० च० : चंग, अंतर्कथा क्र० १६) के समान विषयांध नहीं हूँ! इन सब आख्यानोंके उपरांत सबको निश्चय हो गया कि जंबूस्वामी किसी भी प्रकार दीक्षा लेनेके निश्चयसे नहीं डिगेंगे, तो सभीने उनके साथ प्रव्रज्या लेनेका निर्णय किया। अंतमें जंबूने निम्नलिखित दो दृष्टांत और सुनाये। पहला दृष्टांत सम्यग्दृष्टि (सच्चा-श्रद्धावान्) सम्यग्मिथ्यादृष्टि (मिश्रित श्रद्धावान्) और मिथ्यादृष्टि पुरुषोंके संबंधमें प्रतीक रूपसे है।

[२६] तीन वणिक् और खदानें

तीन पुरुष दारिद्र्य पीड़ित हो अर्थोपार्जनके निमित्त परदेशको चले। राहमें चलते जाते वे एक भयंकर अटवीमें फँस गये। पर उनके भाग्यसे अटवीमें आगे चलकर उन्हें लोहेकी एक खदान मिली। तीनोंने जितना हो सका, उतना लोहा ले लिया। और आगे चलनेपर उन्हें चाँदीकी खान मिली। एकने सब लोहा फेंककर चाँदी ले ली, दूसरेने 'इतनी दूरसे ढोकर ला रहा हूँ, इसलिए सब लोहा कैसे फेंकूँ', ऐसा कहकर आधा लोहा छोड़ा, उतनी चाँदी ले ली। तीसरा यही कहकर लोहा ही लिये रहा। पहलेने दोनोंको बहुत समझाया कि भाई लोहेकी अपेक्षा चाँदी अधिक बहुमूल्य है, अतः सब लोहा फेंककर चांदी ले लो? पर वे दोनों अपनी-अपनी बातपर अड़े रहे, उसका कहना नहीं माना। और आगे जानेपर सोनेकी खान मिली। पहलेने चाँदी भी सब फेंक दी और पूरा सोना ले लिया। दूसरेने अपने तर्कके अनुसार तीनों वस्तुएँ बराबर परिमाणमें ले लीं। तीसरा अपने कदाग्रहके कारण लोहा ही लिये रहा। पहले व्यक्तिके समझानेको फिर भी दोनों नहीं माने। इसके बाद वे घर लौट आये। पहला सर्वसुखी हो गया। दूसरा मध्यम, और तीसरा वैसा दरिद्रका दरिद्र रह गया।

ये तीन व्यक्ति क्रमशः (१) सम्यग्दृष्टि (२) सम्यग्मिथ्यादृष्टि और (३) मिथ्यादृष्टि व्यक्तियोंके प्रतीक हैं। प्रथम प्रकारके व्यक्ति सब मतोंको छोड़, सच्चा मार्ग ग्रहण कर मोक्ष पाते हैं। दूसरे नाना मतोंके बखेड़ेमें आगे नहीं बढ़ते। उनकी नीचे गिरनेकी संभावना बनी रहती है। और तीसरे अनंत दुखोंसे परिपूर्ण इस अतर-अथाह अपार संसार-सागरमें जन्म-जन्मांतरोंमें भटकते रहते हैं।

यह कथा केवल जंबूचरियंमें पायी जाती है।

---

१. परिशिष्ट पर्वमें कहानी कुछ प्रकारांतरसे है। नागश्रीने राजासे कहा—'एक बार मेरे माता-पिता यात्रापर गये थे। पीछेसे जिससे मेरा वाग्दान किया था, वह घर आ गया। मैंने यथासंभव उसका उचित सम्मान-सत्कार किया। रात्रिमें घरमें एक मात्र शैय्या होनेके कारण, नंगी भूमिपर न लेटकर मैं भी चुपचाप उसके पास लेट गयी। स्पर्शसे उसे मेरी उपस्थितिका पता लग गया, और एकाएक उठी हुई अपनी तीव्र कामवासनाको दबानेके प्रयास व आत्मलज्जा जनित क्षोभके कारण उसकी तत्क्षण मृत्यु हो गयी। 'इन परिस्थितियोंमें मैं ही इसकी मृत्यु-की अपराधिनी मानी जाऊँगी....' इस भयसे मैंने उसके मृत देहके टुकड़े-टुकड़े काट, गुप्तस्थान-में गड्ढा खोदकर गाड़ दिया, और घटनाके सारे चिह्नोंको मिटा दिया। तब माता-पिता आये।

[२७] आख्यान—चिंतामणि (द्रव्याटवी-भवाटवी)

उपर्युक्त दृष्टांत सुनानेके पश्चात् जंबूस्वामीने सबको धार्मिक आशयों-प्रतीकोंसे परिपूर्ण निम्नलिखित धर्मकथा सुनायी। यह कथा बड़ी होनेसे लौकिक अर्थोंके साथ उनके आध्यात्मिक आशयोंको साथ-के-साथ कोष्ठकोंमें दिया जा रहा है। गुणपालने इस दृष्टांतको चिंतामणि रत्नके समान सर्वोत्कृष्ट फलदायी आख्यान कहा है—

अवंति देशकी उज्जयिनी नामक नगरीमें धन नामक सार्थवाह रहता था। कदाचित् वह नाना भांड भर कर रत्नद्वीपको प्रस्थान करनेके लिए उद्यत हुआ। नगरके दुःखी लोगोंपर अनुकंपा करके, यह सोचकर कि इन्हें रत्नद्वीपमें शिवपुरीमें स्थापित कर दूँगा, जहाँ ये सब सुखसे रह सकेंगे; उसने नगरमें अपने रत्नद्वीपको गमनकी घोषणा करा दी, और कहला दिया कि जो भी लोग उसके साथ चलना चाहें प्रसन्नतासे चल सकते हैं! बहुत लोग (जीव) आये। सार्थवाह (सद्गुरु, केवलज्ञानी अर्हंत) ने कहा—शिवपुरी (मोक्ष) के मार्गमें एक भयानक अटवी (भव—जन्म-परंपरा) पड़ती है। उसमें-से दो रास्ते जाते हैं, एक सीधा (साधु-धर्म) दूसरा टेढ़ा (गृहस्थ-धर्म)। टेढ़ा रास्ता बहुत लंबा है। उससे बहुत देरसे, पर सुखसे शिवपुरी पहुँचते हैं। सीधा रास्ता छोटा है। उससे शीघ्र पहुँचते हैं, पर वह बहुत कष्टकर है। उस रास्तेमें बहुत काँटे (बाधाएँ) हैं और महा भयानक सिंह, व्याघ्र, (राग-द्वेष) आदि भी मिलते हैं। प्रायः दोनों मार्गोंमें चलनेवाले पुरुष (आत्माएँ) प्रमादवश भटक कर उन्मार्गमें लग जाते हैं, और जीवन पर्यंत चलनेपर भी फिर उन्हें सच्ची राह नहीं मिलती। शिवपुरीके मार्गमें आगे बढ़नेपर खूब घने हरे-भरे सुगंधित पत्र-पुष्प फलोंसे लदे हुए शीतल छायावाले बड़े आकर्षक मनोरम वृक्ष (देव-मनुष्य गतियोंमें सुंदर-सुंदर युवा सुखदायक रमणियोंसे पूर्ण बस्तियाँ) हैं। पर उनकी छायाके नीचे कभी विश्राम नहीं करना चाहिए, क्योंकि उनकी छाया बड़ी मारक होती है। बल्कि पीले, सूखे, सड़े हुए पत्तोंवाले छायाहीन वृक्षों (शून्य, त्यक्त, स्त्रियोंसे रहित, निर्जन गृह, देवकुल, श्मशान, एकांत वन आदि शुद्ध बस्तियाँ)के नीचे केवल मुहूर्त्त भर ठहरकर आगे फिर अपने पथपर अविश्रांत भावसे चल देना चाहिए। मार्गमें किनारेपर बैठे हुए बहुत ही रूपवान् और मधुर वाचावाले पुरुष (नाना-धर्ममतोंवाले पाषंडा) बुलाते हैं, उनके वचन नहीं सुनने चाहियें। क्षणभरके लिए भी सहायकों (सहयोगी साधु-जन) को नहीं छोड़ना चाहिये, क्योंकि एकाकीको वहाँ अवश्य भय है। वहाँ मार्गमें भयानक दुरंत दावानल (क्रोध) जलता रहता है। यत्न और सावधानी (आत्मसंयम) पूर्वक उस दावाग्निको बुझाना चाहिये। नहीं बुझानेसे वह प्रज्वलित होकर पुरुषको जलाये बिना नहीं छोड़ता। उसके आगे बड़ा महान् ऊँचा शैल (मान, अहंकार) मिलता है, उसे भी जागरूकता पूर्वक पार करना चाहिये। उसे पार नहीं करनेवालोंका नियमसे मरण (पतन) होता है। उससे भी आगे बढ़नेपर बहुत कुटिल व घनी उलझी हुई बाँसोंकी झाड़ी (माया) मिलती है। उसमें-से प्रयत्न पूर्वक निकलना चाहिये, नहीं निकलनेसे अनेक दोष होते हैं, और आगे बढ़ना असंभव हो जाता है। उससे और आगे बढ़नेपर ऊपरसे दीखनेमें बहुत छोटा, परंतु वास्तवमें अपूर ऐसा एक गर्त (लोभ) मिलता है, जिसके पास मनोरथ (इच्छाएँ) नामक विप्र सदैव बैठा रहता है और कहता है कि इस गड्ढेको भरकर जाओ। पर कभी भी उसको भरनेके व्यर्थ प्रयासमें नहीं पड़ना। उसे जितना भरते हैं, उससे अधिक वह विस्तारको प्राप्त होता जाता है, और पथिक मार्गच्युत होकर वहीं ठहर कर रह जाता है, आगे बढ़ नहीं सकता। यहाँसे आगे बढ़नेपर बहुत दिव्य पके हुए और सुरभिपूर्ण किंपाक फल (विषयभोग) उपलब्ध होते हैं, परंतु वे महान् प्राणनाशक होते हैं, अतः उन्हें छूना भी नहीं चाहिये। और आगे चलनेपर मार्गमें महा भयंकर व क्रूर बाईस पिशाच (क्षुधा-तृषादि बाईस परीषह; देखें त० सू० ९.९) मिलते हैं, जो हर समय निगलनेको तैयार बैठे रहते हैं, उन्हें भी प्रयत्नपूर्वक जीतना चाहिये। उस मार्गमें चलते हुए पथिकको सदैव स्वादहीन भोजन-पान करना चाहिये और नित्यप्रति रात्रिके प्रथम व अंतिम दो यामोंमें गमन (स्वाध्याय) करना चाहिये, कभी भी अप्रयाण (ठहरना, संयममें अनुत्साह) नहीं करना चाहिये। इस विधिसे वह दीर्घ अटवी (जन्मोंकी अनादि परंपरा) शीघ्र पार कर ली जाती है और आगे जाकर व्यक्ति सकल दुःख-दुर्गति-जन्म-जरा-मृत्यु-व्याधिसे

रहित, सर्वोत्तम अनंत-अक्षय-अव्याबाध-अनुपम और स्वाधीन सुखोंकी श्रेष्ठ वसति शिवपुरी अवश्यमेव उपलब्ध होती है। धन-सार्थवाहके इस प्रकार कहनेपर अनेक व्यक्ति शिवपुरको राहमें उसके साथ चले। जो सीधे मार्गसे गये, वे शीघ्र उसके साथ शिवपुर पहुँच गये। जो टेढ़े-लंबे मार्गसे चले थे वे भी पहुँच गये, पर देरसे। यह सब कहकर अंतमें जंबूने कहा कि 'उपर्युक्त कथनके विपरीत जो कोई मूढ़-पुरुष शब्द रूप-रस-गंध-स्पर्शसे मोहित होकर इस पथको छोड़कर उन्मार्गमें लग जाते हैं, वे इन सकल दुःखोंके निधान, भयानक, अनोर-पार, सुदुस्तर, दुर्लंघ्य, घोर संसार-सागरमें अनंतकाल तक भ्रमण करते रहते हैं। यहाँ जिनवचन-रूपी पोतको छोड़कर दूसरी कोई नाव नहीं है।

यह आख्यान भी केवल जंबूचरियंमें पाया जाता है।

इस रीतिसे संक्षेपमें जंबूस्वामीने प्रभव आदिके समक्ष सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चरित्र रूपी मोक्ष-मार्गका निरूपण किया। जंबू, प्रभव, वधुएँ, जंबू और वधुओंके माता-पिता सभीने दीक्षा ली। जंबूके गुरु आर्य सुधर्मा, जंबू और प्रभव मोक्ष गये। शेष अपने-अपने तपके अनुसार विभिन्न स्वर्गोंमें इंद्र, अहमिंद्र और देव हुए।

वीर कृत जं० सा० च० तथा अन्य चरितोंमें आयी हुई उपर्युक्त अंतर्कथाओंको वसु० हिंडी, उ० पु०, जंबूचरियं, जं० सा० च०, परि० पर्व० तथा ब्रह्म जिनदास एवं पं० राजमल्लकृत चरितोंकी कुल कथानक संख्या, परस्पर समान कथानक, क्रम संख्यानुसार स्थिति, तथा इन ग्रंथोंमें जंबूस्वामी कथाके विकासक्रमको निम्नलिखित कथासारिणी-द्वारा समझनेमें सरलता होगी :—

जंबूस्वामिचरितोंकी कथासारिणी

(I) संघदास गणिकृत वसुदेव हिंडी (प्राकृत)	(II) गुणभद्र कृत उत्तर पुराण (संस्कृत)	(III) गुणपाल कृत जंबूचरियं (प्राकृत) और (V) हेम० कृत परि० पर्व	(IV) वीर कृत जंबूसामिचरिउ (अपभ्रंश) (VI) जम्बूस्वामी च० (सं०) जिनदास (VII) ,, (सं०) राजमल्ल
		(III) (V)	(IV) (VI) (VII)
१ जंबूने कहा :			
१ इभ्यपुत्र		७ ×	
२ पाँचमित्र		८	
३ यूथपतिवानर प्रभवागमन		२१ १७	७ ७ ७
४ मधुबिंदु	१०	९ ५	९ ९
५ ललितांग	९	२७ २३	१९ चंग १९ १७
६ कुबेरदत्त-कुबेरदत्ता		१० ६	
७ गोप युवक			
८ महेश्वरदत्त		११ ७	
९ एक कौड़ीके लिए करोड़ हारनेवाला मूर्ख वणिक्			

(I) संघदास गणिकृत, वसुदेवहिंडी (प्राकृत)	(II) गुणभद्रकृत उत्तरपुराण (संस्कृत)	(III) गुणपालकृत जंबूचरियं (प्राकृत) और (V) हेम० कृत० परि० पर्व (III)	(V)	(IV) वीरकृत जंबूस्वामिचरित (अपभ्रंश) (VI) जम्बूस्वामि च० (सं०) जिनदास (VII) ,, (सं०) राजमल्ल (IV)	(VI)	(VII)
१० प्रद्युम्नचंद्र-वल्लभारी विद्युन्माली देवागमन चार देवियाँ	१ धर्मरुचि	१	१			
११ अणाढिय देव वृत्तांत	११	६	२	३	३	३
१२ भवदत्त-भवदेव वृत्तांत	१२	२	३	१	१	१
नागिलाने कहा :	गणिनीने कहा :					
१३ वासनाग्रस्त ब्राह्मणपुत्र	१३ दासी-पुत्र	३	×			
१४ वमनभक्षी ब्राह्मणपुत्र	१४ राजश्वान	४	४			
	१५ दुर्बुद्धि-पथिक					
१५ सागरदत्त-शिव-कुमार भव		५ सागरदत्त-शिवकुमार भव और शिवकुमार-कनकवती प्रेमाख्यान		[सा० दत्त-शिवकुमार]		
				[वधूने कहा :]		
				१० सर्प व करकँटा	१०	१०
जंबूने कहा :	जंबूने कहा :	जंबूने कहा :		जंबूने कहा :		
४	१०	९	५	९ भ्रमर ९मधुबिंदुदृष्टांत		
				११ मृत बैलको खानेवाला शृगाल	११ वृद्ध बैलको खानेवाला शृगाल	११
				विद्युच्चरागमन		
				विद्यु०ने कहा :		
	२			१२ मधुलोभी ऊँट	१२	१२
	६ शृगाल संबंधी अंतिम अंश मात्र			१४ असती	१४	१३
चतुर्थनीलयशा लंभक-के अंतर्गत	४			१६ भील शृगाल	१६	×
	(८) मृदंग वादक			(१८) भोंड नट और नर्तकियाँ	(१८) नट	
				[जंबूने कहा :]		
	११	१५	११	१३ तृषित वणिकपुत्र	१३	×

	५ रत्न-राशि और मूर्खपथिक ७ सोया हुआ वणिक् और चोरी			१५ चिंतामणि-रत्न	१५	१४
				१७ लकड़हारे-का स्वप्न	१७	१५
५ लक्षित ५	९ ललितांग	२७	२३	१९ चंग	१९	१७
	गणधरने कहा :					
११	११ अणाढिय देव	६	२	३	३	३
१२	१२ भवदत्त-भवदेव दीक्षा	२	३	१	१	१
नागिलाने कहा :	गणिनीने कहा :	[नागिला कथित]				
१३	१३ दासीपुत्र					
१४	१४ राजश्वान	४	४			
	१५ दुर्बुद्धि पथिक					
		[वधूने कहा]				
		१२ मूर्ख होली ८ गुडमंडककथा		४	४	४
		१४ वानर-युगल	१०	६ वानर	६	६
		१६ नूपुर-पंडिता	१२	१४	१४	१३
		१८ शंख-धमक	१४	८ संखिणी	८	शंखक-बाड़ी
		२० बुद्धि-सिद्धि	१६			
		२२ ग्रामकूट-पुत्र	१८			
		२४ मा-साहस पक्षी	२०			
		२६ चतुर ब्राह्मण कन्या	२२			
		[जंबूने कहा :]				
चतुर्थ नीलयशालंभकके अंतर्गत		११ कौवा	९	५	५	५
	१ दाह ज्वर पीड़ित	१५ इंगाल दाहक	११	११ तृषित वणिक्पुत्र	१३	×
		१७ मेघरथ-विद्युन्माली	१३			
१		१९ यूथपति-वानर	१५	७	७	७
		२१ जात्यश्व	१७			
		२३ घोड़ी पालक	१९			
		२५ तीन मित्र	२१			
५	९ धूर्त्त	२७ ललितांग	२३	१९	१९	१७
		२८ तीन वणिक् और खदानें	×			
		२९ आख्यान-चिंतामणि	×			

उपर्युक्त तालिकासे ज्ञात होता है कि वीर कविने अपनी प्रस्तुत काव्य कृतिमें कथानक क्र० ५, ७ और १६ वसु० हिंदीसे संग्रहीत किये हैं। कथा क्र० १, ३ व १९ वसु० हिंदी तथा उ० पु० दोनोंमें समान रूपसे उपलब्ध हैं। कथा क्र० ४ मूर्खहाली, क्र० ६ वानर, क्रमांक ८ संखिणी, क्र० ९ भ्रमर एवं क्र० १४ असती, ये पांच कथाएँ गुणपाल कृत जंबूचरियमें कुछ परिवर्तनोंके साथ विस्तृत रूपमें विद्यमान हैं। कथा क्र० २ चार देवियोंका पूर्वभव, क्र० १० सर्प व, करभेटा, क्र० ११ मृत बैल और शृंगाल, क्र० १५ चिंतामणिरत्न एवं क्र० १७ लकड़हारेका स्वप्न, ये पांच आख्यान कविने स्वतंत्र रूपसे निबद्ध किये हैं, जिनके मूलस्रोत विविध प्रसिद्ध लोक-कथा साहित्य एवं लोकाख्यानोंमें सरलतासे खोजे जा सकते हैं।

'जंबूसामिचरिउ' की अंतर्कथाओंका तुलनात्मक अध्ययन करनेपर हम देखते हैं कि अपने कथा-गठनमें जहाँ कविने अनावश्यक कथाओंको सर्वथा छोड़ दिया है—जैसे कि प्रसन्नचंद्र-वल्कलचारी एवं महेश्वरदत्त आदिके कथानक; वहीं समस्त आख्यानोंको यथासंभव संक्षिप्त भी कर दिया है। ऐसा करनेमें कविने कथानकोंके आशयको तो पूर्णतया सुरक्षित रखा है, परंतु उनमें-से अधिकांशमें-से अतिमानवीय, दैवी तत्त्वोंका लोप कर दिया है, और अपने समस्त आख्यानोंको शुद्ध लोककथाओंके रूपमें वर्णित किया है। जहाँ दूसरे गद्य-पद्य चरितकारोंपर उनके अंतर्मनका उपदेशक रूप हावी रहा है, वहाँ वीर कवि धार्मिक सिद्धांतों, विश्वासों और श्रद्धासे अनुप्राणित रहनेपर भी अपने कवि-हृदयको धार्मिक उपदेशस्थापनसे अभिभूत नहीं होने देता। इसलिए जहाँ अन्य समस्त चरितकारोंने प्रत्येक कथाको आध्यात्मिक आशयों या प्रतीकोंसे लाद दिया है, वहाँ वीर कवि सब कथानकोंका आशय अधिकसे-अधिक दो अथवा एकाध पंक्तिमें ही कहकर समाप्त कर देता है; और इस प्रकार कहीं भी अपने आख्यानोंको धार्मिक प्रतीकोंसे बोझिल करके उनका काव्य-कथा-रस दबने नहीं देता। यही कारण है कि एक ऐसा सामान्य पाठक भी जिसका जैन धर्म व जैन संप्रदायसे कोई संबंध तथा परिचय न हो, वह भी बहुत थोड़ेसे धार्मिक चर्चावाले अंशको छोड़कर, शेष संपूर्ण रचनामें काव्य-रसका अनुभव ले सकता है, जबकि अन्य चरितोंके साथ साधारणतः ऐसा नहीं है। उनका बहुत सारा अंश सामान्य पाठक बिलकुल ही नहीं समझेगा। अतः इनमें प्रचुरतासे विद्यमान साहित्यिक रसका भी वह कोई आस्वाद नहीं ले सकेगा। उदाहरणके लिए गुणपाल कृत 'जंबूचरियं'का आख्यान-चिंतामणि नामक अंतिम कथानक देखें। आख्यानके उत्तरार्द्धमें पूर्वार्द्धके प्रत्येक पात्र, घटना, वस्तु सभीका आध्यात्मिक आशय बताया गया है, पूर्वार्द्ध केवल उसका प्रतीक मात्र है। अब काललब्धि, जीवात्माएँ, मोक्ष और रत्नत्रय आदि तत्त्वोंको सामान्य पाठक क्या समझे? अतः उसके सामने कमसे-कम अमुक-अमुक अंशको छोड़ देनेके सिवाय और क्या उपाय रह जाता है? वीर कवि ऐसी स्थिति कहीं भी उत्पन्न होने नहीं देता और धार्मिक-दार्शनिक तत्त्वोंकी चर्चा भी पाठकके मनमें जिज्ञासा और कौतूहलकी सुदृढ़ पृष्ठभूमि निर्माण कर चुकनेकी स्थितिमें करता है। अर्थात् किसी भी स्थितिमें रचनाकी साहित्यिकता या काव्यात्मकता अन्य तत्त्वोंसे दबने नहीं पाती।

प्रत्येक महाकाव्यमें अनेक अंतर्कथाओंकी योजना अनिवार्य रूपसे की जाती है। उसमें कविका महान् आशय निहित रहता है। ये अंतर्कथाएँ कहीं काव्यकी मूल कथावस्तुको क्षिप्र गतिशीलता प्रदान करती हैं, तो कहीं उसकी गति-तीव्रताको मंथर बनाती हैं; और कहीं कथावस्तुकी मूलधारामें आवश्यक मोड़ लाती हैं, तो कहीं भावी घटनाओंके संकेत भी प्रदान करती हैं। इसके अतिरिक्त अंतर्कथाओंका सबसे महत्त्वपूर्ण योगदान नायकके चरित्रके अधिकसे-अधिक सुत और अंतर्निहित गुणों तथा उसके सर्वांगीण जीवन-के विविध पक्षोंको प्रकाशमें लानेमें होता है। इनका एक और विशिष्ट आशय आद्योपांत पाठककी जिज्ञासा और कौतूहल वृत्तिको जागृत करते हुए, क्रमशः थोड़ा-थोड़ा शांत करते-करते महाकाव्यकी 'इति' तक इस प्रकार ले जाना रहता है कि अंतमें भी पाठकका कौतूहल भले ही शांत हो जाये, पर उसकी यह जिज्ञासा बनी ही रह जाये कि अब इसके आगे और क्या हो सकता है? क्या हुआ होगा? या क्या होनेकी संभावना है? इन्हीं कल्पनाओंमें पाठक काव्यका अध्ययन समाप्त कर चुकनेपर भी मानो उसीका एक अंग, एक पात्र बनकर साधारणीकरणकी स्थितिमें आकर, रसात्मक अवस्थाको प्राप्त होकर उसीके चिंतनमें आनंद-विभोर होकर रह जाता है।

वीर कविने अपने महाकाव्यमें जिन अंतर्कथाओंका जिस प्रकार जिस-जिस स्थल-पर समावेश किया है, वे अपनी-अपनी स्थितिमें मुख्य कथावस्तुको गतिदान आदि करती हुई नायकके चरित्रके विविध गुणों एवं विविध पक्षोंका उद्घाटन कर कथावस्तुको एक निश्चित उद्देश्य अर्थात् नायकको फल-प्राप्तिकी ओर निरंतर लेती चलती हैं। इस प्रकार वीर कविने प्रस्तुत महाकाव्यके आयाममें इन अंतर्कथाओंके समावेशका पूर्ण औचित्य सिद्ध किया है।

कथा तत्त्व तथा कथानक रूढ़ियाँ

'जंबूसवामीचरिउ'में समाविष्ट अंतर्कथाओंका कथा तत्त्वों तथा कथानक रूढ़ियोंकी दृष्टिसे भी विश्लेषण आवश्यक है

साहित्यकारोंने लोक कथाओंमें निम्न तत्त्वोंका होना आवश्यक माना है[1] :—

१. लोक-कथाओंका लोक-प्रचलित होना।

२. अप्राकृतिक, अतिप्राकृतिक तथा अमानवीय तत्त्वोंका समावेश होना।

३. इनका देश-काल आश्चर्यजनक और कल्पना मंडित होना।

४. लोकरुचिका मनोरंजक चित्रण होना।

५. लोकचित्तको आंदोलित करना, प्रेरित करना और निश्चित उद्देश्यकी ओर ले जाना।

६. लोकश्रुतिसे प्राप्त लोक कथाओंको लोकभाषामें निबद्ध करना।

७. ऐतिहासिक, रूढ़िग्रस्त और पौराणिक घटनाओंका कल्पनाके साथ सम्मिश्रण होना।

इन सातों ही तत्त्वोंका कुछ-न-कुछ समावेश 'जंबूसामिचरिउ' में अंतर्कथाओंके रूपमें समाविष्ट लोक कथाओं में हुआ है। इनमें निम्न कथा तत्त्व अधिक स्पष्टतासे समाविष्ट पाये जाते हैं :—

१. प्रेमका गंभीर पुट, जैसे भवदत्त-भवदेवके माता-पिता, भवदत्त-भवदेव दोनों भाई, भवदेवका अपनी पत्नी नागिलाके प्रति मुनि बन जानेपर भी अनन्य अनुराग, भवदत्त-भवदेवका निरंतर पाँच भवोंमें अभिन्न स्नेह, शिवकुमारके जन्ममें उसके मित्र दृढ़वर्म और माता-पिताका उसके प्रति गहरा अनुराग।

२. स्वस्थ शृंगारिकता : जंबूस्वामीकी वधुओंका उनके प्रति शृंगार-भाव प्रदर्शन और गृहस्थ मिथुनोंकी रति-क्रीड़ा।

३. कौतूहलका समावेश प्रायः सर्वत्र; विशेष रूपसे इन घटनाओंमें : भगवान् महावीरका समोशरण आनेपर सब ऋतुओंकी वनस्पतियोंका फूल उठना; विद्युन्माली देवका महावीरके समोशरणमें आना; श्रेणिककी सभामें गगनगति विद्याधरका आकाश मार्गसे आना।

४. अतिप्राकृतिकताके तत्त्वका प्रकटीकरण : भ० महावीरके समोशरण आनेके समयकी घटनाएँ।

५. उपदेशात्मकता : सभी अंतर्कथाओंमें स्पष्ट रूपसे उपलब्ध।

६. अप्राकृतिकता : असतीके आख्यानमें शृगालका मनुष्यवाणीमें बोलना।

७. अनुश्रुतिमूलकता : सभी अंतर्कथाएँ कथा-प्रतिकथाके रूपमें कही गयी हैं, घटनाओंके रूपमें नहीं।

८. पारिवारिक जीवनका चित्रण : भवदत्त-भवदेवके तीनों मनुष्य जन्मोंकी कथाओंमें, तथा मूर्ख हालीकी कथामें।

९. पूर्वजन्मोंके संस्कार और फलाभोग : शिवकुमार जंबूस्वामी तथा चार देवियोंकी कथाओंमें।

१०. साहसका निरूपण : अकेले जंबूस्वामी-द्वारा हस्तिनिग्रह और रत्नशेखर-पराजयके वृत्तांतमें।

११. जनभाषा : अपभ्रंशका प्रयोग।

१२. सरल अभिव्यंजना : कथानकोंके सरल स्पष्ट वर्णनमें। जंबूसामिचरिउके कुछ कथानकोंमें अस्पष्टता और दुरूहता भी दिखाई देती है उदाहरणार्थ संखिणीके आख्यानमें।

---

१. डॉ० नेमिचंद्रशास्त्री : हरिभद्रके प्राकृतकथासाहित्यका-आलोचनात्मक-अध्ययन, पृ० २३५-२६०।

१३. लोक-जीवनका चित्रण : विविध रूपोंमें विस्तारसे उपलब्ध।[1]

१४. लोक-कल्याणकी भावना : जंबूस्वामी और रत्नशेखरके अकेले-अकेले द्वंद्व युद्धमें, जिससे अन्य सैनिकोंका व्यर्थ संहार न हो।

१५. परंपराकी रक्षा : श्रेणिककी वाग्दत्ता विलासवती, एवं जंबूस्वामीकी वाग्दत्ता कन्याओंके क्रमशः श्रेणिक व जंबूको ही विवाहे जानेमें।

१६. धर्म श्रद्धा : संपूर्ण कथावस्तुका केंद्र भूत तत्त्व।

उपर्युक्त तत्त्वोंके अतिरिक्त 'जंबूसामिचरिउ'में समाविष्ट अंतर्कथाएँ वास्तवमें जन-साधारणके सामान्य लौकिक सुख-भोग प्रधान जीवन और मनोदशाको तीव्रतासे आंदोलित कर, उसके अंतस्तलमें धार्मिक जीवन-की बलवती प्रेरणा उत्पन्न कर, उसे धार्मिक साधनाके पूर्व निश्चित उद्देश्यकी ओर स्वाभाविक रूपसे बहाकर ले जाती हुई दिखाई पड़ती हैं। कविको अपनी ओरसे कोई उपदेश देना-दिलाना नहीं पड़ता।

ऐतिहासिक और पौराणिक घटनाओंका भी वीर कविने स्थान-स्थानपर कल्पनाके साथ सुंदर सम्मिश्रण किया है, जैसे विंध्याटवीकी उपमा कुरुक्षेत्रकी युद्धभूमिसे देना, अथवा लंकानगरीसे देना, या कात्यायनी देवीसे करना, अथवा नववसंतागमनकी तुलना सीताका वृत्तांत लेकर आये हनुमान्‌से करना। और भी अनेक स्थलोंपर शंकर-गौरी आदि देव-देवियों और उनसे संबद्ध पौराणिक वर्णनोंका सम्मिश्रण सुंदरतासे कवि-कल्पनाके साथ यथास्थान किया गया है।

कथानक रूढ़ियाँ

कथानक रूढ़ियाँ लोक-कथाओंका अभिन्न अंग होती हैं। "विभिन्न कथाओंमें बार-बार व्यवहृत होने-वाली एक जैसी घटनाओं अथवा एक जैसे विचारोंको कथानक रूढ़ि कहा जाता है। उक्त प्रकारकी घटनाएँ या विचार संबद्ध कथानकके निर्माण अथवा उसके विकासमें योग देते हैं।"[2] इस संबंधमें आ० डॉ० हजारी प्रसाद द्विवेदीने लिखा है, "हमारे देशके साहित्यमें कथानकको गति और घुमाव देनेके लिए कुछ ऐसे अभि-प्राय दीर्घकालसे व्यवहृत होते आये हैं जो बहुत दूर तक यथार्थ होते हैं और जो आगे चलकर कथानक रूढ़ियोंमें बदल गये हैं।"[3] आ० हरिभद्रने अपने कथा-साहित्यमें, उनके पूर्व वसुदेव हिंडीमें तथा आगे चलकर गुणपालने अनेक कथानक रूढ़ियोंका प्रयोग किया है।[4] वीर कवि क्योंकि मूलतः कवि है, कथाकार नहीं, अतः उसने अधिक कथानक रूढ़ियोंका प्रयोग नहीं किया। उनके द्वारा प्रयुक्त कुछ विशेष कथानक रूढ़ियाँ निम्नलिखित हैं :—

१. लोक प्रचलित विश्वासोंसे संबद्ध रूढ़ियाँ : जैसे जंबूस्वामीकी माताके पाँच स्वप्न और मुनि-द्वारा उनका फल-कथन तथा मृगांक पुत्री विलासवतीके श्रेणिकसे विवाहकी भविष्यवाणी।

२. नागदेवोंसे संबद्ध रूढ़ि : जैसे लोगों-द्वारा वृत्तांत पूछनेपर चंगका यह कहना कि रूपासक्त नागदेवियाँ मुझे पाताल स्वर्गमें उठा ले गयी थीं।

३. तंत्र-मंत्र-औषधिसे संबद्ध रूढ़ि : जैसे विद्युच्चरके द्वारा औषधिसे पहरेदारको स्तंभित करके अपने पिताके शयन कक्षमें चोरीके लिए प्रविष्ट होना।

४. आध्यात्मिक और मनोवैज्ञानिक रूढ़ियाँ : इस वर्गकी रूढ़ियोंका वीर कविने सबसे अधिक प्रयोग किया है, जिनमें-से प्रमुख प्रयुक्त रूढ़ियाँ निम्न लिखित हैं :—

---

१. प्रस्ता०—१०।

२. डा० नेमिचंद्र शास्त्री : हरिभद्रके प्रा० कथा सा० का आलो० अध्ययन०, पृ० २१०।

३. डा० हजारी प्रसाद द्विवेदी : हिन्दी साहित्यका आदिकाल, पृ० ७४।

४. हरिभद्रके प्रा० कथा सा० का आलो० अध्ययन, पृ० २६–२२८।

(i) शिवकुमार-सागरदत्त भवमें सागरदत्त मुनिको देखकर शिवकुमारको संसारसे स्वतः वैराग्य उत्पन्न हो जाता है और वह मुनिसे इसका कारण पूछता है। इसी प्रकार सुधर्मा—जंबूस्वामी भवमें भी यही घटना घटित होती है।

(ii) तीसरे भवमें मुनि सागरदत्तके द्वारा, पाँचवें भवमें सुधर्मा-द्वारा तथा स्वयं जंबूके द्वारा अपनी पूर्व-भव-परंपरा कही जाती है।

(iii) विद्युन्माली देवकी चार देवियाँ पूर्व भवमें हृदयसे इच्छा करती हैं कि सूरसेन जैसा पति फिर न मिले; और तपश्चरणके फलसे स्वर्गमें विद्युन्माली देवकी प्रिय देवियाँ होनेपर पुनः इच्छा करती हैं कि आगामी भवमें भी, जब यह देव जंबूस्वामीके रूपमें जन्म लेगा, तब भी किसी भी प्रकार इससे हमारा संग न छूटे और हम लोग पुनः इसे अपने पतिके रूपमें प्राप्त करें।

(iv) कथाक्रममें स्थान-स्थानपर धर्मका स्वरूप तथा ज्ञानोपलब्धिकी जिज्ञासा व्यक्त हुई है।

(v) जंबूस्वामीने सुधर्मासे सम्यक्त्वोपलब्धिका कारण पूछा है।

(vi) वैराग्य प्राप्तिके निमित्त : सागरदत्तको मुनि सुबंधुतिलकके धर्मोपदेशसे, शिवकुमारको मुनि सागरदत्तके तथा जंबूस्वामीको मुनि सुधर्माके दर्शनोंके निमित्तसे वैराग्य होना।

(vii) जंबूस्वामीको केवल ज्ञानोपलब्धिके समय देवागमन और अन्य आश्चर्य।

(viii) मुनि सागरदत्त और सुधर्म गणधरके दर्शनसे क्रमशः शिवकुमार और जंबूको पूर्व भवोंका स्मरण।

(xi) जन्म-जन्मांतरोंकी शृंखला : भवदत्त-भवदेव, देवता, सागरदत्त-शिवकुमार, पुनः देवगति और अंतमें सुधर्म व जंबूस्वामीके जन्म-जन्मांतर।

(x) विद्युच्चरको तपस्याके समय चंडमारी व्यंतरी कृत भयानक उपसर्ग और विद्युच्चर-द्वारा उपसर्ग-विजय।

उपर्युक्त सभी कथानक रूढ़ियाँ अधिकांशतया 'जंबूसामिचरिउ'की मुख्य कथावस्तुमें प्रयुक्त हुई हैं। इनके अतिरिक्त सभी अंतर्कथाओंमें दो आध्यात्मिक रूढ़ियाँ प्रमुख रूपसे उपलब्ध होती हैं। जंबूस्वामीकी वधुओं और विद्युच्चर-द्वारा जो आख्यान कहे गये हैं उन सबका अभिप्राय यह है कि जो कोई उपलब्ध सुखों-को छोड़कर भविष्यमें, लौकिक या पारलौकिक स्वर्गादि अनुपलब्ध सुखोंकी लालसा करता है उसे भविष्यके सुख तो उपलब्ध होते ही नहीं; वह उपलब्ध सुखोंको भी खो बैठता है। जंबू-द्वारा कहे गये आख्यानोंका अभिप्राय इसके सर्वथा विपरीत यह है कि उपलब्ध क्षुद्र-क्षणिक सांसारिक सुख-भोगोंमें डूबकर मानव स्वर्ग मोक्षके अनुपम शाश्वत सुखोंको भूल जाता है और सदाके लिए खो बैठता है।

प्रस्तुत काव्यमें प्रयुक्त कथानक रूढ़ियोंके विश्लेषणसे यह तथ्य भलीभाँति प्रकट होता है कि वीर कविने अपने काव्यके उद्देश्यानुकूल आध्यात्मिक-धार्मिक रूढ़ियोंका आद्योपांत सर्वाधिक प्रयोग उचित रीतिसे किया है। अन्य रूढ़ियोंका प्रयोग भी यथास्थान पाया जाता है।

६. जंबूसामिचरिउका काव्यात्मक मूल्यांकन

अन्य प्रसिद्ध महाकवियोंके समान कवि वीरने भी अपनी काव्य-संबंधी निम्नलिखित मान्यताएँ प्रकट की हैं :—

१. व्याकरण सम्मत भाषा (१.२.७)।
२. ललित पद सन्निवेश (१.२.७ एवं ७.१.४)।
३. श्रुति-मधुर वर्ण (सुहसुहयरु १.२.११)।
४. अर्थ-गांभीर्य (कव्वत्थु निवेसइ (१.२.११ बहियं अत्थं; ८.१.८)।
५. अर्थ स्पष्टता एवं अर्थसौंदर्य (७.१.४)।

६. काव्यके विविध अंग तथा रस-भाव युक्तता (रसभावहिं···१.२.१२; कण्णपुडएहिं पिज्जइ जणेहिं रसमउलियच्छेहिं ३.१.२; सरसकव्वसब्भस्सं ६.१.१; कव्वंगरससमिद्धं ८.१.३; कव्वस्स इमस्स मए विरइयवण्णस्स रससमुद्दस्स ८.१.७; रसदित्तं ९.१.४; गरुवं रसंतरं १०.१.४)।

७. संधियुक्तता : (पयडबंधसंधाणहिं (१.२.१४)।

८. छंदोबद्धता : (सच्छंदु १.३.३; चारित्तुविचित्तु १.३.७)।

९. गुणयुक्तता : (१.२.४)।

१०. दोष-मुक्तता : (१.२.४)।

११. अलंकार-नियोजन : (अलंकारसलक्खणाइं १.१.२; सालंकारं कव्वं ८.१.९)।

'जंबूसामिचरिउ' ग्यारह संधियोंमें रचित है। अर्थ-गांभीर्य, अर्थस्पष्टता एवं अर्थ-सौंदर्य तथा ललित पदरचना एवं श्रुति-मधुरता आदि गुण काव्य रचनाके अध्ययनसे स्वतः प्रकट हो जाते हैं। काव्यगुणों, रीतियों तथा भाषात्मक एवं व्याकरणात्मक स्वरूपका विश्लेषण आगे (प्रस्तावना ७-८) किया गया है। शेष काव्यात्मक तत्त्वोंपर निम्नलिखित शीर्षकोंके अंतर्गत विचार किया जाता है :—

(क) चरित काव्यकी दृष्टिसे समीक्षा (ख) महाकाव्यात्मकता (ग) वस्तु-व्यापार वर्णन : देश, नगर, ग्राम, शैल, अटवी, उपवन-उद्यान, सरित्; ऋतुवर्णन वसंत ग्रीष्म, वर्षा; दिन-विभाग : उषः, सूर्योदय, मध्याह्न, संध्या, प्रदोष, रात्रि, अंधकार और चंद्रोदय; क्रीड़ाएँ : उपवन-क्रीड़ा, जल-क्रीड़ा मिथुनोंकी सुरत क्रीड़ा, वेश्याओंके काम-व्यापार एवं हस्तिकृत उपद्रव; सैन्य प्रयाण और पड़ाव; एवं विविध रूपोंमें प्रकृति-चित्रण। (घ) शील-विश्लेषण (ङ) रस-भाव योजना (च) अलंकार योजना (छ) बिंब योजना (ज) छंद-योजना।

(क) चरितकाव्यकी दृष्टिसे समीक्षा

जंबूस्वामीके जीवन-चरित और कथावस्तुके स्रोतोंके अध्ययनमें हमने देखा है कि प्राचीन-साहित्यमें जंबूस्वामीचरितको ऐतिहासिक सामग्री अत्यंत संक्षिप्त है। उसीके आधारसे सर्वप्रथम संघदास गणिने वसुदेव हिंडीके 'कथा-उत्पत्ति' नामक प्रथम प्रकरणमें जंबूस्वामी चरितकी बृहद् कथा कल्पित की। उत्तर पुराण (गुणभद्र)की परंपरासे वह कथा वीर कविको प्राप्त हुई और उसी नींवपर उसने अपनी कल्पना और काव्य-प्रतिभाके सामर्थ्यसे 'जंबूसामिचरिउ' नामक प्रस्तुत महाकाव्यकी रचना की।

अपभ्रंश साहित्य अंतर्बाह्य सर्वतः प्राकृत-साहित्यकी परंपरासे अविच्छिन्न-अभिन्न रूपसे संबद्ध है। अतः प्राकृत चरितकाव्योंकी जो विशेषताएँ विद्वानोंने[1] निर्धारित की हैं वे पूर्णरूपसे अपभ्रंश चरित काव्योंमें भी उपलब्ध होती हैं। उनके परिप्रेक्ष्यमें जंबूसामिचरिउका परिशीलन करने पर निम्नलिखित विशेषताएँ उपलब्ध होती हैं :—

कथावस्तुकी व्यापक और गहन अन्विति : कथावस्तुके प्रवाह एवं उसकी हृदयस्पर्शताके निर्वाहके लिए संधियोंका प्रगाढ़ संश्लिष्ट संयोजन; कथानकमें चमत्कार उत्पन्न करनेके लिए परिस्थितियोंका नियोजन; तथा जीवन और जगत् संबंधी उपदेश; कथावस्तुमें रोचकता बनाये रखनेके लिए मूल कथानकसे संबद्ध और असंबद्ध देशकाल, समाज एवं व्यक्तियोंके रोचकवर्णन; पात्रोंके चरित्रोंका द्वंद्वात्मक विकास; सहृदय सामाजिक अथवा पाठकको रसानुभूतिकी दृष्टिसे साधारणीकरणकी[2] स्थितिमें लानेके लिए पात्रोंका शील वैचित्र्य; चरितवर्णनमें अस्वाभाविकता और पाठकमें तज्जन्य नीरसतासे काव्यको बचानेके हेतु सर्वसुलभ साधारण मानवोंकी भाँति पात्रोंके चरितोंमें उतार-चढ़ावरूप तरतमता; जीवनके विविध व्यापारों, परिस्थितियों, जैसे प्रेम, विवाह, वियोग, मिलन सैनिक-अभियान, नगरकी घेरेबंदी, युद्ध, जय-पराजय, का चित्रण; नाना विघ्नों एवं

१. डॉ० नेमिचंद्र शास्त्री : प्रा० भा० और सा० का आलो० इतिहास, अध्याय ४।

२. हिन्दी साहित्य कोश

उपलब्धियोंका निरूपण; परिस्थितियोंके कौशलपूर्ण नियोजनसे नायकके चरितका क्रमशः उद्घाटन; कथात्मक घटना और काव्यात्मक वर्णनोंमें समन्वय; पात्रों और परिस्थितियोंके संपर्क-संघर्षसे सामाजिकोंके हृदयमें रस निष्पत्ति; धार्मिक वृत्तियों, पौराणिक विश्वासों और आश्चर्य तथा औत्सुक्यपूर्ण सहज प्रवृत्तियोंका सद्भाव; जीवनकी समग्रताका चित्रण तथा पात्रोंके चरित्र-विकासके हेतु जीवनके विविध रूपों और पक्षोंका उद्घाटन करते हुए मूलकथा और अवांतर कथाओंके अतिरिक्त विविध वस्तुओं, पात्रों और भाव-अनुभावोंका निरूपण; तथा शैलीमें रोचकता, गंभीरता और उदात्तता। प्रस्तावनामें आगे यथास्थान इन विशेषताओंपर यथोचित प्रकाश डाला गया है।

(ख) महाकाव्यात्मकता

प्रस्तुत कृतिमें शास्त्रीय महाकाव्यके सभी लक्षण पाये जाते हैं। महाकाव्यके इतिवृत्त, वस्तु व्यापार-वर्णन, संवाद एवं भावाभिव्यंजन, ये चारों अवयव संतुलित रूपमें यहाँ घटित हुए हैं। कविने जीवनकी समग्रताका चित्रण कई जन्मोंकी कथाका अवलंबन लेकर किया है।

नामकरण—महाकाव्योंके नामकरणके निम्नलिखित प्रमुख आधार हैं :—(१) काव्यमें वर्णित किसी प्रमुख घटनाके नामसे, जैसे 'सेतुबंध' (२) प्रमुख पात्रके नामसे, जैसे 'गउडवहो'; (३) नायक या नायिकाके नामसे, जैसे 'पउमचरिउ'; (४) वर्णित वंश विशेषके नामसे, जैसे महाकवि कालिदासकृत 'रघुवंशम्'; (५) प्राप्त संकेत या उपदेशके आधारसे, जैसे 'मयणपराजयचरिउ' एवं (६) कविके नामसे, जैसे 'माघकाव्य'। स्पष्ट है कि कविने नायकके नामपर काव्यका नामकरण किया है। अतः यह अपभ्रंश काव्यकी वह विधा है जिसे चरितनामांत महाकाव्य कहा जा सकता है।

यों तो पुराण और महाकाव्यका उद्भव और विकास समानांतर रूपमें होता है। आरंभमें इन दोनोंका रूप तो हमें एकमें घुलमिल दिखाई देता है, जिसके उदाहरणस्वरूप स्वयंभू कृत 'हरिवंशपुराण' या 'रिट्ठनेमिचरिउ'का नाम लिया जा सकता है। परंतु जब अलंकरणकी प्रवृत्ति और सौंदर्य बोधकी चेतना विस्तृत होती है, तो महाकाव्योंका संगठन पुराणोंसे पृथक् शैलीमें होने लगता है। यही कारण है कि अपभ्रंश काव्योंमें पौराणिक तत्त्वोंके साथ सौंदर्यचेतनाका विस्तार पाया जाता है। इस दृष्टिसे 'जंबूसामिचरिउ' एक चरितनामांत महाकाव्य है। इसमें निम्नलिखित तत्त्व समाहित हैं—(१) शास्त्रीय नियमोंके आधारपर ग्रथित जंबूस्वामीका इतिवृत्त; (२) वस्तु व्यापारोंका संयोजन; (३) अवांतरकथाओं और घटनाओंमें वैविध्यके साथ अलौकिक व अप्राकृतिक तत्त्वोंका सन्निवेश; (४) दर्शन और आचार संबंधी सिद्धांतोंका समावेश; (५) व्यापक और मर्मस्पर्शी कथानकका एक ही नायकके जीवनके साथ संबंध; (६) रस-भाव योजनाके हेतु रोमांटिक तत्त्वोंकी समाहिति; (७) कथा-वस्तुमें विस्तारकी अपेक्षा गहनता; (८) सर्ग विभाजनके स्थानपर संधि विभाजनके रूपमें सानुबंध-कथाकी योजना; (९) कर्म संस्कारोंके विश्लेषण, उद्घाटन हेतु कई जन्मोंकी कथाका ग्रंथन; (१०) प्रमुखपात्रोंके चरितका क्रमिक उद्घाटन एवं विभिन्न अवस्थाओंके माध्यमसे मोक्षप्राप्तिका उल्लेख; तथा (११) काव्यत्व उत्पन्न करने हेतु यथास्थान अलंकारों, गुणों एवं रीतियोंका संयोजन।

'जंबूसामिचरिउ' में इन महाकाव्य गुणोंके समावेश-संयोजनसे यह स्पष्ट प्रमाणित है कि यह एक उच्चकोटिका अपभ्रंश महाकाव्य है। कविने इसमें सज्जन प्रशंसा, दुर्जन निंदा, संध्या, प्रभात, मध्याह्न, रात्रि, चंद्र, सूर्य, वन, पर्वत, नदी, सरोवर एवं ऋतु आदि वस्तुओंका सांगोपांग चित्रण किया है। प्रबंध कल्पना भी महाकाव्यकी है। कथाकी अन्विति, संधि विभाजन, छंद परिवर्तन, प्रकृति चित्रण, भावाभिव्यंजन आदि महाकाव्यके सभी उपकरण प्रस्तुत काव्यकृतिमें समवेत हैं।

(ग) वस्तु-व्यापार-वर्णन

जं० सा० च०में तीन देशों, पाँच नगरों, एक ग्राम, एक वन, एक पर्वत तथा एक नदीका वर्णन उपलब्ध होता है। ग्राम आदिके वर्णनमें सरोवर आदिके भी उल्लेख हैं। कविने ऋतुओं, दिन-रात्रिके विभिन्न

प्रहरों, और अनेक विध क्रीड़ाओंके सुंदर, स्वाभाविक, सजीव एवं मार्मिक वर्णन किये हैं। यह सामग्री विविध दृष्टियोंसे महत्त्वपूर्ण है। संक्षेपमें जानकारी इस प्रकार है :—

देश वर्णन—वीर कविने अपनी रचनामें तीन देशोंका विस्तारसे[1] वर्णन किया है—मगध, पूर्व-विदेह तथा विंध्य। इनमें मगध देशका वर्णन सर्वप्रथम तथा सबसे विस्तारसे और सांगोपांग रीतिसे किया गया है (१.६. १६से १.८.१-८)। इस संदर्भमें मगधकी समृद्धि, वहाँके नर-नारी, गृह-प्रासाद, नदी-सरोवर और उद्यान तथा ग्राम, उपवन, और खेतोंका अत्यंत सजीव वर्णन उपलब्ध होता है।

नगर वर्णन—'जंबूसामिचरिउ'में क्रमशः राजगृह, पुंडरिकिणी, वीतशोका, नर्मपुरपत्तन और संवाहन नामक नगरोंका वर्णन किया गया है।[2] पुंडरीकिणी नगरीका वर्णन विस्तारसे उपलब्ध होता है (३.१.२०से ३.२.११ तक), जिसमें नगरकी बाह्याभ्यंतर रचना और नागरिकोंके सुखद जीवनका आकर्षक वर्णन है। अन्यत्र राजगृहकी नारियोंकी सुंदरता और नागरिकोंकी समृद्धि, नर्मपुरके लोगोंका धार्मिक जीवन और संवाहन नगरके व्यापारिक कारोबारका मनोहारी वर्णन उपलब्ध होता है।

ग्राम वर्णन—ग्रामों और खेतोंका बहुत कुछ चित्र कविने बहुधा देश वर्णन करते समय खींच दिया है, जो मगधदेशके वर्णनमें भी देखा जा सकता है। काव्यमें ब्राह्मणोंके एक अग्रहार ग्रामका सुंदर वर्णन किया गया है (२.४.७-१२)।

शैल वर्णन—श्रेणिक राजाकी केरल देशकी ओर ससैन्य यात्राके प्रसंगमें वीर कविने कुरुलपर्वतका सजीव वर्णन किया है (५.१०.११-१५)। कविने पर्वतके उन्मुक्त एवं स्वच्छंद पशु-पक्षी और वनस्पति जगतका चित्रण करते हुए, राजा श्रेणिकके स्वागत भावका आरोपण कर प्रकृतिका मानवीकरण किया है। कालिदासके हिमालय वर्णनकी तरह वीर कविने विंध्य पर्वतको पूर्व और पश्चिम समुद्रोंका अवगाहन करके पृथ्वीके मापदंडके समान कहा है :—

अस्त्युत्तरस्यां दिशि देवतात्मा हिमालयो नाम नगाधिराजः।
पूर्वापरौ तोयनिधी वगाह्य स्थितः पृथिव्या इव मानदण्डः॥ कुमार० १-१

गिरिविंझु दुग्गमसिहरु सरलवंसपव्वहिं अहिट्ठिउ।
पुव्वावरोवहि धरवि धरपमाणदंडु व परिट्ठिउ॥ (५.८.२-३)

हिमालयकी अपेक्षा विंध्यके प्रति यह कथन अधिक उपयुक्त माना जा सकता है।

अटवी वर्णन—उपर्युक्त संदर्भमें ही विंध्य महाटवीका परिपूर्ण सांगोपांग वर्णन निम्नलिखित दो पंक्तियोंमें पाया जाता है :—

गिरिनिज्झरकंदरविसम-तरुवरनियरवरिट्ठ।
रवबहिरियवणयरभमिर विंझमहाडइ दिट्ठ॥ (५.८.४-५)

इसके उपरांत ५.८.६ से १४ तक नौ पंक्तियोंमें विंध्याटवीके वृक्ष वनस्पतियोंका विशद उल्लेख है। ५.८.१५से २३ तक व्याघ्र, कोल, वन महिष, वानर, घूयड, वायस, शृगाल और शृगालीके फेत्कारसे आह्वान कर उनका पकड़े जाना, वन्य झरने और पत्तोंसे ढके हुए सर्प और भयानक विषैले सर्पोंके फेत्कारसे प्रदीप्त होनेवाले दावानल, इस प्रकारके वन्य वातावरणका अति सटीक वर्णन है। इसके आगेकी पंक्तियोंमें कविका वर्णन इतना सजीव बन पड़ा है मानो अपने वर्णनके माध्यमसे उसने हमें सशरीर वहाँ ले जाकर खड़ा कर दिया हो। अटवीके भीलोंका जीवन साकार रूपमें प्रदर्शित कर कविने श्लेष शैलीमें उसकी तुलना महाभारतकी युद्धभूमि, लंकानगरी, कात्यायनीदेवी और गौरी सहित महादेवके साथ सटीक रीतिसे की है (५-८.२५-३६)।

---

१. जं० सा० च० १.६.१६से १-८; १.१.१३-१९ एवं ५.९,१-११।

२. जं० सा० च० १.८.९ से १.१० राजगृह वर्णन; १.२ पुंडरिकिणी वर्णन; १.३.१-१० वीतशोका वर्णन; ५.९.१२-१७ नर्मपुर वर्णन और ८.३.५-१४ संवाहन नगर वर्णन।

उपवन-उद्यान—वीर कवि-द्वारा किया हुआ मगधके उद्यानोंका वर्णन आज भी सारे उत्तर और दक्षिण बिहार प्रांतकी शोभा और प्राकृतिक समृद्धिके सूचक विविध उच्चकोटिके आम्रोद्यानों, जंबू और मधूक वृक्ष पंक्तियों, द्राक्षा लतामंडपों और मिथिला प्रदेशके चारों ओर आम्रवाटिकाओंसे घिरे हुए कमल सरोवरोंकी स्मृतिको नवीन कर देता है। एक समय था जब इस प्रांतके पथिक वास्तवमें अपने घरोंसे पाथेय लेकर नहीं चलते थे। राजमार्गोंके दोनों पार्श्वोंमें स्थित विविध फलोपवन तथा जामुन और महुएके वृक्षोंकी फलोंसे लदी लंबी कतारें उनके लिए सदैव पर्याप्त पाथेय प्रदान किया करती थीं (१.७.३–८)।

वसंतागमन एवं नागरिकोंके उद्यान क्रीड़ार्थ गमनके संदर्भमें (४.१६.१–९) किया हुआ उद्यानवर्णन वहाँ अवतीर्ण माधव-श्री अर्थात् वसंतशोभा और उसके मदमाते वातावरणको पाठकके मनोमंडलमें अवतरित करता-सा प्रतीत होता है।

नदी-सरिता—श्रेणिकके सैन्य प्रयाणके संदर्भमें (५. १०. ४-९) रेवा नदीका वर्णन पठनीय है। इसमें कविने रेवा नदीका सजीव चित्र खींचा है—कहीं सूर्यकी किरणोंसे तप्त हस्तिसमूह उसमें स्नान कर रहा होता है, कहीं टूट-टूटकर गिरते हुए जामुनके गुच्छे उसमें क्षुद्र लहरें उत्पन्न करते रहते हैं, तो कहीं उसमें गिरे हुए अंकोल्ल पुष्पोंकी गंधसे आकृष्ट भौंरे गुंजार करते हुए दिखाई देते हैं। कहीं उसका प्रवाह तटवर्ती प्रदेशमें बड़ी-बड़ी खदानें (खड्डे) खोद डालता है, तो कहीं उसमें क्रीड़ा करती हुई भीलनियोंके उत्तुंग, कठोर, सुपुष्ट स्तनोंसे आहत होकर उसकी लहरें मानो टूक-टूक हो जाती हैं।

ऋतु वर्णन—छहों ऋतुओंके वर्णनका विशिष्ट अवसर वीर कविको अपनी रचनामें उपलब्ध नहीं हो सका। अतः वसंत, ग्रीष्म और वर्षाका वर्णन करके ही उसे संतोष करना पड़ा है।

जं० सा० च० में वसंत ऋतुका सांगोपांग वर्णन पाया जाता है। वसंत आनेपर रात्रिका क्षीण होना और दिनका बढ़ना, आमोंपर बौर आना और कोकिलका कूकना, क्षुद्र जलाशयोंमें जलका घटना और गुलाब पुष्पोंका खिलना, अतिमुक्तक, बिचकिल्ल तथा पलाश और किंशुक वृक्षोंका फूल उठना तथा इनके साथ प्रोषित-पतिका, मानिनी नारी, कामुकजन, प्रवासी पथिक, मिथुनोंका भूषण परित्याग, प्रियसंगमकी लालसा तथा कामीजनोंकी मतवाली अवस्था आदि मानवीय भावनाओंके साथ वसंतागमनका एकीकरण एक अपूर्व, अलौकिक आनंदानुभूति प्रदान करता है (३. १२. १-१३)।

ग्रीष्म—वीर कविने ग्रीष्म ऋतुका सीधे-सीधे वर्णन न करके, जंबूके विवाहके संदर्भमें ग्रीष्मकालीन जन-जीवनका एक बिंब प्रस्तुत किया है (१८. १३. १-७)। तीव्र धूपमें पसीनेसे तर कामिनियोंके कपोलों, पर स्वेदकण झलकने लगते हैं। वे अपने सारे शरीरमें चंदनका गाढ़ा लेप करती हैं। वैवाहिक-भोज आदिके अवसरपर लोग तिनकोंके आसनोंपर बैठकर जलकण चुआते हुए चंवरों तथा सुगंधित जलसे भिगोये हुए बीजनोंसे शीतल सुगंधित पवनका सेवन करते हैं। सरोवरोंका जल ईषत् उष्ण हो जाता है और तटवर्ती शिलाएँ सूर्यके तीव्रतापसे अग्निके समान गरम हो जाती हैं। दर्दुर कर्दममें लोट-पोट होते हैं। भ्रमर, इंदीवरोंमें छिप जाते हैं। भैंसोंके यूथ कीचड़युक्त जलमें लेट जाते हैं तथा गोमंडल वृक्षोंकी छायामें जा बैठता है। यह वर्णन कितना सजीव और वास्तविक है!

वर्षा—करकंटे और सर्पकी अंतर्कथाके संदर्भमें (९. ९. ६ से ९. १०. ५) वर्षा ऋतुका यथार्थ चित्रण किया गया है। इस प्रसंगमें वर्षा ऋतुके आगमनपर आकाशमें घने बादलोंका लटक जाना, धूलिका शांत हो जाना और ऐसी घनघोर वर्षा जिसमें जल-थल सब एक हो जाते हैं, एक वृद्धासे वर्षाऋतुकी तुलना कर उसका मानवीकरण, तालाबोंकी मेंड़ फोड़कर पानीका बह निकलना तथा सात दिनों तक निरंतर वृष्टिसे दरिद्र ग्रामीणोंकी दशा आदिका अत्यंत मार्मिक व हृदयस्पर्शी वर्णन पाया जाता है।

जं० सा० च० में उषःकाल एवं सूर्योदय (१०. १८. ७-१२), मध्याह्न (८. १३. १-७), तथा संध्या, सूर्यास्त, प्रदोषकाल रात्र्यागमन, अंधकार एवं चंद्रोदय (८. १४. ४-२१, ८. १५. १-१५) आदिके भी रोचक वर्णन उपलब्ध होते हैं।

उषःकाल एवं सूर्योदय—कर्म-रज और मोहांधकारके नाशसे वैराग्य एवं आत्मबोधका जो अदृष्टपूर्व प्रकाशमय सूर्य विद्युच्चरके मनमें उदित हुआ है, उसीके प्रतीक और बिंब-प्रतिबिंबभावसे किया हुआ वर्णन विशेष पठनीय है। अपराह्न संध्या-सूर्यास्त और रात्र्यागमनके वर्णनकी विशेषता यह है कि संध्याकाल और रात्र्यागमनके अवसरपर कामियोंके मनमें कामराग बढ़ जाता है और प्रिया मिलनकी आकांक्षा तीव्र हो उठती है; पर इस संदर्भमें इससे सर्वथा विपरीत घटना घटती हुई दिखाई देती है। जंबूस्वामीने विवाह किया, पर अपनी अप्रतिम सुंदरी वधुओंमें आसक्त न होकर, उसने मुक्तिरूपी अलौकिक वधूमें अपना ध्यान लगाये रखा। अतः मानो संध्याका आना निष्फल हुआ और उसको वधुओंके हाथ लगी निराशा तथा चिर वियोग। इन कोमल भावनाओंके परिप्रेक्ष्यमें उपर्युक्त संदर्भ दृष्टव्य है।

रात्रि और चंद्रोदय—का वर्णन अतिशयोक्तिपूर्ण शैली तथा मानवीय भावनाओंके उद्दीपनकारक रूपसे पाया जाता है (८. १५.१-१५)। रात्रिके आगमनपर अभिसारिकाएँ काले वस्त्राभूषण पहनकर निकलती हैं। दूतिकाओंका गमनागमन प्रारंभ होता है। दीपक जलाये जाते हैं और चंद्रोदय होनेपर प्रोषित-पतिकाओंके हृदय विरहाग्निसे जल उठते हैं, अतः वे कंचुकियाँ धारण कर लेती हैं। सारा जगत् मानों चाँदनीसे नहा जाता है, अथवा मानों क्षीरसागरमें तैरने लगता है और कुमुद खिल जाते हैं। यह वर्णन अतिशयोक्तिपूर्ण होनेपर भी यथार्थ है। अतः सजीव और मधुर है।

अबतक जिन वस्तु व्यापार वर्णनोंका विवेचन किया गया है, उनमें प्रकृति प्रधान है और उसे विविध मानवीय भावनाओंके प्रतीक रूपमें चित्रित किया गया है तथा मनुष्यके वास्तविक क्रिया-कलापोंको केवल संकेत रूपमें ही ग्रहण किया गया दिखाई देता है। अब हम उन वस्तु व्यापारोंको देखें, जिनमें यथार्थ मानवीय क्रिया-कलापोंका वर्णन उपलब्ध होता है। इस वर्गमें नागरिकोंकी उद्यान-क्रीड़ा, जल-क्रीड़ा, रात्रिमें अपने-अपने शयनकक्षोंमें मिथुनोंकी सुरत-क्रीड़ा, वेश्याओंके काम-व्यापार, हस्त्युपद्रव और तज्जन्य संक्षोभ, साधुओंके दर्शनोंके लिए राजाका सपरिवार, ससैन्य गमन एवं युद्धार्थ सेना सहित प्रयाण, सैन्यपड़ाव या छावनी तथा सेनाके-द्वारा नगर विध्वंस आदिके वर्णन रखे जा सकते हैं।

उद्यान क्रीड़ा—वसंत आ गया, मंदार आदि पुष्पोंकी मादक मंद मकरंदने संपूर्ण वातावरणको व्याप्त कर लिया और नागरिकोंके जोड़े मस्तीके साथ उद्यान क्रीड़ाको निकले। इस संदर्भमें मिथुनोंकी पूर्ण स्वच्छंद क्रीड़ाका माधुर्य-गुण एवं वक्रोक्तिपूर्ण वर्णन ४.१७ एवं ४.१८ में पाया जाता है।

जल क्रीड़ा—इसी प्रसंगमें मिथुनोंकी जलक्रीड़ाका संभोग शृङ्गार एवं प्रसाद गुण पूर्ण वर्णन अत्यंत मनोहारी है (४.१९)।

वेश्याओंके काम-व्यापार—अर्द्धरात्रिका समय, सर्व प्रकारका कोलाहल शांत, प्रकृति स्तब्ध-नीरव पहरेदारोंकी 'जागते रहो' की पुकारें मौन, ऐसी घोर निःशब्दताकी घड़ीमें विद्युच्चर चोरीके उद्देश्यसे वेश्या-वाटमें-से नगर भ्रमणको निकला। इस संदर्भमें वेश्याओंकी विविध चेष्टाओं, काम-व्यापारों एवं वेश्या जीवन-का अत्यंत यथार्थ चित्रण उपलब्ध होता है (९.१२.५-१९ एवं ९.१३.१-७)।

मिथुनोंकी सुरत-क्रीड़ा—वेश्यावाटसे निकलकर आगे चलनेपर विद्युच्चरने नागरिकोंके शयनकक्षों-में मिथुनों-द्वारा पूर्ण विश्वस्त भावसे की जाती हुई विविध प्रकारकी रतिक्रीड़ाको देखा। इसका अतिशय संभोग शृंगारपूर्ण वर्णन यहाँ देखा जा सकता है (९-१३.८-११)।

हस्त्युपद्रव—नागरिकोंके जोड़े अत्यानंद पूर्वक उद्यानक्रीड़ा (४.१७-१८) और जलक्रीड़ा (४.१९) पूर्ण करके शीघ्रतासे नगरको लौटनेकी तैयारी कर ही रहे थे कि श्रेणिक राजाका हाथी महावतको मारकर भाग निकला और उसने चारों ओर महाविनाश, विध्वंस एवं यमलीलाका दृश्य उपस्थित कर दिया। इसका रोमांचकारी वर्णन जं० सा० च० में पढ़ा जा सकता है (४.२०-७ से ४.२१.६)।

हस्त्युपद्रव जनित जनसंक्षोभ—जं० सा० च०में हाथीकी विनाश-लीलासे भयत्रस्त नागरिक संक्षोभ-

का यथावह दृश्य वर्णित है। भयानक भाग-दौड़ और कोलाहलकी स्थितिमें भी साहसी धूर्त कामुक अपना काम बना लेते हैं। कविका यह कथन बड़ा ही मनोरंजक है (४.२१.७-१७)।

(भगवद्दर्शनार्थ) सैन्य प्रयाणकी तैयारी—एक नवालके द्वारा विपुलाचलपर समोशरण सहित भ० महावीरके शुभागमनकी आनंददायक सूचना पाकर श्रेणिकने अत्यंत प्रसन्न होकर भगवान्के दर्शनोंके लिए चलनेकी तैयारी की और आनंदभेरी बजवायी। इस शुभ अवसरपर सैन्यप्रयाणकी तैयारीका सुंदर वर्णन है (१.१४.५-१०)।

प्रयाण—इसी प्रसंगमें पौरजनों सहित चतुरंगिणी सेनाके मस्तीसे भरे प्रस्थानका दृश्य प्रस्तुत किया गया है (१.१५.१-७)। युद्धार्थ सैन्यप्रयाणकी तैयारीके वर्णनमें अधिकांशतया विविध सैन्य वाद्य-वादनका वर्णन किया गया है (५.६)। उसमें बहुत कुछ वर्णन इसी विषयके पूर्वोक्त वर्णनके समान है। फिर भी एक अंतर देखा जा सकता है कि पूर्वोक्त (१.१४.५-१०) वर्णनको पढ़कर प्रसाद, प्रसन्नता एवं अव्यक्त माधुर्यकी भावभूमि और वातावरण निर्माण होते हैं। यहाँ उसी वर्णनमें ओजकी प्रबल ध्वनि सुनायी देती है।

(युद्धार्थ) सैन्य प्रयाण—भविष्यवक्ता मुनिके आदेशानुसार अपनी वाग्दत्ता विलासवतीके पिता केरलराज मृगांककी, विद्याधर रत्नशेखरके विरुद्ध, जो विलासवतीको बलात्कारपूर्वक अपनी बनाना चाहता था, सहायतार्थ श्रेणिकने ससैन्य केरलकी ओर प्रस्थान किया (५-७.१-२५)। ये पंक्तियाँ केवल सैन्य-प्रयाण नहीं बल्कि इस माध्यमसे ग्रामीण व नागरिक जीवन और साधारण लोगोंकी आजीविकाके साधनों पर भी बड़ा मर्मस्पर्शी प्रकाश डालती हैं।

सैन्य पड़ाव—विंध्य देशमें पहुँचकर रेवा नदीके वृक्षोंसे आच्छादित विस्तीर्ण तटवर्ती प्रदेशमें श्रेणिककी सेनाने पड़ाव डाला। जं० सा० च० में उसका संक्षिप्त वर्णन पाया जाता है (५.११.१-५)। दूसरी ओर केरलके बाहर शत्रु राजा विद्याधर रत्नशेखरकी सैन्य पड़ावका दृश्य वर्णित किया गया है (५.११.१०-१३)।

प्रकृति वर्णन—प्रकृतिके अधिकांश अंग जैसे—खेत, उद्यान, सरोवर, सरिताएँ, अटवी और पर्वत तथा वसंत ग्रीष्म आदि ऋतुएँ और उषः, सूर्योदय, सूर्यास्त, रात्रि एवं चंद्रोदय आदि सबके वर्णन ऊपर दिये हुए संदर्भोंमें आ चुके हैं। यहाँ केवल खेतोंके दृश्य और सैन्य-प्रयाण आदिके समय उड़नेवाली धूलिके संदर्भ दिये जा रहे हैं।

खेतोंका वर्णन—जं० सा० च० में मगध देशके वर्णनके प्रसंगमें वहाँकी अतिसमृद्धता-सूचक शस्य संपत्तिका बिलकुल यथार्थ हृदयाकर्षक एवं आनंददायक वर्णन प्रस्तुत किया गया है (१.८.१-७)।

धूलिका प्रसार—जं० सा० च०में श्रेणिककी सेनाके प्रयाणसे जो धूलि उड़ी उसका (५.७.१-५), तथा युद्धके समय उड़ती हुई धूलिका सुंदर चित्र खींचा गया है (६.४.१०-११, ६.५.१-४ एवं ६.६.१-२)। इन संदर्भोंमें आकाशमें उड़ती हुई धूलिका वर्णन उसके प्राकृतिक, मानवीकृत एवं अलंकार विधानके आलंबन रूपोंमें किया गया है।

धूलि शांत होनेका वर्णन—जं० सा० च० ६.५.१०-११ में मानवीकरण करके किया गया है।

प्रकृति चित्रणके विविध रूप—इस प्रकार हम देखते हैं कि वीर कविने प्रकृतिके विभिन्नअंगोंका नाना रूपोंमें विस्तारसे चित्रण किया है, जिनमें प्रकृतिके उपदेशिका, आलंबन, उद्दीपन और अलंकारविधान, इन सभी रूपोंमें प्रकृतिका अत्यंत मनोहारी चित्रण उपलब्ध होता है। इन रूपोंमें प्रकृति चित्रणके कुछ संदर्भ यहाँ दिये जा रहे हैं।

(क) प्रकृतिका उपदेशिका रूपमें चित्रण—इसके प्रमुख संदर्भ ये हैं—जं० सा० च० १.६.१९, २४-२५, १.७.१-३ (मगधदेश वर्णन) एवं ६.५.१०-११ (धूलि शांत होना)।

आलंबन रूपमें—प्रकृति चित्रणके अनेक उदाहरण जं० सा० च० में पाये जाते हैं जिनमेंसे कुछ प्रमुख संदर्भ ये हैं :—१.७.४-१४ (मगध), १.७. १-१० (राजगृह), १.१.११-२१ (पुष्कलावती), १.२ (पुंडरिकिणीनगरी), ३.३.६-१० (वीतशोकानगरी), ४.१६ (उद्यान), ५.८ (विध्याटवी), ५.७ (विंध्यप्रदेश), ५.१०.४-७ (रेवानदी), ८.१३.१-७ (ग्रीष्म), ९.९.९-१४ तथा ९.१०.१-५ (वर्षा वर्णन) । इन सब संदर्भोंमें प्रकृतिके आलंबन रूपका चित्रण किया गया है ।

उद्दीपन रूपमें—प्रकृतिके उद्दीपन रूपमें चित्रणके उदाहरण अपेक्षाकृत अल्प हैं । इस विषयके दोनों प्रसंग (३.१२.४.१६.७-१६) वसंतागमनसे संबद्ध हैं । इनमें प्रवासी पथिकों और प्रोषित-पतिकाओं आदिके विरह, प्रिय मिलनकी तीव्रकामना, मानिनी प्रियाओंका मानभंग, कामक्रीड़ाभिलाष आदि भाव-भावोंके उद्दीपनका हृदयस्पर्शी चित्रण किया गया है ।

अलंकार विधान रूपमें—प्रकृतिका चित्रण द्विविध रीतिसे किया गया है—(१) मानवीकरण, जिसमें प्रकृतिके विविध अंगोंका सचेतन, संवेदनशील मानव रूपमें वर्णन पाया जाता है । उदाहरण हैं :—मगधदेश (१.८.१-७), तथा कुरल पर्वतका समान मानवीकृत चित्रण (५.१०.१०-१५), एवं अस्तंगमनशील सूर्यका नायक रूपमें तथा पश्चिम दिशा और दिवसलक्ष्मीका नायिका रूपमें (८.१४.८. व १३-१५), एवं समुद्रका मानव रूपमें चित्रण (८,१४.१०-११) ।

उपमा व उत्प्रेक्षालंकारोंके उपमान-उपमेय रूपोंमें प्रकृति चित्रणके अनेक उदाहरण जं० सा० च० में उपलब्ध होते हैं, जिनके संदर्भ ये हैं—तरुणीके स्तन मंडलके सुखद संस्पर्शके समान मगध देशकी सुखदता, (१.६.१८), संवाहन नगरका उपमाओंसे पूर्ण वर्णन, (८.३.५-१४), अंधकार (८.१४.१६-२१), तथा चंद्रोदय और ज्योत्स्नाके उपमा व उत्प्रेक्षालंकार युक्त वर्णन, (८.१५.५-१४), वर्षागमनकी वृद्धा स्त्री से उपमा (९.९.७-८) एवं उषा तथा सूर्योदयके रूपकालंकारसे अलंकारसे अलंकृत वर्णन (१०.१८.७-१२) ।

इस प्रकार हम देखते हैं कि वीर कविने उपर्युक्त नाना रूपोंमें प्रकृति चित्रण करनेमें अपना भरपूर कला-कौशल प्रदर्शित किया है ।

(घ) शील-विश्लेषण

'जंबूसामिचरिउ' में अनेक पात्र आये हैं, पर चरित्र-चित्रणकी दृष्टिसे चरितनायक जंबूके भवदेव, शिवकुमार और जंबू तथा सुधर्माके भवदत्त, सागरदत्त और सुधर्मा ये तीन-तीन जन्म; भवदेवकी पत्नी नागवसू, जंबूके माता-पिता और उसकी चार वधुएँ तथा उसके साथ दीक्षा लेनेवाला विद्युच्चर एवं कल्पित प्रति-नायकके रूपमें हंसद्वीपका राजा रत्नशेखर, इन पात्रोंके चरित्र महत्त्वपूर्ण हैं ।

नायक जंबूस्वामी—इनका चरित्र-चित्रण पाँच जन्मोंकी कथा द्वारा किया गया है । इनमेंसे दो बार स्वर्गोंमें देवताके रूपमें जन्म इस दृष्टिसे निरर्थक हैं । अतः प्रस्तुत कृतिमें भवदेव, शिवकुमार और जंबूके रूपमें नायकके चरित्रका क्रमशः उद्घाटन और विकास किया गया है ।

भवदेव, भवदत्त और नागवसु—एक वेदपाठी ब्राह्मणपुत्रके रूपमें भवदेव एक साधारण व्यक्तिके वेशमें हमारे सामने आता है । अत्यंत सुंदरी-भरपूर नवयौवना नागवसूसे उसका विवाह हो ही रहा था कि बड़े भाई भवदत्त, जो बारह वर्षकी अवस्थामें ही भवदेवको गृहस्थीका भार सौंपकर दीक्षित हो गये थे वे उसे प्रव्रजित करनेकी सुनिश्चित मनोभावनासे उसके घर आये । भवदेवने मुनिका उचित स्वागत सत्कार किया और नगरके बाहर तक उन्हें छोड़नेके निमित्तसे उनके पीछे-पीछे चला । अन्य लोग लौट आये । भवदेव भी मनमें शेष वैवाहिक रीतियों और नागवसूकी अधूरी शृंगार-सज्जाको पूर्ण करनेकी कल्पना करता हुआ घर लौट चलनेकी सोचता रहा । पर अग्रजके स्वयं अनुमति न देनेसे लज्जा और सम्मान वश लौटा नहीं । मुनिसंघमें जाकर भाईकी सम्मान रक्षा हेतु उसने बेमनसे दीक्षा ले ली और बारह वर्षों तक एक ओर सुंदर पत्नीके साथ नाना प्रकारके काममोगोंकी सुखद कल्पनाएँ और दूसरी ओर ऊपरी रीतिसे व्रतोंका

पूर्ण निर्वाह करते हुए जीवन व्यतीत करता रहा। मुनि संघके द्वारा ग्रामके निकट आने पर उसके द्विविध अंतर्द्वंद्वमें इंद्रिय सुखोंकी वासनाने उसे परास्त कर दिया और वह पत्नीसे मिलने घरकी ओर चल दिया। राहमें चलते हुए बारह वर्षोंकी दीर्घ अवधिमें पतिके बिना पत्नीका क्या हुआ होगा ?, क्या वह कुल-धर्ममें स्थित रही होगी अथवा यौवनके वशीभूत होकर उसने अन्य पति कर लिया होगा ?, आदि अनेक विकल्प उसके मनमें आते रहे। गाँवके बाहर एक मंदिरमें ही नागवसूसे भेंट हो गयी। परन्तु इधर भवदेवका बारह वर्षोंका मुनि जीवन, और उधर नागवसूका घरमें रहते हुए व्रतोंकी साधना। इससे उनका दैहिक सौंदर्य और यौवन न जाने कहाँ विलीन हो गये थे। नागवसू एक जरा-जीर्ण वृद्धाके समान प्रतीत होने लगी थी। अतः वे दोनों परस्परको पहचान नहीं पाये। भवदेव मुनिके द्वारा अपने माता-पिता व पत्नीके संबंधमें जिज्ञासा करनेपर नागवसूने उसे पहचान लिया। उसने मुनि चरित्रसे डिगते हुए भवदेवको धर्ममें स्थिर करने हेतु सदुपदेश दिया, जिससे भवदेवको आत्म-विवेक उत्पन्न हो गया। उसने मुनि संघमें आकर आचार्यसे सब कुछ निवेदन कर दिया और अपनी आलोचना की व प्रायश्चित किया। इसके पश्चात् उसने कठोर तप किया और मृत्युके उपरांत दोनों भाई स्वर्गमें देव हुए। इधर नागवसू भी आर्यिका (साध्वी) हो गयी और तपोमय जीवन व्यतीत करने लगी।

भवदेवके इस जीवन चरित्रमें-से हम देख सकते हैं कि यद्यपि मुनि होनेके पश्चात् भी दीर्घकाल तक वह इंद्रिय सुखोंका चिंतन करता रहा, तथापि उसने धर्मका परित्याग नहीं किया, और मुनि जीवनकी मर्यादाओंका ऊपरी तौरसे ही क्यों न हो, पूर्ण पालन करता रहा और जब वह धर्मसे डिगनेको हुआ तथा ऐसा आभास होने लगा कि अब उसकी जीवनधारा सदाके लिए बदलकर ही रहेगी, तब उसकी पत्नीने ही उसे हस्तावलंबन देकर डूबनेसे बचा लिया। जिन परिस्थितियोंमें भवदेवने मुनि दीक्षा ली, वे प्रत्येक सहृदय सामाजिककी संपूर्ण सहानुभूति भवदेवकी ओर अनायास खींच लेती हैं, और अग्रज भवदत्तके इस कार्यसे कुछ क्षणोंके लिए ही सही, उसके मनमें एक वितृष्णा-सी उत्पन्न हो जाती है। भवदत्तका यह कार्य अश्वघोषके सौंदरनंद काव्यमें बुद्धके द्वारा नंदकी दीक्षाके प्रसंगसे पूर्णतः मेल रखता है।

भवदत्त—ठीक विवाहके समय ही वैवाहिक जीवनका रंचमात्र भी सुख देखे बिना अनुजको उसकी इच्छाके सर्वथा विपरीत मुनि बना लेनेमें पाठकको पहले पहल भवदत्तकी परम कठोरताका आभास होता है। पर जब हम धार्मिक विश्वासोंकी पृष्ठभूमिमें भवदत्तके इस कार्यको तौलकर देखते हैं, तो अनुजको संसारके अनंत आवागमनके चक्रसे छुड़ाकर उसके शाश्वत-कल्याण (मोक्ष-प्राप्ति) की दृष्टिसे भवदत्तका यह कार्य उसके प्रति श्रद्धा उत्पन्न किये बिना नहीं रहता।

भवदेवको बोध देनेका एकमात्र प्रसंग जो कि काव्यकी संपूर्ण कथावस्तु और नायकके चरित्रोत्कर्षकी सबसे महत्त्वपूर्ण घटना है, नागवसूके चरित्रका एकाएक उद्घाटन कर देता है। नागवसूका यह कार्य भारतीय नारीके चरित्रको युग-युगोंके लिए सर्वोच्च स्थानपर प्रतिष्ठित कर देता है। नागवसूके इस कार्यने अधःपतनके गर्तमें गिरते हुए एक सामान्य विषय लोलुप व्यक्तिको त्रिलोकपूज्य ऋषि बना दिया। इसी प्रकारकी एक घटना हमें उत्तराध्ययनमें पढ़नेको मिलती है, जिसके अनुसार साध्वी राजीमतीने अरिष्टनेमिके सगे भाई रथनेमिको पतनके महान गर्तमें गिरनेसे बचाया[1]। नागवसूका यह चरित्र भारतीय नारीके जीवनका सर्वोच्च आदर्श रहा है। भारतीय संस्कृतिके इतिहासमें ऐसे असंख्य उदाहरण हैं जबकि नारीने न केवल गृहस्थ जीवन, जो मनुष्यके बृहत्तर जीवन एक अंग मात्र है, बल्कि युद्ध और मृत्यु एवं तप-साधना तक सभी क्षेत्रोंमें सदैव पुरुषकी अनुगामिनी-सहयोगिनी बनकर मोक्ष प्राप्ति पर्यंत स्वयंके और पतिके जीवनको उठाया है। तुलसीको संत कवि तुलसी बनानेमें नारीकी ही प्रेरणा निहित है, यह विदित तथ्य है। इसी लिए 'यशोधरा'[2]के कविकी पीड़ा यह नहीं कि बुद्धने स्त्री-पुत्रको छोड़कर संन्यास क्यों लिया ? बल्कि उसकी

---

१. उत्तरा० २२ रहनेमिज्जं।

२. स्व० मै० श० गुप्त द्वारा रचित हिंदी काव्य।

वास्तविक वेदना तो यह है कि बुद्धने यशोधराके अनजाने यह क्यों किया ? यदि वे यशोधरासे कहकर जाते तो क्या यशोधरा उनके पथको बाधा बनकर खड़ी होती ? नहीं ! बल्कि निज मनके इस दौर्बल्यने कि कहीं मैं न फँस जाऊँ, उन्हें ऐसा करनेको प्रेरित किया होगा। इस प्रकार नागवसूका जीवन चरित नारी जीवनके उच्चतम आदर्शका प्रतीक है।

सागरदत्त-शिवकुमार—भवदत्त और भवदेवके स्वर्गिक जीवनके संबंधमें कुछ विशेष कथ्य नहीं है। जब वे दोनों स्वर्गसे आकर दो राजाओंके सागरदत्त और शिवकुमार नामक पुत्र हुए, तो सागरदत्त एक मुनिका उपदेश सुनकर दीक्षित हो गया और वीताशोक नगरीमें जहाँ शिवकुमार उत्पन्न हुआ था, उसे बोध देने गया। शिवकुमारको इस बार मुनिके दर्शन करते ही अपना पूर्वभव स्मरण हो आया और वैराग्य हो हो गया। फिर भी माता-पिताके आग्रहसे घरमें ही रहकर बारह वर्षों तक साधना करके वह पुनः स्वर्ग गया और विद्युन्माली नामक देव हुआ। मुनि सागरदत्त भी समाधिमरण करके स्वर्ग गये। यहाँ शिवकुमारके जीवनमें अंतर्द्वंदका अभाव पाया जाता है। युवावस्था तक निर्द्वंद भावसे सारे राजसुख और इंद्रिय भोग भोग कर मुनिदर्शन मात्रसे सहसा उसे बोध हो आता है और वह धर्मसाधनामें लग जाता है।

सुधर्मा और जंबू—स्वर्गसे आकर सुधर्मा एक विद्वान् ब्राह्मणपुत्र हुए और महावीरके दर्शनसे बोध प्राप्त कर उनके शिष्य बन गये तथा उनके निर्वाणोपरांत बारह वर्ष तक संघके प्रधान रहे। उधर विद्युन्माली देवने राजगृहीमें अर्हद्दास सेठके घरमें जन्म लिया और उसका नाम जंबूस्वामी रखा गया। बाल्यकालसे लेकर मोक्षगमन पर्यंत जंबूस्वामीके जीवन-चरितमें वे सारे गुण उपलब्ध होते हैं जो महाकाव्यों और नाटकोंके धीरोदात्त नायकोंमें कहे गये हैं। सर्वसंपन्न घरानेमें उत्पन्न अप्रतिम और अपूर्व रूपलक्ष्मीके जन्मजात धनी, लोगोंके अनुराग और कामिनियोंकी अनायास आसक्तिके अद्वितीय आलंबन, गंभीर स्वभावी, महासत्त्व, स्थिर प्रकृति, दृढ़व्रती और अत्यंत विनयशील तथा कृतज्ञ होनेपर भी अदम्य स्वाभिमानी ! ऐसा वर्णित किया है वीर कविने जंबूके जीवनको। वसंत ऋतु आनेपर अनेक मित्रोंके साथ सरोवरमें कामिनियोंके मध्य जंबूकी जलक्रीड़ाके वर्णनसे उसके जीवनमें युवावस्था सुलभ रसिकताकी प्रतीति होती है और बचपनसे ही बुद्धके समान एकांतप्रिय वैरागी न दिखला कर, कवि सहृदय पाठकको नायकके जीवनके साथ समरस होनेका अवसर प्रदान कर उसे साधारणीकरणकी रसात्मक अनुभूति करानेमें सफल हुआ है। जलक्रीड़ाके अवसरपर राजहस्ति-के उपद्रवका वर्णन कर कविने अत्यंत कुशलतासे जंबूके शौर्य गुणको प्रकट किया है। विलासवतीके राजा श्रेणिकसे परिणयकी भविष्यवाणी, हंसद्वीपके विद्याधर राजा रत्नशेखरका उसके लिए दुराग्रह और कन्याके पिता मृगांक-द्वारा उसके आग्रहको ठुकरानेके प्रसंगोंकी स्व-कल्पना प्रसूत सृष्टि करके कवि एक प्रतिनायककी योजना करनेमें सफल हुआ। इसी प्रसंगको लेकर कविने केरलमें राजा मृगांक तथा विद्याधर रत्नशेखरकी सेनाओंमें युद्ध होनेका विस्तारसे वर्णन करते हुए अंतमें जंबूस्वामी और रत्नशेखर, और राजा श्रेणिकका सेना सहित केरलकी ओर प्रयाण, रास्तेमें सैन्य पड़ाव तथा युद्धमें जंबूकी विजय दिखलाकर नायकके चरितमें लौकिक दृष्टिसे भी परमोत्कर्ष दिखलाया है, और उसके शूरवीरता और क्षमाशीलता इन दोनों गुणोंका पूर्ण उद्घाटन किया है। युद्ध-विजयके उपरांत केरलसे वापिस लौटते समय राजगृहीके बाहर ही उद्यानमें सुधर्म मुनिके दर्शन, धर्मोपदेश और पूर्वभवकथनसे जंबूको एकदम वैराग्य हो जाता है। माता-पितासे दीक्षा लेनेकी अनुमति नहीं मिलती, प्रत्युत जंबूको चार कन्याओंसे विवाह करना पड़ता है। परंतु यहाँ कवि नायकके मनमें किसी प्रकारका अंतर्द्वंद्व नहीं दिखलाता क्योंकि पूर्व संस्कारोंके कारण प्रव्रज्या लेनेका उसका निश्चय अटल होता है। फिर भी विवाह होता है और कामदेवकी रतिके समान अपूर्व रूप-यौवन संपन्न वधुएँ अपने हाव-भाव विलास और अंग-प्रत्यंग प्रदर्शन, गीत, हास्य आदिके द्वारा जंबूको रतिसुखमें डुबोनेका भरपूर प्रयास करती हैं। कथनोपकथन होते हैं, पर जंबू अडिग रहता है। यहाँसे लेकर जंबूके मोक्षगमन पर्यंत कथावस्तु सीधे-सीधे तीव्रतासे फलागमकी ओर बढ़ती हुई नायकको फलप्राप्ति होनेपर पूर्ण होती है।

विद्युच्चर—यह एक प्रकारसे जंबूस्वामीका सहयोगी पात्र तथा रचनाका उपनायक है। जन्मतः

राजपुत्र, कर्मसे चोर और वेश्याव्यसनी, इस रूपमें विद्युच्चर पाठकके सामने आता है और चोर बनकर जंबूस्वामीके घरमें प्रवेश करता है। वहाँ वर और वधुओंके बीच होते हुए कथा वार्तालापको सुनकर ठहर जाता है और उसे सुनते-सुनते उसका चित्त बदल जाता है। जंबूकी जागृत तथा चिंताविह्वल माँ उसे देख लेती है। दोनोंकी वार्ता होती है। विद्युच्चरको जंबूका मामा बनाकर जंबूकी माँ उसे पुत्रके सामने उपस्थित करती है। एक चोर, दूसरा भविष्यत् केवली, ऐसे अद्भुत मामा-भानजोंके मध्य कथा संवाद प्रारंभ होता है। पहले दार्शनिक चर्चा और फिर वही लोक कथाओंका सिलसिला। विजय होती है जंबूकी। विद्युच्चर अपने असली रूपको प्रकट कर जंबूका चिर अनुगामी शिष्य बन जाता है। विद्युच्चरके हृदय परिवर्तनकी यह घटना अनायास एक ओर हमें महर्षि वाल्मीकिके जीवन चरितका स्मरण कराती है, दूसरी ओर अपने द्वारा हत्या किये हुए मनुष्योंकी गिनतीके लिए उनकी एक-एक अंगुली काटकर, उसकी माला पहिननेवाले भयानक दस्यु अंगुलिमाल एवं महात्मा बुद्धकी भेंटका, जिसकी परिणति उस नर-पिशाच अंगुलिमालके लोकपूज्य अर्हत् अंगुलिमाल बननेमें होती है।[1] जंबूके साथ दीक्षा लेनेके उपरांत विद्युच्चर जैन संघके एक प्रमुख अर्हत् बने और श्वे० परंपरानुसार जंबूके पश्चात् ग्यारह वर्षों तक संघके प्रधान भी रहे। साधु जीवनमें उन्होंने अनेक भयानक उपसर्गोंको अविचल भावसे सहन किया और दीर्घ तपस्या कर स्वर्गमें देव रूपसे उत्पन्न हुए। विद्युच्चरका यह जीवन इस बातकी उच्चतम स्वरसे घोषणा करता हुआ प्रतीत होता है कि महापुरुषोंकी संगति वह दिव्य पारस है जो निकृष्टतम लोहेके समान नराधमोंको भी अपने स्पर्श मात्रसे त्रिलोक पूज्य महात्मा बना देता है।

रत्नशेखर—प्रतिनायकके रूपमें वीर कविने रत्नशेखरको धीरोद्धत नायकके गुणोंसे संपन्न व्यक्ति वर्णित किया है। वह अन्यायसे बलपूर्वक श्रेणिकके निमित्त प्रदत्त कन्याको प्राप्त करना चाहता है और साम, दाम आदिसे उपलब्धि न होनेपर युद्ध ठान देता है। शस्त्र युद्धमें मृगांकको जीत न पानेपर माया युद्ध-द्वारा मृगांकको बांधकर कैद कर लेता है। यह समाचार मिलनेपर जंबूस्वामी उसे ललकारते हैं और उसे सब प्रकारके युद्धमें पराजित कर अंतमें बाँध लेते हैं और नगरमें ले जाकर क्षमा कर देते हैं। रत्नशेखर भी सारे वैर विरोधको भूलकर जंबूस्वामीका भक्त और मृगांकका मित्र बन जाता है। रत्नशेखरका यही संक्षिप्त चरित हमें प्रस्तुत काव्यमें उपलब्ध होता है।

जंबूस्वामीकी चार वधुएँ—विवाहके पूर्व ही यह जान लेनेपर भी कि जंबूस्वामीको वैराग्य हुआ है और वह दीक्षा लेनेवाला है, चारों वधुओंने भारतीय आदर्शके अनुकूल उसीसे विवाह किया। उन्हें विश्वास था कि हमारा यह अप्सराओं-जैसा दिव्य और अनुपम रूप-यौवन जंबूको आकृष्ट करके अपने पाशमें बाँधनेमें अवश्य सफल होगा और यदि हम लोग जंबूस्वामीको न जीत सकीं तो भी हम उन्हींकी अनुगामिनी बनकर उन्हींके साथ दीक्षा लेंगी। विवाह हुआ और चारों वधुओंने नारी सुलभ जो-जो हाव-भाव-विलास आदि काम चेष्टाएँ हो सकती हैं, सभी कुछ किया। इन सबका जंबूपर कोई प्रभाव न पड़ता देख अंतमें अपने कथा-कौशलके द्वारा उसे वैराग्यसे पराङ्मुख करनेका मनोवैज्ञानिक यत्न किये। पर जब इसमें भी जंबूने उन्हें प्रतिकथानकोंके द्वारा निरुत्तर और मूक कर दिया, तो वे शांत होकर बैठ रहीं और प्रातःकाल होनेपर जंबूके साथ ही दीक्षा ले लीं। इस प्रकार उन्होंने जीवनपर्यंत पतिके मार्गका अनुसरण-अनुगमन किया। भवदेवके जन्ममें उन परिस्थितियोंमें नागवसूने जिस आदर्शकी स्थापना की थी, उससे कुछ भिन्न परिस्थितियोंमें जबकि एक क्षीण संभावना यह अवश्य थी कि जंबूस्वामी गृहस्थीमें रह सकें, युवावस्थाकी स्वाभाविक प्रवृत्तियोंके अनुसार इंद्रियसुखकी भावनाओंसे प्रेरित जो चेष्टाएँ थीं, वे सब करके जब वे हार गयीं, तब अंतमें उन वधुओंने भी उसी आदर्शका पालन किया। फिर वे जंबूके मोक्षमार्गकी यात्रामें बाधक बनकर खड़ी नहीं हुईं। भारतीय नारीके इसी सर्वोच्च आदर्शकी वीर कविने पाठकोंके हृदयपर बार-बार अधिकाधिक दृढ़तासे छाप लगानी चाही है, अंकित करना चाहा है और हृदयकी अधिकतम गहराइयोंमें अमिट रेखाओं-द्वारा उत्कीर्ण कर देनेका सत्प्रयास किया है।

---

१. जातकट्ठकथा : अंगुलिमाल जातक।

शिवकुमारके माता-पिता—ने उसे दीक्षा लेनेकी अनुमति नहीं दी थी और मोहवश उसे घरमें ही रहकर तप-साधना करनेकी पूर्ण सुविधा प्रदान की। माँ-बापका अपने इकलौते पुत्रके प्रति न जाने कितना मोह, असीम वात्सल्य और अनंत मनोभावनाएँ आबद्ध रहती हैं। परंतु फिर भी जब पुत्रको अलौकिक मोक्ष-साधनाके मार्गपर चलना हो तो वे उसमें बाधा तो नहीं देते, लेकिन पुत्र आँखोंके सामने रहे यह भावना और तज्जन्य संतोष कितना महान् होता है इसे प्रत्येक माता-पिताका हृदय समझ सकता है। वही शिवकुमारके माँ-बापने किया। इससे वे हमारी सहज अनुभूति समवेदना आकृष्ट करते हैं।

जंबूके माता-पिता—शिवकुमारको वैराग्य हुआ था तब, जबकि वह एक प्रकारसे राज्यवैभव और यौवन, संपत्तिके सारे सुख भोग चुका था। जंबूने यौवन-सुख किसे कहते हैं, यह जाना तो अवश्य था, पर भोगा नहीं, तभी उसे संसारसे विरक्ति हो गयी। चार कन्याओंसे विवाह बचपनसे ही निश्चित किया जा चुका था। फिर भी जंबूके समझानेसे उसके माता-पिताने धैर्य धारण कर लिया और कन्याओंके घर जंबूको वैराग्य उत्पन्न होनेका समाचार भिजवा दिया, जिससे कन्याओंका संबंध अन्य योग्य वरसे किया जा सके। पर यह नहीं हो सका। कन्याओंके स्वयंके आग्रहके कारण जंबूके माता-पिताको उसे विवाह कर लेनेको कहना पड़ा। जंबूने प्रव्रज्या लेनेके अपने पूर्व निश्चयपर अटल रहते हुए भी विवाह करना स्वीकार किया। विवाह हुआ जंबू अडिग रहे।

जंबूकी वधुओंके बीच कथोपकथनके अंतरालमें उसकी माँकी मनोदशाका कविने अत्यंत मनोवैज्ञानिक और मार्मिक चित्रण किया है। प्रातःकाल जंबूने दीक्षा ली, साथमें वधुओं तथा माता-पिताने भी। यह पढ़कर अनुभव होता है, मानो जंबूके चरितके क्रमिक उत्थानके साथ-साथ उससे संबद्ध अन्य व्यक्तियों अर्थात् माता-पिता एवं वधुओंके चरितमें भी उत्तरोत्तर उत्कर्ष आता गया है। शिवकुमारने घरमें रहकर ही तप-साधना की थी, पर उसकी पत्नियों, माता-पिता किसीकी धार्मिक साधनाओंका कोई उल्लेख हमें नहीं मिलता। परंतु जब शिवकुमारने अंतिमकेवली होनेवाले जंबूस्वामीके रूपमें जन्म लिया, तब उसके माता-पिता और वधुएँ भी मानो उसीके साथ उन्नत हो गये और जंबूके साथ इन सबने भी जिनदीक्षा स्वीकार कर ली। सच है पुत्र और पतिकी भौतिक आध्यात्मिक उन्नतिके साथ-साथ माता-पिता-पत्नीका भी सर्वतोमुखी उत्थान, उन्नति, विकास स्वाभाविक और अनिवार्य हैं। यही वह संदेश है जिसे कवि अपनी संपूर्ण रचना और चरित-चित्रणके माध्यमसे देना चाहता है।

इन प्रमुख पात्रोंके अतिरिक्त जं० सा० च० में कुछ और भी पात्र आये हैं—जैसे राजा श्रेणिक, विद्याधर गगनगति, राजा मृगांक व उसकी विलासवती कन्या तथा अणाढिय नामक यक्ष। इनके चरित-विश्लेषणके संबंधमें बहुत अल्प सामग्री जं० सा० च० में उपलब्ध होती है, अतः इनके विषयमें कोई विशेष कथ्य नहीं है।

अब यदि चरितचित्रणकी दृष्टिसे जं० सा० च० के विषय-वर्णनका विश्लेषण किया जाये तो हम देखेंगे कि जंबूस्वामीके विवाह और वधुओंके जंबूस्वामीको वशमें करनेके प्रयत्नोंपर आकर जं० सा० च० की आठवीं संधि समाप्त होती है और वास्तवमें इतना ही इस रचनाका श्रेष्ठ काव्य रसात्मक अंश है। संधि ९ और १० में अनेक अंतर्कथाओंके द्वारा जंबूके विवेक और वैराग्य-भावकी दृढ़ता प्रकट की गयी है और १०वीं संधिके १९ से २४ तक कुल पाँच कडवकोंमें जंबूकी दीक्षासे लेकर मोक्षगमन पर्यंतका सारा वृत्तांत कह दिया गया है। संधि १०, कडवक २५ से लगाकर, ११वीं संधिके अंत तक मुनि विद्युच्चरपर घोर उपसर्ग, बारह भावनाओं-द्वारा उपसर्ग-विजय और समाधिमरण करके सर्वार्थसिद्धि स्वर्गगमनका वृत्त कहा गया है। इस प्रकार हम देखते हैं कि वीर कविने अपने कथा-पात्रोंका चरित्र-चित्रण रचनाके उत्कृष्ट भागमें किया है, और धर्मसंबंधी चर्चाओं व तप-साधना आदि जो कि सर्वसाधारण पाठककी रुचिके विषय नहीं हैं, उन्हें बहुत अल्प स्थान दिया है। इस कारण इनकी रचनामें आद्योपांत कहीं भी शुष्कता व नीरसता नहीं आ पाती और संभवतः "पायपबंधुवल्लहु जणहो विरहज्जउ किं इयरें" (१.४.१०) तथा "सरिसर-सिवाणठिउ बहु वि जलु सरसु न तिह मणिभज्जइ। थोवउ करयलु विमलु जणिण अहिलासें जिह पिज्जइ।"

(१.५.१०-११) वीर कविकी इन पंक्तियों तथा 'काव्यं यशसेऽर्थकृते व्यवहारविदे शिवेतरक्षतये। कान्ता सम्मिततयोपदेशयुजे' मम्मटाचार्यकी इस कारिकाका यही हेतु था जिसे सफलीभूत करनेमें हमारा कवि बहुत दूर तक सफल हुआ है।

(ङ) रस-भाव योजना

जंबूसामिचरिउके परिशीलनसे ज्ञात होता है कि यह एक प्रेमाख्यानक महाकाव्य है। अश्वघोषकृत सौंदरनंद महाकाव्यके समान इस काव्यका प्रारंभ भी बड़े भाईके द्वारा छोटे भाई भवदेवके अनिच्छापूर्वक, दीक्षित कर लिये जानेसे प्रिया-वियोगजन्य विप्रलंभ शृंगारसे होता है। काव्यमें विप्रलंभशृंगार रस-योजनाकी दृष्टिसे उच्चकोटिका माना जाता है। भवदेवके प्रेमकी प्रकर्षता और महत्ता इसमें है कि जैन संघके कठोर अनुशासनमें दिगंबर मुनिके वेषमें बड़े भाईकी देखरेखमें रहते हुए भी तथा जैन मुनिके अतिकठोर आचारका पालन करते हुए भी उसने बारह वर्षोंका दीर्घकाल अपनी पत्नी नागवसूके रूप चिंतन तथा उसीके ध्यानमें बिता दिये। उपाध्यायों-द्वारा पढ़ाये जानेपर उसे एक अक्षर नहीं आता था, और वह निरंतर अपनी सुंदर पत्नी नागवसूके अंग-प्रत्यंगोंका स्मरण-चिंतन करते हुए यही सोचता रहता कि अब वह कैसी होगी? और वह धन्य-दिवस कौन-सा होगा जब मैं प्रियाका गाढ़ आलिंगन करके उसके साथ यथेच्छ सुरत-सुख भोगूँगा? इस प्रकार बारह वर्ष बीत गये और मुनिसंघ पुनः उसके गाँवमें आया। उस समय एक ओर भवदेवका पत्नीसे मिलकर विषय-भोग करनेका अदम्य उत्साह व दूसरी ओर अपनी मुनि अवस्था, और तीसरे मुनि जीवनको कलंकित करनेवाले उसके कु-आचरणसे उसके अग्रज भवदत्तको कैसी महान् लज्जा उत्पन्न होगी, इसका विचार, इन प्रेय और श्रेय-वृत्तियोंका द्वंद्व काव्यमें अत्यंत मार्मिक बन पड़ा है। अंततः भवदेव गाँव की ओर चल दिया। गाँवके बाहर मंदिरमें ही पत्नीसे भेंट हो गयी, परंतु व्रतोपासनासे क्षीणकाय होनेसे वह उसे पहचान नहीं सका। नागवसूने अपने माता-पिता दोनों भाई, और अपनी पत्नीके विषयमें पूछताछ करनेपर नागवसूने उसे पहचान लिया कि यह मुनिधर्मसे विचलित भवदेव है। उसने तुरंत निश्चय किया कि मैं इसे बोध देकर धर्ममार्गमें स्थिर करूँगी। अपने इस निश्चयमें वह पूर्णतया सफल रही, और भवदेव बोध प्राप्त कर उसी क्षणसे सच्ची तप-साधनामें लग गया। इसी स्थलसे भवदेवके चरित्रका उत्थान प्रारंभ होता है, जो क्रमशः जंबूस्वामीके रूपमें जन्म लेकर अंतिम केवलज्ञानी हुआ, और मोक्ष लाभ कर परमात्म-पदको प्राप्त हुआ। नागवसूका यह कार्य इस चरितमें एवं भारतीय नारीके इतिहासमें उसे अत्यंत महान् पद प्रदान कराता है कि वह एक पतनोन्मुख सामान्य विषयलोलुपी मानवको त्रिलोकपूज्य परमात्म अवस्था तक उठानेमें हेतुभूत हुई। वासनामय होनेपर भी परमप्रेमकी परम वैराग्यमें यह परिणति, परिवर्तन व स्थानांतरण और उदात्तीकरण एक ऐसी मनोवैज्ञानिक घटना है जो अनेक भारतीय ऋषियों, मुनियों, संतों व तुलसी जैसे महाकवियोंके जीवनमें घटित हुई है, जिसके कारण ही उन्हें वह पद प्राप्त हुआ है, जिसपर वे आज विराजमान हैं। जब प्रेमपात्रसे निराशा होती है, तो वह व्यक्तिको वैराग्योन्मुख करती है, ऐसा आधुनिक मनोवैज्ञानिकोंका भी अभिमत है। इस काव्यका प्रारंभ प्रेमसे होकर उसकी चरम परिणति परम वैराग्यमें हुई है। इस दृष्टिसे इसमें नागवसूका महत्त्व सर्वोपरि है, और उसका जीवनवृत्त अत्यल्प होते हुए भी उसके इस एक ही कार्यने उसे इस चरितकाव्यकी नायिकाका पद प्रदान कराया है।

इस प्रकार विप्रलंभ शृंगारसे काव्यका प्रारंभ होकर, शांतरसमें पाठकको शांति प्रदान करता हुआ यह चरित-काव्य अमृतपयस्विनी गंगाकी धाराके समान विभिन्न रसों रूपी घुमावों और मोड़ोंमें होता हुआ अंतमें शांतरसके सुधा-सागरमें परिणत हो जाता है।

वीर कविने अपनी इस रचनामें प्रमुख रूपसे वीर, बीभत्स, रौद्र, भयानक एवं शांत रसोंकी योजना की है। अद्भुत, करुण एवं हास्य रसात्मक अंश भी काव्यमें विद्यमान हैं, परंतु वे बहुत अल्प हैं, और उनमें रस अपने पूर्ण उत्कर्षको प्राप्त नहीं हो सके हैं। उन अंशोंमें रसकी अपेक्षा उनके स्थायी और संचारी भावोंका ही प्राधान्य दिखाई देता है। कविने स्वयं भी अपनी रचनाको 'शृंगारवीर-रसात्मक महाकाव्य'

कहा है। भयानक, रौद्र एवं बीभत्स रसोंकी योजनापर यदि गहराईसे विचार किया जाये तो प्रतीत होगा कि वे वीर-रसके पोषक-रस रूपसे यहाँ नियोजित हुए हैं। 'शांतरस' काव्यका केंद्रीभूत रस है। इस प्रकार शृंगार, वीर और शांत तीनों समान रूपसे काव्यके प्रधान रस माने जा सकते हैं। संदर्भोंके परिप्रेक्षमें उन्हें संक्षेपमें इस प्रकार देखा जा सकता है :—

शृंगार रस—महाकवि वीरने प्रेमियोंके हृदयमें संस्कार रूपसे वर्तमान रति या प्रेमको रसावस्था तक पहुँचाकर उसमें आस्वाद योग्यता उत्पन्न की है। कविने शृंगार रसकी पूर्णता संयोग या संभोग शृंगारमें न मानकर विप्रलंभ शृंगारमें मानी है। वस्तुतः वियोगाग्निमें तपनेपर ही प्रेममें उत्कटता और उत्कर्ष आते हैं। अतएव वियोगावस्थामें पात्रके जैसे उद्‌गार अभिव्यक्त होते हैं, वैसे संयोगावस्थामें नहीं। प्रस्तुत काव्यमें कविने भवदेवकी दाम्पत्यविषयक रतिका सजीव चित्रण किया है। विरक्त होनेपर भी भवदेव अपनी पत्नीके आकर्षणको भूल नहीं सका। साधना करते समय भी उसका मन नागवसूके अंग-प्रत्यंगकी रूप-सुषमाके चिंतनमें लगा रहता है। वीर कविने इस प्रसंगमें विप्रलंभ शृंगारके अभिलाष, चिंता, स्मृति आदि अंगोंका सरस वर्णन किया है (२-१४-१५)।

जंबूस्वामी युवा होनेपर नगर भ्रमणके लिए निकलते हैं। इस प्रसंगमें वीरने जंबूस्वामीको देखकर काम विह्वल होती हुई नगरकी नारियोंका रोचक वर्णन किया है (४.११)। यहाँ दर्शन जन्य पूर्वराग नामक शृंगार रस है, तथा कुमारके अनुपलब्ध होनेसे इसमें विप्रलंभका भाव घनीभूत हो उठा है।

जंबूस्वामीकी भावी वधुओं—चार श्रेष्ठि-कन्याओंके सौंदर्यका शृंगार पूर्ण वर्णन भी रस परिपाककी दृष्टिसे महत्त्वपूर्ण है (४.१३)।

वसंत ऋतुका आगमन हुआ। नागरिकोंके जोड़े उद्यान-क्रीडाके निमित्त बाहर निकले और रस विभोर हो क्रीड़ाओंमें डूब गये (४.१७-१८)। उद्यान क्रीड़ाके उपरांत जलक्रीड़ाका वर्णन है (४.१९)। इन दोनों प्रसंगोंमें संभोग शृंगारका परिपाक हुआ है।

इसी प्रकार सूर्यास्त एवं संध्याके आगमनपर (४.१४) विप्रलंभ शृंगार, एवं विवाहके उपरांत वधुओंकी काम चेष्टाओं (८.१६) और वेश्यावाटके वर्णनमें (९.१२) वीरने संभोग शृंगारका सविशेष वर्णन किया है।

वीर रस—वसंतोत्सव मनाकर जब लोग अपने-अपने घरोंको लौटनेकी तैयारी कर रहे थे, उसी समय राजाका पट्टहाथी मेंठको मारकर भाग निकला और उसने चारों ओर महाविनाश तथा मृत्युका दृश्य उपस्थित कर दिया। जंबूस्वामीने अपने पौरुषसे उस दुष्ट हाथीको अपने वशमें कर लिया। नायककी वीरता-का वर्णन इस हस्तिविजयके प्रसंगमें वीर रसके अनुरूप हुआ है (४.२१)। इस संदर्भमें हस्ति आलंबन है उसके द्वारा कुमार-पर प्रहार उद्दीपन है, कुमारका युद्धार्थ उद्यम अनुभाव है और अमर्ष-आदि संचारी है। स्थायी भाव कुमारका हस्तिविजय विषयक उत्साह है।

इसी प्रकार रत्नशेखरकी राजसभामें उत्तेजक और अपमानकारक बातें कहनेके कारण राजाके आदेशसे जब विद्याधर भटोंने जंबूकुमारको चारों ओरसे घेर लिया उस प्रसंगमें (५.१४.१२.२४) भी वीर रसकी सुंदर योजना की गयी है। संधि ६ और ७ में प्रचुरतासे वीर, रौद्र एवं बीभत्स रसोंका समावेश हुआ है। जं० सा० च० ६.४.४—९; ६.५.५—१०; ६.६.३—८; ६. एवं ६.९, में केरलनृप मृगांक और रत्नशेखर विद्याधरकी सेनाओंके बीच युद्ध वर्णन; तथा ६.१०.५-१४ एवं ६.१३ में रत्नशेखर एवं गगनगति विद्याधरोंके बीच युद्ध; ७.७. में जंबूस्वामी और रत्नशेखरका परस्पर आह्वान; ७.९ व ७.१० में इन दोनोंका युद्ध इत्यादि सारे वर्णन वीर रस पूर्ण हैं। ७.६. में दंडक रूपमें वीर, बीभत्स एवं भयानक रसोंका एक साथ बहुत अच्छा संयोजन हुआ है।

रौद्र रस—केरलराज मृगांकने जब विद्याधर रत्नशेखरको अपनी विलासवती नामक कन्या देनेसे सर्वथा अस्वीकार कर दिया, तो रत्नशेखरने क्रुद्ध होकर केरल पुरीको घेर लिया और वहाँ सर्वनाश एवं

महाप्रलय जैसा दृश्य उपस्थित कर दिया (५.३)। वीरने यह वर्णन रौद्र रस युक्त किया है। यहाँ स्थायी-भाव रत्नशेखरका क्रोध है, आलंबन विभाव कन्याका प्राप्त न होना है, उद्दीपन विभाव मृगांक-द्वारा उसका अपमान आदि है; सेनाकी उग्रता, आवेग, मद एवं गर्व आदि अनुभाव हैं, तथा अमर्ष इत्यादि संचारी भाव हैं।

रौद्र रसका एक और उदाहरण वहाँ उपलब्ध होता है, जब जंबूस्वामी दूतके बहाने रत्नशेखरकी छावनीमें घुसकर उसके समक्ष पहुँचे और जाते ही नाना प्रकारसे उसे बुरा-भला कहा, निंदा व भर्त्सना की और अपमान करने लगे। यहाँ प्रतिनायक रत्नशेखरका रौद्ररस-मय वर्णन दर्शनीय है(५.१३.९-११)। यहाँ भी स्थायी भाव क्रोधके साथ आलंबन विभावके रूपमें जंबूस्वामी हैं। उद्दीपन विभाव जंबूकी दर्प एवं अपमान पूर्ण कटु उक्तियाँ हैं। आँखोंका लाल होना, ओंठ कांपना, मुख लाल हो जाना, कंठका स्तब्ध होना, स्वेद आना, ओंठ काटना, नासापुटोंका भयानक रूपसे फड़कना आदि अनेक अनुभाव हैं; और अमर्ष आदि संचारी भाव हैं। इसी प्रकार ५.१४.६-११ में भी इसी संदर्भमें रौद्र रसकी सुंदर योजना बन पड़ी है।

भयानक रस—वीर और रौद्र रसोंका पोषक रस है भयानक। जं० सा० च० में युद्ध वर्णनके प्रसंगमें भयानक रसके संयोजनके कई उदाहरण हैं, जैसे ६.७.४-७;६.१०.१-४;७.१४.१०-१४;७.१.१०-२२;७.६.५-१४; एवं ७.८.७-१२। आगे चलकर असती विषयक अंतर्कथाके संदर्भमें (१०.९.१-३) भी भयानक रसकी औचित्य पूर्ण योजना हुई है। इन संदर्भोंमें स्थायी-भाव भय है। आश्रयपात्र कायर सैनिक एवं नीच पुरुष आदि हैं। आलंबन-विभाव शत्रु सैनिक हैं, और उद्दीपन विभाव उनके द्वारा किया जाता हुआ भयानक शत्रु संहार है। शत्रुओं और कायरोंका इधर-उधर बिखर जाना, पलायन करना आदि अनुभाव हैं; एवं त्रास, शंका, संभ्रम तथा मृत्यु आदि संचारी भाव हैं।

बीभत्स रस—जं० सा० च० में बीभत्स रसके बहुत थोड़े-से उदाहरण पाये जाते हैं। विद्युच्चर महा मुनिके ऊपर दैवी उपसर्गका वर्णन (१०.२६.१-४) बीभत्स रस पूर्ण है। चंग नामक सुनार-पुत्र रानीके-द्वारा बुलाये जाने पर उसकी शैयापर आकर बैठा ही था कि राजा युद्ध विजय करके लौट आया और चंगको निकालनेके सब मार्ग अवरुद्ध जानकर रानीने भयके मारे चंगको गूथ कूपमें डाल दिया (१०.१७.४, ६-८)। यह वर्णन भी बीभत्स रसात्मक है। इन संदर्भोंमें स्थायी भाव जुगुप्सा; दुर्गंध युक्त विष्ठा, माँस, चर्बी आदि आलंबन तथा उद्दीपन विभाव हैं; आँखें बंद कर लेना आदि अव्यक्त अनुभाव हैं; एवं मोह, व्याधि, आवेग, मरण आदि संचारी भाव हैं।

करुण रस—जं० सा० च० में करुण रसकी योजना कई स्थलोंपर योग्य रीतिसे हुई है। भवदत्त-भवदेवके पिताकी मृत्यु और उनकी माँ के जीवित ही चितामें जलकर सती होनेका प्रसंग अत्यधिक कारुणिक है। उसमें करुण रसका पूर्ण परिपाक हुआ है (२.५.११-१७)। इस संदर्भमें स्थायी भाव शोक है; आलंबन विभाव माता-पिता; उद्दीपन उनका चिर वियोग, रोदन आदि संचारी भाव हैं। इसी प्रकार शिवकुमारको मुनिदर्शनके निमित्तसे पूर्व-भवका स्मरण होने पर, उसके सहसा मूर्च्छित हो जानेसे, उसके अंतःपुरकी अवस्था (३.७.४-७) एवं माता-पिताकी अवस्थाका वर्णन (३.८.१-४) भी करुण रसात्मक है। सुधर्माके दर्शन एवं धर्मोपदेशको सुनकर जंबूको संसारसे वैराग्य हो गया और उसने माँके समक्ष अपनी दीक्षा लेनेकी इच्छा प्रकट की। इस प्रसंगमें माँकी अवस्थाका वर्णन अत्यंत करुण रस पूर्ण हुआ है (८.७.११-१४)। जंबूके दीक्षा लेनेके निश्चयको जानकर पद्मश्री आदि कन्याओंके पिताओं तथा स्वजनोंकी जैसी अवस्था हुई, उसका चित्रण (८.१०.१-५); तथा एक ओर, प्रातःकाल होनेपर जंबूके दीक्षा लेनेकी संभावना एवं दूसरी ओर, वधुओंके प्रति आकृष्ट होनेकी क्षीण आशा, इस अंतर्द्वंद्वमें पड़ी हुई जंबूस्वामीकी माँकी अवस्था (९.१४.६-१०;९.१५.९-१५) और जंबूके दीक्षा लेनेपर उसके माता-पिता दोनोंकी दु:खद अवस्थाका अत्यंत मर्मस्पर्शी करुण रस पूर्ण वर्णन पाया जाता है (९.१८.८-९)।

अद्भुत रस—जं० सा० च० के कुछ स्थल, जैसे भगवान्‌के समोशरणमें विद्युन्माली देवका आगमन

(२.१.२-४) एवं श्रेणिककी राज सभामें गगनगति विद्याधरका आकाश मार्गसे अकस्मात् प्रवेश (५.२.१-५), ये वर्णन अद्भुत रसके उदाहरण रूप रखे जा सकते हैं।

वात्सल्य रस—वात्सल्य या वत्सल रसके संबंधमें साहित्याचार्योंमें पर्याप्त मतभेद है। भोजराज (११ श० ई० पूर्वार्द्ध) ने स्पष्टतः वात्सल्यको एक स्वतंत्र रस माना है। उद्भट (८-९ श० ई०) तथा रुद्रट (९ श० ई०) ने वात्सल्यको स्वतंत्र रस नामसे तो नहीं गिनाया, पर उनके 'प्रेयस' भावकी मान्यता वात्सल्य रसकी स्वीकृतिका आभास देती है।[1] मम्मट (१२ श० ई०) ने वात्सल्यको स्वतंत्र रस नहीं माना, पर साहित्यदर्पणकार विश्वनाथने उसे स्वतंत्र रसका स्थान दिया है। जं० सा० च० से ऐसा प्रतीत होता है कि वीर कवि भी संभवतः वात्सल्यको स्वतंत्र रस स्वीकार करते थे। जं० सा० च० २.९.१९–२०; ६.११.९-११ ६.१२.१–२,४; एवं ७.१३.६–७के वर्णन वात्सल्य रससे ओत-प्रोत हैं। इन प्रसंगोंमें स्थायी भाव है स्नेह; आलंबन हैं अग्रज भाई एवं अपने स्नेही संबंधीजन; उद्दीपन अपने इन स्नेहीजनोंके प्रति गुणानुराग; अनुभाव रोमांच आदि, एवं संचारी भाव है हर्षोद्गार। केरलमें रत्नशेखर विद्याधरको परास्त कर, उसके तथा मृगांक उसकी रानी व कन्या विलासवती एवं विद्याधर गगनगति आदिके साथ जंबूस्वामी कुरुल-पर्वतके पास छावनीमें महाराज श्रेणिकसे आकर मिले। श्रेणिकने भरपूर वात्सल्य भावसे जंबूस्वामीका स्वागत किया (७.१३.६-७)। यह प्रसंग वात्सल्य-रसका सांगोपांग उदाहरण है। इसमें वात्सल्य-रसके स्थायी भाव, विभाव, अनुभाव एवं संचारी भाव सभीकी अभिव्यक्ति अत्यंत स्पष्टतासे हुई है।

शांत रस—प्राचीनकालके सभी प्रमुख संस्कृत-प्राकृत महाकाव्यों, नाटकों, व चरितोंके समान जं० सा० च० की चरम-परिणति शृंगार, वीर आदि रसोंकी सरिताओंसे होती हुई शांत रसके महासागरमें हुई है। इस दृष्टिसे विचार करनेपर हम देखते हैं कि आद्योपांत संपूर्ण रचना शांतरससे ओत-प्रोत है, और समस्त रसोंके पीछे कहीं दूर, कहीं सन्निकट नैपथ्यमें-से शांतरसकी अव्यक्त मधुर ध्वनि मानो बार-बार पाठकके कर्णपटोंपर आकर झंकृत होती रहती है। अतः स्वाभाविक रीतिसे शांत रसात्मक वर्णन रचनाके आदिसे अंत तक व्याप्त हैं।

शांतरसका प्रथम सांगोपांग उदाहरण हमें इस संदर्भमें मिलता है. कि सौधर्म नामक मुनि वर्द्धमान ग्राममें आये और उनका उपदेश सुनकर भवदत्तको वैराग्य हो गया और उसने गुरुके पास दीक्षा ले ली (२.७)। अग्रजके द्वारा दीक्षित होनेके बारह वर्ष उपरांत जब कामवासनासे पीड़ित भवदेव पुनः अपने गाँव आया, तब वहाँ स्वयं उसकी पत्नीने उसे बोध दिया। वह प्रसंग शांतरसका अत्यंत मार्मिक उदाहरण है (२.१७–१९)। इसमें भवदेवाश्रित शांत रसकी अत्यंत सुंदर अभिव्यक्ति हुई है। भवदेव १२ वर्षसे दीक्षित होकर तनसे योगी, पर मनसे भोगी था। नागवसूसे मिलन और वार्त्ता होनेपर उसने भवदेवकी वृत्तियोंको पहचान कर, उसे प्रतिबोध दिया। नागवसू-द्वारा निज रूप-यौवनकी दुरवस्था एवं विनश्वरता भवदेवके वास्तविक शम (शांत-निष्काम भाव) का कारण बनी। नागवसूकी उद्बोधक उक्तियोंने उपशम भावके उद्दीपनका कार्य किया। किसी मुनि या साधुके दर्शन उपदेश आदिने नहीं। १२ वर्षों तक मुनिसंघमें मुनि जीवनकी कठोर चर्याका पालन करते रहकर, आचार्योंके दिन-रातके उपदेश-संगति एवं सहवास आदिका जिस भवदेवके ऊपर रंचमात्र भी प्रभाव नहीं पड़ा था, और ये सब निमित्त जो कार्य करनेमें सर्वथा असमर्थ रहे थे, भवदेवके कामरागको शांत कर, उसके आत्मोन्मुख शम-भाव या शांत-भावको जाग्रत करनेका वह महान् कार्य धर्म-साधनामें रत, सच्ची धर्मपत्नीकी तपःपूत, सत्यपूत वाणीने कुछ ही क्षणोंमें कर दिखाया। इस प्रसंगमें (२.९) स्थायी भाव वैराग्य; आलंबन नागवसूका तपःकृश शरीर, उद्दीपन उसका सदुपदेश, रोमांच आदि अनुभाव तथा निर्वेद, ग्लानि, लज्जा आदि संचारी भाव हैं।

आगे चलकर शिवकुमारको वैराग्य (३.८) जंबूको वैराग्य (८.७.५-१०); वधूओंकी कामचेष्टाओंसे जंबूके शम-भावका और अधिक उद्दीपन (९.१); विद्युच्चरको वैराग्य (१०.१८.१-२) एवं विद्युच्चरका

---

१. हिं० सा० कोश।

अनित्य, अशरण आदि १२ भावनाओंका चिंतन (संधि ११ पूर्ण), ये सब प्रसंग पाठकोंको शांत रसका हृदयावर्जक चर्वण कराते हैं।

रसोंके उपर्युक्त विवेचनसे हमारा ध्यान स्वयं इस तथ्यपर आकृष्ट होता है कि वीर कविने जं० सा० च०में सभी रसोंकी योजना सफलतापूर्वक की है, जिनमें शृंगार, वीर एवं शांत ये तीन रस प्रधान हैं। किसी रसका अतिरेक भी किसी काव्य-कृतिको रस हीन आस्वादहीन बना देता है। कवि वीरकी इस रचनामें कहीं भी यह रसातिरेक नहीं दिखाई देता। यही कारण है कि जं० सा० च०का पाठक विविध रसोंकी मंदाकिनीमें अभिषिक्त होता हुआ स्वयमेव अपने संपूर्ण अहंको खोकर अपनी संपूर्ण आत्म-सत्ताको शांत रसके महासागरमें समर्पित होते हुए देखता है।

रसाभास एवं भावाभास—रस-योजनाके साथ जं० सा० च०में रसाभास, भावाभास, भावोदय, भावशांति, भाव-संधि एवं भावशबलताके भी कुछ प्रसंग-उपलब्ध होते हैं।

रसाभास—जल-क्रीड़ाके प्रसंगमें कामिनियोंके द्वारा निर्जीव जलमें सुभग नायकके समान रति भावका आरोप (४.१९.२०-२१) होनेसे अनौचित्य है। अतः शृंगाराभास है।

विवाहोपरांत चारों वधुओंके साथ जंबूस्वामी एकांत वासगृहमें पलंगपर बैठे। वधुओंने उन्हें वैराग्यसे विमुख कर, भोगोन्मुख करनेके उद्देश्यसे नाना कामचेष्टाएँ करनी प्रारंभ कीं (८.१६.६-१५)। इस प्रसंगमें स्थायी, आलंबन, उद्दीपन, विभाव, अनुभाव एवं संचारी भाव सभी कुछ हैं, परंतु नायकके वैराग्योन्मुख होनेसे यहाँ अनुभयनिष्ठ रति रूपी अनौचित्य है, अतः शृंगार रसाभास है। रसकी दृष्टिसे उपर्युक्त दोनों संदर्भ काव्य-दोषोंके समकक्ष हैं। परंतु एकमें प्रकृतिका मानवीकरण और दूसरेमें अत्यंत कामोत्तेजक वातावरणमें नायकके चरित्रकी दृढ़ताका द्योतन होनेसे ये प्रसंग दोषके बदले काव्यके अलंकार बनकर अभिव्यक्त हुए हैं।

भावाभास—जंबूस्वामीका दीक्षा लेनेका दृढ़ निश्चय जानकर भी पद्मश्री आदि चार कन्याओंने अपने अद्वितीय अनुपम रूप-सौंदर्य और काम-कला-विलासके द्वारा जंबूको अपने वशमें कर लेनेके विश्वाससे उसे एक दिन विवाह करके प्रातःकाल दीक्षा ले लेनेका प्रस्ताव किया। इस अवसरपर उन्होंने अपने पिताओंके समक्ष कामवासनापूर्ण उद्गार व्यक्त किये। (८.१२.१-१५)। इस संदर्भमें पितृजनोंके समक्ष रति भावका इस प्रकारका प्रदर्शन सर्वथा अनुचित है।

यहाँ उद्दीपन-विभाव, अनुभाव एवं संचारियोंके अभावके कारण शृंगाररसका भी परिपाक नहीं हो पाया है, और पितृजनोंके समक्ष यह सब कहलवाना निश्चित रूपसे रति-भावाभास है। आलंकारिक या चरित्र विकासकी दृष्टिसे भी इस प्रसंगका औचित्य सिद्ध नहीं किया जा सकता।

भावोदय—बनारसके राजाकी विरहिणी कामपीड़ित रानीने चंग नामक सुंदर सुनार पुत्रको राजमार्गसे जाते देखा। उसे देख रानीका रतिभाव सहसा उद्दीपित हो उठा। उसी समय राजा युद्ध विजय कर लौट आया, अतः रानीका रति भाव रसावस्थाको प्राप्त नहीं कर सका। इसे भावोदयका दृष्टांत माना जा सकता है; और उपनायक निष्ठ होनेसे इसमें भावाभास भी है।

भावशांतिका—उत्कृष्ट उदाहरण है—नागवसूके बोधपरक मार्मिक कथनको सुनकर भवदेवके रतिका शांत होना (२१.१८-१९)।

अपनी सारी कामोत्तेजक चेष्टाओंके उपरांत जंबूकुमारको सर्वथा निर्विकार देखकर वधुओंके रतिभावकी शांति और दुःख एवं लज्जाका बोध (९.२.१-२) भी भाव-शांति एवं भावोदयका सुंदर दृष्टांत है।

भावसंधि—इसी संदर्भमें जंबूस्वामीकी माँकी अवस्थाका चित्रण भाव-संधिका दृष्टांत है। जंबूस्वामी वासगृहके भीतर वधुओंके साथ निर्विकार भावसे कथा संलाप करते हुए बैठे हैं। बाहर माँ व्यग्र है। पुत्रके प्रातःकाल दीक्षा लेनेकी प्रबल संभावनाके उद्वेगसे उसको आँखोंमें नींद कहाँ? वह बार-बार घरके भीतर जाती, बाहर आती और कपाटोंके छिद्रमें-से झाँककर देखती कि क्या कुमार अभी भी दृढ़-प्रतिज्ञ है, अथवा वधुओंकी कुछ विद्या उसपर चल पायी; क्या अभी भी वह मोक्ष-वास चाहता है कि उसके गलेमें प्रियाओं-बाहुपाश पड़ गया (९.१४.६-१२)।

इस प्रसंगमें माँके हृदयकी परम निराशा प्रकट होनेपर भी उसमें आशाकी जो अतिक्षीण, अव्यक्त झलक विद्यमान है, उससे इसे आशा-निराशा भावोंकी संधिका दृष्टांत कहा जा सकता है।

भावशबलता—इसका एक उत्कृष्ट उदाहरण १२ वर्षोंके उपरांत अवसर पाकर काम भोगकी इच्छासे मुनि भवदेवके घरकी ओर चलनेके प्रसंग (२.१५.७—१७) में मिलता है। उस समयकी उसकी मानसिक अवस्था और अंतर्द्वंद्व भावशबलताका सुंदर उदाहरण है। इस प्रसंगमें एक ओर भवदेवकी प्रबल भोगाभिलाषा तथा दूसरी ओर लज्जा, आत्मग्लानि, अग्रजके गौरवके नष्ट होनेकी शंका, आत्मालोचन, पत्नीकी वर्तमान अवस्था, और १२ वर्षोंके पति-विहीन दीर्घकालके संबंधमें यह आशंका कि न जाने इस बीच उसका आचरण कैसा रहा होगा ?, और इस दिगंबर मुनिके वेषमें नागवसू मुझे पहचानेगी भी या नहीं, यह संदेह, आदि अनेक संचारी भावोंकी एकत्र शबलताका यह अत्यंत सुंदर सटीक उदाहरण है।

भावयोजना—जं० सा० च० में भक्ति, प्रीति, प्रशम, रति एवं निर्वेदादि अनेक भावोंकी अभिव्यक्ति स्थान-स्थान-पर हुई है। काव्यका प्रारंभ मंगलाचरणके रूपमें देवता विषयक रति या भक्ति-भावसे होता है (१. मं० १-१४)। बीच-बीचमें भी कई स्थलों (एवं ४.४.१०—१३ देव भक्ति; ८.६.४—१० गुरु भक्ति आदि) पर भक्ति-भावकी अभिव्यक्ति पायी जाती है। राजा श्रेणिक-द्वारा भ० महावीरकी स्तुति (१.१८) देवविषयक रतिका सुंदर उदाहरण है।

पतिविषयक शुद्ध रति—कुष्ठ रोगसे आक्रांत होकर भवदत्त-भवदेवके पिता आर्यवसूने जीवित ही अपनेको अग्निको समर्पित कर दिया। एकनिष्ठ परम-पतिव्रता और पति-सर्वस्व, पति-प्राणा उनकी माँ सोमशर्माने भी अपने पतिकी चितामें जीवित ही जलकर परलोकमें भी पतिका अनुगमन किया (२.५.४, ६,१५)। यह प्रसंग पतिविषयक शुद्ध रतिका एक श्रेष्ठ उदाहरण है। शिवकुमारके प्रति उसकी पत्नियोंके अनुरागका चित्रण भी इसीका एक और दृष्टांत है (३.७.५—६)।

भ्रातृविषयक रति—भवदत्त और भवदेव दोनोंके रग-रगमें परस्परके प्रति-अनुराग भरा था, तथा उनमें शब्द और अर्थके समान अविभक्त, अखंड एवं अविच्छेद्य संबंध था (२.५.९); यह तथा आगेके दो और प्रसंग (२.९.१९—२०;२.१०.९—१०) भ्रातृविषयक रतिके उत्कृष्ट उदाहरण हैं।

अन्य भाव—अब तक चर्चित भावोंके अतिरिक्त जं० सा० च० में अन्य भी अनेक भावोंको अभिव्यक्ति मिली है। उदाहरणार्थ—विस्मय (२.३.२—३ एवं ३.६.६—७), आशंका (२.१३.४) अत्यंत करुणापूर्ण दीनता-विवशता (२.१३.९); पतिविषयक निष्काम स्नेह (२.१९.३); खेद (३.३.१६); करुणाजनक जुगुप्सा (३.११.३-४); सुंदर, युवा पत्नियोंके प्रति रुग्ण पतिकी ईर्ष्या व शंका (३.११.५—११); पत्नियोंका क्षोभ व खेद (३.११.१२-१३); देवभक्ति, श्रद्धा और दैन्य (३.१३.३-४); पश्चात्ताप (४.३.४-५); उपहास (५.४.१२-१३); चित्तका उतावलापन (५.५.१६-१७;५.७.१६-२७); उत्साह (५.६.१६-१७) तथा वीरभाव पूर्ण गर्व (५.१२.२३-२५,-५.१३.१-८; ५.१४.१-५) आदि अनेक स्थायी एवं संचारी भावोंकी जं० सा० च० में आद्योपांत सुंदर रीतिसे योजना की गयी है।

(ब) अलंकार-योजना

जंबूसामिचरिउमें प्रमुख रूपसे निम्नलिखित अलंकारोंका प्रयोग पाया जाता है :—अनुप्रास (१), यमक (२), श्लेष (३), उपमा (४), उत्प्रेक्षा (५), रूपक (६), निदर्शना (७), दृष्टांत (८),वक्रोक्ति (९), विभावना (१०), विरोधाभास (११), व्यतिरेक (१२), संदेह (१३), भ्रांतिमान् (१४), सहोक्ति (१५) एवं अतिशयोक्ति (१६)।

शब्दालंकारोंमें अनुप्रास और यमक अलंकारोंका प्रयोग पूरी रचनामें प्रारंभसे अंत तक हुआ है। मगधदेश (१.६.१-७) तथा पुंडरिकिणी नगरी (३.२.४-९) के वर्णन इस दृष्टिसे विशेष उल्लेखनीय हैं। पादांत यमकोंमें शाब्दिक श्लेषके उदाहरण अत्यधिक संख्यामें उपलब्ध हैं।

अर्थालंकारोंमें उपमा, उत्प्रेक्षा और रूपकोंसे रचना आद्योपांत विभूषित है। कुछ विशेष संदर्भ इस प्रकार हैं—

उपमा—णाणम्मि फुरइ भुअणं एक्कं नक्खत्तमिव गयणे। (१. मं० १०); विजयंतु जए कइणो जाणं वाणी अइट्ठपुव्वत्थे। उज्जोइयघरणियला साहयवट्टि व्व निव्वडइ (१.६.७-८)।

मालोपमा—नीलकमलदल कोमलिए सामलिए नवजोव्वणलीला ललिए पत्तलिए (२.१५.३)। अन्य संदर्भ : विंध्याटवी वर्णन (५.८.३०-३५); भोजन वर्णन (८.१३.९-१३, श्लेषगर्भित मालोपमा)। इन दोनों संदर्भोंमें एक ही उपमेयका विविध रीतिसे नाना उपमानों-द्वारा वर्णन किया गया है।

उत्प्रेक्षा—डोल्लहरि व लग्गी कंठहँ लग्गी वल्लहमुहचुंबणु करइ।
थणरमणविडंबिणि का विनियंबिणि निहुअणकेलिहि अणुहरइ।
(वसंत ऋतुमें मिथुनोंकी उद्यान-क्रीड़ा ४.१६.११-१२)

अन्य प्रमुख संदर्भ हैं—कामिनियोंकी विह्वलता (४.११.४-५); नारी सौंदर्य वर्णन (४.१२.१५-१६; ४.१३.१-१६; तथा ४-१४.७-८ (रूपक गर्भित उत्प्रेक्षा); मलयपवनका (उत्प्रेक्षाओंकी निरंतर-शृंखलाओं द्वारा) वर्णन (४.१५.१-५,७-१६); फूला पलाश (४.१५.१५-१६) अलकावली (५.२.१७); धूलिका उड़ना (६.४.१०-११; ६.५.१०.१० एवं ६.६.१-२), संवाहन नगर (८.३.६-१३); वर्षा ऋतु एवं वर्षा (९.९.६-१२); संध्या सूर्यास्त एवं रात्रि-आगमन और अंधकार वर्णन; (८.१४.१०-२१); तथा चांदनी (८.१५.६-१४)। ये सब वर्णन उत्प्रेक्षालंकारके प्रयोगकी दृष्टिसे पठनीय हैं। इनके अतिरिक्त कामिनियोंकी जल-क्रीड़ाका उत्प्रेक्षामाला सदृश शृंखलामें पिरोया हुआ वर्णन (४.१९.८-१७,२१-२२) भी अवश्य पठनीय है।

मालोत्प्रेक्षा—मालोपमाके समान मालोत्प्रेक्षाके भी अनेक प्रयोग जं० सा० च० में प्राप्त होते हैं। जंबूस्वामीका दीक्षा लेनेका निश्चय जानकर पद्मश्री आदि चार वाग्दत्त कन्याओंके माता-पिता-स्वजनोंकी अवस्थाका मर्मस्पर्शी वर्णन (८.१०.१-५) मालोत्प्रेक्षाके प्रयोगका बहुत सुंदर उदाहरण है।

फलोत्प्रेक्षा—मालोत्प्रेक्षाकी तरह फलोत्प्रेक्षाका प्रयोग भी दर्शनीय है। (४.१४.३-६)

रूपक—काव्यमें रूपकालंकारका प्रयोग आद्योपांत संख्यातीत परिमाणमें हुआ है : इसके कुछ छोटे-छोटे उदाहरण हैं—नहमणि (१ मं० ५); णाणग्गि (१.१.८) संसारसमुद्दुत्तारसेउ (१.१.४); भव्वयणकमल-कंदोट्ट बंधु (१.१.८) एवं माणुसपसु, सम्मत्तनिधि, सिरकमलु, वयणसुहा, संसारतरंगिणी, चरणजुयल-पंकयभसलु, जिणवरगरुड, विरहाणल, आदि।

रूपकमाला—रूपककी तरह रूपकमालाके उदाहरण भी उपलब्ध हैं (३.७.१२-१४)।

निदर्शना—महाकवि कालिदासके अनुकरणपर कविका विनय प्रदर्शन (१.३.७-१०); नागवसूको बोधप्रद वार्त्ता, (२-१८.५-७) बालकको वृद्धि (४.९.१-३); बालक (जंबूस्वामी) की कीर्त्ति (४.९.९-१०) एवं जंबूस्वामी द्वारा रत्नशेखरको आह्वान (५.१४. १-३) आदि स्थलोंमें निदर्शनाके उदाहरण द्रष्टव्य हैं।

दृष्टांत—कविके आत्मनिवेदनकी निम्न पंक्तियोंमें इस अलंकारका सुंदर प्रयोग हुआ है :—
कव्वुजे कइ विरयइ एक्कगुणु अण्णेक्कु पउंजिव्वइ निउणु।
एक्कु जे पाहाणु हेमु जणइ अण्णेक्कु परिक्खा तासु कुणइ। (१.२.८-९)

वक्रोक्ति—वसंत महीनेमें मिथुनोंकी उद्यान-क्रीड़ाके अवसरपर जंबूस्वामी और किसी कामिनीके मध्य वक्रोक्ति पूर्ण संवाद बड़ा ही चित्ताकर्षक और मधुर है (४.१८.१-१३)।

विभावना—जंबूस्वामीका जन्म हुआ तो कार्त्तिक न होनेपर भी आकाश निरभ्र हो गया, वर्षा न होने पर भी धूलि शांत और वसंत न होनेपर भी संपूर्ण वनस्पति स्वयं फूल उठी (४.८.१२-१४)।

म० महावीरका समोशरण राजगृहके विपुलाचल पर्वतपर आया और वनमालीने राजा श्रेणिकको जाकर समाचार दिया—'महाराज, आज असमयमें ही वनस्पति सब फल-फूलोंसे समृद्ध हो उठी है, तालाबोंमें तटों तक भर आया जल हिलोरें मार रहा है, बिना बोये ही खेत नाना प्रकारके पके धान्यसे भरपूर हो गये हैं और बिना दुहे ही गायें प्रचुर दूध क्षरण कर रही हैं (१.१३.३-७)।' इन प्रसंगोंमें विभावना अलंकार का सुंदर प्रयोग हुआ है।

विरोधाभास—विद्युच्चर चोरीके उद्देश्यसे कामलतावेश्याके घरसे वेश्यावाट छोड़कर निकला। इस प्रसंगमें वेश्यावाटका वर्णन विरोधाभासका एक विशिष्ट उदाहरण है (९.१२.७-८,१२)।

व्यतिरेक—इस अलंकारके बहुत-से प्रयोग काव्यमें उपलब्ध हैं—जंबूस्वामीकी यौवन प्राप्ति (४.९.७-८) नारी सौंदर्यका वर्णन (४.१७.१९-२२) पुनः नारी सौंदर्य (५.२.२०-२१;८.५.५-६); रत्न-शेखरकी वीरता (५.११.१६-१७) तथा जंबूस्वामीके त्याग संबंधी वर्णन (१०.१.९)।

संदेह—जलक्रीड़ाके समय तैरती हुई किसी कामिनीके मुखको देखकर एक भ्रमर संदेहमें पड़ा रहा कि यह मुख है या कमल (४.१९.९) इसी प्रकारके मंगलाचरणकी निम्न पंक्तियाँ शुद्ध संदेहालंकारके उदाहरण हैं :—

सो जयउ जस्स जम्माहिसेयपयपूरपंडुरिज्जंतो।
जणियहिमसिहरिसंको कणयगिरी राइओ तइया॥
भमिरभुअवेयभामियजोइसगणजणियरयणि-दिणसंकं।
इय जयउ जस्स पुरओ पणच्चियं चारु सुरवइणा॥ (१ मं० ३-६)

भ्रांतिमान—मृगांकराजाकी पुत्री और अपनी भागिनेया विलासवतीके सौंदर्यका संक्षिप्त वर्णन करते हुए गगनगति विद्याधर कहता है—'वह कन्या अपने बिंबाधरोंके अपनी शुद्ध धवल दंतपंक्तिमें प्रतिबिंबित होती हुई कांतिको पहचान नहीं पाती। अतः उन्हें धवल बनानेके लिए बार-बार छीलती रहती है—न मुणइ रत्ताहर रंगगुणु जा छोल्लइ सुद्ध वि दंत पुणु (५.२.१८)।

उद्यानक्रीड़ा करते समय किसी धूर्त्त नायकने अपनी मुग्धा नायिकाका प्रणयकोप दूर करनेके लिए कहा, 'तउ मुहहो जणियसयवत्तभंति आवंति निहालहि भमरपंति।' (४.१७.६)

सहोक्ति—चंद्रोदयका सहोक्त्यलंकारमय वर्णन—'जालियाउ गयवइहियएहिं सहुँ उइउ नहंगणे मयलंछणु लहु।'

अतिशयोक्ति—काव्य रचनाओंमें अतिशयोक्ति एक सहज, सामान्य और सर्वाधिक प्रचलित अलंकार रहा है। वीर कविने भी जं० सा० च० में अनेक स्थलोंपर प्रचुरतासे इस अलंकारका प्रयोग किया है। काव्यका आदि मंगलाचरण आद्योपांत अतिशयोक्तिसे भरपूर है। इसके कुछ अन्य संक्षिप्त उदाहरण यहाँ प्रस्तुत किये जाते हैं :—

समोशरणमें स्थित महावीरके विषयमें एक पंक्ति है :—

अलिउलकेसुब्भासियवरसिरु दंतदित्तिधवलियजयमंदिरु। (१.१७.७)

नारी सौंदर्य—विहिं बाहहिं अवरुंडणु चंगइ दुक्करु पुज्जइ वियडनियंबइ।
मसिणोरुयहिं जगु जि वसि किज्जइ नहदित्तिए महियलु कवलिज्जइ।(२.१४.९-१०.)

इसी प्रकार वीताशोक नगरीका अतिशयोक्ति पूर्ण वर्णन पठनीय है (३.४.७-१०)।

(छ) बिंब-योजना

काव्यालोचनमें बिंब-योजना शाब्दिक दृष्टिसे आधुनिक है। परंतु कल्पनाकी अपेक्षा किसी भी काव्य-सिद्धांतके समान प्राचीन है। बिंब-योजनाका अर्थ है कवि किसी वस्तुका नख-शिख, या द्रव्यगत भौतिक वर्णन न करके उसका एक भाव-चित्र हमारे सम्मुख उपस्थित करता है, जिसे 'बिंब' नामसे अभिहित किया जाता है।

बिंब दो प्रकारके होते हैं, (१) एक तो स्मृति-जन्य जो पूर्वकालिक अनुभूतिका पुनरुत्पाद मात्र होते हैं; जैसे अपने किसी पूर्व-मित्रकी साक्षात् चित्रवत् स्मृति, जो उसकी शाब्दिक भावमय प्रतिमा हमारे मनमें निर्मित कर देती है, अथवा किसी नायक-द्वारा अपनी प्रियतमा नायिका और उसके विविध अङ्ग एवं भाव-भंगिमाओंकी तीव्र स्मृति। (२) दूसरे प्रकारके बिंब पूर्वानुभूत नहीं होते। वे कवि या साहित्यकार-की निज नवनिर्मित और मौलिक कृति होते हैं। महाकवि कालिदास कृत मेघदूत इसका सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है। यह नूतन प्रतिमा निर्माण या बिंब विधान-समस्त काव्य-कला संगीत और नवनिर्माणका मूलाधार है। भाषा और चिंतनके मूल उपादान बिंब ही हैं।[1] 'जंबूसामिचरिउ' में ऐसे अनेक वर्णन उपलब्ध हैं, जिन्हें बिंब-योजनाके अंतर्गत रखा जा सकता है।

(१) जं० सा० च० १.११ में कविने राजा श्रेणिकका नख-शिख वर्णन न करके उसकी शूरवीरता एवं प्रचंड प्रताप आदिके वर्णन द्वारा उसका एक भावात्मक बिंब खींचा है।

(२) इसी प्रकार आगे चलकर राजा श्रेणिकके सुंदर, सौम्य, रमणियोंके हृदयहारी एवं धर्म और न्याय-नीति परक रूपको शब्दोंमें प्रकट कर उसके कोमल एवं उदार व्यक्तित्वको प्रकट किया गया है।

(३) इसी प्रकार केरलराज मृगांकके शत्रु-राजा विद्याधर रत्नशेखरके प्रचंड तेजस्वी, कालके समान भयानक, महान् विकाशकारी एवं अपराजेय व्यक्तित्वका भी यथार्थ बिंब पाठकोंके समक्ष खींचा गया है (५.४.२०-२१, तथा ५-५.१-५)।

(४) भवदेवने अग्रजकी लाज रखनेके लिए दीक्षा ले तो ली, पर क्षण-भरके लिए भी प्रियतमा नागवसूका रूप उसके मानसपटसे ओझल नहीं हुआ, और वह निरंतर नागवसूका जो भावात्मक बिंब उसके हृदयमें बन गया था, उसीका स्मरण करता रहा (२.१४.६-११)।

(५) भवदेवके हृदयपर बने हुए नागवसूके एक और बिंबका वर्णन (२.१५.१-२)।

(६) 'बारह वर्षोंकी दीर्घ-अवधिमें मेरे वियोगमें नागवसूकी अवस्था कैसी हो गयी होगी' भवदेवकी इस चिंताका बिंबात्मक वर्णन (२.१५.३-४)।

(७) श्रेष्ठिकी चार-पत्नियोंका अत्यंत सुंदर बिंबमय वर्णन, कुल दो पंक्तियोंमें (३.१०.१४-१५)।

(८) गर्भवती माँकी अवस्था दिनोंदिन कैसी होती जाती है, इसका सातिशय यथार्थ बिंब (४.७.३-९)।

(९) द्वितीयाके चंद्रमा, चलते-चलते महानदीके विस्तार, और पिंगल शास्त्रके फैलाव और व्याकरण-की व्याख्याओंके समान दिन-प्रतिदिन बालक जंबूस्वामीके बढ़नेका बिंबात्मक वर्णन। (४.९.१-३)

(१०) 'जंबूस्वामीके युवावस्थाके प्राप्त होनेके साथ-साथ उनके रूपगुणोंका यशोगान हर गली-कूचे, घर और बाहर, एवं चौक-चौरस्तेपर सर्वत्र गाया जाने लगा। उनके धवल-यशसे सारा-भुवन ऐसा धवलित हो उठा मानो पूर्ण चंद्रमाके ज्योत्स्ना रससे लीप दिया गया हो। सारे हाथी ऐरावतके समान, सब नदियाँ गंगाके समान, सभी पर्वत हिमालयके समान, सबके सब पक्षी हंसोंके समान और सारी मणियाँ (श्वेत) मणियोंके समान दिखलायी पड़ने लगीं'; बालककी यशोवृद्धिका यह मनोहारी बिंबात्मक वर्णन (४.१०.३-७)।

(११) जंबूस्वामीको देखकर पुर-नारियोंकी काम-विह्वल अवस्थाका बिंब (४.११.१-१३)

(१२) इसी प्रकार जंबूस्वामीकी चार भावी वधुओं पद्मश्री, कनकश्री, विनयश्री एवं रूपश्रीका नख-शिख वर्णन विषयगत होते हुए भी उनके वर्ण्य अंगोंका कोई अपूर्व बिंब पाठकके हृदय-पटलपर चित्रित करता प्रतीत होता है (जं० सा० च० ४.१४.१-८)।

---

१. हिंदी साहित्यकोश 'बिंब'

(१३) केरल विजयसे लौटनेके उपरांत जंबूस्वामीके साथ अपनी कन्याओंका विवाह करनेकी उत्साह एवं आतुरता पूर्वक प्रतीक्षा करते हुए श्रेष्ठियोंने जब समाचारवाहकसे जंबूस्वामीके दीक्षा लेनेका निश्चय जाना, तो उनके हृदय करौंतसे विदीर्ण किये-जैसे, अथवा विष-भक्षणसे मूर्च्छित-जैसे हो गये। सब लोग इस प्रकार अधोमुख होकर बैठ रहे, जैसे इंद्रके वज्रायुधसे भग्न किये हुए पर्वत, गरुड़से झपेटा हुआ सर्पकुल, सिंहके द्वारा विदीर्ण कुंभस्थल हस्ति-समूह अथवा तीक्ष्ण परशुके द्वारा छिन्न की हुई शाखाओंवाला वृक्ष हो जाता है। यह वर्णन भी विषयगत है, तथापि इतना अधिक भावमय है कि वह पाठकके हृदयपर ऐसा गहरा बिंब निर्माण करता है, जिससे पाठक स्वतः उन श्रेष्ठियोंके साथ एकाकार हो जाता है, और वह सहानुभूतिकी रसात्मक अवस्थाको प्राप्त हो जाता है (८.१०.१-५)। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि जं० सा० च० की रचनामें वीर कविने बिंब-योजनामें भी अद्भुत सफलता प्राप्त की है।

(ज) छंद-योजना

जंबूसामिचरिउकी रचना प्रमुख रूपसे १६ मात्रिक अलिल्लह एवं पज्झटिका छंदोंमें हुई है। इनके उपरांत १५ मात्रिक पारणक अथवा विसिलोय छंदका स्थान है। इनके साथ बीच-बीचमें अन्य छंदोंका भी प्रयोग हुआ है। अधिकांशतया वीर कविने समवृत्त मात्रिक छंदोंका उपयोग किया है। वार्णिक छंदोंमें कुल पाँच समवृत्त छंदोंका प्रयोग मिलता है। विषमवृत्त मात्रिक छंदोंमें गाथा छंदके विविध प्रकार, दोहा, रत्नमालिका, वस्तु एवं मणिशेखर केवल ये पाँच छंद पाये जाते हैं। पाँच स्थलोंपर दंडक छंद भी उपलब्ध होता है। काव्यमें प्रयुक्त छंदोंका मात्रा तथा वर्णोंकी संख्यानुसार पहले समवृत्त, फिर विषमवृत्त, इस क्रमसे यहाँ विश्लेषण किया जा रहा है :—

समवृत्त : मात्रिक

१. करिमकरभुजा ८ मात्रिक अंत ल ल ७-१०

(क) उदा०—विहडफ्फडु अरि करिखंधोवरि।
कड्ढिउ विसहइ थाहर न लहइ। (७-१०-२०-११)

अपवाद : (पंक्ति ५,१६,१७ में अंत ग ग)

(ख) ८ मात्रिक अंत ग ग २.९

उदा०—ता भवएओ कयसंखेओ।
विणयविभीसो पणवियसीसो।
ओलिरवत्थो जोडियहत्थो।
सुघणसहाओ बाहिरि आओ। (२.९ १५-१८)

अपवाद : पंक्ति १,४,६,१२ अंत ल ग।

२. दीपक १० मात्रिक अंत ग ल ४.२२

उदा०—संतेण ता मुक्कु वसि होवि पुणु थक्कु।
जो नट्ठु सनरिंदु पडिमिलिउ जणविंदु। (४.२२.२३-२४)

अपवाद : (पंक्ति १४,१८,१९,२१ व २२ अंत ल ल)

३. (?) १० मात्रिक त्रिपदी अंत रगण (–u–) १०.१९

उदा०—एम नंदणवणं फुल्लफलदलघणं वंदिणुव्वंतओ।
रुक्खसंपण्णयं मुणिगणाइण्णयं आसमं पत्तओ। (१०.१९.१५-१६)

४. खंडयं १३ मात्रिक अंत रगण (–u–) ८.२.१-२.

(संधि ८, कडवक २ से प्रत्येक कडवकका आदि छंद)।

उदा०—पहु तउ दंसणकारणं लहिवि वियप्पइ मे मणं ।
सहुँ तुम्हेहिं समुच्चयं चिरभवि कहि मि परिच्चयं । (८.२.१-२)

५. पारणक या विसिलोय (पद्धडिया) १५ मात्रिक अंत नगण (uuu)
१,२,४,१२;२.६—८,१०,१६—१८,२०;३.१,३,७,९;५.२,४;८.३—४,९;९.३,६—७,१८;१०.१६.

उदा०—रसभावहिं रंजियविउसयणु सो भुयवि सयंभु अण्णु कवणु ।
सो चेय गव्वु जइ नउ करइ तहो कज्जे पवणु तिहुयणु धरइ । (१.२.१२-१३)

अपवाद : ८.९.९—११ अंत जगण ।

६. (?) १५ मात्रिक अंत रगण (—u—) ४.८.१२—१५

उदा०—अयालरुक्खसंतई तई पहुल्लिया वणासई सई ।
सुवण्णविट्टीभासुरासुरा भुअंति तत्थ सासुरासुरा । (४.८.१४-१५)

७. पद्धडिया (पज्झटिका) १६ मात्रिक अंत जगण (u—u)
१.८,१४;२.५,१३;२.११;४.११-१२,१५,१७-२०;५.३,७-८(२४—२९,३१—३६), ११-१२;६.२, ४—५,८, ११—१३;७.७—९, १२;८.८,१०; ९.२,९,१४;१०.१,३, ६-८,१०,१२-१३,१७,२१,२४-२५

उदा०—सरलंगुलि उम्मिवि जंपिएहिं पयडेइ व रिद्धिकुडुंबिएहिं ।
देउलहिं विहूसिय सहहिं गाम सग्ग व अवइण्ण विचित्तधाम । (१.८.७-८)

अपवाद : उपर्युक्त अधिकांश कडवकोंमें एक-एक पंक्ति व किन्हीं-किन्हींमें २,३ या ४ पंक्तियोंमें अंतमें सर्व लघु नगण (uuu) पाया जाता है ।

८. अलिल्लह १६ मात्रिक अंत ल ल १.६ (१५-२३), ७, १०—११, १३, १७; २.२, ४, १३—१५; ३.२,६,८, १२—१४; ४.१-४, १०, १३—१४; ५.१३; ६.१, १, ३,९,१४; ७.१—३, ११, १३; ८.२, ७, ११—१६; ९.१, ४—५, ८, १०—१३, १५, १०.२, ४-५, ११, १४-१५, २०, २२-२३; ११.१-१५, (पूर्णसंधि) ।

उदा०—जलगयकुंभथोरथणहारउ फेणावलिसोहियसियहारउ ।
उहयकूलदुमनियसियवसणउ जलखलहलरवसज्जिय रसणउ । (१.६.२२-२३)

अपवाद : अलिल्लहके अधिकांश कडवकोंमें एक-एक व किसी किसीमें २, ३, पंक्तियोंमें अंतमें दो गुरु (ग ग) पाये जाते हैं ।

९. सिंहावलोक १६ मात्रिक अंत मगण (u u-) ३.५; ६.६; ९.१६

उदा०—विघंति जोह जलहरसरिसा वाबल्लभल्लकण्णियवरिसा ।
फारक्क परोप्परु ओवडिया कोंताउह कोंतकरहिं भिडिया । (६.६.७-८)

१०. त्रोटनक १६ मात्रिक अंत ल ग १.५; ४.७; ८.६

उदा०—पंचमिहे वसंते पक्खे धवले रोहिणिठिए मयलंछणे विमले ।
पच्चूसे पसूय सलक्खणउ कुलमंगलु जयवल्लहु तणउ । (४.७.१०-११)

११. पादाकुलक १६ मात्रिक (क) अंत ग ल १.१; १.३; २.१

उदा०—वरकमलालिंगियचारुमुत्ति रयणत्तयसाहियपरममुत्ति ।
तइलोयसामि-समभित्तसत्तु वयणसुहासासियसयलसत्तु । (१.१.९-१०)

अपवाद : १.१.७; १.३.३; २.१.६, ७, १३ पंक्तियोंमें अंत ल ल ।

(ख) अंत ग ग ४.६; ८.५

उदा०—दिट्ठें जलणें जालइ कम्मं सालीछेत्तें लच्छीहम्मं ।
सरवरदंसणें रयणाहारो उवहिप्पु भवसमुद्दगयपारो । (४.६.१२-१३)
अपवाद : ४.६.९ अंत ल ग
(ग) अंत × १.१६; २.११; ३.१०; ४.९; ५.१०
उदा०—बहुकालेण थिराप्पु सहत्तिप्पु तिहुअणभमि गमु सज्जिउ कित्तिप्पु ।
नरसंकमणपरंपरचवलप्पु किउ वीसामथामु थिरु कमलप्पु ।

१२. उर्वशी २० मात्रिक अंत रगण (–u–) ३.४; ५.६, ९; ७.४
उदा०—जम्मदिवसम्मि पुत्तस्स बहुपरियणो चक्कवट्टी-कयाणंदवद्धावणो ।
नियवि पुत्ताणणं गहिरसरवाहणा सिवकुमाराहिहाणं कयं राहणा । (३.४.३-४)
अपवाद : पंक्ति ५.६.८ अंत सगण (u u–) ।

१३. सारीय २० मात्रिक अंत ग ल ५.१४; १०.१८
उदा०—तो महितलप्पंतविज्जाहरिंदेण उक्खित्तहत्थेण णं वणकरिंदेण ।
नवनिसियपहरणफडाडोयनाएण पंचमुहगुंजारसन्निहनिनाएण (५.१४.६-७)
अपवाद : ५.१४.१९ व १०.१८.९ पंक्तियोंमें अंत ल ल ।

१४. सग्गिणी (स्रग्विणी) २० मात्रिक अंत ल ग १.९, १५; ४.१६
उदा०—कसणमणिखंडचिंचइयघरणीयलं सप्पसंकाइचलवलियकिरणुज्जलं ।
पयहिं चंपेवि आहणइ जा किर थिरं घुणइ कुंचइय-चंचूमऊरो सिरं ।
सग्गिणीनामछंदो ।

१५. मदनावतार २० मात्रिक अंत यगण (–u–) १.१८; २.१९; ६.७; १०.९,२६
उदा०—तुमं देव सव्वण्हु लच्छीविसालो अहं वण्णिऊणं न सक्केमि बालो ।
समुज्जोइयासोह वा तेयपूरो न पुज्जिज्जए किं पईवेण सूरो । (१.१८.१-२)

१६. ? २० मात्रिक अंत × ६.१०
उदा०—एरिसम्मि दुद्धरम्मि भीसणे रणे गरुयनाय-दिण्णघाय-तुट्टपहरणे ।
सुहडसंड-बाहुदंडमुंडमंडिरे लुणियटंक-जणियसंक-बाहुहिंडिरे (६.१०.१-२)

समवृत्त : वार्णिक

१७. त्रिपदी शंखनारी (या सोमराजी) ६ + ६ + ६ वर्ण गण: य य + य य + य य ४.५
उदा०—नमंसेवि वीरं महामेरुधीरं तिलोयग्गचक्कं ।
विलीणासुहाणं जणंभोरुहाणं पबोहिक्कअक्कं । (४.५.१-२)

१८. समानिका ८ + ८ वर्ण गण र ज ग ल + र ज ग ल ९.१७
उदा०—मे कणिट्ठु भाइ एक्कु मंडलंतरम्मि थक्कु ।
वच्छरेसु आउ अज्जु जाणिऊण तुज्झ कज्जु । (९.१७.८-९)

१९. भुजंगप्रयात १२ + १२ वर्ण गण य य य य + य य य य ४.२१.१३-१७, ५.५
उदा०—तओ पेल्लियं क्षत्ति जाणेण जाणं गइंदेण अण्णं गइंदं सदाणं ।
तुरंगेण मग्गम्मि तुंगं तुरंगं भुयंगं भुयंगेण वेसासु रंगं । (४.२१.१३-१४)

२०. ? १४ + १४ वर्ण गण ज र ज र ल ग + ज र ज र ल ग २.३
उदा०—इमं कहंतरं जिणेसरे कहंतए नरामरे विसुद्धभावणं वहंतए ।
तओ नियच्छियं नहंगणाउ एंतयं फुरंततेयवारिपूरियादियंतयं । (२.३.१–२)

२१. धवला अथवा दिनमणि १९ + १९ वर्ण गण ६ × न गण + ग ७.५

उदा०—उहयबलमिलणपडिखुहियजलयरवलं ।
समय-तडफिडवि झलझलइ जलनिहिजलं ।
तुरय-करि-सुहड-रह-फुरियरुइपहरणं ।
गिलइ तिहुवणु व कलयलेण पुणरवि रणं (७.५.११-१४)

विषमवृत्त : मात्रिक

२२. गाथा (क) गाहू (उपगीति) : मात्राएँ १२, + १५; १२ + १५ प्रथम, तृतीय यतियाँ शब्दके बीच; ९.१.५-६ तथा संधिके प्रत्येक कडवकका घत्ता ।

उदा०—मयरद्धयनच्चु नडंतिउ जंबुकुमारें भेल्लियउ ।
वहुवाउ ताउ णं दिट्ठउ कटुमयउ वाउल्लियउ ॥ (९.१.५-६)

(ख) ? मात्राएं १२ + १६; १२ + १४ प्रश० १३-१४

उदा०—जस्स य पसण्णवयणा लहुणो सुमइ सहोयरा तिण्णि ।
सीहल्ल-लक्खणंका जसइ नामेत्ति विक्खाया ॥

(ग) पथ्या : मात्राएँ १२ + १८; १२ + १५ १ मं० ९-१०; १.६.१—८; १.११.१५—१८; ४.१४.३-४,७-८; ५.१.१-४; ७.१.५-६; ८.१.९-१०; प्रश० १-४, ११-१२,१५-१८

उदा०—सो जयउ महावीरो झाणानलहुणियरइसुहो जस्स ।
नाणम्मि फुरइ भुअणं एक्कं नक्खत्तमिव गयणे ॥ (१. मं० ९-१०)

(घ) परपथ्या (१) : मात्राएँ १२ + १८; १२ + १५ प्रथम चरणकी यति शब्दके मध्य १. मं० ७-८; १.६.९-१०;१.११.१३-१४; ३.१.१-४; ७.४.४-७; ७.६.१६-१७,२२-२५; १०.१.१—२; प्रश० ५-१०

उदा०—जाणं समग्गसद्दोहज्झेंदुउ रमइ मइफडक्कम्मि ।
ताणं पि हु उवरिल्ला कस्स व बुद्धी परिप्फुरइ ॥ (१.६.९-१०)

परपथ्या (२) : मात्राएँ १२ + १८; १२ + १५ तृतीय चरणकी यति शब्दके बीच

उदा०—मा वण्णउ असमत्थो धारेउं सव्वकव्वरसपूरं ।
नियसत्तिरूवसंगहियरसकणो ट्ठाउ तुण्हिक्को ॥ (८.१.५—६)

(ङ) विपुला : मात्राएँ १२ + १८; १२ + १५ प्रथम, तृतीय चरणोंकी यति पद या शब्दके मध्य १. मं० ११-१२; ४.१४.१-२; ७.६.२८-२९ ।

उदा०—रइविप्पओयसंतत्तमयणसयणं व कुसुमसंवलियं ।
धारंति ताउ विद्दुमहीरयरुइदंतुरं अहरं ॥ (४.१४.१-२)

(च) उग्गाहा (उद्गाथा या गीति) (१) : मात्राएँ १२ + १८; १२ + १८; ७.१.३-४; ८.१.१-४

उदा०—अत्थाणुरूवभावो हियए पडिफुरइ जस्स वरकइणो ।
अत्थं फुडु गिरइ निरा ललियक्खरनेम्मिएहिं तस्स नमो ॥ (७.१.३-४)

उग्गाहा (२) मात्राएँ १२ + १८; १२ + १८ प्रथम चरणको यति पदके बीच १. मं. १-४

उदा०—विजयंतु वीरचरणग्गचंपिए मंदरम्मि थरहरिए ।
कलसुच्छलंततोए सुतरणिलग्गंतबिंदुछंकारा ॥ (१. मं०. १-२)

उग्गाहा (३) मात्राएँ १२ + १८; १२ + १८ तृतीय चरणको यति पदके बीच

उदा०—जयउ सिरिपासणाहो रेहइ जस्संगनीलिमामिन्नो ।
फणिणो तडिच्छिद्दियलवणो व्व मणिगब्भिणो फणकडप्पो ॥

उग्गाहा (४) मात्राएँ १२ + १८; १२ + १८ प्रथम, तृतीय चरणोंको यतियाँ पदोंके बीच १. मं० ५-६; १.११.९-१२

उदा०—चंडभुअदंडखंडियपयंडमंडलियमंडलीविसढं ।
धाराखंडणभीय व्व जयसिरिवसइ जस्स खग्गंके ॥ (१.११.९-१०)

(छ) मात्राएँ १२ + १८; १२ + १६

(१) यति सामान्य ४.१.१-२; ७.६.२०-२१

उदा०—धवलेण तेण विसमे धुयकंधरडंतकसरमुक्कभरो ।
लीलाए कड्ढिओ तह जह फुट्टइ कुसामिणो हिययं ॥ (७.६.२०-२१)

(२) प्रथम चरणकी यति पदके बीच ४.१४.५-६

उदा०—चलणच्छविसामफलाहिलासिकमलेहिं सूरकरसहणं ।
चिज्जइ तुवं व सलिले नियय घित्तूण गलपमाणम्मि ॥

(ज) मात्राएँ १४ + ११;१२ + १५ ७.१.१-२

उदा०—चिरकइकव्वामयमुहाण रुइभंगरसणाणं ।
सुयणाण मए वि कयं अल्लयकसरक्कउक्कव्वं ॥

(झ) मात्राएँ १६ + १२;१६ + १२ ६.१.३-६

उदा०—हत्थे चाओ चरणपणमणं साहुसीलाण सीसे ।
सच्चावाणी वयणकमलए वच्छे सच्छापवित्ती ॥ (६.१.३-४)

(ञ) मात्राएँ १८ + १२;१२ + १५ ६-१.१-२,

उदा०—देंत दरिद्दं परवसणदुम्मणं सरसकव्वसब्वस्सं ।
कइवीरसरिसपुरिसं धरणि धरंती कयत्थासि ॥

२३. दोहउ : मात्राएँ १३ + ११;१३ + ११ ४.१४.९-१०;७.१.३०-३१

उदा०—जाणमि एक्कुजि विहि घडइ सयलु वि जगु सामण्णु ।
जें पुणु आयउ निम्मविउ को वि पयावइ अण्णु ॥ (४.१४.९-१०)

२४. रत्नमालिका (चतुष्पदी) : मात्राएँ १४ + ६;१४ + ६ प्रत्येक पदके अंतमें सगण (u u–)

उदा०—*नीलकमलदलकोमलिए सामलिए नवजोव्वणलीलाललिए पत्तलिए ।*
रूवरिद्धिमणहारिणिए मारिणिए हा मइं विणु मयणें नडिए मुद्धडिए ॥
(२.१५.३–४)

२५. वस्तु : मात्राएँ १५ + २५ + २७ + दोहा ५.१.७-११ तथा संधिके प्रत्येक कडवकका आदि छंद

उदा०—ताम राएं दिण्णु अत्थाणु
सिंहासणु विहि मि ठिउ एक्कु पासि कामिणि जणावलि ।
पज्जलियमणिमउडसिर पुणु निविट्ठ मंडलियमंडलि ।
पुणु सामंत महंत थिय सेणिउ इयराउत्त ।
मडयड थक्क विणोयकर नरनाणाविहचुत्त ॥ (५.१.७–११)

२६. मणिशेखर : मात्राएँ २२ + १० दोनों पदोंमें अंत रगण (–u–) ५.८.६–२३

उदा०—कहिं मि महिपडियतरुपण्णसंछन्नया संठिया पन्नया ।
कहिं मि फणिमुक्कफुक्कारविससामला जलिय दावानला । (५-८.२२-२३)

२७. मालागाहो : मात्राएँ ४० + ३० + २६

उदा०—नहकुलिसदलियमायंगतुंगकुंभयलगलियकीलालललिप्तमुत्ताहलोह—
विप्फुरियकविलकेसरकलावघोलंतकंधरुद्देसा ।
रुंजंति ताम सीहा जाम न सरहं पलोयंति ॥ (७.४.१–३)

२८. दंडक : ४.८.१–११; ४.२१.१–१२; ५.१.१२—२९;७.६.१–१५; ९.१९

उदा०—अलंकियनिसंतेण तरुणारुणदित्ततेएण बालेण पसरेण वा तेण सूयाहरे दिण्णदीवोहदित्ती-
निहित्ता सुदूरे किया निप्पहा । विद्धिवद्धावणावंतलोएहिं वज्जंतपडुपडहखरतरडसर-
मंदबहुमद्दलुद्दामकलवेणुवीणाझुणीसालकंसालतालानुसारेण आणंददरमत्तचुम्मंततर-
लच्छिनच्चंततरुणीमहायट्ट संघट्टतुट्टंतआहरणमणिमंडिया चउप्पहा ।

(घ) ध्रुवक एवं घत्ता

संधि	कडवकोंके आदिमें ध्रुवक-प्रकार	कडवकोंके अंतमें घत्ता-प्रकार
१.	चतुष्पदी १५+१२ (केवल कडवक १ के आदिमें)	चतुष्पदी १५+१२
२.	चतुष्पदी १८+१३ (केवल कडवक १ के आदिमें)	चतुष्पदी १८+१३
३.	दुवई १६+१२ (१.७–८) (प्रत्येक कडवकके आदिमें)	षट्पदी ६+८+१३
४.	षट्पदी १०+८+१३ (१.३–४) (केवल कडवक १ के आदिमें)	षट्पदी १०+८+१३
५.	वस्तु (१.७–११) (प्रत्येक कडवकके आदिमें)	षट्पदी १२+८+१२
६.	षट्पदी ९+७+१४ (१.७–८) (केवल कडवक १ के आदिमें)	षट्पदी ९+७+१४ (कडवक १ की षट्पदीमें १०+८+१४ मात्राएँ हैं ।)
७.	षट्पदी ९+७+१४ (१.७–८) (केवल कडवक १ के आदिमें)	षट्पदी ९+७+१४
८.	खंडयं १३+११ (२ से १६ प्रत्येक कडवकके आदिमें)	षट्पदी १३+७+१४
९.	चतुष्पदी १४+१३ (१.५–६) (केवल कडवक १ के आदिमें)	चतुष्पदी १४+१३
१०.	सम-चतुष्पदी १५+१५ (१.५–६) (केवल कडवक १ के आदिमें)	सम-चतुष्पदी १५+१५
११.	चतुष्पदी १३+१६ (१.३–४) (केवल कडवक १ के आदिमें)	चतुष्पदी १३+१६

पाठक्रमानुसार छंद-योजना

संधि

१. १,३,१६ पादाकुलक (११); २,४,१२ पारणक (५); ५ त्रोटनक (१०); ६,७,१०–११,१३, १७ अल्लिल्लह (८); ८,१४ पद्धडिया (७); ९,१५ सग्गिणी (१४); १८ मदनावतार (१५) ।

२. १,११ पादाकुलक (११); २,४,१३–१५ अलिल्लह (८); ३ : १४ वर्णिक (ज र ज र ल ग) छंद (२०); ५,१२ पद्धडिया (७); ६–८,१०,१६–१८,२० पारणक (५); ९ करिमकरभुजा (१); १९ मदनावतार (१५)।

३. १,३,७,९ पारणक (५); २,६,८,१२–१४ अलिल्लह (८); ४ उर्वशी (१२); ५ सिंहावलोक (९); १० पादाकुलक (११); ११ पद्धडिया (७)।

४. १–४,१०,१३–१४ अलिल्लह (८); ५ त्रिपदी शंखनारी (१७); ६,९ पादाकुलक (११); ७ त्रोटनक (१०); ८.१–११ दंडक (२८); ८.१२–१५ : १५ मात्रिक (अंत रगण) छंद (६); ११–१२,१५,१७–२० पद्धडिया (७); १६ संगिणी (१४); २१.१–१२ दंडक (२८); २१.१३–१७ भुजंगप्रयात (१९); २२ दीपक (२)।

५. १.१२–२९ दंडक (२८); २,४ पारणक (५); ३,७,८(२४–२९,३१–३६),११,१२ पद्धडिया (७); ५ भुजंगप्रयात (१९); ६,९ उर्वशी (१२); ८-६–२३ मणिशेखर (२६); १० पादाकुलक (११); १३ अलिल्लह (८); १४ सारीय (१३)।

६. १,३,९,१४ अलिल्लह (८); २,४,५,८,११–१३ पद्धडिया (७); ६ सिंहावलोक (९); ७ मदनावतार (१५); १० : २० मात्रिक (अंत ×) छंद (१६)।

७. १–३,११,१३ अलिल्लह (८); ४.१–३ मालागाहो (२७); ४ उर्वशी (१२); ५ धवला या दिनमणि (२१); ६.१–१५ दंडक (२८); ७–९,१२ पद्धडिया (७); १० करिमकरभुजा (१)।

८. २,७,११–१६ अलिल्लह (८); ३,४,९ पारणक (५); ५ पादाकुलक (११); ६ त्रोटनक (१०); ८,१० पद्धडिया (७)।

९. १,४–५,८,१०–१३,१५ अलिल्लह (८); २,९,१४ पद्धडिया (७); ३,६,७,१८ पारणक (५) १६ सिंहावलोक (९); १७ समानिका (१८); १९ दंडक (२८)।

१०. १,३,६–८,१०,१२–१३,१७,२१,२४–२५ पद्धडिया (७); २,४–५,११,१४–१५,२०,२२–२३ अलिल्लह (८); ९,२६ मदनावतार (१५); १६ पारणक (५); १८ सारीय (१३); १९ : १० मात्रिक (अंत रगण) त्रिपदी (३)।

११. १–१५ अलिल्लह (८)।

७. 'जंबूसामिचरिउ' की गुण और रीति युक्तता

(माधुर्य, ओज, प्रसाद); रचनाशैली (वैदर्भी, पांचाली, गौड़ी, लाटी) एवं सुभाषित और लोकोक्तियाँ

साहित्य शास्त्रमें गुणके प्रथम प्रस्तुत कर्त्ता आचार्य भरत मुनि (४ श० ई०) ने दोषोंके विपर्ययको ही गुण माना है (नाटय १७:९५); जिनमें कुछ गुण तो दोषोंके अभाव रूप हैं, पर अधिकांश भावात्मक गुण हैं। दंडी (७ श० ई० काव्या० २.३) एवं गुणोंके प्रतिष्ठाता आचार्य वामन (९ वीं शतीका मध्य काव्या० ३,१,१) के अनुसार गुण काव्यको शोभा प्रदान करनेवाले तत्त्व हैं। तथा ध्वनिसिद्धांतके प्रवर्तक आचार्य आनंदवर्द्धन (९ श० ई०) एवं उनके अनुवर्त्ती आचार्य मम्मट (११ श० ई०) ने गुणोंका स्वतंत्र अस्तित्व स्वीकार न कर उन्हें रसाश्रित माना है, और परवर्ती विश्वनाथ (१४ श० ई० पूर्वार्द्ध) आदि आचार्योंने इन्हींका अनुकरण किया है। इस प्रकार काव्यकी शोभाको संपादित करनेवाले या काव्यकी आत्माको प्रकाशित करनेवाले तत्त्व या विशेषताएँ गुण हैं। ये गुण शब्द और अर्थके धर्म हैं और वर्ण-संघटन, शब्दयोजना, शब्दचमत्कार, शब्दप्रभाव तथा अर्थकी दीप्तिपर आश्रित हैं।[1]

---

१. हि० सा० कोश 'गुण'।

गुणोंकी संख्याके संबंधमें भी विद्वानोंमें मतभेद है। आचार्य भरतने (१) श्लेष (२) प्रसाद (३) समता (४) समाधि (५) माधुर्य (६) ओज (७) पदसौकुमार्य (८) अर्थ व्यक्ति (९) उदारता और (१०) कांति, इन प्रसिद्ध दस गुणोंको स्वीकार किया; अग्निपुराणमें १८; एवं भोजने २४, तथा प्रत्येकके बाह्य आभ्यंतर और वैशेषिक तीन-तीन भेद; इस प्रकार यह संख्या बढ़कर ७२ तक जा पहुँची। अंततः आनंद-वर्द्धन आचार्यने रसके धर्मरूपमें गुणको मानकर, चित्तकी तीन अवस्थाओं द्रुति, दीप्ति और व्यापकत्वके आधारपर केवल तीन गुणों माधुर्य, ओज और प्रसादको स्वीकार किया। मम्मटाचार्यने भी दसगुणवाद-का खंडन कर दसोंका इन्हीं तीन गुणों माधुर्य, ओज एवं प्रसादके अंतर्गत समावेश किया है[1] और गुणोंकी यह सामान्य परिभाषा दी है—"जिस प्रकार वीरता आदि आत्माके गुण हैं, देहके नहीं, उसी प्रकार माधुर्य, ओज आदिक भी रसके ही गुण हैं, पदसमुदायके नहीं।"[2] जंबूस्वामिचरिउ माधुर्य, ओज तथा प्रसाद गुणोंसे सर्वत्र ओत-प्रोत है।

माधुर्य—जिसमें अंतःकरण द्रुत[3] (गलित) हो जाये ऐसा आनंद-विशेष माधुर्य कहलाता है।[4] सा० को० के अनुसार 'माधुर्यका अर्थ है श्रुति सुखदता, समासरहितता, उक्ति वैचित्र्य, आर्द्रता, चित्तको द्रवित करनेकी विशेषता, भावमयता और आह्लादता। ट ठ ड ढ को छोड़कर क से म तकके स्पर्श्य वर्ण, मूर्धन्य वर्ण और अंत्य (पंचम) वर्णों तथा समासोंके अभाव एवं छोटे-छोटे समस्त पदोंके प्रयोगसे माधुर्य गुणका संपादन होता है। इस प्रकारका वर्ण प्रयोग संयोग, वियोग, करुण एवं शांत रसोंमें क्रमसे आधिक्यके साथ पोषक होता है; अर्थात् संभोग शृंगार और विप्रलंभ शृंगार तथा करुण एवं शांत रसोंकी स्थितिमें माधुर्य गुण क्रमसे बढ़े हुए उत्कर्षके साथ प्रकट होता है। इस प्रकारकी रचना समास रहित या अल्प समास होनी चाहिए, तभी माधुर्यगुण युक्तता कही जा सकती है[5]।

जंबूसामिचरिउमें माधुर्य गुणयुक्तताके निम्न उदाहरण प्रमुख हैं—भवदेवका पत्नी स्मरण (२.१४), रस-विप्रलंभ शृंगार; मिथुनोंकी उद्यान-क्रीड़ा (४.१७—१८), रस-संभोग शृंगार; जंबूके प्रव्रज्या लेनेकी इच्छा जानकर माँकी अवस्था (८.७.९–१४), रस-वात्सल्य; नागवसू-द्वारा भवदेवको बोध-प्रदान (२.१८), रस-शांत; भवदेवका अंतर्द्वंद्व (२.१६) भाव—रतिभावमें परिणत होती हुई भावशबलता। अन्य संदर्भ हैं :—म० महावीरका उपदेश (२.१); संधि ३ लगभग संपूर्ण; जंबूस्वामीको देखकर नारियोंकी काम-विह्वलता ४.११; संधि ८ और ११ लगभग संपूर्ण; एवं ९.१,३; १०.२,६,१८,२० एवं २५।

इन सब उदाहरणों एवं संदर्भोंके अतिरिक्त एक अनिर्वचनीय माधुर्यकी ध्वनि और आस्वादन संपूर्ण रचनामें विद्यमान है, और यही रचनाका सर्वप्रधान गुण है। माधुर्यके साथ प्रसादगुणका भी घनिष्ठ संबंध है। जहाँ-जहाँ श्लेषादि अलंकारोंका विशेष प्रयोग हुआ है, जैसे कि उपर्युक्त उदा० २ में, और अर्थ सुनते ही

---

१. हि० सा० कोश 'गुण'।

२. मम्मट काव्य प्र० 'गुण'।

३. द्रवीभाव : रसकी भावनाके समय चित्तकी चार अवस्थाएँ होती हैं—काठिन्य, दीप्तत्व, विक्षेप और द्रुति। किसी प्रकारका आवेश न होनेपर अनाविष्ट चित्तकी स्वभावसिद्ध कठिनता वीर आदि रसोंमें होती है। क्रोध और मन्यु (अनुताप) आदिके कारण चित्तका दीप्तत्व रौद्र आदि रसोंमें होता है। विस्मय और हास्य आदि उपाधियोंसे चित्तका विक्षेप अद्भुत और हास्यादि रसोंमें होता है। इन तीनों दशाओं काठिन्य, दीप्तत्व और विक्षेपके न होनेपर रति आदिके स्वरूपसे अनुगत आनंदके उद्बुद्ध होनेके कारण सहृदय पुरुषोंके चित्तका पिघल-सा जाना (आर्द्रप्रायत्व) द्रवीभाव या द्रुति कहलाता है। (सा० द० अष्टम-परि० 'गुण')।

४. मम्मट का० प्र० 'गुण'।

५. हि० सा० कोश; मम्मट का० प्र०।

तुरंत पूर्ण रूपसे स्फुट नहीं होता, कुछ चिंतनकी आवश्यकता जिसमें होती है, ऐसे स्थलोंको छोड़कर माधुर्यके साथ प्रसाद गुणका सहभाव स्वीकरणीय है।

ओज गुण—ओजका शाब्दिक अर्थ है तेज, प्रताप, दीप्ति। काव्यके अंतर्गत जो गुण सुननेवालोंके मनमें उत्साह, वीरता, आवेग आदि जाग्रत करनेकी क्षमता रखता है वह ओज कहलाता है।[1] ध्वनि अनुयायी आचार्योंके मतसे चित्तका विस्तारक या दीप्तिकारक गुण 'ओज' है; अथवा दूसरे शब्दोंमें चित्तको फड़क उठने रूप भड़कानेवाले गुणका नाम ओज है।[2] वीर, बीभत्स और रौद्ररसोंमें क्रमसे इसकी स्थितिमें उत्कर्ष और प्रखरता बढ़ते जाते हैं। इसके लिए वर्णोंके आद्य और तृतीय (प्राकृत, अपभ्रंशमें तृतीय-चतुर्थ) वर्णोंकी संयुक्ताक्षरता; ट,ड,ड,श,ष (प्राकृत अपभ्रंशमें स) आदिका प्रयोग, लंबे-लंबे समास और विकट या उद्धत पदरचना आवश्यक मानी गयी है। इस प्रकार ओज गुणमें उदात्त भाव तथा कर्कश, क्लिष्ट वर्ण संघटन और संयुक्त अक्षरोंका प्रयोग होता है।[3] जंबूसामिचरिउमें इस गुणके प्रयोगके कुछ प्रमुख संदर्भ निम्न हैं :—

हस्तिका उपद्रव (४.२१), रस-भयानक; युद्ध वर्णन (५.१४,६.११), रस-वीर; युद्धवर्णन (६.७.५-७; ६.१०.१-४; ७.१.९-२२) रस-भयानक एवं बीभत्स; तथा अन्य रौद्र रसात्मक वर्णन ५.१३.९-११; (५.१४.१-१४); संधि ६ का शेषांश; संधि ७.१-११ एवं १०.२६।

प्रसाद गुण—प्रसादका शाब्दिक अर्थ है प्रसन्नता, खिल जाना या विकसित हो जाना। सभी रसोंमें और सभी रचनाओंमें ऐसा धर्म या प्रसिद्ध अर्थोंमें शब्दका ऐसा प्रयोग जिसे सुनते ही सामाजिकके हृदयमें भाव या अर्थ क्षण-भरमें व्याप्त हो जाय, वह प्रसाद गुण है। जैसे सूखे ईंधनमें अग्नि और जैसे स्वच्छवस्त्रमें जल तुरंत फैल जाता है, उसी प्रकार चित्तको रसोंमें और रचनामें जो तुरंत व्याप्त कर दे, वह गुण प्रसाद है। अर्थात् प्रसाद गुण वहाँ होता है जहाँ सरल, सहज, भावव्यंजक शब्दावलीका प्रयोग किया जाता है। अर्थकी स्वच्छता या निर्मलता इसकी विशेषता है और यह सभीमें व्याप्त रहता है।[4]

जं० सा० च० में इस गुणके प्रयोगके शताधिक उदाहरण हैं; जिनके कुछ प्रमुख संदर्भ ये हैं :— कविका विनयप्रदर्शन (१.२); मगध देश वर्णन (१.८); रानियोंका सौंदर्य (१.१२); सागरचंद्रका मुनिदर्शनों को जाना (३.५); कन्याओंका सौंदर्य (४.१३); वसंतागमन (४.१५.७-१६); जंबूका आत्मचिंतन (९.१); अंतर्कथाएँ (९.२-११ एवं १०.७-१७)।

इस प्रकार हम देखते हैं कि महाकवि वीरने अपनी रचनामें माधुर्य, ओज एवं प्रसाद तीनों गुणोंका प्रचुर समावेश किया है। इनमें माधुर्यका प्राधान्य है, इसके उपरांत ओज एवं प्रसाद गुणोंका।

रचना-शैली—'जंबूसामिचरिउ'की रचना-शैली या रीतिकी दृष्टिसे विश्लेषण करनेके प्रसंगमें 'शैली' शब्द और उसके स्वरूप, संख्या आदिपर प्रकाश डालना आवश्यक है। संस्कृत साहित्यमें शैलीके स्थानपर 'रीति' शब्दका प्रयोग हुआ है। हिंदी साहित्यकोशमें साहित्य शास्त्रके प्राचीन ग्रंथोंके आधारपर शैलीकी परिभाषा इन शब्दोंमें दी गयी है—"शैली अनुभूत विषयवस्तुको सजानेके उन तरीकोंका नाम है जो उस विषयवस्तुकी अभिव्यक्तिको सुंदर एवं प्रभावपूर्ण बनाते हैं।" अर्थात् शैली किसी भी काव्यादि साहित्यिक कृतिके रस-पोषण संवर्द्धन एवं प्रेषण अर्थात् सहृदय सामाजिकको पूर्ण रसानुभूति आदि विविध रूपोंमें रसोपकारक उपादान है। इसी हेतुसे संस्कृत साहित्यमें रीति (शैली) को काव्यकी आत्मा माना गया है। संस्कृतके साहित्यप्रणेता आचार्योंने रीतिके स्वरूपपर भिन्न-भिन्न मत व्यक्त किये हैं। उन सबका सारांश यह है कि रीतिका संबंध 'विशिष्ट पदरचना' अर्थात् गुणों एवं 'पदरचना' जो कि समासपर निर्भर

---

१. हिन्दी साहित्य कोश 'गुण'।
२. सा० द० अष्टम परिच्छेद।
३. हि० सा० कोश एवं सा० द० ८.४.६।
४. हि० सा० कोश; तथा सा० द० अष्टम परिच्छेद।

है, तथा वर्ण संघटनसे है। अतः कुछ आचार्योंने 'समासहीनता' 'स्वल्पसमासता' व दीर्घ समासताके रूपमें शैलीको देखा है, और भामह तथा दंडी (७-८ श० ई० काव्यालंकार, काव्यादर्श) ने भरतके प्रदेशानुसार आवंती, दाक्षिणात्यादि (ना० शा० १४.३६.४९) प्रवृत्ति विभाजनके अनुकरणपर, रीतिका भी देशोंसे संबंध स्थापित किया है। जैसे वैदर्भी अर्थात् विदर्भदेशमें[1] प्रचलित शैली, गौड़ी गौड़ देशमें, पांचाली पांचाल जनपदसे और लाटी अर्थात् (गुजरात) प्रदेशमें प्रचलित शैली। उपर्युक्त चारों रीतियोंके अलग-अलग स्वरूपके संबंधमें भी साहित्यशास्त्राचार्योंमें पर्याप्त मत विभिन्नता दिखलायी देती है।[2] पर वैदर्भी और गौड़ी रीतियोंके स्वरूपपर जो कुछ मतैक्य प्रकट होता है, उसपरसे यह कहा जा सकता है कि 'वैदर्भी वह रीति है जिसमें माधुर्य गुणका उसकी समस्त विशेषताओं श्रुति सुखदता, चित्तको द्रवित करनेकी क्षमता भावमयता एवं आह्लादता आदि सहित प्राधान्य हो; जो संयोग एवं विप्रलंभ-शृंगार, करुण, वात्सल्य एवं शांतरसोंकी उपकारक हो; जिसमें समास-साहित्य अथवा अल्पसमासता हो; जिसमें ट, ठ, ड, ढ वर्णोंको छोड़कर वर्गोंके पंचमाक्षरोंसे युक्त क से म तकके स्पर्श वर्णोंका प्रयोग हो तथा श, ष, एवं अन्य कठोर महाप्राण ध्वनियोंका अभाव पाया जाता हो; और इस प्रकार जिसकी संपूर्ण रचना सुकुमार एवं मधुर हो।' गुणोंकी अपेक्षासे माधुर्यके समान प्रसाद गुणका भी इसमें पूर्ण समावेश होता है। इस संबंधमें एक ध्यान देने योग्य बात यह है कि दंडी और वामनके अनुसार वैदर्भी रीतिका काव्यके श्लेष, प्रसाद, समता, माधुर्य, सुकुमारता, अर्थव्यक्ति, उदारता, ओज, कांति, और समाधि इन दसों गुणोंसे युक्त होना कहा गया है, वह समीचीन प्रतीत नहीं होता। क्योंकि श्लेष, समाधि, उदारता एवं ओज, जिन्हें मम्मटादि सब आचार्योंने ओजगुणके अंतर्गत माना है, तथा ओजगुणके जो लक्षण किये हैं, वे वास्तवमें वैदर्भीके स्वरूपमें घटित नहीं होते। रुद्रट इस संबंधमें मौन हैं। लगता है कि प्राचीन आचार्योंके इस मतको स्वीकार न करते हुए भी उन्होंने इसका स्पष्ट खंडन नहीं किया और यदि ओज गुणको भी वैदर्भीके अंतर्गत मानना हो, तब या तो ओजगुणकी परिभाषा ही बदलनी होगी, जिससे उसमें कठोरता एवं परुषवर्णताकी अपेक्षा माधुर्य और सुकुमारताका प्रवेश हो, अथवा फिर सभी रीतियोंको वैदर्भीमें ही समाहित करना होगा; या फिर अल्पसमासता एवं बहुलसमासता, यही रीतिविभाजनका एक मात्र निर्बल आधार शेष रहेगा। यदि वैदर्भीमें दसों या तीनों गुणोंका समावेश होता है, तो एक ओर रुद्रट एवं दूसरी ओर विश्वनाथ, इन दोनोंने ही वैदर्भी रीतिमें, विशेष रूपसे, शृंगार, करुण, वात्सल्य एवं शांतरसोंका ही अस्तित्व क्यों स्वीकार किया? वीर, रौद्र, बीभत्स एवं भयानक इन उग्ररसोंको भी उसमें समाहित क्यों नहीं माना? इस विषयपर अधिक चर्चा करना इस प्रबंधकी सीमाओंके बाहर है, फिर भी प्रसंगोपात्त होनेसे इतना लिखना आवश्यक हुआ। इस चर्चाका तात्पर्य यह है कि वीर कविने इस विषयमें वैसे ही अन्य रीतियोंके संबंधमें भी रुद्रटके मतको ही स्वीकार किया है तथा ऐसा लगता है कि वैदर्भी रीतिकी सुकुमारता एवं माधुर्य के वैशिष्ट्यके निमित्तसे काव्यरचनामें सर्वाधिक उपयुक्त होनेके कारण इसे जो महत्ता प्रदान हुई, उससे प्रभावित होकर आचार्योंने अतिशयोक्तिपूर्वक इसे सर्वगुण संपन्न लिख डाला है।

गौड़ी रीतिके स्वरूपके संबंधमें कुछ अधिक स्पष्टता और मतैक्य है: जिसके अनुसार ओजको प्रकाशित करनेवाले कठिन वर्णोंसे बनाये हुए, बड़े-बड़े महाप्राण प्रयत्नवाले अक्षरोंसे युक्त, शब्दाडंबरसे पूर्ण एवं दीर्घसमासोंसे रचित उद्भट बंध अर्थात् ओजपूर्ण शैली, मधुरता, सुकुमारताका अभाव और लंबे-लंबे समासोंसे पूर्ण रचनाको गौड़ी शैली कहना चाहिए। पर 'जंबूसामिचरिउ'के अध्ययनके परिप्रेक्ष्यमें यहाँ भी यह अवश्य कथनीय है कि यहाँ ओजगुणका प्रचुर सद्भाव होनेपर भी अधिक लंबे समासोंका प्रयोग गिने-चुने आठ-दस कडवकोंमें ही हुआ है तथापि अन्य लक्षणोंसे वहाँ गौड़ी रीति ही सिद्ध होती है। अतः वीरके मतसे गौड़ी रीतिमें लंबे समासोंके प्रयोगकी अनिवार्यता प्रतीत नहीं होती।

पांचाली और लाटी रीतियोंको लेकर आचार्योंमें अत्यधिक मत विभिन्नता है। इस कारण इनका

---

१. हिंदी-साहित्य कोशः 'रीति'।

२. वही; एवं साहित्यदर्पण : विमला (हिंदी) व्याख्या परि० ३।

अलग-अलग स्वरूप और उनकी विभाजक रेखा या तत्त्व भी स्पष्ट नहीं है। परंतु सब मतोंपर कुछ गहराईसे विचार करनेसे पांचालीका स्वरूप कुछ इस प्रकार प्रकट किया जा सकता है—'पांचाली वह रीति है जो माधुर्य एवं सुकुमारतासे संपन्न हो और जिसमें पाँच-छह पदों तकके लघुसमास हों। भोजने इसे ओज एवं कांति गुणोंसे संपन्न माना है,[1] और उसीसे किसी अन्य आचार्यने इस रीतिको वैदर्भी एवं गौड़ीके बीचकी रीति भी कहा है। परन्तु रुद्रटकी परिभाषा और वीरकी प्रस्तुत कृतिको ध्यानमें रखकर व अन्य भी साहित्यिक उल्लेखोंसे यह मत समाचीन प्रतीत नहीं होता। अपने भाव और भाषा संघटन दोनों दृष्टियोंसे पांचाली रीति वैदर्भीके बहुत निकट प्रतीत होती है, और इसकी प्रवृत्ति वैदर्भीकी ओर ही झुकने की है। पांचाली श्रेष्ठ वैदर्भी रीतिकी अपेक्षा एक मध्यम रीति है।

अब हम लाटी रीतिको लें। रुद्रटके अनुसार यह मध्यम समासवाली उन रसोंके वर्णनके लिए उपयुक्त है और विश्वनाथ (१४ श० उत्त०, सा० द०) ने इसे वैदर्भी तथा पांचालीके बीच स्थापित किया है। इस कथनसे लाटीका स्वरूप और भी अधिक अबूझ व अस्पष्ट हो जाता है। इसी कारण साहित्य कोशमें भी इसके संबंधमें कहा गया है कि 'लाटीकी कोई अलग विशेषता ज्ञात नहीं होती'। पर इससे तो हम और भी भटक जाते हैं तथा लाटीको समझनेका कोई मार्ग ही हमारे सामने नहीं रह जाता। यहाँ भी हमें वीरकी यह कृति कुछ आलोक प्रदान करती है और रुद्रटकी परिभाषाके प्रकाशमें इसका अध्ययन करनेपर हमें ज्ञात होता है कि 'मध्यम समासरचना, वर्ण-संघटन, ओजगुणात्मकता (प्रभाव) एवं भावोंकी अभिव्यक्ति इन सभी दृष्टियोंसे लाटीरीति गौड़ीके सबसे निकट है, तथा इसकी प्रवृत्ति निरंतर उसीकी ओर झुकने की है।'

उपर्युक्त चर्चासे पांचाली एवं लाटीका स्वरूप भी कुछ स्पष्टतर हो जाता है, और उनकी विभाजक रेखाका भी कुछ संकेत उपलब्ध होता है जिसके अनुसार इन चार रीतियोंके दो वर्ग बनाये जा सकते हैं—(१) वैदर्भी एवं पांचाली और (२) गौड़ी तथा लाटी। वीरकी प्रस्तुत अपभ्रंश रचनाकी आलोचनाकी दृष्टिसे यह कहना भी आवश्यक है कि संस्कृत भाषाकी अपेक्षा प्राकृत-अपभ्रंशके अनिवार्य वर्णपरिवर्तनोंको दृष्टिगत रखकर प्रस्तुत रचनामें वैदर्भी रीतिमें भी ट, ठ, ड, ढ मूर्धन्य एवं घ, झ, ध भ, ह महाप्राण वर्णोंका प्रयोग बहुशः उपलब्ध होता है।

ऊपरकी आलोचनासे यह भी प्रकट होता है कि 'जंबूसामिचरिउ' की संपूर्ण रचना किसी एक ही शैलीमें नहीं बल्कि चारों शैलियोंमें मिश्रितरूपा है। नीचेके विश्लेषणसे यह तथ्य और भी अधिक स्पष्ट होगा। निम्न पंक्तियोंमें जं० सा० च०में चारों रीतियोंके प्रयोगके कुछ संदर्भ प्रस्तुत हैं—

वैदर्भी रीतिके उदाहरण :

कविके प्रेरणा-दायकका वंश परिचय (१.५), संधि २ का अधिकांश भाग, विशेष रूपसे भ० महावीरका उपदेश (२.१); भवदेवको दीक्षा और पत्नी-स्मरण (२.१४); भवदेवका अंतर्द्वंद्व (२.१६); एवं नागवसू द्वारा भवदेवको बोध प्रदान (२.१८); मिथुनोंकी उद्यानक्रीड़ा (४.१७-१८); श्रेणिककी सभामें गगनगति-द्वारा विलासवतीका वंश आदि परिचय (५.२.१२-२०); रत्नशेखरकी सेना-द्वारा केरलपुरीकी घेराबंदी और लूटपाट (५.३.४-१३); रत्नशेखरको पराजित करके जंबूस्वामी आदिका राजगृहकी ओर वापिस प्रस्थानसे लगाकर सुधर्म स्वामीके दर्शनों तकका वृत्त (७.१३); संधियाँ ८ व ९ लगभग संपूर्ण; अंतर्कथाएँ (१०.१-१७); जंबूस्वामीकी दीक्षासे लेकर विद्युच्चर मुनिपर उपसर्ग तकका वृत्तांत (१०.२०-२६); एवं मुनि विद्युच्चर-द्वारा बारह भावनाओंका चिंतन तथा मरकर सर्वार्थसिद्धिको गमन (११.१-१५)। माधुर्य गुणके प्रसंगमें दिये हुए शेष संदर्भ भी इस रीतिके अंतर्गत आते हैं।

पांचाली रीतिके उदाहरण :

भ० महावीरके दर्शनोंके लिए आनंदभेरी आदिका बजवाया जाना (१.१४); भवदेवके घरमें मुनि भवदत्तका आगमन (२.१२); पूर्वविदेहमें पुष्कलावती प्रदेश, पुंडरिकिणी नगरी एवं वीताशोक नगरी तथा

---

१. द्रष्टव्य : सा० द० विमला व्याख्या परि० ९, एवं हि० सा० कोश।

सागरदत्त, शिवकुमारके जन्मके वृत्तांत (३.१–४); मुनि सागरदत्तका वीताशोक नगरीमें आगमन (३.६); अणाढियदेवका वृत्त (४.२); जंबूकी माँके स्वप्न (४.६); वसंतके आनेपर उद्यानका सौंदर्य (४.१६); सैन्य प्रयाण (५.७); विंध्यदेश वर्णन (५.९); रेवा नदी वर्णन (५.१०); जंबूस्वामीका दूत बनकर रत्नशेखरसे वाद-विवाद (५.१२) आदि। तीसरी संधि अधिकांशमें वैदर्भीकी ओर झुकती हुई पांचाली शैलीमें रचित है।

गौड़ी रीतिके उदाहरण :

जंबूस्वामीका जन्म (४.८); हस्तिका उपद्रव (४.२१); श्रेणिककी राजसभा (५.१); गगनगति-द्वारा रत्नशेखरकी वीरताका प्रतीकात्मक वर्णन (५.५.१–५); सैन्य प्रयाणकी तैयारी (५.६); युद्ध (५.१४; संधि ६; संधि ७.१ से १२); एवं विद्युच्चरका देश-दर्शन (९.१९)।

लाटी रीतिके उदाहरण:

जंबूस्वामीकी माँकी गर्भावस्था (४.७); बालक जंबूका दिनोंदिन बढ़ना (४.९.१-४); विंध्याटवीका वर्णन (५.८.६–३६) आदि।

उपर्युक्त विश्लेषणसे यह बिलकुल स्पष्ट है कि वीर कविने अपनी संपूर्ण रचनामें सबसे अधिक प्रयोग किया है वैदर्भीका, जो कि इसके प्रधान रसों शृंगार एवं शांतके सर्वथा अनुकूल तथा पोषक है। आरंभकी संधि २ व ३ का अधिकांश भाग, और संधि ८,९,१० व ११ लगभग संपूर्ण वैदर्भी शैलीमें रचित हैं। माधुर्य एवं प्रसाद गुणोंका प्राधान्य होनेसे ऐसा होना स्वाभाविक है। वैदर्भीके उपरांत पांचालीका प्रयोग है। परंतु वीर-रस रचनाका एक प्रमुखरस होनेसे परिमाणमें गौड़ीका प्रयोग अधिक हुआ है। संधि ६ और ७ लगभग संपूर्ण गौड़ी शैलीमें रचित हैं और लाटीका प्रयोग सबसे कम किया गया है, जो कि लाटीकी अपनी अनिश्चित-सी स्थितिके कारण स्वाभाविक है।

'जंबूस्वामिचरिउ' में प्रयुक्त सुभाषित और लोकोक्तियाँ

वीर कविने अन्य महाकवियोंके समान अपनी रचनामें सुभाषित और लोकोक्तियोंका भी प्रचुर प्रयोग किया है। उनका हिंदी रूपांतर यहाँ प्रस्तुत है :—

सज्जन-दुर्जन—

सज्जन व्यक्ति दूसरेके गुणग्रहणके लिए ही जीता है। वह स्वप्नमें भी किसीका लेशमात्र दोष नहीं देखता। इसे यूं भी रख सकते हैं—दूसरेके गुण ग्रहण मात्रकी ओर लगी हुई सज्जन पुरुषकी दृष्टि कभी किसीके लेशमात्र दोषको नहीं देखती (१.२२)।

(ऐसा) स्वभावसे पवित्र हृदय सज्जन किसीके गुण दोषोंकी परीक्षाके पचड़ेमें नहीं पड़ता (१.२.३)।

दुर्जन व्यक्ति अपने स्वभावसे ही जानते हुए भी दूसरोंके गुणोंको तो झाँपता है और झूठे दोषोंको प्रकट करता है (असद्भूतदोषोद्भावन) (१.२.४)।

सच्चा मित्र—

जिसके पास अपने ही दूसरे हृदयके समान मित्र न हो, उसके लिए राज्य एक रज्जुबंधनका निमित्त-मात्र है, अर्थात् राजाके लिए सच्चे मित्रकी सर्वोच्च महत्ता है (६.१२-४)।

फलहीन होनेपर भी अपनी घनी छायासे युक्त महान् वृक्ष विटके कार्यके लिए तो सफल होता ही है (६.१२-३); अर्थात् जो हृदयसे महान् है,उसके पास कुछ भी न रहे तो भी वह अनेकोंका आश्रयभूत बनता है।

सुभटोंका रुधिर, हाथियोंका मद, और घोड़ोंके फेनके प्रवाहसे (युद्ध भूमिमें) धूल उसी प्रकार शांत हो जाती है जिस प्रकार सुहृदों (सज्जनमित्रों) का रक्त (धन एवं यश) पीकर दुर्जन शांत हो जाता है। (६.५-१०-११)।

सच्चा बंधु—

जो महान् विपत्तिमें सहारा देता है उसके समान और कोई बंधु नहीं होता; अथवा बंधु वही जो महान् विपत्तिमें सहारा दे (६.१२.२)।

दरिद्रोंको दान देने वाले, परदुःख कातर और सरस काव्य रचनाके धनी पुरुषोंको धारण करनेसे ही यह धरित्री कृतार्थ होती है (६.१. गाथा १)।

हाथमें धनुष, साधुशील पुरुषोंके चरणोंको शिरसा प्रणाम, मुखमें सच्चीवाणी, हृदयमें स्वच्छ प्रवृत्ति, कानोंसे सुने हुए (सच्चे) श्रुतका ग्रहण तथा दो भुजलताओंमें विक्रम, यह वीरपुरुषका सहज (वास्तविक) परिकर होता है, शेष तो बाह्य-साधन मात्र होते हैं (६.१ गाथा २-३)।

विद्याधरकी छोड़ी हुई बाणावली जंबूस्वामीके पास इस प्रकार गयी, जैसे कोई असती किसी सत्पुरुषके पास जाये; अर्थात् निरर्थक लौट गयी। तात्पर्य यह कि किसी सत्पुरुषके प्रति शत्रु-द्वारा की गयी कोई बुराई उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकती (९.२)। हिंदीमें—'चंदन विष व्यापत नहीं लिपटे रहत भुजंग'।

गुणहीन लोग गुणोंको समझते नहीं और गुणवान लोग दूसरोंके गुणोंको देखना तक नहीं सह सकते। स्वयंगुणी और परगुण-प्रिय ऐसे लोग तो कोई विरले ही होते हैं (४.१.१-२)।

कवि और काव्य—किसीमें केवल काव्य रचनेकी शक्ति होती है, और कोई उसका व्याख्यान, आलोचना या अभिनय करनेमें ही निपुण होता है। (१.२,८)

एक पाषाण (आकर) सोनेको जन्म देता है, दूसरा (कसौटी; पत्थर) उसकी परीक्षा करता है (१.२.२)। दोनों प्रकारकी प्रतिभासे संपन्न व्यक्ति विरले ही होते हैं; अर्थात् सबमें सब गुण नहीं होते। किसीमें कोई गुण होता है, और किसीमें कोई। जिसमें जो गुण हो, उसे उस गुणका पूरा लाभ उठाना चाहिए (१.२-१०)।

दूसरोंकी काव्यरचनाओंमें वर्ण या शब्दपरिवर्तन करके काव्यरचना करनेवाला कवि बिना कहे ही अपने काव्य संगठनमें, बुधजनोंके द्वारा पहचान लिया जाता है कि यह चोर कवि है (१.२.१४-१५)।

अपने भोलेपनसे ऐसा मान कर कि मैं काव्य रच सकूँगा कवि कर्ममें प्रवृत्त होना भुजाओंसे सागर तर जानेकी कल्पनाके समान है। ऐसे प्रयास लोगोंमें उसी प्रकार उपहासके पात्र बनते हैं, जिस प्रकार ऊँचे वृक्षके फलोंकी ओर हाथ बढ़ानेवाला कोई श्रद्धावान् पंगु (१.३.७.८)।

जिस प्रकार हीरेसे बींधे हुए मणिमें कच्चे सूतका धागा भी सरलतासे प्रवेश कर जाता है, उसी प्रकार किसी विषयपर महाकवियों-द्वारा रचित प्रबंधोंको देखकर अल्पमति कवि भी उस विषयपर काव्य रचना कर सकता है (१.३.९-१०)।

सरिता, सरोवर और चरहियों (खड्डों)में जो बहुत-सा (अस्वच्छ, अपथ्य) जल है, वह किस काम-का। उससे तो मिट्टीके करवेमें रखा हुआ थोड़ा-सा निर्मल, शीतल एवं सुस्वादु जल कहीं अच्छा, जो लोगोंके द्वारा अभिलाषा पूर्वक पिया जाता है; अर्थात् किसी विषय पर ऐसे बड़े-बड़े महाकाव्योंसे क्या?, जो साधा-रणजनकी समझके बाहर हों। उनसे तो वह लघुकाव्य अच्छा जिसका सर्व साधारण लोग भी पूर्ण स्वाद (आनंद) ले सकें (१.५.११;१.१८,२०-२१); अथवा किसी धनिकका वह अपार धन किस कामका जिसका उपयोग कोई भी न कर सके; इससे तो किसी साधारण व्यक्तिकी वह तुच्छ संपदा भली जो सबके काम आये।

जिनके मुख प्राचीन कवियोंके काव्यामृतपानसे भरे होनेसे उनकी (काव्य) रसनाका स्वाद बिगड़ गया है, वे अदरकके फूलकी कलीके समान भिन्न व चटपटे स्वादवाले (जंबुसामिचरिउ सदृश) काव्योंका रसपान करें (७.१ गाथा १)।

चिंतनशील कवियोंके-द्वारा काव्यके (अलंकारादि) अंगों व रसोंसे समृद्ध जो, कुछ युक्तियुक्त कहा जाता है, वह सब (चाहे वास्तवमें घटित हुआ हो या न हुआ हो) सच्चरित्रमें घटित (समाहित और उचित) होता है (८.१ गाथा २)।

जिनमें समस्त काव्यरसोंके पूरको धारण करने (और व्यक्त करने) की शक्ति नहीं है, उन्हें निज शक्तिके अनुसार (काव्य रचनाकी अपेक्षा) काव्योंके अध्ययनके द्वारा उनका यथासंभव रसास्वाद लेकर ही चुप बैठना चाहिए; अर्थात् निकृष्ट काव्य रचनाका व्यर्थ प्रयास नहीं करना चाहिए। (८.१ गाथा ३)

कसौटी, ताप और छेनीसे परीक्षित शुद्ध सुवर्णके समान सज्जनोंके द्वारा सुपरीक्षित प्राचीन काव्योंको तुलापर तौले हुए तथा बुद्धिरूपी कसौटीपर कसे हुए काव्य-रसोंसे देदीप्यमान एवं सुंदर शब्दसमूहसे युक्त काव्योंको ही ग्रहण करना चाहिये; (सुवर्ण मात्र या काव्य मात्रके) स्नेहसे नहीं (९.१. गाथा १)।

वैभवसे, राजाके नैकट्य (सान्निध्य या आश्रय)से अथवा कलह(युद्धवर्णन)से ही, जिसमें काव्यगुण उत्पन्न होता है ऐसे काव्यको धिक्कार है (१०.१ गाथा १)।

ओजपूर्ण उक्तियाँ—

चंद्रमाकी किरणोंको कौन छू सकता है ? (५.४.१२)

सूर्य (के घोड़ों) की गति कौन रोक सकता है ? (५.५.१)

यमराजके भैंसेके सींग कौन उखाड़ सकता है ? (३.५.२)

गरुड़के मुखमें कौन प्रवेश कर सकता है ? (५.५.२)

क्रूरग्रह (राहु, केतु, शनि आदि) का निग्रह कौन कर सकता है ? (५.५.३)

जलते हुए अग्निमें कौन प्रवेश कर सकता है ? (५.५.३)

शेषनागके फणमणिको बलात् कौन अपहरण कर सकता है ? (५.५.४)

प्रलयकालमें मर्यादोल्लंघित ऊपर उठती हुई भयंकर लहरोंसे युक्त समुद्रको भुजाओंसे कौन तैर सकता है ? (५.५.४); अर्थात् ऐसे असंभव कार्योंका संपादन कौन कर सकता है ?

दर्प-दुर्नीति—

शुक्र, सूर्य और चंद्रमाको कँपा देनेवाले रावणका सीताके कारण मरण हुआ (५.१३.६)।

झूठे दर्पसे दर्पित अत्यंध दुर्योधनका द्रौपदीके कारण सर्वनाश हुआ (५.१३७); अर्थात् दर्प और दुर्नीतिकारीका निश्चित नाश होता है।

कौवेके (शरीरके) आकाशमें उड़ सकने मात्रसे ही वह गुणी नहीं हो जाता (५.१३.३०); अर्थात् शारीरिक गुण या क्षमता मात्र किसीके गुणी या शक्तिशाली होनेके द्योतक नहीं हैं।

हस्ति समूहका संहार करके सिंह पर्वत कंदराओंमें जाकर सोता है, यह उसकी प्रवृत्ति या स्वभाव ही है, न कि गीदड़ोंके भयसे वह ऐसा करता है (५.१३.३२.३३) अर्थात् सोते हुए या शांत शत्रुको कायर अथवा दुर्बल नहीं मान लेना चाहिये।

हाथके पंजेसे कुंभीके कुंभस्थलको विदीर्ण करके जानेवाले सिंहके नखोंसे गिरे हुए गजमुक्ताओंको देखकर जो उस सिंहको मारकर उन्हें प्राप्त करना चाहे, वह अवश्य यमराजका बंधु (मौतका प्यारा) है (५.१४.२-३)।

जो सैनिक हृदय सहित अपना सिर तो स्वामीके लिए दे देता है, मांस सौ-सौ टुकड़े करके मांस भोजी पशु-पक्षियों एवं राक्षसोंको दे देता है, अपना जीवन स्वर्गलोककी सुररमणियोंके लिए त्याग देता है, और शेष जो यश रहता है, उसे भी पृथ्वीको अर्पित कर देता है, उस पदातिके समान और कौन धन्य हो सकता है ? (६.८९-११)।

वीर-प्रशंसा—

श्रेष्ठ नखोंसे युक्त एक केसरी अच्छा, महागर्जन करनेवाला हाथियोंका मेला नहीं (७.२.११)। आकाशमें धावमान एक अकेला दिनमणि (सूर्य) अच्छा; खद्योतक (जुगनूं) कोड़ोंका समूह नहीं (७.२.१२)। बढ़ा हुआ विकराल अकेला बड़वानल अच्छा, रत्नाकरका जलसमूह नहीं (७.२.१३)।

झपट मारनेवाला एक गरुड़ अच्छा; महान् फणधारी विषधर समूह नहीं (७.२.१४)। अर्थात् दुर्जय शत्रुओंको जीतनेवाला अकेला वीर पुरुष सहस्रावधि सैन्यसाधनसे कहीं अच्छा।

अपने नखरूपी वज्रसे हाथियोंके विदीर्ण किये हुए उत्तुंग कुंभस्थलोंसे गलित होनेवाले रक्तप्रवाहसे कपिलवर्ण हुए केशर कलाप जिनके स्कंध प्रदेशपर लहराते है, ऐसे सिंह तभीतक दहाड़ते हैं, जबतक वे

शरभको नहीं देख लेते (७.४.१-३); अर्थात् श्रेष्ठ नरसिंह भी नरशार्दूलोंसे निश्चित रूपसे भय खाते हैं, परास्त होते हैं।

अपनी पत्नीके वासगृहमें बैठकर बहुत लोग भटजनोचित समुल्लाप अर्थात् अपनी बहादुरीका विशद बखान करते रहते हैं; पर मित्रका कार्य संपन्न करनेवाले (सच्चे वीर) पुरुष बहुत विरले होते हैं (७.४.४-५)। हिंदी : अपने घर कुत्ता भी शेर होता है।

दूसरेके कार्यभारको धुराको धारण करनेसे उसके गुरुतर घर्षणसे जिनके कंधोंपर चिह्न बन गये हैं, ऐसे लोग जगत्में दो ही तीन होते हैं या कोई एक ही होता है (७.४. ६-७)।

अपने धवल (श्रेष्ठ) वृषभ (प्रतीक-श्रेष्ठपुरुष) का अपमान करके गर्रे (अधम) बैल (प्रतीकार्थ अधम पुरुष) पर अनुराग करनेवाले स्वामीका परिचारक वर्ग भी उसकी भार (कार्य) निर्वाह करनेकी क्षमताको न जानते हुए उस श्रेष्ठवृषभको हृदयसे सर्वथा भुलाकर गर्रे बैलके ही प्रतिपालनमें लग जाता है। परन्तु चिक-चिक-चिकने कीचड़ (प्रतीकार्थ महान् संकट) में चक्का फँस जानेसे गाड़ीके रुक जानेपर जब अधम बैल कंधेको गिराकर मुक्त हो जाता है (भाग जाता) है; तब वही श्रेष्ठ वृषभ गाड़ीको क्षणभरमें इस प्रकार निकाल देता है कि कुस्वामी (पृथ्वीपति, प्रतीकार्थ कुराजा) का हृदय प्रसन्नता (या पश्चात्तापकी अग्नि) से फूट पड़ता है (७.६ गाथा १-३)।

अत्यंत अधम बैलोंके प्रतिपालनमें लगे हुए स्वामीके द्वारा अपने अपमानको भी जो नहीं गिनता, और आपत्तिमें धुराको धारण करता है, उस श्रेष्ठ वृषभको बार-बार नमस्कार (प्रतीकार्थ वही, ७.६ गाथा ४)। गर्रे बैलके साथ जोते जानेपर श्रेष्ठ वृषभ अपने पार्श्वमें देखता है कि गुरुभार खींचनेमें यह गर्रा बैल मेरा अतिरिक्त भार मात्र होगा (प्रतीकार्थ वही, ७.६ गाथा ५)। गर्रे बैलवाला एक चक्का रुक जानेपर श्रेष्ठ वृषभ अपने हृदयमें इस प्रकार झूरता है, हाय ! मुझे ही काटकर दोनों दिशाओं (पार्श्वों) में क्यों नहीं जोत दिया गया; अर्थात् मैं अकेला ही भार भली भाँति खींच लेता (प्रतीकार्थ वही, ७.६ गाथा ६)

जिसके धुरा धारण करके खुरोंसे आहत मार्गमें प्रवेश करनेसे समुद्र भी शंका (भय) करता है (कि उसमें जानेसे मुझे भी पादाक्रांत होना होगा), वैसे श्रेष्ठ वृषभके साथ स्पर्द्धा करने या जुतनेसे गर्रा बैल निश्चित मरेगा (प्रतीकार्थ वही, ७.६, गाथा ७)।

शशधरने मृगशिशुके स्थानमें यदि सिंहशावकको अपने अंकमें धारण किया होता, तो उस सिंहशावकके जीते जी राहुके लिए चंद्रमाका मर्दन करना दुष्कर होता; अर्थात् कायरोंकी अपेक्षा वीर पुरुषोंको आश्रय देना निश्चित अच्छा होता है (७-६ दोहा)।

क्षत्रियका एक यही परम धर्म है कि युद्धमें कभी क्षात्रधर्म भंग न हो, विजय और पराजय तो दैवाधीन होती है; पर पीठ दिखानेसे तो लोगोंमें लज्जा व निंदाका पात्र बनना पड़ता है (७.१२ १३-१४)।

ऐसा कोई घर नहीं जिसमें पाप न हो (सुंदर एवं युवा पत्नियोंके प्रति शंकाग्रस्त ईर्ष्यालु तथा व्याधिग्रस्त सेठकी उक्ति ३.११.६)। हिंदी: कोई दूधका धोया नहीं।

पुत्र ही वंशकी संतानोंको धारण करनेवाला आशावृक्ष होता है। वही कुलके गुरुभारको अपने कंधोंपर उठाता है और पुत्र ही कुलका नाश करनेवाली आपदारूपी वल्लरीको विध्वंस करनेवाला श्रेष्ठ हस्ति होता है (८.७.१५-१६)।

सत्पुत्र लक्षण—

जो कुलको उज्ज्वल करे, गुणियोंकी गणनामें प्रथम हो, और आचारवान हो वही (सच्चा) पुत्र है (८.८.४)।

कुपुत्र लक्षण—

जिसके पैदा होनेसे शत्रु क्रंदन न करने लगें, सज्जन सदा सुखसे आनंद न करें (८.८.५) और जिसके दान देनेसे अथवा युद्ध जय करनेसे, सुकवित्वसे अथवा जिन (देव) कीर्तनसे (८.८.६); जिसका यशोहंस इस संसारके पिंजड़ेमें न समाकर सारे ब्रह्मांडका अतिक्रमण न करे (८.८.७); उस संततिमात्रको वृद्धि

करनेवाले और निजमाताके यौवनको लूटनेवाले पुत्रसे क्या (लाभ) ? (८.८.८)

दुर्व्यसनोंसे भोगा हुआ पुत्र कुलरूपी अंकुरको समूल उखाड़नेवाला और धनके लिए निजके मां-बाप को मार डालनेवाला होता है (८.८.४—९)।

मांके लिए पुत्रके दीक्षा लेने विषयक वचन पर्वत शिखरपर वज्रपतनके समान कठोर होते हैं (८.७.१३)।

श्वसुरके लिए जामाताका गृहत्याग विषयक समाचार हृदयको करौंतसे चीर देनेके समान अथवा विषभक्षण-द्वारा मूर्च्छित कर देनेके समान दुःखद होता है (८.१० १.२); और संबंधीजन—

वज्रपातसे विध्वस्त पर्वतराजके समान (८.१०-३) अथवा गरुड़से झपेटे हुए सर्पसमूहके समान (८.१०.४) अथवा सिंहके द्वारा विदीर्ण-कुंभस्थल-हस्तियूथके समान (८.१०-४) एवं तीक्ष्ण परशुसे काटी हुई शाखाओंवाले (ठूंठ) वृक्षके समान अधोमुख होकर बैठ रहते हैं (८.१०-५)।

पुत्र वियोगके कुठारसे मांका हृदय इस प्रकार विदीर्ण कर दिया जाता है, जिस प्रकार अग्निपुंजमें डाला हुआ लवण टूक-टूक हो जाता है (९.१५.१४.१५)।

उच्चकुलीन कन्या—

निर्मलगुण और उच्चगोत्रवाली कन्याओंका एक ही पति होता है, एक ही माँ, एक ही पिता, एक ही देव (वीतराग) जिन, एक श्रेष्ठ (वीतराग) साधु ही गुरु, और एक ही (सखा) जिससे धर्मका लाभ हो (८.१०.१३.१४)।

तपकी निरर्थकता—

यदि मनमें राग-द्वेष नहीं है तो फिर वनमें तप लेकर ही क्या करना है; अर्थात् उसकी कोई आवश्यकता नहीं (३.९-३)।

यदि मन कषायों (राग-द्वेषादि) से रंगा है तो फिर तपश्चरणसे ही क्या सिद्ध होनेवाला है; अर्थात् ऐसी स्थितिमें तपश्चरण निरर्थक है (३.९.४)।

अद्भुत घटना—

कार्तिक आये बिना अंबरका निरभ्र होना (४.८.९)।
बिना वर्षाके धूलि शांत होना (४.८.१०)।
बिना वसंतके वनस्पतिका फूल उठना (४.८-११)।
हिंदी—(बिन वसंत बहार), अकस्मात् अकारण शुभ कार्योंका संपन्न होना।

मनोहर देशोंको छोड़कर भी नदियाँ (खारे) जलपूर्ण सागरका अनुसरण करती हैं। इससे तो यही सिद्ध होता है कि जलमयी (नदियों) एवं जड़मति स्त्रियोंमें विवेक नहीं होता, उनका आदर सगुण (गुण संपन्न) के प्रति नहीं, सलोने (सलवण अर्थात् सागर, पक्षमें—सुंदर पुरुष) के प्रति होता है (१.६.२४-२५)।

बुद्धिमान् लोग समान (कुल, वयस् आदि) विवाहकी प्रशंसा करते हैं (२.११-३)।

काँचसे कोई रत्न नहीं पलटता और पीतलके लिए कोई स्वर्ण नहीं बेचता (२.१८-५)।

चोरीका धन ला-लाकर घर भरना (३.१४.२.२)

धमकी : यदि यहाँसे एक पग भी आगे रख लो तो मैं अपना (सार्थक) नाम छोड़ दूँ (४.२.१४-१५)।

दूजके चाँदके समान बालकका बढ़ना (४.९.१)।

एक विधाता सारे लोक सामान्यको गढ़ता है, पर सुंदर कन्याओंको गढ़नेवाला तो कोई दूसरा ही प्रजापति होता है (४.१४.९-१०)।

कांताके वशवर्ती (रागी) जनोंकी जलस्नान मात्रसे क्या शुद्धि ? (४.१८.१०)।

सुभटत्व और अग्नि अपने आपमें थोड़े होते हुए भी बहुत हैं (५.४.४)।

सिरपर साँप, सौ योजनपर वैद्य (सीसे सप्पो, विज्जे वेज्जो) (५.४.१३)।

शत्रुको देखते ही बिना प्रतीक्षा किये तुरंत पहले स्वयं भिड़ जाना चाहिए, अर्थात् शत्रुको देखते ही, उसे अवसर दिये बिना, जो शत्रुपर प्रथम आक्रमण करता है, उसकी विजय निश्चित है (६.५.८)।

कहावतोंकी कहानियाँ—

वर्तमानमें उपलब्ध सुखोंको त्याग कर जो भविष्यत् सुखोंकी अभिलाषा करता है वह दोनोंसे हाथ धो बैठता है जैसे—(१) मूर्ख किसान (९.४); (२) विद्याधर (९.६) एवं (४) सर्प (९.१०)।

विषयलोलुप जीव सर्वनाशको प्राप्त होता है : जैसे (१) मांस लोभी कौवा (९.५); (२) कामातुर वानर (९.७); (३) कमलगंधलोभी भ्रमर (९.९); (४) मांस लोभी शृगाल (९.११); हिंदी: मौतका मारा शृगाल गाँवकी ओर दौड़ता है; (५) मधु लोभी ऊँट (१०.७) एवं (६) विषय लोलुप चंग।

अति लोभी शृगाल मृत्युको प्राप्त हुआ (१०.१२)। जो सोवे सो खोवे (१०.११)।

लकड़हारेको स्वप्नमें राज्यप्राप्ति (१०.१३)।

मुँहका मांसखण्ड छोड़कर मच्छको पकड़नेका असफल प्रयत्न करनेवाला शृगाल मांस (जिसे बाज उठा ले गया) और मच्छ (जो पानीमें कूद गया) दोनोंसे गया (१०.१६); हिंदी : आधी छोड़ सारीको धावे, आधी रहे न सारी पावे।

धूर्त्त स्त्रीका कपटभरा प्रेम उसे भोगकर छोड़ दिया जाता है (८.१३.१४.१५)।

पतिको त्याग, जारको भी मरवा डालनेवाली असती चोरसे भी गयी और धन तथा वस्त्रोंसे भी हाथ धो बैठी (१०.८-१०)।

वेश्याएँ धन, वैभव संपन्न पुरुषको चिरकाल तक आदरपूर्वक आलिंगनादिके द्वारा मधुके छत्तेके समान पूर्णतया चूस कर छोड़ देती हैं, और नये क्षुद्र पुरुषोंको चूमने (चूसने)में लग जाती हैं (९.१२.१८-१९)।

'जंबूसामिचरिउ'में प्रयुक्त सुभाषितों एवं लोकोक्तियोंका विषय क्रमसे अध्ययन करनेपर ज्ञात होता है कि वीर कविने जिस प्रकार अपनी संपूर्ण रचनामें और उसकी अंतर्कथाओंमें समाज जीवनके विविध पक्षोंका सर्वांगीण उद्घाटन किया है, उसी प्रकार सुभाषितोंमे भी उन्होंने उसका कोई पक्ष छोड़ा नहीं। कविसमयके अनुसार सज्जन और दुर्जनोंकी प्रकृतिका प्रथम उल्लेख; गुण-दोषोंकी चर्चा; कवि और काव्य-विषयक स्थापनाएँ, ओजपूर्ण उक्तियाँ, जिनके आलंबन सुर, नर, पशु सभी हैं; पारिवारिक जीवन, सुखद-दुःखद दोनों प्रकारका; माता-पिता, संबंधियोंका वात्सल्य; कुलीन कन्या व कुलपुत्रोंके लक्षण; आध्यात्मिक-धार्मिक विश्वासोंसे संबद्ध उक्तियाँ, सामान्य लोक प्रचलित उक्तियाँ और कहावतोंकी कहानियाँ, यह सब कुछ कविने अपने काव्यमें प्रयुक्त सुभाषितोंके आयाममें पिरोया है। इन सबके कारण 'जंबूसामिचरिउ' के महा-काव्यत्वमें और भी अधिक निखार आ गया है।

८. जंबूसामिचरिउका भाषा एवं व्याकरणात्मक विश्लेषण

गत-पचास वर्षोंमें अपभ्रंश भाषा और साहित्यके क्षेत्रमें पर्याप्त कार्य हुआ है। इस बीच दलाल और गुणे-द्वारा 'भविसयत्तकहा'; लालदास भगवानदास गांधी-द्वारा अपभ्रंश काव्यत्रयी; डॉ० उपाध्ये-द्वारा परमात्मप्रकाश और योगसार; प० ल० वैद्य-द्वारा पुष्पदंत कृत अपभ्रंश महापुराणके तीन भाग और 'जसहर चरिउ'; डॉ० हो० ला० जैन-द्वारा सावयधम्म दोहा, पाहुडदोहा; णायकुमारचरिउ, करकंडचरिउ, मयणपराजयचरिउ, सुगंधदशमीकथा और सुदंसणचरिउ[1] तथा सिरिचंद कृत अपभ्रंश कहकोसु; डॉ० ह० व० भायाणी-द्वारा स्वयंभू कृत पउमचरिउ (तीन भाग), स्वर्गीय राहुल-द्वारा अपभ्रंश दोहाकोसु तथा अब्दु-र्रहमान कृत संदेशरासक आदि अनेक अपभ्रंश रचनाएँ प्राकृत-अपभ्रंशके उपर्युक्त मूर्द्धन्य विद्वानों-द्वारा

१-२. शीघ्र प्रकाश्यमान।

सुसंपादित होकर प्रकाशित हुई हैं। इनके संपादकों-द्वारा इन ग्रंथोंकी भूमिकामें प्रत्येक ग्रंथकी भाषापर विशेष और अपभ्रंश सामान्यके स्वरूपपर बहुत विस्तार और सूक्ष्मतासे प्रकाश डाला गया है। इन रचनाओंके अतिरिक्त स्व० पिशल महोदयके व्याकरण, डॉ० तगारे कृत अपभ्रंशका ऐतिहासिक व्याकरण, डॉ० देवेन्द्र कृत अपभ्रंशप्रवेश, डॉ० नेमिचंद शास्त्री कृत अभिनव-प्राकृत व्याकरण, मधुसूदन चिमनलाल मोदी-द्वारा संपादित अपभ्रंशपाठावलीकी भूमिका; डॉ० नामवरसिंह कृत 'हिन्दीके विकासमें अपभ्रंशका योगदान'; डॉ० देवेन्द्र कुमार कृत 'अपभ्रंश भाषा एवं साहित्य', डॉ० हरिवंश कोछड़ कृत 'अपभ्रंश साहित्य' डॉ० तोमर कृत 'प्राकृत और अपभ्रंश साहित्य' प्रभृति ग्रंथोंमें भी अपभ्रंश भाषाके स्वरूपपर बहुत ही गहराई और सूक्ष्मतासे विवेचन किया गया है। सामान्यतः 'जंबूसामिचरिउ'की भाषा वही नागर अपभ्रंश है, जिसमें स्वयंभू और पुष्पदंत जैसे श्रेष्ठ अपभ्रंश महाकवियोंकी काव्य-कृतियां हैं। इसकी भाषामें इन कवियोंकी रचनाओंसे जो विशिष्ट भेद है, वह प्रारंभिक और मध्यवर्ती संयुक्त न, ण के प्रयोग विषयक है। इस विषयमें 'पाठ संपादन पद्धतिके अंतर्गत विवेचन किया गया है। भाषा और व्याकरणका स्वरूप संक्षेपमें निम्नप्रकार है—

§ १. प्रयुक्त स्वर : अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ए, ऐ, ओ, ओ, ं (अनुस्वार) एवं ँ (अनुनासिक)।

§ २. व्यंजन : क् ख् ग् घ्, च् छ् ज् झ्, ट् ठ् ड् ढ् ण्, त् थ् द् ध् न्, प् फ् ब् भ् म्, य् र् ल् व् स् ह्,

स्वर विकार

§ ३. अ>इ अकहिज्जमाण (१.२) उप्पिड (५.१०)।
अ>उ मुणइ (५.१३) अरुहयास (४.३) अरुहणाह (३.१३)
अ>ए एत्थंतरे (१.५) एत्थु (२.११) वेल्लि (५.१३)

§ ४. आ>अ सीय ३.१२ मालिइलय ५.२
आ>उ उल्लिय ९.१५

§ ५. इ>अ सिरस ८.९
इ>उ उच्छु ५.९
इ>ए उत्तेडिय ५.७; जि>जे; चिंध>चेंध

§ ६. ई>आ आरिस ९.१६
ई>ए एरिस ८.१०

§ ७. उ>अ कत्थ ७.१; कुरु>करि ८.१; गरुयारउ १.५; मउड; कुसम ८.९
उ>इ कुरु>करि ८.१०; किंपुरिस ९.१२
उ>ई सुणी १.१५; दुहिता>धीय ११.३
उ>ओ सुकुमारिका>सोमालिया ८.१०; पोग्गल १०.५; मोग्गर ६.१०; कोंत५.१४

§ ८. ऊ>उ अउव्व ९.२; फुक्कार ५.८
ऊ>ए नेउर ८.९
ऊ>ओ बहुमोल्ल १०.२१; थोर ८.११; तंबोल ८.९

§ ९. ऋ>अ कय ९.४; कयंत ३.७
ऋ>इ किण्ड ४.१३; अलंकिअ ३.८; अतित्त १.१२; अमिय ८.२; किउ ४.९ आदि
ऋ>उ पुहइ १०.११; अपाउस ४.८
ऋ>ए स्वगृहं>सगेहं ४.५
ऋ>रि रिद्धि ३.६
ऋ>अरि उद्भूत>उब्भरिय ३.७

§ १०. ए>इ अणिमिस ८-९; अमरिंद ४.१
ए>ई लोह ५.१४
ए>ए जंति; जगे १.१; कज्जे १.२; अणे १.३ आदि
§ ११. ओ>उ अवरुवरु ५.२; अण्णुण्ण २.५; उट्टचम्म ९.१
ओ>ऊ ऊसारिय ७.७
ओ>आ तहा १.३; वीरहा १.२; विउसहा १.२
ओ>ए करोमि>करेमि १.३
§ १२. ऐ>ए अवरेक्क ९.१६
ऐ>इ अवरिक्क ९.६
ऐ>अइ कइलास ९.६; कइरव ८.१५; दइव ५.१३
§ १३. औ>ओ जोव्वणु ४.१३; अवमोयरु १०.२१; ओसही ३.१४
औ>अउ पउरजण १.१५

§ १४. ह्रस्वस्वरका दीर्घीकरण : जहाँ किसी मध्यवर्ती संयुक्त व्यंजनमें-से एकका अथवा प्रथम स्वरके अनुस्वारका अथवा अंत्य व्यंजनका लोप कर दिया जाता है, वहाँ पूर्वका ह्रस्व स्वर दीर्घ हो जाता है—
अड्ढाइय .११.११; वीसमण ४.९; बीया ४.९; सीस (शिष्य) ७.१३; वीसोवहि ११.१२; सिद्धी २.५८

§ १५. दीर्घस्वरका ह्रस्वीकरण : संयुक्त व्यंजनके पूर्वका दीर्घ स्वर ह्रस्व हो जाता है—
अप्फालिय १.१५; अच्छेरअ ९.१०; अज्ज (आर्य) १.५, चरणग्ग १.१.; तित्थु १.७; परिक्खा १.२; रज्ज ३.१४ आदि। अन्यत्र भी जैसे : वित्थर १.५; अडइ १०.१३; विघ ७.३; कुमर ५.७; गहिय १.१ मं०; गहिर ४.१९; थविय ११.६ आदि। छंदार्थ—महकइ १.३; संतुव १.४

§ १६. ह्रस्वस्वरका अनुस्वारत्व : अंसु ४.११; उंट १०.७; उंबर ५.८; कंचाइणी ७.६; करफंसण ५.४; दंसण ८.२

§ १७. स्वरलोप :
(क) आदि स्वरलोप: हउं ३.७; हेट्ठामुह २.१८; हेट्ठिल ११.१०
(ख) मध्य स्वरलोप : उदिट्ठ १०.२; देवदत्त १.५; पत्ति ४.२१; पोफल १.८
(ग) अंत्य स्वरलोप : अब्भासें १.२; इयरें १.४; चलणग्गें १.१; सहावें १.२ आदि।

§ १८. आदि स्वरागम : इत्थिरज्ज ९.१९

§ १९. स्वरभक्ति : आयरिय २.८; दीहर १.३; सलहिज्जइ ४.९; सिविण १.३; दरिसिय ३.१२; किलेस १०.१२

§ २०. स्वरव्यत्यय : आश्चर्य>अच्छरिय>अच्छेर ९.१०; ब्रह्मचर्य>बंभचरिय>बंभचेर ३.९;

§ २१. स्वरागम : जब किसी शब्दमें पहले आया हुआ कोई स्वर उसीके पीछे आनेवाले स्वरसे प्रभावित होता है, तो उसे स्वरागम कहा जाता है। जैसे :—इक्षु—इच्छु>उच्छु ५.९; कृत्वा—करवि, करेवि; करिवि इसी प्रकार अप्पिवि; आयण्णिवि ९.७; पइसिवि ९.१०; पेक्खिवि; मेल्लवि, मेल्लेवि, मिल्लिवि ६.१३,८.१०, आदि।

व्यंजन विकार

§ २२. (क) आदि असंयुक्त व्यंजन : साधारणतः यथास्थित सुरक्षित रहते हैं पर कुछ विशिष्ट शब्दोंमें उनमें परिवर्तन या व्यत्यय हो जाता है, जैसे :—धृति>दिट्ठी १.६; दुहिता>धीय ११.३; दग्ध-दड्ढ २.१४; डहण ७.९; डाढ ३.८; निलाड ४.१३।

(ख) आदि 'य' को 'ज' : जमल १०.१६; जयुल १.१ मं०; जत्तुच्छव ३.१३; जहा १०.१, जप्पंति ५.६ ।

(ग) आदिमें संयुक्त व्यंजन रहनेपर एकका लोप हो जाता है : पडिवयण; पडिवया; बोयड; थंभ; खंभ; छुह; कणिर; फार ४.५ इत्यादि ।

§ २३. मध्यवर्ती असंयुक्त व्यंजनोंमें क् ग् च् ज् त् द् प् व् य् व् का प्रायः लोप होता है, उनके स्थानमें कहीं तो केवल उद्वृत्त स्वर ही शेष रहता है; और कहीं 'य' श्रुति या 'व' श्रुति होती है ।

§ २४. 'य' और 'व' श्रुतिका नियम : हेमचंद्रके अनुसार उद्वृत्त 'अ' और 'आ' स्वरोंके बीच 'य' श्रुति होती है, कभी नहीं भी होती है । परंतु 'जंबूसामिचरिउ' में ऐसे उदाहरण नहीं मिलते जिनमें 'अ', 'आ' स्वरोंके बीच इन्हीं शुद्ध स्वरोंका प्रयोग ही अर्थात् अ-आ स्वरोंके बीच यहाँ सर्वत्र य श्रुति होती ही है । अन्य स्वरोंके बीचमें अधिकांशतया य श्रुतिका सद्भाव दिखाई देता है, जैसे :—इ-ई और अ-आके बीच, उ और, अ-आ के बीच, ए और अ-आ के बीच तथा ओ एवं अ-आ के बीच इन सबके उदाहरण नीचे दिये गये हैं ।

'व' श्रुतिकी स्थिति बहुत अनिश्चित है । सामान्य रूपसे उ और ओ के बीच 'व' श्रुति होती है, ऐसा माना जाता है । परंतु प्रस्तुत रचनामें स्थिति इससे भिन्न है । विशेष बात यह है कि अनेक स्थलोंपर 'य' और 'व' श्रुतिके प्रयोगमें कोई भेद दिखलायी नहीं देता । बल्कि यह वास्तवमें लेखकके स्वछंद अर्थात् स्वेच्छापर निर्भर करता है कि अ-आ स्वरोंके बीचको स्थितिको छोड़कर इनमें-से किसी भी श्रुतिका प्रयोग करे अथवा केवल उद्वृत्त स्वर ही रहने दे । मूल लेखकों-द्वारा श्रुतियोंके प्रयोगमें यह स्वच्छंदता देखकर ही प्रतिकारोंने कुछ स्वछंदताका वर्तन किया है, यह प्रतियोंके पाठभेदोंपर-से स्पष्ट प्रतीत होता है । कहीं एक प्रतिमें 'य' श्रुति है तो दूसरीमें 'व' श्रुति और तीसरीमें केवल उद्वृत्त स्वर । पाठभेदोंपर ध्यान देनेसे ऐसे अनेक उदाहरण दृष्टिगत होंगे । अब कुछ चुने हुए उदाहरण प्रस्तुत हैं :—

'य' श्रुतिके उदाहरण

(क) अ-आ के बीच : अरुहयास ४.१; आय १०.२५; कयकिणिय ६.३; कयावि ३.६; कायरी ९.१७; नायणु १४.४; पायार ४.१४; भवयत्त ३.३; मायरी ९.१७; लयउ ९.१३; लायण्णु ४.१४; वयणुल्लउ ५.२; सयल ७.१३ ।

(ख) इ-ई एवं अ-आ के बीच : किणिय ६.३; तावीयड ९.९; परियाणवि ७.१३; पाहरिय; बीयउ २.५; मियंक ७.१३; लइयं ८.१५; वइरियाण ६.१२; वियार ९.१३; सोयल १.१३; सम्माणिय ७.१३; हुणिय १.१ मं० ।

(ग) उ-ऊ एवं अ-आ के बीच : गरुयारउ १५; जुयलुल्लउ ८.१६; भुयण ६.२; भुयदंड ६.२; जूयं ४.३; जूयार ४.२; दूय ५.१३; दूयडिया ८.१५; धूयविलंवण ११.६; पूया १-१८; रूयकमु ९.१८; सूयाहर ४-८ ।

(घ) ए एवं अ-आ के बीच : केयार ५.९; तेयमाल १०.१; तेयवारि २.३; °पेयखंड ५.४४; भेय ५.३; सेय ३.८; हेमेयड ८.१५ ।

(च) ओ एवं अ-आ के बीच : कोयंड १०.१२; खोयणु ९.८; भोय १.१०; भोयण ८.१३; भोयायर ५.२; मोयण ६.३; लोयाण ९-८; लोयायार ८.७; लोयग्ग ११.१२; लोय ३.१; लोयाहाण ५.४; सोयाउर ३.७ ।

'व' श्रुतिके उदाहरण

(अ) अ-आ के मध्य : भयवत्त २.५

(ब) आ-इ के मध्य : परिणाविय ३.४

(स) उ-ऊ एवं अ-आ के मध्य : उवय ११.९; उवयारउ ९.१; उवहि ४.१६; छुवहि ५.१३; जूवार ८.२; भुवडालिया ५.९; लहुवारउ ३.५; विरुवउ ५.१३; मसिणोरुव ८.१६

(द) ओ एवं अ-आ के बीच : जोवइ ९.१४

इन उदाहरणोंपर-से 'य' और 'व' श्रुतियोंका इस रचनामें प्रयोग बाहुल्य तो स्पष्ट होता ही है, उनकी अनियमबद्धता भी प्रकट होती है। और साथ ही 'व' श्रुतिका एक भी ऐसा दृष्टांत उपलब्ध नहीं होता जहाँ 'उ' और 'ओ' स्वरोंके बीच 'व' श्रुतिका प्रयोग हुआ हो।

§ २५. 'य' और 'व' से संबद्ध एक और नियमका यहीं उल्लेख करना उचित है। वह है संप्रसारण-का नियम। इसका अर्थ है 'य' के स्थानपर 'इ', एवं 'व' के स्थानपर 'उ' होना। कुछ उदाहरण द्रष्टव्य हैं:—

(क) कात्यायनी—कंचाइणी ७.६; उप्पाइवि ४.३; विउस् १.२

(ख) 'इ' के स्थानपर 'य' और 'उ' के स्थानपर 'व' का प्रयोग संप्रसारणके ही समीपवर्ती स्थिति है। जैसे—देवालय—देउल ४.१०; देवल १०.८; पइज्जु ४.२; पयज्जु ५.११।

§ २६. व्यंजन परिवर्तनोंके व्यवस्थित उदाहरण प्रस्तुत करनेके पूर्व एक और विशेष नियम उल्लेख-नीय है, जिसे वर्णप्रक्षेप कहा जाता है। जिसका अर्थ है किसी शब्दमें किसी वर्णके स्थानपर किसी अन्य अविद्यमान वर्णका आना जैसे—आम्र—अंब ४.२; ताम्राधर—तंबाहर ४.१८; तंबिर ५.१२; ललाट—निलाड ४-१३; चिकुर-चिहुर ४.१३।

व्यंजन परिवर्तन और विकारोंके उदाहरण

(क) क् और ग् आउंचिय ४.१३; आउल ५.६; आय (आगता) ८.४; आयम ३.९ आदि

(ख) च् और ज् आयरिय २.८; आयार ८.८; परिच्चय—परिचय ८.१; भुयंग ३.८

(ग) त् और द् आगया ९.१७; आहय ८.७; आसाइय १०.१, आहट्ठ ५.६, आएस १.१६, आसाइय १०.१; उवयाण ५.३

त्>ड् उप्पिड ५.१०; पडिय ५.१०; पडियार ७.८

त्>ह् भरह (भरत) १.५; भारह १.६

द्>ड डज्झ, डहण, डाढ

(घ) प>उ आउण्ण ४.६, आऊरिय १०.२४

प>ब आवण्ण ५.१, आवाणअ, ४.२, उवभुंजइ २.१३, थवइ (स्थपति) ३.४; मवइ (मापयति) ४.१९

प>फ फुल्ल १०.१९; फोफल १.८

(च) ट>ड आरडिअ ७.८; उग्घाडइ ९.८; उप्पाडण १०.२०; कण्णाड ६.६

(छ) ड्,र्>ल कामकोल १०.२३; चलण ६.१४

(ज) न्>न् झाणानल १.१ म०; महानल ३.८

न लोप स्थान>ठाय ५.४

म्>व् कद्दविय ४.२२; दवण ४.२०; रवण्ण ३.१३; सवण २.१९

(झ) व्>म् एवमेव>एमइं २.१८

व लोप कइ, कइत्त आदि

(ट) म्>उ नम्र>नउर ४.६

(ठ) र्>द् आढविअ (आरब्ध) ३.९

(ड) श्>ह दहलक्खण ११-१३; दहविह ११.२

(ढ) श्>स (सर्वत्र) दसमए ८.५; सरीर ८.७

§ २७. अघोष महाप्राण वर्णों ख् घ् थ् ध् फ् भ् के स्थानपर शुद्ध महाप्राण ह् का आदेश :—

(क) ख्>ह् : अहिमुह ७.१०; आहंडल; २.४; सिहंडि ५.८; सिहि (शिखिन्) ९.९

(ख) घ्>ह् विहडंत १०.१८

(ग) थ्>ह् अहव १०.२३; आरिसकहा ८.१; जहा, तहा आदि

(घ) ध>ह् अहरत्त ११.६; अहरुल्ल २.१४; अहिउ ९.१०

(च) फ्>ह् अहल ८.१४

(छ) भ्>ह् अविहत्त २.५; अहिणंदिउ ४.४; अहिमुह; अहिराम १०.१; अहिसारिआ ८-५

§ २८. मध्यवर्ती संयुक्त व्यंजनोंके विषयमें असवर्ण संयोगके स्थानपर सवर्णसंयोगके द्वारा समीकरण-की विधि सर्वप्रधान है। इस समीकरणमें सदैव प्रबलतर ध्वनि दुर्बल ध्वनिको अपनेमें समीकृत कर लेती है, चाहे वह संयुक्त व्यंजनमें पूर्व हो या पीछे। जब पीछे आनेवाला व्यंजन अपनेसे पूर्ववर्ती व्यंजनको समीकृत कर लेता तो उसे पुरोगामी समीकरण कहते हैं :—

(क) पुरोगामी समीकरण—आरुट्ठ ७.६; उक्कंठिय ७.१२; उक्कत्तिय ५.८; उक्खय ५.११ उग्गंठिय ९.१८; कम्म; जम्म; धम्म आदि।

(ख) पश्चगामी समीकरण जब पुरोगामी व्यंजन अपने पश्चवर्ती व्यंजनको अपने रूपमें समीकृत करता है, जैसे, अज्ज, अग्गि, आमुक्क, कत्थ, जोग्ग आदि।

(ग) जब ऊष्मोंका समीकरण होता है तो वे दूसरे व्यंजनको सप्राण कर देते हैं : जैसे—अत्थइरि ६.१०; अत्थाण ५.१; कुच्छिय २.२; खंध ६.११; थंभ ५.१२; पासत्थ २-५ आदि।

(घ) स्वरभक्तिसे विसंयोजन : आयरिय २.८; आरिसकहा (आर्षकथा) ८.२ उम्मरिय ३.७; किलेस १०.२२; दरिसिय ३.१२

(च) संयुक्त व्यंजनका सरलीकरण करके अनुनासिकीकरण : कंचाइणि ७.६; पडिजंपइ ८.१६; जिणदंसण २.१८; विंभिय ३.१ आदि।

§ २९. कुछ विशिष्ट संयुक्तव्यंजनोंके परिवर्तनके उदाहरण

ख्य्>ह् लोयाहाणउ ५.४

क्व्>क् कणिर ४.१५

क्ष्>क्ख उक्खित्त ९.१२; दहलक्खण ८.३; क्खालिय १.१३

क्ष्>ख् खयकर ३.७; खज्जोयय ७.२; खंतश्चु ७.१२; खंति ११.८; खोणिमंडल ४.२१

क्ष्>ह् छुह १.८; छत्त ५.९

क्ष्>झ् झर ६.९

ग्ध्>ज्झ् डज्झमाण ४.१४

ज्ञ्>न् नाणावरण १०.२४

>ण् आणत्त ४.१६

>ण्ण् विण्णाण ८.४; अण्णाणुवएस ८.३

त्म्>प्प् अप्पणु १०.५; अप्पउ ९.११

त्य्>च् कंचाइणि ७.६; कंचायणि १०.२५

>च्च् सच्चावाणी ६.१

त्स्>च्छ् उच्छव ४.८; उच्छाह ७.१२; उच्छेह ३.१

द्य्>ज्ज् उज्जाण ३.१२; उज्जोइय १.१५; विज्जुमालि २.३

ध्य्,ध्व्>ज्झ् उज्झाउ १०.५; बुज्झइ ८.९; अज्झाण (अध्वान) २.८

श्च्>च् श्चिकुर>चिकुर>चिहुर ४.१३

ष्ट्>ट्ठ् अहरोट्ठ ९.१८; आरुट्ठ ७.६; विट्ठ ६.१

ष्ट्>ड्ढ् वेढिउ ६.१

ष्ट्र>ढ् असिदाढ ६.१

>ट् उंट

ह्य्>ट्ठ् अहिट्ठिउ ४.१३

ष्ण्>ट्ठ, °ह् विट्ठु २.६; उण्ह १०.१५
स्क्>ख् खंध ६.११
स्ख्>ख खलइ
स्त्>ख् खंभ ४.१३
>थ् थंभ ५.१२
>त्थ् कत्थूरिय ८.१४; विशेष : ह्रस्त>ल्हसिय ४.१९
स्थ्>थ् अथाम ४.११; थवइ ४.२; थाण ७.१०; थिउ ५.१४; थोत्त १.२९, थोर ८.११
>ठ् ठविय ४.१४; ठाण ५.१०; ठाय (स्थान) ५.४
स्फ्>फ् फाडिय ७.१; फलिहवण्णु १.१७; फार ४.५
स्म्>म्, स्, म्ह् विंभिय २.१३; विंभउ ३.६; सरिअ ६.९; अम्हइं ५.१३
ह्>घ् संघरेवि ६.१
ह्न>ह विहलंघल ८.११; विहडप्फड ३.८

कारक रूप

संज्ञाएँ : अकारांत पुल्लिग व नपुं० लिंग :

	एकवचन	बहुवचन
प्रथमा :	अंतेउरु; आउसु, कुंजरो, चोरु, जणो, जिणो, तउ, तित्थंकर, तेयं, दिउ, देउ, देवदत्तु, नरु, निउणु, परम गुरु, बालो, मऊरो, मुहं, रज्जु राउ, रिसहो, वड्ढमाणु, वरइत्तु, वीरु, वेसरो, सुयणु, सेणिउ, सूरो	गामार, गोवाल, जणु, नायरा, बाला, °पहरणा, रिउणो, विरला, सवा (शवाः)
द्वितीया :	देवसहुँ, फलुरयणसिहुँ, (शेष प्रथमानुसार)	उज्जाणइं, गयउलाइं, जणाइं, तलायइं, तीरइं, देसइं, वणइं (प्र० द्वि० दोनोंमें)
तृतीया :	कुमरें, जणेण, जिणेसरे, ताएं, देवें, धम्में, नाहें, पाविणं, पियरें, भाविणं, राइणा, राएं, राएण, सुत्तेण, सेणिएण, हीरेण	

इकारांत-उकारांत पु० व नपुं० लिंग :

	एकवचन	बहुवचन
प्रथमा :	कइ, नरवइ, नराहिवइ, परिमिट्ठि	अयाणा, कइंदा, गुणिणा
द्वितीया :	मेरु, रवि, रिसि, सामी	वइरिणो, अहारहिं, उरुयहिं, कुट्ठिबिएहिं, जूयारहिं, तेहिं, दिक्खिएहिं, धण्णहिं, नारइयहिं, पहियहिं, भावहिं भिल्लेहिं, मुहेहिं, सत्थहिं
तृतीया :	मुणिणा, सट्ठिणा, हत्थिणा	सेवयहिं। कहहिं, पाइहिं
पंचमी :	कुगइपहे, घराउ, ठायहो तत्थहो, तहिं, नियडउ, नयरहो, मुहहो, वामहो	
चतुर्थी एवं षष्ठी :	अज्जेणप्प, कज्जे, कज्जहो, केवलिहि, जणेरहु, तेल्लियहो; दइयहो, देवत्तहो, देसहो, निवहो, पएसहो, रज्जहो, राउलउ, रायहो, वीरहो, सामिहि, हत्थिहे, नरस्स, पुरिसस्स, पुरुसोत्तमस्स, वीरस्स, समुद्दस्स	कामुयाण, खयराण, चंदसूराण, भव्वाण, मुणिदाण, रायाण, तियसहु, मिहुणहँ, कंठहँ (षष्ठ्यार्थे सप्तमी)

इका-उका : नरवइणो, पहुणो, विहिणा

सप्तमी : अहरए, खग्गंके, गोट्ठंगणे, तरुवरे
पच्चूसे, मग्गे, रयणि, रज्जे
रमणीये, रवण्णइ, सलोणए, सिहरि
सुयणे, सोत्ते, हत्थि (हस्ते), हियवइ
घरम्मि, वारम्मि, नाणम्मि, फडक्कम्मि

घरहिं, दक्खहिं, नयणेहिं
नारइयहिं, पाडलियहिं
भूभंगहिं, °भोयणहिं
लोयणहिं, विमाणहिं
घरेसुं, वणेसुं

संबोधन : केवलनाणधरु, ताय, तित्थंकरु, देउ, देव, परमेसर, पुत्त, पुरंदर, भवएव, राय

निर्विभक्तिक : सेणिउ (षष्ठ्यर्थे), पडिहारय (तृतीयार्थे)

स्त्रीलिंग : आकारांत, ईकारांत

	एकवचन	बहुवचन
प्रथमा	: अच्छर, कुमारी, खोणी,	अज्जियाउ, कवोला, कामिणिउ
द्वितीया	: तिय, पियारी, पुहवि, वसुमइ संतुव, सिवएवि	कुमारियाउ, गोरिउ, ताउ, देविउ, वाविउ, साहउ, सणाहउ, सुरमणिउ, बालियाहुँ, राणियणु
तृतीया	: अहिलासें, उत्तालियाए, ओसहीए कुट्टणियइ, °जोईए, ताए, दिंतिए दिट्ठिए, पढाए, भत्तिए, भित्तिए मुद्धियए, °रिद्धिए, लच्छीए, वाणिए संकए, सुहाए.	अंतेउरिहिं, अच्छिहिं गोविहिं, तरुणिहिं, दिट्ठिहिं नियंबणीहिं, पायारहिं बाहहिं, वेल्लिहिं
पंचमी	:	
चतुर्थी एवं षष्ठी	: अंबादेवयहिं, कंतहे, कोइलाए, घणियहे, पुट्ठिीहे, महिलहे, मुद्धहे, वणमालहे, विहूइहे, सरिहे, सुद्धिहे	घरिणिहुं, पउसियदइयहं, रमणिहुं, घणोच्चत्थणीणं, °लोयणीणं, दूरपियाण
सप्तमी	: आउसि, कण्णए, सेण्णि, निसहिं	करिणिहे, जडमइयहिं, तियहिं, पालंबहिं, भुएहिं, मंदुरहिं, कोलासु.
संबोधन	: कंत, मुद्धडिए, मुद्धि, मुद्ध, सुंदरि.	

सर्वनाम : पुल्लिंग-नपुंसकलिंग :

	एकवचन	बहुवचन
प्रथमा	: हउं, तुमं, तुहुं, सो, जं, तं, इहु एहु, काइं, किं	तृ० पु० जे
द्वितीया	: मइं, तउ, तुमं, तं	जाइं ताइं
तृतीया	: मइं, मइ, पइं, तेण, आएं, एण, जेण	अम्हारिसिहिं, इयरहिं
चतुर्थी एवं षष्ठी	मज्झु, मम, महु, मइ तणउ, मे, मोर तउ, तव, तुह, तुहार, तोर तस्स, तहो, तासु, आयहो, ममस्स, एयहो, कस्स, कहो, कहो, कासु, जस्स, जसु, जासु, तस्स, तहो, तासु	अम्हहं, तुम्ह तुम्हहं, तहु (तेषां) ताणं, जाण, जाणं
संबोधन	: तुमं	

स्त्रीलिंग :

प्र०	एह, क (का), जा (या)	
द्वि०	कं (काम्)	
तृ०		तेहिं (ता भिः)
च० ष० :	तहे, तहे, ताहे, तिहे, कहे, काहि, जाहे	तहुं (तासाम्), एयाण

सर्वनाम, विशेषण और अव्यय :

[१] (अ) परिमाण वाचक विशेषण : एत्तिउ, केत्तिउ, जेत्तउ, तेत्तउ एतडउ, तेत्तडउ, एवडा।

(ब) गुणवाचक विशेषण : एहउ, जेहउ, तेहउ, अम्हारिस, ऐरिस, केरिस, केरिसी (स्त्री०) जारिस, तुम्हारिस।

[२] अव्यय : (क) स्थल वाचक : एत्थु, केत्थ, जित्थु, जेत्थ, तत्थ, तित्थु, तेत्थु, केत्थुहो, जेत्तह, तेत्थहो; इह, कहिं, जहिं, तहिं, कउ (कुतः) तउ (ततः); अण्णेत्तहे, एत्तहिं, एत्तहे, जेत्तहे।

(ख) समय वाचक जा, ता, जाम, ताम, जाव, ताव, एमहि, एवहिं, जामहिं, तामहिं, तावहि, जइयहु, तइयहु, तइया।

(ग) रीतिवाचक अह, किह, जह, जिहा, जिह, तह, तहा, तिह, जिम, जेम, तेम

(घ) अस्मद् और युष्मद्के षष्ठी रूपोंमें 'आर' प्रत्यय युक्त अव्यय : अम्हारउ, तुम्हारउ, महारउ

(च) संज्ञा और सर्वनामोंके षष्ठी रूपोंके साथ 'केरउ' और 'तणउ' प्रत्यय लगाकर भी अव्यय बनते हैं : अम्हकेरउ, करवालकेरउ, महुतणउ।

(छ) संबंधवाचक अव्यय : सहुं (सार्द्धम्)।

संख्यावाचक शब्द :

एक्क, एक्कु, दो, बे, विण्णि, तिउ, तिण्णि, चयारि, पंच, छ, सत्त, अट्ठ, नव, दस, दह, एयारस, एयारह, बारह, तेरह, चउदह, चउदस, पण्णारह, सोलह, सत्तारह, अट्ठारह, बीस, बावीस, पंचवीस, तीस, तेतीस, चउसट्ठि, सय, सहस, लक्ख।

संख्यावाचक विशेषण : पढमु, पहिलउ, पहिलारउ, बीयउ, तइयउ, चउत्थु, चउत्थउ, पंचमु, छट्ठम, सत्तम, अट्ठम, नवम, दसम, एयारसम।

तृतीया बहुवचन—तिहिं।

सप्तमी एकवचन—एक्कहिं, तइयइ, चउथइ, पंचमे, छट्ठम्मि, सत्तमे, अट्ठमि, नवमइ, दसमइ, एयारसमइ, एयारहमे, बारहमम्मि।

सप्तमी बहुवचन—तिहिं, पंचहिं। अन्य रूप-चउक्क, चउक्कउ (चतुष्क)।

तद्धित प्रत्यय :

अल्ल : एक्कल्ल, नवल्ल (स्वा० प्र०)। आर : गरुयार (स्वा० प्र०) लहुवार। आल : सोहालिया (नामसे विशेषण)। आवण : भयावण, सुहावण, सुहाविणि (विशेषण)। इक्क : तिडिक्किय, पाइक्क (स्वा० प्र०)। इण : वज्जेणउ। इर : उव्वेविर, कंखिर, कणिर, कोक्किर, नमिर, विच्छड्डिर, विवरेर (क्रियासे विशेषण)। इल्ल : जइल्ल, रसिल्ल, (नामसे विशे०)। उल्ल : बहुल्ल, फलिहुल्ल, भुवणुल्लउ, रमणुल्लउ। एर : जणेर। डिय : चारहडिय (स्वा० प्र०)। त्तण : नरत्तण, वुड्डत्तण (भाववाचक संज्ञा) ल : अंधलउ, अमल, विज्जुल (स्वा० प्र०)

क्रिया रूप

अपभ्रंशमें वर्तमान, भूत और भविष्य, कुल ये तीन 'लकार' हैं। इनमें भी वास्तवमें कुल दो, वर्तमान और भविष्यके ही रूप उपलब्ध होते हैं। भूतकाल वाचक बहुत थोड़े गिने-चुने शब्द उपलब्ध हैं। शेष भूतकालका सारा कार्य कृदंतोंसे लिया जाता है और केवल वर्तमान तथा भविष्यके ही अधिक रूप अपभ्रंश काव्योंमें उपलब्ध होते हैं। आत्मनेपद और परस्मैपदका भेद भी अपभ्रंशमें नहीं है और वृत्तियोंमें प्रमुख रूपसे विध्यर्थ और कुछ थोड़े-से आज्ञार्थकरूप प्राप्त होते हैं। इच्छार्थक और आज्ञार्थकके रूप समान ही हैं। इनके अतिरिक्त कर्मणि-प्रयोगके अनेक रूप उपलब्ध होते हैं। इन तत्त्वोंसे ही अपभ्रंशका क्रिया संबंधी संघटन-संविधान और प्रयोगोंका प्रामाणिक विवरण उपलब्ध हो जाता है।

वर्तमान काल

	एकवचन	बहुवचन
प्र० पु० :	अणुसरमि, उक्कीरमि, जामि, भणमि, भुंजमि, लेमि, होमि।	
द्वि० पु० :	जाणसि, मुणहि, होसि।	
तृ० पु० :	अणुणइ, अब्भिट्टइ, आउच्छइ, ईहइ, उप्पज्जइ, करइ, कुणइ, गच्छइ, जाइ, पढइ, सि (अस्ति), होइ	उप्पज्जंति, फंदहिं, कीलहिं, गुडंति जुप्पंति, दीसंति रणरणहिं, रमंति

भूतकाल

आसि (आसीत्)

तृ० पु० : अच्छोडिउ, अब्भसियउ पइट्ठु आय—आगता (स्त्री०) गय—गता (स्त्री०)

भविष्यत् काल

प्र० पु० : जाएसमि, लेसमि

द्वि० पु० :

तृ० पु० : उप्पज्जेसइ, करेसइ, जाएसइ, पडिहहि, भमेसइ, लेसइ, विज्झाएसइ, होसइ।
बहुवचन : होएसहिं, होसंति।

आज्ञार्थ

द्वि० पु० : करउ, करहु, करि, करु, कहु, जाणाहि, जाहि, भणु।

विध्यर्थ

उ० पु०

द्वि०पु० : करिज्जहि, दिक्खंकहि, दिज्जहि, देहि, देहु, पव्वज्जहि, पेक्खु, पेक्खहु, भणहि, भक्खिज्जउ।
बहुवचन : करहु

तृ० पु० : किज्जउ, जयउ, दिज्जउ विजयंतु, होउ।

कर्मणि प्रयोग

अच्छिज्जइ, आयण्णियइ, कवलिज्जइ, कहिज्जइ, किज्जइ, किज्जउ, जणिज्जइ, जाणिज्जइ, जाणियइ, दलिज्जइ, दिज्जइ, धरिज्जइ, पाविज्जइ, भणिज्जइ, भाविज्जइ, विण्णप्पइ, वुच्चइ, सुमरिज्जइ।

कृदंत

वर्तमानकृदंत—अत्थंत, अप्पंत, अहिलसंत, अमुणंती (स्त्री०), आसीण, आलोइयंत, उच्छलंत, जाणंत, जूरंत नासंत, पहसंत, पंडुरिज्जंत, लग्गंत, विहसंत, झायमाण, धावमाण, पढमाण, सोहमाण।

भूतकृदंत—आलिंगिउ, किउ, कियउ, गय, गयउ, जायउ, थक्कउ, थिउ, दिट्ठउ, दिण्णं, दिक्खंकिउ, मुयउ, वण्णियउ।

विध्यर्थ कृदंत—अच्छेवउ, अणुचेट्ठेवउ, करिव्वउ, जाएव्वउ, होएव्वउ, संचेवाई, मंचेवाई।
हेत्वर्थ कृदन्त—अणुसासिउं, अहिणेउं, गंतुं, गंतूण (गतमर्थं) जिणेवप्पु, पवोत्तुं।
संबंधक या पूर्व कृदंत—अंचवि, अडोहिय, अणुमण्णिवि, संरेवि, अप्पिवि, आयण्णिवि, आयण्णिवि; उप्पाइवि, करवि, करिवि, खंचवि, गंपि, जणवि, तरवि, नमंसेवि, पइसरेवि पइसिवि, पेक्खवि, पेक्खिवि; वइसरेवि, वंचिवि भणवि, मेल्लवि, मेल्लिवि, मेल्लेवि
ऊणः तज्जिऊण, मुत्तूण; प्पिणु : आउच्छेप्पिणु करेप्पिणु, जाएप्पिणु, देप्पिणु, पणवेप्पिणु मरेप्पिणु, हरेप्पिणु, होएप्पिणु; विणुः उट्ठेविणु, देविणु, लएविणु।

धातुएँ

प्रे० धातु—कारियं, नच्चावइ, नच्चाविय (विशे०) बुज्झाविउ (विशे०) पइसारइ, पाविज्जइ।
पौनःपुन्यदर्शक धा०:—पेक्खु-पेक्खु, बल-बल, वलु-वलु।
नामधातु : फुक्कारइ, सद्दावइ, हक्कारइ।
ध्वनिधातु[1]—करयरइ, कसमसइ, कुलकुलइ, गडयडइ, गुमगुमइ, घवघवइ, छमछमइ, रणरणहि, डमडमिय, तडतडिय, घुमघुमिय, सलसलिय

उपर्युक्त प्रकारसे प्रस्तुत काव्यमें प्रयुक्त स्वरों, व्यंजनों, उनके परिवर्तनों, विकारों, 'य' 'व' श्रुति आदि नियमों, कारक व क्रिया रूपों, तथा तद्धित और कृदंत प्रत्ययों आदिका विश्लेषण 'जंबूसामिचरिउ' की भाषा और व्याकरणका स्वरूप स्पष्ट कर देता है।

९. वीर तथा अन्य कवि

(क) 'जंबूसामिचरिउ' पर पूर्वकालीन संस्कृत, प्राकृत एवं अपभ्रंश कवि तथा साहित्यकारोंका प्रभाव : अश्वघोष, कालिदास, प्रवरसेन, बाण, भवभूति, स्वयंभू(७००ई०), सोमदेव, पुष्पदंत, और गुणपाल।

(ख) 'जंबूसामिचरिउ' का पश्चात्कालीन संस्कृत, प्राकृत एवं अपभ्रंश कवियोंपर प्रभाव : नयनंदि, रइधू, ब्रह्म जिनदास और राजमल्ल।

प्रायः उच्चकोटिका प्रत्येक कवि-साहित्यकार अपने पूर्ववर्त्ती महाकवि एवं साहित्यकारोंसे अपनी रचनामें अनेक प्रभावोंको ग्रहण करता है। ये प्रभाव काव्यके शरीर जैसे शब्द-संचय, पद-संघटन और अलंकार योजना आदिपर भी कार्य करते हैं; और काव्यकी आत्मा, जो उसकी शैली गुण, रस, भाव, कथावस्तु एवं काव्यात्मक कल्पनाएं हैं, उनपर भी। और इस प्रकारसे धीरे-धीरे काव्यके शरीर और उसकी आत्माका अलंकरण-उद्योतन करनेके हेतु जिन तत्त्वोंका बार-बार अनेक महाकवियों-द्वारा प्रयोग किया जाता है, वे ही तत्त्व काव्य-साहित्य-भवनके मूल आधार स्तंभ बन जाते हैं। उन्हींको हम 'साहित्य-शास्त्रके सिद्धांत' रूपसे स्वीकार करने लगते हैं। हिंदीके रीतिकालीन साहित्य तक प्राचीन एवं मध्यकालीन संपूर्ण भारतीय साहित्य इन्हीं सिद्धांतोंकी भित्तिपर खड़ा हुआ है। 'जंबूसामिचरिउ'का रचयिता कवि वीर सब अर्थोंमें रीतिबद्ध कवि है। अतः उसने अपनी रचनामें रीति अर्थात् साहित्यशास्त्रके सिद्धांतों विषयक उन सभी आदर्शोंका ग्रहण और पालन किया है जो उसके पूर्वकालीन महाकवियोंने स्थापित और पोषित किये थे। इसीलिए वीर कविकी रचनामें जहां सभी प्रमुख रसों, भावों, माधुर्यादि गुणों, वैदर्भी आदि रीतियों एवं उपमा, उत्प्रेक्षा, अनुप्रास, अतिशयोक्ति आदि अलंकारोंके सुंदरसे सुंदर प्रयोग व उदाहरण उपलब्ध होते हैं, वहीं ऐसी अनेक काव्य कल्पनाएँ, भावनाएँ एवं वर्णन भी मिलते हैं, जो प्रमुख प्राचीन साहित्यकारोंकी रचनाओंसे कहीं शब्दतः, कहीं अर्थतः और कहीं भावात्मक दृष्टिसे समानता रखते हैं।

---

१. ध्वन्यात्मक शब्दकोश।

'जंबूसामिचरिउ'पर प्राचीन साहित्यकारोंके इस प्रभावको तुलनात्मक संदर्भोंके साथ यहाँ प्रस्तुत किया गया है—

अश्वघोष (प्र० श० ई० पू०) और वीर

यह पहले कहा जा चुका है कि 'जंबूसामिचरिउ'की मुख्य कथावस्तुमें भवदत्त-भवदेवकी कथापर सौंदर नंदके भगवान् बुद्ध और नंदकी कथाका प्रभाव बहुत गहरा और स्पष्ट है। नंदको घर वापस न लौटने देनेके लिए बुद्धके द्वारा उसके हाथमें अपना रिक्त भिक्षा-पात्र देने और ठीक उसी प्रकार जंबूसामिचरिउमें 'भवदेवके विवाहके समय ही मुनि भवदत्तका उसके घर आना एवं भिक्षा ग्रहण करनेके उपरांत मुनिके आदर एवं लोकमर्यादाके रक्षार्थ भवदेवका अत्यंत अनिच्छापूर्वक, प्रतिक्षण घर लौट चलनेको सोचते-सोचते मुनि भवदत्तके पीछे चलना', इस प्रसंगसे लेकर एक ओर भवदेव तथा दूसरी ओर नंदको सच्चा बोध एवं वैराग्य प्राप्त होने तकके वृत्तांतोंका मिलान निम्न संदर्भोंके अनुसार किया जा सकता है :—

	जंबूसामिचरिउ	सौंदरनंद
अग्रजके साथ जाना	२.१२.४	५.२ पूर्वार्द्ध
	२.१२.५	५.११ पूर्वार्द्ध एवं ५.१९
	२.१२.१२	५.२०
भवदेवकी दीक्षा :	२.१४.१-३	५.१५,३४,५१ नंदकी दीक्षा
अंतर्द्वंद्व व पत्नीका ध्यान :	२.१३.५-६,९-११; २.१४.५-१२; २.१५.१-४ १०-१९;२. १६.१-९;२.१७.८-९	४.४२,४५,५.१९,५,५०; ७.१६,१७,४७, ५२; नंदका अंतर्द्वंद्व
भवदेवको नागवसूका उपदेश—	२.१८.४-१६	नंदको भिक्षुका उपदेश ८.२१,४७,४८,५२,५४; ९.६,२६,२९,४८

इन संदर्भों और संदर्भगत भावनाओं एवं वातावरणपर जितनी ही गहराईसे विचार किया जाय उतना ही यह विचार पुष्टतर होता चला जाता है कि भवदत्त-भवदेवका कथानक सारी जैन-परंपरामें और भवदेवका अंतर्द्वंद्व वीर कविने अवश्यमेव सौंदरनंद काव्यसे ही ग्रहण किया है।

कालिदास और वीर

वीरकी रचनामें आत्मनिवेदन, जंबूका जन्म, जंबूको देखकर पुरनारियोंकी काम-विह्वल अवस्था और विक्षोभ, सेनाके प्रयाणके समय धूलिका उड़ना और शांत होना तथा युद्ध-वर्णन इन-विषयोंपर कालिदासके रघुवंश एवं कुमारसंभव महाकाव्योंका प्रभाव स्पष्ट दिखलाई पड़ता है। उनके तुलनात्मक संदर्भ निम्न-प्रकार हैं :—

जंबूसामिचरिउ	कालिदास : रघुवंश तथा कु० स०
आत्मनिवेदन १.३.७-१०	वही : १.२-४ रघुवंश
भवदत्त-भवदेवका परस्पर स्नेह २.५.९	शिवपार्वती संयोग, रघुवंश १.१
जंबूका जन्म ४.८.१-२, १२ १४	रघुका जन्म, रघु० ३.१५; एवं कार्तिकेयका जन्म कु० स० ११.३७-३८
जंबूस्वामीके दर्शनसे पुरनारियोंकी विह्वलता ४.११.८-११	रघुदर्शन (रघु० ७.५-९; ७.१२) तथा कार्तिकेयके दर्शनसे नारियोंकी अवस्था, कु० स० ७.५७

सेना प्रयाण और धूलि उड़ना ५.७.१-५.६.५.४-८	रघुकी दिग्विजय यात्रामें युद्धके समय उड़ी धूलि। रघु० ७.३९.४१, ४२, ४३
वंसतवर्णन ४.१-५.१४	वही : कु० स० ३.३२
श्रेणिककी राजसभाका वर्णन ५.१.१६-१८	रघुके प्रभावका वर्णन रघु० ९.१३
श्रेणिक राजाका वर्णन १.११.१७-१८ गाथा ५	सुदर्शन राजाका वर्णन रघु० १८.४४
युद्धवर्णन ६.५ से ६.१०; ७.१; ७.६	वही : कु० स० १६.२; २९,३०,३२,३९,४९; १७.
माया युद्ध ६.१४.१-४, ७ ९.५-११।	१६, १९, २२, १६.२६, ३५, ३७, ३९, ४१-४५
युद्धवर्णनमें कुमारसंभवके १६वें और १७वें सर्गों-की सर्वत्र छाया तथा उल्लिखित संदर्भोंमें बहुत अधिक साम्य है।	

प्रवरसेन (लगभग ४५० ई०) और वीर

वीर कविने अपनी रचनामें जिन थोड़ी-सी कृतियोंके नामोल्लेख (जं० सा० च० १.३) किये हैं, उनमें प्रवरसेन कृत सेतुबंध भी एक है; और उसके रचियताको महाकवि कहकर वीरने प्रवरसेनके प्रति अपना सम्मान प्रदर्शित किया है। प्रभावकी दृष्टिसे निम्न संदर्भ उल्लेख्य हैं :—

जंबूसामिचरिउ	सेतुबंध
३.१२.१-२ वसंत वर्णन	१.३५-३६ हनुमानागमन
५.७.१-५ सेनाके प्रयाणसे उड़ती हुई धूलिसे मध्याह्नमें ही सूर्यास्तका दृश्य	१३.३९, १३.६१ युद्धमें उड़ती हुई धूलिका दृश्य
७.१२ विद्याधर सैन्यके पराजयका दृश्य। इन उल्लिखित संदर्भोंके अतिरिक्त ६वीं और ७वीं संधियोंमें युद्ध-पुनर्युद्धके वर्णनपर सेतुबंधके १३वें आश्वासका प्रभाव परिलक्षित होता है।	१३.७५ राक्षस सैन्यके पराजयका दृश्य

बाण (७वीं शती ई०) और वीर

हर्षचरितकार महाकवि बाणका भी कुछ प्रभाव 'जंबूसामिचरिउ' की रचनामें दृष्टिगोचर होता है। *निम्नलिखित प्रसंग विशेष रूपसे उल्लेखनीय हैं :—*

जंबूसामिचरिउ	हर्षचरित
१.२.१४-१२ चोर कवि	१.६ चोर कवि
१.११.१५-१८ श्रेणिकका प्रताप वर्णन	उच्छ्वास ४, हि० अनु० पृ० १५५, हर्षका प्रताप वर्णन
५.१३.१६-२१ क्रोध और क्रोधीकी निंदा	उच्छ्वास १, हिंदी अनु० पृ० ११-१२, दुर्वासाके क्रोध-की निंदा।

भवभूति (८वीं श० ई० पूर्वार्द्ध, लगभग ७००-७३३ ई०) और वीर

भवभूतिकृत उत्तररामचरितके पाँचवें अंकमें चंद्रकेतु और लवके युद्ध वर्णनका भी कुछ प्रभाव जंबूसामिचरिउपर दिखाई देता है। निम्न उद्धरण मिलाकर देखिए :—

जंबूसामिचरिउ	उत्तररामचरित
जंबू और रत्नशेखरकी वार्ता	चंद्रकेतु और लवकी वार्ता
जं अट्टसहसपहरणकराहँ	
मारविय वरविज्जाहराहँ ।	भो भो लव महाबाहो किमेभिस्तव सैनिकैः ।
हेंवाइउ इय सुहडत्तणेण	एषोऽहमेहि मामेव तेजस्तेजसि शाम्यतु ॥ (५.७)
चारहडि म मण्णमि एत्तडेण ।	
अह अत्थि अंगि तउ जुज्झ गव्वु	
तो बच्चउ सेण्णु नियंतु सव्वु ।	तत्किं निजे परिजने कदनं करोषि
तुज्झु वि मज्झु वि संगामु होउ	नन्वेष दर्पनिकषस्तव चन्द्रकेतुः ॥ ५.९ अंतके दो चरण
अज्जु वि मा मरउ वराउ लोउ । ७.७.५-७	

इन उद्धरणोंमें परिस्थिति और वातावरण एवं पात्रोंके अनुसार जो परिवर्तन किये गये हैं वे सरलतासे समझे जा सकते हैं। जंबूसामिचरिउमें पक्षमें जंबू हैं, और विपक्षमें रत्नशेखर नामक दर्पिष्ठ व दुष्ट रत्नशेखर। उत्तररामचरितमें पक्षमें हैं चंद्रकेतु और विपक्षमें अबतक अज्ञात स्वयं रामपुत्र लव। अतः पात्रोंके स्वभाव, प्रकृति तथा परिस्थितिके अनुरूप वीर कविने अपनी रचनामें संबद्ध प्रसंगमें उचित परिवर्तन कर उसके भावको ग्रहण कर लिया है; और वह यह है कि 'सामान्य सैनिक हमारे-तुम्हारे बल परीक्षाकी वास्तविक कसौटी नहीं हैं। अतः ये बेचारे व्यर्थ क्यों मरें? केवल हमारा तुम्हारा युद्ध हो जाय। उसमें हम लोगोंकी वास्तविक शक्तिपरीक्षा हो सकेगी।' जंबूसामिचरिउ (७.९) में जंबू और विद्याधरके आग्नेयास्त्र और वारुणास्त्र युद्धमें भी उ० रा० च० (६.६ के उपरांत गद्य) की कुछ छाया देखी जा सकती है।

स्वयंभू (लगभग ७०० ई०) और वीर

वीरने महाकवि स्वयंभूका उल्लेख (जं० सा० च० १.२; ५.१) अत्यंत आदरपूर्वक और अपभ्रंशके प्रथम श्रेष्ठ कविके रूपमें किया है। जंबूसामिचरिउपर उनके पउमचरिउका प्रभाव निम्न दो स्थलोंपर अत्यधिक स्पष्ट है। स्वयंभू कृत राजगृह वर्णनको वीर कविने पर्याप्त विस्तार करके मगध देशके वर्णनके रूपमें अपनी रचनामें समाविष्ट कर लिया है। मिलाने योग्य प्रसंग हैं :—

वीरका आत्मनिवेदन १.३.१-६	स्वयंभूका आत्मनिवेदन प० च० १.३, २३ १.२-५, ९-१०
वीरकृत मगधवर्णन १.६-७-८	स्वयंभू कृत राजगृह एवं मगध वर्णन (प०च०१:४-५)

इनके अतिरिक्त सैनिक कार्यों (ज० सा० च० ५.६; प० च० ६३·१) तथा अनेक देश नामोंमें भी साम्य है। प० च० (६५.१ और ६६.९) के युद्धवर्णनोंमें १, २ पंक्तियोंकी छाया भी वीरके युद्धवर्णनमें दिखलाई पड़ती है।

सोमदेवसूरि (वि० स० १०वीं शती) और वीर

सोमदेव कृत यशस्तिलकचम्पू (रचनाकाल वि० सं० १०१६) भारतीय साहित्यका एक अनमोल एवं अनुपम रत्न है। 'गद्यं कवीनां निकषं वदन्ति' यह उक्ति इस रचनामें उसी प्रकार चरितार्थ होती है, जिस प्रकार कि बाणकृत हर्षचरित और कादंबरीमें। अपभ्रंश महाकवि पुष्पदंत इनके लगभग समकालीन रहे हैं। पुष्पदंत कृत महापुराणकी रचना सोमदेव कृत यशस्तिलकचम्पूसे छह-सात वर्ष बादकी तथा जसहरचरिउ एवं णायकुमारचरिउ और भी पीछेकी रचनाएँ हैं। अतः प्रतीत होता है कि पुष्पदंतने अपने

'जसहरचरिउ' की संपूर्ण कथावस्तु यशस्तिलकसे ली है। हाँ, पुष्पदंतकी काव्यप्रतिभा अपनी अद्वितीय है, यह निर्विवाद तथ्य है। वीर कृत 'जंबूसामिचरिउ' की रचनामें यशस्तिलकका प्रभाव निम्न-संदर्भोंमें विशेष रूपसे दिखाई पड़ता है :—

जंबूसामिचरिउ	यशस्तिलकचंपू
चोरकवि १.२ १४.१५	वही : १.१३
कय अण्णवण्ण परियत्तणु वि····	कृत्वा कृतीः पूर्वकृताः पुरस्तात् प्रत्यक्षरं ताः पुनरीक्षमाणः। तथैव अल्पेदथ सोऽन्यथा वा स काव्यचौरोऽस्ति स पातकी च।
कवि और काव्य : कव्वु जे कइविरयइ एक्कगुणु····१.२.८	१.१६
वही : चिरकइकव्वामयमुहाण···· ७.१गाथा १	१.३३
वही : विजयंतु जए कइणो···· १.६.७-८	१.२५
१.५.१०-१५ एवं १.१८.२०-२१ संस्कृत पद्य	
आत्मनिवेदन : एक्कु जे पाहाणु हेमु जणइ···· १.२.९	१.२८
कवि और काव्य : तुम्हेहिं वीर कव्वं····चिरकव्वतुलातुलियं ९.१ गाथा १-२	१.२९
वही : विहवेण रायनियडत्तणेण···· १०.१ गाथा १-२	१.३०
आत्मनिवेदन : करजोडिवि विउसहो अणुसरमि····। अवसद्दु नियवि मा मणि धरउ···। १.२.६-७	१.३६
वसंत वर्णन : मलयपवनके पक्षमें : कुंतलि कुंतलभरपत्तलणु ४.१५.११	राजाके पक्षमें : कुन्तलकान्तालकभङ्गनिरत १.२११

पुष्पदंत (११वीं शती विक्रम पूर्वार्द्ध) और वीर

अपभ्रंश महापुराण (रचनाकाल वि० सं० १०२२), जसहरचरिउ एवं णायकुमारचरिउके रचयिता महाकवि पुष्पदंत अपभ्रंशके मूर्द्धन्य कवि हैं। ये ही दूसरे व्यक्ति हैं, जिनका नाम स्वयंभूके पश्चात् द्वितीय-कवि (जं० सा० च० ५.१) के रूपमें वीर कविने अत्यंत आदरपूर्वक लिया है। और यह सच भी है कि अपभ्रंश साहित्यके इतिहासमें रचनाओंकी साहित्यिक उत्कृष्टताकी अपेक्षासे स्वयंभूके उपरांत स्वतः पुष्पदंतका नाम मुखपर आ जाता है। जंबूसामिचरिउकी रचनामें पुष्पदंतके महापुराण और णायकुमारचरिउका प्रभाव अत्यंत व्यापक और गहरा परिलक्षित होता है। देश-ग्राम अटवी एवं नारीका नख-शिख वर्णन, सुंदर नायकके दर्शनसे पुरनारियोंकी विह्वलता, युद्ध, नायकका गृहत्याग आदि सभी प्रकारके वर्णनोंपर पुष्पदंतके ऐसे वर्णनोंकी गंभीर छाप सर्वत्र झलकती है। उदाहरणार्थ निम्न संदर्भ प्रस्तुत हैं:—

जंबूसामिचरिउ	पुष्पदंत
१.६.१६–१.८.८ मगध देश वर्णन[1]	वही : णा० कु० च० १.६.४-११
५.९.१, ३-१० विंध्य देश वर्णन	जस० च० संधि १ यौधेयभूमि वर्णन

१. मगध देशका वर्णन स्वयंभू, पुष्पदंत और वीर तीनोंने लगभग एक समान, पर एकसे दूसरेसे बदले हुए क्रमसे किया है।

तथा ३.१.१८-१९ पुष्पलावती विषय वर्णन	'भंवररोमंथणचलिय.....से लगाकर जहिं उच्छुवणइं रससंदिराइं ... . जहिं जणवणकणपरिपुण्णगाम पुर-णयर-सुसीमाराम-साम'; तक तथा ज० च० मालव-ग्राम वर्णन : 'जहिं हालिणिकवणिवद्धचक्खु.....से लगाकर चगउ दक्खालिवि वयणचंदु' तक
५.८.३१-३४ विंध्याटवी वर्णन	णा० कु० च० ८.३.८ विजय नगरके समीप नंदनवन
१.१२.१-५ श्रेणिककी रानियोंका सौंदर्य वर्णन तथा ४.१२.१५-१६ एवं ४.१३ कन्या सौंदर्य वर्णन	णा० कु० च० १.१७.८ से १२, १५-१६ कन्या-सौंदर्य वर्णन
४.१०.८ से ४.११.१३ जंबूके दर्शनसे पुरनारियोंकी विह्वलता	महापुराण ८.३.२-३ वसुदेवके दर्शनसे नारियोंका कामोन्माद एवं णा०कु०च० ५-८ नागकुमारके दर्शनसे काश्मीरकी नारियोंकी मदनोन्मत्तता
५-१.१९ राजदरबारका प्रतिहार	जम्बू० च० वही तहिं अवसरि पडिहारें वरेण कणयमयदंडमंडियकरेण।
युद्धवर्णन :—	
५.१३.१-५ जंबूका दौत्य और रत्नशेखरको विलासवतीके लिए दुराग्रह एवं दुर्नीतिको छोड़नेके लिए प्रेरणा तथा उसकी भर्त्सना	णा० कु० च० ७-१३-५-६ नागकुमार-द्वारा अलंघ-नगरके राजाकी भर्त्सना भणियं कुमारेण कयतियसतोसेण पाविट्ठ लद्धो सि एएण दोसेण। परधरणि परतरुणि परदविण कंखाए मरिहिसि दुच्चार-खलचोरसिक्खाए।
६-९. ३-९; ७-५. १-१४, ७-६ युद्ध	णा० कु० च० ७.७ गिरिनगरमें युद्ध भडमुहमुक्क..... मोडियछत्तदंडधयसंडइ ..... मुंडखंडखाविय चामुंडइं.....
६.८.५-७; ६.१०.१—४; ७.१. १०-२२ युद्ध भूमिका दृश्य	णा० कु० च० ४.१०; ४.१५.१-८ युद्ध एवं युद्ध-भूमिका दृश्य
७.१० जंबू-रत्नशेखर युद्ध	णा० कु० ५.४ नागकुमार-दुर्वचन युद्ध
८. ४. ५-८ सत्पुत्रलक्षण	,, ७.१५.७-१० नागकुमारके जन्मकी सार्थकता
९. १४.६-७ पुत्रके वैराग्य लेनेकी संभावनासे माँकी विकलता[1]	म० पु० ८३.७ वसुदेवके गृहत्यागसे भावी शिवदेवी-की विकलता
तावेत्तहिं जंबूकुमारजणणि	सिवएवि जेम दुहवियलपाण.....

१. इस प्रसंगको वीरने परिवर्तित रूपमें लिया है। महापुराण (८३.२) में जहाँ नेमिके गृह-त्यागपर माता शिवदेवीके दुःखसे विकल होनेका प्रसंग आता था, उसे पुष्पदंतने पूर्णरूपसे टाल दिया है। वहिक म० पु० ८३.७ में अपने देवर वसुदेवके गृहत्यागपर शिवदेवीकी शोकविह्वलताका मार्मिक वर्णन किया है। वहींसे संकेत ग्रहण कर वीर कविने उसे वहाँसे उठाकर नेमिनाथके गृहत्यागके साथ संबद्ध कर दिया है, जो इस प्रसंगमें अधिक उचित भी है।

गुणपाल (वि० की ११वीं शती या उससे पूर्व) और वीर

'जंबूसामिचरिउ' की कथाकी पूर्वकालीन दीर्घ-परंपरा और कथास्रोतोंके अध्ययन (प्रस्ता०—३ पृ० ३५–३७) में यह कहा जा चुका है कि मूल कथावस्तुके गठन एवं अंतर्कथाओंके चयन इन दोनों ही तत्त्वोंमें वीर कविकी प्रस्तुत रचनापर गुणपाल कृत प्राकृत 'जंबूचरियं'का अत्यधिक प्रभाव है, और यही 'जंबूसामिचरिउ'का आदर्श आधार ग्रंथ है। इसी प्रकार काव्य-रचनामें भी अनेक स्थलोंपर जं० सा० च० पर 'जंबूचरियं'का स्पष्ट प्रभाव दिखाई देता है। मूर्ख हाली (अंतर्कथा क्र० १); कामातुर वानर (कथा क्र० ४) तृषित वणिक् पुत्र (कथा क्र० १०; जंबूचरियं में इंगालदाहक) एवं व्यभिचारिणी वणिक् वधू (कथा क्र० ११; जंबूचरियंमें व्यभिचारिणी रानी, कथा क्र० १६) के आख्यानोंको काव्यात्मक रचनामें भी वीर कविने गुणपालसे बहुत अधिक प्रभाव ग्रहण किया है। इनके अतिरिक्त इन रचनाओंके निम्न संदर्भ तुलनीय हैं :—

जंबूसामिचरिउ	जंबूचरियं
सज्जन स्तुति १.२.३.	वही : १.१८
कविका आत्म-निवेदन, रचनाकी पूर्वपरंपरा : महाकवि-रचित ग्रंथ	वही : १.४१
संध्यावर्णन ८.१४.१३-१५; २१; एवं १०.२५.१०-११ आदि।	वही : ७.११-१२

वीर और नयनंदि

जं० सा० च० की प्रस्ता०—२, पृ० १३ पर यह लिखा गया है कि "वीर कविका समय वि० सं० ११०० से पूर्व होनेका एक अति प्रबल एवं अकाट्य प्रमाण यह है कि वि० सं० ११०० होनेवाले मुनि नयनंदिके 'सुदंसणचरिउ' पर 'जंबूसामिचरिउ'का अत्यंत गंभीर और प्रचुर प्रभाव दृष्टिगोचर होता है।" वहाँ इस कथनकी परीक्षाका स्थान न होनेसे इसकी पुष्टि नहीं की जा सकती थी। यहाँ नयनंदिकी रचना-पर 'जंबूसामिचरिउ' के प्रभावकी जाँच विस्तारसे की जा सकती है।

मुनि नयनंदिने अपने 'सुदंसणचरिउ' की रचना, भोजराजके समयमें, वि० सं० ११०० व्यतीत होनेपर धारा नगरीमें रहकर पूर्ण की थी। 'सुदंसणचरिउ' पर 'जंबूसामिचरिउ'के प्रभावकी जाँच करने हेतु सु० च० की कथावस्तुकी संक्षिप्त जानकारी आवश्यक है। वह इस प्रकार है:—

भ० महावीरकी स्तुति और विनय प्रदर्शनके उपरांत मुनि नयनंदि कथा प्रारंभ करते हैं। मगध-देशके राजगृह नामक नगरमें राजा श्रेणिक राज्य करता था। उसकी महादेवीका नाम चेलना था। एक दिन एक पुरुषने दरबारमें आकर विपुलाचल पर्वतपर भ० महावीरके समोशरण सहित शुभागमनकी सूचना दी। राजाने सेना व प्रजासहित भगवान्की वंदनाके निमित्त प्रस्थान किया। उन्हें विपुलाचलके दर्शन हुए और वे सब भ० महावीरके समोशरणमें पहुँचे। भगवान्की स्तुति-वंदनाके पश्चात् राजा श्रेणिकने गौतम गणधरसे पंचनमस्कार मंत्रके प्रभावके संबंधमें प्रश्न किया। इस प्रश्नके उत्तरमें गौतमने निम्न-लिखित कथा कहनी प्रारंभ की :—

अंगदेशकी चंपानगरीमें धाईवाहण नामका राजा था। उसकी महादेवीका नाम अभया था। इसी नगरमें ऋषभदास नामक सेठ अपनी अर्हद्दासी नामक सेठानीके साथ सुखपूर्वक रहता था। उनके घर सुभग नामक एक सरल हृदय ग्वाल युवक रहता था। एक दिन सुभग गोपने वनमें एक महान् मुनिराजसे पैंतीस अक्षरोंवाला पंच नमस्कार मंत्र सुन लिया और मुनिराजकी तेजस्वितासे प्रभावित होकर हर समय सोते, उठते, बैठते, चलते, जाते, रोते, हँसते दिन-रात उसीका पाठ करने लगा। ऋषभदास सेठने गोपके मुखसे मंत्र सुनकर उसका बड़ा माहात्म्य बतलाया, और श्रद्धा-भक्तिपूर्वक उस मंत्रका पाठ करनेको कहा। एक दिन गंगामें जलक्रीड़ा करते समय सुभग गोप एक हृदय विदारक खूँटमें फँसगया। वह भक्तिपूर्वक णमोकार मंत्रका पाठ करते हुए यह निदान (इच्छा) करके मृत्युको प्राप्त हुआ 'यदि इस मंत्रका कोई

प्रभाव हो तो मरकर मैं पुनः इसी वणिक् कुलमें जन्म लूं।' उसका यह निदान सफल हुआ। उसी रातको सेठानी अर्हद्दासी (जिनदासी) ने 'एक विशाल-पर्वत, नया-कल्पवृक्ष, इंद्रका घर, विशाल समुद्र और जाज्वल्यमान अग्नि', ये पाँच स्वप्न देखे। प्रातःकाल मंदिर जाकर मुनिराजसे स्वप्न-फल पूछनेपर उन्होंने कामदेवके समान सुंदर, यशस्वी और मोक्षगामी (चरम शरीरी) पुत्र होना बतलाया। उचित समयपर शुभ मुहूर्त्तमें पुत्रजन्म हुआ और उसका बड़ा उत्सव मनाया गया। उसका नाम सुदर्शन रखा गया। बाल-क्रीड़ाएँ करता हुआ वह दिन-प्रतिदिन बड़ा होने लगा। समय आनेपर उसे विद्याध्ययनके लिए भेजा गया। उसने नाना विद्याओंमें दक्षता प्राप्त कर ली। उसका शरीर अनेक शुभलक्षणोंसे मंडित था। युवा होनेपर नगरकी कामिनियाँ उसके दर्शन मात्रसे कामरागसे उत्तेजित, विह्वल और विक्षुब्ध होने लगीं। सुदर्शनकी कपिल नामका ब्राह्मणसे मित्रता हो गयी। एक दिन सुदर्शनने सागरदत्त सेठ और सागरसेना सेठानीकी पुत्री मनोरमाको देखा। वह उसपर अत्यंत आसक्त हो गया। मनोरमा भी उसे देखते ही उसपर मुग्ध हो गयी। दोनों एक-दूसरेके विरहमें व्याकुल रहने लगे। सारिद्यूत खेलते समय की हुई प्रतिज्ञानुसार उनके पिताओंने दोनोंका विवाह-संबंध निश्चित कर दिया। दोनों घरोंमें विवाहकी तैयारियाँ होने लगीं। विवाह हुआ, और मध्याह्न कालमें वैवाहिक भोज। उसके उपरांत मुख-शुद्धि आदि। इतनेमें संध्या हो गयी। वर-वधू घर आये। रात्रि हो गयी। वर-वधू दोनोंने यथेच्छ रति-क्रीड़ा की। समय व्यतीत होनेपर उन्हें एक सुंदर पुत्र उत्पन्न हुआ। सुदर्शनके पिता ऋषभ-दासको समाधिगुप्त मुनिके दर्शन कर, उनके धर्मोपदेशसे वैराग्य हो गया। उन्होंने अपने पुत्र सुदर्शनको लोक-व्यवहारकी उचित शिक्षा दी और अपना दीक्षा लेनेका निश्चय प्रकट किया। सुदर्शनने भी दीक्षा लेनेकी इच्छा व्यक्त की। 'सत्पुत्र ही कुलका रक्षक होता है'....आदि रूपसे सुदर्शनको समझाकर, उसे गृहस्थीका भार सौंपकर सेठ ऋषभदासने दीक्षा ले ली। सुदर्शन सुखपूर्वक रहने लगे।

सुदर्शनके मित्र कपिल ब्राह्मणकी स्त्री कपिला उसके रूप-गुणोंकी ख्याति सुनकर उसपर मुग्ध हो गयी। एक दिन कपिलकी अनुपस्थितिमें चतुराईसे उसने सेठ सुदर्शनको अपने घर बुलवाया और उससे अपनी कामेच्छा प्रकट की। 'मैं नपुंसक हूँ' ऐसा कहकर सेठ सुदर्शन वहाँसे बच निकला।

इधर वसंत ऋतुका आगमन हुआ। वनपालने राजाको इसकी सूचना दी। राजाने उद्यान-क्रीड़ार्थ नगर-निर्गमनकी तैयारी की। नाना वाद्योंका मधुर वादन किया गया। राजा-प्रजा सभी उद्यान-क्रीड़ाके लिए गये। सुदर्शनकी पत्नी मनोरमा भी उद्यान-क्रीड़ाके लिए आयी। अभया रानीने उसके सौंदर्य, सौभाग्य एवं पुत्रवती होनेकी अपनी सखी कपिलाके समक्ष बहुत सराहना की। कपिलाने कहा, 'इसका पति तो षंढ है, ऐसा मैंने किसीसे सुना है। फिर इसे पुत्र कहाँसे हुआ।' कपिलाके यह कहनेसे उसका रहस्य खुल गया। उसने रानीके समक्ष स्वीकारोक्ति की। इसपर रानीने उसकी बुद्धिका बड़ा उपहास किया, और कपिलाके व्यंग्य करनेपर यह दुष्प्रतिज्ञा की 'या तो मैं सेठ सुदर्शनसे रमण करूँगी, या फाँसीमें लटककर प्राण दे दूंगी'। प्रेमियोंने खूब उपवन क्रीड़ा की। परस्पर छलोक्तियाँ कही गयीं। तदुपरांत सरोवरमें जलक्रीड़ा की गयी। यथेच्छ क्रीड़ा करके सब लोग नगरको लौट आये।

अभया रानी सुदर्शनके विरहमें दिन-रात झूरने लगी। अंतःपुरकी पंडिता नामक धायने उसकी यह दशा देख, इसका कारण पूछा, और उसे जानकर अभया रानीको अपने कुनिश्चयसे टालनेका बहुत सत्प्रयास किया। अभयाने अपना दुराग्रह नहीं छोड़ा। हारकर पंडिताने सुदर्शनको महलमें लानेकी योजना बनायी। एक अष्टमीके दिन जब सुदर्शन सेठ रात्रिमें श्मशानमें ध्यानस्थ बैठा था, पंडिता वहाँ गयी। सुदर्शनको बहुत प्रलोभन दिये, पर सुदर्शनने अपना ध्यान नहीं तोड़ा। तब पंडिता उसे सशरीर कंधोंपर डालकर उठा ले गयी और पुतलेके बहाने रानीके अंतःपुरमें पलंगपर ले जाकर बैठा दिया। अभया रानीने सुदर्शनको बहुत प्रलोभन दिये। स्त्रीसुलभ सभी काम-चेष्टाएँ कीं। डराया धमकाया भी। पर सुदर्शन ध्यानसे नहीं डिगा। तब हारकर रानी उसे वापस श्मशानमें पटकनेको चली। इतनेमें सूर्योदय हो गया। अब रानीने अपनी प्राणरक्षाके निमित्त स्त्री-चरित्र किया। अपने सारे शरीरको नखोंसे नोच

डाला, केश बिखीर्ण कर लिये, वस्त्र फाड़ लिये और शोर मचा दिया कि यह दुष्ट सुदर्शन न जाने कहाँसे आकर मुझसे बलात्कार करनेपर तुला हुआ है। राजाको यह समाचार मिलते ही उसने अपने भटोंको सुदर्शनको पकड़कर मार डालनेकी आज्ञा दे दी।

इधर सुदर्शनके धर्मध्यानके प्रभावसे एक व्यंतर उसकी रक्षाको आ गया। उसकी माया-निर्मित सेना और राजाकी सेनामें बड़ा भयानक युद्ध हुआ। भटोंकी पत्नियोंने वीरतापूर्ण कामनाएँ व्यक्त कीं। फिर राजा और व्यंतरमें युद्ध हुआ। दोनोंने एक दूसरेको खूब ललकारा। राजाने व्यंतरको एक दो बार घायल और मूर्च्छित भी कर दिया। पर अंतमें अपनी मायासे व्यंतरने राजाको परास्त कर दिया, और सेठ सुदर्शनसे अपनी प्राणरक्षाके निमित्त क्षमा माँगनेको कहा। राजाने सुदर्शनसे क्षमा माँगी। व्यंतरने राजाको अभयाकी सारी सत्य-कथा सुनायी। इसके बाद राजाने सुदर्शनको आधा राज्य आदि देनेके अनेक प्रलोभन दिये, पर सेठ सुदर्शनको वैराग्य हो गया और उसने जीवन तथा संसारकी क्षणभंगुरता जानकर दीक्षा ले ली। अभया रानीने फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली, और मरकर एक व्यंतरी हो गयी।

पंडिता धाय भागकर पाटलिपुत्र पहुँची और देवदत्ता गणिकाके यहाँ रहने लगी। उसने उसे मुनि सुदर्शनका वृत्तांत सुनाया। यह सुनकर देवदत्ताने भी सुदर्शन मुनिसे रमण करके दिखलानेकी प्रतिज्ञा की। मुनि सुदर्शन घूमते-घूमते पाटलिपुत्र आये और भिक्षार्थ नगरमें गये। देवदत्ता गणिकाने दासीसे कहकर उन्हें घरमें बुलवा लिया। पहले उन्हें स्त्रीसुखके सारे प्रलोभन दिये। फिर तीन दिनों तक उन्हें घरमें बंद करके वेश्यासुलभ सभी कामचेष्टाएँ कीं। अंतमें निष्फल, निराश होकर मुनि सुदर्शनको ध्यान-चिंतनकी अवस्थामें श्मशानमें पटकवा दिया।

इस प्रकार जब मुनि सुदर्शन ध्यानमें लीन थे, उसी समय अभया (रानी) व्यंतरीका विमान आकाशमार्गसे जाते हुए मुनि सुदर्शनके ऊपर आकर ठहर गया। उसने इसका कारण जाननेके लिए सब ओर देखकर नीचे सुदर्शनको ध्यानस्थ देखा। उन्हें देखकर उसे महान् रोष हुआ, और अपना पूर्वभव (रानीका जन्म) स्मरण हो आया। उसने अपने भूत-वैतालों सहित मुनिपर भयानक उपसर्ग करने प्रारंभ कर दिये। यहाँ भी उसी व्यंतरने आकर मुनिकी रक्षा की और उस व्यंतरीको पराजित कर भगा दिया। ध्यानावस्थित मुनिको कुछ ही समयमें केवलज्ञान हो गया। इंद्रादि देवोंने उनकी पूजा-वंदना की। मनोरमाने भी दीक्षा ले ली, और तप करके मरकर स्वर्ग गयी। सुदर्शन मुनि आठों कर्मोंका नाश कर मोक्षको प्राप्त हुए।

'सुदंसणचरिउ' की इस संक्षिप्त कथावस्तुके अध्ययनसे हमें ज्ञात होता है कि यद्यपि इस कथाका केंद्रीय तत्त्व 'स्त्रीका किसी पर-पुरुषपर अनुचित अनुराग' है, तथापि जिस रीतिसे 'सुदंसणचरिउ' की कथाका काव्यात्मक वर्णन और विकास किया गया है, 'जंबूसामिचरिउ' की कथावस्तुसे मिलान करने-पर उसमें आदिसे अंत तक 'जंबूसामिचरिउ' की काव्यात्मक शैली, वर्णनक्रम और वस्तु-व्यापार वर्णनोंका अत्यंत स्पष्ट प्रभाव परिलक्षित होता है। इन्हें समानांतर वर्णनोंके संदर्भमें निम्नप्रकारसे दिखाया जा सकता है:—

जंबूसामिचरिउ	सुदंसणचरिउ
भ० महावीरकी स्तुति १. मं० ५-६; १.१.५	वही १.१.५-६
कवित्व, त्याग और पौरुषसे यशकी उपलब्धि ८.८. ६-७	वही १.१. १४
कवि विनय १.३.१. ७	वही १.२.१-३
नगरवर्णन १.६. २४-२५	वही १.२. १३-१४
राजगृह वर्णन १.८.९	वही १. ३.९
हस्ति-उपद्रवका दृश्य ४.२१.१३-१७	भगवद्दर्शनार्थ सैन्यप्रयाण १.७.९-११

श्रेणिकका विपुलाचलदर्शन १.१५.१०-१२; १.१६.३	वही १.८.६-१०
श्रेणिकका कुरुजपर्वतको देखना ५.१२-१५	श्रेणिकका विपुलाचल दर्शन १.८.१-५
संवाहन नगर वर्णन ८.३.६-९	चंपापुर वर्णन २.३.२,३,७
सुदृयवीरकथाका उल्लेख १.४.४	सुदृयकथाका उल्लेख ३.१.७
जंबूके दर्शनसे पुर-नारियोंकी कामोत्तेजना ४.११.१२-१३	वही (सुदर्शनके दर्शनसे) ३.११.२-५
पद्मश्री आदि चार कन्याओंका सौंदर्य ४.१४.५-६	मनोरमाका सौंदर्य ४.२.१
जंबूके माता-पिता : सेठ ऋषभदास-जिनमती	सुदर्शनके माता-पिता : सेठ ऋषभदास-अर्हद्दासी (जिनदासी)
जंबूकी पत्नी पद्मश्रीके पिताका नाम : सागरदत्त	सुदर्शनकी पत्नी मनोरमाके पिताका नाम : सागरदत्त
ऋषभदास और सागरदत्तादिश्रेष्ठियोंकी विवाह संबंधी-वार्त्ता ४.१४.११-२१	वही ५.२.५-६; ५.३.४-१०
विवाहकी तैयारी ४.१५.१-५	वही ५.४.७-९
विवाह-आगमन और विवाह ८.१२.३-४	वही ५.५.१-२
पद्मश्रीकी रागात्मक उक्ति ८.११.१०	वर-वधू-मिलन ५.५.६; एवं जलक्रीड़ा ७.१७.१०
मध्याह्नकालमें वैवाहिक भोज ८.१३.८-१५	वही ५.६
भोजनके उपरांत छोड़ा हुआ उच्छिष्ट ८.१३. १४-१५	वही ५.६.१५-१६
भोजनोपरांत मुखशुद्धि ८.१४.१-२	वही ५.७,१-२
संध्या-आगमन ८.१४.८,९,१२	वही ५.७.९-१६
सूर्यास्त ८.१४.५	वही ५.८. १-२
सत्पुत्र लक्षण ८.७.१४-१५; ८.८.९	वही ६.२०.३-१०
वसंत-आगमन ३.११.१४-१५; ३.१२.५, १०-११	वही ७.५.१-४, ११-१२
वनपालसे सूचना मिलनेपर भगवद्दर्शनार्थ प्रयाणकी तैयारी, नाना वाद्य-वादन २.१४	उसी प्रकार वसंतमें उद्यान क्रीड़ार्थ गमनकी तैयारी ७.६
उद्यान क्रीडार्थ गमन ४.१६.१	वही ७.७.३
उद्यान क्रीड़ामें प्रेमियोंकी वक्रोक्तियाँ ४.१७.४,१७	वही ७.१५ ४
मिथुनोंकी जलक्रीड़ा : जलका सुभग युवकके समान आचरण ४.१९.११,२१-२२ एवं ४.१९.१८	वही ७.१७.३-७,१०
कामिनीके नख-व्रण युक्त स्तनोंकी शोभा ४.१९.१५	वही ७.१७.११-१२
लोगोंका सरोवरसे निर्गमन ४.२०.१	वही ७.१७.१९
वेश्यावाटका चित्र ९.१३.१-२, ३-४, ५	वही ८.१९.२, ३, ५,
वधुओंकी कामचेष्टाएँ ८.१६.६-१०	अभयाकी कामचेष्टाएँ ८.२८.३-५, ८-१०
रत्नशेखरकी अप्रमाण सेना-द्वारा केरलकी घेरेबंदी ५.३.७	व्यंतरकी मायानिर्मित अप्रमाणसेना९.१.११
मिथुनोंकी युद्धके समान कामक्रीडा ९.१३.१०, ११, १४-१६	मिथुनोंकी कामक्रीड़ाके समान युद्ध ९.४.३, ६,७,८
युद्धमें धूलिका शांत होना ६.५.२,१०	वही ९.६.९-१०
हस्तियोंपर स्थित जंबू और रत्नशेखरकी शोभा ७.८.६	वही (व्यंतर और राजा धाईवाहन) ९.८. ९-१०
उन्हींका युद्ध : चाप आस्फालन आदि ७.८.८, १०, ११-१२	वही ९.१२.३,४, ६-७

विद्युच्चर मुनिपर व्यंतरीका उपसर्ग और मुनिकी दृढ़ता १०.२६	मुनि सुदर्शनपर व्यंतरीका उपसर्ग और सुदर्शनकी दृढ़ता ९.१७-१९
जंबूको कैवल्य और मोक्ष	सुदर्शनको कैवल्य और मोक्ष

उपर्युक्त संदर्भोंमें इन रचनाओंमें केवल भावात्मक ही नहीं, बल्कि वातावरण, प्रसंग तथा शब्द और अर्थ सभीमें स्पष्ट समानता है।

वीर और ब्रह्म जिनदास

ब्रह्म जिनदासका कुछ परिचय ऊपर आ चुका है।[1] इनका समय वि० सं० १४५० के लगभग है और इनकी अनेक रचनाओंमें जंबूस्वामीचरित (संस्कृत) तथा जबूस्वामीरास भी हैं। इनमें-से जंबूस्वामिचरित (सं०) लगभग शब्दशः 'जंबूसामिचरिउ' का संस्कृत रूपांतर है। 'जंबूस्वामीरास' के संबंधमें उसके उपलब्ध न हो सकनेसे कुछ कहना कठिन है।

वीर और राजमल्ल (वि० की १७वीं शती पूर्वार्द्ध)

पं० राजमल्लकी एक रचना 'जंम्बूस्वामीचरित्रम्' (संस्कृत) है, जिसका रचनाकाल वि० सं० १६३२ है। यह रचना भी कहीं विस्तारसे, कहीं संक्षेपमें 'जंबूसामिचरिउ' का संस्कृत रूपांतर है।

उपर्युक्त दो रचनाओंके अतिरिक्त हेमचंद्र (१३वीं शती ई०) के परिशिष्ट पर्वकी रचना पूर्णतः गुणपालके 'जंबूचरियं'के आदर्शपर की गयी है। संभव है हेमचंद्रको 'जंबूसामिचरिउ' भी उपलब्ध रहा हो। एक महत्वकी बात यह है कि हेमचंद्रके प्रसिद्ध प्राकृत व्याकरणमें जो अनेक दोहे उद्धृत किये गये हैं, उनमें-से कुछ 'जंबूसामिचरिउकी गाथाओंसे पूर्ण समानता रखते हैं। इससे हेमचंद्र-द्वारा वीरकी इस रचनाको देखने व उसका ऋणी होनेकी संभावनाको कुछ अधिक बल मिलता है। वे दोहे निम्नलिखित हैं:—

धवलु विसूरइ सामिअहो गरुआ भर पिक्खेवि।
हऊँ कि न जुत्तउं दुहुं विसिहिं खंडइं दोण्णि करेवि ॥८५॥
महँ वुत्तउँ तुहुं धुरु धरहि कसरेहिँ विगुत्ताइँ।
पइं विणु धवल न चडइ भरु एम्वइ वुन्नउ काइँ ॥१६१॥
पाइ विलग्गी अन्त्रडी सिरु ल्हसिउँ खन्धस्सु।
तो वि कटारइ हत्थडउ बलि किज्जउँ कंतस्सु ॥१९९॥

—डॉ० नामवर सिंह : (हिंदीके विकासमें अपभ्रंशका योगदान, तृ० संस्करण)

इन दोहोंका मिलान क्रमशः जं० सा० च० के ७.६.२६-२७ (गाथा ६); ७.६.२०-२१ (गा०३) तथा ६.३.९-१० से करणीय है।

वीर और रइधू:—अनेक अपभ्रंश ग्रंथोंके कर्ता रइधू विक्रमकी १५वीं शतीके हैं। इन्होंने अपनी दो रचनाओंमें वीरकविका उल्लेख किया है। परन्तु उनकी रचनाओंपर वीरकी कृतिका कितना प्रभाव है, इस संबंधमें कुछ कहना शक्य नहीं है, क्योंकि संपादकको रइधूकी रचनाओंका अध्ययन करनेका सुअवसर प्राप्त नहीं हो सका।

---

१. प्रस्ता०—५

१०. समसामयिक अवस्था

भौगोलिक स्थिति, भारतकी चतुर्दिक् सीमाएँ, पर्वत, वन, वन्य जीवन; ग्राम और ग्रामीण जीवन; नगर और नागरिक जीवन; आर्थिक अवस्था; सामाजिक स्थिति; शिक्षा और साहित्य; एवं धार्मिक स्थिति

प्रत्येक युगका सच्चा साहित्यकार, कवि या महाकवि स्वयं अपने समयकी सामाजिक, राजनैतिक, ऐतिहासिक, भौगोलिक परिस्थितियोंके परिप्रेक्ष्य एवं पृष्ठभूमिके पटपर ही अपने वर्ण्यविषयके कालकी अमुक स्थितिके-चित्रकी रेखाएँ अंकित करता है। वह किसी भी कालकी स्थितियोंका वर्णन करे, परंतु उसके अनुमानका आधार तो उसका वर्तमान ही होता है। इसी वर्तमानके पटपर, उसकी कल्पना रूपी तूलिका मनमाने रंग भर-भरकर नये-नये चित्र बनाती है। उसका सजागरूक यत्न रहता है कि वह पाठकको वर्तमानसे उठाकर उसके मानसको अपने वर्ण्य कालके स्तरपर ले जाये और इस यत्नमें उसे जितनी सफलता मिलती है, वही उसके साहित्यिक साफल्यका मापदंड बनती है। पर सम-सामयिक युगकी स्थितियोंका सही-सही चित्रण भी उसके साफल्यकी उतनी ही महत्त्वपूर्ण कसौटी है जितनी कथा-वस्तुगत वर्ण्य कालके चित्रण की। इस दृष्टिसे वीर कविने तत्कालीन भारतकी भौगोलिक स्थिति, देश, प्रांत और मंडलोंमें विभाजन, प्रमुख पर्वत, नगर, नदियाँ, वृक्ष-वनस्पतियाँ, पशु-पक्षी, दक्षिणसे लगाकर उत्तरपूर्व और उत्तर-पश्चिमके दक्षिणापथके मार्ग और विंध्यके उत्तरमें उत्तरके प्रमुख महाजनपथोंके संबंधमें प्रभूत व प्रामाणिक जानकारी प्रदान की है। देशके तत्कालीन सामाजिक जीवन, व्यापार, कृषि, शिक्षा, साहित्य, सामाजिक रीति-रिवाज एवं धार्मिक विश्वासों तथा ग्रामीण व नागरिक जीवनका सटीक परिचय प्राप्त करनेकी दृष्टिसे भी यहाँ प्रचुर सामग्री उपलब्ध होती है। देशकी राजनीतिक अवस्थाके संबंधमें कविने प्रत्यक्ष तो नहीं परंतु अप्रत्यक्ष रूपसे जो संकेत दिये हैं, उनसे तत्कालीन मालवाकी राजनीतिक अवस्थाका अच्छा बोध हो जाता है। परंतु देशके शेष भागोंमें इस दृष्टिसे कैसी अवस्था थी, इस विषयमें जं० सा० च०से कोई सामग्री उपलब्ध नहीं होती।

भौगोलिक स्थिति

भारतवर्षके भौगोलिक विभाजनोंका कविका ज्ञान विशद और प्रामाणिक था। इसकी अनुभूति हमें 'जंबूसामिचरिउ'की नवम संधिके अंतमें विद्युच्चरके यात्रा-वर्णन अथवा देश-दर्शनके रूपमें उपलब्ध होती है। इस बहाने कविने अपने महाकाव्यमें मात्र 'देशदर्शन' विषयक रूढ़िका पालन ही नहीं किया, अपितु विक्रमकी ग्यारहवीं शतीके भारतका भौगोलिक मानचित्र हमारे सामने खींच दिया है। इस विषयमें उसने बृहत्संहिताकार वराहमिहिरका अनुकरण नहीं किया, क्योंकि संपूर्ण देशों, नगरों, पर्वतों, वनों, नदियों और जातियोंका वर्णन करना यहाँ कविका अभीष्ट नहीं था। उसे तो देशकी भौगोलिक स्थितिका सामान्य ज्ञान कराना इष्ट था, और उसमें वह सफल हुआ है।

कविने प्रमुख त्रेपन देशों व मंडलों, तैंतीस नगरों, दस बंदरगाहों व पत्तनों (तीर्थों), अठारह पर्वतों और पर्वत श्रेणियों, दस नदियों, आठ उत्तरीय एवं उत्तर-पर्वतीय जातियों, पाँच द्वीपों एवं चार सागरों (पूर्वोदधि, पश्चिमोदधि, क्षीरोदधि एवं लवणसमुद्र)का उल्लेख किया है। इन सबका संक्षिप्त परिचय और पहचान अंतमें भौगोलिक नामकोशके अंतर्गत दिये गये हैं।

भारतके दक्षिण समुद्रसे लेकर उत्तर-पश्चिमकी ओर चलते हुए गुजरात तक, फिर पश्चिममें राजस्थानसे लेकर दक्षिण-पूर्वमें ताम्रलिप्ति (तमलुक) तक, उत्तरमें शाकंभरी (अजमेर) से लगाकर सुदूर उत्तरमें काश्मीर और इससे भी ऊपर उत्तर-पश्चिममें फारस देश तक; एवं पूर्व (उ० प्र०) में गौंड-(गोंडा प्राचीन राजधानी श्रावस्ती) से प्रारंभ करके कामरूप तक जाकर, गंगासागर होते हुए

सप्त-गोदावरी भीमतीर्थ तकके जिन यात्रा-महापथोंका संकेत वीर कविने किया है, पाँचवीं शती ई० पूर्वसे ग्यारहवीं शती ई० तक भारतके ऐतिहासिक व्यापारिक, महाजनपथोंसे उनकी तुलना की जा सकती है।[1]

विद्युच्चरके यात्रा वर्णनसे विक्रमकी ग्यारहवीं शतीमें वृहत्तर भारतवर्षकी भौगोलिक सीमाएँ, उत्तरमें आधुनिक पर्शिया (फारस) से लगाकर, हिमालयकी अनेक पहाड़ी जातियोंके प्रदेशोंको सम्मिलित करते हुए काश्मीरको लेकर, उसके उत्तरसे सिंधु नदीके किनारे-किनारे चलते हुए कैलाश पर्वत तक; उत्तर-पश्चिममें पूरा सिंध व पंजाब; पश्चिममें द्वारिका एवं प्रभास (सोमनाथ) तीर्थ; और सीधे दक्षिणमें समुद्र (हिंद महासागर); तथा दक्षिण-पूर्वमें बंगाल सागर(पूर्वोदधि)के तटपर ताम्रलिप्तिसे उत्तर-पूर्वमें कामरूप (आसाम) पर्यंत प्रतीत होती हैं। अर्थात् तीन ओर सागर एवं उत्तरमें हिमालयके सुदूर उत्तरीय प्रदेश।

पर्वत—ऊपर कहा गया है कि जं० सा० च० में देशके लगभग अठारह पर्वतों और पर्वत श्रेणियों-का उल्लेख है, जिनमें मुख्य हैं—हिमालय, कैलाश, मंदारगिरि, विपुलाचल, अर्बुद (आबू) विंध्य, वज्राकर (विंध्यपाद, सतपुड़ा), पारियात्र, सह्याद्रि, श्रीशैल और मलय। कविने अधिकांशतया इन पर्वतोंका उल्लेखमात्र करके छोड़ दिया है।

वन—जं० सा० च० में भारतके वन भागोंकी बहुत अल्प चर्चा मिलती है। राजगृहके समीप एक प्राचीन नंदनवन नामक उद्यान और विंध्य अटवी इन दोका उल्लेख कुछ विस्तृत वर्णनके साथ उपलब्ध होता है। नंदनवनके वर्णनमें केवल विभिन्न वृक्षों व लताओंके नाम मात्र हैं, जैसे ताल, कदली, पद्माक्ष, आम्र, जंबीर, जंबू, कदंब एवं न्यग्रोध आदि[2]; लताओंमें नागलता (पानकी बेल) तथा द्राक्षा अर्थात् अंगूरकी बेल। ये अधिकांश वृक्ष मगध और विदेहमें आज भी बहुतायतसे मिलते हैं। नागलताकी खेती बिहारके उत्तर और दक्षिण दोनों भागोंमें कई जगहोंपर व्यापारिक स्तरपर की जाती है। कुछ स्थानोंमें अब अंगूर भी उगाया जाता है। संभव है बिहारमें प्राचीन कालमें भी अंगूरका उत्पादन किया जाता रहा हो। और केले तथा आमके उद्यान तो आज भी बिहारके कृषकोंकी आयके प्रमुख स्रोत हैं।

विंध्याटवीका वर्णन कुछ अधिक विशद है। उसमें खदिर (खैर) और बाँसोंके बड़े-बड़े गुल्म, कंटीली झाड़ियाँ, शीसम और अंजन आदि अनेक वृक्षोंके नामोंके[3] अतिरिक्त विंध्याटवीके बहुतसे पशुओंका भी नामोल्लेख कर आदिवासी भीलोंके जीवनका अत्यंत सजीव और वास्तविक चित्र खींचा गया है। पशुओंमें हाथी, सिंह, गवय (नील गाय), कोल (सूअर), शृगाल, जंगली भैंसे और वानर प्रमुख हैं, पक्षियोंमें कौआ और घूक (उल्लू)। 'जहाँ-जहाँ पानी वहाँ-वहाँ कमल,' इसी प्रकार 'जहाँ-जहाँ वन वहाँ-वहाँ अष्टापद-शरभ या शार्दूल', इस कविसमयके अनुसार शरभका भी नाम कविने लिया है।

विंध्याटवी और वन्य जीवन—विंध्याटवीमें चोरोंके निवास योग्य घने काँटेदार वृक्ष और झाड़ियोंके जंगल थे, जैसा कि आज भी विंध्यकी चंबलघाटी बड़े भयानक डाकुओंका दुर्गम व दुर्भेद्य अड्डा बनी हुई है। अटवीमें भीलोंके एक-सरीखे घर-द्वार थे, जिनमें पशुओंको पकड़नेके जाल और फाँस तथा मछली पकड़नेके काँटे और जाल लटके रहते थे। मृगोंका मांस सूखता रहता था, और मारे हुए चीतोंके शव या खालें पड़ी रहती थीं। उनकी मूछोंमें बाल नहीं होते, पर दाढ़ी लंबी रहती और भीलोंकी मंडली आपसमें बैठकर परस्परके जंघाबलकी प्रशंसा किया करती। उस विंध्याटवीमें कहीं पर्वत तटोंपर हाथियोंकी चिंघाड़ सुनकर सिंह क्रुद्ध होते और कहीं शस्त्रसे आहत, दहाड़ते हुए व्याघ्र नील गायोंको विदीर्ण कर डालते। कहींपर घुर-घुराते हुए कोलोंके दाढ़ोंसे उखाड़े हुए कंद-मूल सूखते रहते, और कहीं

---

१. डॉ० मोतीचंद्र : सार्थवाह

२. जं० सा० च० वृक्ष-वनस्पति-कोश

३. वही

हुंकार करते हुए प्रचंड बली भैंसोंके सींगोंसे उखाड़े हुए वृक्ष भूमिपर गिर पड़ते। कहीं दीर्घ हुंकार छोड़ते हुए वानर भागते दिखाई देते और कहीं सैकड़ों घूकों (उल्लू) की घू-घू ध्वनिसे क्रुद्ध हुए कौवे कांव-कांव करते रहते। कहीं शृगालीकी फेत्कारसे आकृष्ट शृगाल पकड़े जाते। कहीं कल-कल कर झरते हुए झरने, तो कहीं काले शरीरवाले भील दिखाई पड़ते। कहीं वृक्षोंके पत्तोंसे ढके हुए सर्प पड़े रहते और कहीं फणधारी नागोंके तीक्ष्ण फूत्कारोंसे भयानक दावानल जल उठते। विंध्याटवी एवं वन्य जीवनका यह चित्रण अपनी सजीवतासे स्वयमेव फड़कता हुआ प्रतीत होता है।

देशके वृक्षों और वनस्पतियोंके संबंधमें अधिक कथ्य नहीं है; क्योंकि उनके नाममात्र उल्लिखित[1] हैं, परंतु यह सत्य है कि मगध और विंध्यमें आज भी उनमें-के लगभग शत-प्रतिशत वृक्ष-वनस्पतियोंको उपलब्ध किया जा सकता है।

ग्राम और ग्राम्य जीवन—जं० सा० च० में बहुत अधिक ग्रामोंका उल्लेख नहीं है। गिने चुने दो गाँवोंका नाम मिलता है। एक गुल्लेड जो कविका जन्म स्थान था, इसका भी कोई वर्णन कविने नहीं किया। दूसरा है मगधमें वर्द्धमान नामक गाँव। यह ब्राह्मणोंका कुल-क्रमागत अग्रहार (दान-स्वरूप प्राप्त) ग्राम था। यहाँकी रमणियाँ बहुत सुंदर होतीं थीं, और ब्राह्मणोंके समूह मिलकर वेदपाठ किया किरते थे। नव-दीक्षित पुरोहित पशुहोम किया करते तथा प्रतिदिन खूब सोमपान किया जाता (दिक्खिएहिं जहिं पसु होमिज्जइ दिवि-दिवि-सोमपाणु जहिं किज्जइ २.४.१०) और शिष्यवृंद अपनी लंबी-लंबी चोटियोंको पूंछके समान हिलाते हुए वानरोंके समान वृक्षोंपर क्रीड़ा किया करते। यह एक शुद्ध ब्राह्मण गाँवका पूर्णतः वास्तविक वर्णन है। विंध्य देशके ग्रामोंके संबंधमें कविने लिखा है कि वहाँके ग्राम नगरोंके समान, तथा ग्रामीण नागरिकोंके समान सर्वसुख साधन संपन्न और श्रद्धालु थे। इन गाँवोंके ग्वाले बड़े-बड़े व्रजों (गोमंडल) का पालन करते थे। व्रजोंके लिए गाँवोंमें बड़े-बड़े सरोवर थे। महुएके वृक्ष बहुतायतसे थे, और धानकी खेती होती थी। खेतीकी रक्षा कृषक वधुएँ किया करती थीं। स्थान-स्थानपर पथिकोंके लिए प्याऊ लगी रहतीं, जिनमें स्त्रियाँ पानी पिलाया करतीं। गाँवोंके लोग सुंदरवस्त्र धारण करते और स्थान-स्थानपर गोपियाँ गहरे रंगोंके वस्त्रोंको धारण कर रास रचाया करतीं।

साधारण दरिद्र ग्रामीणोंके जीवनका एक अति मार्मिक चित्र प्रस्तुत करते हुए कविने लिखा है—सात दिनों तक दिनरात घनघोर वर्षा होती रही। जल-थल सब एक हो गये और मार्ग दुर्लभ। तालाबोंकी पाल फोड़कर जलका प्रवाह बह निकला। सब व्यवसाय समाप्त हो गये और आहार अत्यंत दुर्लभ। भूखसे क्रंदन करते हुए बच्चे और बूढ़े सब तृणोंसे निर्मित गलती हुई कुटियोंकी दीवारोंसे चिपक-कर तड़फते हुए बैठे रहे। पक्षी अपने घोंसलोंमें ही रुके रह गये और बार-बार मूर्छित होने लगे····आदि। वर्षाकालमें भारतके किसी दरिद्र गाँवका यह वर्णन कितना सच्चा, सजीव और मर्मस्पर्शी है।

नगर और नागरिक जीवन—नगरोंका वर्णन बहुत कुछ कवि-स्वभाव और काव्य-रचनाजन्य अतिशयोक्तिसे अतिरंजित होनेपर भी उसमें वास्तविकताका अंश भी प्रचुर परिमाणमें है। कविने मगधमें राजगृह और संवाहन तथा (पौराणिक) पूर्व-विदेहमें पुंडरिकिणी और वीतशोका नगरियोंका सुंदर वर्णन किया है। इन वर्णनोंसे ज्ञात होता है कि बड़े नगर सुरक्षाकी दृष्टिसे परिखा और प्राकारसे युक्त होते थे, जिसमें विशाल गोपुर बने रहते। नगरोंमें गवाक्षोंसे युक्त कई-कई तलोंके प्रासाद, ऊँचे-ऊँचे देवालय, चैत्यगृह, दानशालाएँ, (३.३.९), द्यूतगृह (टेंटा ८.३.१३) वेश्यागृह, (३.२.५-६) एवं बड़े-बड़े हाट होते थे। नगरोंके बाहर वृक्ष-गुल्मों बलता-गुल्मोंसे युक्त बड़े-बड़े उद्यान एवं सरोवरयुक्त वाटिकाएँ रहती थीं। नगरोंके बाहर घुड़दौड़के मैदान (वाहियालि ३.२.१०) भी रहते थे। नगरोंके बाहर हरे-भरे खेत रहते और

---

१. वृक्ष-वनस्पति कोश

कुक्कुर-वधुएँ उनकी रक्षा किया करतीं। बाहर उद्यानों और खेतोंमें हरिण खूब छलांग लगाया करते और वाटिकाओंमें मयूर नाचा करते। नगरके लोगोंका जीवन निश्चित रूपसे ग्रामीणोंकी अपेक्षा अधिक धन-समृद्धि संपन्न, अतः भोग-विलास-पूर्ण हुआ करता। नगरकी कामिनियाँ और बालक सुंदर-सुंदर सुवर्ण एवं रत्न-आभूषण धारण करते थे। और घर-घर लोगोंको संगीत, वाद्य तथा नृत्यमें प्रगाढ़ रुचि रहती थी। पनिहारिनें कुओंसे पानी लाया करतीं, जैसा कि आज भी गाँवोंमें देखा जाता है। द्यूत लोगोंका एक समाज एवं राजमान्य मनोविनोदका साधन था (८.३.१३) तथा वेश्याएँ भोगकी सर्वसम्मत सामग्री (३.२.६; ९.१२-१३)। स्त्रियाँ प्रसाधनके लिए दर्पणोंका, सुगंधित चंदन द्रव्य आदि लेपोंका व कुंकुम इत्यादिका प्रयोग किया करती थीं, और मुख-शुद्धिके लिए लोग दातूनका प्रयोग करते थे। बड़े नगरोंमें कवि और जुआड़ी समान रूपसे नगरकी शोभा बढ़ाते थे (८.३.१३)। यही नगरोंका सामान्य जीवन था। सामाजिक जीवन रीति-रिवाज, रूढ़ि, धार्मिक श्रद्धा और अंधविश्वास आदिकी चर्चा आगे की गयी है।

देश—नौवीं संधिके अंतमें बहुतसे देशों, नगरों आदिके जो नाम उल्लिखित हैं, उनमें-से किसीका भी कुछ विस्तृत वर्णन कविने नहीं किया है। जिन देशोंका थोड़ा-सा वर्णन मिलता है, वे हैं—भारतमें मगध और विंध्य तथा पूर्व विदेहमें पुष्कलावती। राजगृह, संवाहन तथा पुंडरिकिणी और वीतशोका नगरों तथा विंध्य देशके गाँवोंके प्रसंगमें वर्णित ग्रामीण जीवनके वर्णनोंसे ही इन देशोंका भी चित्र उपस्थित हो जाता है। इनमें कुछ विशेषताएँ हैं, जैसे मगधके लोगोंमें धार्मिक श्रद्धाका प्राबल्य; अत्यंत उपजाऊ भूमि, सरोवर, नदियों और उद्यानोंकी प्रचुरता; नागलता, कदली, द्राक्षा, मिरिच, सन और धानकी खेती (१.६-८)। पुष्कलावती देशकी कोई अलग विशेषता नहीं है। इतना ही है कि वह बहुत समृद्ध देश था। विंध्य देशके वर्णनमें और कोई विशेषता नहीं है। उसमें भी प्रमुख रूपसे धानकी खेती, महुएके वृक्षोंकी अधिकता आदि कही गयी है। विशेषता है एक बातमें कि इस देशमें प्याउओंका प्रचलन बहुत था। मगधराज्यके वर्णनमें एक और ध्यान देने योग्य सबसे महत्त्वपूर्ण बात यह है कि वहाँ पथिक पाथेय लेकर नहीं चलते थे (१.७.७)। इसका तात्पर्य यह है कि ग्रीष्मकालमें तीन-चार महीने आम तथा वर्षके बारहों महीने इतना केला बिहारमें होता है कि वास्तवमें वहाँ कभी घरसे पाथेय लेकर चलनेकी आवश्यकता नहीं होती। इसका पोषक एक और तथ्य यह है कि बिहार प्रांतमें सदासे ही अतिथिको देवतुल्य मानकर उसका यथासंभव उच्च सम्मान-सत्कार किया जाता रहा है। भोजन, पान और निवासके संबंधमें यह बात विशेष रूपसे सत्य है। और इन सुविधाओंके बदलेमें उस प्रांतमें किसी घरमें कभी कुछ नहीं लिया जाता था। आज भी कुछ अंशोंमें यह स्थिति विद्यमान है।

आर्थिक अवस्था

'जंबूसामिचरिउ'में उपलब्ध सामग्रीपर-से भारतकी तत्कालीन आर्थिक अवस्थाका अध्ययन करनेपर ज्ञात होता है कि साधारणतः देशके अधिकांश भागोंमें कृषि ही आजीविकाका सर्व-प्रमुख साधन थी। बड़े-बड़े नगर, राजगृह,संवाहन, सिंधुवरिषी और केरल आदि, व्यापारके बड़े केंद्र थे, और उनके विशाल हाट-बाजारोंमें भिन्न-भिन्न स्थानों व देशोंसे व्यापारार्थ आये हुए लोगोंकी भीड़ लगी रहती थी। कभी-कभी व्यापारमें किन्हीं कारणोंसे गिरावट या रुकावट आ जानेपर व्यापारियोंको एक स्थानपर ही रुकना पड़ जाता था। बनिये संभवतः नौकाओंसे भी व्यापार करते थे। मापकी वस्तुओंके लिए द्रोण एवं प्रस्थ नामक माप व्यवहारमें लाये जाते थे (८.३.९)। स्थल मार्गसे कांस्य व अन्य धातुओंके बरतनोंका व्यापार बहुत प्रचलित था। राज-सैन्यके मार्ग या पड़ावमें आ पड़नेपर व्यापारियोंकी बहुत हानि होती थी, क्योंकि शस्त्रोंकी चमक-दमक, रथोंकी घर्घराहट और हाथियोंकी चिंघाड़से उनके वाहन, जो अकसर बैल होते थे, बे भड़क उठते थे और उनका सामान पटक देते थे, जिससे कसेरोंके बरतन-बासन फूट जाते, सब सामान बिखर जाता और कभी-कभी तो बैल भाग भी जाते (५.७.१४-२३)। तेली और कलाल (मद्यका व्यापार करनेवाले)

का भी इसी प्रसंगमें उल्लेख आया है। कोई-कोई दीन-अनाथ स्त्री दूसरोंका खाना बनाकर भी आजीविका करती थी (५.७.१६)। द्यूत संभवतः व्यसनमात्र ही नहीं बल्कि कुछ लोगोंकी आजीविकाका नियमित साधन था (८.३.१३)। नट अपना पारिश्रमिक या पुरस्कार लेते और वेश्याएँ अपना भाड़ा (भाडि ९.१३.५)। वेतनभोगी भृत्योंका कोई उल्लेख उपलब्ध नहीं होता। संभवतः सैनिकों या परिजनोंका वेतन नगद धनके रूपमें नहीं, बल्कि जीवनोपयोगी सामग्रीके रूपमें दिया जाता था। ब्राह्मणोंके लिए पौरोहित्य और अध्यापन ये दो ही आजीविकाके साधन थे, ऐसा प्रतीत होता है। नगरोंका जीवन अधिक साधन-समृद्ध होनेसे ग्रामोंकी अपेक्षा अधिक सुखकर और विलासमय रहा होगा। परंतु ग्रामोंमें भी लोग धर्मपूर्वक अपनी आजीविका करते हुए सुखपूर्वक रहते थे, प्रासाद निर्माण, मंदिर निर्माण, मूर्ति निर्माण और गृह निर्माण भी आजीविकाका एक प्रमुख साधन रहा होगा।

सामाजिक स्थिति

वर्ण, जाति, आजीविकाके साधन, विवाहकी पद्धति व स्थिति, वरका चुनाव, पारिवारिक व्यवस्था (संयुक्त), कुलपतिका स्थान, घर और समाजमें कन्या; बहन, पत्नी व माँके रूपमें नारीकी प्रतिष्ठा, दैनिक उपयोगकी वस्तुएँ, रीति-रिवाज और मनोरंजनके साधन

'जंबूसामिचरिउ'में उपर्युक्त विषयोंपर निम्न जानकारी उपलब्ध होती है :—

वर्ण—चार : ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र। ब्राह्मण यज्ञ-यागादि करते और वैदिक साहित्यका अध्ययन-अध्यापन करते थे। राजा और श्रीमंतोंका पौरोहित्य भी उनकी आजीविकाका साधन था। सेनाके प्रयाणके साथ भी कुछ विद्वान् पंडित जाते थे, जो स्नानोपरांत टीका लगाकर गलेमें फूलोंकी माला डालकर शरीरपर चंदनका लेप करके दर्भसे संध्यावंदन किया करते थे (५.११)। तिल और जौ देकर पितरोंको पिंडदानकी क्रिया प्रचलित थी (२.६)। सामाजके अन्य वर्णोंमें ब्राह्मणोंकी क्या स्थिति थी, इस संबंधमें जं० सा० च० से कोई अनुमान नहीं लगता।

क्षत्रिय—क्षत्रियोंका प्रमुख कार्य युद्धोंमें लड़ना था। यही उनकी आजीविका थी। केरलके राजाको क्षत्रिय कहा गया है (५.३)। जं० सा० च० से क्षत्रियोंके संबंधमें इतनी ही जानकारी उपलब्ध होती है।

वैश्य—वैश्य जातिके उल्लेख वणिक् गोत्र, वणिक् या बनियेके नामसे जं० सा० च० में अनेक बार आये हैं। स्वयं वीर कवि वणिक् वंशके ही थे। व्यापार-वाणिज्य बनियोंका प्रमुख व्यवसाय था। विद्युच्चरके देश-दर्शनके बहानेसे कविने हमें यह बतलाया है कि व्यापारी जल और स्थल दोनों मार्गोंसे व्यापार करते थे। अन्य वर्णोंकी अपेक्षा वैश्योंकी आर्थिक स्थिति अच्छी थी, यह अनुमान लगाना उचित है।

शूद्र—जं० सा० च० में शूद्र 'शब्द'का कहीं भी उल्लेख नहीं मिलता। चंगकी अंतर्कथामें (१०. १५-१७) मेहतरोंके लिए 'कर्मकर या कर्मकार शब्दका प्रयोग आया है, प्राचीन कालमें उसका प्रयोग सामान्य रूपसे सभी नौकर-चाकरोंके लिए होता था। 'मेहतर' अर्थमें इस शब्दका प्रयोग बहुत पुराना नहीं मालूम पड़ता। आजकल उत्तर-प्रदेशके मेरठ, मुजफ्फरनगर, सहारनपुरके जिलोंमें मेहतरोंको 'कमानेवाला' और उसके कामको 'कमाना' कहते हैं। इस 'कर्मकार' शब्दसे शूद्रोंकी स्थितिका कुछ अनुमान लगाया जा सकता है।

अन्य जातियाँ, एवं आजीविकाके साधन—इन चार वर्णोंके अतिरिक्त कृषकों (हाली या कुटुंबी) और ग्वालों तथा कृषक वधुओं (हालीवधू, पामरी) और गोपियोंके उल्लेख कई बार (१.७;१.८;३.१; ५.२) हुए हैं, और इनके सुखी जीवनका सुंदर चित्र खींचा गया है। 'तेली' और 'कलाल' (मद्यका व्यापारी) का उल्लेख (५.७) इन जातियोंके होनेकी सूचना करता है। भट, नट. विट, डोम और कुट्टनियों (४.२१; ५.७; ५.११)के उल्लेख जातियोंके नहीं बल्कि अमुक-अमुक आजीविकाके साधनोंके सूचक हैं। भट्ट पहले

राजाओं आदिकी विरुदावली गायन करनेवाले ब्राह्मण होते थे। बादमें अन्य जातियोंने भी इसे अपना लिया।[1] डोम शूद्रोंकी कोटिमें रखे जा सकते हैं। लेकिन नट, विट और कुट्टनियोंको जाति कौन जान सकता है?

विवाह संस्था—भारतवर्षमें बहुत प्राचीन समयसे ही विवाह संस्थाका सम्मान और महत्त्व बहुत अधिक रहा है तथा आज भी है। संस्कृत साहित्यमें आठ प्रकारके विवाहोंका उल्लेख है[2]। इन सभीको सामाजिक मान्यता प्राप्त थी। पर सबसे अधिक प्रचलन और आदर विवाहके उस प्रकारका था जिसमें वर और कन्या दोनोंके माता-पिता एवं परिवारके लोग सब-कुछ सोच-विचारकर विवाह संबंधोंका निर्णय करते थे, और ग्राम या नगरके सब प्रमुख लोगों एवं स्वजातीय तथा जातीयेतर विशाल समाजकी साक्षीमें जिसे विवाह रूपमें परिणत किया जाता था। इसी प्रकारके विवाहोंका परिचय हमें 'जंबूसामिचरिउ'से प्राप्त होता है। भवदेवका नागवसूसे विवाह (२.९—१०) और जंबूस्वामीका चार श्रेष्ठि कन्याओंसे विवाह (४.१४, एवं ८.१२-१४) उसकी समकालीन सामाजिक विवाह पद्धतिके द्योतक हैं। इस प्रकारके विवाहमें वरकी खोजका कार्य कन्याके पिताका ही होता था। कभी ऐसा भी होता था, जैसा कि जंबूस्वामी-के संबंधमें हुआ (४.१४), कि वर और कन्याके पिताओंमें मैत्री-संबंध रहनेसे उन संबंधोंको स्थायी करने हेतु वे आपसमें एक दूसरेके पुत्र-पुत्रियोंके विवाह संबंध निश्चित कर लेते थे। अभी भी घनिष्ठ मित्रोंमें ऐसे संबंध होते देखे जाते हैं। विवाह संबंधोंकी स्थापनामें दोनों ओरसे पिताका ही महत्त्व सर्वोपरि दिखाई देता है, तथापि माताओंसे भी सलाह अवश्य ली जाती रही होगी, जैसाकि एक अन्य जंबूस्वामीचरितमें उल्लेख है।[3] मित्र, बांधवों, परिजनोंकी सलाहको भी पूर्ण महत्त्व और आदर दिया जाता था।

वैवाहिक पद्धति—जं० सा० च० के रचनाकालमें भी विवाह लगभग इसी रीतिसे, कुलाचारोंके अनुसार संपन्न होते थे, जैसे कि आज वणिक् और ब्राह्मण समाजमें संपन्न होते हैं। घरकी चूनेसे पुताई, गोबरसे लिपाई और घर पर शिखर हो तो उसे गेरु(या चूने) से चमकाना, तोरण और बंदनवार बाँधे जाना, मंडप बनवाना और सजवाना, स्थान-स्थानपर सुगंधित चूर्ण या द्रव्य छिड़के जाना, विविध रंगोंसे चौक पूरना, सुगंधित पुष्पोंकी मालाएँ लटकाना और भेंट करना आदि सारी बातें आज भी उसी प्रकार होती हैं। नाना प्रकारके मंगलोपचार, मंगलगान, वाद्य एवं संगीत, तथा कामिनियोंके मनोभिराम नृत्य, ये सब आज भी प्रचलित हैं। वरके घरसे आये हुए समाचार वाहकोंके स्वागतकी विधि—आगे जाकर साथ ले आना और आसन देना; फिर अक्षत, कुसुम, तांबूल आदि औपचारिक स्वागत करनेकी बातें ऐसी वर्णित हैं (८.९) मानो साक्षात् घटित हो रही हों। वरके हाथमें ऊर्णामय कंगन बाँधना, नये कपड़ेका जोड़ा पहनाना, सुगंधित पुष्पोंका मुकुट पहनाना, और शरीरपर चंदनादि सुगंधित द्रव्योंका लेप करके अनेक आभूषणोंसे सजाना, कन्यादानके निमित्त कन्याके पिता-द्वारा जलांजलि दी जाना, और वरको यथासंभव अधिकसे अधिक दायज्ज (दहेज) देना। ये सब आज भी समाज-प्रचलित व्यवहार हैं। समृद्ध कन्याओंके पिता अब भी वधू-वरकी सेवाके लिए दास-दासी भेंट स्वरूप साथमें भेजते हैं। उस कालमें पाणिग्रहणकी विधि संभवतः प्रातःकालके समय संपन्न की जाती थी।

वैवाहिक भोज—कविने लिखा है कि लोग तृणमय आसनोंपर बैठे। ग्रीष्म ऋतु होनेसे तालपत्र निर्मित और सुगंधित जलसे भीगे हुए पंखोंसे हवा की जाने लगी तथा नाना प्रकारके मीठे, खट्टे, चरपरे व मिश्रित व्यंजन परोसे गये। कूर नामक (धानके) चावलसे बनाया हुआ तथा खूब घीसे सिक्त भात; खट्टे अचार, चटनी, तक्र (मट्ठा, पर यह यहाँ दहीके लिए प्रयुक्त मालूम पड़ता है, क्योंकि आजकल भी देशके कई प्रान्तोंमें जैसे बिहार, बंगाल एवं महाराष्ट्र आदिमें भोजनके साथ दही परोसा जाता है, मट्ठा अर्थात् छांछ नहीं।)

---

१. Encyclopaedia of Religion and Ethics Vol. 2. bhāt and chāran

२. मनु० अ० ३ श्लो० २१

३. ब्रह्म जिनदास कृत संस्कृत : जम्बूस्वामिचरित्र

और मूँगसे बने हुए नाना व्यंजन बहुत-सी कटोरियोंमें रखकर परोसे गये। मगध, मालवा और उत्तर-प्रांतोंमें मूंगकी उपज अधिक होनेसे मूंगके मीठे व नमकीन दोनों प्रकारके व्यंजनोंका अब भी खूब प्रचलन है। भोजन-से तृप्त होकर जलसे मुख शुद्धि कर लेनेपर सुगंधित द्रव्य और तांबूल भेंट किये गये। विवाहके उपरांत वर-वधुओंके साथ अपने घर आया। मित्र एवं बांधवोंका उचित सम्मान करके, भेंट आदि देकर उन्हें आदर पूर्वक विदा दी गयी और प्रदोषकाल आ जानेपर वर, वधुओंके साथ सुंदर रूपसे सजे हुए शयनकक्षमें प्रविष्ट हुआ। उपर्युक्त संपूर्ण वर्णन मानो आज ही किसी विवाहका साक्षात् चित्र हमारे सामने खींच देता है। वणिक् परिवारके विवाहमें वणिकोंका सामाजिक भोज और विप्र विवाहमें विप्रोंका भोज जानी-पहचानी बातें हैं।

इन्हीं वर्णनोंसे यह भी स्पष्ट होता है कि उस कालमें संयुक्त परिवार प्रणाली थी। घरमें पिता ही कुलपति होता था और परिवारमें उसका स्थान सर्वोच्च था। विवाह एक साथ एकाधिक कन्याओंसे किये जा सकते थे। पचीस-तीस वर्ष पूर्वतक भारतमें यह प्रथा-सुप्रचलित थी; विशेषकर समृद्ध क्षत्रिय एवं राजघरानों-में। सूरसेन श्रेष्ठीकी चार युवा सुंदर पत्नियोंकी जो मार्मिक कथा वीर कविने लिखी है (३.१०.१३) वह एक सत्य घटनाके समान प्रतीत होती है। स्वयं वीर कविने चार विवाह किये थे। परंतु कन्याओंके लिए निरपवाद रूपसे एक बार माता-पिता-द्वारा निर्धारित व्यक्ति ही आजन्म एकमात्र पति, स्वामी सब कुछ होता था। जो कुछ पतिका भाग्य वही पत्नीका। हाँ, कोई कन्या या वधू पतिके साधु बन जानेपर संभवतः दूसरा पति कर सकती थी (२.१६); पर इसे अच्छा नहीं माना जाता था। कभी यदि पिता-द्वारा पूर्व निश्चित व्यक्तिसे संबंध होनेकी संभावना न दिखाई दे, तो सुशिक्षित कन्याओंसे दूसरा वर ढूंढ़नेके संबंधमें सलाह ली जाती रही होगी (८.१०)। घरमें पिताके पश्चात् माँकी स्थिति सर्वोच्च थी, और फिर बड़े पुत्रकी। छोटा भाई बड़े भाईको पिता तुल्य मानता था (२.१०.११) और बड़ा भाई छोटेको पुत्रवत् स्नेहसे रखता व उसके साथ गृहस्थीका संचालन करता था (२.६)। पुत्री और बहूका स्थान समान अधिकारकी दृष्टिसे बादमें आता था।

अन्य सामाजिक प्रथाएँ, दैनिक जीवन एवं मनोरंजनके साधन

मृत पतिके साथ पत्नीके द्वारा जीवित ही उसकी चितामें जल मरनेकी प्रथा इस देशमें सन् १८२९ में राजा राममोहनरायके जीवनकालमें अंगरेजी सरकारने कानून-द्वारा बंद करायी थी। यद्यपि अथर्व वेदमें पतिकी मृत्युके बाद उसको विधवा पत्नीके लिए मर जाना ही धर्म कहा गया है; परंतु पतिकी चितामें एक बार उसके साथ लेटनेपर, उसे संतति और संपत्ति रूपी वरदानकी प्राप्ति बतलायी गयी है। ऋग्वेदके समान ही अथर्ववेदमें भी विधवाको चितासे उठकर नये पतिका अनुसरण करनेको कहा गया है। और इस प्रकार मृत पतिकी चितामें एकबार उसके साथ लेटनेपर विधवा पत्नीको उसमें-से उठाकर उसका दूसरा विवाह वहीं सबकी साक्षीमें कर दिया जाता था। परंतु कुछ अशुभ कारणोंसे इस प्रथामें परिवर्तन आया, तथा विधवा पत्नीको मरे हुए पतिके साथ उसकी चितामें ही जल-मरनेको बाध्य किया जाने लगा।[1] भवदत्त-भवदेवके पिताकी मृत्युके उपरांत उनकी माँ जीवित ही उनके पिताकी चितामें जल मरी (२.५)। यह उल्लेख कविके समयकी किसी घटनाकी ओर संकेत करता है। उनके पिता धार्मिक ब्राह्मण होनेसे कुष्ठरोगसे पीड़ित हो जानेपर विष्णुका स्मरण करते हुए जीवित ही स्वयं अपनी चिता रचकर अग्निमें प्रविष्ट हुए थे। कुष्ठ व्याधिका कोई उपचार न होनेसे एक धार्मिक व्यक्तिके लिए इस जीवनको समाप्त कर देनेके सिवाय और श्रेष्ठतर उपाय क्या हो सकता था? और शायद यह समाजमान्य भी रहा होगा। सती प्रथाके प्रचलनका एक और संकेत युद्ध वर्णनमें (जं० सा० च० ६.८) में मिलता है कि प्रियतमके साथ मरनेकी इच्छासे आयी हुई एक सुभटप्रिया शस्त्रोंसे अत्यंत क्षत-विक्षत योद्धाओंके शवोंमें अपने प्रियतमको पहचान नहीं पायी, और झूरती हुई बैठ रही।

---

१. इस प्रथापर विशेष जानकारीके लिए देखें : Encyclopaedia of Religion & Ethics,

दैनिक उपयोगकी वस्तुओंमें जल रखनेके निमित्त (मृत्तिका निर्मित) करवेका प्रयोग विशेष उल्लेखनीय है (१.५, १.१८)। विंध्य देशकी स्त्रियोंका कटिवस्त्र (धोती, साड़ी)में कछौटा लगाना, और लोगोंका मोटे वस्त्रसे शिरपर गोलाईदार दुपट्टा (पगड़ी) बाँधना (५.७) ये सच्ची बातें हैं। नगरमें हस्ती आदि कृत कोई आकस्मिक उपद्रव खड़ा होनेपर जान रक्षाकी दौड़-धूपमें विट और कुट्टनियों तथा स्वेच्छाचारिणी कामिनियों-द्वारा इस विकट परिस्थितिका लाभ उठा लेना (४.२१), जल-क्रीड़ाके समय किसी विटके द्वारा डुबकी लगाकर किसी दासीको पैर पकड़कर घसीट ले जाना और दासीके चिल्लानेपर पास ही खड़ी कुट्टनीका और जोरसे चिल्ला पड़ना (जिससे कोई दासीकी पुकार सुन न सके, ४.१९) ये सामाजिक जीवनके मनोरंजक चित्र हैं।

सेनाके प्रयाणके समय मार्गके नगरों व ग्रामोंमें संक्षोभकी स्थिति, सैनिकोंका लोगोंके घरोंमें घुस पड़ना, कहीं अति साहसी लोगोंके द्वारा क्रुद्ध होकर राजसेनाका कोई हाथी पकड़ लिया जाना अथवा खेतोंमें हानि पहुँचानेपर किसी घोड़ेको पीटना या मार डालना (५.७) तत्कालीन लोकजीवनकी वास्तविक झाँकी प्रस्तुत करते हैं।

मनोरंजनके साधनोंमें जल-क्रीड़ा, उद्यान-क्रीड़ा, गोपियोंके रास व चर्चरी नृत्य, कामिनियों-द्वारा गायन, वादन व नृत्यादि सर्व-प्रचलित थे; तथा द्यूतक्रीड़ा और वेश्यागमनको भी शासन व समाज दोनोंसे मान्यता प्राप्त थी, और कुछ लोगोंके लिए ये आजीविकाके साधन भी थे (४.२;८.३;९.१२-१३)।

शिक्षा और साहित्य

जं० सा० च० के अध्ययनसे तत्कालीन भारतमें शिक्षा और साहित्यके संबंधमें निम्न जानकारी उपलब्ध होती है :—

(क) ब्राह्मणोंकी शिक्षा-दीक्षा : प्राचीन आश्रम पद्धतिपर आधारित थी। परंतु आश्रमोंका कोई उल्लेख नहीं है। विद्यार्थी गुरुके घरपर ही शिक्षा ग्रहण करते थे। श्रुति, स्मृति, वेद, कथा (पुराण), व्याकरण और ज्योतिष और निघंटु तथा छंद:शास्त्रकी पारंपरिक शिक्षा शिष्योंको प्रदान की जाती थी। यज्ञ, पशुबलि और सोमपानका प्रचलन था। चौर्यविद्याका भी संभवत: किसी रूपमें शिक्षण रहा होगा (३.१४), जैसा कि मृच्छकटिककार शूद्रकके समय तक होनेके निश्चित संकेत मिलते हैं।

(ख) जैन बालकोंकी शिक्षा गुरुओंके घरपर जैन साहित्यमें होती। परंतु व्याकरण, निघंटु, काव्य और छंद तथा दर्शन शास्त्र और तर्क शास्त्रकी शिक्षा सबके लिए समान रूपसे प्रचलित थी। बड़े घरानोंके युवकोंको हस्तिशिक्षा, अश्वशिक्षा, युद्धकला आदि क्षात्र विद्याओंका भी अभ्यास कराया जाता था। समृद्ध व सुसंस्कृत जैन परिवारोंमें संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश तीनों भाषाओंकी शिक्षा देनेका प्रचलन था (४.१२.११)।

(ग) धनवान् कुलीन घरानोंमें कन्याओंको भी शिक्षा दी जाती थी और सामान्य शिक्षाके अतिरिक्त उन्हें वाद्य-वादन, गायन, नृत्य एवं कामशास्त्रकी भी शिक्षा प्रदान की जाती थी (४.१२)।

(घ) साधारण समाजमें रास क्रीड़ा (१.७.९-१०) और चर्चरी नृत्योंका प्रचलन था (१.४.५)। अर्थात् ११वीं शतीमें प्रचुर परिमाणमें रास एवं चर्चरी साहित्य उपलब्ध था।

(ङ) रामायण, महाभारत, वेद, श्रुति, स्मृति, पुराण, व्याकरण, निघंटु, छंद, अलंकार, दर्शन, न्याय और तर्क एवं रास और चर्चरीके एकाधिक बार उल्लेख होनेसे प्रतीत होता है कि उपर्युक्त विषयोंपर प्रभूत साहित्य देशमें उपलब्ध तथा पठन-पाठनमें प्रचलित था। व्याकरणोंमें कविके समय पाणिनीय व्याकरण-के पंतजलि कृत महाभाष्यपर कैयट (विक्रम ११वीं शतीके पूर्व) कृत 'महाभाष्य प्रदीप' (प्रचलित नाम प्रदीप) का विशेष प्रचलन रहा ज्ञात होता है, क्योंकि वीर कविने विशेष रूपसे प्रदीपका नामोल्लेख शब्द-शास्त्र कहकर किया है (जं० सा० च० १.३.२)। संस्कृत साहित्य एवं संस्कृत व्याकरण साहित्यके इतिहासोंसे भी इस तथ्यकी पुष्टि होती है।[1]

---

१. वाचस्पति गैरोला—सं० सा० का संक्षिप्त इति०, पृ० ३७६ 'कैयट'; युधिष्ठिर मीमांसक—सं० व्याकरण सा० का इति० भा० १; शालग्राम शास्त्री—साहित्य दर्पण हिन्दी विमला व्याख्या। (प्रथमावृत्ति) भूमिका पृ० ५

धार्मिक स्थिति

अत्यंत प्राचीनकालसे ही यह देश धर्मप्राण रहा है, और इस भारतभूमिने न केवल मानवजगत्, अपितु सृष्टिके जीवमात्रके हित-सुख-कल्याणकी भावना रखनेवाले महान् धर्मोंको जन्म दिया है। पशुबलि प्रधान यज्ञ-यागादिका धर्म यहाँ अधिक युगों व शतियों तक ठहर नहीं सका। बुद्ध और महावीरने एक बार इसके विरुद्ध जो अहिंसाकी ध्वजा उठायी, तो फिर वह निरंतर उन्नत ही होती गयी। दसवीं-ग्यारहवीं शती ई० तक क्वचित् पशुबलि प्रधान यज्ञ होते रहे, पर उनकी संख्या और परिमाण बहुत कम हो गये। इस बाह्य कर्मकांडमय धर्मके विरुद्ध यहाँ आभ्यंतर आचारशुद्धि या भावशुद्धि प्रधान धर्मोंका प्रचार-प्रसार हुआ और वैदिक परंपराके धर्मोंने भी अहिंसा प्रधान आचारको अपनेमें पूर्णतः आत्मसात् कर अपनेको उसके अनुरूप बना लिया। वैदिक शैव और वैष्णव धर्म या पाशुपत और भागवत संप्रदाय पूर्ण-रूपसे अहिंसा प्रधान हैं। आधुनिक काल तक योगियों और साधु-संतोंकी परंपरा पूर्ण अहिंसा एवं सर्वजीव-कल्याणकी भावनासे ओतप्रोत है। आत्मा और पुनर्जन्म, अतः स्वर्ग-नरक एवं मोक्षमें विश्वास इन समस्त अहिंसा प्रधान भारतीय धर्मोंकी आधारभूमि है और इसी विश्वाससे प्रेरित हो यहाँ लौकिक जीवन और सांसारिक कर्मोंका नियमन, निर्धारण किया जाता रहा है। इसी विश्वासके अनुरूप दैनिकचर्या और नाना प्रकारके धार्मिक विश्वास यहाँके लोकजीवनमें प्राचीनकालसे अखंड परंपरासे चलते आ रहे हैं, और प्रत्येक संप्रदाय अपने-अपने इष्ट देवताओंकी अपनी-अपनी रीतिसे पूजा-भक्ति करता चला आया है। जं० सा० च०-में भी ऐसे अनेक धार्मिक विश्वासों व क्रिया-कलापोंका उल्लेख किया गया है। तीसरी संधिमें जिन-मूर्तियोंका स्नवन व श्रमणोंकी वंदना आदिके पुण्यप्रभावसे भवदेवका देवगतिमें जाना और वहाँसे आयु पूर्ण होनेपर वीताशोक नगरीके महापद्म नामक राजाकी महादेवी वनमालाके गर्भमें आना एक ऐसा ही विश्वास है। जंबूकुमारके गर्भमें आनेसे पूर्व उसकी माँ जिनमतीको जंबूफलोंका गुच्छा, निर्धूमाग्नि, धानसे लदा हरा-भरा खेत, खिले फूलोंसे परिपूर्ण कमल सरोवर और जलजीवोंसे संकीर्ण सागर, ये स्वप्न होना, ऐसे ही धार्मिक विश्वासोंके प्रतीक हैं। शुभ घटनाएँ, जैसे महापुरुषोंका जन्म आदि, अथवा कोई महान् दुर्घटनाएँ भी काल चक्रमें किसी-न-किसी रीतिसे अपने आगमनके पूर्वसंकेत दे देती हैं। शुभ नक्षत्र और तिथिमें शिशुका जन्म लेना और जन्मके साथ आकाशका स्वच्छ, धवल, निरभ्र हो जाना; दिशाओंका धूलिरहित निर्मल हो जाना और समस्त वृक्ष, वनस्पति एवं शस्यका हरा-भरा हो जाना, फूल उठना, इन मान्यताओंमें यही विश्वास है कि महापुरुषोंके पुण्य और धर्मकी शक्ति महान् होती है और वह सारी चराचर सृष्टिको प्रभावित करती है, क्योंकि धर्मका लोकजीवनसे और लोकका समयसे अभिन्न एवं अन्योन्याश्रयी संबंध है। अतः महापुरुषोंकी धार्मिक शक्तिका प्रभाव लौकिक घटनाओंपर पड़ना स्वाभाविक है। पुत्र-जन्म, विवाहादि अवसरोंपर बधाई देनेकी लोकरीतिके पीछे भी यही धार्मिक भावना है कि शुभ भावनाओंकी शक्ति अनंत होती है और उसका प्रभाव शिशु और नये वर-वधू आदिके भविष्य जीवनमें मंगलकारक होता है।

ये ही विश्वास जब आत्मासे बढ़कर परमात्मा और देवोंमें केंद्रित हो जाते हैं, तब ये इष्ट देवताओं-की भक्तिपूर्वक पूजा, उनसे कोई वरदान मिलना या माँगना अथवा पुण्यके प्रभावसे महान् संततिका जन्म होना आदि लौकिक मान्यताओंके रूपमें प्रस्फुटित होते हैं। जिनपूजा आदिके प्रभावसे शिवकुमार-का जन्म, और सेठकी चार पत्नियोंका नागयक्षसे यह वर माँगना कि शूरसेनके समान पति पुनः न मिले (३.१३), इसी प्रकारके विश्वास हैं। इससे यह भी पता चलता है कि नागपूजा इस देशमें कितनी प्राचीन है।

विद्याधरोंका आकाशगमन, आलोकिनी आदि दिव्यविद्याएँ, आग्नेयास्त्र, वारुणास्त्र, केरलमें जंबूकी विजयपर आकाशमें देवताओंका नृत्य करना और जंबूको केवलज्ञान प्राप्त होनेपर देवोंका आना व हर्ष मनाना ये सब बातें पुण्यकी महत्ताको द्योतक हैं। क्योंकि कहा गया है कि पुण्यवानोंको ही ये विशिष्ट शक्तियाँ, दिव्यास्त्र एवं केवलज्ञान आदि उपलब्ध होते हैं।

साधुओं या गृहस्थोंपर दैवीकृपा या दैवीप्रकोप भी पुण्य या पापके प्रभावसे ही माना जाता है। विद्युच्चरके ऊपर चंडमारीदेवीका अपने गणों सहित उपसर्ग (१०.२६), यद्यपि स्वयं चंडमारी देवीकी दूषित भावनासे उत्पन्न नहीं है, तथापि विद्युच्चरके चोरके रूपमें किये हुए महान् कुकृत्य व पाप उसके मूल कारण रूपमें विद्यमान हैं।

कुछ शुद्ध लौकिक विश्वासोंका भी जं० सा० च०में उल्लेख है, जिनमें तंत्र, मंत्र, अद्भुत ओषधियों आदि विषयक मान्यताएँ हैं। शृगालकी कथामें आता है कि एक कामुकने शृगालका दाँत लेकर उससे अपनी प्रियाको वशमें करनेके लिए उसका दाँत तोड़ डाला (९.११)। विद्युच्चरने ओषधिके प्रभावसे अपने पिताके पहरेदारको स्तंभित कर दिया (३.१४); जागते हुए राजाको भी सोते सरीखा बना दिया (३.१४); जंबूकी माँसे कहा कि मैं ऐसे श्रुति-शास्त्रोंको जानता हूँ जिनसे दूसरोंका चित्त जान लेता हूँ और जिनमें लोगोंका वशीकरण, स्तंभन और मोहन, प्रेमी व प्रेमिकाको मिलाने और विघटित करने; जागे हुओंको सुलाने व सोते हुओंको स्वप्नमें जागरणका सुख देनेकी शक्ति है (९.१६)। ये सब बातें शुद्ध लौकिक विश्वास हैं। तथापि इनके साथ भी धर्मका संबंध किसी-न-किसी रूपमें जुड़ा हुआ है।

व्रत, उपवास, तप आदिका धार्मिक साधनासे अभिन्न संबंध है। इस देशमें लोग नाना प्रकारके व्रतोपवास आदि धर्मभावनासे करते रहे हैं। जैनेतर संप्रदायोंमें चांद्रायण व्रत[1] करनेका प्रचलन रहा है। स्वयं चंद्रमाके द्वारा चांद्रायणव्रत किये जानेके व्याजसे वीर कविने इस व्रतके प्रचलनका उल्लेख किया है (४.१४)।

●

१. इस व्रतमें कृष्ण प्रतिपदाके दिनसे चंद्रमा घटनेके साथ-साथ प्रतिदिन एक-एक ग्रास भोजन घटाते हुए अमावस्याके दिन पूर्ण निराहार रहा जाता है; और शुक्ल प्रतिपदाको एक ग्रास भोजन लेकर प्रतिदिन एक-एक ग्रास बढ़ाते हुए पूर्णिमाके दिन केवल १५ ग्रास आहार लिया जाता है। इस प्रकार यह व्रत एक मासमें पूर्ण होता है।

सन्दर्भ ग्रन्थ एवं संकेत सूची

१. अपभ्रंश काव्यत्रयी; जिनदत्तसूरि; संपा० लालचंद भगवानदास गांधी, गा० ओ० सि० क्र० ३७, १९२७ ई०

२. अपभ्रंश पाठावली; संपा० मधुसूदन चिमनलाल मोदी; गुजरात वर्नाक्युलर सोसायटी, अहमदाबाद सन् १९३५ ई०

३. अपभ्रंश भाषा और साहित्य; डॉ० देवेन्द्रकुमार जैन; भारतीय ज्ञानपीठ, वाराणसी, सन् १९६५ ई०

४. अपभ्रंश साहित्य; डॉ० हरिवंश कोछड़; भा० सा० मंदिर, दिल्ली, वि० सं० २०१३

५. अनुत्तरोपपातिक दशासूत्र; सुत्तागमे भाग १, संपा० पुप्फभिक्खु

६. अन्तकृद्दशासूत्र; वही

७. अभिनव प्राकृत व्याकरण; डॉ० नेमिचंद्र शास्त्री; तारा प्रकाशन वाराणसी, सन् १९६३ ई०

८. आख्यानकमणिकोश; नेमिचंद्र सूरि, प्रा० टे० सो० ग्रंथांक ५, सन् १९६२ ई०

९. आचाराङ्गसूत्र; अनु० सौभाग्यमलजी महाराज; जैन साहित्य समिति उज्जैन, वि० सं० २००७

१०. उत्तररामचरित; भवभूति; हिंदी अनु० सहित; चौ० सं० सिरीज़, वाराणसी।

११. उत्तराध्ययन; संपा० जे० चार्पेन्टियर; उपसाल विश्वविद्यालय जर्मनी सन्, १९२२ ई०

१२. उत्तरपुराण (उ० पु०); गुणभद्र; संपा० अनु० पं० पन्नालाल साहित्याचार्य, भारतीय ज्ञानपीठ, वाराणसी, सन् १९५४ ई०

१३. उपासकदशाङ्ग सूत्र; संपा० एन० जी० गोरे,

१४. उपासकाध्ययन (भूमिका); सोमदेव; संपा० अनु० पं० कैलाशचंद्र शास्त्री; भारतीय ज्ञानपीठ, वाराणसी, सन् १९६४ ई०

१५. कथासरित्सागर; सोमदेव (हिंदी) अनु० बिहार राष्ट्रभाषा परिषद्, पटना

१६. कल्पसूत्र; स्थविरावलीचरित

१७. कहकोसु; (अपभ्रंश); श्रीचन्द्र; संपा० डॉ० ही० ला० जैन; प्राकृत टैक्स्ट सोसायटी, वाराणसी, द्वारा शीघ्र प्रकाश्यमान

१८. कालिदासग्रन्थावली; संपा० अनु० पं० सीताराम चतुर्वेदी, अलीगढ़

१९. काव्यप्रकाश; मम्मट; हिंदी अनु० व टीका डा० सत्यव्रत सिंह, चौ० वि० भ० वाराणसी, ग्र० १५, वि० सं० २०१२

२०. जंबू अंतरंगरास अथवा जंबूकुमार विवाहलो; सहजसुंदर; हस्तलिखित प्रति लाल० दल० शोध सं०, अहमदाबाद

२१. जंबूकुमार चौपाई; अथवा जंबूस्वामीरास, पाठक भुवनसुंदरगणि हस्तलिखित प्रति, प्राप्तिस्थान, वही

२२. जंबूकुमार रास; वाचक जसविजय हस्तलिखित प्रति, प्राप्तिस्थान, वही

२३. जंबूकुमार रास; मुनि भूधर, हस्तलिखित प्रति, प्राप्तिस्थान वही

२४. जंबूचरित; अथवा जंबूस्वामि अज्झयण (प्राकृत) हस्तलिखित प्रतियाँ, प्राप्तिस्थान, (१) वही; (२) प्राच्य संस्थान बड़ौदा; (३) भंडारकर प्राच्य शोध संस्थान, पूना

२५. जंबूचरियं (प्राकृत); गुणपाल, संपा० मुनि जिनविजय, सिंघी जैन ग्रन्थमाला, भारतीय विद्याभवन, बंबई

२६. जंबूपृच्छा रास; अथवा कर्मविपाक रास, वीरजी मुनि, हस्तलिखित प्रति, प्राप्तिस्थान ला० द० शो० सं० अहमदाबाद

२७. जंबूसामिचरित्तं (प्राकृत); पूर्व मुनि जिनविजय; जैन साहित्यवर्द्धक सभा, भावनगर, वि० सं० २००४
२८. जंबूस्वामीकथा; विजयशंकर विद्याराम, हस्तलिखित प्रति, प्राप्तिस्थान ला० द० शो० सं०, अहमदाबाद
२९. जंबूस्वामीगीता; उपा० यशोविजय, हस्तलिखित प्रति, प्राप्तिस्थान वही
३०. जंबूस्वामीगुणरत्नमाला; जेठमल चोरडिया, हस्तलिखित प्रति, प्राप्तिस्थान वही
३१. जंबूस्वामी चरित; अज्ञात कर्तृक, हस्तलिखित प्रति, प्राप्तिस्थान वही
३२. जंबूस्वामी चरित्र; भावशेषर साह, हस्तलिखित प्रति, प्राप्तिस्थान वही
३३. जंबूस्वामी चरित्र; धर्ममुनि, हस्तलिखित प्रति, प्राप्तिस्थान वही
३४. जंबूस्वामी चरित्र; काव्य, जयशेखर, हस्तलिखित प्रति, प्राप्तिस्थान वही
३५. जंबूस्वामी चरित्र; भाषा, पांडे जिनदास, हस्तलिखित प्रति, पंचायती दि० जैन मंदिर, सरधना
३६. जम्बूस्वामी चरित्र; ब्रह्म जिनदास, हस्तलिखित प्रतियाँ (१) जयपुर शास्त्रभंडार, (२) ऐलक पन्नालाल जैन, सरस्वती भवन ब्यावर, (३) भ० ओ० रि० इन्स्टी०, पूना
३७. जम्बूस्वामी चरित; पं० राजमल्ल, संपा० डॉ० जगदीशचन्द्र जैन, मा० दि० जैन ग्रन्थमाला, क्र०, ३५, वि० सं० १९९३
३८. जम्बूस्वामी चरित; मानसिंह, हस्तलिखित प्रति, भ० ओरि० रि० इन्स्टी०, पूना
३९. जम्बूस्वामी चौपाई; जिनप्रभसूरि, हस्तलिखित प्रति, प्राप्तिस्थान ला० द० शो० सं० अहमदाबाद
४०. जम्बूस्वामी चौपाई; अज्ञात कर्तृक, हस्तलिखित प्रति, प्राप्तिस्थान वही
४१. जम्बूस्वामी रास; नयविमल, हस्तलिखित प्रति, प्राप्तिस्थान वही
४२. जम्बूस्वामी रास; उपा० यशोविजय, संपा० डॉ० र० ला० पी० ला० शाह, प्रकाशित
४३. जम्बूस्वामी रास; नयविमल, हस्तलिखित प्रति, प्राप्तिस्थान; ला० द० शो० सं०, अहमदाबाद
४४. जसहरचरिउ, पुष्पदंत, संपा० डॉ० प० ल० वैद्य, अम्बादास चवरे, दि० जैन ग्रन्थमाला १, वि० सं० १९८७
४५. जातक, हिंदी अनुवाद, भाग १-६, अनु० भ० आ० कौसल्यायन, हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग, सन् १९४१ से १९५६ तक
४६. जिनरत्नकोश, संपा० डॉ० एच० डी० वेलणकर, भ० ओरि० रि० इन्स्टी०, पूना १९४४
४७. जैन ग्रन्थ और ग्रन्थकार, फतेहचंद बेलाणी, जै० सं० संशो० मंडल, वाराणसी, सन् १९५०
४८. जैन ग्रन्थावली, जैन श्वे० कान्फरेन्स, मुंबई, वि० सं० १९६५
४९. जैन सत्यप्रकाश, वर्ष ४, अंक १-२, वि० सं० १९९४
५०. जैन साहित्य और इतिहास (द्वि० संस्करण), नाथूराम प्रेमी, संशोधित साहित्यमाला प्रथम पुष्प, हिन्दी ग्रन्थ रत्नाकर कार्यालय, बंबई वि० सं० २०१२
५१. जैन साहित्यका इतिहास, पूर्व पीठिका, पं० कैलाशचन्द्र शास्त्री, गणेश० वर्णी दि० जैन ग्रन्थमाला वाराणसी, वीर नि० सं० २४८९
५२. णायकुमार चरिउ, पुष्पदन्त, संपा० डॉ० ही० ला० जैन, देवेन्द्रकीर्ति दि० जैन ग्रन्थमाला १, वि० स० १९८९
५३. तत्त्वार्थसूत्र, ज्ञानपीठ पूजाञ्जलि, भारतीय ज्ञानपीठ, वाराणसी, सन् १९५७
५४. तिलोयपण्णत्ति, यतिवृषभ, जीवराज जैन ग्रन्थमाला, शोलापुर, ग्रन्थांक १-२, वि०सं० २०००,२००७
५५. तिसट्ठिमहापुरिसगुणालंकारु, (महापुराण)—पुष्पदंत, संपा० डॉ० प० ल० वैद्य, मा० दि० जैन ग्रन्थमाला ३७,४१,४४, सन् १९३७, १९४०, १९४१
५६. दशवैकालिक चूर्णि, जिनदासगणि, ऋषभदेव केशरियाजी, श्वे० संस्था० रतलाम, वि० सं० १८८९
५७. धर्माभ्युदयमहाकाव्य, उदयप्रभ, सिंघी जैन ग्रन्थमाला ४, भारतीय विद्याभवन बंबई, वि० सं० २००५
५८. धर्मोपदेशमाला विवरण, जयसिंहसूरि, सिंघी जैन ग्रन्थमाला, भारतीय विद्याभवन बंबई, वि० सं०....

५९. नायाधम्मकहाओ, संपा० एन० व्ही० वैद्य, पूना
६०. नंदीसूत्र, आगमोदय समिति प्रकाशन
६१. निरयावलियाओ, सुत्तागमे भाग २, संपा० पुप्फभिक्खु
६२. निशीथचूर्णि (सभाष्य) भाग १–४, उपा० अमरमुनि, सन्मति ज्ञानपीठ आगरा, १९५७–६०
६३. पउमचरिउ, स्वयम्भू, संपा० डॉ० ह० व० भायाणी (भाग १-३), सिंघी जैन ग्रन्थमाला ३४–३६, भारतीय विद्याभवन, बंबई १९५३, १९६०
६४. पउमचरियं, विमलसूरि, प्रा० टै० सोसा० वाराणसी, ग्रन्थांक ६, सन् १९६२ ई०
६५. परिशिष्ट पर्व, हेमचन्द्राचार्य, संपा० डॉ० हर्मन जैकोबी, एशिया० सोसायटी कलकत्ता, ग्रन्थांक ५७, सन् १८८३ ई०
६६. प्रश्नव्याकरण, सुत्तागमे भाग–१, संपा० पुप्फभिक्खु
६७. प्रभवजंबूस्वामिवेलि, अज्ञात कर्तृक, हस्तलिखित प्रति, प्राप्तिस्थान, ला० द० शो० सं० अहमदाबाद
६८. प्राकृत और अपभ्रंश साहित्य, डॉ० रामसिंह तोमर
६९. प्राकृत-पैङ्गलम्, भाग १, डॉ० भोलाशंकर व्यास, प्रा० टै० सोसा० वाराणसी, ग्रन्थांक २, सन् १९५९ ई०
७०. प्राकृत-प्रकाश, वररुचि, सी० कुन्हन राजा, अडयार लायब्रेरी सिरीज, क्र० ५४, सन् १९४६ ई०
७१. प्राकृत व्याकरण, हेमचन्द्र, संपा० डॉ० प० ल० वैद्य, विलिंगडन कोलेज सांगली, सन् १९२८ ई०
७२. प्राकृत भाषा और साहित्यका आलोचनात्मक इतिहास, डॉ० नेमिचन्द्र शास्त्री, तारा प्रकाशन, वाराणसी १९६५
७३. बृहत्कथाकोश, हरिषेण, संपा० डॉ० आ० ने० उपाध्ये, सिंघी जैन सिरीज, भारतीय विद्याभवन, बंबई
७४. भगवती सूत्र, (व्याख्या प्रज्ञप्ति), अभयदेव कृत टीका सहित, आगमोदय समिति प्रकाशन
७५. भट्टारक सम्प्रदाय, डा० विद्याधर जोहरापुरकर, जीवराज जैन ग्रन्थमाला ८, शोलापुर वि०सं०२०१४
७६. भविसयत्तकहा, धनपाल, संपा० सी० डी० दलाल, पी० डी० गुणे, गा० ओ० सिरीज × ×, सन् १९२३ ई०
७७. भारतीय संस्कृतिमें जैनधर्मका योगदान, डॉ० ही० ला० जैन, म० प्र० शा० सा० परिषद्, भोपाल, सन् १९६० ई०
७८. भोजप्रबन्ध, बल्लाल, हिन्दी अनुवाद (भूमिका), पं० जगदीश लाल शास्त्री
७९. मनुस्मृति, संपा० पं० चिन्तामणि शास्त्री, चौ० सं० सिरीज ११४, वाराणसी, वि० सं० १९९२
८०. मुद्रित जैन श्वेताम्बर ग्रन्थ नामावली
८१. यशस्तिलक चम्पू, सोमदेव, हिन्दी, अनु० पं० सुंदरलाल शास्त्री, महावीर जैन ग्रन्थमाला, वाराणसी सन् १९६० ई०
८२. राजस्थानके जैन भण्डारोंकी ग्रन्थसूची, भाग १–४, संपा० डॉ० कस्तूरचन्द्र काशलीवाल, जैन शोध संस्थान, महावीर भवन, जयपुर
८३. वसुदेव हिण्डी, (मूल प्राकृत), संघदासगणि, संपा० मुनि चतुरविजय पुण्यविजय, जैन आत्मानन्द सभा, भावनगर, सन् १९३० ई०
८४. वसुदेव हिण्डी, गुजराती अनुवाद, अनु० डॉ० भोगीलाल जे० सांडेसरा, बड़ौदा
८५. विपाकसूत्र, सुत्तागमे भाग १, संपा० पुप्फभिक्खु
८६. व्यवहार भाष्य
८७. संस्कृत व्याकरण शास्त्रका इतिहास, युधिष्ठिर मीमांसक, प्रका० पं० भगदत्त वै० साधनाश्रम, देहरादून
८८. संस्कृत साहित्यका इतिहास, वाचस्पति गैरोला चौ० सं० सि० ग्र० २९; सन् १९६०

८९. समराइच्चकहा, हरिभद्रसूरि, संस्कृत छाया, पं० भगवानदास, अहमदाबाद, सन् १९३८
९०. साहित्य दर्पण, विश्वनाथ, हिन्दी विमला व्याख्या, पं० शालिग्राम शास्त्री
९१. सुदंसणचरिउ, मुनि नयनंदि, संपा० डॉ० ही० ला० जैन, प्राकृत शोध संस्थान वैशाली-द्वारा शीघ्र प्रकाश्यमान
९२. सूत्रकृताङ्ग, सुत्तागमे भाग १, संपा० पुप्फभिक्खु
९३. सेतुबंध, प्रवरसेन, काव्यमाला ग्र० ४७, निर्णय-सागर प्रेस, मुंबई सन् १९३५ ई०
९४. सेतुबंध; हिन्दी अनुवाद, डॉ० रघुवंश, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली
९५. सौन्दरनन्द काव्य, अश्वघोष, हिन्दी अनु०, पं० सूर्यनारायण चौधरी, संस्कृत भवन, कठौतिया, (जिला पूर्णिया, बिहार)
९६. स्थानाङ्गसूत्र, सुत्तागमे भाग १, संपा० पुप्फभिक्खु
९७. हिन्दीके विकासमें अपभ्रंशका योगदान. डॉ० नामवरसिंह (द्वि० संस्करण)
९८. हिन्दी साहित्यकोश, संपा० डॉ० धीरेन्द्रवर्मा, ज्ञानमण्डल लिमिटेड, वाराणसी
९९. हरिभद्रके प्राकृत कथा साहित्यका आलोचनात्मक अध्ययन, डॉ० नेमिचन्द्र शास्त्री, प्राकृत शोध संस्थान वैशाली, १९६५
100. Encyclopaedia of Religion and Ethics.
101. Historical Geography of Ancient India, B. C. Law.
102. Geographical Dictionary of Ancient and Medieval India, N. L. Dey.
103. Twentyfive hundred years of Buddhism, P. V. Bapat, Govt. of India 1956 A. D.

संकेत

अप०—अपभ्रंश	आज्ञा०—आज्ञार्थक	आत्मने०—आत्मनेपदी
उ० पु०—उत्तमपुरुष	एकव०—एकवचन	जं० च०—जंबूचरियं
जं० सा० च०—जंबूसामिचरिउ	त० सू०—तत्त्वार्थसूत्र	तृ० पु०—तृतीयपुरुष
द्वि० पु०—द्वितीयपुरुष	दे—देशी	पु०—पुल्लिङ्ग
बहुव०—बहुवचन	भवि०—भविष्यत्काल	वसु० हिंडी—वसुदेवहिण्डी
विधि०—विधिलिङ्ग	विशे०—विशेषण	स्त्री०—स्त्रीलिङ्ग
हि०—हिन्दी		

वीर-विरइउ

जंबूसामिचरिउ

[संधि—१]

विजयंतु वीरचरणग्गचंपिए मंदरम्मि थरहरिए ।
कलसुच्छलंततोए सुतरंणिलग्गंतबिंदुछंकारा ॥ १ ॥
सो जयउ जस्स जम्माहिसेयपय[1]-पूरपंडुरिज्जंतो ।
जणियहिमसिहरिसंको कणयगिरी राइओ नइया ॥ २ ॥
जयउ[3] जिणो जस्सारुणनहमणिपडिलग्गचक्खुसहसक्खो । ५
अणियच्छियं[4]-मव्वावयव दुत्थपरिकलियलोयणो जाओ ॥ ३ ॥
भमिरभुअवेयभामियजोइसगणजणिय रयणि-दिणसंकं ।
इय जयउ जस्स पुरओ पणच्चियं चारु सुरवइणा ॥ ४ ॥
सो जयउ महावीरो झाणाणलहुणियरइसुहो जस्स ।
नाणम्मि फुरइ भुअणं एक्कं नक्खत्तमिव गयणे ॥ ५ ॥ १०

संधि—१

[मंगलाचरण]

महावीर भगवान्के चरणाग्र (अंगुष्ठ) से आक्रान्त होनेपर मंदराचलके कंपायमान होनेसे (अभिषेक) कलशोंसे छलकते हुए जलको सूर्यसे टकराती हुई छिटकारें जयवंत हों ॥१॥ उन (महावीर भगवान्) की जय हो जिनके जन्माभिषेकनिमित्तक जलके पूरसे पांडुवर्ण होता हुआ कनकाचल (सुवर्णगिरि मेरु) हिमगिरिकी शंका उत्पन्न करता हुआ शोभायमान हुआ ॥२॥ वे जिन भगवान् जयवंत हों जिनके अरुण-नख रूपी मणियोंमें ही अपने समस्त चक्षुओंको लगा देनेवाला सहस्राक्ष (इन्द्र) भगवान्के शेष सब अवयवोंको न देख सकनेके कारण दुस्थ अर्थात् दरिद्र व परिसीमित अर्थात् अपर्याप्त नेत्रों वाला हुआ ॥३॥ घूमती हुई (स्वऋद्धिनिर्मित सहस्र) भुजाओंके वेगसे समस्त ज्योतिर्गणोंको घुमा देने अर्थात् स्वस्थान-भ्रष्ट कर देनेके कारण रात्रि है या दिन ऐसी; अथवा रातमें दिन और दिनमें रात ऐसी; अथवा क्षण-क्षणमें कभी दिन कभी रात, ऐसी शंका उत्पन्न करनेवाले सुरपतिने जिनके सामने अभिराम नृत्य किया, ऐसे जिन भगवान् जयवंत हों ॥४॥ उन महावीर भगवान् की जय हो जिनके द्वारा अपने (आत्म) ध्यानरूपी अनलमें रतिसुख अर्थात् विषयसेवन, अथवा रति अर्थात् निजभार्या, उसके साथ काम-भोगका भाव भस्मसात् कर दिया गया है और जिनके ज्ञानमें समस्त भुवन इस प्रकार स्पष्ट झलकता है जैसे आकाशमें एक नक्षत्र ॥५॥ अपने दोनों पार्श्वों में स्थित नमि तथा विनमिकी कृपाणोंमें

[१] १. क ख चल°; ग °ग्गि । २. क ख °पइ । ३. क ख °इ । ४. ख ग °इच्छिय । ५. क, च ख भुअ° । ६. ख ग घ झाणानल ।

जयउ जिणो पासट्ठियनमिविणमिकिवाणफुरियपडिबिंबो ।
गहियण्णरूवँजुयलो व्व तिजयमणुसासिउं[८] रिसहो ॥ ६ ॥
जयउ सिरिपासणाहो रेहइ जस्संगनीलिमाभिन्नो ।
फणिणो[९] तडिच्छहियनवघणो व्व मणिगब्भिणो फणकडप्पो ॥ ७ ॥

[१]

पंच वि पणवेप्पिणु परमगुरु मोक्खमहागइगामिहि ।
पारंभिय पच्छिमकेवलिहि[१०] जिह[११] कह[१२] जंबूसामिहि[१३] ॥ ध्रुवकं ॥

पणमामि जिणेसरु वड्ढमाणु किउ जेण तित्थु जगे वड्ढमाणु ।
ससुरासुरकयजम्माहिसेउ संसारसमुद्दुत्तारसेउ ।
चलणग्गें[१४] दोलियमेरुधीरु "निन्नासियसक्कासंकवीरु[११] ।
नहकंतिजित्तससिसूरधामु परियाणियलोयालोयधामु ।
जयसासणु विहरियसमवसरणु चउगइदुहपीडियजीवसरणु ।
झाणग्गिभूइकयकम्मबंधु भव्वयणकमलकंदोट्टबंधु ।
वरकमलालिंगियचारुमुत्ति रयणत्तयसाहियपरममुत्ति ।

जिनका प्रतिबिम्ब पड़ रहा है, जिनसे ऐसा लगता है कि मानो तीनों लोकोंका धर्मानुशासन करनेके लिए उन्होंने अपने ही अन्य युगल रूप निर्माण किये हैं, उन ऋषभजिनकी जय हो ॥६॥ श्रीपार्श्वनाथकी जय हो जिनके शरीरकी नीलिमासे विलक्षण सर्प (धरणेन्द्र) का मणिगर्भित फणाटोप विद्युत्की छटासे युक्त (आषाढ़के) नये मेघके समान शोभायमान है ॥७॥

[१]

पाँचों परमगुरुओं (अर्हन्त, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और साधु)को प्रणाम करके मोक्षरूपी महागति अर्थात् श्रेष्ठगतिको जानेवाले अन्तिम केवली जंबूस्वामीकी कथा यथा परम्परा प्रारम्भ की जाती है। मैं उन वर्द्धमान् जिनेश्वरको प्रणाम करता हूँ जिन्होंने लोकमें वर्द्धमान् अर्थात् सर्वोत्कृष्ट धर्मरूपी तीर्थका प्रवर्तन किया व देवताओंसहित असुरों-द्वारा जिनका जन्माभिषेक किया गया और जो संसाररूपी समुद्रसे पार उतारनेके लिए सेतु रूप हैं; जिन्होंने अपने चरणोंके अग्रभाग (अंगुष्ठ) से स्थिर मेरुपर्वतको भी कम्पायमान कर दिया व इस प्रकार शक्रदेवेन्द्रकी शंका (कि यही जिन हैं या नहीं; अथवा कहीं भगवान्का शिशुशरीर इतने सुदीर्घ प्रमाणवाले एक हजार आठ कलशोंके जलाभिषेकके पूरमें बह तो नहीं जायेगा—टि०) को नष्ट कर दिया; तथा जिन्होंने अपने नखोंकी कान्तिसे चन्द्रमा व सूर्यकी प्रभाको जीत लिया है और समस्त लोकालोककी स्थितिको जान लिया है; जगत्को (धर्मका) शासन देनेके लिए जिन्होंने समवशरणके साथ विहार किया, एवं जो चतुर्गति (देव, मनुष्य, तिर्यंच व नरक) के दुःखोंसे पीड़ित जीवोंके लिए शरणभूत हैं; तथा जिन्होंने अपने ध्यानरूपी अग्निसे कर्मबंधको भस्मसात् कर दिया है और जो भव्यजनों रूपी कमलसमूहके लिए सूर्यके समान हैं; व जिन्होंने चारुमूर्त्ति अर्थात् अत्यन्त शोभावती, शुद्धवर्णा व श्रेष्ठ शुद्धात्मस्वरूप लक्ष्मीका आलिंगन किया एवं रत्नत्रय (सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चारित्र) के द्वारा परममुक्ति अर्थात् सम्यक्त्वादि अष्टगुणोंसहित सिद्धावस्थाको प्राप्त

---

७. क ख °रूय । ८. क ख °सासिउ । ९. स ग °छिहिय° । १०. स ख °लिहिं । ११. स ग घ जिहं । १२. क ख कह । १३. क स ख °हिं । १४. क ख °वग्गं । १५. क ख णिण्णा° । १६. स ग °धीरु ।

[17]तइलोयसामि-समभित्तसत्तु [18]वयणसुहासासियसयलसत्तु । १०
घत्ता—तित्थंकरु केवलणाणधरु सासवपयपहु सम्मइ[19] ।
जरमरणजम्मविद्धंसयरु देउ देउ महु सम्मइ[20] ॥ १ ॥

[२]

वीरहो पय पणविवि मंदमइ सविणयगिरु जंपइ वीरु कइ ।
जो परगुणगहणकज्जे जियइ सिविणे वि न दोसु लेसु नियइ[1] ।
सो सुयणु सहावें सच्छमइ गुणदोसपरिक्खहिं[2] नारुहइ ।
गुण झंपइ पयडइ दोसु[3] छलु अब्भासें जाणंतो वि खलु ।
परगुणपरिहारपरंपरए ओसरउ हयासु सो वि परए । ५
करजोडिवि विउसहो अणुसरमि अब्भत्थणु मज्जत्थहो करमि ।
अवसद्दु[4] नियवि मा मणि धरउ परिउंछिवि[5] सुंदरु पउ करउ
कव्वु जे[6] कइ विरयइ एक्कगुणु अण्णेक्कं[7] पउंजिव्वइ[8] निउणु ।
एक्कु जे पाहाणु हेमु जणइ[9] अण्णेक्कु परिक्खा तासु कुणइ[10] ।
सो विरलु को वि जो उहयमइ एवं विहो वि पुणु हवइ जइ । १०

किया; जो त्रैलोक्यके स्वामी हैं तथा शत्रु व मित्रमें समान भाव रखते हैं व जिन्होंने अपनी वचनसुधासे सभी जीवोंको (सद्गति रूप उपलब्धिका) आश्वासन दिया है। ऐसे धर्मरूपी तीर्थके प्रवर्तक होनेसे तीर्थंकर, केवलज्ञानके धारक, शाश्वतपद (मोक्ष) के स्वामी, जरा, मरण व पुनर्जन्मका विध्वंस करनेवाले सन्मति (महावीर) देव मुझे सन्मति अर्थात् सद्बुद्धि प्रदान करें ॥ १ ॥

[२]

वीर भगवान्के चरणोंको प्रणाम करके मंदमति वीर कवि विनयपूर्वक कहते हैं—जो दूसरोंके गुणग्रहण करनेके लिए ही जीवित अर्थात् जागृत व उद्यत रहता है और स्वप्नमें भी लेशमात्र दोष नहीं देखता, ऐसा स्वभावसे स्वच्छमति सज्जन (किसीके) गुणदोषोंकी परीक्षामें अयोग्य होता है—अर्थात् उस ओर उसकी प्रवृत्ति नहीं जाती। परन्तु दुर्जन अपने अभ्यास (आदत) दोषसे जानता हुआ भी दूसरोंके गुणोंको तो ढाँकता है और झूठे दोषको प्रकाशित करता है। दूसरेके गुणोंका निराकरण करनेका जिसका स्वभाव है, ऐसा दुर्जन मेरे इस निर्दोष काव्यमें दोष न ढूँढ़ सकनेके कारण निराश होगा। मैं हाथ जोड़कर विद्वानोंका अनुस्मरण तथा मध्यस्थ जनोंकी अभ्यर्थना करता हूँ। कोई अपशब्द देखकर उसे मनमें धारण न करें। उसे दूरसे ही छोड़कर सुंदर पदरचना कर लेवें। काव्यकर्तृत्व ही जिसका एकमात्र गुण है, वह काव्यरचना ही करता है; और कोई अन्य उसका व्याख्यान करनेमें निपुण होता है। एक पाषाण स्वर्णको उत्पन्न ही करता है, और एक अन्य पाषाण (कसौटी) उसकी परीक्षा ही करता है। ऐसा तो कोई विरला ही होता है जो उभयमति अर्थात् दोनों प्रकारकी (काव्य-रचना व काव्य-परीक्षा अथवा व्याख्यान करनेकी) प्रतिभासे सम्पन्न हो।

---

१७. स ग °लोक° । १८. वयणामय° । १९. स ग °इं ।

[२] १. स ग °इं । २. घ °क्खहिं । ३. क घ क दोसि; स दोस । ४. क क °सद्द । ५. क क °उच्छिवि; स ग उंछवि । ६. क वि । ७. स ग एक्कु । ८. स ग अण्णेक्कु । ९. स ग °जेवइ । १०. प्रतियों में °इं ।

सुइसुहयरु पढइ फुरंतु मणे कव्वत्थु निवेसइ निक्खयणे ।
रसभावहिँ रंजियविउसयणु सो मुयवि सयंभु अण्णु[11] कवणु ।
सो चेय[12] गव्वु जइ नउ करइ तहो कज्जे पवणु तिहुयणु धरइ
घत्ता—[13]कयअण्णवण्णपरियत्तणु वि पयडबंधसंधाणहिँ ।
अकहिज्जमाणु कइ चोरु जणे लक्खिज्जइ बहुजाणहिँ ॥ २ ॥

[३]

सुकवित्तकरणि मणवावडेण सामग्गिकवण किय मइं[2] जडेण ।
परिकलिउ पईउ जि सद्दसत्थु सुत्तु वि निप्पज्जइ जेत्थु वत्थु ।
वणगउ सच्छंदु निघंटु सुणिउ गोरसवियारु पर तक्कु मुणिउ[3] ।
महकइविनिबद्धुं[4] न कव्वभेउ रामायणम्मि पर सुणिउं[5] सेउ ।
गुणु सुयणे विद्धि सुयनामकरणं चारित्तु[6] वित्तु पयबंधु वरणे ।

ऐसा यदि कोई हो भी जो श्रुति-सुखकर (कर्णमधुर) स्वरसे उसे पढ़े और मनमें स्फुरायमान होनेवाले काव्यार्थको अपने वचनमें रखे तथा रस और भावोंसे विद्वज्जनोंका अनुरंजन करे तो वह (महाकवि) स्वयम्भूको छोड़कर अन्य कौन हो सकता है ? ऐसा विद्वान् भी यदि (अपने ज्ञानका) गर्व नहीं करता, तो उसके लिए ही ये वातवलय त्रिभुवनको धारण करते हैं (अर्थात् ऐसे विद्वान्से ही यह त्रैलोक्य अलंकृत व सार्थक होता है ।) । जिस प्रकार कोई चोर अपना स्वरूप परिवर्तन (ब्राह्मणादिका वेष बनाकर) करनेपर भी प्रकट सेंध लगानेके कारण बिना कहे भी विशेषज्ञों-द्वारा पहचान लिया जाता है, उसी प्रकार दूसरोंकी काव्यरचनाओंमें वर्ण या शब्द-परिवर्तन करने मात्रसे काव्यरचना करनेवाला कवि अपने काव्यगठनमें बिना कहे ही काव्यालोचकों-द्वारा पहचान लिया जाता है (कि यह चोर कवि है) ॥ २ ॥

[३]

सुन्दर काव्यरचनामें लगे हुए मनवाले मुझ जड़बुद्धिने कौन-सी सामग्री एकत्र की है ? क्या मैंने प्रदीप नामक शब्दशास्त्रको प्राप्त कर लिया है जिससे कि वस्तुका शुद्धवचनों-द्वारा वर्णन किया जा सके ? अथवा क्या मैंने वनमें जाकर (ऋषि-मुनियोंसे) छंदसहित निघंटु नामकोशको सुना है ? बल्कि वनमें स्वच्छन्द तथा निर्घंट—घंटारहित गज होता है, ऐसा मैंने सुना है । अथवा क्या मैंने गो—अर्थात् वाणीमें रसके विचार तथा तर्क (शुद्धता) को जाना है ? बल्कि गोरस- अर्थात् दुग्धका विकार तक्र होता है, यही मैंने जाना है । महाकवि-द्वारा रचे गये काव्यभेद (काव्यविशेष) सेतुबंधको भी मैंने नहीं सुना; केवल रामायणमें सेतु (बंधन) की बात सुनी है । शास्त्ररचनामें गुण और वृद्धि (व्याकरणकी प्रक्रियाएँ) के नामपर, मैंने सज्जनमें गुण तथा सुतके द्वारा ख्याति-प्राप्त करनेमें वृद्धि (अर्थात् वंशवृद्धि—वंशोन्नति) की बात सुनी है; और वृत्तका अर्थ मैंने केवल चारित्र-अर्थात् आचरणसे समझा है, वृत्त अर्थात् एकाक्षरादि छंदसमूहको मैंने नहीं समझा; उसी प्रकार वरण अर्थात् पाणिग्रहणमें पयःबंध अर्थात्

११. क अण्ण; घ अन्नु । १२. क ङ वेय° । १३. घ °अन्नवन्न° ।

[३] १. ख ग °करण । २. क ङ मइ । ३. क घ ङ °उं । ४. ख ग °बद्धउ । ५. क घ ङ मुणिउं । ६. क घ ङ °त्ति; ख °त्त ।

दुव्वयणु पिसुणु जाणिउ[7] हयासु उवलकिरूउ संवच्छरु समासु ।
मुहियएण कव्वु सकमि करेमि[8] इच्छमि भुएहिं सायरु तरेमि[9] ।
दीहरतरुफलि[10] ढोयंतु हत्थु सद्धालुउ पंगु व जणे निरत्थु ।
घत्ता—अह महकइरइउ पबंधु मइं कवणु[11] चोज्जु[12] जं किज्जइ ।
विद्धइ हीरेण महारयणे सुत्तेण वि पइसिज्जइ ॥ ३ ॥ १०

[४]

इह[1] अत्थि परमजिणपयसरणु गुलखेडविणिग्गउ सुहचरणु ।
सिरिलाडवग्गु तहिं विमलजसु कइदेवयत्तु निव्वूढकसु[2] ।
बहुभावहिं[3] जें वरंगचरिउ पद्धडियाबंधें उद्धरिउ ।
कविगुणरसरंजियविबुसह[4] वित्थारिय सुद्धयवीरकह[5] ।
चच्चरियबंधि विरइउ सरसु गाइज्जइ संतिउ तारजसु[6] । ५
नच्चिज्जइ जिणपयसेवयहिं किउ रासउ अंबादेवयहिं ।
सम्मत्तमहाभरधुरधरहो नहो सरसइदेविलद्धवरहो ।

जलार्पणके द्वारा वर-वधूका संयोग कराया जाता है, यही मैंने जाना है; परन्तु गद्य-पद्यमय पदबंध अर्थात् पदरचना-द्वारा महाकाव्योंकी रचना करना मैं नहीं जानता । दुर्वचन अर्थात् (वैयाकरणोंके अनुसार) 'अपशब्द'के नामपर मैं दुर्वचन बोलनेवाले दुष्ट-चुगलखोरको ही समझता हूँ व समास (कर्मधारय, तत्पुरुष आदि) के नामपर मासयुक्त संवत्सरको । भोलेपनमें ऐसा समझकर कि मैं काव्य रच सकूँगा, मैं कविकर्ममें प्रवृत्त होता हूँ, और इस प्रकार मैं भुजाओं-द्वारा सागरको तर जानेकी इच्छा करता हूँ । दीर्घवृक्षके फलोंकी ओर हाथ बढ़ानेवाले श्रद्धालु पंगुके समान ही मैं लोकोंमें विकलप्रयास अर्थात् असफल प्रयत्न होऊँगा । अथवा महाकवियों द्वारा इस विषयके प्रबन्ध (महाकाव्य) की रचना की गयी है, तब क्या आश्चर्य जो मैं भी वैसी ही रचना करूँ, क्योंकि हीरेसे बिँधे हुए महारत्नमें धागा भी प्रवेश कर जाता है ॥ ३ ॥

[४]

इस देशमें अन्तिम तीर्थंकर-महावीरके चरणोंका भक्त, गुलखेडका निवासी, शुभ आचरणवाला, श्री लाडवर्गगोत्री, निर्मल यशवाला और (काव्यरचनारूपी) कसौटीपर कसा हुआ महाकवि देवदत्त था, जिसने पद्धडिया छंदमें नाना भावोंसे युक्त वरांगचरितका उद्धार किया तथा काव्यगुणों व रसोंसे विद्वत्सभाका मनोरंजन करनेवाली सुद्धयवीरकथा (?) का विस्तारसे वर्णन किया । उन्होंने सरस चच्चरिया बंधमें शान्तिनाथका महान् यशोगान किया; तथा जिन भगवान्के चरणोंकी सेविका अंबादेवीका रास रचा जिसका जिनभगवान्के चरणसेवकों-द्वारा नृत्याभिनय भी किया जाता है । ऐसे सम्यक्त्वरूपी महद्भारकी धुराको

७. क घ क °उं । ८. ख ग °वि । ९. ख ग °फल । १०. क °ण । ११. ख ग चोज्ज ।

[४] १. घ अह । २. ख ग गुड° । ३. ख ग निवुड्ढ । ४. क °भावहि । ५. क घ क °सहा । ६. क घ क °कहा । ७. ख ग तारु° ।

नामेण वीरु हुउ विणयजुउ संतुव-गब्भुब्भउ[८] पढमसुउ ।
घत्ता—अक्खलियसर[९]-सक्कयकइ कलिवि[१०] आएसिउ सुउ पियरें ।
पायपबंधु[११] वल्लहु जणहो विरइज्जउ किं इयरें ॥ ४ ॥

[५]

अह मालवम्मि धणकणदरिसी नयरी नामेण सिंधुवरिसी[१] ।
तहिं धक्कडवग्गे वंसतिलउ महसूयणनंदणु[२] गुणनिलउ ।
नामेण सेट्ठि तक्खडु वसइ जसपडहु जासु तिहुयणे[३] रसइ[४] ।
महकइदेवत्तहो परमसुही तें भणिउ वीरु कयसुयणदिही ।
चिरु कइहिं[५] बहुलगंथुद्धरिउ संकिल्लहिं[६] जंबुसामिचरिउ ।
पडिहाइ न वित्थरु अज्ज[७] जणे पडिभणइ[८] वीरु संकियउ मणे ।
भो भव्ववंधु किय तुच्छकहा रंजेसइ केम विसिट्ठमहा ।
एत्थंतरे पिसुणसीहसरहु तक्खडकणिट्ठु वोल्लइ भरहु ।
वित्थरसंखेवहु दिव्वझुणी गरुयारउ अंतरु वीर सुणी ।
घत्ता—सरि-सर-निवाण[९]-ठिउ बहु वि जलु सरसु न तिह मण्णिज्जइ ।
थोवउ करयत्थु विमलु जणेण अहिलासें जिह पिज्जइ ॥ ५ ॥

धारण करनेवाले और सरस्वती देवीसे वर प्राप्त करनेवाले उस (देवदत्त) कविको संतुवा (भार्या) के गर्भसे विनयसम्पन्न वीर नामका प्रथम पुत्र उत्पन्न हुआ । पुत्रको अस्खलितस्वर अर्थात् अव्याबाध संस्कृत कवि जानकर पिताने आदेश दिया—लोकप्रिय प्राकृत प्रबन्ध (शैली) में काव्य-रचना करो अन्य रचनासे क्या ? ॥४॥

[५]

मालवदेशमें धनधान्यसे समृद्ध सिंधुवर्षी नामकी नगरी है । वहाँ धाकड़वर्गवंशका तिलकभूत, मधुसूदनका गुणनिधान पुत्र तक्खड नामका श्रेष्ठि रहता है, जिसके यशका डंका तीनों लोकोंमें बजता है । महाकवि देवदत्तके सज्जनोंको सुख देनेवाले उस परम सुहृत्ने वीर कविको कहा—चिरकालसे कवियों-द्वारा अनेक ग्रन्थोंमें उद्धृत जंबूस्वामीचरित्रका संक्षेपमें कथन करो । तब 'आर्यजनोंको व्यर्थ विस्तार—अर्थात् पुनरुक्ति न मालूम हो' इस प्रकार मनमें शंकित होकर वीर कविने कहा—हे भव्यबंधु ! (मेरे-द्वारा) रचित संक्षिप्त कथा विशिष्टसभा अर्थात् विद्वज्जनोंका अनुरंजन कैसे कर सकेगी ? इसके अनन्तर पिशुनरूपी सिंहोंके लिए अष्टापदके समान, तक्खडके कनिष्ठभ्राता भरतने कहा—हे दिव्यध्वनि (देवोंके समान सुमधुर वाणी) वाले वीर कवि सुनो, विस्तार और संक्षेपमें बड़ा भारी अन्तर होता है; नदी, सरोवर और चरहियोंमें बहुत सा जल है, वह सभी सरस नहीं माना जाता; परन्तु करवेमें रखा हुआ थोड़ा-सा विमल जल लोगोंके द्वारा अभिलाषापूर्वक पिया जाता है ॥५॥

---

८. ख ग °गब्भ° । ९. क ग घ ङ °सर° । १०. क ङ कलवि । ११. क ङ पायव° ।

[५] १. क घ ङ °करिसी । २. क °णंदण । ३. क ङ °वणे । ४. ग °इं । ५. ख घ °हिं । ६. ख ग °हिं । ७. ख ग घ अज्जु° । ८ क घ ङ °इं । ९. ख ग निवाणु ।

[६]

अवि य-सेट्ठिसिरितक्खडेणं भणियं च तओ समत्थमाणेण ।
वड्ढइ[1] वीरस्स मणे कइत्तकरणुज्जमो जेण ॥ १ ॥
मा होंतु ते कइंदा गरुयपबंधेहिं[3] जाण निव्वूढा ।
रसभावमुग्गिरंती विप्फुरइ[4] न भारई[5] भुवणे[6] ॥ २ ॥
संति कई वाई विहु वण्णुक्करिसे सुफुरियविण्णाणा[7] । ५
रससिद्धिसंचियत्थो[8] विरलो वाई कई एक्को ॥ ३ ॥
विजयंतु जए कइणो जाणं वाणी अइट्ठपुव्वत्थे ।
उज्जोइयधरणियला[10] साहय[11]-वट्टि व्व निव्वडई ॥ ४ ॥
जाणं समग्गसद्दोहजोंदुउ[12] रमइ मइफडक्कम्मि ।
ताणं पि हु उवरिल्ला कस्स व बुद्धी परिप्फुरइ[13] ॥ ५ ॥ १०
किं च स्वकृतमपि वृत्तं न स्मरसि—

स कोऽप्यंतर्वेद्यो वचनपरिपाटीं घटयतः[14]
कवेः कस्याप्यर्थः स्फुरति हृदि वाचामविषयः ।
सरस्वत्यप्यर्थान् निगदनविधौ यस्य विषमा-
मनात्मीयां चेष्टामनुभवति कष्टं च मनुते ॥ ६ ॥

---

[६]

और भी—भरतके इस वचनका समर्थन करते हुए श्रेष्ठि श्रीतक्खडने ऐसे वचन कहे जिनसे वीरके मनमें काव्यरचनाका उद्यम (उत्साह) बढ़े । उन्होंने कहा—वे श्रेष्ठ कवि नहीं हो सकते जिनकी परिपुष्ट भारती महान् प्रबन्धों (महाकाव्यों)-द्वारा रस व भावोंकी वृष्टि करती हुई लोकमें विस्फुरायमान नहीं होती । वर्णों (रंगों) के उत्कर्षमें (अर्थात् चटकदार रंग चढ़ानेमें) अत्यन्त चतुर धातुवादी तथा वर्णोंके उत्कर्ष अर्थात् बड़े-बड़े व सुंदर शब्दोंके प्रयोगमें चतुर कवि इस लोकमें बहुत हैं; परन्तु रस (धातुरस) की सिद्धिसे अर्थ अर्थात् सुवर्णका संचय करनेवाला धातुवादी तथा काव्यरसोंकी सिद्धिसहित सुंदर अर्थका संचय करनेवाला कवि कोई एक विरला ही होता है । जगत्में वे कवि विजयी हों जिनकी वाणी अदृष्टपूर्व (अभूतपूर्व) अर्थोंके विषयमें धरणीतलको प्रकाशित करती हुई तथा उपयोग-विशेषके द्वारा गूढ़धनको प्रकाशित करनेवाली साधकवर्त्तिकाके समान प्रवृत्त होती है । जिनके मतिरूपी फलकपर समग्र शब्दसमूह (संस्कृत, प्राकृत व अपभ्रंश) रूपी कन्दुक नाना अर्थोंमें प्रवृत्त होती हुई क्रीड़ा करती है, उनके भी ऊपर और किसकी बुद्धि प्रतिस्फुरित हो सकती है । और क्या तुम अपने ही रचे हुए इस वृत्तको स्मरण नहीं करते—'ऐसा कोई विरला ही अन्तर्वेदी कवि होता है जिसके हृदयमें वचन-परिपाटीकी घटना करते हुए वाणीके अगोचर कोई अभूतपूर्व ही अर्थ स्फुरित होता है, जिसके अर्थोंको कहनेके प्रयासमें सरस्वती भी बड़ी विषम अनात्मनीय (असाधारण) चेष्टाका अनुभव करती है और कष्ट मानती है ।

---

[६] १. क ख वड्ढइ । २. क घ ङ °व । ३. ग °धेवि । ४. ख ग विथरइ । ५. क घ ङ °ही । ६. क ङ भुवणे । ७. ख ग °णो; घ °विन्नाणा । ८. क ङ सव्व°; घ संधि° । ९. क पुन्न°; घ °त्थो । १०. प्रतियोंमें °यलो । ११. ख ग °इ । १२. क ङ °हम्मेंदुउ । १३. क घ ङ पहि° । १४. ख ग गम° ।

१५ इय निसुणेवि वयणु[15] उच्छाहें पारंभिय कह जिणवइ नाहें ।
अत्थि एत्थु[16] धणकणयसमिद्धउ मगहदेसु महियलि सुपसिद्धउ ।
धम्मायारजुत्तु निद्दूसणु पंडवनाहु व भारहभूसणु ।
विसयमाणु वण्णिज्जइ हंसु व किं न[17] तरुणिथणमंडलफंसु व ।
कुकइकव्वकहबंधु व वीसरु[18] भावइ नीरसस्स सुमनोहरु ।
२० जहिं[19] जलवाहिणीउ थिरगमणउ गुरुगंभीरवलाहियरमणउ[20] ।
तरलमच्छदीहरचलनयणउ वियसियइंदीवरवरवयणउ ।
जलगयकुंभथोरथणहारउ[21] फेणावलिसोहियसियहारउ ।
उहयकूलदुमनियसियवसणउ[22] जलखलहलरवसज्जियरसणउ ।

ये वचन सुनकर जिनमतिके पति (वीर कवि) ने उत्साहसे कथा प्रारम्भ की । यहाँ-पर धनकणसे समृद्ध, महीतलमें सुप्रसिद्ध मगध नामका देश है । वह धर्माचारसे युक्त है और दूषणरहित है, अतः पांडवनाथ युधिष्ठिरके समान भारत (महाभारत, पक्षमें भारतदेश) का भूषण है । वह सब देशोंमें श्रेष्ठ कहा जाता है, अतएव सैकड़ों पक्षियोंमें हंसके समान तथा विषयोंमें श्रेष्ठ तरुणिजनोंके स्तनमण्डलके संस्पर्शके समान क्यों न वर्णनीय हो ? अपने उद्यानादिकोंमें वह पक्षियोंके स्वर (वी + स्वर) से संयुक्त तथा जल और शस्य (नीर + शस्य)-से अति मनोहर होता हुआ कुकविकृत काव्यकथाबंधके समान स्वरहीन (विस्वर) है जो काव्यरसके ज्ञानसे हीन ग्राम्यपुरुषको खूब मनोहर लगता है । जहाँकी जलवाहिनियाँ जलवाहिनी (पनिहारिन) कामिनियोंके समान हैं; वहाँकी पनिहारिनें मंद-मंद गमन करने-वाली तथा विशाल, गंभीर व सुपुष्ट नितम्बोंवाली हैं; उसी प्रकार वहाँकी जलवाहिनियाँ मंद-मंद प्रवाहवाली तथा अति विशाल व गम्भीर ह्रदों रूपी सुपुष्ट नितम्बोंको धारण करनेवाली हैं । वहाँकी पनिहारिनें चंचल मत्स्योंके समान दीर्घ व चंचल नेत्रोंवाली, तथा विकसित इंदीवरके समान प्रफुल्लित एवं सुंदर मुखवाली हैं, उसी प्रकार वहाँकी जलवाहिनियाँ चंचल-मत्स्योंरूपी दीर्घ व चंचल नेत्रोंवाली तथा विकसित इंदीवरोंरूपी प्रसन्न व सौम्य मुखवाली हैं; वहाँकी पनिहारिनें जलगजोंके कुंभस्थलोंके समान स्थूल स्तनोंको धारण करनेवाली तथा फेणावलिके समान शोभायमान श्वेत (मुक्ता) हारोंको धारण करनेवाली हैं; उसी प्रकार वहाँ-की जलवाहिनियाँ जलहस्तियोंके कुंभस्थलरूपी स्थूलस्तनोंको धारण करनेवाली तथा फेणावलि-रूपी धवलहारोंसे शोभायमान हैं; जिस प्रकार पनिहारिनें पहने हुए वस्त्रों तथा घड़ोंमें छलकते हुए जलके खल-खलरव एवं कटिमेखला (की किंकिणियोंके मधुर कलरव) से सुसज्जित रहती हैं, उसी प्रकार जलवाहिनियाँ उभयतटोंके द्रुमोंरूपी पहने हुए वस्त्र एवं जलके खल-खल रव रूपी कटिमेखला (की किंकिणियोंके मधुर रव) से सुसज्जित हैं । उस मनोहर देशको छोड़कर नदियाँ अपेय विष (जल व हालाहल) के आकर (सागर) का अनुसरण करती हैं; अथवा

---

१५. क ख °ण । १६. ग एत्थ । १७. ख ग किंतु । १८. क ख गा । १९. क ख जहि । २०. क ख °गंभीरु° । २१. क घ क °गयकुंभिकुंभथण° । २२. ख ग °णिवसिय° ।

घत्ता—तं देसु मणोहरु परिहरेवि सरिउ अपेउ विसायरु ।
जडमइयहिँ अहव विवेउ कहिँ तियहिँ[२३] सलोणइ[२४] आयरु ॥ ६ ॥

[७]

[1]जहिँ सरवरइँ हसियसयवत्तइँ कुकलत्ता इव अविणयवंतइँ[2] ।
तडतरुछाइयसीयलनीरइँ[3] सज्जणहियया इव गंभीरइँ[3] ।
उज्जाणइँ[4] परिवड्ढियमारइँ[5] जोव्वण इव पियालवणसारइँ ।
दक्खारसु वियलंतु न खिज्जइ थलकमलिणिदलनिवडिउ पिज्जइ ।
जहिँ खज्जंति कीरमुहचुंबिउ परिपक्कउ कयलीफललुंबिउ । ५
असुहावियमुहेहिँ[6] रुइरहियहिँ मिरियवेल्लि चक्खिज्जइ पहियहिँ ।
इय आहारहिँ[7] जहिँ छुह[8] छिज्जइ संबलु नियघराउ न वहिज्जइ[9] ।
ओणामिज्जइ[1] पावियफलभरु नायवेल्लिवेढिउ फोफलतरु ।

जड़मति (पक्षमें जलमयी) स्त्रियोंमें कहीं विवेक देखा जाता है ? वे तो केवल सलोने (सुन्दर, पक्षमें सलवण-खारा) का आदर करती हैं ॥६॥

[७]

जहाँके सरोवर कुकलत्रोंके समान हैं; कुकलत्र सैकड़ों उपहसनीय मुखों (या पात्रों अर्थात् उपपतियों ?) वाली तथा अविनयशील होती हैं; उसी प्रकार वहाँके सरोवर हसित अर्थात् विकसित शतपत्रोंसे युक्त तथा अविनयशील अर्थात् जलके निरन्तर गमनागमनसे युक्त हैं। वे सरोवर तटवर्ती वृक्षोंसे छाये रहनेके कारण शीतल जलवाले तथा सज्जनोंके हृदयोंके समान गंभीर हैं। वहाँके उद्यान यौवनके समान हैं; यौवनमें मार अर्थात् काम खूब बढ़ता है और प्रिय जनोंका कामोद्रेककारी आलाप ही उसमें सार होता है; उसी प्रकार वहाँके उद्यानोंमें मार (हड) वृक्ष खूब बढ़ रहे हैं और प्रियाल वृक्षोंकी पंक्तियों तथा पानीसे सार युक्त अर्थात् समृद्ध हैं। वहाँ (पके हुए फलोंके गुच्छोंसे) निरन्तर गिरता हुआ द्राक्षारस कभी क्षय नहीं होता और स्थल कमलिनियोंके पत्रों पर पड़ा हुआ पिया जाता है। जहाँ शुकोंके द्वारा मुख चूंबे हुए (चोंच मारे हुए) लटकते हुए परिपक्व कदली फलोंके गुच्छे (केले) खाये जाते हैं। और जहाँ (सुधातुल्य मीठा द्राक्षारस पीने व मीठे फल खानेसे जिनका) मुँह बेस्वाद हो जानेसे जिन्हें और कुछ खानेसे अरुचि उत्पन्न हो गयी है, ऐसे पथिकोंके द्वारा मिरिचकी बेल चखी जाती है। ऐसे (प्राकृतिक) आहारोंसे जहाँ क्षुधा क्षय हो जाती है, वहाँ अपने घरोंसे संबल (पाथेय) लेकर नहीं चला जाता। तथा जहाँ नागलता (पानकी बेल) से वेष्टित पूगवृक्ष फलोंके भार-रूप पूर्ण सफलताको प्राप्त कर झुक रहा है। उस देशमें गोकुलके आँगनोंमें नीले वस्त्रोंको

---

२३. क ङ °हि । २४. क घ ङ °णइ ।

[७] १. क ङ जहि सरवरइ हसियपरयवत्तइ । २. क ख ग ङ °वंतइ । ३. क ङ °रइ । ४. क ख ग ङ °णइ । ५. क °सारइं; ख ग °वट्टिय° । ६. क ग ङ °हि । ७. क जिह छुहा° । ८. क °ज्जइं । ९. क ङ अंणाविज्जइ; ख ग उण्णा° ।

घत्ता—गोट्ठंगणे नीलनियंसणिहिं घणथणभरभणुकंतिहिं[10] ।
पहिं[11] किज्जइ[12] गमणविलंबु जहिं गोविहिं रासु रमंतिहिं ॥ ७ ॥

[८]

जहिं कलमसालिफलकयसुयंधु वावरइ समीरणु भरियरंधु ।
हल्लिरमहल्लमंजरिवसेण घुम्मइ[2] व धरणि रंजियरसेण ।
उद्धूस इव वरधूसरेहिं उच्छलइ व चवलयंवल्लरेहिं[3] ।
हसइ व विसट्टमुहवणफलेहिं[4] नच्चइ व[5] नमंतहिं जो नलेहिं[7] ।
मंडइ व वयणु कुसुमियसणेहिं[8] सव्वंगुक्करसिय करिसणेहिं[9] ।
पुंडच्छुजंतचिक्कारएहिं[1] गायइ व मुक्कसिक्कारएहिं ।
सरलंगुलिउल्लिमवि[10] जंपिएहिं[11] पयडेइ व रिद्धि कुडुंबिएहिं[12] ।
देउलहिं विहूसिय सहहिं गाम सग्ग व अवइण्ण[13] विचित्तधाम ।

घत्ता—परिहापायारहिं परियरिउ सुरपुरसिरिदलवट्टणु ।
[14]तहिं देसि मणोहरु रायगिहु नामें निवसइ पट्टणु ॥ ८ ॥

धारण करनेवाली तथा अत्यन्त घने स्तनों व रमणोंके भारसे आक्रान्त रास खेलती हुई गोपियों के द्वारा (पथिकोंके लिए) पथमें गमन करनेमें विलंब कर दिया जाता है ।

[८]

जहाँ कलम नामक धानकी बालोंकी सुगंधिसे युक्त, समस्त रंध्रोंको भरनेवाला (व रोम-रोम पुलकित करनेवाला) समीर बहता है । जिस देशकी भूमि बड़ी-बड़ी हिलती हुई मंजरियोंके बहाने मानो रसरंजित (मदमत्त) होकर घूम रही है; श्रेष्ठ मूंगकी कोमल सेमयुक्त फलियोंसे मानो रोमांचित हो रही है; चपल कोंपलोंके ऊपरके फलियोंके गुच्छोंके द्वारा मानो उछल रही है; विकसित मुख अर्थात् खिले हुए कर्पासफलोंसे मानो हँस रही है और झुकते हुए नलों (सरकंडे) के द्वारा मानो नाच रही है; फूले हुए सण से मानो मुखको सजा रही है और फूली हुई खेतीसे मानो सर्वांग उत्कर्षित अर्थात् उल्लसित हो रही है—ऐसा वह देश इक्षु रस निकालनेके यंत्रोंकी चीत्कारों-द्वारा मानो सीत्कारें छोड़ते हुए नाच रहा है । अपनी सरल अंगुलियोंको उठा-उठाकर बोलनेवाले अपने कुटुम्बी अर्थात् किसान गृहस्थोंके द्वारा जो अपनी ऋद्धि-समृद्धिको प्रकट करता है । देवकुलोंसे विभूषित वहाँके ग्राम ऐसे शोभायमान हैं मानो विचित्र भवनोंवाले स्वर्ग अवतीर्ण हो गये हों । उस देशमें परिखा और प्राकारोंसे घिरा हुआ इंद्रपुरीकी शोभाको भी मात करनेवाला अत्यन्त मनोहर राजगृह नामका पत्तन है ॥८॥

---

१०. क घ ङ रमण° । ११. ख ग पहिं । १२. ख ग °इं ।

[८] १. ग °सालिकल° । २. ख ग °इं । ३. ख ग °लइ । ४. क ङ °हु । ५. घ °ण; ङ; °हि । ६. क ङ °तिहिं । ७. ङ °हि । ८. क ङ °करिसिय । ९. क ङ °विक्कार° । १०. ख °उसिवि । ११. क घ ङ उंबि° । १२. क ङ °रेहिं । १३. क °हिण्ण; घ °इन्न । १४. क तहि ।

[९]

गोउरं जत्थ भडरक्खियं[1] दुद्दमं
कुंभविलयाण जंतीण कयकद्दमं ।
हट्टमग्गं पि चल्लंतु नायरजणो
एक्कमेक्कासु संघट्टियंगो घणो ।
कामिणीसेयचुयकुंकुमे खुप्पए
लहसियसिरकुसुमदामेहिं तह गुप्पए ।
उवरितणभूमिधवलहरअब्भंतरे[2]
कामपंडुरकवोला गवक्खंतरे ।
सासमरुमिलियभमरं मुहं[3] दावए
राहुससिजोयभंतिं समुप्पायए[4] । ५
फलिहसिलघडियघरपंगणुम्मीसिया
पोमराएहिं रंगावली दीसिया[5]
दित्तरविकंतकिरणेहिं तमु खिज्जए
जामिणी जत्थ निद्दाए[6] जाणिज्जए
कसणमणिखंडचिंचइयधरणीयलं
सप्पसंकाइ चलवलियकिरणुज्जलं ।
पयहिं चंपेवि[7] आहणइ जा किर थिरं
धुणइ[8] कुंचइय[9]-चंचूमऊरो सिरं ।
सग्गिणीनामछंदो[10] ।

घत्ता—घरि घरि गोरिउ सीमंतिणिउ सक्कु धणउ[11] ईसरु जणु । १०
नियरिद्धिए मण्णइ[12] तुच्छसिरि सग्गु वि दुत्थु दयावणु[13] ॥९॥

---

[९]

जहाँके गोपुर भटोंसे सुरक्षित होनेसे (शत्रुओंके लिए) दुर्दम्य अर्थात् दुर्जेय हैं और जहाँ गमन करती हुई पनिहारिनोंके द्वारा कर्दम कर दिया जाता है; वहाँ हाट-मार्गोंसे चलता हुआ नागर समुदाय परस्परके अंगोंसे खूब संघट्टित होता है; कामिनियोंके स्वेदसे चूये हुए कुंकुम (की कीचड़) में वह धंस जाता है और शिरसे खिसकी हुई पुष्पमालाओंमें स्खलित होता है। जहाँ ऊपरीतलके प्रासादके भीतरके गवाक्षोंमें कामोद्रेकसे पांडुरवर्ण कपोलवाली कामिनी अपने श्वासकी (सुगंधित) मरुत्से आकृष्ट हुई भ्रमरपंक्तिसहित मुखमंडल दिखला रही है और राहु-शशि संयोग अर्थात् चन्द्र-ग्रहणकी भ्रान्ति उत्पन्न करती है वहाँ स्फटिक शिलाओंसे घटित घर-प्रांगणमें पद्मरागसे मिश्रित मणियोंकी रंगोली दिखाई देती है। देदीप्यमान रविकांतमणिकी किरणोंसे जहाँ अन्धकार नष्ट हो जाता है, अतः वहाँ यामिनी केवल निद्रासे ही जानी जाती है। उन घरोंके पृथ्वीतल इन्द्रनीलमणियोंसे खचित हैं, जिनकी लहराती हुई किरणें चंचल सर्पोंकी शंका उत्पन्न करती हैं; इसलिए वहाँ मयूर पुनः-पुनः अपने चरणोंसे भूमिको आक्रान्त (आहत) करके (वास्तविक सर्पको न पाकर) अपने चंचुको कुंचित करके सिर धुनता है। (सग्गिणी नामक छंद)। वहाँ घर-घरमें गोरी सीमन्तिनियाँ हैं (स्वर्गमें एक ही गौरी है) तथा घर-घरमें शक्र और धनद-कुबेर जैसे धनी लोग हैं (स्वर्गमें एक ही शक्र और एक ही धनद है)। इस प्रकार अपनी ऋद्धिकी तुलनामें वह नगर स्वर्गको तुच्छ धनवान्, दुःस्थित और दयनीय मानता है (विशेषके लिए देखो आगे टिप्पण)।

---

[९] १. क °सिय। २. क ख °वब्भं। ३. क ख मुहं। ४. क ख °जोय तहिं भंतिमुप्पायए। ५. क घ ङ दं°। ६. ख ग °इ। ७. ख °संड। ८. क ख चंपेहि; घ चप्पेहि। ९. ख ग °इं। १०. ख ग कुंचइं। ११. क घ ङ में छंद नाम नहीं। १२. ख ग घ °उं। १३. क घ ङ °इं; ख ग मन्नइ। १४. ख ग °वणउ।

[१०]

घरे घरे तूरु मणोहरु वज्जइ[1]
घरे घरे सुम्मइ[2] सवणसुहावणि
घरे घरे जहिँ[3] णेउररवभामिणि
जहिँ दप्पणकरा[4]ँ आसत्तिप्र
मुद्धियाप्र[5] ईहंतिप्र[6] सियगुणुं[7]
कामिणीउ णं चंदणसाहउ
जाहँ रूउ[11] पेक्खेवि[12] कलइत्तउ
जयकंखिरु तिनयणभयतट्ठउ[13]
घणथणकलसहिँ[16] मुहरएप्पिणु[17]
अहरए महु[21] छुहेवि[22] मयसंगहिँ[23]
कामुअजणमणजगडणदक्खहिँ[24]
ऊरुखंभमंडियभुवणुल्लप्र

पुरवरि नं अयालि घणु गज्जइ।
गंधव्वाणुलग्गआलावणि।
दावइ हंसहो गइ गोसामिणि।
अहरोवाहिरंगु अमुणंतिप्र[8]।
दंतपंति[9] छोलिज्जइ पुणु पुणु।
विरइयभोयभुअंगं[10]-सणाहउ।
हेलइ[14] जित्तु[15] महेसरचित्तउ।
सरणउ अंगि अणंगु पइट्ठउ।
नियसव्वसु[18] सिंगारु[19] ठवेप्पिणु।
धणु सज्जोउ मुक्कु[20] भूभंगहिँ।
वाणसमप्पिय[25] नयणकडक्खहिँ।
रइआवासु कियउ रमणुल्लप्र।

[१०]

उस श्रेष्ठ नगरमें घर-घरमें ऐसा मनोहर तूर बजता है, मानो दुर्दिनमें मेघ गरजता हो। घर-घरमें गंधर्वों-जैसा श्रवण सुखद वीणाका संगीत सुनाई पड़ता है। जहाँ घर-घरमें नूपुरध्वनि करती हुई गोस्वामिनियाँ (गोपियाँ), (नूपुर ध्वनिकी हंसोंकी ध्वनिसे समानताके कारण) हंसोंको (भ्रान्ति उत्पन्न करके अपने पीछे-पीछे अनुगमन कराती हुई मानो उन्हें) चलना सिखलाती हैं। जहाँ हाथमें लिए हुए दर्पणमें अपनी ही सूरत देखकर आसक्त अर्थात् मत्त हुई मुग्धाके द्वारा अधरोंकी उपाधि अर्थात् समीप्य अन्य ईषत् लालिमाको न समझकर धवल बनाने की इच्छासे अपनी दंतपंक्तिको पुनः-पुनः छीला जाता है। जहाँकी कामिनियाँ संभोग सुख देने वाले (अथवा विरचित भोग अर्थात् नाना प्रकारके वस्त्राभरणादिसे सजे हुए) अपने प्रेमियोंसे सनाथ हैं, अतः वे चंदनवृक्षोंकी उन शाखाओंके सदृश हैं जो विरचित भोग अर्थात् फैलाये हुए फणोंवाले भुजंगों (सर्पों) से युक्त होती हैं। जिनका सकलकला युक्त रूप देखकर हेलासे अर्थात् अनायास ही महेश्वरका चित्त विजित हो गया, अतः विजयको आकांक्षा करनेवाला अनंग उन त्रिनेत्र (महादेव) के भयसे त्रस्त हुआ उन कामिनियोंके अंगोंकी शरणमें प्रविष्ट हो गया। जहाँ कामदेवने घने स्तनोंरूपी कलशोंमें चूचकोंरूपी मुद्रा (मुहर) लगाकर उनमें अपना सर्वस्व शृंगार (सौंदर्य) स्थापित करके अधरोंमें काममदसे भरा मधु डालकर अपना धनुष चढ़ाकर उनके भ्रूभंगोंमें छोड़ दिया है, अर्थात् अपने धनुषको तो भौंहोंको समर्पित कर दिया और अपने बाण कामोजनोंके मनकी कदर्थना करनेवाले उनके नयन-कटाक्षोंमें समर्पित कर दिये हैं; उन रमणियोंका जंघाओंरूपी स्तम्भोंसे मंडित श्रोणितलरूपी भुवन मानो रतिका

[१०] १. क °इं। २. घ °इं। ३. क जहि। ४. क °करए। ५. क ख ग मुणं° ६. क घ °याइं; ख °याइ। ७. क ख °तिय। ८. क °गुण। ९. क दंति°। १०. क ख °भुवंग; घ °भुयंग। ११. ख ग कय। १२. क घ ङ पिच्छिवि। १३. ग घ °इं। १४. ख ग जित्त। १५. ख ग सुराहिव°। १६. ख ग °घट्टउ। १७. क घ °सहं; ख °सह। १८. क ख °रएविणु। १९. क सव्वंसु; ख सव्वंगु। २०. ख ग सें°। २१. क °रइं मुहुं; ख °रइं महु। २२. ख ग छुएवि। २३. क ख मइं°। २४. क ख मुक। २५. क घ ङ कामुय°। २६. क ख °प्पइ।

घत्ता—तहिं[२७] सेणिउ[२८] णयरे णराहिवइ रूवविणिज्जियरइवरु ।
लवणण्णवकूलावहि—सघरधरमंडलें[२९]—पालियकरु ॥१०॥

[११]

जेण वलिय मंडलियअसेस वि वणगिरिगहणनिरंतरदेस वि ।
असिकियलइयकप्पु वलिमंडइ[१] जयसिरि वसइ जासु भुअदंडइ[२] ।
मरगयवण्णकिवाणुप्पण्णउ[३] जसु जसु तो वि अमरगयवण्णउ ।
जासु पयावहुवासु[४] अतित्तउ खीणारिंधणखोज्जु[५] नियंतउ ।
विहवीहुयहिं[६] जं जि सुमरिज्जइ अवसु विवक्खु एत्थु पाविज्जइ । ५
इयकज्जेण डहणमणु चलियउ रिउ[७]घरणिहुं हियवइ पज्जलियउ ।
जो निव नीइतरंगिणिसायरु सुयणसरोरुहसंडदिवायरु ।
अरुहभत्तु सम्मत्तधुरंधरु धम्ममहारहओडियकंधरु[८] ।
अवियं—चंडभुअदंडे[९]-खंडियपयंडमंडलियमंडलीविसट्टे[१०] ।
धाराखंडणभीयव्व जयसिरि वसइ जस्स खग्गंके ॥१॥ १०

आवास-भवन ही है । ऐसे नगरमें श्रेणिक नामका राजा रहता है, जो रूपमें रतिपतिको भी जीतनेवाला है, तथा लवणोदधिके कूल तक पर्वतोंसहित समस्त धरामंडलका धारक अर्थात् स्वामी व करपालक अर्थात् कर ग्रहण करनेवाला है ॥१०॥

[११]

जिसने गहन वनों व पर्वतों तथा व्यवधानरहित देशों वाले समस्त मांडलीकोंको साध लिया है एवं देवलोकको भी बलपूर्वक वशमें कर लिया है, तथा जिसके भुजदंडमें जयश्रीका वास है । जिसका यश मरकत (नील, कृष्ण) वर्ण कृपाणसे उत्पन्न होनेपर भी अमरगज अर्थात् ऐरावत हाथीके (धवल) वर्णका है, अथवा अमरगतवर्ण अर्थात् देवताओं तक भी उसकी स्तुति गायी जाती है । जिसका अतृप्त प्रतापाग्नि शत्रुरूपी ईंधनके क्षीण हो जानेपर (अतिरिक्त ईंधनकी) खोज करता हुआ—शत्रुओंकी विधवा हुई पत्नियोंके द्वारा अपने हृदय-में निरन्तर उनका स्मरण किया जाता है, अतः शत्रुपक्ष वहाँ अवश्य प्राप्त होगा, इस हेतुसे उसे दहन करनेकी इच्छासे चला व रिपु-गृहिणियोंके हृदयोंमें (अपने मृतपतियोंके शोकाग्निके रूपमें) प्रज्वलित हो उठा । जो नृप नीतिरूपी तरंगिणिके लिए सागर है, वही सज्जनोंरूपी कमलसमूहके लिए दिवाकर है । वह अरहंतोंका भक्त है तथा धर्मरूपी महारथ (की धुरा) को कंधोंपर उठानेवाला है ।

और भी—जिसके प्रचंड मांडलीकोंकी मंडलीके अति बलशाली भुजदंडोंको काटने-वाले वीभत्स खड्गकी गोदमें जयश्री मानो उसकी धारासे खंड-खंड हो जानेके भयसे निवास करती है ॥१॥

---

२७. क ख तहि । २८. क ख °उं । २९. क ख °मंडलु ।

[११] १. क ख °मंडइं; घ °वंडए । २. क भुयदंडइं; घ ख भुय °दंडइ । ३. क ख °गइ । ४. ख ग °वण्णु, घ °वन्न । ५. ख ग घ °हुयासु । ६. क ख खोजु । ७. क ख °हुयहि । ८. क ख °णिहि; घ °णिहि । ९. क ख °महाभर । १०. क घ ख °भुय० । ११. क ख °विसटे ।

रे रे[12] पलाह कायर मुहाइँ[13] पेक्खइ न संगरे सामी ।
इय जस्स पयावघोसणाए विहडंति[14] वइरिणो दूरे ॥२॥
जस्स य रक्खियगोमंडलस्स पुरुसोत्तमस्स पद्धाए[15] ।
के के सवा न जाया समरे गयपहरणा रिउणो ॥३॥

अण्णं च गाहा जुअलं[16] —

१५ भग्गभूवल्लिसोहो हरियाहरपल्लवारुणच्छाउ ।
[17]समियालयालिमालो अहलीकयपुप्फपरिणामो ॥४॥
हयचंदणतिलयरुई-रिउरमणीरम्मजोव्वणवणेसु ।
कोहदुव्वायवेउ नरवइणो जस्स निव्वडिओ ॥५॥

घत्ता—जसु तणप्प रज्जे नहमग्गे ठिउ वाउ वहइ रवि तप्पइ[18] ।
२० संपुण्णमणोरहु[19] चउदिसिहिँ[20] सहँ वसुमई[21] फलु अप्पइ[22] ॥११॥

रे ! रे ! भाग (भागकर अपने प्राण बचा), क्योंकि स्वामी संग्राममें कायरोंके मुख नहीं देखते (पलकें उठनेसे पूर्व ही तत्क्षण मार डालते हैं), इस प्रकारकी जिसकी प्रताप-घोषणासे ही वैरी दूरसे ही विघटित अर्थात् छिन्न-भिन्न हो जाते हैं ॥२॥

उस संरक्षित गोमंडल (गायोंका संघात अर्थात् व्रजमंडल, राजाके पक्षमें पृथ्वीमंडल) वाले पुरुषोत्तम (विष्णु व पुरुषोंमें उत्तम श्रेणिक राजा) की स्पर्द्धासे (कि हमारा भी पृथ्वीमंडल अच्छी तरह संरक्षित है) युद्धमें कौन शत्रु गतप्रहरण अर्थात् शस्त्रहीन होकर, गदाप्रहरण अर्थात् गदाशस्त्रको धारण करनेवाले केशव (केसवा) अर्थात् शवमात्र नहीं हो गये (के सवा = के शवाः न जाताः टि०) ॥३॥

अन्य और गाथायुगल—जिस नरपतिके क्रोधरूपी दुर्वातका वेग रिपुरमणियोंके रम्य-यौवनरूपी वनोंमें पड़कर इस प्रकार विनाशकारी हुआ—दुर्वात अर्थात् आंधीका वेग रमणीक वनोंमें पड़कर भूमिलताओंकी शोभाको भग्न कर देता है, कोमल पल्लवोंकी अरुण-आभाको हर लेता है, नवांकुरोंपर-से अलिमाला (भ्रमरपंक्ति) को उपशान्त अर्थात् दूर कर देता है, पुष्पों-को गिराकर निष्फल-परिणाम कर देता है; तथा चंदन व तिलकवृक्षोंकी रुचि (शोभा) को विनष्ट कर देता है; उसी प्रकार नरपतिके क्रोधरूपी दुर्वातके वेगने रिपुरमणियोंके रमणीय यौवन कालमें ही उनपर पड़कर (उन्हें विधवा बनाकर) शृंगारके अभावमें उनके अधर पल्लवोंकी अरुण कांतिको हर लिया है, पुष्पसज्जाके अभावमें उनकी अलकोंपर आकृष्ट होनेवाली भ्रमरपंक्तिको दूर कर दिया है; उनके 'पुष्पपरिणाम' अर्थात् ऋतुमती होनेको निष्फल कर दिया है, एवं अंग-प्रत्यंगमें चंदन लेप व माथेपर तिलकको शोभाका हरण कर लिया है ॥४-५॥ जिस नरपतिके राज्यके नभोमार्ग व नीतिमार्गमें वायु व सूर्य मर्यादाका अनतिक्रमण करते हुए बहते व तपते हैं, एवं जहाँ स्वयं वसुमति चारों दिशाओंमें 'सम्पूर्णमनोरथफल' अर्थात् सभी मनोरथोंको पूर्ण करनेरूपी फल प्रदान करती है ॥११॥

---

१२. क रे रे ले । १३. क ख °इं । १४. क ख वि हुंति । १५. क सद्धाए; ख सद्ध । ए १६. क ख जुवलं; घ जुयलं । १७. क घ ख समयालि° । १८. ख ग °इं । १९. प्रतियों में °मणोरह । २०. क ख °हिसहिं । २१ ख ग °मई । २२. ख ग °इं । विशेष—घ प्रति में छठी पंक्ति के पश्चात् 'ताहं तहं सुअसेहिं उल्हवियउ सयणु विवत्तये हवइ संकुइयउ' यह पंक्ति अतिरिक्त है ।

[१२]

तहो अट्ठसहसदप्पियमयणु सोहग्गरूवणिहिराणियणु ।
छणरुंदचंदमंडलवयणु उत्तालबालहरिणीनयणु ।
कलयंठिकंठकलमहुरसरु बंधूयकुसुमतंबिरअहरु ।
कलहोयकलसनिब्भिंदथणु अइखीणेमज्झु चक्कलरमणु ।
वरकामिणिकरचालियचमरु मुहमरुमिलंतगुंजियभमरु । ५
सहुं तेहिं विलासें संचरइ नरवइ सत्तंगु रज्जु करइ ।
एक्कहे दिणि सक्कीलु वहइ चामीयरसिंहासणि सहइ ।
सामंतमंतिपरिवारसहुं अत्थाणि परिट्ठिउ जाम पहु ।
घत्ता—अह कणयदंडविणिबद्धपडु दउवारियेंजणपेसिउ ।
आयउ जुवाणु निरु एक्कु जणु नरवइ तेण नमंसिउ ॥१२॥ १०

[१३]

अहो रायाहिराय जयसिरिरस चउरयणायरंतपसरियजस ।
पेक्खु पेक्खु अचंभउ वट्टइ नहयलु दुंदुहिसद्दें फुट्टइ ।

---

[१२]

उस राजाकी मदनको दर्प पैदा करनेवाली, सौभाग्य व रूपकी निधि अष्टसहस्र रानियाँ थीं। वे विशाल पूर्णचन्द्रमाके समान मुख तथा भयत्रस्त बालहरिणीके समान नेत्रोंवाली थीं। उनका स्वर कलकंठी (कोकिला) के समान मधुर था, व अधरोष्ठ बंधूक पुष्पके समान ताम्रवर्ण थे। उनके स्तन कलधौत कलशके समान निर्भेद्य अर्थात् कठोर व सुपुष्ट थे, कटिभाग अत्यन्त क्षीण व नितम्ब बड़े-बड़े चक्कोंके आकारके थे। सुंदर कामिनियोंके हाथोंसे उनके ऊपर चमर डुलाये जाते थे, एवं मुखकी सुगन्धित आश्वाससे आकृष्ट होकर एकत्र होते हुए भौंरे गुंजार करते थे। उन रानियोंके साथ विलासपूर्वक विहार करता हुआ राजा सप्त-अंगों (स्वामी, अमात्य, राष्ट्र, दुर्ग, कोश, बल एवं सुहृद्) से पूर्ण राज्य करता था। इस प्रकार जब एक दिन शक्रके समान क्रीड़ा (विलास) धारण करता हुआ राजा स्वर्णसिंहासनपर विराजमान होता हुआ, सामंत व मंत्रियोंके परिवारसहित सभामंडपमें बैठा था, तब शलाकादंडसे कपड़ेको (मूठ बनाकर) बाँधे हुए दौवारिक द्वारा भेजा हुआ एक अत्यन्त जवान व्यक्ति वहाँ आया और उसने नरपतिको प्रणाम किया ॥१२॥

[१३]

हे जयश्रीमें रस लेने वाले व चारों रत्नाकरोंके अन्त तक प्रसृत यशवाले राजाधिराज देखिए! देखिए! एक बड़ा अचंभा हो रहा है कि नभस्तल दुंदुभिके शब्दसे फूटा जा रहा है। आज

---

[१२] १. स ग °निब्भिंट। २. ब °खीण। ३. स ग °रइं। ४. स °वणु। ५. क ख दुउ°। ६. स ग आइय। ७. स ग नरु; क ख निरु।

अज्जु अयाले[1] वणासई रिद्धी अहिणवदलफलकुसुमसमिद्धी ।
अज्जु सुयंधु एहु सीयलु[3] घणु वाउ वाइ जं पूरियकाणणु ।
जं जि तलायइँ[4] वड्ढियनीरइँ विमलतरंगक्खालियतीरइँ[6] ।
अज्जु अकिट्टपक्वकणधण्णहिं[7] छेत्तभूमिपसवियबहुवण्णहिँ ।
दीसइ अज्जु सरसु जं एहउ गाविउ खीरु खिरंति अमोहउ ।
वड्ढउ कोऊहलु उप्पायमि[8] कारणु एउ देव वद्धावमि[9] ।
घत्ता—इय समवसरणसंपयसहिउ चउगइकम्मक्खयंकरु ।
संपाइउ[10] विउलमहासिहरे वड्ढमाणु[11] तित्थंकरु ॥१३॥

[१४]

आयण्णिवि तं मगहेसरेण सिरिकमलविरइयंजलि[1] करेण ।
जय-जय-गहिरक्खरभासणेण सहसत्तिमुक्कसिंहासणेण ।
केऊरकडयमणिकुंडलेहिँ वद्धावउ पुज्जिउ उज्जलेहिँ ।
सम्मत्तभत्तिकंटइयगत्तु कइवयपयाइँ[3] जाएविं[4] नियत्तु ।
बहिरियकण्णंत-दियंतपूरु अप्फालिउ लहु आणंदतूरु ।
थगथुगि-थुगिथगदुगि-पडहसद्दु[5] घुमुघुमुघुम्माविय मुरयनद्दु ।

ऋषि संघ कुगतिके पथसे निवारण करता है, (परंतु दूसरी ओर) उस जैसी सुंदरीका जंघा-स्पर्श किसे मिलता है; (इधर तो) संसारके उच्छेदनके लिए व्रत कहे गये हैं, (और उधर) उस श्रेष्ठ कांताकी सौंदर्यसे दीप्तिमान देहयष्टि है; अरे चित्त ! यह मिथ्यात्व वर्त्तन अर्थात् मिथ्याचरण छोड़ दे ! (पर) उसके अधरोंका चुंबन करके कृतार्थ होगा । इसप्रकार हर्ष-विषादपूर्वक वह मार्गमें चल रहा था कि एक अन्य आशंका उसके हृदयको जलाने लगी—बारह वर्षोंमें रतिक्रीड़ा-प्रिय उस भामिनीकी आजकल कैसी क्रिया है, क्या जानूँ ? क्या यौवनके वश होकर उसने अन्य पति कर लिया होगा ? अथवा यदि किसी तरह कुलक्रम (कुलाचार) का पालन किया भी हो तो लुंचितशिर, मलधारी, तथा दुर्गंधयुक्त शरीरवाले मुझ दिगंबरको देखकर वह हैरान होगी । इसलिए मैं शीघ्रतासे प्रवेश नहीं करूँगा, बल्कि पहले उसे बाहर ही बुलवा लूँगा । इतनेमें उसने गाँवसे लगा हुआ, श्वेत चूनेसे धवल, और फहराती हुई चपल ध्वजासे युक्त एक देवकुल देखा । (और) सोचने लगा—पहले तो यह नहीं था । जब उसने उस चैत्यघरमें प्रवेश किया, तथा जिनप्रतिमाको देखकर वंदना करके जब विश्वस्त होकर बैठा, तो क्षणभरके उपरांत नियमव्रतोंसे क्षीणशरीर एक स्त्रीको एक कोनेमें बैठे देखा जो विरूपाकृतिके कारण चंडीके रूपका अनुसरण कर रही थी, और सूखे कपोलोंसे लोगोंको त्रास उत्पन्न करती थी ॥१६॥

३. क ख कुमइपहिं; ख ग °पहो; घ कुमइ° । ४. ख ग करयलफं° । ५. क ख तहिं; ख ग तहो । ६. ख ग संसार° । ७. ख °विसु (?) ८. क ख °हिं; ख ग घ °हि । ९. ख ग घ °हरिहिं । १०. क ख घ ङ °भरु । ११. क घ ङ तहिं । १२. ख ग °यहे । १३. क पहिं । १४. प्रतियोंमें 'तहिं' । १५. ख ग जाणहो । १६. ख ग °वस । १७. क संकों° । १८. ख ग घ ङ तो । १९. क गयण° । २०. घ °धवलु । २१. क ख चेय° । २२. घ °सरवो । २३. ख ग °तरे । २४. ख ग °लहे; घ लहि ।

[१७]

तो पणविउ ताइ भत्तिजणवि मुणि पुच्छइ धम्मबुद्धि[1] भणवि ।
तुम्हइँ किर अंबे चिराउसइं[3] इह वसहु सयलु जाणेहु सइं ।
भवयत्तु अवरु भवणउ[4] तहिं दियतणय सहोयर वे वि कहिं[5] ।
जाणमि सा भणइ[6] आसिठियहो वे नंदण अज्जवसूदियहो ।
संसारतरंगिणि तेहिं तरिया आयरियँ[8] विचि-दइयंबरिया । ५
पडिभणइ[9] सवणु मणि जणियरसु भवएवें परिणिय नायवसु ।
विणु नाहें किह कुलमग्गे ठिया किं वट्टइ तहे[10] विवरीयकिया ।
लायण्णतरंगुब्भासियउ तारुण्णु ताहि[11] केरिसु थियउ ।
बोल्लंतु ताइ[12] सो परिकलिउ भवणउ एउ[13] फुडु[14] वयचलिउ ।
घत्ता—गय परमविसायहो परिणइ[15] रायहो पेक्खहु[16] केण[17] निवारियइ[18] । १०
जहिं अट्ठवियड्ढें[19] चम्महो[20] खंडें माणुसु[21] केम वियारियइ[22] ॥१७॥

[१८]

निन्नासमि आयहो पावमइ सम्मत्तदिट्ठि पुणु सा चवइ ।
धण्णो सि सवण तिहुवणतिलउ जिणदंसणु पाविउ सुहनिलउ[2] ।

[१७]

तो फिर उस स्त्रीने भक्तिपूर्वक मुनिको प्रणाम किया । 'तुम्हें धर्मवृद्धि हो' कहकर मुनि पूछने लगे—हे अंबे तुम्हारी दीर्घ आयु है, यहाँ बसनेवाले सभीको तुम स्वयं जानती होगी । यहाँ एक भवदत्त और दूसरा भवदेव ये दो सहोदर ब्राह्मणपुत्र थे, वे कहाँ हैं ? उसने कहा—जानती हूँ, यहाँ आर्यवसू द्विजके दो पुत्र रहते थे, उन्होंने दिगंबर-वृत्ति (दीक्षा) का आचरण करके इस संसार नदीको तर लिया । तब मनमें और दिलचस्पी उत्पन्न होनेसे श्रमणने फिर कहा—भवदेवने नागवसूका परिणय किया था, पतिके बिना क्या वह कुलमार्ग (पतिव्रत-धर्म) में स्थित रही, अथवा कुछ विपरीत-क्रिया करके रहती है ? लावण्य-तरंगोंसे उद्भासित उसका तारुण्य कैसा रहा ? बोलता हुआ वह मुनि उसके द्वारा पहचान लिया गया कि यह निश्चय ही व्रतोंसे डिगा हुआ भवदेव है । वह परमविषादको प्राप्त हुई, कि देखो इस रागकी परिणतिका कौन निवारण कर सकता है, जहाँ कि मनुष्य आड़े-टेढ़े वा गले-सड़े चर्मखंडसे कैसे-कैसे विकारको प्राप्त होता है ॥१७॥

[१८]

'इसकी पापमतिको नष्ट करूँगी', (मनमें ऐसा निश्चय करके) वह सम्यग्दृष्टि (नाग-वसू) बोली—हे त्रिभुवनतिलक श्रमण तुम धन्य हो, जिसने सुखका धाम, ऐसा जिनदर्शन पा

[१७] १. क ख ग ङ °विद्धि । २. क अंचि; ख ग; अत्थि; ङ अंबि । ३. क विराउ° । ४. क ङ भयं° । ५. क ङ कही । ६. प्रतियोंमें 'भणइं' । ७. क घ ङ आसरिय । ८. क घ ङ °भणइं । ९. क घ ङ तहिं; ख ग तहि । १०. क घ तहिं । ११. क ताह । १२. घ एहु । १३. ख ग फुड । १४. ख ग °णय । १५. ग पेक्खहे । १६. क केसा । १७. ख ग ण वारि; घ ङ °यइं । १८. ख ग वियंडें । १९. ख ग चम्महुं । २०. ख ग माणुस । २१. घ ङ °यइं ।

[१८] १. क घ ङ तिहुयण° । २. क सह° ।

तरुणत्तणे[3] वि इंदियदवणु दीसइ[4] पइँ मुयवि[5] अण्णु कवणु ।
परिगलिए[6] वयसि सव्वहो वि जइ विसयाहिलाससिहि[7] उवसमइ ।
कवें पल्लट्टइ को रयणु पित्तलए हेमु विक्कइ कवणु । ५
सग्गापवग्गसुहु परिहरइ को रउरवि नरइ पईसरइ ।
को महिलहे[8] कारणे लेइ दिसि सज्झायट्ठाणि[9] को कुणइ[10] रिसि ।
जिह जिह[11] आहासइ सुद्धमइ हेट्ठामुहु[12] लज्जए[13] मुणि हवइ ।
जा पुच्छिय तुम्हहिँ नायवसु सुणु पयडमि तहे[14] लायण्णरसु[15] ।
नालियरसरिसु[16] मुंडियउ सिरु लालाविलु मुहु[17] घग्घरियगिरु । १०
नयणइँ[18] जलबुब्बुयसरिसयइं[19] नियथाणु मुअवि[20] तालु वि गयइं[21] ।
चिक्कुयनिडालकवोलतयइं[22] रणरणहिँ[23] नवरि वायाहयइं ।
निम्मंसु निलोहिउ देहघरु चम्मेण नद्धु[24] हड्डहं[25] नियरु ।
नीसल्लु अवरु[26] हियवउ जणउ पडिछंदु निहालहि[27] महु तणउ[28] ।
घत्ता—इय रूव-सरिच्छउ हियउ तिरिच्छउ सल्लु काइँ तुम्हहं[29] थियउ । १५
परलोउ न साहिउ एमइँ[30] वाहिउ[31] कालु निरत्थउ पर नियउ[32] ॥१८॥

लिया । तरुणाईमें भी इंद्रियोंको दमन करनेवाला तुम्हारे अतिरिक्त और कौन दिखाई देता है ? यदि परिगलित वयस्में सभीका विषयाभिलाषरूपी अग्नि शांत हो जाता है (तो उससे क्या लाभ ?) । कांचसे रत्न कौन बदलवाता है ? पीतल के लिए स्वर्ण कौन बेचता है ? स्वर्ग और अपवर्ग (मोक्ष) सुखको छोड़कर रौरव नरकमें कौन प्रवेश करता है ? महिलाके कारण व्रतानुष्ठानादि क्रियाओंसे कौन भ्रष्ट होता है व कौन ऋषि अपने स्वाध्याय (आत्मचिंतन) की हानि करता है ? जैसे-जैसे वह शुद्धमति बोलती गई, वैसे-वैसे मुनि लज्जासे अधोमुख होते गये । (उसने फिर कहा)—तुमने जिस नागवसूको पूछा, सुनिये ! उसके लावण्यरस (सौंदर्य स्वरूप) को प्रकट करती हूँ—उसका शिर नारियलके समान मुंडित है, मुख लारयुक्त हो गया है, और उसमें-से वाणी घरघराती हुई निकलती है । नेत्र जलके बुलबुलेके समान, अपने स्थानको छोड़कर तालु तक चले गये हैं; चिबुक, ललाट, कपोल और त्वचा मानो वाताहत होकर रण-रण शब्द करते हैं (अर्थात् सारा शरीर शिथिल हो गया है, उसमें झुर्रियाँ पड़ गयी हैं, अतः सदैव किटकिट आदि शब्द करता हुआ कांपता रहता है) । यह देहरूपी घर निर्मांस और निर्लोहित होकर चर्मसे नथा हुआ अस्थिपंजर मात्र अवशिष्ट रह गया है । हृदयको और भी निःशल्य करनेवाले मेरे इस प्रतिरूपको देखिए । इस सदृश रूप तुम्हारे हृदयमें कुटिल-शल्यकी भाँति कैसे स्थित रहा ? तुमने परलोक नहीं साधा ऐसे ही समय बिताया । तुम्हारा सारा समय निरर्थक ही गया ॥ १८ ॥

३. ख ग तरण° । ४. ख ग °इं । ५. क घ ङ मुइवि । ६. क घ ङ °मलिय । ७. ख ग° हवि । ८. ख ग कुम्महेलहे; घ कुमहिलहि । ९. क ङ अज्झाय° । १०. क घ ङ °इं । ११. क घ ङ जिहं जिहं । १२. क ङ मुहुं । १३. क ख ग ङ लज्जइ । १४. क ङ तहि; घ तहिं । १५. क ङ लावण्ण° । १६. घ °सरिस । १७. क ण्णाण्णाविट्टलु; घ ङ लालाविट्टलु° । १८. ख ग घ °वब्बुय° । १९. क घ ङ °सयइ । २०. क घ ङ मुएवि । २१. क ङ गयइ । २२. क घ ङ कवोलयइं । २३. ख ग °रणहि । २४. ख ग चम्मे निबद्ध । २५. ख ग हड्डं । २६. ख अहव । २७. क °लहि । २८. ख ग तणउं । २९. घ तुम्हहं । ३०. ख ग एम वि; घ एमइ । ३१. क °उं । ३२. क ङ णियउं ।

[१९]

तओ तम्मि संबोहणालावकाले तडत्तीह तुट्टे महामोहजाले ।
मणं तस्स नीसल्लभावे[1] पउत्तं फुडं जाणिऊणं पुणो तीए वुत्तं ।
अहं चेय ते गेहिणी नाह मुक्का कुलायार-भत्तारधम्मे न चुक्का ।
घरे आसि जं संठियं तुम्ह दव्वं मए दिण्णयं धम्मकज्जम्मि सव्वं ।
इमं सुंदरं कारियं चेइगेहं वयोवासियं सोसियं पेक्खु देहं । ५
सुणेऊण चित्तंतरं लज्जमाणो पयंपेइ संलद्धसिक्खापमाणो ।
गिरा तुम्ह जाया महं सुद्धभावा पडंतस्स संसारनीरम्मि नावा ।
तओ निग्गओ पुव्वसंकेयचत्तो[2] खणद्धें[3] मुणिंदाण पासम्मि पत्तो ।

घत्ता—गुरुचलणइँ[4] वंदेवि अप्पउ निंदेवि सयलु वि कज्जु[5] निवेइयउ ।
पहु अज्जु म वंकहि[6] पुणु दिक्खंकहि[7] संसारहो उव्वेइयउ ॥१०॥ १०

[२०]

संकिट्ठभाव सव्व वि चइया सविसेसदिक्ख पुणरवि लइया ।
अब्भसइ निरंजणु परमपरु वे मेल्लइ[1] रायदोस अवरु ।
रुंभइ मणवयणकायपसरु नासइ इंदियविसया अवरु[2]

---

[१९]

तब (नागवसूके) उस संबोधनात्मक वार्तालाप करते-करते ही उसका मोहजाल तड़से टूट गया; और उसका मन निःशल्य भाव (शुद्धात्मपरिणाम) में लग गया, ऐसा स्पष्टरूपसे जानकर उस नागवसूने पुनः कहा—हे नाथ! मैं ही तुम्हारी परित्यक्ता गृहिणी हूँ। मैं पतिधर्म-रूपी अपने कुलाचारसे च्युत नहीं हुई। घरमें तुम्हारा जो द्रव्य रखा था, वह सब मैंने धर्मकार्यमें दे दिया, और यह सुंदर चैत्यघर बनवा दिया। मेरा यह व्रतोपवाससे शोषित शरीर देखिए! यह सुनकर चित्तमें लज्जित होता हुआ प्रामाणिक धर्मशिक्षा पाकर वह बोला—हे जाया! मैं जो संसार सागरमें डूबा जा रहा था, तुम्हारी वाणीसे मेरी नावकी चेष्टा (गति) अब निर्दोष हो गयी है। और फिर पूर्व-संकेत अर्थात् विषय-सेवाके संकल्पको छोड़कर वह वहाँसे निकला व अतिशीघ्र मुनींद्रोंके पास जा पहुँचा। गुरुचरणोंकी वंदना करके व आत्मनिंदा करके संपूर्ण घटनाका निवेदन किया, (और प्रार्थना की) हे प्रभु! आज मेरी प्रार्थनाको मत ठुकराइए, मुझे पुनः दीक्षा दीजिए, मैं संसारसे उद्विग्न हो गया हूँ ॥ १९ ॥

[२०]

उसने सभी संक्लिष्टभावोंको त्याग दिया और पुनः विशेष-दीक्षा ग्रहण की। वह निरंजन परमात्माका अभ्यास (ध्यान) करने लगा, और राग व द्वेष इन दोनोंका त्याग कर दिया। मन, वचन, कायके प्रसारको अवरुद्ध कर लिया, और इंद्रियविषयों (अर्थात् भोगवासना)का नाश कर

---

[१९] १. क घ ङ णिस्सल्ल°। २. क °वत्तो। ३. क खणद्धं; घ °द्धिं। ४. क घ ङ °चरणइं। ५. ख कज्ज। ६. ख ग वंकहिं। ७. क ख ग °कहिं।

[२०] १. क ङ मेलइ; घ मिल्लइ। २. क ङ विसउ; घ वसउ।

अरि-मित्तु[3] सरिसु समकणयतिणुँ सुहदुहसमु समजीवियमरणु ।
निंदापसंससमु वयविमलु भुंजेइ अजिब्भु व करि कवलु । ५
अंधो व्व रूवदंसणु[4] कुणइ बहिरो व्व निरीहु सद्दु सुणइ[5] ।
पाहणु[6] व परसु वेयइ[7] विसमु [8][9][10]बावीसपरीसहसहणखमु ।
भवयत्तसहिउ इउ[11] तउ करइ[12] पुव्वासियकम्मइँ निज्जरइ[13] ।
अवसाणे विमलगिरि आसरिवि[14] अणसणे पंडियमरणें मरिवि[15] ।
विण्णि वि उप्पण्ण सग्गे तइए सायरइँ[16] सत्त आउसमइए । १०

घत्ता—दिव्वच्छरलक्खिय नयणकडक्खिय कडयमउडकेऊरधर ।
हियइच्छियमाणहिँ[17] रमहिँ[18] विमाणहिँ अतुलवीर[19] विण्णि वि अमर ॥२०॥

इय जंबूसामिचरिए सिंगारवीरे महाकव्वे महाकइदेवयत्तसुयवीरविरइए भवएवस्स सणकुमारसग्ग-गमणं नाम [20]दुइओ संधी समत्तो[20] ॥संधि–२॥ २०

दिया । उसके लिए व शत्रु व मित्र एक समान हो गये और स्वर्ण व तृण बराबर ; सुख-दुःख, जीवन-मरण सब एक-सा; तथा निंदा व प्रशंसा सबमें समान बुद्धि । वह शुद्ध व्रतोंवाला हुआ । वह हाथमें ग्रास लेकर जिह्वारहितके समान भोजन करता, अंधेके समान रूप-दर्शन करता, तथा बहिरेके समान निरीहभावसे शब्द सुनता । कठोर स्पर्शोंको वह पत्थरके समान वेदन करने और क्षुधा-तृषादि बाईस परीषहोंको सहन करनेमें समर्थ हुआ । इसप्रकार भवदत्तके साथ तप करते हुए उसने पूर्वोपार्जित कर्मोंकी निर्जरा की । जीवनके अन्तिम समयमें विमलगिरिका आश्रय लेकर अनशनपूर्वक पंडितमरण करके दोनों ही भाई सात सागर आयुवाले तृतीय स्वर्गमें उत्पन्न हुए ।' वहाँ दिव्य अप्सराओंके नयनकटाक्षों-द्वारा लक्षित, कंकण, मुकुट, व केयूरोंके धारक, हृदयेच्छित आकार धारण करते हुए, वे दोनों अतुल वीर्यवान देव स्वर्गविमानोंमें रमण करने लगे ॥ २० ॥

इसप्रकार महाकवि देवदत्तके पुत्र वीर कवि द्वारा विरचित जंबूस्वामीचरित नामक इस शृंगार-वीर-रसात्मक महाकाव्यमें भवदेवका सनत्कुमार स्वर्गगमन नामक द्वितीय संधि समाप्त ॥ २ ॥

---

३. क °मित्त । ४. घ °तणु । ५. क एवं । ६. क कुणइं । ७. क क सुणइं । ८. क क पाहाणु; ख ग पाहणु । ९. क ख ग क चेयइ । १०. क बीवीस° । ११. ख ग इय । १२. ख ग °इं । १३. क ख ग °इं । १४. क घ क °रवी । १५. क क °रवी । १६. ख ग °रइ । १७. क क °इंच्छिय° । १८. क रमहि । १९. क °वीर । २०. क दुइज्जो इमा संधी; ख ग दुइज्जो परिच्छेउ सम्मत्तो; घ क दुइज्जा इमा संधी ।

सन्धि—३

[१]

बालक्कीलासु वि वीरवयणपसरंतकव्वपीऊसं[1] ।
कण्णपुडएहिं[2] पिज्जइ जणेहिं रसमउलियच्छेहिं ॥१॥
भरहालंकारसलक्खणाइँ लक्खेपयाइँ विरयंती ।
वीरस्स वयणरंगे सरस्सइ जयउ नच्चंती ॥२॥
सुविसालए तहिं अमरालए[3] विविहपयारु विलासु किउ ।
अच्छंतहिं[4] सुहुं[5] भुंजंतहिं आउसु सायरसत्त निउ[6] ॥३॥

दुवई—बहु मण्णंति सग्गे देवाउसु जे नर-किविणमाणसा ।
सव्वु वि कालदव्वु तहुँ[7] तिणसमु[8] जे संपन्ननाणसा[9] ।

अह मंदराउ जणनयणपिउ पुव्वासए पुव्वविदेहु थिउ ।
ओछप्पिणी[10] अवसप्पिणि न तहिं लोयाहिव[11] उप्पज्जंति जहिं ।
नाहेय[12]-बाहुबलि-भरह-जया अरहंत-सिद्ध-चक्कवइ सया ।
धणुसयइँ[13] पंच-उच्छेहतणु पुव्वाण कोडि जीवेइ जणु ।
तत्थत्थि अमुणियविवक्खभउ नामेण पुक्खलावइ विसउ ।

[१]

बालक्रीड़ाओंमें भी वीर (कवि) के मुखसे प्रसृत होते हुए काव्य-पीयूषको लोगोंके द्वारा आनंदसे निमीलित नेत्र होकर कर्णपुटोंसे पिया जाता है ॥ १ ॥ भरतके अलंकार और काव्यलक्षणोंसे युक्त लक्ष्य पदों अर्थात् काव्यपदोंकी रचना करती हुई, वीर कविके मुखरूपी रंगमंचपर नृत्य करती हुई सरस्वती जयवंत होवे ॥ २ ॥

उस विशाल स्वर्गमें दोनों देवोंने विविधप्रकारका विलास किया । इसप्रकार वहाँ रहकर सुख भोगते हुए सात सागरकी आयु बीत गयी ॥ ३ ॥ जो स्वर्गमें देवायुको बहुत मानते हैं, वे लोग कृपण-मानस अर्थात् अल्पबुद्धि हैं । परन्तु जो ज्ञानलक्ष्मीसम्पन्न हैं, उनके लिए तो समस्त कालद्रव्य (काल परिमाण) भी एक दिनके समान है ॥ ५ ॥

मंदराचलसे पूर्व दिशामें लोगोंके नेत्रोंको प्यारा पूर्वविदेह स्थित है । वहाँ उत्सर्पिणी-अवसर्पिणी रूपसे कालचक्रके आरे नहीं बदलते, तथा वहाँ लोकके नाथ तीर्थंकर (सदैव) उत्पन्न होते रहते हैं । वहाँ नाभेय जिन (ऋषभनाथ), बाहुबलि, तथा भरत और मेघेश्वर ये अरहंत सिद्ध एवं चक्रवर्ती सदैव विद्यमान रहते हैं । वहाँ शरीरको ऊँचाई पाँच सौ धनुष प्रमाण होती है और जीव पूर्व-कोटि वर्षों तक जीता है । वहाँ शत्रुके भयको न जाननेवाला पुष्कलावती

[१] १. क घ ङ पेओसं । २. ख °एहि; घ कण्ण° । ३. घ °लई । ४. °तिहिं । ५. ख ग घ सुहुं । ६. क घ ङ गउ । ७. क ख घ ङ तहु । ८. क घ ङ दिण° । ९. क ख ग ङ संपण्ण° । १०. ख ग ओसं । ११. क ख ग ङ °हिय । १२. क णाणेय° । १३. ख ग °सयइ ।

जो जलनिहि व्व रयणुद्धरणु घरसिंगलग्ग[14]-पज्झरियघणु।
घणनंदणवणसंछइयदिसु दिसमाणरिद्धि-हल्लिरकणिसु।
कणकणिरदसणसीयलसलिलु सुललियकोइलसरभरियबिलु।
विलसंतपवणकंपियसरलु सरलुप्फिडंत[15]-हरिणी[16]-तरलु।
तरलच्छि-छेत्तठियहलियवहु वहुविब्भियपंथियरुद्धपहु[17]।
पहसंतरमियगामीणजणु जणयाहिलासनायरमिहुणु[18]।
छत्ता—मणिसारहिं तिहिं[19] पायारहिं परिहामंडलि[20] जलपयरि।
वहुभोयहिं मंडियलोयहिं अत्थि पुंडरिंकिणि[21] नयरि ॥१॥

[२]

दुवई—बारहजोयणाइँ दीहत्तें नवजोयण सुवित्थरा।
सग्गु वि वीसरंति सा पेक्खिवि मोहियमाणसामरा ॥१॥

नयरिमणोरमभुअणपइवहो[1] तिलयभूय जा जंबूदीवहो।
मंडालंकियाइँ[2] उज्जाणइँ बाहिरि अब्भंतरि निवथाणइँ।
जहिं बाहिरे वाडीउ सतालउ अब्भंतरि पुणु नच्चणसालउ।
सरपालिउ विडंगनहवणियउँ[3] बाहिरि अब्भंतरि पुणु गणियउँ।

नामका देश है, जो जलनिधिके समान रत्नोंको धारण करनेवाला है, व जहाँ घरोंके शिखरोंसे टकराकर बादल झरने लगते हैं। घने नंदनवनसे वहाँकी दिशाएँ आच्छादित हैं तथा शस्यके कंपनशील तीक्ष्ण-अग्रभागोंसे उसकी समृद्धि दृश्यमान है। जहाँ दांतोंको कंपायमान करनेवाला शीतल पवन बहता है और कोकिलाके सुमधुर स्वरसे सब कंदर-विवर भर जाते हैं; क्रीड़ापूर्वक बहता हुआ वायु सरल नामक वृक्षोंको कंपित कर देता है, चंचल हरिणियां सीधी छलांग लगाती हैं, और जहाँ खेतोंमें खड़ी हुई चंचल आंखोंवाली हालि (कृषक) वधुओंको देखकर अत्यन्त विस्मित हुए पथिकोंसे मार्ग अवरुद्ध हो जाता है, तथा जहाँ ग्रामीणजन अत्यन्त प्रमोदपूर्वक रमण करते हैं, और जो नागरिकोंके जोड़ोंको (वहाँ रहनेको) अभिलाषा उत्पन्न करता है, उस देशमें मणिजटित-प्राकार व जलप्रचारसे युक्त परिखामंडल सहित तथा अनेकप्रकारके भोग भोगनेवाले लोगोंसे मंडित पुंडरिंकिणी नामकी नगरी है ॥ १ ॥

[२]

बारह योजन लंबी और नव योजन विस्तृत उस नगरीको देखकर मोहित हुए मनुष्य व देव स्वर्गको भी भूल जाते हैं। वह मनोरम नगरी भुवनके प्रदीप रूप जंबूद्वीपकी तिलकभूत है। उस नगरीके बाहर अनेक वृक्षगुल्मों व लतामंडपोंसे अलंकृत उद्यान हैं, व भीतर सर्वत्र नाना प्रासादों (मंड) से अलंकृत राजकुल हैं। वहाँ बाहर तालाबोंसहित वाटिकाएँ हैं, व भीतर ताल-मंजीर इत्यादि वाद्यवादनसे युक्त नृत्यशालाएँ। बाहर विडंग वृक्षोंसे ललित सरपाली अर्थात् सरोवर-पंक्तियां हैं, व भीतर विदग्ध-जनोंके नखोंसे व्रणित स्मरपालित (कामयक्त)

---

१४. घ घर°। १५. क ख °प्पियंत; घ °प्फलंत। १६. घ करिणी। १७. क घ ङ च हुविभय°। १८. ख ग °नायरि°। १९. क ख तीहि। २०. क क घ ङ °मंडल। २१. ख ग °गिणि।

[२] १. घ °भुवण°। २. घ मट्ठा°। ३. ख ग °यउ।

मुणिवरमंडियकीलामहिहर[4] बाहिरि अब्भंतरि चेईहर ।
बाविउ सुपओहरउ सुरमणिउँ[5] बाहिरि अब्भंतरि वररमणिउ[6] ।
सहलसुपत्तइँ मंडवथाणइँ बाहिरि अब्भंतरि जणदाणइँ ।
बाहिरि वाहियालि हरिसंगय[7] अब्भंतरि वसंति नायरपय[8] । १०
बाहिरि गयउलाइँ रयणरुयइँ[9] अब्भंतरि सहंति डिंभरुयइँ[10] ।

घत्ता—गुणमंदिरु नयणाणंदिरु वज्जयंतु तहिं रज्जधरु[11] ।
रणसूरहो[12] परबलु[13] दूरहो जसु नामेण वि वहइ डरु ॥२॥

[३]

दुवई—तहो महएवि विमलकमलाणण कमलदलच्छिनेत्तिया ।
कमलुज्जलसरीर कमला इव नाम जसोहणा पिया ॥१॥

भवयत्तु[1] जेट्ठु जो अमरु हुओ तहे[2] जाउ पुत्तु सो सग्गचुओ ।
सायरगंभीरु[3] चंदवयणु सायरचंदु जि[4] वाहरइ जणु ।
परिकलियसयलविज्जाकुसलु जिणचरणजुयलपंकयभसलु[5] । ५
अह तहिं जि जणमणाणंदयरि नामेण वीयसोयानयरि ।

गणिकाएँ हैं। बाहर मुनिवरोंसे शोभायमान क्रीडापर्वत हैं और भीतर चैत्यगृह। बाहर स्वच्छ जलवाली अत्यन्त रमणीय वापियां हैं, व भीतर मनोहर पयोधरों (स्तनों) वाली अति-रमणशील सुंदर रमणियां। बाहर (उद्यानोंमें) सुंदर फलों व पत्रोंसे युक्त मंडपस्थान हैं, तथा भीतर मनोवांछित फल देनेवाला सुपात्र दान किया जाता है। बाहर अश्वों सहित अश्व-क्रीड़ास्थल हैं, और भीतर नागरिक प्रजा रहती है। बाहर गजकुल अपने दांतोंकी दीप्तिसे, व भीतर बालक अपने रत्नाभरणोंकी कांतिसे शोभायमान हैं। वहाँ गुणोंका निवास तथा नयनों-को आनंद देनेवाला वज्रदंत नामका राजा था, जिस रणशूरके नामसे ही शत्रुबल दूरसे ही भयभीत हो जाता था ॥ २ ॥

[३]

उसकी यशोधना नामकी महादेवी स्वच्छकमल जैसे मुखवाली, कमलदलके समान नेत्रोंवाली, कमलसदृश उज्ज्वल शरीरवाली और स्वयं कमला (लक्ष्मी) के समान थी, जो उसे बहुत प्रिय थी। ज्येष्ठ भाई भवदत्त जो देव हुआ था, वह स्वर्गसे च्युत होकर उसका पुत्र हुआ। वह सागर जैसा गंभीर और चंद्रमाके समान मुखवाला था, इसलिए लोग उसे सागरचंद्र कहने लगे। सब विद्याओंको सीखकर वह उनमें कुशल हो गया था और जिन भगवान्के पदयुगलरूपी कमलोंका भ्रमर (भक्त) था ; और वहींपर लोगोंके मनको आनंद देनेवाली वीताशोक नामकी

---

४. क °णिओ। ५. क °संगण। ६. क ख ग ङ °जण। ७. क ख ग ङ रयणुं; घ °रयइं। ८. घ °रयइं। ९. ग रज्जुं। १०. ख ग रणुं। ११. क ख ग ङ °बल।

[३] १. ङ भय°। २. क ख ग ङ तहिं; घ तहें। ३. क सायरु°। ४. ख ग जे। ५. ख ग °जुयले°।

जहिं[6] सूरकंति संभूयँ-हवि वावरइ महाणसि पयणछवि ।
पिज्जइ सुसाउ सीयलु विमलु मणिचंदकंतिपज्झरियजलु ।
जहिं [7]मरगयभित्तिप्र सामलिय गोरंगी नाहें नउ कलिय ।
जहिं इंदनीलमहि[8] मणि[9] धरइ चिरु छलिउ न दूव वि मिगु चरइ ।
तहिं अत्थि अत्थिजणकप्पदुमु पउमालंकरिउ महापउमु ।
नवनिहिरयणाहिउ चक्कधरु छक्खंडवसुंधरि धरियकरु ।
बत्तीससहसमणिमउडधरा सेवंति नराहिवआणकरा[11] ।
छण्णवइसहसमंतेउरहो[12] कडिहारदोरकुंडलधरहो ।
वणमाल तित्थु[13] महएवि ठिय मुहकंतिजित्तहरिणंकसिय ।
चक्कवइविहूइहें[14] सव्वगुणु जं नत्थि पुत्तु तं डहइ मणु ।

घत्ता—जिणण्हवणहिं[15] वंदियसवणहिं पुण्णपहावें[16] सग्गचुओ ।
वणमालहे[17] नयणविसालहे[18] भवएवामरु जाउ सुओ ॥३॥

नगरी थी, जहाँपर कि महानस (रसोई) में हविष (खाद्यसामग्री) को एकत्र करके सूर्यकांत मणियोंको पाकाग्निके काममें लाया जाता था, अथवा जहां सूर्यकांतमणिसे उत्पन्न अग्निसे महानसमें भोजन पकाया जाता था। जहाँ चंद्रकांतमणियोंसे झरा हुआ सुस्वादु, शीतल और विमल-जल पिया जाता था, जहाँ मरकतमय भित्तियोंको कृष्णछाया पड़नेसे, अपनी गौरांगी प्रियाओंको भी श्यामवर्ण हो जानेसे उनके स्वामी पहचान नहीं पाते थे, जहाँ इंद्रनीलमणियोंसे निर्मित व (हरित) मणियोंसे जड़ी हुई भूमिसे कभी पहले ठगा हुआ मृग अब दूबको भी (हरित मणि समझकर) नहीं चरता; वहाँ याचकजनोंके लिए कल्पद्रुमके समान, व (राज्य) लक्ष्मीसे अलंकृत महापद्म नामका राजा था। वह मंत्री आदि नौ निधियोंका रत्नाकर तथा षट्खंड वसुंधरासे कर लेनेवाला चक्रवर्ती था। मणिमय मुकुटोंके धारक बत्तीस सहस्र आज्ञापालक राजा उसकी सेवा करते थे। कटिहार, कटिसूत्र एवं (कर्ण) कुंडलोंको धारण करनेवाली उसकी छयानवे हज़ार रानियां थीं, जिनमें वनमाला महादेवी थी, जो अपनी मुखकांतिसे हरिणांक (चंद्रमा) की शोभाको जीतनेवाली थी। इस प्रकार चक्रवर्तीकी विभूतिके सभी गुण (सर्व साधन) उसके पास थे, एक पुत्र ही नहीं था, यह बात सदैव हृदयको दुःखसे जलाती रहती थी। जिन भगवान्का न्हवन और श्रमणोंको वंदनाके पुण्यप्रभावसे भवदेव देवताका जीव विशालनेत्रोंवाली वनमालाका पुत्र हुआ ॥ ३ ॥

---

६. ख ग जहि । ७. ख ग °उ । ८. ख ग मरगइ° । ९. क घ ङ °मणि । १०. क च ङ महि । ११. क ङ धरा; घ °यरा । १२. घ छन्नवइ° । १३. तें° । १४. क ङ °यहिं । १५. घ °न्हवणहिं । १६. घ पुन्न° । १७. क घ °लहिं; ख ग ङ °लहि । १८. ङ °लहिं ।

[४]

दुवई—सुहनक्खत्तजोइ तिहिवारइ[1] पुण्णिमइंदवयणउ[2] ।
वरबत्तीसदेहलक्खधरु कुवलयदीहनयणउ[3] ।

जम्मदिवसम्मि पुत्तस्स बहुपरियणो[4] चक्कवट्टी-कयाणंदवद्धावणो ।
नियवि पुत्ताणणं गहिरसरवाइणा सिवकुमाराहिहाणं कयं राइणा ।
बालु वड्ढंतु[5] सो कहि मि नउ मुच्चए हत्थहत्थाउ[6] रायाण[7] न पहुच्चए । ५
अट्ठवरिसो वि सिसुभावपरिचत्तओ सयलविज्जाकलाथाणु संपत्तओ ।
चक्किणा कोउहल्लेण संथाविओ रायकण्णाण[8] सयपंचपरिणाविओ ।
मंति[9]-सामंतकुमरेहिं[10] परिवारिओ देहि आएसु जीव[11] त्ति जयकारिओ ।
रायघरबाहिरं जेम नउ निज्जए अंगरक्खाण कोडीहिं[12] रक्खिज्जए ।
हरिणनयणीहिं[13] सरिसं सुहं माणए जामिणी नेव[14] दिवसं गयं जाणए । १०

घत्ता—ता एत्तहे[15] अच्छइ जित्तहे[16] सायरचंदु विसुद्धगुणि ।
विहरंतउ दमदयवंतउ पत्तु पुंडरिगिणिहिं मुणि ॥४॥

[४]

शुभ नक्षत्र, योग, तिथि और वारको पूर्णचंद्रमाके समान मुखवाले, बत्तीस उत्तम अंगलक्षणोंके धारक तथा कुवलयके समान दीर्घ नेत्रोंवाले उस पुत्रके जन्मदिन पर बहुत-से परिजनोंने चक्रवर्तीको आनंद-बधाई दी । पुत्रके मुखको देखकर गंभीर स्वरसे बोलनेवाले उस राजाने उसका नाम शिवकुमार रख दिया । बड़ा होता हुआ वह बालक कहीं भी (पृथ्वीपर) छोड़ा नहीं जाता था, तथा सब राजाओंके हाथोंसे हाथों तक भी नहीं पहुँच पाता था । आठ वर्षका होते ही वह शिशुभावको छोड़कर सकल विद्याओं व कलाओंका धाम बन गया। चक्रवर्तीने कौतूहल पूर्वक उसे युवराज पदपर संस्थापित (अभिषिक्त) कर दिया और पांच सौ राजकन्याओं-के साथ परिणय करा दिया । वह, आदेश दीजिए, जीवंत होइए आदि वचनपूर्वक जयजयकार करनेवाले मंत्री व सामंतकुमारोंसे घिरा रहता था । जिसप्रकार उसे राजप्रासादसे बाहर न ले जाया जा सके, इसप्रकार अंगरक्षकोंकी बहुत बड़ी सेना द्वारा उसकी रक्षा की जाती थी । वह मृगनयनी रानियोंके साथ सुख भोगता था, और रात्रि व दिन कब गये यह नहीं जान पाता था । तबतक इधर जहाँ वह विशुद्धगुणोंका धारक सागरचंद्र रहता था, वहाँ, उस पुंडरि-किणी नगरीमें इंद्रियोंका दमन करनेवाले दयावान मुनि विहार करते हुए पधारे ॥ ४ ॥

[४] १. ख ग तिहिं° । २. क पुण्णम° । ३. प्रतियोंमें °णयणउ । ४. क °यणे । ५. क बाल । ६. क ङ बट्टंतु । ७. क घ ङ °हत्थाण । ८. क घ ङ रायाउ । ९. ख ग घ ङ °कण्णाण । १०. ख मंत । ११. °रेहि । १२. क जीवि । १३. ख ग °उ; घ °ए । १४. ख ग °णेहि । १५. क ङ णेव; ख ग णेय । १६. क °तावित्तहिं; घ °तावित्तहि । १७. क घ ङ °हिं ।

[५]

दुवई—मइ[1]-सुइ-अवहि-विमलमणपज्जयनाणे[2]चउक्कसामिउ[3]।
नाम सुबंधुतिलउ[4] उववणे ठिउ चारणरिद्धिगामिउ ॥ १ ॥

रिसिचलणवंदणुच्छाहमणु[5] चल्लंतु नियच्छवि[6] पउरयणु।
गउ सायरचंदु कुमारु तहिं उज्जाणे परममुणि थक्कु जहिं।
भत्तिए पणवेवि परंपरए आउच्छइ निय जम्मंतरए।
मुणि भणइ[7] भरहे सुविसुद्धमणा[8] दियनंदण तुम्हइं[9] वे वि[10] जणा।
भवयत्तु जेट्ठु तुहुँ[11] पवरभुओ लहुवारउ तहिं भवएउ हुओ।
तवचरणु[12] करिवि आउसि खइए[13] उप्पण्ण मरेवि सग्गे तइए।
तहिं चयवि जाउ सम्मत्तधरु तुहुँ वज्जयंतसुउ निवकुमरु।
तुहु[14] अणुउ आसि जो सो वि बुहु[15] चक्कवइमहापउमंगरुहु।
अहिहाणें सिवकुमारु अभउ इय कहिउ भवंतरु[16] सिग्घु तउ।

घत्ता—आयण्णिवि[17] भवगइ मणिवि[18] विज्जुलचल आसंकियउ।
नयजुत्तहिं सहुँ[19] राउत्तहिं उयहिचंदु[20] दिक्खंकियउ ॥५॥

---

[५]

मति, श्रुत, अवधि और विमल-मनःपर्यय इन चार ज्ञानोंके स्वामी सुबंधुतिलक नामके चारणऋद्धिधारी मुनि उपवनमें ठहरे। ऋषिचरणोंकी वंदनाका उत्साह मनमें लिये हुए पौरजनोंको चलते हुए देखकर कुमार सागरचंद्र भी वहाँ गया जहाँ उद्यानमें वे परममुनि ठहरे थे। परंपरानुसार भक्तिपूर्वक प्रणाम करके अपने जन्मान्तरोंको पूछा। मुनिने कहा—तुम दोनों भारतखंडमें पवित्र मनवाले ब्राह्मणपुत्र थे। तू जेठा भाई भवदत्त था और तेरा छोटा भाई उत्तम भुजाओंवाला भवदेव था। तपश्चरण करके आयुष्य क्षय होनेपर मरकर तीसरे स्वर्गमें उत्पन्न हुए। वहाँसे च्युत होकर तुम वज्रदंतके पुत्र, सम्यक्त्वधारी राजकुमार हुए हो, और वह जो तुम्हारा अनुज था, वह महान् महापद्म-चक्रवर्तीका शिवकुमार नामका ज्ञानवान् पुत्र हुआ है। इस प्रकार संक्षेपमें तुम्हारा भवांतर कह दिया गया। यह सुनकर व भवगति अर्थात् भवस्थितिको विद्युत्के समान चंचल मानकर जन्म-मरणसे भयभीत वह सागरचंद्र नीति-सदाचार युक्त राजपुत्रोंके साथ दीक्षित हो गया ॥ ५ ॥

---

[५] १. क ङ मइं। २. प्रतिगोंमें णाण°। ३. क ङ °सामिउं। ४. क ङ सुबंध°; घ सुवंसतिलय। ५. क घ ङ रिसिचरण°। ६. क घ ङ °च्छवि। ७. क ङ पभणइ; घ भणइं। ८. क ङ विमुद्धि°। ९. क ख ग ङ °इं। १०. ख ग वेण्णे। ११. घ तुहु। १२. क °ण। १३. ख ग आउमे खयइ। १४. ग तुहुं। १५. क ख ग तहु; ङ बुहो। १६. क घ ङ कहंतरु। १७. घ °ग्विवि। १८. ख ग सहु। १९. क घ ङ उवहिं।

[६]

दुवई—तवसिरिभूसियंगु गुणपरिमिउँ रायपमायताडणो ।
खमदमसीलनियमवयविग्गहु इंदियदप्पसाडणो ॥१॥

बारहविहु तवचरणु चरंतहो उवरि उवरि गुणथाणु सरंतहो ।
सायरचंदु मुणिहिँ संपुण्णउ चारणाइरिद्धिउ[3] उप्पण्णउ[4] ।
अह कयावि सासयसुहरत्तउ वीयसोयनयरिहिँ[5] संपत्तउ । ५
मज्झण्णहो[6] चरियाए[7] पईसइ विभियचित्तहिँ[8] लोयहिँ दीसइ ।
पग्गि व मुणिवरवेसकयायरु अवस तवइ तउ बालदिवायरु ।
अण्णहो[9] कहो[10] पयाउ इहु निम्मलु देहदित्तीपिंगीकयनहयलु ।
राउलनियडघरेण वणीसें ठाहु भणंतें पणवियसीसें ।
विहिणा पारावियउ दियंबरु पूरइँ[11] रयणविट्ठि सिट्ठिहि[12] घरु । १०
तं अच्छरिउ नियवि सुविहोयहिँ उट्ठिउ कोलाहलु किउ लोयहिँ
तं कलयलु सुर्णतु[13] मणि भिण्णउ[14] सिवकुमारु धवलहरि चडिण्णउ[15] ।
तो अण्णेकें[16] वइयरु सीसइ[17] सेट्ठिघराउ जंतु मुणि दीसइ[18] ।
घत्ता—इहु[19] मुणिवरु[20] मइँ[21] दिट्ठउ चिरु इउँ[22] कुमरें[23] विंभउ धरिउ ।
मुणिदंसणि दुक्कियभंसणि[24] नियजम्मंतरु संभरिउ[25] ॥६॥ १५

[६]

तपःश्रीसे भूषित अंग, गुणोंसे वेष्टित, राग व (पंद्रह प्रकारके) प्रमादका नाश करनेवाले, क्षम-दमशील, नियम और व्रतोंरूपी शरीरवाले, तथा इंद्रियोंके दर्पको गलित करनेवाले उन सागरचंद्र मुनिको बारह प्रकारका तपश्चरण करते हुए, तथा ऊपर-ऊपरके गुणस्थानोंका अनुसरण (आरोहण) करते हुए चारण (ऋद्धि) आदि सभी ऋद्धियाँ उत्पन्न हो गयीं । पश्चात् किसी समय स्वाश्रय सुख (अर्थात् आत्म-सुख) में लीन रहते हुए वीताशोक नगरीमें पधारे । मध्याह्नमें उन्होंने चर्याके लिए नगरमें प्रवेश किया, और विस्मितचित्त लोगोंने उन्हें ऐसे देखा मानो पहलेसे ही मुनिके उत्तम वेशके प्रति आदरयुक्त होकर बालदिवाकर ही तप करता हो ; (अन्यथा) अन्य किसका ऐसा निर्मल प्रताप हो सकता है, जिसने अपनी दीप्तिसे नभस्तलको पिंगलवर्ण कर दिया हो ? राजकुलके निकट ही एक घरसे एक वणिक्पतिने शिरसा प्रणाम करके, ठहरिए ! ऐसा निवेदन करते हुए, विधिपूर्वक उन दिगंबर-को पारणा करायी । इस आहारदान (के प्रभाव) से रत्नोंकी वर्षाने श्रेष्ठीके घरको पूर दिया । उस आश्चर्यको देखकर वैभवसंपन्न लोगोंके द्वारा किया हुआ बड़ा भारी कोलाहल उठा । उस कलकलको सुनकर, मनमें आश्चर्यचकित होकर शिवकुमार अपने प्रासादपर चढ़ गया । तब किसी एकने (राजकुमार से) वृत्तांत कहा, और श्रेष्ठीके घरसे मुनि जाते हुए दिखाई दिये । 'इन मुनिवरको मैंने चिरकाल पूर्व देखा है', इसप्रकार कुमार मनमें

[६] १. क ख °चरण । २. क घ ङ °णउं । ३. क ङ चारणाइं° । ४. क ङ °ण्णउं । ५. घ °रिहि । ६. ख ग ण्णहो; घ °न्नहो । ७. ग °चित्तहि । ८. क ङ अण्णहिं; घ अन्नहिं । ९. प्रतियोंमें 'कहिं' । १०. ख °इं । ११. क घ °हिं; ख ग सेट्ठिहिं । १२. ख ग मु° । १३. घ °न्नउं । १४. घ अन्निक्कें । १५. क °इं १६. घ इंतु । १७. क घ ङ इह । १८. ख °चिरु; घ °चिर । १९. ख ग मइ । २०. क ङ एम; घ इमु। २१. क ङ °रि । २२. प्रतियोंमें '°फंसणि' । २३. घ °रिउं ।

[७]

दुवई—आयहो लहुउ आसि हउँ[1] बंधउ एहु महंतु थाविउ ।
एण वि हुंतएण सुपसाएं[2] मइँ सम्मत्तु पाविउ ॥१॥

तउ करिवि सुरालइँ[3] वे वि हुया पुणु एत्थ[4] जाय फुडु तत्थ चुया ।
सुमरंतु भवंतरु[5] मुच्छगओ हा हा रउ उट्ठिउ गरुउ तओ ।
धाहाविउ बालंतेउरिहिं[6] भत्तारदुक्खसोयाउरिहिं[7] । ५
रोवंति मंति-सामंतसुया हियउल्लउ फुट्टिवि[8] किं न मुया ।
चमराणिल-चंदणसिंचियउ[9] कह-कह व दुक्खउम्मुच्छियउ[10] ।
जम्मंतरसुमरणु कहिउ तहो दिढधम्महो मंतितणुब्भवहो ।
निव्विण्णु[11] मित्तु हउँ इह भवहो संदरसिय[12]-जरमरणुब्भवहो ।
चक्केसरु महु वयणें[13] भणहि[14] तउ लेंतहो महु म विग्घु करहि[15] । १०
गउ रायत्थाणे[16] पइसरेवि[17] पहु पणविवि जंपइ वइसरेवि[18] ।
तउ तणउ[19] देव पइँ[20] विण्णवइ[21] भवकालसप्पु जगु परिहवइ ।
इंदियफडालु चउगइवयणु मिच्छत्तमोहविसरिसनयणु ।
रइदाढु[22] विसयजीहातरलु उब्भरियसुहासुहफलगरलु ।

विस्मित हुआ, तथा मुनिदर्शनके कारण (पूर्वकृत) अशुभकर्मके क्षय होनेसे उसने अपने जन्मान्तर (अर्थात् पूर्वजन्म) को स्मरण किया ॥६॥

[७]

मैं इसका छोटा भाई था, यह मेरा बड़ा । इसीके होनेवाले सुप्रसादसे मैंने सम्यक्त्व पाया था । तप करके हम दोनों स्वर्गमें देव हुए, फिर वहाँसे च्युत होकर यहाँ उत्पन्न हुए, इसप्रकार भवांतरको स्मरण करते ही वह मूर्च्छित हो गया । तब बड़ा भारी हाहाकार मचा । पतिके दुःखसे शोकातुर होकर कुमारका अन्तःपुर धाड़ देने लगा । मंत्रियों व सामंतोंकी पुत्रियाँ इस प्रकार रोने लगीं—हाय ! हम लोग हृदय फटकर मर क्यों नहीं गयीं, चंवरकी वायु और चंदनसे सींचनेपर वह किसी किसी तरह कष्टपूर्वक उन्मूर्छित हुआ । उसने मंत्रीपुत्र दृढ़धर्मको अपना जन्मान्तर स्मरण होना बतलाया (और कहा)—'हे मित्र ! मैं जरा-मरण युक्त इस संसारसे उदासीन हो गया हूँ, चक्रेश्वरको मेरे वचनसे कहना कि तप लेनेमें मुझे विघ्न न करें ।' वह गया, राजसभामें प्रविष्ट होकर प्रभुको प्रणाम करके बैठा, और कहने लगा—हे देव ! आपका पुत्र आपसे विज्ञापना करता है कि यह भव (अर्थात् पुनः पुनः जन्ममरण) रूपी काला सांप सारे लोकको पराभूत करता है; जो कि इंद्रियोंरूपी फणा, चतुर्गतिरूपी मुख, मिथ्यात्व-मोहरूपी विसदृशनेत्र, रतिरूपी दाढ़, तथा विषयभोगरूपी चंचल जिह्वासे युक्त है, और शुभाशुभ कर्मफलरूपी गरलसे भरा हुआ है । उसका क्षय करनेवाला तपरूपी मंत्राक्षर (मंत्र) जिन भगवान्‌रूपी गरुड़-

[७] १. ख ग क हउ । २. क घ क सप° । ३. ख ग °लय । ४. क एत्थु । ५. क सम° । ६. क घ क °तर । ७. उरेण; ख ग °उरेहिं । ८. घ फुल्लिवि । ९. क क किण्ण; ख ग घ किन्न । १०. क °यउं ११. ख °ओमु° । १२. प्रतियोंमें णिव्वि° । १३. क क हउ । १४. क घ क संदरि° । १५. क ग °णे । १६. क क °हीं । १७. क घ क जणहो । १८. घ क °त्थाणु । १९. क घ क पई° । २०. क घ क °सरवी । २१. क घ क °उं । २२. क ख ग पइ । २३. घ विन्न° । २४. ख ग विसइ° ।

घत्ता—तहो खयकरु तवमंतक्खरु जिणवरगरुडसमुद्धरिउ । १५
मइँ लेवउ अणुचेट्ठेवउ बारहविहु बहुगुणभरिउ ॥७॥

[८]

दुवई—तं [1]तवगहणसद्दु[2] आयण्णवि[3] पुत्तहो पुत्तवच्छलो ।
विहडप्फडु नरिंदु गउ तित्तहिं[4] वड्ढियदुहमहानलो[5] ॥१॥

रसणखलंतु कणिरपयनेउरु वणमालालंकिउ अंतेउरु ।
सेयजलोल्लिय नयणाणंदिरु पत्तु तुरंतु कुमारहो मंदिरु ।
आहासइ चक्केसरु तणुरुहँ कवणु कालु पावज्जहे[6] किर तुह[7] । ५
अक्खयनिहाण[8]-रयणरिद्धिल्लि रायलच्छि[9] तुहुँ[10] भुंजहि[11] भल्लि ।
भणइ कुमारु ताय जइ[12] सुंदर ता कहिं[13] चक्कवट्टि-हरि-हलहर ।
सयलकाल-नव-नव-वरइत्ति वसुमइ[14] वेस व केण न भुत्ति ।
तो भुंजमि जइ आउ न तुट्टइ[15] दुत्तरवाहितरंगिणि खुट्टइ[16] ।
तो भुंजमि जइ[17] जर नउ[18] वंकइ कालभुयंगदाढ[19] नउ डंकइ ।
अह कल्लइ[20] विणासु जइ रज्जहो तो वरि अज्ज जामि[21] नियकज्जहो । १०

ने उद्धृत किया है। वह मेरे द्वारा लेने और पालन करने योग्य है। वह (तप) बारह प्रकारका है और बहुत गुणोंसे भरा है ॥७॥

[८]

पुत्रके तपग्रहणकी बात सुनकर वह पुत्रवत्सल राजा वहीं विह्वल हो गया और उसे दुःखकी महाज्वाला बढ़ गयी। करधनीको स्खलित करती हुई, पगनूपुरोंसे रणरण करती हुई, और स्वेदजलसे आर्द्र रानियाँ (कुमारकी माताएँ) वनमालासे अलंकृत होकर अर्थात् वनमाला देवीको आगे करके तुरंत कुमारके नेत्रोंको आनन्द देनेवाले आवासमें पहुँची। चक्रेश्वरने कहा—बेटा! तेरा यह प्रव्रज्या लेनेका अभी कौन-सा काल है? तू अक्षय धन तथा रत्नऋद्धिसे युक्त इस भली (अर्थात् सुंदर व सुखदायक) राज्यलक्ष्मीको भोग। तब कुमार कहने लगा—हे तात! यदि यह सुंदर है तो फिर (इसे भोगनेवाले) चक्रवर्ती, वासुदेव और बलराम आज कहाँ हैं? सदा नये नये वरोंको वरण करनेवाली यह वसुमती वेश्याके समान किस-किसके द्वारा नहीं भोगी गयी। मैं तब इसे भोगूगाँ यदि (कभी) आयु न टूटे, और यह दुस्तर व्याधि-तरंगिणी खंडित हो जाये, (अथवा) मैं तब इसका भोग करूँगा यदि जरा शरीर को क्षीण न करे और काल-भुजंगकी दाढ़ इसे कभी डंसे नहीं। परंतु यदि कल राज्यका विनाश होना हो, तो मैं आज ही अपने (मोक्ष साधनके) कार्यके लिए

[८] १. घ भव°। २. ख ग °गहणु°। ३. क ङ °ण्णिवि; घ °ण्णेवि। ४. ख ग °हो। ५. क ख ङ वट्टिय। ६. क ङ °णलो। ७. क ङ तणरुह; ख ग तणुरुहु। ८. क पवज्जहि; ग पव्वज्जहे; घ पावज्जहिं; ङ पवज्जहिं। ९. ख ग तुहु। १०. ख ग °णु। ११. क घ ङ °रिद्धि। १२. ख ग तुहु। १३. क °हिं १४. ख ग जय। १५. ख ग कहि। १६. °भइं। १७. क °इं। १८. क ङ जरउ ण। १९. क ङ °डाढ। २०. घ °इं। २१. क घ ङ ठामि।

घत्ता—अजरामरे सासयपुरवरे ताय करिव्वउ[22] मइँ[23] निलउ[24] ।
चयणिज्जहे[25] करमि अविज्जहे[26] अविलंबेण[27] वि तहे[28] विलउ ॥८॥

[९]

दुवई—निच्छउ मुणेवि भणइ चक्केसरु हियवउ मज्झु डज्झए ।
निग्गहु[1] इंदियाण तउ तं[2] किर सुय निलए वि सिज्झए ॥१॥

जइँ रायदोस नै[3] वसंति मणे तउ लेवि करेव्वउ काइँ[4] वणे ।
अह रइउ कसायहिँ[5] हियउ[6] जहिं तवचरणु[7] सज्जु किर काइँ तहिं ।
ता वरि अब्भत्थण महु करहि घरि[8] संठिउ नियमवयइँ[9] धरहि ।
पडिवज्जिउ कुमरें पिउ[10] वयणु गउ निय-निय-निलयहो सव्वु[11] जणु ।
तद्दिवसहो लग्गेवि रायसुओ घरसंठिओ वि घरकज्जचुओ ।
मणवयणकायकयसंवरणु[12] नवविहबरबंभचेरधरणु ।
पासट्ठिओ[13] वि तरुणीनियरु मण्णइ[14] वहिपुंजिउ व्व कयरु ।
दिढधम्मु[15] मंतिसुउ आढविउ आहारु आरणालग्घविउ[16] ।
नउ कारिउ न किउ न इच्छियउ सावयघरभिक्ख[17]-पडिच्छियउ ।

जाता हूँ । हे तात ! मुझे अजर अमर व शाश्वत और श्रेष्ठ, ऐसे मोक्षनगर में निवास बनाना है, और मैं त्यजनीय अविद्यारूपी (भ्रान्त, असत्य एवं अशाश्वत) राजलक्ष्मीका शीघ्र ही त्याग करूँगा ॥ ८ ॥

[९]

(पुत्रके) निश्चयको जानकर चक्रेश्वरने कहा—पुत्र (दुःखसे) मेरा हृदय जल रहा है, तथापि मुझे यह कहना है कि इंद्रियोंका निग्रह ही तप है और वह घरमें भी सिद्ध हो सकता है । यदि मनमें राग-द्वेष निवास नहीं करते तो तप लेकर वनमें ही क्या करोगे ? और यदि हृदय काम-क्रोधादि कषायोंसे रचित है, तो फिर वहाँ तपश्चरण कैसे साधा जा सकेगा ? तो इसलिए मेरी यह अभ्यर्थना मानो कि घरमें रहते हुए ही नियम और व्रतोंको धारण करो । कुमारने पिताके वचन स्वीकार किये और सब लोग अपने-अपने निवासको चले गये । उस दिनसे लगाकर वह राजपुत्र घरमें रहता हुआ भी घरके कार्योंसे अलग रहने लगा । उसने मन-वचन-कायका संवरण कर लिया और नवविध ब्रह्मचर्य धारण कर लिया । पासमें स्थित तरुणी-समूहको वह रूप बनाये हुए व्याधिपुंजके समान मानने लगा । उसने मंत्रीपुत्र दृढ़धर्मसे सम्मान-पूर्वक कहा कि मुझे कांजीका ही आहार दिया जाये । न (तैयार) कराया हुआ, न स्वयं किया हुआ, न अपनी इच्छा (अनुमोदन) से बनवाया हुआ, ऐसा श्रावकोंके घरसे भिक्षामें

---

२२. ख ग करेवउ । २३. क ख ग घ मइ । २४. क ङ °उं । २५. क वयणिज्जहिं; घ वयणिज्जहिं; ङ चयणिज्जहिं । २६. क घ ङ °ज्जहिं । २७. प्रतियोंमें अवं । २८. क ङ तहिं; घ तहि ।

[९] १. क घ ङ °इं । २. क °हुं । ३. क ङ कि किर । ४. ख ग जय । ५. क ङ णिवसंति । ६. क वउ । ७. क ङ काइ । ८. ख ग °यहि । ९. क °उं । १०. क घ ङ °यरणु° । ११. क घ ङ घर । ९२. ख ग °इ । १३. क घ ङ पिय । १४. क सव्व । १५. ख ग °काइकयसंव° । १६. क ङ °ट्ठिउं । १७. क ङ °इं; घ मण्णइं । १८. क ङ °धम्म । १९. ख ग आरनाल° । २०. क ङ °घरि°; घ °घरं ।

एक्कंतरि[21] छट्ठट्ठमइ दिणे आणहि[22] महु पारणकज्जु[23] मुणि ।
जं एम कुमारें तहो कहिउ सुविसुद्धभत्तु[24] कंजियसहिउ ।
आणइ[25] परघरहो भिक्खभमइ[26] निवनंदणु पाणिपत्ते जिमइ[27] ।
तहो तिव्वमहावयपहरणहो नासंति विसय उवसममणहो । १५
पहरणे[28] ठिउ लोहु गइंदु[29] मउ[30] राउ वि दिण संझहे[31] सरणु[32] गउ ।
भोउ वि विलग्गु मरुभोयणहिं[33] अंजणु सीमंतिणि लोयणहिं[34] ।

घत्ता—वयनिम्मलु अज्जियतवफलु वरिससहसचउसट्ठि थिउ ।
जिणे[35] दिट्ठउ आगमे[36] सिट्ठउ[37] आउसंते सण्णासु[38] किउ ॥९॥

[१०]

दुवई—एरिसतवफलेण बंभोत्तरे[1] तणुकियसुरहिवाउ सो ।
एहु[2] सो विज्जुमालि[3] हुउ सुवरु दससायरथिराउसो ॥१॥
आएं विणयगुणेहिं अमुकें सुहु[4] भुंजइ[5] सहुँ[6] देविचउक्कें ।
एत्तहे सायरचंदु समाहिए[7] हुउ मरेवि सुरु तहिं जि[8] अबाहिए ।

स्वीकृत आहार मेरी पारणाके लिए छट्ठे-आठवें दिन एकान्तरसे ला देना, ऐसा जान लो । जब कुमारने उसको ऐसा कहा तो वह दूसरे-दूसरे घरोंसे भिक्षा-भ्रमण करके कांजी सहित विशुद्ध भात उसे लाकर देने लगा और राजकुमार उसे अपने करपात्रमें ही जीमने लगा । महाव्रतों-रूपी तीव्र शस्त्रको धारण करनेवाले उस उपशांत-मन राजकुमारके विषय (विषय वासना) नष्ट हो गये, प्रहार पड़नेसे लोभरूपी गजेंद्र मारा गया, और राग भी दिनके समान (सान्ध्य अरुणिमाके रूपमें) सन्ध्याकी शरणमें चला गया अर्थात् अस्तंगत हो गया । उसका भोग (भोगाभिलाष) मरुत् भोजी सर्पोंमें भोग अर्थात् फणाटोपके रूपमें जा लगा, और अंजन अर्थात् पापरूपी कल्मष सीमन्तिनियोंके नेत्रोंमें (काजलके रूपमें) लग गया । तपका फल अर्जन करके वह चौंसठ हजार वर्षों तक जीवित रहा और आयुष्यके अन्तमें जिन भगवान्‌के द्वारा उपदिष्ट एवं आगममें निर्दिष्ट संन्यासमरण किया ॥ ९ ॥

[१०]

ऐसा वह (शिवकुमार) तपके फलसे ब्रह्मोत्तर स्वर्गमें अपने शरीरकी गंधसे वायुको सुगंधित करनेवाला, दस सागरकी स्थिर आयुवाला विद्युन्माली नामका श्रेष्ठ देव हुआ है । यह कभी भी विनयगुणको न छोड़नेवाली चार देवियोंके साथ सुख भोगता है । इधर सागरचंद्र मुनि भी निर्बाध (अखंड) समाधिपूर्वक मरकर उसी स्वर्गमें देव हुआ है । वह इंद्रके समान

---

२१. ग एकं° । २२. क घ ङ °हिं । २३. ख ग कज्ज । २४. क ङ सुविसुद्धं° । २५. क घ ङ °इं । २६. क °समइं; ख ग °भमइ । २७. ख ग °इं । २८. क ङ °रण । २९. प्रतियोंमें गइंदि । ३०. क मउं । ३१. ख ग सज्झहे; क घ ङ संज्झहिं । ३२. ख ग °ण । ३३. क घ ङ °णिहिं; ख ग °णहि । ३४. ख ग सीमंतणं°; क ङ °लोयणिहिं । ३५. क घ ङ जिण । ३६. क ङ आयमि । ३७. °उं । ३८. घ सण्णासु ।

[१०] १. क घ ङ तणुकय° । २. क घ ङ इहु । ३. ख ग विज्ज° । ४. घ सुहुं । ५. ख ग °इं । ६. ख ग सहु । ७. ख ग जे ।

इंदसमाणु पडिंदु पसंसिउ करइ विलासु सुरेहिँ नमंसिउ।
इय तवफलु महंतु इय तणुपह अक्खिय विज्जुमालि[८] देवहो कह।
एवहिँ[९] सत्तमदियहे[१०] चएप्पिणु चरमसरीरु मणुउ होएप्पिणु[११]।
तउ लेसइ विज्जा-बलथामें[१२] सहुँ चोरेण[१३] विज्जुचरनामें[१४]।
तहिँ अवसरि पणविवि निम्माएं वड्ढमाणु जिणु पुच्छिउ राएं।
देविचउक्कहो[१५] विहियतवंतरु कहहि भडारा पुव्वभवंतरु।
भणइ[१६] जिणंदु[१७] भरहे जणकिण्णी[१८] चंपानयरि अत्थि वित्थिण्णी[१९]।
इब्भसेट्ठि तहिँ वसइ सुचित्तउ[२०] नामें सूरसेणु धणइत्तउ।
तहो जयभद्द-सुभद्दविसत्थी धारिणि-जसमइ कंत-चउत्थी।

घत्ता—सुहनक्खउ तिक्खकडक्खउ सज्जियउच्छु धणुद्धरहो।
विंधेवए[२१] भुअणु जिणेवए भल्लिचउक्कउ रइवरहो ॥१०॥

[११]

दुवई—तेहिँ समाणु सुक्खु भुंजंतउ सेट्ठि सकम्मभाविणं।
वाहिसएहिँ[१] घत्थु हुउ निप्पहु अज्जियपुव्वपावियं ॥१॥
तहो जाउ जलोयरु कासु सासु खयरोउ भयंदरु जणियतासु।

प्रशंसित प्रतींद्र हुआ है और देवताओंसे नमस्कृत होता हुआ वहाँ विलास करता है। यह तपका महत् फल और इसप्रकार शरीर-कांति संबंधी विद्युन्माली देवकी कथा कह दी गयी। अब यहाँसे सातवें दिन च्युत होकर, अन्तिमशरीरी मनुष्य होकर यह विद्या एवं बलके धाम विद्युत्चर नामक चोरके साथ तप लेगा। उस अवसरपर प्रणाम करके (व्यवहार) निपुण श्रेणिक राजाने वर्द्धमान जिनसे पूछा—'हे भट्टारक! इन चारों देवियोंका विशेष तपानुष्ठानयुक्त पूर्व-भव कहिए।' (तब) जिनेंद्र कहने लगे—भारतदेशमें जनसंकुल और विस्तीर्ण चंपा नामकी नगरी थी। वहाँ एक बहुत धनवान समृद्ध व स्वच्छ चित्तवाला सूर्यसेन नामका श्रेष्ठी रहता था। उसकी जयभद्रा, सुभद्रा, धारिणी व चौथी यशोमती नामकी विश्वस्त पत्नियाँ थीं। वे बहुत सुंदर नखोंवाली तथा कामदेवरूपी धनुर्द्धरके पैने किये हुए बाणके समान तीक्ष्ण कटाक्षों-वाली थीं, जो मानो उस रतिपतिकी सारे भुवनको बींधकर जीतनेवाली चार बरछियाँ ही थीं ॥ १० ॥

[११]

उनके साथ सुख भोगता हुआ श्रेष्ठी अपने कर्मोंके वैसे भाव अर्थात् वैसी कुछ परिणतिसे पूर्वोपार्जित पापके कारण सैकड़ों व्याधियोंसे ग्रस्त होकर कांतिहीन और अदर्शनीय हो गया। उसके जलोदर, काश, श्वास और त्रासोत्पादक क्षयरोग व भंगदर हो गया। अस्थिवात उसके

८. ख ग विज्ज°। ९. क घ ङ °हिं। १०. क घ °हिं। ११. ख ग °विणु। १२. ख ग बलु°। १३. क ङ चोरें। १४. क ङ विज्जुच्चर° १५. क देवं°। १६. क घ ङ °इं। १७. क घ ङ जिणिंदु। १८. क जिण°; घ °किण्णी। १९. घ °णी। २०. क ङ सवि; घ सवि°। २१. क °वइं; घ ङ °वइ।

[११] १. क ङ सुक्ख। २. क वाहिं°।

तणु मोडइ फोडइ अट्ठिवाउ विसरिसमणु हुउ विवरीयधाउ।
नियकंतहँ[3] कंति नियंतु रुट्ठु अणुदिणु ईसालुउ जाउ सुट्ठु। ५
निवसु वि तं नत्थि न[4] जित्थु पाउ अच्छइ अ दिंतु गुरुलट्ठिघाउ।
खरफरुसवयणु[5] बोल्लइ सकूरु परपुरिसचंदु[6] जइ अह व[7] सूरु।
घरु पंगणु[8] कोट्टु[9] निएइ पासु तो तुम्ह सहुट्ठउ[10] लुणमि नासु।
जइ जाइ कह व बाहिरे स खुद्दु उवरए[11] छुहेवि[12] तालउ समुद्दु।
दिट्ठु देविणु रक्खणु[13] विद्धपुरिसु आइउ[14] पेक्खंतु विमुहसरिसु। १०
नियया हिण्हाणु[15] पुच्छइ सकोहु किं कोवि न आयउ[16] जारु गेहु।
बोल्लंति परोप्परु दुक्खियाउ न मरइ हयासु इहु[17] दुट्ठभाउ।
जें[18] नियहु जंत-आवंतयाइँ पिय[19]-मायबंधुसयणिज्जयाइँ।

घत्ता—इय संतए काले वहंतए पउसियदइयहँ[20] देंतु भउ।
रइथावणु मिहुणसुहावणु मासु वसंतु[21] पहुत्तु तउ[21] ॥११॥ १५

शरीरको मोड़ने व फोड़ने लगा। उसका मन विसदृश अर्थात् प्रतिकूल हो गया और समस्त वात-पित्तादि धातुएँ विकृत हो गयीं। अपनी पत्नियोंकी कांति देखकर वह रुष्ट होने लगा और प्रतिदिन अधिकाधिक ईर्ष्यालु होता गया। 'ऐसा कोई निवास नहीं है जहाँ पाप न हो, (ऐसा सोचते हुए) वह उनपर लाठीसे भारी आघात करता हुआ रहने लगा। वह बड़ी क्रूरतासे तीखे और कठोर वचन बोलने लगा (कि), परपुरुष चाहे वह चंद्र हो अथवा सूर्य, यदि वह घरके प्रांगणमें, या दीवारके पास (कहीं भी) तुम लोगोंके साथ देख लिया तो तुम लोगोंका ओष्ठसहित नाक काट लूँगा। वह क्षुद्र यदि किसी कारणसे बाहर जाता था, तो उन लोगोंको मुद्रांकित तालेमें बंद करके निवृत्त होता। उसने एक वृद्ध पुरुषको उनका कड़ा रक्षक नियुक्त कर दिया। (इस पर भी) जब भी वह लौटकर आता तो इस प्रकार देखता हुआ कि मानो तालोंकी मुद्रा तोड़ दी गयी हो, तथा अपनी शपथ देकर क्रोधपूर्वक पूछता—क्या कोई जार तो घरमें नहीं आया ? वे दुःखित होकर परस्परमें कहतीं—यह दुष्टभावोंवाला हताश (दुर्जन) मरता भी क्यों नहीं, जो आने जानेवाले पितृ व मातृबन्धुओं (चाचा व मामा) को भी शयनीयोंके रूपमें देखता है अर्थात् इन पितृजनोंके साथ भी हम लोगोंके द्वारा संभोग किये जानेकी नीच शंका करता है। इस प्रकार रहते हुए, व काल व्यतीत होते हुए प्रोषित-पतिकाओंको भय देता हुआ, रतिको स्थापित करनेवाला (अर्थात् रतिभावको बढ़ानेवाला) व मिथुनोंके लिए सुखकर वसंत मास आ गया ॥ ११ ॥

३. क तिय°। ४. प्रतियोंमें 'ण'। ५. क खरु°। ६. क ब क °पुरिसु°। ७. प्रतियोंमें 'कहव'। ८. क ब क घरपंगणि। ९. ख ग कोडु। १०. क ब क सउ°। ११. क ब क उव्वरइ। १२. क छुहुवि। १३. क क °ण। १४. क क आयउ। १५. क ब क °हिहाणु। १६. क ब क जार गोहु। १७. क ब क इहु। १८. क जे। १९. क ब क पिउ°। २०. ख ग ब पवसिय°। २१. क ब क पहुत्तउ।

[१२]

दुवई—दहमुहहरियसीयविरहाउररामालोइयंतओ ।
मारुयचुंबियासु हणुवंतु[1] व विलसइ नवबसंतओ ॥१॥

दिणि दिणि रयणिमाणु जिह[2] खिज्जइ दूरपियाण निद्द तिह[3] खिज्जइ[4] ।
दिवि दिवि दिवसपहरु जिह वड्ढइ[5] कामुयाण तिह[6] रइरसु वड्ढइ[7] ।
दिवि दिवि जिह[8] चूयउ मउरिज्जइ माणिणिमाणहो तिह[9] मउ रिज्जइ[10] ।
कलकोइलकलयलु जिह[11] सुम्मइ[12] तिह[13] पंथिय करंति घरे सुम्मइ[14] ।
सलिलु निवाणहिं जिह[13] परिहिज्जइ[15] तिह[11] भूसणु मिहुणहिं परिहिज्जइ[11] ।
पाडलियहिं[16] जिह[17] भमरु[18] पहावइ पियसंगरि[19] तिह[13] होइ पहावइ[12] ।
जिह[11] पियसंगु विरहु निद्धाडइ कुसुमसमिद्ध[20] तेम निद्धाडइ[12] ।
१० मालइकुसुमु[21] भमरु[22] जिह[1] वज्जइ[23] घरे घरे गहिरु[24] तूरु तिह[25] वज्जइ ।
वियसियकुसुमु[21] जाउ अइमुत्तउ[26] घुम्मइ[27] कामिणियणु अइ-मुत्तउ[21] ।

[१२]

रावणके द्वारा हरी गयी सीता तथा विरहातुर कामिनियोंके द्वारा निंदा किया जाता हुआ, तथा मारुत अर्थात् दक्षिण पवनके द्वारा दिशाओं (रूपी वधुओं) के मुखको चूमनेवाला वसंत, रावणके द्वारा हरी गयी सीताके विरहमें आतुर रामके द्वारा (सीताका कुशल समाचार लानेके उपरांत आशंसापूर्वक) देखे जाते हुए एवं मारुत अर्थात् अपने पिता पवनंजय के द्वारा (स्नेहपूर्वक) चुंबित मुख हनुमानके समान विलास करने लगा ॥

प्रति दिन जैसे-जैसे रात्रिका मान घटने लगा, वैसे-वैसे जिनके प्रिय दूर हैं, ऐसी कामिनियोंकी निद्रा भी क्षीण होने लगी। प्रतिदिन जैसे-जैसे दिवस-प्रहर बढ़ने लगा वैसे-वैसे कामियोंका रतिरस भी बढ़ने लगा। प्रतिदिन जैसे-जैसे आम्रपर बौर आने लगा, वैसे-वैसे मानिनियोंका मान-मद मुकुलित अर्थात् क्षीण होने लगा। जैसे-जैसे कलकंठी कोकिलाका कलरव सुनाई देने लगा, वैसे-वैसे पथिक घरोंकी ओर मति (मन) करने लगे। जैसे-जैसे गढ़ोंमें जल क्षीण होने लगा, वैसे-वैसे मिथुन आभूषण कम करने लगे। जिसप्रकार भ्रमर पाटल पुष्पोंकी ओर दौड़ने लगता है, उसीप्रकार प्रभावती अर्थात् सुंदरी नायिकाएँ अपने प्रियपतियोंके संग होने लगीं। जिसप्रकार प्रियका संगम विरहको बाहर निकाल देता अर्थात् नष्ट कर देता है, उसीप्रकार कुसुमोंकी समृद्धि बाहर निकलने अर्थात् प्रकट होने लगी। जिसप्रकार भ्रमर मालती पुष्पसे भयभीत (त्रस्त, निराश) हो, गुंजार करने लगता है, उसीप्रकार घर-घरमें गंभीर तूर बजने लगा। अतिमुक्तकका फूल जैसे खिलता है, वैसे ही कामिनीजन अत्यन्त

[१२] १. ख ग घ हणवंतु । २. ख जहं; ग घ जिहं । ३. क ङ तह; घ तहं । ४. क घ ङ °इं । ५. क घ ङ वट्टइ । ६. क घ तह; ङ तहं । ७. क ङ वट्टइ । ८. क घ ङ जह । ९. घ तिहं । १०. ख ग °खिज्जइ । ११. ख ग घ °हं । १२. क घ ङ °इं । १३. क घ ङ °हं । १४. क ङ °इं । १५. क घ °इं । १६. क °हि । १७. घ जिहं । १८. क घ ङ महुरु । १९. घ °संगिरि । २०. ख ग कुसम° । २१. ख ग °कुसमु । २२. क भरु । २३. क वज्जइ; ङ वज्जइ । २४. क घ ङ गहिर; ख ग गहेरु । २५. ख ग तहिं; घ तिहं । २६. क ख ग ङ °मत्तउ । २७. क घ ङ °इं ।

दरिसिउ कुसुमनियरु[२७] वेयल्लें[२८] पहिएं[२९] घरु गम्मइ[३०] वेयल्लें[३०]।
नील पलास रत्त हुय किंसुय भंतचित्तु जणु[३१] जाणइ[३२] किं सुय।
देवउलहिं जणु पुज्ज समारइ वट्टइ मिहुणहँ[३३] हियइ समा रइ[३४]।
तुरयहिं[३५] अल्लहज्जि नच्चिज्जइ नवबसंतु तरुणिहिं नच्चिज्जइ। १९
दावानलु[३६] पुलिंदजणु लायइ[३७] सरघोरणि अणंगु गुणे लायइ।
मंदु मंदु[३८] मलयानिलु[३९] वायइ[४०] महुरसद्दु जणु वल्लइ[४१] वायइ[४२]।
अहे[४३] तहिं[४४] सियपंचमिहिं[४५] वसंतहो नंदणवणे देवउले वसंतहो।
फणमणितेओहामियजलणहो[४६] करइ जत्त नायहो जणु जलणहो।
घत्ता—नायरजणु[४७] निवइ सपरियणु पयडीकयनियनियविहउ। २०
फणिजक्खहो नयरीरक्खहो जत्तकज्जे उज्जाणे गउ ॥१२॥

[१३]

दुवई—ताम पियाचउक्कु रविसेणें विविहाहरणभूसिओ।
जंपाणाहिरूढु जत्तुक्कवि रक्खणसहिउ पेसिओ ॥१॥
गयउ ताउ अहिभवणु तुरंतिउ तणुकंतिए वणु उज्जोयंतिउ।
पुज्जवि[१] पणविवि फणसच्छायहो हियबदुक्खु विण्णप्पइ[२] नायहो।

स्वच्छन्द होकर घूमने लगीं (देखिए परिशिष्ट)। विचकिल्लके वृक्षने जैसे कुसुमसमूहको दर्शाया, वैसे ही पथिक वेगपूर्वक घर जाने लगे। पलाश नीले (हरित) हो गये, और किंशुक-लाल, परंतु भ्रान्तचित्त (कामी) को (हरित दलोंके ऊपर लाल-लाल पुष्पोंको देखकर) लगा कि कहीं ये शुक पक्षी तो नहीं हैं। लोग देवकुलोंमें पूजा समारने लगे, और मिथुनोंके हृदयमें समान भावसे रति उत्पन्न हो गयी। जिसप्रकार गीले चनोंको (देखकर) घोड़े नाचने लगते हैं, उसीप्रकार नववसंतको (देखकर) तरुणियाँ नाचने लगीं। पुलिंद (भील) दावानल लगाने लगे और कामदेव धनुषपर प्रत्यंचा चढ़ाने लगा। मंद-मंद मलयपवन बहने लगा और लोग मधुर स्वरसे वीणा (वल्लकी) बजाने लगे। अथानन्तर वहीं वसंतकी शुक्लपंचमीके दिन, नंदनवनके देवालयमें रहनेवाले, अपने फणमणिके तेजसे अग्निके तेजको तिरस्कृत करने-वाले, ज्वलन नामक नागदेवको यात्राके लिए लोग चले। नागरिकजन, तथा अपने परिजनों-सहित राजा, अपने-अपने वैभवको प्रगट करते हुए नगरीके रक्षक नाग-यक्षकी यात्राके लिए उद्यानमें गये ॥१२॥

[१३]

तब रविसेनने अपनी चारों प्रियाओंको विविधाभरणोंसे भूषित करके पालकीमें बैठाकर रक्षकके साथ यात्रोत्सवमें भेजा। वे अपने शरीरकी कांतिसे वनको प्रकाशित करती हुईं, तुरंत नागभवनको गयीं। फणशोभासे युक्त नागकी पूजा, प्रणाम करके, उसको अपने हृदयका दुःख

२८. क घ ङ वेइल्लें। २९. क घ ङ °यं। ३०. ख ग वेइल्लें। ३१. क ङ जाणइ, घ जाणइं। ३२. क घ ङ जणु। ३३. क ख ग णहु; घ ङ णहुं। ३४. क ङ रइं। ३५. ख ग °यहि। ३६. क ख ग ङ °णलु। ३७. क ङ लावइ; ख ग घ लायइं। ३८. ख ग मंद मंद। ३९. क ङ °णिलु; ख ग °नलु;। ४०. ग घ °इं। ४१. क ङ वु°। ४२. घ °इं। ४३. क ङ अहु। ४४. क ख ग तहि। ४५. क घ ङ °मिहि। ४६. क फणिमणि°। ४७. क णारय°।

[१४] १. क घ ङ पुज्जवि। २. घ विण्ण°।

परमेसरै[3] एत्तडउ करिज्जहि[4] सूरसेणसमु कंतु म दिज्जहि[5]।
पुणु नीसरिवि तित्थु[6] आसण्णइं वासुपुज्जजिणभवणे[8] रवण्णइं[9]।
अरुहनाहु पणविवि अहिणंदिउ दिट्ठु सुमइं[10] मुणिपुंगमु वंदिउ।
पुच्छिउ[11] ताहिं[12] विणासियभवनिसि पुण्णपावफलु[13] कहइ महारिसि।
माणुसु जं सुहभायणु दीसइ पुण्णपहाउ[14] सव्वु तं सीसइ।
पावें सल्लतुल्लदुहदुक्खिउ भारकंतु पिवासिउ भुक्खिउ।
पुण्णफलाहिलाससमचित्तउ[15] सावयवयइं लेवि घरु पत्तउ।
कइवयदिणहिं[16] वाहिसंतत्तउ[17] सूरसेणु मुउ ववगयसत्तउ[18]।
पच्छइ कारिवि केवलवाहहो निययदव्वेण भवणु जिणनाहहो।
सुव्वयपासि चयारि वि कंतउ जायउ अज्जियाउ निक्खंतउ।

घत्ता—तवसाहिय मरेवि समाहिय विज्जुमालिदेवहो ठियउ।
बंभोत्तरे सोक्खनिरंतरे एउ चयारि वि हुय[1] पियउ ॥१३॥

[१४]

दुवई—इह विज्जुवइ नाम विज्जुप्पह इह आइच्चदंसणा[1]।
तिहिं मि चउत्थ अवर दीसइ पिय इह भण्णइ[2] सुदंसणा ॥१॥

एत्थंतरे मगहाहिउ जंपइ देव तुम्ह चलणहिं विण्णप्पइं[3]।
जेण समाणु एहु लेसइ तउ विज्जुच्चरहिहाणु[4] जायउ कउ।

कहने लगीं—हे परमेश्वर ! बस इतना करना कि सूरसेनके समान कांत मत देना। फिर वहाँसे निकलकर वासुपूज्यके आसन्नवर्ती रमणीक जिनमंदिरमें अर्हंत भगवान्‌को प्रणाम करके प्रसन्न हुईं, और वहाँ सुमति नामक मुनिपुंगवको देखकर वंदना की। उन्होंने मुनिसे पूछा और वे भवनिशा अर्थात् मोहान्धकारको नष्ट करनेवाले महर्षि पुण्य-पापका फल कहने लगे—'मनुष्य जो सुखका भाजन दिखाई देता है, वह सब पुण्यका ही प्रभाव कहा जाता है। पापसे जीव शूल लगनेके समान दुःखसे दुःखी, भारसे आक्रांत, एवं प्यासा और भूखा रहता है।' चित्तमें पुण्यफलकी अभिलाषाके साथ वे श्रावकव्रतोंको लेकर घर आ गयीं। कुछ दिनोंमें व्याधि-संतप्त और सत्त्वहीन होकर सूरसेन मर गया। पीछे अपने द्रव्यसे केवलज्ञानके धारक जिनभगवान्‌का मंदिर बनवाकर वे चारों स्त्रियाँ घरसे निकलकर सुव्रता (आर्यिका) के पास आर्यिकाएँ हो गयीं। तप साधकर और समाधिपूर्वक मरकर ये चारों निरन्तर सुखवाले ब्रह्मोत्तर स्वर्गमें विद्युन्माली देवकी प्रियाएँ बनीं ॥ १३ ॥

[१४]

यह विद्युत्वती है, यह विद्युत्प्रभा, यह आदित्यदर्शना, तथा इनमें यह जो अन्य चौथी प्रिया दिखाई देती है, वह सुदर्शना कहलाती है। इसके अनन्तर मगधपति कहने लगे—देव ! तुम्हारे चरणोंमें यह विज्ञप्ति है कि जिसके साथ यह (विद्युन्माली देव) तप लेगा, वह विद्युत्चर नामका

---

३. क °सरु। ४. ख ग करेज्जहि। ५. ख ग °हिं। ६. ख तेत्थु; ग तत्थु। ७. क क °ण्णइं; घ °ण्णइं। ८. क क वासपुज्ज°। ९. क °ण्णउं; घ °ण्णइं; क °ण्णइं। १०. स ग °इं। ११. क °उं। १२. क ख ग क तेहिं। १३. घ पुण्ण°। १४. क क पुण्णु°। १५. क ख ग क कयवय°। १६. क °त्तउं। १७. क क ववगय°। १८. ख ग हुउ।

[१४] १. क क °संदणा। २. क क °इं; घ °णइं। ३. घ विण्ण°। ४. ख ग °हिहाणु।

संपइ[5] कहिं वट्टइ मूसियजणु
भणइ जिणिंदु[6] अत्थि पुहईवरु[7]
तहिं परबलघणपलयमहामरु
पिय सिरिसेण तासु[9] विक्खाइय
परिवड्ढंतें[10] तेण कुमारें
इह विण्णाणु[11] महीयले जं जं
अणुदिणु विज्जउ परिसीलंतहो
ओसहीप्प थंभेवि थाणंयरु[12]
जग्गंतो वि राउ किउ सुत्तउ
तो पहाप्प नरवइ चिंताविउ
अह व सिविणु जइ ता कहिं रयणइँ
नियनंदणु हक्कारिवि वारिउ
काइँ[14] न पुज्जइ तुह किर रज्जें
तं निसुणेवि कुमारें वुच्चइ[17]
परधणु पुणु अणंतु जं दीसइ
निच्च निवारिओ वि मण्णइ[19] नउ

किं कज्जेण पत्तु चोरत्तणु। ५
मगहदेसि पट्टणु हत्थिणाउरु।
वसइ नराहिउ नामविसंधरु।
सुउ विज्जुचरु नाम वि याइय।
पत्तसयलवरविज्जापारें।
परियाणिउ नीसेसु वि तं तं। १०
चोरिय तहो पडिहासिय चित्तहो।
निसिहिं पइट्ठु नियतायहो घरु।
हरिउ कडउ कंठउ कडिसुत्तउ।
किं मइँ[13] सिविणउ एहु विभाविउ।
कंठयकडयपमुहआहरणइँ[15]। १५
तक्करकम्मु सुयणधिक्कारिउ।
चोरिय करहि[16] पुत्त किं कज्जें।
सावहिरज्जु ताय किम रुच्चइ।
अक्खयनिहि[18] तं महुकरें निवसइ।
पच्चेल्लिउ तायहो रूसवि[20] गउ। २०

चोर कहाँ उत्पन्न हुआ है ? सम्प्रति वह लोगोंको लूटता हुआ कहाँ विद्यमान है ? और किस कारणसे चोरपनेको प्राप्त हुआ ? तब जिनेंद्र कहने लगे—मगधदेशमें पृथ्वीमें श्रेष्ठ हस्तिनापुर नामका नगर है। वहाँ शत्रुबल रूपी बादलोंके लिए प्रलयकी आँधीके समान विश्वंधर नामका राजा रहता है। उसकी श्रीसेना नामसे विख्यात प्रिया है, उसको विद्युत्चर नामका पुत्र उत्पन्न हुआ। बड़े होते हुए उस कुमारने सकल श्रेष्ठ विद्याओंका पार पा लिया, और इस पृथ्वीतलपर जो-जो कुछ भी विज्ञान है, उस सबको उसने निःशेषरूपसे जान लिया। इस-प्रकार प्रतिदिन विद्याओंका अनुशीलन करते हुए, उसके चित्तको चोरी भा गयी। औषधिसे पहरेदारको स्तम्भित करके रात्रिमें अपने ही तातके घरमें प्रविष्ट हो गया। जागते हुए राजाको भी सुप्त (जैसा) करके उसने कंठा, कड़ा और कटिसूत्र हर लिये। तो प्रभात होनेपर राजा चिंतामें पड़ा कि क्या मैंने यह (चोरी) स्वप्नमें देखा ? अथवा यदि स्वप्न है, तो फिर रत्न और कंठा व कटक (कड़ा) प्रमुख आभरण कहाँ गये ? अपने पुत्रको बुलवाकर इस कार्यसे रोका कि यह तस्कर-कर्म सज्जनोंसे निंदित है; तुझे राज्यसे क्या नहीं पूरता ? (तो फिर) हे पूत्र ! तू किस कारणसे चोरी करता है ? यह सुनकर कुमारने कहा—तात ! यह सावधि (सीमित) राज्य मुझे कैसे रुचे ? यह जो अनन्त पर-धन दिखाई देता है, वह समस्त अक्षय-निधि मेरे हाथोंमें बसती है। इसप्रकार नित्य रोकनेपर भी वह नहीं माना, बल्कि तातसे

---

५. ख ग °इं। ६. °इं। ७. ख ग जिणेंदु। ८. क °धरु। ९. क ङ णाम; घ नाम। १०. क ङ °वड्ढंतें। ११. घ विन्नाणु। १२. प्रतियोंमें 'थाणंतरु'। १३. क ख ग मइ। १४. क घ ङ °कडय-मउड°। १५. ख ग काइ। १६. ख ग °हि। १७. क ङ °इं। १८. क ङ °णिहि। १९. क ङ °इं; घ मन्नइं। २०. क घ ङ रुसवि।

पुरे रायगिहे तरुणजणभामिणि[21] कामलय व्व कामलयकामिणि ।
ताए[22] समाणु विलासुवहुंजइ[23] मूसिवि णयरु अत्थु घरे पुंजइ ।

घत्ता—विणु णित्तिए तक्करवित्तिए णयरे तुहारए विज्जुचरु ।
विलसंतउ विज्जावंतउ वीरपुरिसु अच्छइ पवरु ॥१४॥

इय जंबूसामिचरिए सिंगारवीरे महाकइदेवयत्तसुयवीरविरइए सिवकुमारस्स विज्जुमालीदेवत्तसंभवो नाम[24] तइओ संधी समत्तो[25] ॥संधि-३॥

रूसकर चला गया। राजगृह नगरमें तरुणोंकी प्यारी, व कामकी लताके समान कामलता नामकी कामिनी है, उसके साथ विलास भोगता है और नगरको लूट-लूटकर धन उसके घरमें लाकर भर देता है। न्याय-नीतिसे रहित तस्करवृत्तिसे, वह विद्यावान्, उत्तम वीरपुरुष विद्युत्चर विलास करता हुआ तुम्हारी नगरीमें रहता है ॥१४॥

इसप्रकार महाकवि देवदत्तके पुत्र वीर-कवि-द्वारा विरचित जंबूस्वामीचरित्र नामक इस शृंगार-वीर-रसात्मक महाकाव्यमें 'शिवकुमारका विद्युन्माली देव बनना' नामक यह तृतीय संधि समाप्त ॥ संधि—३ ॥

---

२१. ख ग °भाविणि । २२. क ख ताइं; घ ताइ । २३. क भुंजइ । २४. क घ ङ तइया इमा संधी; ख ग तईउ संधी ।

संधि—४

[१]

अगुणा न मुणंति गुणं गुणिणो न सहंति परगुणे[1] दट्ठुं ।
वल्लहगुणा वि गुणिणो विरला कई वीरसारिच्छा ॥१॥
का मायरि को पिउ अक्खहि[2] कहिं[3] थिउ गोत्तु कयत्थउ तं कवणु ।
मगहाहिउ घोसइ[4] एमहि[5] होसइ[6] विज्जुमालि जहिं[7] नररयणु ।
नायनरामरेंदवंदियकमु अक्खइ वड्ढमाणु जिणपुंगमु । ५
एत्थु जि रायगेहि तउ पुरवरे देउलसिंगलग्गधाराहरे ।
इह जो दीसइ नयणाणंदणु नामें अरुहयासु वणिनंदणु ।
एयहो पियहो[8] विणयगुणधामहो[9] गब्भे हवेसइ जिणमइनामहो[10] ।
तं तित्थयरवयणु निसुणंतउ उट्ठिउ जक्खु एक्कु नच्चंतउ ।
रहसिउ जंपइ किह निव्वण्णमि[11] अप्पउ परकयत्थु हउं मण्णमि[11] । १०
जासु गोत्ति विद्धंसियभवकलि उप्पज्जेसइ पच्छिमकेवलि ।
संभवंति तं धण्णउ[12] कुलु पर[13] जहिं अरहंत-सिद्ध-केवलधर ।

घत्ता—पुच्छिज्जइ राएं सविणयवाएं जिणवरिंदु विंभियमणेण[14] ।
आणंदु पवुच्चइ[15] जक्खु पणच्चइ कहहे[16] देव किं कारणेण ॥१॥

---

[१]

गुणहीन लोग गुणको समझते नहीं हैं; और जो गुणी हैं, वे दूसरोंके गुणको देखना भी नहीं सहते । जिन्हें दूसरोंके गुण प्रिय हैं, ऐसे कवि वीरके समान गुणी लोग विरले ही होते हैं ।

तब मगधराजने पूछा—भगवान् बतलाइए उसकी कौन माता है, और कौन पिता ? वे कहाँ हैं ? तथा कौन-सा वह कृतार्थ गोत्र है जहाँ विद्युन्माली नररत्न इस कालमें जन्म लेगा ? तब नागेंद्र, नरेंद्र व अमरेंद्रों-द्वारा वंदित-चरण जिनश्रेष्ठ वर्द्धमान कहने लगे—यहीं तुम्हारे इसी राजगृह नामक उत्तम नगरमें, जहाँ देवकुलोंके शृंगोंसे मेघ टकराते हैं, यहाँ जो नेत्रोंको आनंद देनेवाला अरहदास नामका वणिक्पुत्र दिखाई देता है, इसीकी अत्यन्त विनयशील जिनमती नामकी प्रियाके गर्भमें उत्पन्न होगा । तीर्थंकरके इस वचन (कथन)को सुनकर एक यक्ष नाचता हुआ उठा, और हर्षोत्कंठित होकर कहने लगा—(अपने वंशकी) 'कैसे प्रशंसा करूँ ? मैं स्वयंको परमकृतार्थ मानता हूँ जिसके गोत्रमें भवकलि अर्थात् सांसारिक कालुष्य या कर्ममलसे रहित (अथवा कर्ममलका नाश करनेवाला) अन्तिम केवली उत्पन्न होगा । वह कुल परम धन्य है, जहाँ अरहंत, सिद्ध, व अन्य केवलज्ञानी जन्म लेते हैं ।' तब विस्मित मनसे राजाने जिनवरसे पूछा—हे देव ! कहिए, आनंदपूर्वक बोलता हुआ यह यक्ष किस कारणसे नाच रहा है ? ॥ १ ॥

---

[१] १. क परमगुणो; ङ परगुणां । २. ख ग °इ; घ °हि । ३. क ङ कहि । ४. क °इं । ५. ख ग एतहिं । ६. ख ग °इं । ७. ख ग जहि । ८. क °हिं; घ ङ °हि । ९. क ङ °थामहिं; ख ग °थामहो; घ °धामहिं । १०. क घ °हिं; ङ °हि । ११. घ °म्मि । १२. घ °म्मउं; ङ °उं । १३. क ङ परु । १४. ख ग विभय° । १५. क ख ग ङ पव° । १६. क ङ °हिं; घ °हि ।

[२]

आयहो जक्खामरहो विरुज्झइ माणुसु गोत्तु केम संबज्झइ[1] ।
भणइ[2] नाहु तउ नयरि सइत्तउ संतप्पिउ वणीसु धणइत्तउ[3] ।
पिय गोत्तवइ नासु गुणथामहो चंदहो रोहिणि व्व रइ रामहो।
नंदणु अरुहयासु संजायउ पुण्णपुंजु[4] नरवेसें आयउ ।
बीयउ सुउ जिणयासु पवुत्तउ[5] तारुण्णइ[6] दुव्वसणहिं[7] भुत्तउ ।
अणुदिणु दविणु घराउ हरेप्पिणु वेसायणु भुंजइ तं देप्पिणु ।
वज्जियडक्क[8]-हुडुक्क[9]-समाणइ[10] पियइ मज्जु विरइय[11]-आवाणइ[12] ।
कंकरसर[13]-जुवारविरसक्खरु[14] रमइ[15] जूउ मंडियवड्डप्फरु[16] ।
एक्कदिवसि[17] हारिय वरवण्णहो[18] जूए सहसबत्तीस सुवण्णहो[18] ।
टेंटमज्झि[19] दक्खवियनियारें[20] धरियउ छलयनामजूयारें[7] ।
पभणइं[21] कवणु[22] गहणु मण्णमि[23] तणु जायवि[24] निलए देमि तउ कंचणु ।
बोल्लइ छलउ तिक्खनिट्ठुरगिरु मंदिरु वच्चंतहो तोडमि सिरु ।
रे जिणदास बोल्लविप्फारहिं[25] हेंवाइउ[26] इयरहिं[27] जूयारहिं ।
एहु पइज्ज मज्झु जाणिज्जइ[28] घरु दूरयरु[29] पउ वि जइ[30] दिज्जइ[28] ।

[२]

इस यक्ष देवका मनुष्य गोत्रमें संबंध कैसे हो सकता है ? यह बात तो (सिद्धान्त) विरुद्ध पड़ती है । तब भगवान् कहने लगे—तुम्हारी इसी नगरीमें धनदत्त नामका एक धनी व संतोषी वणिक् रहता था । उस गुणवान्‌की चंद्रकी रोहिणी व रामकी रति अर्थात् सीता जैसी गोत्रवती नामकी पत्नी थी । उसे अरहदास नामक पुत्र उत्पन्न हुआ, मानो मनुष्य वेशमें पुण्यका पुंज ही आ गया हो । दूसरा पुत्र जिनदास कहलाया, जो अपनी यौवनावस्थामें दुर्व्यसनोंसे भोगा गया (वशीभूत हुआ) । वह प्रतिदिन घरसे द्रव्य अपहरण करके, उसे देकर वेश्या-जनका भोग करता, और डिंडिम व डक्का बजते हुए सजी हुई दुकानोंमें मद्य पीता, तथा जूएका एक बड़ा फलक सजाकर कंकरोंके स्वर और जुआड़ियोंकी विरस ध्वनियोंके साथ जूआ खेलता । एक दिन वह जूएमें सुवर्णकी बत्तीस सहस्र मुद्राएँ हार गया । द्यूतगृहमें छलक नामक जुआड़ीने अत्यंत अपमानित करके उसको पकड़ लिया । इसने कहा—यह क्या भारी बात है ? मैं इसे तृण बराबर समझता हूँ, घर जाकर तुझे सुवर्ण (मोहरें) दे दूँगा । तब छलकने ये निष्ठुर वचन कहे—यदि घरको चले तो सिर तोड़ दूँगा । रे जिनदास ! बड़े बोलोंसे दूसरे जुआड़ियोंने तुझे बड़ा गर्वित कर दिया है (बहुत चढ़ा दिया है); 'परंतु तुम मेरी यह पैज (प्रतिज्ञा) जान लेना कि घर तो दूर ही रहे, तू एक पैर भी आगे रख ले तो मैं अपना

[२] १. क °इं । २. प्रतियोंमें °इं । ३. क घ ङ °यत्तउ । ४. घ पुन्न° । ५. क घ ङ पउत्तउ । ६. क ङ °ण्णहिं; घ °ण्णहिं । ७. ख ग °णइ । ८. घ विज्जिय° । ९. क हुडक्कु; ख ग हुडक्क । १०. क घ ङ °णइं; ख ग °णइ । ११. क °यइं; ङ °यइ । १२. क घ ङ °णइं । १३. क ङ वक्कर°; घ कक्कर° । १४. क ङ °विरसक्खरु । १५. प्रतियोंमें °इं । १६. क °वट्टइ परु; ङ °वट्टयप्पर । १७. घ एक्कु° । १८. घ °ण्णहो । १९. क °मज्झि । २०. क घ ङ °सयारिं । २१. क घ ङ °णइं । २२. क घ ङ °ण । २३. ख ग घ मण्णवि । २४. क घ ङ जाएवि । २५. घ ङ °रहि । २६. ख हिवा°; ग हिवा°; घ देवा° । २७. ख ग °रेहिं । २८. क °ज्जइं । २९. क ङ °यरि । ३०. ख ग मइ ।

तो न वहमि[31] नियनामु सछायउ परिग व पइजिवि[32] ईसवि[33] जायउ। १५
घत्ता—इय विहिं मि[34] निरग्गलु वड्ढिउ[35] कंदलु असिदुहियइं[36] जिणदासु हउ।
पेक्खवि महिपत्तउ घोलिरअंतउ पाण लएविणु छलउ गउ ॥२॥

[२]

एत्तहिं[1] आयण्णिवि[2] तं वइयरु निउ जिणदासु अरुहयासें[3] घरु।
अंतइँ[4] धोविवि वणु सीवाविउ जेट्ठें भणिउं जूयफलु पाविउ।
निम्मलसावयकुलि[5] उप्पज्जिउ एक्कु वि वसणु बंधु नउ वज्जिउ।
वुच्चइ जिणदासें जाणंतें कुलमइलणु हउँ खद्धु कयंतें।
एवहिं[6] मरणकालि जं किज्जइ तं उवएसु किं पि महु दिज्जइ। ५
सावयवयइँ[7] लेवि जिणदासें पाण विसज्जिय पुणु सण्णासें[8]।
इह सो मरिवि जक्खु हुउ सुहमणु[9] कुंडल-कडय-मउडमंडियतणु[10]।
मह भाइहि[11] कियसुरनरवंदणु[12] चरमसरीरु हवेसइ नंदणु।
इय कज्जें नच्चइ हरिसियमइ[13] वार-वार नियगोत्तु[14] पसंसइ[15]।
विज्जुमालि सुरु[16] लच्छिपउत्तहो नंदणु अरुहयासु वणिउत्तहो। १०
जंबूसामि नाम उप्पज्जिवि तउ लेसइ घरवासु विसज्जिवि[17]।

सुख्यात (सार्थक) नाम छोड़ दूँ'। इसप्रकार पहलेसे ही पैज करके वह उसके प्रति ईर्ष्या (द्वेष) युक्त हो गया। इसप्रकार दोनोंमें निरर्गल (निर्बाध) झगड़ा बढ़ा, और जुआड़ीने जिनदासको कटारीसे आहत किया। तब जिनदासको भूमिपर पड़े हुए और आँतें निकली हुई देखकर 'छलक' अपने प्राण लेकर भाग गया ॥ २ ॥

[३]

और इधर उस दुःखद वृत्तांतको सुनकर अरहदास जिनदासको घर ले गया। आँतोंको धोकर (अन्दर करके—टि०) व्रणको सिलवा दिया। तब जेठे भाईने कहा—द्यूतका फल पा लिया। तू निर्मल श्रावककुलमें उत्पन्न हुआ, परंतु हे बंधु ! तूने एक भी व्यसन नहीं छोड़ा। बड़े भाईकी इस बातको जानकर जिनदासने कहा—कुलको मलिन करनेवाला मैं कृतान्तसे खा लिया गया। अब इस मरण-समयमें जो करना चाहिए, ऐसा ही कुछ उपदेश मुझे दीजिए। फिर जिनदासने श्रावकव्रत लेकर संन्यासपूर्वक प्राणोंका त्याग किया। वही (जिनदासका जीव) मरकर यहाँ शुभमनवाला, कुंडल, कड़े और मौड़ (मुकुट) से आभूषित शरीरवाला यक्ष हुआ है। 'मेरे भाईको सुर-नरवंद्य चरमशरीरी पुत्र होगा', इस कारणसे हर्षितमन होकर यह बार-बार अपने गोत्रकी प्रशंसा करता हुआ नाच रहा है। यह विद्युन्माली देव लक्ष्मीवान् (पउत्त ?) वणिक्पुत्र अरहदासका प्रिय पुत्र होकर, जंबूस्वामी नाम उपार्जन करके, गृहवासको छोड़कर

---

३१. क ङ हवमि; घ ल्लहमि। ३२. क पइं; ख ग °जिव; घ पइंजिव। ३३. क घ ङ ईसिवि। ३४. ख ग विहि मि। ३५. ख ग वट्टिय। ३६. घ °यइं।

[२] १. ख ग °हि। २. घ °ण्णेवि। ३. घ °दासें। ४. क ख ग °इ। ५. क घ ङ °उं। ६. क ङ णिम्मलि°। ७. क ख ग °हि। ८. ख ग °वयइ। ९. घ सन्नासि। १०. क °मइं; घ °गइ; ङ °मइ। ११. क ङ °मंडियकय; घ °मंडियच्छइ। १२. क °हिं। १३. ख ग किर°। १४. क घ ङ °मणु। १५. क घ ङ °गोत्त। १६. क घ ङ °सणु। १७. ख ग सुर। १८. क घ ङ विव°।

मोक्खथाणु निण्णासियभवजलु[19] जाएसइ उप्पायवि[20] केवलु ।
आयहो पच्छइ पुणु जिणवयधर सुअकेवलि[21] होएसहिँ मुणिवर ।
घत्ता—तेलोक्कपईवउ केवलदीवउ कम्मासयमरुदप्पिणिहि[22] ।
१५ तमनियरु भमेसइ[23] विज्झाएसइ[24] भरहखित्ति अवसप्पिणिहि[25] ॥३॥

[४]

अग्गइ जेण कमेण निरंतरु होसइ जंबूसामिकहंतरु ।
वीरजिणंदें[1] केवलिं लक्खिउ[3] तं सविसेसु नरिंदहो अक्खिउ ।
रिसहपमुहचउवीसजिणेसर[4] भरहाइय-बारहचक्केसर ।
नव बलएव तह य नव केसव भुत्ततिखंड नव जि पडिकेसव ।
५ इय तिसट्ठिमहपुरिसपुराणइँ[6] पुच्छियाइँ कहियइँ गुणथाणइँ ।
चरियसयइँ[7] अवराइँ मि जाइँ मि साहियाइँ[8] नरनाहहो ताइँ मि ।
नरयतिरियमणुयामरसंतइ[9] कारणसहिय कहिय भवचउगइ ।
अक्खिउ जीउ सुहासुहकम्महो जिह भुंजइ फलु धम्माहम्महो ।
पुणु वि कहाविरामे अहिणंदिउ[10] वीरजिणंदु[10] नरिंदें वंदिउ ।
१० जय देवाहिदेव निज्जियमय परमपुराणपुरिस-परमप्पय ।
जय अरहंत महंत निरंजण जय-जय सिद्धिवधूमणरंजण ।[11]

तप लेगा और भवजल अर्थात् सांसारिक जड़ता (मोह एवं अविद्या) का नाश कर, केवल-ज्ञान प्राप्त करके, मोक्षधामको जायेगा । इसके पश्चात् जिनवचनको धारण करनेवाले श्रुत-केवली होंगे । कर्माश्रवरूपी प्रबल पवनके दर्प अर्थात् उत्कटतासे युक्त अवसर्पिणी कालमें (अज्ञान) अंधकारपुंज भ्रमण करेगा और वह त्रैलोक्यके प्रदीपरूप केवलज्ञानियोंरूपी दीपकों-को बुझा देगा ॥ ३ ॥

[४]

आगे निरंतर जिस क्रमसे जंबूस्वामी कथानक होगा, उस सबको वीर जिनेंद्रने केवल-ज्ञानमें देखेनुसार विस्तारपूर्वक नरेंद्रको कहा । ऋषभ-प्रमुख चौबीस जिनेश्वर, भरतादिक बारह चक्रेश्वर, नौ बलदेव, नौ केशव, और तीन खंडोंको भोगनेवाले नौ प्रतिकेशव, इसप्रकार तुमने जो प्रश्न पूछे उनके उत्तररूप गुणोंके निधान त्रेसठ महापुरुषोंके पुराण कहे गये और भी जो सैकड़ों चरित्र हैं, वे सब भगवान्ने राजाको कहे । नारक, तिर्यंच, मनुष्य और देवोंकी संतति-अर्थात् क्रमपरम्परासे युक्त चार गतियाँ कारणोंसहित कहीं । जीव शुभाशुभ कर्म व धर्माधर्म-का फल जिसप्रकार भोगता है, वह कहा । पुनः कथाविराम होनेपर राजाने भगवान्का अभिनंदन किया, और वंदनाको—हे मद (मान कषाय) को जीतनेवाले परमात्मा ! परमपुराण-पुरुष, देवाधिदेव आपकी जय हो ! हे महात्मन्, निरंजन अरहंत, आपकी जय हो । हे सिद्धिवधू-

---

१९. क ख णिण्णासियं; ख °भवजल । २०. क घ ङ °इवि । २१. क घ ङ सुयं । २२. क घ ङ °णिहिं । २३. क °सइं । २४. ग विज्झा° । २५. क घ ङ °णिहिं ।

[४] क घ ङ °जिणिंदें । २. क ख ङ केत्तल । ३. क °उं । ४. क ङ °जिणेसुर । ५. ख ग व । ६. क °पुरिसु° । ७. क घ ङ °याइ । ८. क ख ग घ °संतइं । ९. क ङ आणंदिउ । १०. क ङ °जिणिंदु; घ °जिणेंदु । ११. क घ ङ सिद्धिवहू° ।

घत्ता—जय निम्मलसासण जय जयसासण जयहि जिणेसर परमपर ।
दुत्तरभवतारउ देव तुहारउ चलणजुवलु[12] महु होउ धर ॥४॥

[५]

नमंसेवि[1] वीरं महामेरुधीरं[2] तिलोयग्गथक्कं ।
विलीणासुहाणं जणंभोरुहाणं पबोहिक्कअक्कं ।
सहाभासिरीए थिराए सिरीए समुद्दित्तदेहं ।
पइट्ठो[3] नरिंदो समामंतविंदो पुरं रायगेहं ।
जिणुद्दिट्ठधम्मं[4] सरंतो सुकम्मं सकंतो ससेणो[5] । ५
मयालोयणीणं घणोच्चत्थणीणं[6] मणत्थोहथेणो ।
हयाणेट्ठसंघो पराणं दुलंघो फुरंतप्पयावो ।
पवज्जंतढक्को भडामुक्कहक्को समुट्ठंतरावो ।
रमालीढवच्छो निवायारदच्छो पयापालणिट्ठो ।
सुमाणिक्कफारं महासीहदारं[7] सगेहं पइट्ठो । १०
समग्गो[8] सइत्तो जिणंदस्स[9] भत्तो सदाणो सभोओ ।

के मनको रंजित करनेवाले, आपकी जय हो ! जय हो ! हे निर्मल-शासन (पवित्र धर्मोपदेश देनेवाले) तथा प्राणियोंको (सद्गतिरूपी) आश्वासन देनेवाले देव ! आपकी जय हो ! हे जिनेश्वर ! हे परम+पर—परमात्मा आपकी जय हो ! और हे देव ! दुस्तर भवसागरसे पार उतारनेवाले आपके चरणयुगल मेरे धारक अर्थात् अभ्युद्धारक हों ॥ ४ ॥

[५]

त्रिलोकके अग्रभागपर विराजमान, महामेरुके समान धीर, जिनके अशुभकर्म क्षीण हो गये हैं, ऐसे भव्यजनोंरूपी कमलोंको प्रबुद्ध करनेके लिए एकमात्र सूर्य, ऐसे वीर भगवान्‌को नमस्कार करके सभाको भास्वर करनेवाली स्थिर शोभासे देदीप्यमान देहवाला नरेंद्र जिनोपदिष्ट धर्म व सुकर्मका अनुस्मरण करता हुआ, सामंतवृंद तथा अपनी रानी एवं सेना सहित राजगृह नगरमें प्रविष्ट हुआ । वह मृगलोचना तथा घने व ऊँचे स्तनोंवाली प्रमदाओंके मनसमूहरूपी धनको चुरानेवाला था । दूसरोंके लिए दुर्लंघ्य ऐसे अनिष्टसंघ अर्थात् शत्रुसंघको उसने नष्ट कर दिया था, एवं उसका प्रताप निरन्तर स्फुरायमान अर्थात् वृद्धिगत हो रहा था । ढक्काके बजने व भटोंकी छोड़ी हुई हांकोंसे बड़ा कोलाहल हो रहा था । उसका वक्षस्थल राज्यलक्ष्मीसे आलिंगित था, और नृपाचार अर्थात् राजनीतिमें वह पूर्ण दक्ष था । इसप्रकार प्रजापालनप्रिय वह राजा सुंदर माणिक्योंसे जगमगाते हुए महा सिंहद्वारसे अपने घरमें प्रविष्ट हुआ । स्वमार्ग अर्थात् स्वधर्ममें सावधान, जिनेंद्रके भक्त दानशील व भोग (-साधनों) से युक्त पुरवासी लोग

---

१२. क घ ङ °जुयलु ।

[५] १. क णमंसेमि । २. घ °वीरं । ३. क मुहा° । ४. ख ग घ पयट्टो । ५. क जणु° । ६. क ङ ससिण्णो । ७. क ङ घणुव्वच्छणीणं । ८. घ ङ °वारं° । ९. क ख घ ङ समग्गो । १०. क घ ङ जिणिंद° ।

निएसुं घरेसुं ठिओ[11] सुंदरेसुं पुरावासिलोओ[12] ।
तओ सत्तरत्ते[13] कमेणं पवत्ते[14] सुहापंडुधामे[15] ।
विरायंतचित्ते[16] सदित्ते पवित्ते वरे वासधामे[17] ।
चउत्थम्मिजामे तमीसेसरामे सिए णं मयंके ।
पडावेढछण्णे[18] सुअंधे[19] सुवण्णे सुहे तूलियंके[20] ।
घत्ता—सिविणउ[21] निज्झाइउ[22] मंगलराइउ[23] पल्लंकोवरि सुत्तियए[24] ।
लायण्णुद्दामए[25] जिणमइनामए[26] अरुहयासकुलउत्तियए[27] ॥५॥

[६]

दीसइ जंबूफलनिउरुंबं गंधायड्ढियभमरकुडंबं[1] ।
धगधगंतजोइयसव्वासं[2] निद्धूमं जलंतसव्वासं ।
सहलसालिछेत्तं सुहगंधं महमहंतमरु-पूरियरंधं[3] ।
कूइयचक्कमरालबलायं[4] पप्फुल्लियसयवत्ततलायं[5] ।
मयरमच्छकच्छवपायारं रयणाउण्णं[6] पारावारं ।
नियभत्तारहो जं जिह दिट्ठं पडिबुद्धए पहाए तं मिट्ठं ।
तं सोऊणाणंदियभाओ[7] सेट्ठि सभज्जो सयणसहाओ[8] ।
गयउ तुरंतउ[9] दुक्कियनासं[10] जिणवरमंदिरि महरिसिपासं[11] ।

अपने-अपने सुंदर घरोंमें स्थित हो गये । तदनन्तर क्रमशः सातवीं रात्रि आनेपर चूनेसे पुते हुए, चित्रोंसे सजे हुए व दीप्तिमान और पवित्र श्रेष्ठ निवासगृहमें रात्रिके अवसानमात्र शेष चौथे प्रहरके रमणीय समयमें, मृगांकके समान धवल, सुंदर चादरसे ढके हुए, सुगंधित व उत्तम रुई-के गद्देपर पलंगके ऊपर सोती हुई, उद्दाम लावण्यवती जिनमती नामकी अरहदासकी कुलपुत्री (कुलवधू) ने ये मांगलीक स्वप्न देखे ॥५॥

[६]

उसने अपनी गंधसे भ्रमरकुलको आकर्षित करनेवाले जंबूफलोंका गुच्छा देखा । धग-धग करके जलते हुए समस्त दिशाओंको प्रकाशित करनेवाले निर्धूम-अग्निको देखा । फूले हुए शालिक्षेत्रको देखा, जिसकी शुभगंधसेयुक्त पवन समस्त रंध्रोंको पूरता हुआ सर्वत्र प्रसृत हो रहा था । चक्रवाक, हंस, और बलाकाओंके कूजनसे युक्त फूले हुए कमलसरोवरको देखा, तथा मगरमच्छ और कच्छपोंके संचारसे युक्त एवं रत्नोंसे पूर्ण उदधिको देखा । उसने जो जैसा देखा था, वैसा प्रभातमें जागने पर अपने भर्त्तारको कहा । उसको सुनकर प्रसन्नचित्त होकर श्रेष्ठी तुरन्त अपनी पत्नी तथा स्वजनोंके साथ जिनमंदिरमें पापोंका नाश करनेवाले महर्षिके

११. घ ठिउं । १२. क ङ पुर° । १३. क घ ङ °रत्तो । १४. क घ ङ °त्तो । १५. क घ ङ °धामो । १६. क ङ विराणंत°; क °चित्तो । १७. क ङ °थामे । १८. क घ ङ पडावेढि°; घ °छन्ने । १९ क घ ङ सुअंधे । २०. क ङ त्तलि°; ख ग सुहि त्तूलि° । २१. घ °णउं । २२. क ख ग ङ °यउ । २३. क ङ °रायउ । २४. ख ग °यइ । २५. क घ ङ °द्दामइं । २६. क घ ङ °वइणामइं । २७. क घ °गइं; ङ °यइ ।

[६] १. घ °कुडुंबं । २. क ङ °जोइल° । ३. घ °गंधं । ४. ख ग °लाएं । ५. घ °उन्नं । ६. क घ ङ °भावो । ७. क घ ङ सहावो । ८. क घ ङ तुरंतो । ९. क ङ °णासें; ख ग °नासें । १०. क ख ग ङ °पासें ।

पणवेप्पिणु भत्तिए नउर-हियं सुइणालोयं[11] सव्वं कहियं ।
भयवंतो[12] साहइ परमत्थं अरुहयास निसुणहि[13] सविणत्थ । १०
जंबुफलालोए गुणजुत्तो रइवइरूवो[14] होसइ पुत्तो ।
दिट्ठें[15] जलणें[16] जालइ कम्मं सालीछेत्तें[17] लच्छीहम्मं ।
सरवरदंसणे रयणाहारो उवहिइ भवसमुद्दगयपारो ।
घत्ता—तव[18] होसइ नंदणु नयणाणंदणु सोलहवरिसपमाणु पुणु ।
घरवासु चएसइ दिक्ख लएसइ चरममरीरु महंतगुणु[20] ॥६॥ १५

[७]

तं निसुणेवि हरिसिउ वणियवरु मुणि नविवि सपरियणु गयउ घरु ।
तहिं काले देउ[1] तडिमालि चुओ गब्भब्भंतरे जिणमइहे[2] हुओ ।
गुरुहारइँ[3] अंगइँ[4] लालसइं बहुदिवसहिं[5] जायइँ[6] सालसइं ।
आपंडुरु मुहुँ निज्जिणइ[7] सम्मि सियथण हुय णं मुहे दिण्णमसि ।
णं[8] मरगयकलसहिं[9] सेहरिया रुप्पमयकुंभ[10] लच्छिए धरिया[11] । ५
णं विण्णि चडिण्ण मऊरवरा मयरद्धयधवलगेहसिहरा ।
अहवइ हंसु[12] व सोहंति सुहा चंचुक्खयपंकिलकंदमुहा[13] ।

पास गया । भक्तिपूर्ण नम्रहृदयसे प्रणाम करके सारे स्वप्नदर्शनको बतलाया । वे भगवन् स्वप्नोंका परमार्थ इसप्रकार कहने लगे—अरहदास ! स्वप्नोंका अर्थ सुनो । जंबूफलोंके देखनेसे तुम्हें गुणवान् व कामदेवके समान रूपवाला पुत्र होगा । अग्नि देखनेसे वह कर्मोंको जलायेगा और शालिक्षेत्र देखनेसे (केवलज्ञानरूपी) श्रेष्ठ लक्ष्मीका धाम होगा । सरोवर देखनेसे वह (सम्यग्दर्शन, ज्ञान, चारित्ररूप) रत्नोंका धारक होगा, और उदधि देखनेसे भवसमुद्रसे पार होगा । तुझे नेत्रोंको आनंद देनेवाला पुत्र होगा, जो गृहवास छोड़कर दीक्षा लेगा, व महान् गुणोंका धारक चरमशरीरी होगा ॥६॥

[७]

उस स्वप्नफलको सुनकर वणिक्वर हर्षित हुआ और मुनिको नमस्कार करके परिजनोंके साथ घर गया । उसी समय विद्युन्माली देव स्वर्गसे च्युत होकर जिनमतीके गर्भमें आया । उसके गुरुभारसे जिनमतीके कोमल अंग कुछ ही दिनोंमें आलस्ययुक्त हो गये । उसका पांडुरवर्ण मुख चंद्रको जीतने लगा, और श्वेत स्तनमुख ऐसे काले हो गये मानो उनके मुँहपर स्याही लगा दी गयी हो अथवा मानो लक्ष्मीने मरकतमणि कलशोंको सबसे ऊपर शिखररूपसे रखकर रजतमय कुंभ धारण किये हों, अथवा मानो मकरध्वजके प्रासादशिखरपर दो मयूर चढ़े हों, अथवा वे ऐसे श्वेत हंसोंके समान शोभित हो रहे थे, जिनके मुखमें चंचुसे खंडित

११. ख ग सुयणा । १२. क °वंता । १३. घ °णहिं । १४. क ङ सुयं; घ सुहं । १५. क ङ रइवरं । १६. घ दिट्ठं । १७. घ °णं । १८. क घ ङ मालिछित्ति वर । १९. क घ ङ तउ । २०. क ङ महंतुं ।

[७] १. क ङ देव । २. ख ग °वइहे; घ °वइहिं । ३. ख ग घ ङ °रइ । ४. ख ग °इ । ५. क °सहिं । ६. क घ ङ आवं° । ७. क घ ङ °णइं । ८. ग तं । ९. °कलियहिं । १०. ख ग रुप्पयमय° । ११. क ङ धरिया । ११. क घ ङ हंस । १३. ख ग °कंदमुहा ।

गब्भेण विराइय[14] गब्भवइ दाणेण व रिद्धि विसुद्धमइ ।
णं नवपयपुण्णपओहरिया आसन्नजेट्ठ[15]-गाउससिरिया ।
पंचमिहे[16] वसंते[17] पक्खे धवले रोहिणिठिए मयलंछणे विमले ।
पच्चूसे पसूय सलक्खणउ[18] कुलमंगलु जयवल्लहु तणउ[19] ।
घत्ता—वद्धावणतूरहिं दसदिसपूरहिं[20] काइँ नयरि तहिं[21] वण्णियइ[22] ।
गायंत-पढंतहिं जणहिं नडंतहिं कण्णपडिउ[23] नायण्णियइ[24] ॥७॥

[८]

अलंकियनिसंतेण तरुणारुणदित्ततेएण बालेण पसरेण वा तेण
सूयाहरे दिण्णदीवोहदित्तीनिहित्ता सुदूरे किया निप्पहा ।
विद्धिवद्धावणावंतलोएहिं वज्जंतपडुपडहखरतरडसरमंदबहुमद्दलुद्दाम[2]कलवेणुवीणाझुणी
सालकंसालतालानुसारेण आणंददरमत्तघुम्मंततरलच्छिनच्चंत[3]—
तरुणीमहाथट्टसंघट्टतुट्टंतआहरणमणिमंडिया चउप्पहा ।

कीचड़युक्त कमल-कंद—कमलांकुर हों । वह विशुद्धमति गर्भवती उस गर्भसे इसप्रकार शोभित हुई जैसे दानसे समृद्धि । पासमें स्थित ज्येष्ठाओं अर्थात् (प्रसवकर्ममें कुशल) वृद्ध परिचारिकाओं, व नये दुग्धसे युक्त पयोधरोंसे वह ऐसी लगती थी, मानो ज्येष्ठा (नक्षत्र) के पासवाली, नये जलसे परिपूर्ण पयोधरोंसे युक्त पावस-श्री ही हो । वसंतमासमें शुक्लपक्षकी पंचमीको निर्मल-चंद्रमाके रोहिणी नक्षत्रमें स्थित होने पर उसने प्रत्यूषकालमें रोहिणी नक्षत्रमें शुभलक्षणोंसे युक्त, व कुलके लिए कल्याणकारी और जगवल्लभ अर्थात् सर्वलोकप्रिय पुत्रको जन्म दिया । उस नगरीका क्या वर्णन किया जाये जहाँ कि दशों दिशाओंको पूरनेवाले बधाईके तूरों और मंगलगान गाते व पढ़ते तथा नृत्य करते हुए लोगोंके कारण कान पड़ा कुछ सुनाई नहीं देता था ॥७॥

[८]

तरुण, अरुण व दीप्त तेजवाले बालरविने अपने तेजके प्रसारसे निशांत अर्थात् उषःकालको अलंकृत किया; अथवा मानो उस शिशुने ही अपने अति आरक्तवर्ण व दीप्तिमान तेजके प्रसारसे निशांत अर्थात् राजगृह (टि०) को अलंकृत किया, तथा प्रसूति-गृहमें जलाये हुए दीपकसमूहसे उत्पन्न दीप्तिको अपनी देहकांतिसे निष्प्रभ करके दूर कर दिया । सुख, समृद्धि एवं अभ्युदयकी बधाई देनेवाले लोगोंके द्वारा बजाये जानेवाले पटुपटह, तीखे तरड, मंदस्वरवाले बहुतसे मर्दल, और उद्दाम व मधुर वेणु तथा वीणाकी ध्वनि एवं साल व कंसालकी तालके अनुसार आनंदसे ईषन्मत्त हुई, घूमती हुई व नाचती हुई चंचलाक्षी तरुणियोंके महासमूहोंके

१४. क °यइ । १५. क ख ग ङ आसण्ण° । १६. क ङ पंचमि; घ पंचमिहि । १७. क ङ दिवसंत; ख ग घ वसंत । १८. क घ ङ °णउं । १९. घ ङ °उं । २०. क घ ङ दसदिसि° । २१. ख ग तहि । २२. घ वन्नियइं । २३. क ङ °वडिउ; घ कन्न° । २४. घ नायन्नियइं° ।

[८] १. घ दित्त । २. ख ग °मरमंदलुद्दाम° । ३. ख ग °नच्चन्ति° ।

छड्डियपडिपट्ट-पट्टोल-पंडीपहावंतनेत्तेहिं[4] संछइयमंडववियाणेसु
लंबंतमुत्ताहलादाम-झुल्लंतमाणिक्कझुंबुक्कसक्काउहायार-
पसरंतकिरणावलीजालचित्तलियघरपंगणं ।
सेट्ठिणा कणय-धणरयणवरवत्थविट्ठीए[5] सम्माणिए सयललोयम्मि
छट्ठे दिणे[6] राइजायरणपमुहुच्छवे सुरवराणं पि चित्ते चमक्कारिणी १०
का वि अवइण्ण[7] अण्णासिरी एव[8] नयरंतरं तत्थ जायं जणाणंदवद्धावणं ।

अवि य—अकत्तिए निरंतरंतरं हुयं निरब्भमंबरंवरं ।
अपाउसे असारयं रयं धरायले[9] व्व निक्खयं[10] खयं ।
अयालरुक्खसंतई तई पहुल्लिया वणासई सई ।
सुवण्णविट्ठीभासुरासुरा मुअंति[11] तत्थ सासुरा सुरा । १५

घत्ता—कल्लाणपरंपरे इसमए[12] वासरे सवणसुहावणु हियय पिउ ।
जंबुहलनिवेसें सिविणुद्देसें[13] नामें जंबूसामि किउ[14] ॥८॥

[९]

दिणे दिणे देहरिद्धि परिवड्ढइ[1] बीयाइंदु व बालु विवड्ढइ[2] ।

परस्पर संघट्टनसे टूटते हुए आभरणोंके मणियोंसे चतुष्पथ मंडित हो गये । लटकाये हुए प्रतिपट्ट व पटोल, पांड्य देश निर्मित नेत्र नामक वस्त्रोंसे छाये हुए मंडपवितानोंमें लटकती हुई मुक्ता-फलोंकी मालाएँ व झूलते हुए माणिक्यके झूमकोंसे फैलते हुए इंद्रायुधके समान पंचवर्ण किरण जालसे घर-प्रांगण चित्रित जैसे हो गये । श्रेष्ठीके द्वारा धान्य, धन, रत्न व उत्तम वस्त्रोंकी वर्षा अर्थात् अपरिमाण भेंट द्वारा सब लोगोंका सन्मान किये जानेपर छठे दिन रात्रि-जागरण प्रमुख उत्सवके समय देवताओंके चित्तको भी चमत्कृत करनेवाली कोई अपूर्व ही शोभा उस नगरमें अवतीर्ण हुई, और इस प्रकार लोगोंका आनंद बढ़ा ।

और भी- कार्तिक नहीं होनेपर भी आकाश निरतिशयरूपसे अभ्रमुक्त हो गया; तथा वर्षाकाल नहीं होनेपर भी असार (क्षुद्र) रज मानो धरातलमें पूर्ण उपशमको प्राप्त हो गया । उससमय काल (ऋतु) नहीं होनेपर भी न केवल वृक्षसंतति, बल्कि समस्त वनस्पति स्वयं प्रकर्षतासे प्रफुल्लित हो उठी, और असुरकुमारों सहित देवोंने वहाँ सुराके समान भास्वर सुवर्णकी वृष्टि की । इसप्रकार निरंतर मंगल मनाते हुए दसवें दिन स्वप्नमें जंबूफलोंके दर्शन और उसके फलके कथनानुसार श्रवणसुखद व हृदयको प्यारा जंबूस्वामी नाम रखा गया ॥८॥

[९]

प्रतिदिन बढ़ती हुई देह-ऋद्धि अर्थात् दैहिकसौंदर्यके साथ बालक द्वितीयाके चंद्रमाके

४. क ङ संछवियं । ५. क घ ङ °विट्ठीए । ६. ख ग राय° । ७. घ °इन्न । ८. घ ङ एम । ९. घ धरणेक्क । १०. क ङ ति° । ११. ख ग मुयंति । १२. क घ ङ °मइं । १३. ख ग घ °द्देसि । १४. ख ग किउउ ।

[९] १. क घ ङ °यड्ढइ । २. ख ग पव° ।

जंतु जंतु महणइवित्थारु[3] व सूयमाणपिंगलपत्थारु व ।
विवरियंतु[4] विउसहिं वायरणु व बारहविहतवेण मुणिचरणु व ।
अट्ठवरिसकप्पेण कुमारें पुण्णावज्जियविज्जापारें ।
गुरुपाढणनिमित्तमंतत्थइँ[5] जाणियाइँ[6] पढियाइँ व[7] सत्थइँ[8] ।
संपाइयतिग्गफल रसियउ[9] नीसेसाउ कलउ अब्भसियउ ।
जिह जिह तरुणभावे संलग्गइ[10] रूवभिक्ख[11] तिह रइवइ मग्गइ[12] ।
हउँ[13] भूसिउ किर एण कुमारें अप्पउ सलहिज्जइ सिंगारें ।
बहुकालेण थिराइ सइत्तिए[14] तिहुअणभमि[15] गमु सज्जिउ कित्तिए ।
नरसंकमणपरंपरचवलइ[16] किउ वीसामथामु[17] थिरु कमलइ[18] ।

घत्ता—सहुँ रायकुमारहिं[19] पेसणयारहिं[20] परिमिउ[21] रायलीलधरइ[22] ।
उवहुंजियभोयहिं परमविणोयहिं णाणाविह-कीलउ करइ ।

[१०]

चच्चरु तं न तं न[1] घरु[2] राउलु तं न[3] हट्टु उज्जाणु न देउलु ।
जेत्थु न जंबुसामि वण्णिज्जइ गिज्जइ नच्चिज्जइ न पढिज्जइ[4] ।

समान इसतरह बढ़ने लगा, जैसे जाते-जाते महानदीका विस्तार, दिन-दिन फूलता हुआ चक्रवर्त्तीका कोश, अथवा सुनते-सुनते पिंगल-ग्रंथका विस्तार, विद्वानोंके द्वारा व्याख्या किया जाता हुआ व्याकरण, और बारहविध तपसे मुनिका चारित्र बढ़ता है आठ वर्ष आयु होनेपर कुमारने सकल विद्याओंका पार पा लिया । गुरुके पढ़ानेके निमित्तसे उसने मंत्रार्थों अर्थात् सूत्रोंके मंतव्योंको और शास्त्रोंको पहलेसे ही पढ़े हुएके समान जान लिया । त्रिवर्गफल अर्थात् धर्म, अर्थ व कामका संपादन करनेवाली और (चित्तमें) रस अर्थात् आनंद उत्पन्न करनेवाली निःशेष कलाओंका अभ्यास कर लिया । जैसे-जैसे वह तरुणावस्थामें प्रवेश करने लगा, वैसे-वैसे रतिपति (कामदेव) उससे रूपभिक्षा मांगने लगा— इस कुमारसे सचमुच मैं भूषित हो गया, क्योंकि शृंगारसे ही अपनी सराहना होती है । बहुत कालसे स्थिर सोयी हुई उस कामदेवकी कीर्तिने त्रिभुवनमें भ्रमणके लिए गमनकी तैयारी की । परंपरासे ही एकसे दूसरे मनुष्यमें संक्रमण करनेके चंचल स्वभाववाली कमला (लक्ष्मी) ने जंबूस्वामीरूपी कमलमें स्थायी विश्राम-स्थान बना लिया । आज्ञाकारी राजकुमारोंसे घिरा हुआ वह जंबूकुमार राजलीलाको धारण करता हुआ व भोगोंको भोगता हुआ, परम विनोदपूर्वक नाना प्रकारकी क्रीड़ाएँ करने लगा ॥ ९ ॥

[१०]

ऐसा कोई चौक नहीं था, न घर और न राजकुल, न हाट, उद्यान और न देवकुल जहाँ जंबूस्वामीका वर्णन नहीं किया जाता, तथा उसका नाम ले-लेकर गाया, नाचा व

३. क महणइं° । ४. क ङ विउरि° । ५. ङ °सुसमत्थइं । ६. क °याइ; ङ जाणिया य । ७. क ङ पठिया इव; घ पढिया इव । ८. क ङ °इ । ९. क ङ रमि° । १०. क °गगइं । ११. क रूप° । १२. घ °इं । १३. ख ग हउ । १४. ख ग सए° । १५. क घ ङ तिहुयणु° । १६. क ङ °चवलइं; ख ग °चवलइ । १७. क ङ वीसमणं; ख ग वीसामु थाम । १८. क ङ °लइं । १९. घ °रिहिं । २०. ख ग °यारिहिं । २१. ख ग परमिउ । २२. क °इं ।

[१०] १. क ख ग ङ त ण्ण । २. ख ग घर । ३. घ वन्नि° । ४. क ङ पठि° ।

धवलजसेण भुअणु[5] धवलीकिउ णं छणससिजोण्हारसलिंपिउ[6]।
कवणु हत्थि जो अत्थि न सुरकरि[7] सा सरि कवण[8] न हुय जा सुरसरि[9]।
सो मणि कवणु जो न मुत्ताहलु सो न गिरिंदु जो न तुहिणाथलु। ५
सो कहिं[10] पक्खि हंसु हुउ जो नहि[11] कवणु समुद्दु जो न[12] खीरोवहि।
जो न वि सेसु कवणु सो विसहरु पायउ कवणु[13] न लुद्ध-महातरु।
दंसणे खुहिउ[14] नयरनारीयणु मयरद्धयसरपहर-[15] सवेयणु।

घत्ता—क वि विरहें कंपइ सुण्णउ[16] जंपइ[17] नियउ कुमारें हियय[18]धणु
मइँ दुक्खसहावइ[19] विंभउ भावइ[20] बीयउ अत्थि किं कहि मि मणु ॥१०॥ १०

[११]

काहि वि विरहाणलु[1] संपलित्तु अंसुजलोहलिउ[2] कवोले[3] खित्तु।
पल्लट्टइ हत्थु करंतु सुण्णु[4] दंतिमु चूडुल्लउ चुण्णु[5] चुण्णु।
काहि[6] वि हरियंदणरसु रमेइ लग्गंतु अंगे छमछमछमेइ[7]।

(स्तुतिपाठ) पढ़ा नहीं जाता। उसके धवल यशने भुवनको इसप्रकार धवलीकृत कर दिया, मानो पूर्णचंद्रमाके ज्योत्स्नारूपी रससे लीप दिया गया हो। ऐसा कौनसा हाथी था जो (उसके धवलयशसे अभिभूत होकर) ऐरावत न हो गया हो, ऐसी कौन-सी नदी थी जो सुरसरि गंगा न हो गयी हो; ऐसा कौनसा मणि था जो मुक्ताफल न हो गया हो। और ऐसा कोई पर्वत न था जो तुहिनाचल अर्थात् हिमालय न हो गया हो; ऐसा कोई पक्षी कहाँ था जो हंस न हो गया हो, और ऐसा कौनसा समुद्र था जो क्षीरोदधि न बन गया हो; जो शेष (नाग) न बन गया हो, ऐसा विषधर कौन रह गया था; और ऐसा पादप कौनसा था जो लोध्रका महावृक्ष नहीं बन गया था। उसके दर्शनसे नगरकी नारियाँ मकरध्वजके शरप्रहारकी वेदनासे क्षुब्ध हो उठीं। कोई विरहसे कांपने लगी, व शून्य भावसे आलाप करने लगी कि मेरा हृदयरूपी धन तो इस कुमारके-द्वारा ले लिया गया, फिर भी जो मुझे दुःखका सहन (वेदन) कराता है, उससे मुझे विस्मय होता है, कि कहीं कोई दूसरा भी मन (हृदय) है क्या (जो इस कुमारके साथ नहीं गया) ? ॥१०॥

[११]

किसी कामिनीका विरहानल प्रदीप्त हो उठा, और वह अश्रुजलके पूरके द्वारा कपोलों पर बिखर गया। कोई शून्य बनाती हुई हाथको घुमाने लगी जिससे उसका दाँतका बना चूड़ा चूर-चूर हो गया अथवा कोई इस तरहसे हाथ घुमाने लगी जिससे उसका हाथीदांतका बना चूड़ा हाथको शून्य करके (अर्थात् हाथसे गिरकर) चूर-चूर हो गया। किसीने लालचंदनका

---

५. क घ ङ भुवणु। ६. घ °जोन्हारस°; ख ग °जोण्हारमि°। ७. क घ ङ कवणु ण (घ न) अत्थि हत्थि°; ख ग कवणु ण हत्थि अत्थि°। ८. ख ग °णु। ९. ख ग °सरे। १०. ख ग कहि। ११. क ङ णहिं; ख ग नहिं। १२. घ ज ञ। १३. क जोद्धु; घ न गोहं; ङ न जोद्दुं। १४. क घ ङ दंसण°। १५. क घ ङ °पहर। १६. घ सुन्नउ; ङ °उं। १७. ख ग °इं। १८. ख ग हियउ° १९. क ङ °वइं। २०. ख ग °इं।

[११] १. घ °नलु। २. ख ग में 'लिउ' नहीं। ३. क घ ङ °ल। ४. घ °नु। ५. घ काहिं। ६. ङ °छमेइं।

रत्तंदणेण क वि सुसइ सित्त नं कामभल्लि-लोहियविलित्त ।
क वि कंजपुंजु पयरइ[७] सलील दरिसावइ कामकरेणु[८] कील ।
हियउल्लउ विरहें[९] खयहो[१०] जंतु नीसासुल्लिवणु[११] जइ न हुंतु ।
थुइमुहरवंदिसंदोहसारु[१२] रच्छाए[१३] जंतु जाणेवि कुमारु ।
बाहुलयनिवेसियकंचुयाए[१३] कंठालु न[१४] पारिय देवि ताए ।
उत्तालियाए[१३] गलि न किउ हारु अद्धंजिउ एक्कु जि नयणु फारु ।
एक्कु जि वलउल्लउ करि करंति विलुलियकवरीभरथरहरंति[१५] ।
असमत्तमंडणुम्मायभग्ग फलिहुल्लयतोरणखंभे लग्ग ।
पयडियथण अहरु डसंतिबाल मयजलभरंत जंघंतराल ।
बोल्लइ कुमारु थिरु थाहि ताम तव[१६] रूवें लिहमि अणंगु जाम ।

घत्ता—कुलसीलसउण्णउ[१७] सियलावण्णउ[१८] कुंदधवलु जसु नहे चडइ[१९] ।
केवलि-तित्थयरहो नरहो न अवरहो सावण्णहो[२०] जणे संचडइ[२१] ॥११॥

[१२]

अह तेत्थु जि जिणपयकमलभत्तु पुरि निवसइ सेट्ठि समुद्दत्तु ।

लेप लगाया जो उसके शरीरमें लगते ही (विरहतापके कारण) छमछम करके चटक गया । कोई रक्तचंदनसे सींची जानेपर भी सूखने लगी, और ऐसी लगी मानो कामदेवकी लोहूसे लिप्त बरछी ही हो । कोई लीलापूर्वक कमलपुंजको बिखेरने लगी, और इसप्रकार कामोन्मत्त हस्तिनीके समान क्रीड़ा दिखलाने लगी । बेचारा क्षुद्र हृदय तो विरहसे क्षय ही हो जाता यदि विरहानलके तापको बाहर निकालनेके लिए निःश्वास रूपी रहट-यंत्र न होता । स्तुतिमुखर बंदीसमूहसे उस श्रेष्ठकुमारको रास्तेमें जाते हुए जानकर कोई जो कंचुकको बाहुओंमें पहन चुकी थी, वह उसे कंठमें नहीं पहन पायी । कोई उतावलेपनके कारण गलेमें हार नहीं डाल सकी और अपने एक विशाल नेत्रको भी अधूरा ही अंजन लगा पायी । एक वलयको हाथोंमें पहनती हुई, केशपाशको लहराती हुई, तथा (कमोत्तेजनासे) कांपती हुई, मंडनकर्मको पूर्ण किये बिना ही कामोन्मादसे पीड़ित होकर स्फटिकमय तोरणस्तम्भसे जा लगी । कोई बाला जिसके स्तन प्रकट हो रहे थे और जिसकी जंघाओंका अन्तराल मदजल (रजस्राव) से भर रहा था, वह कुमारको कहने लगी—ज़रा तबतक ठहर जा, जबतक मैं तेरे रूपकी अनुकृतिसे अनंगको लिख लूं (चित्रित कर लूं) । उस कुलशीलसे संपूर्ण कुमारकी सौंदर्यलक्ष्मीका कुंदपुष्पके समान धवलयश आकाशमें चढ़ गया । केवली या तीर्थंकरके अतिरिक्त लोगोंमें अन्य किसी सामान्य व्यक्तिको ऐसा सौंदर्य प्राप्त नहीं होता ॥११॥

[१२]

उसी नगरीमें जिनभगवान्‌के चरणकमलोंका भक्त समुद्रदत्त नामका श्रेष्ठी रहता था ।

---

७. क घ ङ विय° । ८. ख ग °करेण । ९. प्रतियों में 'विरहिं' । १०. क ङ विउउ । ११. क ङ °ल्लिव्वणु । १२. ख ग थुइमहुर° । १३. क घ ङ °इं । १४. प्रतियों में 'ण' । १५. क ङ विउलियकवरीभय° । १६. ख ग घ तउ । १७. क घ ङ °ण्णउं । १८. क °इं । १९. घ °ग्गहो । २०. क ङ संचडइ; ख ग सावडइ ।

पिययम पउमावइ पउमवण्ण[1] पउमसिरिनाम[2] तहो पवरकण्ण ।
बीयउ कुवेरदत्ताहिहाणु मालंतकणय-कंतासमाणु ।
उप्पण्ण[3] तासु कणयसिरि दुहिय वियसियसयवत्त-ससंकमुहिय ।
वइसवणु[4] तइउ वइसवणजुत्ति[5] पिय विणयमाल विणयसिरिपुत्ति । ५
धणयत्तु[6] चउत्थउ कुवलअच्छि[7] विणयमइ-भज्ज सुय-रूवलच्छि ।
एयाउ चयारि कुमारियाउ भल्लिउ मयणेण व फेरियाउ ।
गब्भे वि ठियउ पडिवण्णियाउ[8] पियरेहिँ कुमारहो दिण्णियाउ[9] ।
पइ होसइ जाणिवि भुअणसारु नीसेससत्थसंपत्तपारु ।
इय कज्जें[10] कोउहलेण[11] ताउ नाणाविह-विज्जउ सिक्खियाउ । १०
भासातय-लक्खणु-लक्खु मुणिउ[12] दंसण-नएहिं सहुँ तक्कु सुणिउ[13] ।
छंदालंकार-निघंटसत्थु धम्मत्थ-कामकारणु पसत्थु ।
गाएव्वउ नच्चेव्वउ सचित्तु वीणाइवज्जु[14] जाणिउ[15] विचित्तु ।
अवराइँ[16] मि मुणियइँ जाइँ जाइँ को लक्खेवि सक्कइ ताइँ[17] ताइँ ।
घत्ता—तियरयणचउक्कउ घडिवि विमुक्कउ अंगरक्खु धणु-वाणकरु[18] १५
रइवइ तहो जडियउ दइवें घडियउ[19] विद्धइ[20] अवलोयंतु निरु ॥१२॥

उसकी पद्मके समान गौरवर्ण पद्मावती नामकी प्रियतमा थी, उसे पद्मश्री नामकी श्रेष्ठ कन्या हुई। दूसरा कुबेरदत्त नामका था, उसकी कनक(सुवर्ण)मालाके समान सुंदर कनकमाला नामकी कांता थी, उसे कनकश्री नामक दुहिता हुई, जो विकसित शतपत्र व शशांकके समान मुखवाली थी। तीसरा वैश्रवण (कुबेरके) समान युक्तिवाला (अर्थात् धनके संवर्द्धन, संरक्षण एवं संविभाजनमें कुशल) वैश्रवण नामका श्रेष्ठी था, जिसको विनयमाला नामक भार्या, व विनयश्री नामकी पुत्री हुई। चौथा धनदत्त था, उसकी कुवलय अर्थात् नीलकमलके समान नेत्रोंवाली विनयमती नामकी भार्या, व रूपश्री नामकी कन्या हुई। ये चारों कुमारियाँ मानो मदनके-द्वारा (लोगोंपर) घुमायी हुई बरछियाँ ही थीं। जब ये गर्भमें ही थीं, तभी इनके पिताओंके-द्वारा ये कुमारके लिए दे दी गयीं और इन्हें स्वीकार कर लिया गया। यह जानकर कि अशेष शास्त्रसंपत्का पारगामी व लोकमें श्रेष्ठ कुमार इन लोगोंका पति होगा, इस हेतुसे इन सबको नाना विद्याएँ सिखायी गयीं। इन कन्याओंने तीनों भाषाओं (संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश—टि०) को जाना, लक्षणशास्त्र (व्याकरण) को जाना और उसके लक्ष्य अर्थात् साहित्यको भी जान लिया। दर्शनशास्त्र व न्यायशास्त्रके साथ तर्कशास्त्रको भी सुना। छंद, अलंकार व निघंटुशास्त्रको भी जाना, और धर्म, अर्थ व कामके प्रशस्त साधनोंको भी जान लिया। विविधप्रकारका गाना व नाचना सीखा, और अनेकप्रकारका वीणादि वाद्य भी। और भी उन्होंने जो-जो कुछ सीखा, उस सबको कौन लक्ष्य कर सकता है (कौन कह सकता है)।

विधाताने एक स्त्रीरत्नचतुष्क गढ़कर छोड़ दिया, और धनुष व बाणको अपने हाथमें

[१२] १. घ °न्न । २. ख ग नामें । ३. ख ग वयं° । ४. ख ग वयसवण° । ५. ख ग °मेत्तु ६. क घ ङ °यच्छि । ७. घ पडिवन्नि° । ८. घ दिन्नि° । ९. क घ ङ कज्ज । १०. क कोहुल्लेण; घ ङ °हल्लेण । ११. घ °उं । १२. क ग मुं° । १३. क घ ङ वीणावज्जु व । १४. प्रतियों में 'जाणिउं' । १५. क ख ग ङ °राइ । १६. क ताइ ताइ । १७. क वाणु° । १८. क °यउं । १९. क घ ङ विधइ । २०. क ङ णरु; ख ग नरु ।

[१३]

तहुँ[1] नवल्लु जोव्वणु उम्मीलइ मयणबाहु पारद्धि व कीलइ[2]।
घोलइ चिहुरभारु पब्भारें वग्गुरपासु व मंडिउ मारें।
आउंचिय बिलुलइ अलयावलि नं अणंग[3]अंगुलिताणावलि।
अद्धेंदु व निलाडु[4] संकिण्णउ[5] मुट्ठिगाहु धणुमज्झि व दिण्णउ[6]।
वंकुज्जलु[7] भूजुयलउ भाविउ णं रइणाहें चाउ चडाविउ।
तिक्खकडक्खनयणसरलाइय जण वणयर विद्धंतुद्धाइय[8]।
नासावंसु सरलु जगु मोहइ अहरमुद्द करमुद्द व सोहइ[9]।
कोमलझुणि[10] वीण व झंकारइ[10] धणुगुणु[11] मयरचिंधु टंकारइ[12]।
अच्छकवोलजुयलु मुहे तडियउ विहिं[13] भायहिं[14] ससिखंडु व[15] घडियउ।
रेहाइद्धु कंठु कलु छज्जइ[16] विजयसंखु कंदप्पहो[17] नज्जइ।
बाहुजुयलु मुणि मणु वि विडंबइ[18] मालइदामु[19] व कामहो[20] लंबइ।
उक्कुरिय[21]-सिहिणपीवरतड रइवइरायहो[22] नं मज्जणघड।

धारण किये हुए मदनको भी निर्मित करके उसके अंगरक्षकरूपसे उसीमें जड़ दिया, जो उसकी ओर देखनेवालेको निश्चित बींध डालता था ॥ १२ ॥

[१३]

उनका नवीन यौवन उन्मीलित होने लगा, मानो मदनके बाहु मृगयाके लिए क्रीड़ा करने लगे। उनका घना चिकुरभार ऐसा लहराता था, मानो मारने (कामीजनरूपी) पशुओं-को फँसानेवाला फंदा ही सजाया हो। उनकी घुँघराली अलकें इसप्रकार लोट-पोट होती थीं, मानो अनंगकी अंगुलियोंसे उत्पन्न होनेवाली स्वर-लहरी हो। उनका ललाट अर्द्धचंद्रके समान संकीर्ण था, और मध्यभाग (कटि) ऐसा था, जो मुट्ठीमें आ सके, जैसी कि धनुषके मध्यमें मूठ होती है। उनका भ्रूयुगल ऐसा बाँका व उज्ज्वल था, मानो रतिनाथने चाप खींचा हो। उनके सरल तथा तीक्ष्ण कटाक्ष युक्त नेत्र जनसमूहरूपी वन्य-पशुओंको बींधते हुए विस्तीर्ण होते थे। उनकी सुंदर नासिका सारे लोकको लुभाती थी, और अधरोंकी मुद्रा (रचना) करमुद्रिकाके समान (वर्तुलाकार व अत्यन्त छोटी और पतली) शोभायमान थी। उनकी कोमलध्वनि वीणाके समान ऐसी झंकृत होती थी, मानो मकरध्वज धनुषकी डोरीकी टंकार कर रहा हो। मुख तक फैला हुआ उनका स्वच्छ-सुंदर कपोल-युगल ऐसा था, मानो दोनों ओर एक-एक चंद्रखंड ही निर्मित कर दिया गया हो। रेखाओंसे युक्त उनका कोमल कंठ ऐसा शोभायमान था, जो कंदर्पके (त्रिभुवन-) विजयसूचक शंख जैसा जान पड़ता था। उनका बाहुयुगल मुनियोंके मनको भी पीड़ा देता था, और ऐसा लगता था मानो मदनकी मालतीमाला ही लटकी हो। उनके खूब ऊपर उठे हुए स्थूल स्तन ऐसे थे, मानो मदनराजाके

[१३] १ क घ ङ तहो। २. क °इं। ३. घ अणंत°। ४. क घ ङ निडालु। ५. क ङ °ण्णउं; घ °न्नउं। ६. क ङ °ण्णउं; °न्नउ। ७. घ °ज्जल। ८. क घ ङ विंघंतु°। ९. क °इं। १०. क वीणज्झंकारइं। ११. क ङ °गुण; ख ग धणं°। १२. क घ °रइं। १३. ख ग विहि। १४. °हि। १५. क घ ङ ससि खंडिवि। १६. क °इं। १७. ख ग; °प्पुहो। १८. घ मालइं°। १९. ख ग घ कामु व। २०. क °इं। २१. क ग °क्किरिय। २२. ख ग रइवय°।

गुलियाधणु विणोएं[23] कामें किउ[24] गुलियाठाणु नाहिमंडलु किउ ।
अइकिण्हें[25] दोहें उवरि गए[26] बद्धु वलित्तउ वररोमंचए[27] ।
जणमणतुरयथट्टभामंतहो[28] कडियलु वाहियालि रइकंतहो । १५
रंभागब्भोरुयरइरामहो[29] तोरणखंभु व वम्महधामहो ।
कुम्मायारु चलणजुयलुल्लउ दरवियसियपंकयपडितुल्लउ[30] ।

घत्ता—अह ताहँ सउण्णउ[31] तं लायण्णउ[32] जो वण्णइ[33] सो कवणु कइ ।
जहिं देसि न दिट्ठउ ताउ अहिट्ठिउ[34] तहिं[35] उज्जलउ सुवण्णु जइ[36] ॥१३॥

[१४]

गाहाचउक्कं—रइविप्पओयसंतत्तमयणसयणं व कुसुमसंवलियं ।
धारंति ताउ विद्दुमहोरयरुइदंतुरं अहरं ॥ १ ॥
एयाण वयणतुल्लो होमि न होमि त्ति पुण्णिमादियहे[1] ।
थिरमंडलाहिलासी[2] चरइ व चंदायणं चंदो ॥२॥
चलणच्छविसामफलाहिलासिकमलेहिं सूरकरसहणं । ५
चिज्जइं[3] तवं वं[4] सलिलं निययं घित्तूण गलपमाणम्मि ॥३॥

स्नानघट ही हों। उनका नाभिमंडल ऐसा प्रतीत होता था, मानो कामदेवने विनोदपूर्वक गुलिया-धनुष (गुलेल) बनाया हो, जिसमें उनका नाभिमंडल तो गुलिया (गुटिका रखनेका स्थान) था और वलित्रयरूपी धनुष, जो उसके ऊपर चढ़ी हुई बिलकुल काली, दीर्घ एवं सुंदर रोमराजिरूपी प्रत्यंचासे बँधा था। उनका कटितल (नितम्ब प्रदेश) लोगोंके मनरूपी अश्वसमूहको भ्रमण करानेवाले रतिकांत (कामदेव) के अश्व क्रीड़ास्थलके समान (अतिविस्तीर्ण) था। मानो वे रम्भाके गर्भसे उत्पन्न रतिके राम- (अर्थात् मन्मथ) के भवनके तोरणस्तम्भ ही थीं। उनके कूर्माकार चरणयुगल ईषत् विकसित कमलपत्रके समान थे। उनके उस संपूर्ण लावण्यका जो वर्णन कर सके वह कौन कवि है ? यदि सारे देशमें कहीं उज्ज्वल व सुंदर वर्ण दिखाई नहीं देता, तो (निश्चयसे) उसने वहाँ उन कन्याओंको अधिष्ठित कर लिया है ॥१३॥

[१४]

रतिके वियोगसे संतप्त (अतएव अति श्वेतवर्ण) मदनकी कुसुमोंसे व्याप्त शैय्याके समान उन कन्याओंके अधर विद्रुम और हीरककी शोभासे विलक्षण थे, अर्थात् विद्रुमवर्णके उनके अधरोष्ठ हीरकके समान धवल दंतपंक्तिसे दंतुरित (स्फुरायमान) थे। 'पूर्णिमाके दिन भी मैं इनके मुखके समान होऊंगा या नहीं होऊंगा, इस शंकासे ही मानो स्थिर(पूर्ण)मंडलकी अभिलाषा करनेवाला चंद्रमा मास भर चांद्रायणव्रत करता है। उनकी चरणच्छविकी तुल्यता चाहनेवाले कमलोंके-द्वारा अपनेको गले तक जलमें डुबोकर सूर्यकी किरणोंको सहते

२३. क घ ङ विलोए । २४. क कामुंकिउं । २५. ख घ °किन्हें । २६. ख ग गए; घ गएं । २७. क धर; ङ धरँ, ख ग °रोमंचिए । २८. क ङ °तुरिय; ख ग °तुरियथट्टु । २९. ख ग °गब्भोरु व रयं । ३०. क ङ °पंकयदलँ । ३१. क ख ग ङ °ण्णउं; घ °न्नउं । ३२. क घ ङ °ण्णउं । ३३. क घ ङ °इं । ३४. ख ग घ °ट्ठउ । ३५. ङ तहि । ३६. क जइं ।

[१४] १. क ङ रइविप्पिओय° । २. ख ग °होरइं । ३. घ पुण्णिमा° । ४. ख थिय°; ग पिय° । ५. क ङ °हिलास । ६. क ङ वि° । ७. क च

सलवट्टिखाइयालं[8] नाहीदुग्गम्मि तिवलिपायारे[9]।
हरडज्झमाणकामो रोमावलिधूमिरे[10] लीणो ॥४॥

दोहउ—जाणमि एकु जि विहि घडइ सयलु वि जगु सामण्णु।
जें[11] पुणु आयउ निम्मविउ[12] को वि पयावइ[13] अण्णु ॥१॥

तं लायण्णु नियवि[14] तं जोव्वणु घरि हासियकुवेरसंपयधणु।
सायरदत्तपमुहवणिउत्तहिं वुच्चइ अरुहयासु नयजुत्तहिं।
मित्त कुमारभावे रइवंतहिं किय पइज्ज पंचहिं[15] मि रमंतहिं।
एक्कहो पुत्तु होइ जइ धण्णउ[16] इयरहँ[17] चउहुँ[18] मि जायहिं[19] कण्णउ[16]।
तो तहो पियरहिं[20] दुहियउ देवउ[21] तेण वि वरेण ताउ परिणेवउ।
पुण्णवसेण पुत्तु तुह[22] जायउ तिहुयणभमियकित्तिविक्खायउ।
अम्हहँ पुणु मुणालकोमलकरु कण्णचउक्कु जाउ लक्खणधरु।
संपइ पुव्वभणिउ[23] पालिज्जउ पाणिग्गहणु कुमारहो किज्जउ[24]।
पभणइ[25] अरुहयासु नासंघमि अज्जु कल्लि किर तुम्हहँ[26] संघमि[27]।
एवहिं तुम्हे मइँ जि फुडु वुत्तउ[28] लइ किज्जउ[29] परिणयणु निरुत्तउ।
ठविउ विवाहलग्गु[30] धणरासिहि[31] अक्खयतइयदिवसे[32] जोइसिहि[33]

हुए मानो तप संचय किया जाता है। उनके रूपको देखकर कामबाणोंसे विद्ध होनेसे (उसपर क्रुद्ध हुए) महादेवके द्वारा भस्म किया जाता हुआ कामदेव मानो उनके, नाभिके नीचेकी गहरी रेखारूपी खाईसे युक्त त्रिवलीरूपी प्राकारसे घिरे हुए तथा रोमराजिके कारण धूम्रवर्णके, नाभि-दुर्गमें विलीन हो गया है। मैं तो ऐसा समझता हूँ कि एक विधि (ब्रह्मा) सारे लोक सामान्यको गढ़ता है, पर जिसने इनको गढ़ा है, वह तो कोई दूसरा ही प्रजापति है।

(उन कन्याओंके) उस लावण्य और उस यौवनको देखकर घरमें कुवेरकी धनसंपत्तिका भी उपहास करनेवाले सागरदत्त प्रमुख न्याय-नीतिवान् वणिक्पुत्रोंने अरहदासको कहा—मित्र! कुमारावस्थामें परस्पर प्रीतिवंत हम पाँचोंने क्रीड़ा करते हुए यह पैज (प्रतिज्ञा) की थी, 'यदि एकको भाग्यवान् पुत्र हो, व इतर चारोंको कन्याएँ हो जायें तो कन्याओंके पिताओंके द्वारा वे कन्याएँ उस-(पुत्रके पिता) को दे दी जानी चाहिएँ, व उसके द्वारा उन कन्याओंका अपने पुत्रसे परिणय करा दिया जाना चाहिए। पुण्यवश तुझे पुत्र हुआ है, जिसकी विख्यात-कीर्ति तीनों भुवनोंमें भ्रमण करती है, और इधर हम लोगोंको मृणालके समान कोमल करोंवाली, लक्षणसंपन्न चार कन्याएँ हुई हैं। तो अब पहले कहे हुए का पालन किया जाये, और कुमारका पाणिग्रहण कर लिया जाये। अरहदासने कहा—'मैं स्वयं तो कुछ निश्चय करता नहीं, आज या कल आप लोगोंको ही खोज करता। तो लीजिये, अभी स्वयं आप लोगोंने प्रकटरूपसे जैसा कहा, तदनुसार परिणय निश्चित कर दीजिये। धनराशिमें शुक्लपक्ष-

८. ख ग °याले। ९. क °रे। १०. क घ ङ °धूमिरे। ११. प्रतियोंमें 'जि'। १२. क णिम्मियउ; घ ङ निम्मियउं। १३. क °वइं। १४. क घ ङ अनु। १५. क घ ङ निएवि। १६. घ °हि। १७. घ ङ °उं। १८. ख ग °हु। १९. क °हि। २०. ख ग °रहिं। २१. ख ग देविउ। २२. ख ग तुहुं। २३. प्रतियोंमें °ज्जइ। २४. क घ ङ °इ। २५. क घ ङ °णइं। २६. घ °इं। २७. क घ ङ संघमि। २८. क ङ पु°। २९. ख ग °इ। ३०. ख ग विवाहु०। ३१. ख ग °रासें; घ °रासिएं। ३२. ख ग अक्खइ°। ३३. क ङ °सए; ग जोईसें; घ जोइसियं।

घत्ता—गय नियय-निवासहिं[34] पुण्णजयासहिं पंच वि वड्ढियमाणगिरि[35]
तक्खणे अवइण्णी[36] जणसंकिण्णी[35] सेट्ठिघरेहिं विवाहसिरि ॥१४॥

[१५]

पंचहिं मि घरहिं[1] पंचप्पयारु गाइज्जइ मंगलु धवलसारु ।
पंचहिं[2] मि घरहिं[1] पंचंगु सज्जु सुम्मइ[4] वद्धावउ[5] तूरवज्जु ।
पंचहिं[3] मि घरहिं[1] पंचमु झुणंति सरभेयहिं वज्जइ[6] महुरवंति ।
पंचहिं[3] मि घरहिं[1] रइरसनिहाणु सज्जियधणु वियरइ[7] पंचवाणु ।
पंचहिं[3] मि घरहिं[1] वण्णुज्जलीउ दिज्जंति रयणरंगावलीउ । ५
पंचहिं[9] मि घरहिं हियजणमणाइं बज्झंति सुपल्लवतोरणाइं ।
इय तहिं विवाहसामग्गि जाम विलसंतु वसंतु पहुत्तु ताम ।
संचरइ सुहावणु मलयपवणु विज्जाहरमाणिणिमाणदवणु[10] ।
सरलावियकेरलिकुरुलभंगु[11] विरहिणितिलंगिनीसाससंगु ।
सज्झइरिरणावियसुक्कवंसु[12] [13]कण्णाडिकणिरकण्णावतंसु[14] १०
कुंतलिकुंतलभरपत्तखलणु मरहट्ठिथोरथणवट्टवलणु[15] ।

को अक्षय तृतीयाके दिन विवाह लग्न स्थापित किया गया । (तदनंतर) वे लोग जग (समस्त पौरजन) की आशाओंको पूर्ण करनेवाले अपने-अपने घरोंको गये । उन पांचोंका ही मानपर्वत बढ़ गया, और तत्क्षण उन सबके घरोंमें लोगोंके आवागमन इत्यादिसे संयुक्त विवाहश्री अवतीर्ण हो गयी ॥१४॥

[१५]

पाँचों ही घरोंमें पाँच-परमेष्ठियोंके (टि०) पाँचप्रकारके धवल व श्रेष्ठ मंगल गाये जाने लगे । पाँचों ही घरोंमें पाँच अंगोंसे युक्त बधाईके तूरोंका वाद्य सुनाई देने लगा । पाँचों ही घरोंमें पंचमरागकी धुन आलाप करता हुआ, स्वरभेदोंसे युक्त मधुर वीणावादन होने लगा । पाँचों ही घरोंमें धनुषको लिए हुए रतिरसका निधान पंचबाण अर्थात् कामदेव विचरण करने लगा । पांचों ही घरोंमें उज्ज्वल वर्णके रत्नोंको रंगावली (रंगोली) दी जाने लगी, तथा पाँचों ही घरोंमें लोगोंके मनको आकृष्ट करनेवाले सुंदर पल्लवोंके तोरण बांधे जाने लगे । इसप्रकार जब वहाँ विवाह सामग्री हो रही थी, इतनेमें विलास करता हुआ वसंत आ पहुँचा । विद्याधर मानिनियोंका मानमर्दन करनेवाला सुहावना मलयपवन चलने लगा । केरलियोंकी कुटिल केशरचनाको सरल बनाता हुआ, विरहिणी तैलंगियोंके निःश्वास उत्पन्न करता हुआ, सह्याद्रिके सूखे बांसोंको रुणरुणाता हुआ, कर्णाटियोंके तालपत्र निर्मित कर्णावतंसको कणकणाता हुआ, कुंतलियोंके कुंतलभारको स्खलित करता (बिखराता) हुआ, मराठिनियोंके स्थूल स्तनवृत्तका

३४. क णिय आवासहिं । ३५. क ख वड्ढिय° । ३६. घ °श्री ।

[१५] १. क घ ङ घरिहिं । २. क ङ °लु । ३. ख ग °हि । ४. क घ ङ °इं । ५. क घ ङ °वणु । ६. ख °हिं । ७. ग रइरसु° । ८. क घ ङ विरयइ; ख विरइय । ९. क ख ग ङ °हि । १०. क घ ङ °दमणु । ११. ख ग °कुरलभंगु । १२. क ङ विज्झइरि°; ख ग संज्झइरि° । १३. घ कण्णाडि° । १४. घ °कण्णावतंसु । १५. क ङ °थणभार°; घ °थणचार°

ताविय‍डिविय‍डचुंबियनियंबु[16] उद्दीवियरइरंधीविडंबु[17] ।
झंकोलिरपरिहणपडिविहाउ पयडियमालविणिदरोरुभाउ ।
मउरियसहयारकसाइयंतु वेइल्लफुल्ल[18] पाडले मिलंतु ।
१५ घत्ता—णं कामहो दीसइ रत्तउ वियसइ[19] फुल्ल[20] पलासहो वंकुडउ ।
कड्ढंतहो[21] कीवइं[22] विरहिणि जीवइं[23] रुहिरलित्तु हत्थंकुडउ ॥१५॥

[१६]

ताम तहिं[1] काले उज्जाणकीलणमणो चलिउ रायाणुमग्गेण[2] णायरजणो ।
मंदमंदारमयरंदनंदणवणं[3] कुंद-करवंद-मचकुंद[4] चंदणघणं ।
नरलदलताल-चललवलि[5]-कयलीसुहं दक्ख-पउमक्ख-रुद्दक्खखोणीरुहं ।
विल्ल-वेइल्ल-चिरिहिल्ल[6]-सल्लइवरं अंबजंबीर-जंबू-कयंबूवरं[7] ।
५ करुणकणवीर-करमर-करीरायणं नाग-नारंग-नग्गोहनीलंबरं ।
कुसुमरयपयरपिंजरियधरणीयलं तिक्खनहचंचुकणइल्ल[9]-खंडियफलं ।
भमियभमरउलसंछइयपंकयसरं मत्तकलयंठिकलयंठमेल्लियसरं[10] ।
रुक्खरुक्खम्मि कप्पयरुसियभासिरी रइवराणत्त[11] अवइण्णमाहवसिरी ।

मर्दन करनेवाला, ताप्तीतटकी तरुणियोंके विकट अर्थात् विस्तीर्ण नितम्बोंको चूमनेवाला, और रतिशील आन्ध्र युवतियोंकी कामपीड़ाको उद्दीप्त करनेवाला, हवाके झोंकोंसे परिधानके उड़नेसे मालविनियोंके अतिसुंदर ऊरुभागको ईषत् प्रकट करनेवाला, और लगे हुए सहकारवृक्षोंको कषायला (रस- युक्त) बनाता हुआ, तथा विचकिल्लके फूलोंको पाटल पुष्पोंसे मिलाता हुआ वसंत आ गया । फूले हुए पलाशकी लाल-लाल बोंडियाँ ऐसी खिलने लगीं मानो कातर विरहिणियोंके प्राणोंको निकालता हुआ कामके हाथका रुधिरलिप्त, बांका अंकुश ही हो ॥१५॥

[१६]

उस समय उद्यान क्रीड़ाकी इच्छासे नागरजन राजमार्गसे चल पड़े । उस नंदनवनमें मंदारकी मंद मकरंद फैल रही थी; और वह कुंद, करवंद, (करींदा ?) मुचकुंद तथा चंदन वृक्षोंसे सघन था । वहाँ तरल पत्तोंवाले ताल, चंचल लवली और सुंदर कदली तथा द्राक्षा, पद्माक्ष एवं रुद्राक्षके वृक्ष थे । बेल, विचिकिल्ल, चिरिहिल्ल, तथा सुंदर सल्लकी और आम, जंबीर (नींबू), जंबू, तथा उत्तम कदंब थे । कोमल कनेर, करमर, करीर (करील ?), राजन (सं० राजादनी), नाग, नारंगी, व न्यग्रोधके वृक्षोंसे अंबर नीला (हरित) हो रहा था । कुसुमरजके प्रकर (समूह) से वहाँका भूमिभाग पिंगलवर्ण हो गया था । शुकोंके तीखे नख व चंचुओंसे वहाँके फल खंडित थे । घूमते हुए भ्रमरकुलोंसे पंकज-सरोवर आच्छादित था, और मत्त कलकंठियोंके मधुर कंठसे स्वर छूट रहा था । रतिपतिकी आज्ञासे वृक्ष-वृक्षमें कल्प-वृक्षकी शोभासे भास्वर माधवश्री (वसंत-शोभा) अवतीर्ण हुई । प्रत्येक वृक्ष रति और काम-

१६. क ङ °कुंचियनिं° । १७. ख ग °रयरंधी° । १८. ख ग वेयल्ल° । १९. क °सइं । २०. ग फुल्ल° । २१. क ङ कट्टं° । २२. क ख ङ °इ । २३. क ग घ ङ °इ ।

[१६] १. ख ग तहिं । २. ख ग रायाण° । ३. क °पयरंद° । ४. ख ग वय° । ५. ख ग °चवलि । ६. ख ग विरि° । ७. क कयंबुं° । ८. ख ग °नहु । ९. ख ग °यल्ल । १०. ख ग °कलयट्ठमे° । ११. ख ग अवयण्ण°; घ अवइन्न° ।

रुक्खरुक्खम्मि सविलासमुब्भासियं[12] हसिय-रइकाम-मिहुणं समावासियं ।
जंबुसामी वि कुमरेहिं सहुँ लीलए कामिणीमज्झे कामु व्व तहिं[13] कीलए । १०
घत्ता—डोल्लहरि[14] व लग्गी कंठहँ[15] लग्गी वल्लहमुहचुंबणु[16] करइ[17] ।
थणरमणविडंबिणि का वि नियंबिणि निहुअणकेलिहिं[18] अणुहरइ ॥१६॥

[१७]

क वि कामिणि अणुणइ[1] कंतु केम परिहासापेसल भणइ एम ।
कुरओ[2] सि न वल्लह जाणिओ सि साणंदु जं न[3] आलिंगिओ सि ।
निरवेक्खु[4] वयणमइराह[5] जं जि केसररुक्खो सि न होसि तं जि ।
सच्चउ कलिओ सि असोयरुक्ख लइ पायपहारें समइ[6] मुक्ख ।
विवरीयवयण क वि पणयकुद्ध [7]नियकज्जलुद्धधुत्तेण मुद्ध । ५
तउ मुहहो जणियसयवत्तभंति आवंति निहालहि[8] भमरपंति ।
इय भणिय जं जि सदवक्कभग्ग[9] परियत्तवि दइयहो कंठि लग्ग ।
क वि भणिय मुद्धे अच्छिहिं[10] विराइ नीलुप्पलसंकइ भमरु धाइ[11] ।
इय मिसिण नयण झंपणु करंतु चुंबइ नववहुवहे[12] वयणु कंतु ।
तिलएण करमि तउ तिलउ बालें[13] नियभालु[14] निवेसिवि पिगहे[15] भाले । १०

का उपहास करनेवाले (सुंदर) मिथुनोंके सम+आवास अर्थात् सहवाससे समुद्भासित हो गया । जंबूस्वामी भी अन्य कुमारोंके साथ लीलापूर्वक कामिनियोंके बीच कामदेवके समान क्रीड़ा करने लगे । डोलेके समान लटककर कंठसे लगी हुई स्तनों व रमणों-(के भार) से कदर्थित कोई सुंदरी वल्लभका मुखचुम्बन करते हुए सुरत क्रीड़ाका अनुहरण करने लगी ॥१६॥

कोई कामिनी अपने कांतको इसप्रकार मनाने लगी, और परिहासपूर्वक ऐसे मधुर वचन बोली—हे वल्लभ मैंने जाना नहीं था कि तुम कुरत (श्लेष-कुरुवक वृक्ष) हो जो कि मुझसे आलिंगित होनेपर भी प्रसन्न नहीं हुए (विरोधाभास); (विरोध परिहार) अथवा तुम-वह (कुरुवक वृक्ष) भी नहीं हो, क्योंकि तुम तो वदन-मदिराके प्रति भी निरपेक्ष हो (उसे केवल देखते ही हो, आलिंगन-चुंबन द्वारा पीते नहीं;) अतः तुम केशर-(तिलक)वृक्ष (के समान) हो (जो सुंदरी नवयुवतीके कटाक्ष मात्रसे ही प्रफुल्लित हो उठता है, उसके आलिंगन-चुंबनको अपेक्षा नहीं रखता) । अब मैंने सत्यतः तुम्हें जान लिया कि तुम तो ऐसे अशोकवृक्ष (के समान) हो जो मूर्ख पादप्रहारको प्राप्त करके शांत (प्रसन्न-प्रफुल्लित) होता है । कोई मुग्धा अपने (प्रणय) कार्यके लोभी धूर्त्तसे प्रणयक्रुद्ध होकर मुँह फेर लेती है; (तब धूर्त्त कहता है) तुम्हारे मुखसे शतपत्र (कमल) की भ्रांति करके झपटती हुई भ्रमर पंक्तिको तो देखो । ऐसा कहनेसे भग्न-मान होकर वह तुरंत दयिता (प्रेमी) के कंठसे लग जाती है । कोई

---

१२. ख ग सविलासमु० । १३. ख ग तह । १४. क ख ग क डोलं । १५. ख ग °हं । १६. क घ क °मुहिं चुं°; ख ग °चुवण । १७. क °इं । १८. क मिहुअणं ।

[१७] १. क °णइं । २. ख ग कुरुं । ३. क ख ग क ज ण्ण । ४. ख ग निरविक्ख । ५. ख ग °हि । ६. ग पणइं । ७. प्रतियों में 'णिय' । ८. ख ग °लहिं । ९. क सदवक्खं । १०. ख ग अच्छहिं । ११. क धाइं । १२. क घ क °वहुयहि । १३. प्रतियोंमें 'बालि' । १४. घ °तालु । १५. क क °हिं; ख ग घ °हि ।

परिछलवि[16] कवोलहिं दिंतु नहरु आपीलइ[17] दंतहिं[18] महुरु अहरु ।
आवाणाए क वि पिक्खेवि स-रूउ महुघडे पडिबिंबिउ नियरूउ ।
पिय पेक्खु पेक्खु किं भणहि[19] मज्जे तप्पणदेवय अवइण्ण[20] मज्जे ।
क वि पियगहियाहरु[21] वहइ वयणु छिज्जंतरोसु[22] पसरंतमयणु ।
१५ पाणोसरंत मइरं[23] विहाइँ फलिहमउ अवाणयचसउ[24] नाइँ[25] ।
मयनाहितिलउ[26] बिरएवि वयणे किउ चंदसरिसु मुहु[27] दीहनयणे[28] ।
क वि पिएण[29] भणिय लइ एउ[30] संतु[31] महिलाकिउ सयलु वि कूडमंतु ।
उज्जाणे तम्मि जंबूकुमारु आलावइ क वि वड्ढंतु[32] मारु ।
२० अब्भासियउ हंसहिं[33] गमणु तुज्झु कलयंठिहिं कोमललविउ[34] बुज्झु ।
पडिगाहिउ कमलहिं चलणल्हासु[35] तरुपल्लवेहिं करयलविलासु ।
सिक्खिउ वेल्लिहिं भूवंकुडत्तु सीसत्तभाउ सव्वु[36] वि पवत्तु[37] ।

घत्ता—दावंतहो तं वणु रंजियपियमणु बोल्लु[38] कुमारहो कलु कलइ ।
पयडियबहुभावहिं वंकालावहिं कामिणि का वि परिच्छलइ[39] ॥१७॥

कहता है—मुग्धे ! तेरी आंखें ऐसी सुंदर हैं कि नीलोत्पलकी शंका करके भ्रमर झपट रहे हैं, इस बहानेसे नेत्रोंको झांपकर वह नववधूका मुख चूम लेता है । कोई यह कहता हुआ कि हे बाला, अपने तिलकसे तुझे तिलक लगाऊँगा, अपना मस्तक प्रियाके मस्तकपर रखकर, उसे छलकर कपोलोंपर नखचिह्न बनाता हुआ कांताके अधरोंको दांतोंसे काट लेता है । कोई कामिनी आपानक (मधुशाला) में रखे हुए मधुघटमें प्रतिबिम्बित अपने रूपको देखकर कहती है, प्रिय देखो ! देखो ! भार्या क्या कहती हो ? (ऐसा पूछनेपर) वह बतलाती है—मद्यमें तर्पण देवता (?) उतर आयी हैं । कोई प्रियसे काटे हुए अधरयुक्त मुखको धारण कर रही है, जिसका रोष क्षय हो रहा है, और मदन बढ़ रहा है । (हाथोंमें-से) चूतो हुई अथवा पी जाती हुई मदिरासे युक्त हाथ ऐसे शोभायमान हो रहे हैं मानो (मदिरा) पान करनेके स्फटिकमय चशक (प्याले) ही हों । किसीने कहा—हे दीर्घनयना तूने (निष्कलंक) मुखपर कस्तूरीका तिलक लगाकर उसे चंद्रमाके समान (सकलंक क्यों) कर दिया ? किसी स्त्रीके प्रिय ने कहा—लो यह सारा (प्रपंच) महिलाकृत कूट मंत्र है । उस उद्यानमें (कामिनियोंके) कामको बढ़ाते हुए जंबूकुमार किसी कामिनीको कहने लगे—हंसोंने तुझसे गमनका अभ्यास किया, कलकंठीने कोमल आलाप करना जाना, कमलोंने चरणोंसे नाचना सीखा, तरुपल्लवोंने तुम्हारी हथेलियोंका विलास सीखा, तथा बेलोंने तुम्हारी भौंहोंसे बांकापन सीखा । इसप्रकार ये सब तुम्हारे शिष्य भावको प्राप्त हुए हैं ।

उस वनको दिखलाते हुए अपने प्रियका मनोरंजन करती हुई कोई कामिनी कुमारके

१६. क घ ङ °छलिवि । १७. क घ ङ आवी° । १८. ख ग °हि । १९. क घ ङ °हिं । २०. क ङ °यण्ण; घ °इन्न । २१. ख ग °साहरु । २२. क ङ ज्झिज्जंत°; ख ग भिज्जंत° । २३. क घ ङ °मइरा । २४. क ख ग °वसउ । २५. क ङ णाइं; ख ग नाइ । २६. प्रतियोंमें मयणाहि° । २७. ख ग महु । २८. क ङ °णयणि; घ °नयणि; ख ग °नयणु । २९. क ङ पियेण । ३०. क ङ एहु । ३१. क ङ सरु; सरंतु । ३२. क ङ वट्टंतु । ३३. क °हि; ख ग हंसुहिं । ३४. ख ग °लविय । ३५. क ङ चरण°; घ वलण° । ३६. सव्वु; ङ सव्व ३७. ख ग पवुत्तु; घ पउत्तु । ३८. क ङ बोलु; घ बुल्ल । ३९. क ङ परिक्खलइ; ख ग घ पडिक्खलइ ।

[१८]

नच्चंता मोरा मुद्धि जोइ तोरा नच्चंतु न दोसु कोइ[1] ।
दीसइ सरि कारंडाण पंति जा तउ[2] रिउ घरिणिहु[3] कवणु भंति ।
सरु कोइलाए[4] कोमलु जि वहइ[5] जं मयणु चडाविए[6] चावे[7] वहइ[8] ।
एयं च पियालवणं वियाण दुल्लहउ नवर दूहवजणाण ।
सारंगं गय सारंगि दच्छि[9] ता नच्चउ वायहु[10] पडहु गच्छि[9] । ५
पिय पेक्खु[11] इंदगोवयविरेणु लइ मग्गि दुद्धु तो कामधेणु ।
जले कंकु व हंसो[12] चेय मंदु तुहुँ[13] सो भणिय कंकु जलम्मि मंदु ।
सुउ विलवइ सुंदरि कवण वाह संठवि न परायउ कज्जु[14] नाह ।
माहे सरु सिसिरें दड्ढु[15] जाणु मरइ जि तिदंडे जसु निच्चण्हाणु[16] ।

मधुर बोलको सुन लेती है, और अनेक प्रकारकी वक्रोक्तियों द्वारा विविध (शृंगारादि) भावों-को प्रगट करती हुई इसप्रकार छलना करती है ॥ १७ ॥

[१८]

स्वामीने कहा—मुग्धे, नाचते हुए मयूरोंको देखो ! सुंदरीने (श्लेषार्थ मोरा-मेरा ग्रहण करके वक्रोक्ति की—तोरा अर्थात् तेरे नाचनेमें कोई दोष नहीं है । स्वामीने कहा—सरोवरमें कारंड पक्षियोंकी पंक्ति दिखाई दे रही है; सुंदरीने वक्रोक्ति की—अरे क्या (रंडा—विधवा) विधवाओंकी पंक्ति है, तो वह निश्चयसे तुम्हारी शत्रु-गृहिणियोंकी है। स्वामीने कहा—कोकिलाका कोमलस्वर प्रवृत्त हो रहा है, सुंदरीने छलोक्तिकी—अरे यह पूछते हो कि वह कोकिलाके स्वर-के समान कोमल कौन-सा शर है, जो मार डालता है ? वही जिसको मदन धनुषकी टंकारपूर्वक चलाकर मारता है । स्वामीने कहा—अरे इस प्रियालवृक्षोंके वन (उद्यान) को जानो (देखो) ! सुंदरीने वक्रोक्ति की—अरे प्रियाओंका आलाप दुर्भगजनोंके लिए दुर्लभ है । स्वामीने कहा—चतुर हरिणी हरिणके पास चली गयी; सुंदरीने छलोक्ति की—दक्ष सारंगी (वाद्य) सारंग (वाद्य) के स्वरमें मिल गयी तो फिर नाचो और पटह बजाओ तो जानें । स्वामीने कहा—प्रिये इस विरेणु अर्थात् रजरहित निर्मल इंद्रगोप (खद्योत) को देखो, तो सुंदरीने व्यंग्योक्तिकी—यदि इंद्रगोपदविरेणु, अर्थात् यदि स्पष्टतः इंद्रकी गायके चरणोंकी धूल देख रहे हो तो फिर वह कामधेनु है, (इससे) दूध मांगो । स्वामीने कहा—जलमें कंक (बक) पक्षी हंसके समान मंदगतिसे चल रहा है, सुंदरीने व्यंग्य किया—तू ही बड़ा जल(क्रीड़ा) में मंद कंक है । स्वामीने कहा—सुंदरी यह शुक ऐसा विलाप कर रहा है, इसे क्या पीड़ा है ? सुंदरीने वक्रोक्ति की—हे नाथ यदि सुत (पुत्र) रो रहा है, तो क्या बात है, उसे धैर्य दीजिये, यह कोई पराया कार्य नहीं है । स्वामीने कहा—माघ मासमें (कमल) सरोवर शिशिरसे दग्ध हो गया, ऐसा जानो; तो सुंदरीने व्यंग्य किया—यदि कोई माहेश्वर अर्थात् महेश्वरका भक्त तुषारपात-से दग्ध हो गया (अर्थात् मर गया), तो वह त्रिदंडी तो निश्चय मरेगा, जिसका नित्य (त्रिसन्ध्या)

---

[१८] १ क °इं । २. क घ ताउ । ३. क ङ °णिहुं; ख घरणेहु; ग °णेहि; घ घरणिहि । ४. क ङ °लाइं । ५. क हवइं; ङ हवइ । ६. क ङ °विय, घ °एवि । ७. ख ग चाए । ८. क ङ गहइ । ९. क ङ °च्छ । १०. क ङ °हि; घ °हि । ११. क ङ पिक्खि । १२. ङ अ हंसो । १३. क ङ तुहु । १४. क ख ग ङ कज्ज । १५. क ङ दट्ठु । १६. ख ग निच्चहाणु; घ °ण्हाणु ।

सुद्धिहि[17] कारणु कं तावसाण[18] का सुद्धि कंत कंता-वसाण[18] ।
केरिस तुहुँ वंकी तणुयदेह[19] हउँ[20] नाह न सा हरिणंकदेह[21] ।
दोहउ—गोरी मुद्धि[22] न सामली[23] तंबाहरेण सुकंति ।
तंबा वसहे[24] हरेण पुणु गोरी रमिय न भंति ॥१॥
घत्ता—जइ साहवि[25] सक्कइ अहव न सक्कइ[26] मयणु वि तं सिंगाररसु ।
दूरंतरे आरिसु कइ[27] अम्हारिसु[28] कह[29] परियाणइ[30] विसयकसु[31] ॥१८॥

[१९]

इय तहिं वणे माणिय कामवेइ[1] उप्पण्णइ[2] मिहुणहँ[3] सुरयखेइ[4] ।
पासेयसित्त मंडणे फुसंति वोलीणए[5] छणवासरे वसंति ।
खरकिरणतरणितावियधरम्मि जलकीलहिं[6] सव्व वि गय सरम्मि ।
मनियंसणु भूसणु तडि तिएहिं[7] मुच्चंतु[8] नियवि चिंतिउ पिएहिं[9] ।
खणु अच्छहु तहे वियडाइँ ताम रमणाइँ सुदिट्ठइँ[9] करहुँ[10] जाम ।

जहाँके ग्राम नगरों जैसे थे, और ग्रामीण नागरिकों जैसे, तथा नागरिक बहुविध भोगोंसे युक्त थे । भोगोंसे युक्त होकर भी वे धर्मानुगत (धर्मपालक) थे, और धर्मानुगत होकर जिनधर्मसे योजित (युक्त) थे । जहाँके गोपाल (ग्वाले) गोपालों (भूमि अथवा प्रजापालक राजा) के समान रमण करते थे; राजा लोग महिषी (महादेवी) के प्रति स्नेहासक्त होते हैं, लक्ष्मीके निधान होते हैं, तथा हस्तिशालाओंके स्वामी होते हैं, और गोधन (पशुधन, पृथ्वी-धन व जनधन) का रक्षण करते हुए आनंद मनाते हैं, उसीप्रकार वहाँके ग्वाले महिषियों-से स्नेह करते थे और कमल सरोवरोंरूपी गजशाला (गवयशाला-गोशाला) से युक्त थे (क्योंकि उनकी भैंसें तालाबोंमें ही प्रसन्न रहती हैं), तथा अपने गोधन (पशुधन) की रक्षा करते हुए रमण करते थे । जहाँ श्रेष्ठ शालि (धान) के खेत फूले हुए थे, जो पासके वृक्षोंसे गिरे हुए मधु (मधूक-महुआ) के फूलोंकी गंधसे सुगंधित थे । जहाँके सरोवर कभी सूखते नहीं थे, और जो मंदमकरंदसे युक्त विकसित होते हुए नीलकमल समूहोंसे पूर्ण थे । जहाँ शुकों-से समाधिष्ठित भ्रमरपंक्ति मरकत व प्रवाल (मूंगा) मणियोंसे जड़ी हुई नीलमणिके समान शोभायमान होती थी । जहाँ खेतोंमें कृषक-वधुओंके छोक्कार रव (पक्षियोंको डरानेके लिए की जानेवाली ध्वनि) से बिंधकर, पथिक, शुक और मृग एक पग भी आगे नहीं बढ़ते थे । जहाँ स्थूल स्तनोंके भार (उभार) से संरुद्ध-भृकुटि (दृष्टिपथ) वाली प्र-पालिका (प्याऊ वाली) पथिकोंके जलपात्रोंको भरती थी । जहाँ अपने कटितलकी विशालतासे क्लान्त हुई नीले वस्त्रोंवाली गोपी-द्वारा गीत गाये जाते थे । जहाँके लोगोंका वेश अर्थात् पहनावा

[९] १. क जित्थ; घ क जित्थु । २. ख ग पट्टणु सरिसु वहु° । ३. ख ग णाइ° । ४. घ क °इया । ५. ख ग °गया । ६. क घ क °सिणेह । ७. ख ग जिह । ८. क °हि । ९. ख ग वि । १०. घ °रंधयं । ११. क क णिवड° । १२. क क °ट्टइ; ख ग घ °ट्टयं । १३. क °लेहि । १४. ख ग भुय°; घ तुय° । १५. ख ग °याणु । १६. क क वियडि° । १७. क घ ग °खिण्णाए; घ °खिन्नाइं । १८. क घ क गाइ° । १९. क क णामा° ।

मिलियबहुदेसिजणमंडलीसोहियं चारुनेवत्थरमभाण[20]-सिसुसोहियं ।
जत्थ पयडंतनवनेहपियलालिया[21] जिणहँ[22] गिरितणयसोहग्गु[23] कुलबालिया ।
१५ जत्थ पुरवासिलोएण बहुबुद्धिणा धम्मकामत्थसेवासु मणसुद्धिणा ।
घत्ता—वेसायउ कय[24] थक्कउ निट्ठुरवंकउ गंठिहिं[25] भरिउ सखारउ ।
उच्छु व मेल्लवि[26] परवसु कोमलु[27] बहुरसु सेविज्जइ कंतारउ ॥९॥

[१०]

वस्तु—सुहड-संदण-तुरय-करिसारु
कंपाविय सधर-धरु[1] अडोहिय गहिरनइजलु ।
तं नयरु वामउं करिवि सिमिरु जाइ जा किर जसुज्जलु ।
दिणमणिकिरणुत्ताविय[3] वणकरिघडहँ[4] मणिट्ठ ।
५ जंबुलुंबितोरवियजल[5] ता[6] रेवानइ दिट्ठ[7] ॥१॥
मज्जमाणलयगलमयसंगिणि णं मयतरलतरंगतरंगिणि ।
विमलनीरवोलियतरुसाही गरुयखयाणखणंतपवाही[8] ।
पुलिणट्ठाणनिवेसियकच्छो चुयमहुकुसुमुद्धाइयमच्छी ।

देवताओंका भी उपहास करनेवाला था, वहाँ नर्मपुर नामका पट्टण था, जो बहुत देशोंकी मिली-जुली जनमंडलीसे अवरुद्ध (भरा हुआ) था, तथा मनोहर वस्त्रोंको पहने हुए क्रीड़ाशील शिशुओंसे सुशोभित था । जहाँकी सदैव अभिनव स्नेहको प्रगट करनेवाले प्रियतमकी लाडली (प्यारी) कुलबालिकाएं गिरितनया (पार्वती)के सौभाग्यको भी जीतती थीं; व जहाँके बहुत बुद्धिमान तथा मनःशुद्धिपूर्वक धर्म, अर्थ व कामकी सेवा करनेवाले पुरवासी लोगोंके-द्वारा निष्ठुर छलयुक्त, हृदयसे कुटिलभाव पूर्ण तथा आद्यंत खारे (अर्थात् दुःखद) और पराधीन व मूल्य देकर प्राप्त होनेवाले वेश्यारत (वेश्यारमण) को कठोर, वक्र, व गांठोंसे भरे हुए तथा खारे व दूसरोंके आधीन इक्षुके समान त्याग कर, आद्यंत सुकोमल (स्नेहयुक्त) तथा बहुत रसवाले (अर्थात् अत्यंत सुखद) कांता (स्वपत्नी)रतका सेवन किया जाता था ॥९॥

[१०]

सुभट, स्यंदन तुरग व श्रेष्ठ हाथियोंसे धरा-सहित धराधर (पर्वत) को कंपायमान करते हुए गहरी नदीके जलको अवगाहन कर, उस नगरको बायें करके जिस राजाका उज्ज्वल यश-प्राप्त सैन्यशिविर चला जा रहा था, उस राजाने सूर्यकी किरणोंसे तप्त, वनगजोंके समूहको बहुत प्रिय, और जंबूफलोंके (गिरते हुए) गुच्छोंसे हिलते हुए जलवाली रेवानदीको देखा । मज्जन करते हुए मदगजोंसे युक्त वह नदी मानो तरलमद अर्थात् सुरारूपी तरंगोंवाली तरंगिणी थी । अपने निर्मल जलसे वह वृक्षों और बाटों (पगडंडियों) का उल्लंघन करनेवाले एवं बड़े-बड़े खदान खोद देनेवाले प्रवाहसे युक्त थी । वह रेतीले तटप्रदेशरूपी कच्छा (कटि-

---

२०. क ङ चारुणेवत्थरं° । २१. क °लासिया । २२. ख ग घ °इ । २३. क ङ °सोहग्ग । २४. क ङ में 'कय' नहीं । २५. ख ग घ हुं° । २६. क ग घ ङ मेल्लिवि । २७. ख ग °ल ।

[१०] १. क ङ °धरु । २. घ °उं । ३. क ङ °किरण° । ४. क ङ °घडइ । ५. ख ग घ °जलु । ६. ख ग घ तो । ७. ख ग दिट्ठु । ८. ख ग °क्खडक्खलंतप;° घ °खलंत° ।

पडियंकोल्लफुल्लसयभमरी[9] गंधिंधिर[10]-रुणुरुंटियभमरी ।
कीलिरसबरनियंबिणिचहरी[11] [12]थड्ढथोरथणफोडियलहरी ।
सा उत्तरिवि महाजलवाहिणि कुरुलगिरिंदु[13] नियइ निबवाहिणि । १०
जो फुरंतजिणभवणरवण्णउ[14] [15]वंदणभत्तिमिलियसुरछण्णउ[16] ।
रायागमणु मुणिवि णं रहसिउ[17] फुल्लकयंबदुमहिं उद्धसिउ ।
नच्चइ व्व नच्चंतमऊरहिं गज्जइ व्व सुरदुंदुहितूरहिं ।
पणवइ व्व फलनामियडालहि उप्पिडइं[18] व कुरंगसिसुफालहिं ।
ण्हावइ[19] जिणपडिमहिं सुरण्हवियहिं[20] कुलकुलइ व कोइलकुललवियहिं । १५
सो गिरि नियवि नवेवि जिणचलणइं[21] पुणु थोवइं[22] लंघेवि नइवलणइं[23]
तहिं आवासु निवेण लइज्जइ सेणावइपमुहहिं[24] सूइज्जइ[25] ।
रायंतेउरवासु पइण्णउ[26] अग्गइ सीहवारु[27] संदिण्णउ[28] ।
तक्खणे रुद्ध-पत्तसंचारहिं संदण उज्जोत्तिय[29] जोत्तारहिं ।
[30]मत्तमयंग-निबंधणचेट्ठहिं[31] सरलरुक्ख पडिगाहिय मेट्ठहिं । २०

वस्त्र) पहने हुए थो, तथा महुएके गिरे हुए कुसुमोंके लिए लपकती हुई मछलियोंसे युक्त थी। उसमें गिरे हुए सैकड़ों अंकोल्ल पुष्प मानो सैकड़ों स्त्रीभ्रमर थे, जिनकी गंधसे अत्यंत आसक्त हुए भौंरे उनपर मधुर गुंजार कर रहे थे। क्रीड़ा करती हुई शबर सुंदरियोंसे वह ईषत् मर्दित हो रही थी, और उनके कठोर व स्थूल स्तनोंसे उसकी लहरें टूक-टूक हो रही थीं। उस महाजलवाहिनीको उतरकर नृपसेनाने कुरलपर्वतको देखा, जो (अपने उन्नत शिखरोंसे) चमकते हुए जिनभवनोंसे रमणीक था, और वंदन-भक्तिसे एकत्र हुए देवोंसे आच्छादित था, (अथवा जहाँ वंदनाकी भक्तिसे देवकन्याएँ एकत्र थीं)। राजाके आगमनको जान, मानो हर्षित होकर वह फूले हुए कदंबद्रुमोंसे रोमांचित हो गया; नाचते हुए मयूरोंसे वह मानो नाचने लगा, और देवदुंदुभियोंके तूरसे मानो (हर्षपूर्वक) गर्जन करने लगा; फलों (के भार) से झुकाये हुए डालोंसे मानो प्रणाम करने लगा, और कुरंग शिशुओंके उछल-कूद करनेके रूपमें, मानो उसने नृपतिको (अर्घ) अर्पण किया, देवों-द्वारा अभिषेक करायी जाती हुई जिनप्रतिमाओंके रूपमें मानो उसने नृपतिका ही अभिषेक कराया, और कोकिलसमूहके आलापसे मानो आनंदसे कुलकुला उठा। उस पर्वतको देखकर, जिनचरणोंको नमन करके, और फिर नदीके और थोड़े-से मोड़ोंको लांघकर नृपने पड़ाव डाला, तथा सेनापति प्रमुख लोगोंसे इसकी सूचना की गयी। राजाका अंतःपुरनिवास विस्तीर्ण किया गया, व उसके आगे सिंहद्वार दिया गया। तत्क्षण पदातियोंके संचरणको अवरुद्ध करते हुए, योक्ताओं (रथवानों) ने रथोंके जोत उतार दिये। मत्तमातंगोंको बाँधनेमें सचेष्ट महावतोंने सरलवृक्षोंको ले लिया। गलेमें बेलें डालकर बाँधी

---

९. क ब क °समरी। १०. ख ग गंधद्धिर०; घ गंधं°। ११. घ °वहरी। १२. क क थट्ट°; ख घट्ट°; ग घट्टघोरथण°। १३. क क कुरल°। १४. क °ण्णउं; घ न्नउं। १५. क क °हत्ति°। १६. क क °ण्णउं; ग °कण्णउ; घ °न्नउं। १७. क ब क हरिमिउ। १८. क क उप्फलइ; ख ग उप्पि°। १९. क °वइ व; क °वइ ब्व ख ग ण्हाइ व; घ न्हाइ व। २०. घ सुरन्ह°। २१. क °णइ। २२. प्रतियोंमें °इ। २३. क क °णइ। २४.; क क °हिं; ख ग °हाहिं। २५. ख सुवि°; ग सुचि°। २६. क क °ण्णउं; ख ग °पयण्णउ। २७. क क सिंह°। २८. क क °ण्णउं; घ °न्नउ। २९. क क उंजो°। ३०. घ मत्तगइंदनिबंधणु। ३१. क °वेट्ठहिं।

दिण्णवल्लिगल[32]-खोडीसंगम[33] संचारिय भंदुरहिं[34] तुरंगम ।
गुडुरदूसावासकयग्गहु नियठाणहिं ठिउ रायपरिग्गहु ।
घत्ता—तहिं रेवानइ कण्णए[35] तरुसंछण्णए[36] कुरुलगिरिंदहो[37] नियडउ ।
सेणियरायहो[38] बलु कय-सममहियलु इय आवासिउ वियडउ ॥१०॥

[११]

वस्तु—सीहवारहो पुरउपरि ठविउ
सविलासकामिणिललिउ पिंडवासु सहुँ पण्णसालहिं[1] ।
पुणु विविहकेणयभरिउ हट्टमग्गु किउ कोट्टवालहिं ॥
नडविडडोवहिं[2] विट्टलिउ[3] पइसवि[4] रंधणे हट्टु ।
दब्भहिं[5] गद्दहचव्वियहिं[6] संज्झा वंदइ भट्टु ॥१॥
आर्या—गलनिहितकुसुममालश्चंदनसंचर्चितः सनिःश्रावः ।
भट्टः प्रविशति हृष्टो गुणगणिकां[7] हट्टकुट्टिन्याः ॥१॥
आवासिउ मगहनरिंदु तेत्थु कह वट्टइ जंबूसामि जेत्थु ।
गयणगइसमाणु[8] विमाणवंतु निविसेण जि केरलनयरि पत्तु ।
ता पट्टणबाहिरि कयवमालु संगामतूरभरियंतरालु ।

हुई गधियोंके संगमके लिए घुड़सालोंमें घोड़ोंका संचार कराया गया। कपड़ेके तंबुओंका आश्रय लेकर राजाका सारा परिग्रह (सैन्य) अपने-अपने स्थानोंपर स्थित हो गया। वहाँ रेवा नदीके किनारे, वृक्षोंके सायेमें, कुरल गिरिराजके निकट श्रेणिक राजाका सैन्य भूमिको समान करके विस्तारसे बस गया ॥१०॥

[११]

सिंहद्वारके आगे सेनाके लिए पण्यशालाओं (दुकानों) से युक्त एवं विलासपूर्ण कामिनियोंसे ललित आवास बनाया गया, फिर कोटपालोंके द्वारा विविधप्रकारके क्रेय (कीनने-योग्य) पदार्थोंसे भरा हुआ हाटमार्ग (बाज़ार) बनाया गया। नटों, विटों व डोमोंने रसोइयोंमें प्रवेश कर उन्हें बिटाल दिया (अशुद्ध कर दिया), और भ्रष्ट ब्राह्मण गधोंके द्वारा चबाये गये दर्भसे संध्यावंदन करने लगा। गलेमें पुष्पोंकी माला डाले (मस्तकपर) चंदनका लेप किये हुए एवं पसीना चूते हुए एक भ्रष्ट (ब्राह्मण) गुणोंकी गणिका (अर्थात् गुणोंको लूटनेवाली) बाज़ारू कुट्टनी (के डेरे) में हर्षित होकर प्रवेश करने लगा।

इसप्रकार वहाँ मगधराजने पड़ाव डाल लिया। उधर जहाँ जंबूस्वामी थे, वहाँकी कथा इसप्रकार हुई—गगनगतिके साथ विमानमें बैठकर निमिषमात्रमें वह केरल नगरीको प्राप्त हुआ। वहाँ पत्तनके बाहर संग्रामतूरोंके द्वारा किया हुआ कोलाहल दिगंतोंको भर रहा था। फहराते

---

३२. ख ग घ दिण्ण°; क ङ °वेल्लि। ३३. क ङ खोली°। ३४. क °रहि। ३५. घ °ण्णइं। ३६. क ग ङ कुरल°; ख ग °गिरंदहो। ३७. ख ग घ ङ सेणियमहरायहो। ३८. क ङ °थलु।

[११] १. घ पण्ण°। २. क घ ङ °भडडोमहिं। ३. क ङ विट्टिलउ; ख ग घ विट्टलउ। ४. क घ ङ °सिवि। ५. क °हि। ६. क गद्दहि च°; ख ग °चच्चि°। ७. ख ग गुणतणिकां। ८. घ °समाण।

धुव्वंतमहाधयधवलचिंधु उम्मग्गलग्गु णं पलयसिंधु ।
गज्जंतमत्तमायंगफारु हिलिहिलियतुरंगमथट्टसारु ।
तिक्खुक्खयपहरणसुहडवंतु आमुक्कहक्कभेसियकयंतु ।
तं नियवि कुमारें तक्खणेण गयणगइ वुत्तु विभियमणेण ।
प्रहु[1] दीसइ[2] काइँ सकोउहल्लु तो कहइ खयरु प्रहु[11] अम्ह सल्लु । १५
प्रहु[11] सो जो मग्गइ वरकुमारि प्रहु[11] सो जो बलथंभियतमारि ।
प्रहु[11] सो जो विसरिसजमपयाउ संतावियउ[15] जेण मियंकु राउ ।
प्रहु[13] सो जसु रणजयकयपयज्जु[14] तुहुँ[14] आउ वइरिसिरसिहरिवज्जु[16] ।
सहुँ सेण्णें[17] सुरहु[18] मि हियय[19]सूलु प्रहु[12] सो विज्जाहरु रयणचूलु ।
बोल्लइ कुमारु पेक्खहुँ[20] पमाणु खंधारसमुहुँ खंचहि[21] विमाणु । २०

घत्ता—ताम विमाणु विलंबिउ महियले लंबिउ जंबुकुमारुत्तिण्णउ[22] ।
पुणु पइसइ आसंकहो कज्जि मियंकहो रिउखंधारु पइण्णउ[23] ॥११॥

[१२]

वस्तु— नियडनहयले[1] चलइ सविमाणु
विज्जाहरु गयणगइ जंबुसामि महिवट्टे चल्लइ ।
रणरहसरंजियमणहो[2] जंसु[3] चलंत[4] महिवीढु हल्लइ[5] ॥

हुए महाध्वजों तथा धवल पताकाओंसे वहाँ ऐसा दृश्य उपस्थित हो रहा था, मानो प्रलय-समुद्र ही उन्मार्ग अर्थात् (अपनी मर्यादा छोड़कर) आकाशमें जा लगा हो । मत्तमातंग भारी गर्जन कर रहे थे, और श्रेष्ठ तुरंगमोंके समूह हिनहिना रहे थे, तथा म्यानोंसे निकाले हुए तीक्ष्ण शस्त्रोंको धारण करनेवाले सुभटोंके द्वारा छोड़ी हुई हुंकारोंसे वह कृतांतको भी भयभीत कर रहा था । यह सब देखकर कुमारने तत्क्षण ही विस्मित मन होकर कहा—कौतूहलवर्द्धक यह सब क्या दीख रहा है ? तो खेचरने कहा, यही तो हमारा कांटा है, यही वह है जो उस श्रेष्ठ कुमारीको मांगता है, जो अपने बलसे सूर्यको भी स्तंभित कर देता है, जो यमके समान अद्वितीय प्रतापवाला है, जिसने मृगांकराजाको संतप्त किया है, और जिसको रणमें जय करनेकी प्रतिज्ञा करके तू इस वैरीके शिररूपी पर्वतके लिए वज्र बनकर आया है । अपनी सेनाके साथ यह देवताओंके लिए भी हृदयका शूल बना हुआ है, यही (वह) विद्याधर रत्नचूल (रत्न-शेखर) है । इसपर कुमारने कहा, मैं इसका (सैन्य) प्रमाण देखना चाहता हूँ, अतः विमान-को स्कंधावारके सन्मुख खींच लीजिये । तब गगनगति विद्याधरने विमानको रोककर, पृथ्वीसे मिलाया, जंबूकुमार उसमें-से उतरा, व मृगांकके कार्यसे, शत्रुके उस फैले हुए स्कंधावारमें आशंकापूर्वक प्रवेश किया ॥११॥

[१२]

नभस्तलके निकट विमानसहित गगनगति चल रहा था, और पृथ्वीपर जंबूस्वामी चल रहे थे । रणकी उत्कंठासे भरे हुए मनसे उसके चलते हुए पृथ्वीतल हिल उठा । अनार्य जाति-

९. क ख ग क इउ । १०. क क °इं । ११. क क इहु । १२. क क संतवियउ । १३. क ° ध क इहु । १४. क क रणकयजयपयज्जु; ख ग °पयज्ज घ °पइज्जु । १५. प्रतियोंमें 'तुइ' । १६. ख ग °वज्ज । १७. क क सण्णें; घ सिन्नि । १८. घ °हि । १९. क क हियइ° । २०. प्रतियोंमें °हुं । २१. ख ग घ °हिं । २२. क घ क ण्णउं । २३. घ °अउं ।

[१२] १. ख ग घ नियडु नहं° । २.घ °रंगियम° । ३.क घ क पयभरेण । ४.क क धरवीढु डोल्लइ ।

देसल्लहसि संबंधियउ[५] वणि ववहारु बहुत्तु ।
पेक्खंतउ दीसइ जणहिं[६] राउलवारि पहुत्तु ॥ १ ॥

तं भणिउ[७] कुमारें नयपसत्थु पडिहारु कणयमयदंडहत्थु ।
कह नियनरिंदहो सारभूउ पट्ठविउ मियंकें आउ दूउ ।
'तो गं पि[८] दंडधारें[९] समत्त[१०] अत्थाणें[११] निवेइय निवहो[१२] वत्त ।
परमेसर रक्खणसुहडसारि अच्छइ मियंकपहुदूव[१३] वारि ।
लहुं[१४] पइसउ[१५] इय आएसिएण पइसारिउ जंबुकुमारु तेण ।
आवंतउ रयणसिहेण दिट्ठु सव्वहं[१६] मि[१७] चमक्कउ मणे पइट्ठु ।
नहमणिफुरंतपयदिण्णचिक्खु तणुतेयतविय-अरिदुण्णिरिक्खु[१८] ।
पीवरचामीयरथंभजंघु[१९] थिरदिट्ठि[२०]-विलंबियवइरिसंघु ।
करजुवलुब्भासियकमलकंबु[२१] केसरिकिसोरचक्कलनियंबु[२२] ।
दिढसुललियनेसियदिव्ववत्थु[२३] मणिफुरियछुरियबंधणपसत्थु[२४] ।
हारच्छवि[२५] पयडइ छइयवच्छु[२६] [२६]संगामसूरकरि-दवणदच्छु[२७] ।
दीहरकरिकरसमबाहुदंडु मणिकुंडलमंडियचारुगंडु ।

के उस देशके व्यवहारमें कुशल वह वणिक् (पुत्र) लोगोंके देखते-देखते राजकुलके द्वारपर पहुँचा हुआ दिखाई दिया। (वहाँ पहुँचकर) कुमारने सुवर्णमयदंड हाथमें लिये हुए, और व्यवहार-कुशल प्रतिहारको कहा—अपने नरेंद्रको यह महत्त्वपूर्ण बात कहो कि मृगांकका भेजा हुआ दूत आया है। तब सभामंडपमें जाकर दंडधरने राजाको समस्त वार्ता निवेदित की—'हे श्रेष्ठ सुभटोंके पालक परमेश्वर, मृगांक राजाका दूत द्वारपर विद्यमान है।' 'शीघ्र प्रवेश कराओ', ऐसा आदेश पाकर, उसने जंबूकुमारको प्रवेश कराया। रत्नशेखरने उसे आते हुए देखा, और सबके मनमें एक चमत्कार उत्पन्न हो गया। उसके नखमणियोंसे प्रकाशित चरणोंमें जिनकी दृष्टि लगी थी, ऐसे शत्रुओंके लिए तेजसे तप्त उसका शरीर अत्यंत दुष्प्रेक्ष्य था! वह पुष्टसुवर्णस्तंभके समान जांघोंवाला था, और उसकी स्थिर (निश्चल) दृष्टिसे वैरियोंका संघ तिरस्कृत हो रहा था। उसके करयुगलमें कमल और शंख (के चिह्न) उद्भासित हो रहे थे, और उसके नितंब तरुणसिंहके समान चक्राकार थे। वह सुदृढ़, बहुत सुंदर तथा प्रशस्त एवं दिव्यवस्त्रोंको पहने हुए था, जिनके बंधन मणियोंकी कांतिसे व्याप्त हो रहे थे। उसका वस्त्रोंसे आच्छादित वक्षस्थल, जो संग्रामसूर हाथियोंका दमन करनेमें दक्ष था, हारकी कांतिसे प्रकट हो रहा था। हाथीके दीर्घ सूँडके समान उसके बाहुदंड थे, और सुंदर कपोल

५. ख ग घ °संवद्धि°। ६. क ङ °हि। ७. क ख ग ङ दिट्ठु। ८. क ङ जं जं पि। ९. क ङ दंडधारेण; घ °धारिण। १०. ङ °त्तु। ११. क ङ में अत्थाणे···वत्त के पूर्व 'तो भणिउ कुमारें णयपमत्त' यह अर्द्ध पंक्ति अधिक है। १२. ङ णियहो। १३. ख ग घ °दूउ। १४. घ लहइ। १५. ख ग °सहु। १६. क ख ग ङ °हु। १७. क ङ वि। १८. घ °दुन्नि°। १९. क ङ °खंभजंघु। २०. ख ग थिरदिट्ठि°। २१. घ करजुयलु°। २२. क घ ङ °किसोरु०। २३. क ङ °वत्थ। २४. क ङ °समत्थ; ख ग °समत्थु। २५. ख ग घ पडपच्छइय°। २६. ख ग °सूरु°। २६. घ °दमणदच्छ।

तंबिरफुरियाहरु[२८] पीणखंधु सियकुसुमुब्भासियकेसबंधु ।
चिंतिज्जइ रयणसिहेण एम[२९] दूयत्तणु आयहो[३०] घडइ केम ।
प्रहु बालु न माणुसु अण्णु[३१] कोइ रेहा वि एह दूवहो[३२] न होइ । २०
नउ नवइ न बइसइ साहिमाणु लइ सुणमि[३३] ताम[३४] आयहो[३५] पमाणु ।
मण्णंतें[३६] इय विज्जाहरेण देवाविउ आसणु मइवरेण[३७] ।
वइसरेवि कुमारें न किउ खेउ रयणसिहुँ[३८] पुवुत्तइ सावलेउ ।
घत्ता–जइ जाणहि[३९] परमत्थें[४०] भणमि हियत्थें[४१] अणयायारु म पवत्तहि[४२] ।
[४३]दप्पु विलुंपिवि[४३] बुज्झहि[४४] समरे म जुज्झहि[४५] अज्ज वि गयप्प[४६] नियत्तहि[४७] ॥१२॥२५

[१३]

वस्तु— माय-बप्पहिं[१] दिण्ण जा कण्ण
निन्नासियदुन्नयहो[२] वइरिवीरविद्दवियछायहो ।
सरणाइयपविपंजरहो[३] सेणियस्स महरायरायहो ॥
तहिं[४] कारणि असग्गाहु किउ जो सो अज्ज वि मेल्लि ।
जाणंत वि मा मुहि[५] छुवहि[६] हालाहलविसवेल्लि ॥ १ ॥ ५

मणिकुंडलोंसे मंडित थे । उसके अधर तांबेके समान-लालिमासे प्रकाशित थे, और कंधे बहुत ऊँचे, एवं केशबंध श्वेत कुसुमोंसे उद्भासित । (उसे देखकर) रत्नशेखर सोचने लगा— 'इसका दूतपना कैसे घटित (संभव) हो सकता है ? यह बालक मनुष्य नहीं, कोई अन्य ही है । दूतकी इसमें कोई रेखा तक नहीं है । न तो यह नमस्कार करता है, और न स्वाभिमान-के कारण (अपने आप बिना कहे) बैठता ही है । तो फिर अब इसकी बात सुन लेता हूँ'; इसप्रकार मानते हुए उस मतिमान विद्याधरने उसे आसन दिलवाया । बैठकर कुमारने जरा भी कालक्षेप नहीं किया, और वह रत्नशेखरसे अभिमानपूर्वक ऐसा कहने लगा—यदि तू समझे, तो मैं परमार्थसे तेरे हितकी बात कहता हूँ कि अनाचारका प्रवर्त्तन मत कर ! दर्पका लोप (त्याग) करके इस बातको समझ ! युद्धमें मत जूझ, और अभी भी गये (चले) हुए (अनीतिके) मार्गसे वापिस लौट जा ! ॥१२॥

[१३]

माँ बापने जिस कन्याको दुर्नीतिका नाश करनेवाले, वैरी-वीरोंकी कांतिको नष्ट करनेवाले, शरणागतों (की रक्षा) के लिए वज्रपंजर एवं महाराजाओंके राजा अर्थात् महा-राजाधिराज श्रेणिकके लिए दे दी, उसके लिए तूने जो असद् आग्रह किया है, उसे अब भी छोड़ दे । जानते हुए भी हालाहल विषकी बेल मुँहमें मत डाल !

---

२८. ख ग घ °हर । २९. क ङ एव । ३०. घ °हि । ३१. घ अणु । ३२. ख ग घ दूयहो । ३३. घ मु° । ३४. क ताइं; ङ ताव । ३५. क ङ एयहु । ३६. घ मन्नंति । ३७. क ङ मय° । ३८. क घ क °सिहु । ३९. क ङ °इ; घ °हिं । ४०. क; °वत्थें ङ °वत्थें । ४१. क °त्थे । ४२. घ °तहिं । ४३. क ङ दप्पुब्भडपवि°; ख ग दप्पुविलंघिवि । ४४. क ख ग °हि । ४५. क ङ °हिं । ४६. घ °इं । ४७. ख ग निवत्तयहि; घ °त्तहिं ।

[१३] १. क ख° हि । २. क ङ°वण्णणा° दुण्ण°; ख ग निण्णा° दुण्ण° । ३. क ङ °वियपयपंज°, घ सरणागय° । ४. क ङ तहु, घ तहिं । ५. क ङ मुहिं । ६. क घ ङ छुहहि ।

अक्क-मियंक-सक्ककंपावणु हा मुउ सीवहे[७] कारणे रावणु ।
अलियदप्पदप्पिय[८]-मइमोहणु कवणु अणत्थु पत्तु दुज्जोहणु ।
तुज्झु न दोसु दइवकिउ[९] धावइ अणउं[१०] करंतु महावइ पावइ ।
जिह जिह[११] दंडकरंबिउ जंपइ तिह तिह[१२] खेयरु रोसहिं[१३] कंपइ[१४] ।
१० थड्ढकंठु-सिरजालु पलित्तउ चंडगंडपासेयपसित्तउ ।
दट्ठाहरु गुंजुज्जललोयणु फुरहुरंतनासउडभयावणु[१५] ।
पेक्खेवि पहु सरोसु सन्नामहिं[१६] वुत्तु वओहरु मंतिहिं ताम हि[१७] ।
अहो अहो दूय दूय साहसगिर जं पइं[१८] चविउ दंडगब्भिउ[१९] किर ।
अण्णहो[२०] जीह एह[२१] कहो वग्गइ[२२] खयरविसरिसनरेसहो अग्गइ ।
१५ भणइ[२३] कुमारु एहु रइलुद्धउ वसणमहण्णवे[२४] तुम्हहिं[२५] छुद्धउ ।
रोसं भरिउ[२६] हियत्थु वि न सुणइ[२७] कज्जाकज्जु बलाबलु न मुणइ ।
रोसु अ दोसु मणूसु नडावइं[२८] अयसु[२९] समुच्चयवंसेचडावइं[२८] ।
पहिलउ गलइ बुद्धि रूसंतइ[३०] पच्छइ सेयसलिललवसंतइ[३०] ।
पढमविवेउ पावरसु रंजइ[३१] पच्छइ पुणु लोयणइं न वज्जइ[३०] ।

'अहो ! अर्क (सूर्य), मृगांक (चंद्र) और शक्र (इंद्र) को (अपने भय से) कंपानेवाला रावण सीताके कारण मरा । मतिको नष्ट करनेवाले झूठे दर्पसे दर्पित दुर्योधन कैसे अनर्थ को प्राप्त हुआ । तेरा कोई दोष नहीं है, तू दैवका मारा भागा-भागा फिरता है । इसप्रकारकी अनीति करनेवाला महान् आपत्तिको प्राप्त होता है ।' जैसे-जैसे जंबूकुमार ऐसे दंडगर्भित (दर्पपूर्ण व अभिमानोत्तेजक) वाक्य बोलता, वैसे-वैसे खेचर अधिकाधिक रोषसे कांपता । (क्रोधके आवेगसे) उसका कंठ स्तब्ध हो गया, शिरा-जाल प्रदीप्त हो उठा, और विशाल कपोल प्रस्वेदसे सिक्त हो गये । ओठोंको काटते हुए, गुंजाके समान उज्ज्वल (चमकीले) लोचन, तथा फड़कते हुए नासापुटसे भयानक, ऐसे अपने स्वामीको रुष्ट हुए देखकर, तभी सन्नामधारी मंत्रियोंने दूतसे कहा—अहो ! अतिसाहसपूर्ण वाणी बोलनेवाले दूत ! तूने जो कहा वह निश्चयसे शक्तिके अभिमानसे पूर्ण एवं नाशका कारण है । क्या किसी दूसरेकी जिह्वा है, जिससे तू प्रलयकालीन सूर्यके समान प्रचंड तेजस्वी इस राजाके आगे ऐसा बोल रहा है ? इसपर कुमारने कहा—रतिके लोभी इस राजाको तुम लोगोंने संकटके महासागरमें डाल दिया है । रोषसे भरा होनेसे यह अपने हितार्थको भी सुनता नहीं, और न कार्य-अकार्य व बलाबलको ही समझता है । रोष व द्वेष मनुष्यको नाना नाच नचाते हैं, एवं अति उच्च (महान्) वंशमें भी अपयश लगाते हैं । रुष्ट होनेवालेकी बुद्धि पहले ही भ्रष्ट हो जाती है, पीछे पसीनेके जलबिंदुओंकी धारा (संतति) विगलित होती है । पहले तो पाप-रस विवेकको रंग देता है (दूषित कर देता है), पीछे नेत्रोंको भी नहीं छोड़ता (उन्हें भी क्रोधके आवेशसे लाल कर देता है) ।

---

७. घ °हिं । ८. ख दलिय° । ९. क ग °दप्पिउ । १०. घ दइउ° । ११. घ °उं । १२. घ जिहं जिहं; क ख जिहं जिह । १३. घ तिहं तिहं । १४. क ग रोसिहिं । १५. क °इं । १६. क ग °णासिउड° । १७. क ग सण्णा° । १८. क घ ग °हिं । १९. क ख घ ग ङ पइ । २०. ख ग दंड° । २१. घ अन्नहो । २२. क ग एम । २३. घ °इं । २४. घ °न्नवि । २५. ख ग °हिं । २६. ख घ °सरिउ । २७. क मुणइं; घ ङ सुणइं; । २८. ख ग °वइ । २९. ङ अजसु । ३०. क घ °इं । ३१. क °इं ।

पहिलउ कालसप्पु मणु डंकइ[31] पच्छइ अहरबिंबु ना संकइ[31]। २०
पहिलउ फुरणु अकत्तिहिँ धावइ[31] पच्छइ पुणु नासउडिहिँ[32] पावइ[31]।
रोसमहाभरु धीरहिँ[33] दम्मइ[34] इयरु[35] पुणु वि[35] रोसेण निहम्मइ[34]।
जित्तु जि एण वि कुमइ न लज्जइ केम महंतविरोहें गज्जइ।
पभणइ[36] रयणचूलु[36] अवमाणहि[39] दूउ होवि बोल्लणहँ न जाणहि[39]।
वार वार अम्हहँ[40] अवगण्णहि[41] वार वार सेणिउ[42] निव्वण्णहि[43]। २५
महु भएण पुरे पइसिवि थक्कहो वार वार जउ ठवहि मियंकहो।
कहहि[44] तासु जइ रणे अब्भिट्टइ तेरउ दूउ[45] गमागमु तुट्टइ।
विज्जाहरहिँ अम्ह रणे आयहिँ कवणु गहणु भूगोयररायहिँ।
भणइ बालु रहुवइ भूगोयरु रावणु किं न आसि विज्जाहरु।
जइ आयासें[46] गमणु हुउ कायहो तो किं सो जि[47] थाणु गुणभायहो[48]। ३०
विरुवउ[49] वुत्तु मियंकु असक्कउ तउ भएण किं नियपुरि थक्कउ।

घत्ता—विद्धंसियकरिकाणणु जं पंचाणणु निवसइ सिहरिखयालहिँ[50]।
पयइ[51] एह तहो लक्खहि[52] अह पुणु अक्खहि[53] किं वीहंतु[54] सियालहिँ ॥१३॥

पहले तो यह (क्रोधरूपी) काला साँप मनको डंस लेता है, पीछे निःशंकरूपसे अधर-बिंबको भी (क्रोधके आवेशसे व्यक्ति ओठोंको काटने लगता है)। प्रथम तो अपकीर्त्तिका स्फुरण होता है, पीछे नासापुटोंका फड़कना। रोषके महान् आवेगका धीरपुरुषों-द्वारा दमन किया जाता है, किंतु इतर (अधीर) व्यक्ति स्वयं रोषसे मारा जाता है। इस (क्रोध) से विजित होकर भी यह कुमति (दुर्बुद्धि खेचर) लज्जित नहीं होता, प्रत्युत कैसे महान् वैरसे गरजता है। (यह सुनकर) रत्नचूल कहने लगा—दूत होकर बोलना भी नहीं जानता, और हमारा अपमान करता है। बार-बार हमारी अवगणना (निंदा) करता है, और श्रेणिक राजाकी प्रशंसा; तथा मेरे भयसे नगरमें भीतर घुसकर बैठे हुए मृगांकके विजयकी स्थापना। रे दूत! उससे कहो कि यदि रणमें आकर भिड़े, तो तेरा यह आना-जाना छूट जाये! हम विद्याधर राजा जहाँ युद्धमें आये हों, वहाँ भूगोचरी राजाओंकी हमसे क्या स्पर्धा? इसपर बालकने कहा—क्या रघुपति भूगोचरी और रावण विद्याधर नहीं थे? यदि कौवे (काक, पक्षमें काय = शरीर)का आकाशमें गमन हो गया, क्या इसीसे वह गुणोंका पात्र बन गया? और यह वृत्तांत भी विरूप अर्थात् झूठा है कि मृगांक अशक्य (असमर्थ) है। वह क्या तेरे भयसे अपनी नगरीमें स्थित है? हस्तिसमूहरूपी काननको विध्वस्त करनेवाला जो सिंह गिरिकंदरामें (जाकर) रहता है, यह तो उसकी प्रकृति ही देखी जाती है; कहीं कहो! वह क्या सियालोंसे डरकर ऐसा करता है? ॥१३॥

---

३२. क ख ङ °ड्डहो। ३३. ख ग वी°; घ वीरिहिं। ३४. क ग घ ङ °इं। ३५. क वि पुणु। ३६. क घ ङ °इं। ३७. घ °णइं। ३८ क °चूल। ३९. प्रतियोंमें °णहि। ४०. घ अम्हहं। ४१. क ख ग ङ °ण्णहि; घ °न्नहि। ४२. घ °उं। ४३. क ङ णिउ वण्णहि; ख ग °ण्णहि; घ °न्नहि। ४४. ख ग कहइ। ४५. क ङ दूअ। ४६. क घ ङ °स। ४७. क घ ङ जि; ख ज्जे; ग जे। ४८. क घ ङ गुणु°। ४९. ख ग °यउ। ५०. ङ खयालहि। ५१ क ङ °इं। ५२ प्रतियोंमें °हि। ५३. क ख ग ङ °हिं। ५४. क घ ङ °ति।

[१४]

वस्तु — हत्थतलहयकुंभिकुंभयल[1]—
उक्खित्तमोत्तिय नियवि नहरक्खुत्त[2] सीहहो कमंतहो।
अहिलसहि[3] तं हरि हणवि[4] अवसबंधु तुहुँ तहो कयंतहो[5]॥
सो हउँ[6] दूउ न जो कहमि जायवि बोल्लु निरत्थु।
तउ वड्ढियदुण्णयदुमहो[7] फलदक्खवणसमत्थु॥ १॥

तो महितलप्पंतविज्जाहरिंदेण उक्खित्तहत्थेण णं वणकरिंदेण।
नवनिसियपहरणफडाडोयनाएण[9] पंचमुहगुंजारसण्णिहनिनाएण[10]।
लइ लेहु लेहु त्ति आणत्तभिच्चेण[11] उट्ठंतसंतेण संगरदुच्चेण।
ता उट्ठिया दुट्ठदप्पिट्ठबललट्ठ[12] हणु हणु भणंताण खयराण सहसट्ठ।
[13]उग्गिण्णकरवालसंथाणथक्केहिं[14] नामंतकोंतेहिं[15] भामंतचक्केहिं[16]।
धणुगुणनिवेसंत[17]-कड्ढंतबाणेहिं[18] हंतुं समारद्ध अमुणियपमाणेहिं।
तो दिट्ठ दट्ठोट्ठरुट्ठारिभावेण[19] उद्धं कमंतेण जंबूकुमारेण।
करि[20] धरिय असिदुहिय-संदिण्णरणलोह[21] छुहदुहियकालस्स[22] लवलविय णं जीह।
[23]इय जुज्झमाणेण हयपेयखंडेण पाडेइ विज्जाहरा भीमगयएण[23]।

[१४]

अपने हाथके पंजेसे आहत हाथीके कुंभस्थलसे उखाड़े हुए(गज)मुक्ताओंको, जाते हुए सिंहके नखोंसे गिरे हुए देखकर, (उसका पीछा करके) तू उस सिंहको मारना चाहता है, तो तू अवश्य ही उस यमराजका बंधु है (अर्थात् तू बहुत शीघ्र यमपुरी जाना चाहता है)। मैं वह दूत नहीं हूँ, जो जाकर निरर्थक बात कहूँ। मैं तेरे बढ़े हुए दुर्नीतिरूपी द्रुमका फल तुझे यहीं दिखानेमें समर्थ हूँ। तब पृथ्वीपर ठोकर मारते हुए, बनैले हाथीके समान हाथ (पक्षमें सूँड) उठाये हुए, नागके फणाटोपके समान नये शान दिये हुए शस्त्रको लिये हुए, सिंहगर्जनके समान निनाद करके उठते हुए, उस-संग्राम दैत्यके द्वारा अपने भृत्योंको यह आज्ञा दी जाने पर कि ले लो ! ले लो (पकड़ो ! पकड़ो !)! बलमें प्रधान (श्रेष्ठ बलशाली) अष्टसहस्र दुष्ट व दर्पिष्ठ (गर्वीले) खेचर मारो मारो कहते हुए उठे। तलवारोंको निकालकर और वार करनेकी स्थितिमें आकर, भालोंको झुकाते हुए और चक्रोंको घुमाते हुए, धनुपपर डोरी चढ़ाते हुए एवं बाणोंको निकालते हुए, ऐसे अज्ञात प्रमाण (सहस्रों) भटोंने उसे मारनेका उपक्रम किया। तो यह देखकर जंबूकुमारने शत्रुओंके ऊपर बड़े भारी क्रोध भावसे ओष्ठ काटते हुए व ऊपरको उछलते हुए, अपने हाथमें वह कटारी धारण की जिसमें युद्धोंकी रेखाएँ पड़ी हुई थीं, और जो मानो भूखसे दुःखी यमराजकी लपलपाती हुई जिह्वा ही थी। इसप्रकार युद्ध करते हुए मारे गये

[१४] १. क °कुंभयड। २. प्रतियोंमें °क्खुत्तु। ३. घ °सहिं। ४. ख ग हणिवि। ५. क क कियं°। ६. क ख ग क हउ। ७. क क वड्ढियं; घ °दुण्णयं। ८. क क फलु°। ९. क °फडाहोयं°। १०. क घ ग °गुंजारि°; घ °सन्निह°। ११. क क आसत्ति°। १२. ख ग °लद्ध। १३. घ उग्गिण्ण°। १४. क °थक्केहि। १५. क क णामंति°। १६. क क भामंति°। १७. क ख ग क धणुगुणु°। १८. क क कड्ढंत°। १९क ख ग क °भारेण। २०. ख ग कर। २१. क क सा दिण्ण रणि°। २२ ख ग छुहु°। २३. घ में यह पूर्ण पंक्ति नहीं।

तहिं काले संपत्तु गयणगइ सविमाणु तेणप्पिओ लइउ[24] वरचम्मु[25] सकिवाणु[26] । १९
इह चडहि[27] मज्झ चडमि किं एत्थु[28] चडिएहिं संगामकालम्मि कोणंतदडिएहिं ।
नासंतपट्ठीए सिग्घं न धावेवि[29] अहं[30] जुज्झमाणम्मि एत्थेव पावेवि[31] ।
विज्जाहरा खग्गसलिलम्मि बुडंत अण्णे[32] पुणो पेक्खु[33] हरिणु व उडंत ।
इय भणिवि एक्कंगे[34] रिउसेण्णे उत्थरइ सो कवणु किर खयरु जो दिट्ठि तहो धरइ ।
परपहरवंचंतु नियघायमेल्लंतु सझडप्पदिढचम्मवट्टीए[35] पेल्लंतु । २०
अवहत्थ-समहत्थ-दढकालवट्टेहिं[36] करिठाणसंठाण-कुम्मासणट्ठेहिं ।
पंचाणणालोय-मिगकडगपाएहिं[37] सवियाससंकोयअवसारघाएहिं ।

प्रेतखंडरूपी भयानक गेंदासे वह कुमार विद्याधरोंको मार-मारकर गिराने लगा । इतनेमें गगनगति भी विमान-सहित वहाँ आ गया, और कुमारने उसके द्वारा अर्पित किये हुए उत्तम ढाल व तलवारको ले लिया । गगनगतिने कहा— यहाँ विमानमें चढ़ जाओ; (कुमारने कहा) नहीं, मैं नहीं चढूंगा । युद्धके समय इसमें चढ़कर (आत्मरक्षाके लिए) डरसे कोनेमें जानेसे क्या लाभ ? भागते हुओंके पीछे त्वरापूर्वक न दौड़कर, परंतु युद्ध करते हुए, यहीं प्राप्त करके (सामना करके) इन (अनेक) विद्याधरोंको मेरे खड्गकी धारारूपी जलमें डूबते हुए तथा अन्य (अनेकों) विद्याधरों (के कटे हुए शिरों) को (आकाशमें) हरिणके समान उड़ते हुए देखो । इसप्रकार कहकर जंबूकुमार शत्रुसेनाके एक अंगपर टूट पड़ा । फिर ऐसा कौन खेचर था, जो उसकी दृष्टिको सह सके (अर्थात् उसके आगे ठहर सके) । वह जंबूकुमार शत्रुके प्रहारसे अपनेको बचाता हुआ, अपना घात (प्रहार) शत्रुओंपर छोड़ता हुआ, झड़पपूर्वक शत्रुसेनाको सुदृढ़ चर्मपृष्ठ (ढाल) से (पीछेको) दबाता हुआ, अतिशय शक्तिशाली कालपृष्ठ (धनुष) के समान हाथोंको मारनेके लिए ऊँचा करके, हस्तिदंतवेधके समान गर्दन काटनेवाली खड्गरूपी नासिका (सूंड) से अधोमुख होकर; बैठकर; तथा कूर्मासनके द्वारा (शत्रुओंके) रथ-हाथी व घोड़ोंके कर-चरणोंका घात करते हुए; एवं सिंहावलोकनके समान आगेके शत्रुओंपर पादाघात करके शत्रुओंका संहार; तथा मृगके समान पैरोंके आगे करके शत्रु भूमिमें घुसकर क्रम-क्रमसे अग्रिम शत्रुओंका विनाश; फलक (शस्त्रविशेष) को वामपार्श्व में, व खड्गको पीछे छिपाकर शत्रुको यह दिखलाते हुए कि यह असावधान हो गया है, (ऐसा सोचकर) मारनेके लिए आगे आये हुए शत्रुको मारना; और शत्रुओंके द्वारा आघात किये जानेपर बाणमें फलक लगाकर शत्रुओंको मारना; एवं अकस्मात् पीछे हटकर फिर (सहसा आगे बढ़कर) शत्रुओंको मारना, इत्यादि अनेक प्रकारके कुमारके दाव-पेंचोंसे वह विद्याधर सैन्य

२४. क ख लयउ । २५. क ख °चम्म । २६ ख ग सकिमाणु । २७. क ब° । २८. ख ग एत्थ; घ एण । २९. क घ ङ °वेमि । ३०. घ जह । ३१ घ अन्ने । ३२. ख ग घ पेक्ख । ३३. घ °ण । ३४. प्रतियोंमें 'एक्कंगु' । ३५. क °दड्डीए; घ ङ °वट्टीए । ३६. ख ग घ °वट्टेहिं; ङ °वच्छेहिं । ३७. क °पाणेहिं ।

घत्ता—तं णिसुणेवि सवाहणु णवगयवाहणु एक्कहो तासु विसट्टइ[38]।
वीररसंकियअंगहो तरुणपयंगहो तिमिरु जेम णहि फिट्टइ[39] ॥१४॥

इय जंबूसामिचरिए सिंगारवीरे महाकव्वे [40]महाकइदेवदत्तसुयवीरविरइए सेणियदिसाविजउ णाम [41]पंचमो संधी समत्तो[41] ॥ संधिः ५ ॥

अपने समस्त वाहन नष्ट हो जानेसे, उस अकेले (जंबूकुमार) से ही इसप्रकार छिन्न-भिन्न होने लगा, जिसप्रकार वीररससे युक्त अंगों अर्थात् अत्यंत तेजस्वी किरणों-वाले सूर्यसे आकाशमें तिमिर फट जाता है ॥१४॥

इसप्रकार महाकवि देवदत्तके पुत्र वीर-कवि-द्वारा विरचित 'जंबूस्वामीचरित्र' नामक इस शृंगार-वीररसात्मक महाकाव्यमें श्रेणिकका दिशाविजय नामक यह पंचम संधि समाप्त ॥ संधि ५ ॥

---

३८. ख ग °ट्ठहो। ३९. क फट्टइ; ङ फट्टई। ४०. क ङ °देवदत्त°। ४१ क ब ङ पंचमा इमा संधी; ख ग पंचमो संधी परिच्छेओ सम्मत्तो।

संधि—६

[१]

देंत दरिद्दं परवसणदुम्मणं सरसकव्वसव्वस्सं ।
कइवीरसरिसपुरिसं धरणि धरंती कयत्थासि ॥
हत्थे चाओ चरणपणमणं साहुसीलाण सीसे[1] ।
[2]सच्चावाणी वयणकमलए वच्छे[3] सच्छापवित्ती[4] ॥
कण्णाणेयं[5] सुयसुयंगहणं[6] विक्कमो दोलयाणं । ५
वीरस्सेसो सहजपरियरो संपया कज्जमण्णं[7] ।
केरलनिवे[8] धरिए बिजयंतरिए विहिबलहिं[9] जुज्झमइ[10] फिट्टइ[11] ।
जंबूसामि तहिं हुउ[12] समरु जहिं रयणसिहरो रणे अब्भिट्टइ[13] ॥ १ ॥

राउलमज्झे समरकोलाहलु निसुणेवि बाहिरि[14] सन्नज्झइ बलु ।
उव्वेविरु[15] उम्मग्गें[16] धावइ कहिं[17] पारक्कउ[18] खोज्जु[19] न पावइ । १०
कोइ[20] भणेइ काइं प्रउ[21] वट्टइ कहिं[22] संचरहु धरायलु फट्टइ[23] ।
एकु मियंकु असक्कउ विग्गहे[24] पग्गिव[25] को वि लग्गु[26] पारग्गहे[27] ।

---

[१]

दरिद्रको दान देनेवाले, दूसरोंकी विपत्तिमें दुःखी और सरस-काव्यको ही अपना सर्वस्व समझनेवाले कवि वीरके समान पुरुषको धारण क[illegible] हुई, हे धरित्री ! तू कृतार्थ है ॥१॥ हाथमें चाप (धनुष), साधुशील पुरुषोंके अपने हो[illegible] विरस: प्रणाम, वदनकमलमें सच्ची वाणी, हृदयमें स्वच्छ प्रवृत्ति, कानोंमें इस सुने[illegible]मात्र वही ग्रहण, तथा बाहुलताओंमें विक्रम, वीरपुरुष (श्लेष-वीरकवि) का यह सहज-स्वा[illegible]रको बोरकर (साधन सामग्री) है, परंतु इस समय तो कार्य ही दूसरा है (अर्थात् अब तो[illegible]मान कविको युद्धका वर्णन मात्र करना है) । केरल नरेशके द्वारा धारण किये हुए आश्रय-[illegible] (केरल-नगरी) को छोड़कर (उसके बाहर) विधाताके बलसे युद्धमें मौत भी (भयसे) पलायन कर रही थी (?) अब जहाँ युद्ध हो रहा था, वहीं जंबूस्वामी रणमें रत्नशेखरसे भिड़ गये ।

राजकुलमें समर कोलाहल सुनकर बाहर (भी) सैन्य सन्नद्ध होने लगा । कोई उद्विग्न होकर उन्मार्गसे भागा, परंतु शत्रुका कहीं कोई चिह्न भी न पा सका । कोई कहने लगा, यह क्या हो रहा है ? कहाँ चलें—कहाँ भागें, धरातल तो फटा जा रहा है। अकेला मृगांक तो युद्ध करनेमें असमर्थ है, प्रायः (यह) कोई अज्ञात व्यक्ति ही युद्धमें लगा हुआ है । प्रचंड सैन्यने

---

[१] १. क सेसे; ख ग ङ सीसो । २. क ङ सव्वा° । ३. क ख ग वच्छि । ४. ख ग सत्था° । ५. घ कण्णा° । ६. क ख ग सुअ सु°; ङ सुअ सुअ । ७. ख ग °गणं । ८. क घ ङ °मन्नं । ९. क ङ °णिव १०. घ विहिं°; क °बलहि । ११. ख ग °इं । १२. क हुअ । १३. घ °ट्टइं । १४. क ख ग ङ सण्ण° । १५. घ उव्वि° । १६. क ङ ओमग्गहि । १७. ङ कहि । १८. घ पर° । १९. क ङ °ज्ज । २०. क घ ङ को वि । २१. क घ ङ इउ । २२. क कहि । २३. ख ग फु° । २४ क °हिं । २५. क घ ङ लग्गु को वि । २६. क ङ पारिग्गहि; घ पारिग्गहिं; ।

वेढिउ सिमिरु बलेण रउद्दें जंबूदीउ व खारसमुद्दें ।
अण्णें[27] वुत्तु न वइरि न विग्गहु भेयभिण्णु हुउ रायपरिग्गहु ।
कहइ को वि कासु वि संतत्तउ[28] कालु व[29] बालु को वि[30] संपत्तउ ।
तेण-त्थाणु असेसु सरायउ वट्टइ[31] रणे असिघायहिं घायउ ।

घत्ता—तो मणि विप्फुरियहिं पइसेवि पुरियहिं हेरियहिं मियंकहो अक्खिउ
तहिं[32] खणे तेत्तडए सत्तुहुँ कडए वित्तंतु नवर जं लक्खिउ[33] ॥ १ ॥

[२]

देव देव एक्को महाइओ कुमरु को वि रिउसेण्णे[1] आइओ ।
सेणिएण किं पेसिओ इमो सयणु[3] तुम्ह किं वा न जाणिमो[4] ।
तेण पक्खि संचडवि[5] तेरए वइरिसेण्णु करवालकेरए ।
गलपमाणु[6] जललोलवोलियं भुयणभारभुयदंडि[7] तोलियं ।
गरुयपहररुहिरोहचच्चियं पडियमुंड-[8]भडरुंडनच्चियं[9] ।
[10]छिन्नखयरकरचरणमंडियं रत्तपोत्तधररामरंडियं[11] ।
तुरिउ तुरिउ सन्नहिवि[12] धावहो जुज्झमज्झे एवहि[13] जि पावहो ।

(अपने राजाके) शिविरको इस तरह घेर लिया, जैसे जंबूद्वीप लवणोदधिसे घिरा है । तब किसी दूसरेने कहा—न कहीं शत्रु है, और न युद्ध, राजाकी सेनामें ही फूट पड़ गयी है । कोई संतप्त होकर किसीसे कहता है [illegible] कोई बालक आ गया है, और उस (अकेले) के द्वारा राजा सहित [illegible] तलवारके आघातोंसे घायल हुई है । तब मनमें अत्यंत प्रसन्न होकर पुरीमें [illegible] गुप्तचरोंने मृगांकसे वह अशेष वृत्तांत कहा जो उन्होंने उस अवसरपर शत्रुकी छावनी [illegible] ॥१॥

[२]

हे देव ! हे राजन ! [illegible] एक महर्द्धिक कुमार शत्रु-सैन्यमें आया है । क्या इसे श्रेणिकने भेजा है ? अथवा तुम्हारा कोई स्वजन है, यह हम नहीं जानते । उसने तुम्हारे पक्षमें चढ़ाई करके शत्रु सैन्यको अपनी तलवार (की धारा) के जलकी लहरोंमें गले तक डुबो दिया है, और भुवनके समस्त भारको अपने भुजदंडमें तौल लिया है (अर्थात् समस्त भुवनको मानो अपनी भुजाओंमें उठा लिया है); महान् प्रहारजन्य रक्तके प्रवाहसे उसे लीप दिया है; भटोंके गिरे हुए मुंडों व रुंडोंसे नचा दिया है, खेचरोंके कटे हुए हाथों व पैरोंसे मंडित कर दिया है; एवं (सौभाग्य-सूचक) रक्तवस्त्रोंको धारण करनेवाली (शत्रु) नारियोंको विधवा बना दिया है । अत्यंत शीघ्रतापूर्वक संनद्ध होकर वेगपूर्वक गमन कीजिए, और युद्धके मध्य अभी उससे

२७. घ अग्गि । २८. क ख सलत्तउ । २९. ख ग घ को वि वालु । ३०. ख ग वट्टइ । ३१. ख ग °यउ । ३२. ख तहि ।

[२] १. ख ग घ °सेण्णि । २. क ख आयउ । ३. ख ग °ण । ४. क ख या° । ५. क घ ङ °डिवि । ६. क घ ङ °पमाण । ७. क ख भुअणभारभरभुअहिं; °भारभरभुयहिं । ८. क ख गरुअ° । ९. घ °तुंड न° । १०. क ख छिण्ण° । ११. घ °मंडियं १२. क ख ग ङ सण्ण° । १३. घ °हि ।

तं सुणेवि रणरसियसूरया पहयविविहसंगामतूरया ।
घत्ता—रहकरितुरयभडु रणरंगपडु[14] तुट्टंतकवयगुणनद्धउ[15] ।
कलयलकलियबलु[16] धयचिंधचलु चउरंगु सेण्णु सन्नद्धउ[17] ॥ २ ॥ १०

[३]

का वि कंत संदेसइ कंतहो चूडुल्लयहो हत्थि मणिकंतहो ।
कोडु[1] न मण्णमि एक्कु जि भल्लउ अरिकरिदंतघडिउ वलउल्लउ ।
अक्खइ का वि कंत भत्तारहो कयकिणियहो न सोह इह हारहो ।
आणहि[2] तिक्खखग्गपहनिम्मल सइं[3] हयकुंभिकुंभमुत्ताहल ।
बोल्लइ का वि कण्ण[4] गयखेवहो[5] अवसरु अज्जु[6] सामिरिणछेयहो[7] । ५
होइ न होइ एण भडभीसें पहुरिणमोयणु एक्कें सीसें ।
तो वरि हउं मि जामि इउ कारेवि[8] नररूवेण खग्गफरु धारेवि[9] ।
जंपइ का वि कंत म सहिज्जहो[10] दिट्ठइ परबले[11] पढमु[12] भिडिज्जहो[13] ।
घत्ता—बोल्लइ को वि भडु महु कंते धडु पेक्खिज्जहि रणे सल्लंतउ[14] ।
अगलियखग्गफरु करिलुणियकरु रिउदंतिदंते[15] झुल्लंतउ ॥ ३ ॥ १०

जा मिलिए ! यह सुनकर शूरवीर संग्रामके रसिक हो उठे और विविध प्रकारके युद्धके बाजे बजाये गये । युद्धकलामें पटु रथ, हाथी व घुड़सवार योद्धाओंने अति पौरुषके उद्वेगसे उत्पन्न अतिशय रोमांचके कारण टूटती हुई कवचकी डोरियोंको बांध लिया, सारी सेनामें कोलाहल मच गया और ध्वजा-पताकाएं फहराने लगीं; इसप्रकार चतुरंग सैन्य संनद्ध हो गया ॥२॥

[३]

कोई कांता अपने पतिको संदेश देने लगी—अपने हाथमें सुंदर मणियोंसे घटित चूड़ेके लिए मुझे कोई कौतुक नहीं, बल्कि मेरे लिए तो एकमात्र वही चूड़ा भला, जो शत्रुके हाथीके दांतोंसे बना हुआ हो । दूसरी कोई प्रिया अपने भर्त्तारको बोली—मूल्यसे खरीदे हुए हारकी यहां कोई शोभा नहीं है; तीक्ष्ण खड्गकी प्रभाके समान निर्मल गजमुक्ताओंको तुम स्वयं (शत्रुके) हाथीके कुंभस्थलको आहत (विदीर्ण) करके लाओ । कोई कन्या कहने लगी—स्वामीके भूतकालके ऋणको काटने (चुकाने) का आज ही अवसर है; भटोंसे भयंकर इस संग्राममें एक शिरसे स्वामीका ऋणमोचन हो या न हो, तो फिर मैं भी इस कार्यके लिए पुरुष-वेष बनाकर, तलवार व ढाल लेकर (रणमें) चलूंगी । और कोई कांता बोली—तुम लोगोंको (दूसरोंको) आज्ञा नहीं देनी चाहिए, बल्कि शत्रुसैन्यको देखते ही सबसे पहले (स्वयं) भिड़ जाना चाहिए । कोई भट बोला—हे कांते ! तू युद्धमें मेरे धड़को बाणों-द्वारा बींधा जानेपर भी, हाथसे खड्ग व ढालको न गिराकर, शत्रुके हाथीके सूंड़को काटकर, उसके दांतोंमें झूलते हुए देखना ॥३॥

१४. क ख °णडु । १५. ख ग °नट्ठउ । १६. ख ग घ °गलु । १७ क ख ग ङ सण्ण° ।

[३] १. क ख ग ङ कोड । २. घ °हि । ३. क ख ग ङ सइ । ४. क घ ङ कंत । ५. क ख ग ङ °खेयहो । ६ क ङ अज्ज । ७. ख ग सामिरण° । ८. ख ग कारवि । ९. ख ग धारमि । १०. क ग °ज्जहे; घ °ज्जहि । ११. क ङ दिट्ठइ परबलु; घ दिट्ठइं परबलि । १२. क ङ °म । १३. ज्जहि; ङ °ज्जहि । १४. क ङ क्खिल्लंतउ; घ सिल्लं° । १५. ख ग °दंत ।

[४]

नीसरिउ सेण्णु[1] पयडंतखोहु भडकोट्टियकोट्टालओहु[2] ।
संसोहियरोहियसमरखेत्तु तं[3] पेक्खवि[4] धाइउ[5] सबलु सत्तु[6] ।
राउलहो[7] मज्झे जुज्झइ सुधीरु सहुँ[8] खयरहिँ जंबुकुमारु वीरु[9] ।
एत्तहिँ[10] लग्गइँ[11] कियकलयलाइँ विण्णि वि विज्जाहरनरबलाइँ ।
५ कंवाहय-चलहय-संदणाइँ बहुसुरवहुनयणाणंदणाइँ[12] ।
मणकोविय-चोइय[13]-गयघडाइँ[14] उच्चेडिय-पेडिय-मुहवडाइँ ।।
सुहसाहिय-वाहिय-हयथडाइँ[15] रणरंगिय-वग्गिय-भडथडाइँ ।
[16]दप्पहरण-गहरण-थिरकराइँ उग्गामिय-भामिय-असिवराइँ ।
गुणगाढिय-काढिय-धणुहराइँ[17] एक्केक्कमेक्कमेल्लियसराइँ ।
१० घत्ता—उट्ठिउ ताम रउ मइलंतधउ[18] विहिबलहँ[19] भारु असहंतिए[20] ।
निब्भरखिन्नियए[21] निव्विण्णियए नीसासु व मुक्कु[22] धरित्तिए[23] ॥४॥

[५]

अह सुहडकोवडज्झंतियाहे[1] उक्कलइ व धूमुग्गारु ताहे[2] ।

---

[४] १. घ गिन्नु । २. क ङ कोटट्टालं । ३ क ङ तें । ४. क घ ङ पेक्खिवि । ५. क ङ धायउ । ६. क ङ सयलुं; ख ग सयलु खत्तु । ७. घ लहं । ८. क ङ सुवीरु । ९. ङ सहु । १० क ङ वीरु । ११ ख ग हे । १२. ख ग इ । १३. ख ग णाय । १४ क ङ चोविय । १५. ङ घडाइ । १६. ख ग तडाइं । १७. कङ दप्पहरणं । १८. ङ हराइ । १९. ख ग मइलंतधउं । २०. क ख ग ङ बलहिं । २१. क ख ग ङ खिण्णि २२. ख ग मुक्क । २३ ख ग धरं ।

[५] क याहिं; ङ याहं । २. क ङ ताहें ।

पयछड्डिवि[3] अप्पाणउ[4] तडेइ अकुलीणु अवसु मत्थइ चडेइ[5]।
मज्जइ व महागयमयजलेण नच्चइ च चमरचलमरुछलेण[6]।
अंधारियाइँ निम्मलथलाइँ संरुद्धचक्खु वेण्णि वि बलाइँ[7]।
परु अप्पु न बुज्झंतेहिं तेहिं जुज्झिउ णं जडमइ जोइएहिं। ५
हत्थिहे[8] गलगज्जि निसामिऊण भडु हणइ किवाणें धाविऊण।
हयहिंसए[9] जाणिवि आसवारु को वि मुयइ चक्कु नवनिसियधारु।
केणावि कलिउ रहु घरहरंतु धाणुकें विद्धउ थरहरंतु[10]।
हक्कंतहो कासु वि को वि घडइ वज्जासणि व्व सिरि लउडि[12] पडइ।
घत्ता—सुहडरुहिरपएण करिवरमएण हयफेणपवाहहिं नामिउ[13]। १०
परमइलणु पबलु देविणु कवलु[14] दुज्जणु व रेणु उवसामिउ[15] ॥ ५ ॥

[६]

रुहिराणत्तु रणमहि[1] वहई[2] संछिन्नमूलु[3] रउ नहे महई।
अंगारसेसवइसाणरहो पढमुट्ठिउ धूमु व भमइ[4] तहो।

उछल रहा हो। चरणों (अर्थतः भूमि)को छोड़कर वह धूल अपनेको विस्तीर्ण कर रहा था, क्योंकि (शक्तिसे न दबाया हुआ) अकुलीन व्यक्ति और पृथ्वीमें लीन(शांत) नहीं हुआ धूल अवश्य मस्तकपर चढ़ता है। वह युद्धभूमि मानो महागजोंके मदजलसे मज्जन (स्नान) करने लगी, और चंचल चमरोंसे प्रसूत मरुत्के छलसे मानो नाचने लगी। निर्मल स्थलप्रदेश अंधकारपूर्ण हो गये। दोनों सेनाओंके नेत्र धूलसे अवरुद्ध हो गये। उन्होंने अपने और परायेको न बूझते हुए इसप्रकार युद्ध किया जिसप्रकार कोई जड़मति (मूर्ख) जुगनुओंसे(?) भिड़ जाये। हाथीके (द्वारा किये हुए) गलगर्जनको सुनकर किसी भटने दौड़कर वार किया; घोड़ेके हींसनेसे सवारको जानकर किसी योद्धाने पैनी की हुई धारवाले चक्रको छोड़ा। किसी धनुर्धरने घरघराहट करते हुए रथको जान लिया, और उसे (बाणोंसे) ऐसा बींध दिया कि वह थर्रा उठा। किसीको हांक लगाते हुए कोई योद्धा किसी अन्यसे ही जा भिड़ा, और उसके शिरपर वज्रदंडके समान लकुटि(लाठी) का प्रहार हुआ। सुभटोंके रुधिररूपी पयसे, हाथियोंके मदसे, और घोड़ोंके फेनके प्रवाहसे नमाया हुआ (अर्थात् गीला करके शांत किया हुआ) धूल, दूसरेको मैला (कलंकित) करनेवाला प्रबल ग्रास (पर्याप्त सामग्री) देकर किसी दुर्जनके समान उपशांत हो गया ॥५॥

[६]

रणभूमिने रुधिरजन्य अरुणत्व अर्थात् लालिमाको धारण किया, और मूल-संछिन्न (पृथ्वीसे बिलकुल अलग कटा हुआ) रज आकाशमें ऐसा शोभायमान हुआ मानो पूर्णतया अंगाररूप हुए (निर्धूम) वैश्वानरका प्रारंभमें उठा हुआ धूम्र भ्रमण करता हो। रजका

३. क ख °छंडिवि। ४. क ख °णउं। ५. ख ग °वि। ६. ख ग °बलेण (?)। ७. ख ग °बलाइं या °छलाइं (?) ८. क °हिं; घ ङ °हि; ख ग हत्थेहे। ९. क घ ङ °हिंगिय ख ग °हिंसइ। १०. ख ग घर°। ११. क °इं। १२. क ङ लवडि। १३. क ङ °उं। १४. क °ण। १५. क °मिउं।

[६] १. ख ग रणि°। २. ख ग हवई। ३. क घ ङ संछिण्ण°। ४. ङ त°।

दूरयरोसारिय रयपसरे[5] परिकलिए[6] परोप्परु अप्प-परे[7] ।
संवाहिय संदण भयरहिया पच्चारयंत पहरहिँ[8] रहिया ।
थिरथक्क पडिच्छइ हत्थिहडा धावंतिहि[9] पडिगयघडहि झडा ।
वाहंति हणंति वाह कुमरा खणखणखणंतकरवालकरा ।
विधंति[10] जोह जलहरसरिसा [11]वावल्लभल्लकण्णियवरिसा ।
फारक्क परोप्परु ओवडिया[12] कोंताउह कोंतकरहिं[13] भिडिया ।

घत्ता—खंडियकयसिरउ रयभरथिरउ दट्ठाहरु[14] रणु सरसव्वणु[15] ।
१० णं [16]नहखयचियउ निट्ठुरहियउ कण्णाडविलासिणिजोव्वणु ॥ ६ ॥

[७]

रणं [1]निविडभडथट्टसंघट्टसूरं महाकलयलारावतज्जंततूरं ।
रणं सरिय-हुंकरिय-धाणुक्कचंडं सटंकारकोवंडउग्गंतकंडं ।
रणं घडिय-खडखडिय-तिक्खासिधारं झडप्पंत-झंपंत-फारक्कफारं ।

प्रसार दूरतर अपसृत हो जानेपर, परस्पर अपने परायेको पहचानकर, (शत्रुपक्षके) रथियोंको प्रहारोंसे आह्वान करते हुए, निर्भय होकर रथ चलाये गये। एक ओरकी हस्तिसेना स्थिरतापूर्वक स्थित रहकर, दौड़कर आते हुए शत्रुगजोंसे झड़पकी प्रतीक्षा कर रही थी। खणखण करते हुए करवाल हाथोंमें लेकर, राजकुमार (अपने) अश्वोंको चला रहे, व (शत्रुसेनाके अश्वोंको) मार रहे थे। योद्धा लोग जलधरोंके समान बल्लम, भालों व बाणोंकी वर्षा करते हुए (परस्परको) बींध रहे थे। फारक्क (शस्त्र) को धारण करनेवाले एक दूसरेपर टूट पड़े, और कुंतवाले कुंत धारण करनेवाले प्रतिपक्षियोंसे भिड़ पड़े। (योद्धाओंके) कटे हुए शिर, स्थिर (शांत) रज-भार (धूलि-विस्तार), (योद्धाओं-द्वारा क्रोधसे) दष्ट-अधर और (योद्धाओंको लगे हुए) सद्यःव्रणों तथा आकाशमें पक्षियोंके समूहसे युक्त एवं निष्ठुर-हृदय(योद्धाओं)वाला वह युद्ध (स्थल)ऐसी कर्णाट-विलासिनीके यौवनके समान हो रहा था (सुरतक्रीड़ोपरांत) जिसके शिरपरके केश बिखरे हों, जिसका रजभार (रजस्राव अथवा रतभार अर्थात् सुरतक्रीड़ाका आवेग) शांत हो गया हो, एवं रतियुद्ध (अथवा प्रणय-कलह) में जिसके अधर काट लिये गये हों, और उनपर अभी भी सरस-व्रण (ताज़े घाव) विद्यमान हों, तथा जिसके कठोर स्तन नखक्षतसे युक्त हों ॥६॥

[७]

वह संग्राम संघर्षशूर महान् वीरोंके समूहों और बजते हुए तूरोंसे बड़े भारी कोलाहलसे युक्त था। उच्चस्वरसे हुंकार छोड़नेवाले धनुर्धरोंसे वह बड़ा प्रचंड हो रहा था, और वहाँ टंकार करते हुए धनुषोंसे बाण उड़ रहे थे। वह युद्ध आपसमें मिलकर खड़खड़ाती हुई तीक्ष्ण असिधाराओंसे युक्त था, और वहाँ झपटे जाते हुए बड़े-बड़े फारक्क (शस्त्र) टूट रहे थे।

---

५. क ख °रइपसरो। ६. क ख °लिय। ७. क ख °परो। ८. क ख °रहि। ९. ख °तिहि। १०. ख ग विद्धंति। ११. क ख प्रतियोंमें 'वावल्ल····वरिसा' के पूर्व 'विहिबलहिं परोप्परु सामरिसा' इतनी अर्द्धपंक्ति अधिक है; ख प्रति में भी यह पाठ है, परन्तु पीछे किसीके द्वारा लिख दिया गया है, और शुद्ध भी नहीं है। १२. क ख उव्व°। १३. क °करहि। १४ क दिट्ठा°। १५. ख ग सह°। १६. क णहें°।

[७] १. ख ग निवड°।

रणं[2] कुंतकोडीहुलिज्जंतजोहं विक्कंत[3]-परिचत्त[4]-तणुताणसोहं ।
रणं पहरपज्झरिय-रुहिरप्पवाहं रणं लुणियमुहनालिविचलंतवाहं[5] । ५
रणं दंतिदंतग्गभिज्जंतगत्तं रणं रत्तकणसित्तकयरत्तछत्तं ।
रणं मासवसगाससंचरियगिद्धं रणं सिरपरिक्खंत-हिंडंतसिद्धं[8] ।
भडो को वि रहसुब्भडो[6] रहि सत्थग्गो गिरिंदे मइंदो व्व उक्कमवि लग्गो[9] ।
भडो को वि दंतग्गे दाऊण पायं महाकुंभिकुंभत्थले देइ[10] घायं ।
भडो को वि जसलंपडो निग्गयंतो वलग्गो[11] मयग्गे[12] गुणक्कं[13] कमंतो । १०
भडो को वि निज्जंतु नो जाइ सग्गे पयंपेइ गिव्वाणनारीण मग्गे[14] ।
न ता[15] जामि ओसारि दूरे विमाणं रणे जा न भग्गं विवक्खस्स माणं ।
घत्ता—मारिय सारिनरु भडु[16] कोंतकरु तणुभिन्नदंत[17] अमुणंतउ[18] ।
करिणी मणि गणइ[19] करिणो[20]हणइ[21] रणरक्खसु[22] छलिउ धणुंतउ[23] ॥७॥

[८]

भडु को वि विसूरइं दलियसत्तु बहुपहरविहंडिउ भूमिपत्तु ।

वह समर भालोंकी नोकोंपर हूले जाते हुए योद्धाओं एवं शूरोंके द्वारा परित्यक्त तनुत्राणों (रक्षाकवचों) से शोभायमान था। वह संग्राम प्रहारोंसे झरते हुए रुधिरके प्रवाह तथा काटी हुई मुखनाड़ियोंसे निकलती हुई वाष्पसे युक्त था; और वह युद्ध हाथियोंके दांतोंके अग्रभाग (नोक) से भेदे जाते हुए शरीरों, तथा रक्तकणोंसे सिंचकर रक्तवर्ण हुए छत्रोंसे भरा था। और वह समर मांस व चर्बीके ग्रासके लिए संचार करते हुए गृद्धों, व (शवोंकी) कपाल परीक्षाके लिए भ्रमण करते हुए सिद्धों (औघड़ों) से व्याप्त था। कोई वेगमें उद्भट अर्थात् अत्यंत वेगवान् (फुर्तीला) योद्धा खड्ग लिये हुए उछलकर इसप्रकार रथपर जा चढ़ता था, जिसप्रकार मृगेंद्र कूदकर पर्वतराजपर जा चढ़े। किसी भटने दांतोंकी नोकोंपर पैर देकर किसी महागजके कुंभस्थलपर आघात किया; कोई यशके लोभसे (मैदानमें) निकलता हुआ योद्धा, प्रत्यंचाको टंकारता हुआ एक श्रेष्ठ खच्चरसे जा लगा। कोई भट स्वर्गमें ले जाया जानेपर, मार्गमें गीर्वाण नारियोंसे इसप्रकार कहकर नहीं जाता था—मैं तबतक नहीं जाऊँगा जबतक रणमें शत्रुका मान भंग नहीं हो जाता; इसलिए (मुझे लेनेके लिए लाये हुए) अपने विमानको दूर हटाओ। कोई योद्धा गजपर्याणपर बैठे हुए सारि-नर (महावत ?) को मारकर हाथमें कुंत लिये हुए दांतोंसे विलक्षण (हस्ति) शरीरपर ध्यान न देते हुए, अपने मनमें (हाथी-को भी) हथिनी समझते हुए हाथीको मारकर एक धनुर्धारी रणराक्षस (युद्धपिशाच, प्रचंड योद्धा) को भी वंचना दे देता है ॥७॥

[८]

कोई भट शत्रुका दमन करके (स्वयं भी) प्रहारोंसे आहत होकर भूमिपर गिरता

---

२. क रणे। ३. क विक्कंत°; ख ग विकंतार°। ४. क °परिपत्तु°; ख ग घ °परिवत्त°; क °परिचत्तु°। ५. ख ग लुलिय°। ६. ख ग घ °दंतग्गि। ७. क क हिंडंति। ८. क क °सुभडे। ९. क घ क °मिवलग्गो। १०. घ देवि। ११. क °ग्गे। १२. क घ क मयंगे। १३. क घ क गुणुक्कं। १४. क मग्गो। १५. क ख ग क तो। १६. क भड। १७. क क भिण्ण°। १८. घ अणु°। १९. क घ क °इं; घ मणइं। २०. क घ क °णा। २१. क घ क °इं। २२. घ °स। २३. घ क धुणंतउ।

हा महु वि हणंतहो को विसेसु जं वइरि न जायउ वंससेसु।
सीसेण[1] सामिरिणु किर निमुत्तु भडु सुवइ[2] मरणनिद्दाए[3] मुत्तु[4]।
रिउघायहिँ[5] पहु-किंकर-विहत्त मुच्छंगय[6] वेण्णि वि भूमिपत्त।
पक्खानिलेण[7] उम्मुच्छमाणु पहु पेक्खवि[8] मण्णइ[9] सुहनिहाणु।
तोडंतु[10] नियंतइँ[11] दुहयरेण[12] वारिज्जइ गिद्धु न किंकरेण।
सिरु दिण्णउ[13] समरि न तो[14] वि सक्कु सामियपसायरिणु[15] सेसु थक्कु।
अंतावलि नियलहिँ लद्धबंधु दारियतणु[16] निवडइ भडकबंधु।
सिरु सामिहे[17] सहुँ[18] हियएण दिण्णु सयखंडु[19] पलासहँ[20] पलु पइण्णु[21]।
जीविउ सुररमणिहुँ[22] महिहे[23] वण्णु पाइक्कसरिसु को होइ अण्णु।

घत्ता—करिकरकलियगलु[24] पयदलियनलु उर-सिर-सरीरसवचूरिउ[25]।
न मुणइ[26] पिउ कवणु सममरणमणु रणे सुहडकलत्तु विसूरिउ ॥८॥

हुआ इसतरह सोच करता है—अहो ! मेरे भी (शत्रुओंको) मारनेका क्या वैशिष्ट्य जबकि वैरी वंश शेष नहीं हुआ। अपने शिरसे (अर्थात् शिर देकर) कोई भट स्वामीके ऋणसे निर्भुक्त (निर्मुक्त) होकर मरण-निद्रासे सेवित होकर (निश्चित) सोता है। शत्रुके आघातसे स्वामी सेवकसे अलग हो गया और मूर्च्छित होकर दोनों हीं भूमिपर गिर पड़े। पंखेकी हवासे उन्मूर्च्छित होते हुए स्वामीको देखकर एक सेवक ऐसा मानता है मानो उसे सुखका खजाना मिल गया हो। उसकी आंतोंको तोड़ता हुआ गृद्ध भी इसप्रकारके दुःखमें लीन सेवकके द्वारा हटाया नहीं जाता कि युद्धमें शिर भी दिया तो भी स्वामीकी कृपाका ऋण शेष ही रह गया। जिसके पेटकी आँतें तक भी सांकलोंसे जकड़ी गयी हैं, इसप्रकार विदीर्ण शरीर होकर किसी भटका कबंध (धड़) गिर पड़ा। (जिसने) हृदयके साथ-साथ अपना शिर भी स्वामीके लिए समर्पित कर दिया, और मांस सौ-सौ टुकड़े करके मांसभोजियों अर्थात् राक्षसोंके लिए दे दिया, जीवन सुररमणियोंके लिए, तथा पृथिवीके लिए अपना वर्ण अर्थात् यश.गाथा प्रदान कर दी, ऐसे पदातिके समान अन्य कौन हो सकता है ? गर्दन (स्वयंके द्वारा मारे गये) हाथीके सूंडमें फंसी हुई, पैर हाथीके पांव तले कुचले हुए, उरस्थल, शिर व संपूर्ण शरीर चूर-चूर किया हुआ—ऐसी स्थिति देखकर (प्रियतमके) साथमें मरनेकी भावनासे आयी हुई सुभटप्रिया पहचान नहीं पायी कि प्रिय कौन है ? और शोक करती हुई बैठ रही ॥८॥

---

[८] १. घ नीसेस। २. ख ग घ सुयइ। ३. घ सुत्तु। ४. ख ग °यहि। ५. क ङ वल्लि व; घ विल्लि व। ६. क ङ परकामिणिलेण। ७. क घ ङ पेक्खिवि। ८. ख ग मन्नइ; घ मन्नई। ९. क ङ °त। १०. ख ग °तइ। ११. क ङ °परेण। १२. घ °उं। १३. क ङ सो। १४. घ सेसथक्क। १५. घ घारिय°। १६. क ग °हि; घ ङ हिं। १७. ख ग सहु। १८. क ख ग ङ °खंड। १९. क ङ °सह। २०. घ पयन्नु। २१. ख ग °णिहिं। २२. क घ ङ °हि। २३. क घ ङ धण्णु। २४. ख ग °गलियगलु। २५. क ङ °समचूरिउ। २६. ख ग घ ङ °इं।

[९]

उहयबलइँ निब्भरु जुज्झंतइँ उहयबलइँ[1] संगरसमसत्तइँ[2] ।
उहयबलइँ[3] [4]आवट्टियसूरइँ उहयबलइँ भीसहियतूरइँ[5] ।
उहयबलइँ मोडियधयछत्तइँ उहयबलइँ[3] अवलंबियसत्तइँ[6] ।
उहयबलइँ पहरणनिब्भिण्णइँ[7] रणदेवयहे[8] बे वि बलि दिण्णइँ[9] ।
वेण्णि वि बार-वार संघट्टइँ वार-वार कायरनर फट्टइँ[10] । ५
वार-वार जज्जरियमयंगइँ[11] वार-वार तोरवियतुरंगइँ ।
वार-वार कप्पियतणुताणइँ वार-वार दुक्कंतविमाणइँ ।
वार-वार रुहिरोहतरंतइँ वार-वार मुच्छिरइँ मरंतइँ ।
वार-वार आमिसवसगासइँ वार-वार रसधवियपलासइँ ।

घत्ता—वार-वार झरिहे[12] लोहियसरिहे[13] [14]हयकरडिकरंकसिलायडे । १०
वार-वार वलहिं[15] पयडियछलहिं[16] पक्खालिय पहुपरिहवपडे ॥९॥

[१०]

एरिसम्मि दुद्धरम्मि भीसणे रणे गरुयनाय-[1]दिण्णवाय-तुट्टपहरणे ।
सुहडसंड-बाहुदंडमुंडमंडिरे लुणियटंक-जणियसंक-बाहुहिंडिरे[2] ।

[९]

दोनों सेनाएं घमासान रूपसे जूझ रही थीं । दोनों सेनाएं युद्धमें समान बलवाली थीं । दोनों सेनाओंमें शूरवीर परस्परकी ओर बढ़ रहे थे । दोनों सेनाएं तूरोंके रवसे भयानक हो रही थीं; एवं दोनों सेनाओंके योद्धा परस्परके ध्वज व छत्रोंको भग्न कर रहे थे; तथा पौरुषका अवलंबन लिये हुए थे। दोनों पक्ष आयुधोंसे विदीर्ण हो रहे थे, और दोनों ही रणदेवताके लिए बलि चढ़ रहे थे। दोनों सैन्य बार-बार परस्पर संघट्टन कर रहे थे, व कायर लोग बार-बार फूट रहे थे, अर्थात् तितर-बितर होकर भाग रहे थे। बार-बार हस्ती जर्जर हो रहे थे, व घोड़े उत्तेजित। बार-बार शरीर-त्राण (रक्षाकवच) काटे जा रहे थे, एवं (मृत वीरोंको स्वर्ग ले जानेके लिए देवोंके)विमान उपस्थित हो रहे थे। बार-बार रुधिरके प्रवाहमें तैरते हुए लोग मरते समय मूर्च्छित हो रहे थे। बार-बार राक्षस आमिष एवं वसाको निगल रहे, तथा रक्त पी-पीकर प्रसन्न हो रहे थे। पुनः-पुनः झरती हुई लोहित-सरिताके घोड़ों व हाथियोंके अस्थिनिर्मित शिलातटों पर सेनाओंके द्वारा अनेक प्रकारका चातुर्य प्रकट करते हुए, अपने स्वामीका पराभवपट धोया जा रहा था ॥९॥

[१०]

इसप्रकारके उस दुर्द्धर व भीषण रणमें जहाँ कि बड़े भारी नादके साथ किये हुए आघातोंसे शस्त्र टूट गये थे, और जहाँ कि सुभट-समूहके (कटे हुए) बाहुदंड व तुंड बिछे हुए

[९] १. उभय° । २. क °संतइ; घ °संतइं; ङ संगरसंमंतइं । ३. ख क °बलय । ४. घ आवट्टिय°; ङ आवट्टिय° । ५. क ख ग नीस° । ६. क घ ङ °सत्थइं । ७. °ग्गइं । ८. क ङ °यहि; घ °यहिं । ९. क ङ फुट्टइ । १०. क ङ °मइंगइ । ११. क ब्भरहि घ झरिहि; ज्झरहि । १२. घ °सरिहिं । १३. ख ग °करडे° । १४. क ङ ब्वलहि । १५. ङ °छलहि । विशेष—इस कडवकमें क ख ग और ङ इन चारों प्रतियोंमें अधिकतर बहुवचनके °इं में अंतमें होनेवाले शब्द 'इ' से अंत होते हैं। जैसे जुज्झंतइं>°तइ, सूरइं>सूरइ; बलइं>बलइ इत्यादि।

[१०] १. घ दिन्न° । २. क ङ °तुंड° । ३. क ङ °हुंडिरे; ख ग बाहुहिंडिरे ।

खंडसुंडवेयर्यंड[4]-चंडभिभले करधरंत-णीसरंत-अंतचुंभले[5]।
रुहिरपंकखुत्तचक्क[6]-थक्कसंदणे पत्तमोहँ-पडियजोह-कडविमद्दणे।
करि व[8] घडिय वे वि भिडिय-बद्धमूल [9]दुट्ठदवणगयणगमण-रयणचूल।
वे वि खयर विज्जपवर-लच्छिलक्ख हयगयंद णं मयंद खग्गनक्ख।
सुप्पमाणवरविमाण-णिवडआय वे वि वीर मेरुधीर दिण्णघाय[15]।
जमनिहेण मणिसिहेण घाउ दिण्णु[16] वइरियाणु वंचमाणु खग्गु छिण्णु[17]।
रिउ निरत्थु[18] सुण्णहत्थु[19] नियविताम जउ[20] मुणेइ[21] आहणेइ पुणु वि जाम।
खग्गखंडु चयवि[22] चंडु[23] पाविऊण थिरकरेण मोग्गरेण भामिऊण।
पहउ तासु मणिसिहासु सिग्घजाणु धयसडंतु खडहडंतु गउ विमाणु।
नहे ठिएण मणिसिहेण वच्छे भिण्णु[24] निसियधारु असिपहारु अरिहे[25] दिण्णु[26]।

घत्ता—घाएं[27] गयणगइ हुउ विगलमइ[28] कीलालोहालियदेहउ।
सहइ विमाणवरे संझावसरे अत्थइरिसिहरे[29] रवि जेहउ[30] ॥१०॥

थे, तथा जहाँ योद्धाओंकी कटी हुई जांघ व बाहू शंका (भय) उत्पन्न करते हुए घूम रहे थे, और जहाँ सूंड कटा हुआ कोई हाथी प्रचंडतासे विह्वल एवं भयानक हो रहा था, तथा अपने सूंडको निकली हुई आंतोंका शेखर बनाये हुए था, और जहाँ कि रुधिर-पंकमें चक्का फंस जाने से रथ ठहर गये थे, तथा मूर्च्छित होकर पड़े हुए योद्धाओंका मर्दन हो रहा था; ऐसे उस महा संग्राममें वे दोनों ही विद्याधर, दुष्टोंका दमन करनेवाला गगनगति और (दूसरा) रत्नचूल (रत्नशेखर), मिलकर हाथियोंके समान बद्धमूल होकर अर्थात् जमकर भिड़ गये। वे दोनों ही प्रवर विद्याओंके धारक थे, और (विजय)लक्ष्मीपर इसप्रकार अपना लक्ष्य दिये हुए थे जिसप्रकार नखोंरूपी खड्गसे युक्त वह मृगेंद्र जिसने गजेंद्रको मार डाला है। फिर सुप्रमाण (सुनिर्मित) उत्तम विमानोंसे निकट आकर दोनों ही मेरुके समान धीर-वीर परस्पर आघात करने लगे। यमके समान रत्नशेखरने (गगनगतिपर) प्रहार किया और शत्रुको वंचना देते हुए उसका खड्ग खंडित कर डाला। इसप्रकार शत्रुको शस्त्ररहित खाली हाथ देखकर, अपनी जय मानते हुए जब तक कि वह पुनः आघात करे, तब तक गगनगतिने उस खड्गके टुकड़ेको छोड़कर, एक प्रचंड मुद्गर पाकर, उसे स्थिर हाथोंसे घुमाकर रत्नशेखरके शीघ्रयान-पर प्रहार कर दिया, तो ध्वजाको गिराता हुआ वह विमान खड़-खड़ करता हुआ नष्ट हो गया। तब नभस्थित मणिशेखरने पैनी की हुई धारवाले तलवारसे शत्रुके वक्षस्थलको चीरता हुआ प्रहार किया। आघातोंसे गगनगति विकलमति अर्थात् विह्वल, और लोहू-लुहान शरीर हो गया, तथा संध्याके समय अपने विमानमें बैठा हुआ वह ऐसा शोभायमान हुआ जैसा अस्ताचल पर सूर्य ॥१०॥

४. क °वेपयंड°। ५. ख ग °रंभले। ६. क °खुब्भचक्क। ७. घ घत्त°। ८. क करिउ। ९. क घ ङ दुट्ठदमण°। १० घ °भु। ११. क ङ °त्थ। १२. घ सुन्न°। १३. क जइ। १४. क घ ङ मं°। १५. क ङ चइवि। १६. क चंड। १७. क घ °हिं; ङ °हि। १८. क घाए। १९. क ङ विमल°; घ °गइ। २०. क ङ अत्थयरि°। २१° घ °उं।

[११]

सकिवाणु रयणसिहु[1] वणियगत्तु[2] गयणंगाउ रणभूमि पत्तु ।
एत्थंतरे पाइहिं[3] पहु निएवि[4] पडिगाहिउ नियसेण्णे[5] नएवि ।
करि हुक्कु[6] सपहरणु[7] सरिउ[8] गुडिउ[9] विज्जाहरवइ लहु तेत्थु चडिउ ।
तहिं[10] काले मियंकें[11] मुक्कखोहु पुच्छिज्जइ नियकरिखंधरोहु[12] ।
इय कवणु गयणे जुज्झिय-सलेव आरोहु भणइ[13] विण्णवमि[14] देव । ५
प्रहु हयविमाणु जो भूमि आउ सो सत्तु रयणसिहु[15] खयरराउ ।
बीयउ पुणु अवसरु[16] मुणिय-वृत्तु गयणगइ तुम्ह मेहुणेउ[17] पत्तु ।
दीसइ विमाणे[18] मुच्छावसंगु[19] निद्दिसपहारविथारियंगु[20] ।
घत्ता—संभाविय सयणु निसुणिवि[21] वयणु आरोहनरेण संसाहिउ[22] ।
उम्मुहलोयणेण[23] विंभियमणेण[24] सविसेसु मियंकें चाहिउ ॥११॥ १०

[१२]
फिर संमान किया। शुभमुहूर्त्तमें सब लोगोंके नेत्रोंको आनंद देनेवाली मृगांककी पुत्रीको राजाने विवाह लिया। परस्पर शत्रुभावरहित विद्याधर(रत्नचूल) और मृगांक राजा, इन दोनोंको किंकर(सेवक)बनाकर विसर्जित(विदा) कर दिया। गगनगति भी स्वस्थानको भेज दिया गया, और स्वयं नरपति प्रयाण करके, अपने नगरको पहुंचकर, जब (भीतर)प्रवेश करने लगा, उसी समय उपवनमें महामुनि दिखाई दिये। उनका नाम सुधर्मस्वामी था, और वे पाँच सौ शिष्योंके साथ विहार करते हुए वहाँ पधारे थे। लोगोंके कम हो जानेपर, राजाने (मुनिको) शिरसः प्रणाम कर भक्तिपूर्वक वंदना की। (अज्ञान)अंधकारका नाश करनेवाले, चरमशरीरी, तथा श्री महावीर जिनेंद्रके पांचवें अंतिम व उत्तम गणधरकी राजाके निकटवर्ती अनुचरोंने स्तुति की और फिर जंबूकुमारने ॥१३॥

इसप्रकार महाकवि देवदत्तके पुत्र वीर-कवि-द्वारा विरचित जंबूस्वामीचरित्र नामक इस शृंगार-वीररसात्मक महाकाव्यमें 'रत्नशेखर संग्राम' नामक सप्तम संधि समाप्त ॥ संधि—७ ॥

---

२०. ख ग णंदिणि। २१. क °णउ। २२. क घ ङ अप्पणु। २३. ख ग च देइ। २४. ख ग °हि। २५. ख ग सहु पँ; घ संजुत्तउ। २६. क ङ °य। २७. क ख ग णुउ। २८. क घ ङ हयतमु। २९. क घ ङ सोहिय। ३०. क °हर। ३१. क घ ङ जिणिँ; ख ग °दहं। ३२. क घ ङ सत्तमा इमा संधी ॥ संधिः ७ ॥

संधि—८

[१]

आरिसकहाए अहियं महुकीला[1] करि-नरिंदपत्थाणं[2] ।
संगामो वित्तमिणं[3] जं दिट्ठं तं खमंतु महुं[4] गुरुणो[5] ॥१॥
[6]कव्वंगरससमिद्धं[7] चिंतंताणं कईण सव्वं पि[8] ।
[9]वित्तमहवा न वित्तं[10] सच्चरिए घडइ[11] जुत्तमुत्तं जं[12] ॥२॥
मा वण्णउ[13] असमत्थो धारेउं सव्वकव्वरसपूरं । ५
नियसत्तिरूव[14]-संगहियरसकणो ट्ठाउ[15] तुण्हिक्को[16] ॥३॥
कव्वस्स इमस्स मए विरइय-वण्णस्स[17] रससमुद्दस्स ।
गंतूण पारमहियं थावउ[18] अत्थं महासंतो ॥४॥
सालंकारं कव्वं काउं पढिउं च बुज्झिउं तह य ।
अहिणंउं[19] च पवोत्तुं[20] वीरं मुत्तूण[21] को तरइ ॥५॥ १०

[घत्ता]—भत्तिए[22] अरुहयाससुएण जोड़ियमुएण[23] पणवेप्पिणु हरिसियगत्तें ।
निम्मलनाणचउक्कधरु गणहरु[24] पवरु[25] पुच्छिज्जइ उत्तमसत्तें ॥१॥

---

[१]

आर्षप्रोक्त कथासे अधिक मैंने वसंतक्रीड़ा, हाथी(का उपद्रव), नरेंद्रके प्रस्थान व संग्रामका, यह सब जो वृत्त कहा, उसके लिए गुरुजन मुझे क्षमा करें ॥१॥ चिंतनशील कवियोंके द्वारा काव्यके अंग व रसोंसे समृद्ध चाहे वह घटित हुआ हो या न घटित हुआ हो, जो कुछ युक्ति-युक्त कहा जाता है, वह सब सच्चारित्रमें घटित अर्थात् संभावित होता है ॥ २ ॥ समस्त काव्यरसके पूरको धारण करनेमें असमर्थ लोग स्वयं (काव्यगत विषयोंका) वर्णन न करें, अपनी शक्तिके अनुरूप रसकणोंका संग्रह करके अर्थात् काव्योंके अध्ययनका ही रस लेकर, मौन ही रहें ॥३॥ मेरे द्वारा रचे हुए नाना वर्णों व रसोंके समुद्र इस काव्यके पार जानेके लिए महासंत जन (सहृदय लोग) इसमें (अभिधाशक्तिसे प्रतीयमान अर्थको अपेक्षा, लक्षणा व व्यंजना शक्तियोंके आश्रयसे) अधिक अर्थ (विशेषार्थ)की स्थापना करें ॥४॥ अलंकार-सहित काव्य रचने, पढ़ने, जानने तथा अभिनय और प्रयोग करनेमें वीर (कवि)को छोड़कर और कौन पार पा सकता है ॥५॥

अरहदासके उत्तम आत्मा पुत्रने भक्ति-भावसे हाथ जोड़कर, प्रणाम करके प्रसन्न गात्र हो, निर्मल ज्ञानचतुष्क (मति, श्रुत, अवधि और मनःपर्यय)के धारक उन गणधरप्रवरसे पूछा—॥१॥

---

[१] १. क °कीलाल । २. ख ग करिंदप° । ३. घ चिंतामणि । ४. ख ग मह; घ मम । ५. क ङ गुणिणो; घ गुणिणं । ६. घ में इस पूर्ण पंक्तिके स्थानमें यह पंक्ति है—'ससेसु सिद्ध तंतं ताणं कवीण सव्वं पि कहियकमं' । ७. क ङ कव्वं सरसपमिदं । ८. घ चित्तमहवा ण चित्तं । ९. ख ग जुत्तमजुत्तं । १०. क घ ङ °उं । ११. क ङ °त्तव; ग °रूवं; घ °रूप । १२. घ ङ ठाउ । १३. ख ग °क्के; घ तुन्हिक्को । १४. घ वन्न° । १५. घ ङ थो° । १६. ख ग °णेतुं । १७. घ पउत्तुं । १८. घ मो° । १९. क ङ °य । २०. घ °भुइणा । २१. क° घ हर । २२. घ पउरु ।

[२]

खंडयं—पहु तउ दंसणकारणं लहिवि[1] वियप्पइ मे मणं।
सहुँ[2] तुम्हेहिं समुब्भयं[3] चिरभवि कहि मि परिचयं[4] ॥

तं निसुणेवि वयसीलसमुद्दें विद्दुम इव[5] फुरियाहरमुद्दें।
दर [6]दरसियकुंदुज्जलदंतें अमियपवाहु व गिरउ सवंतें।
चिरभवकारणु सुमरावंतें जंबूसामि भणिउ[7] भयवंतें।
कहमि कुमार तुज्झु[8] आयण्णहि[9] मणसंकप्पु एहु फुडु मण्णहि[10]।
भव्वहो नियडीहुयभवछेयहो सव्वु जि[11] फुरइ चित्ति सविवेयहो।
एत्थु जि मगहादेसि असंकिउ नामें गामु वड्ढमाणंकिउ।
तहिं[12] भवयत्तनामदेवोत्तर[13] दियवरतणय वेण्णि दीहरकर।
परममहावयचरणु[14] चरेप्पिणु हुय सुर तइयए सग्गे मरेप्पिणु।
पुव्वविदेहि जाय तत्थहो चुय वज्जयंत-महपउमनिवइ-सुय
सायरससि-सिवकुमर-वियक्खण घोरु वीरु तउ चरिवि सलक्खण[15]।

घत्ता—वेण्णि वि बंभोत्तरि अमर सकसिरीधर जलकंतविमाणए[16] सुत्थिय।
आउसु जेत्थु सुहायरइँ दससायरइँ[17] भुंजंत सोक्ख-विविहाइँ[18] थिय ॥२॥

---

[२]

'प्रभु आपके दर्शनोंका हेतु प्राप्त कर मेरे मनमें ऐसा विकल्प हुआ है कि आपके साथ कहीं पूर्वभवमें विशिष्ट (प्रगाढ़) परिचय रहा।' इस बातको सुनकर व्रत और शीलके समुद्र, विद्रुमके समान स्फुरायमान अधरमुद्राके धारक, कुंदपुष्पके समान उज्ज्वल दांतोंको ईषत् दिखलाते हुए, और वाणीसे अमृतका प्रवाह-सा बहाते हुए, तथा पूर्वभवके कारण (संबंध)को स्मरण कराते हुए उन भगवान्(मुनि)ने जंबूस्वामीको कहा—'हे कुमार, मैं तुम्हें कहता हूँ, सुनो! यह तुम्हारा मनोभाव है, ऐसा स्पष्टतासे समझो। क्योंकि जिस भव्यजीवका भवच्छेद (मोक्ष) निकट हो गया है, ऐसे विवेकवान्के चित्तमें सब कुछ स्पष्ट भासित होता है। यहीं इसी मगधदेशमें वर्द्धमान नामका एक भय-भीतिरहित गाँव था, वहाँ एक भवदत्त और दूसरा (अपने नामके अंतमें देव' पद युक्त) भवदेव, ये दो दीर्घबाहु ब्राह्मण-पुत्र उत्पन्न हुए। परम महाव्रत चारित्र (मुनि-धर्म)का पालन कर वे मरकर तीसरे स्वर्गमें देव हुए। वहाँसे च्युत होकर पूर्वविदेहमें वज्रदंत और महापद्म नामक राजाओंके सागरचंद्र और शिवकुमार नामक (शुभ)लक्षणोंसे युक्त एवं विचक्षण पुत्र हुए। वहाँ घोर पराक्रमपूर्वक तप करके वे दोनों ही ब्रह्मोत्तर स्वर्गके जलकांत नामक विमानमें इंद्रकी लक्ष्मीके धारक देव हुए; और दस सागरकी सुखकर आयु पाकर, विविध सुखोंका भोग करते हुए वहाँ रहे ॥२॥

---

[२] १. क ख लहु वि; ख ग लहइ। २. क मह; ख महु। ३. घ कहिं। ४. क ख परच्चियं। ५. क ख रुइ; घ रइ। ६. घ दरिसिय°। ७. घ °उं। ८. क °ख ग तुज्झ। ९. प्रतियोंमें °ण्णहिं। १०. क ख °हिं; ख ग मन्नहिं। ११. घ वि। १२. क तहि। १३. क घ क भवणामदत्त°। १४. ख ग °चरण। १५. क ख °क्खणु। १६. घ °णइं। १७. क ख °रइ। १८. क °हाइ; ख ग °हइ; घ °हउ; क °हाउ।

[३]

खंडयं—तहिँ वेण्णि वि परोप्पर चिरभवनेहनिब्भरं[1] ।
वसिऊणं तओ चुया इह [2]भरहे पुणो हुया[2] ॥

अह एत्थु जि बरमगहाविसए सुररमणिसासवासियदिसए ।
जिणमंदिरमंडियधरणियले इंदीवररयकयसुरहिजले ।
संवाहणु [3]नामु अत्थि[3] नयरु नायरविलासहासियखयरु[4] । ५
सावयसंकिण्णवणु[5] व ट्ठियउ पायलु व नायाहिट्ठियउ ।
रहुकुलु व सलक्खणरामधरु[6] अण्णाणुवएसु व नट्ठपरु ।
बहुवाणिउँ[7] मयरहरु व सहइ जहिं हट्टमग्गु भारहु कहइ[8] ।
वावरइ दोणु पसरंतसरु पत्थु वि संचरइ करेण करु ।
भुयतुलतोलियकंसावरिउ[9] पयडइ व कहि[10] मि केसवचरिउ । १०
बहुसंथउ जणियपयक्खलणु[11] कत्थइ[12] थिउ णं जडचट्टगणु ।
जणु कहि[13] मि सवासणु ववहरइ रक्खससमवायहो अणुहरइ ।

[३]

वहाँ दोनों ही परस्पर पूर्वभव-जन्य स्नेहसे भरपूर होकर रहे । वहाँसे च्युत होकर पुनः इसी भारतमें हुए । अब यहीं इस सुंदर मगध देशमें, जहाँ सुररमणियोंके आश्वाससे दिशाएँ सुगंधित हैं, जहाँका भूमंडल जिनमंदिरोंसे मंडित है, और जहाँका जल इंदीवरोंके पराग-रजसे सुरभित है, ऐसा संवाहन नामका नगर है, जहाँके नागरिकोंका विलास खेचरोंके विलासका उपहास करता है । श्रावकोंसे संकीर्ण होनेसे वह श्वापदोंसे संकीर्ण वनके समान स्थित है, और नागोंसे अधिष्ठित पातालके समान नागवृक्षों अथवा न्याय-नीतिसे अधिष्ठित है । लक्ष्मणसहित राम तथा सुलक्षण रानियोंको धारण करनेवाले रघुकुलके समान वह नगर सुलक्षण वृक्षोंसहित आरामों तथा सुलक्षणा सुंदरियोंका धारक है । जिसप्रकार अज्ञानोपदेशसे परमार्थ नष्ट हो जाता है, उसीप्रकार उस नगरके शत्रु नष्ट हो गये हैं । बहुत बनियों (व्यापारियों)से युक्त होनेसे वह बहुत अधिक पानीवाले मकरगृह (सागर)के समान शोभा पाता है । वहाँका हाटमार्ग (बाजार) मानो भारत कथाको कहता है । भारत-युद्धमें बाणोंका प्रसार करते हुए गुरुद्रोण (युद्ध) व्यापृत थे, वहाँके हाटमार्गमें खूब शब्द करता हुआ द्रोण नामक माप व्यापृत अर्थात् व्यवहृत होता है । कहीं पर वह केशवके चरित्रको प्रगट करता है, जिसमें केशवने अपनी भुजाओंरूपी तुलामें कंस-जैसे प्रधान (शत्रु) को तोला अर्थात् विजित किया था; वहाँ हाथोंसे तौलनेवाली तुलामें काँसेकी बनी श्रेष्ठ वस्तुएँ तौली जाती हैं । कहीं बहुत-से व्यापारियोंके सार्थ व्यापारमें गिरावट (या रुकावट) जानकर इसप्रकार ठहरे हुए हैं, जैसे कि मूर्ख शिष्य पाठमें स्खलन जानकर खड़े हो जाते हैं । कहीं बासनों(बरतनों)का व्यापार करनेवाले लोग,

[३] १. क चिरुं; ख ग °नेहानिं । २. क क भरहेण पुं; ख ग भारहे पुं; घ भरहे पुणु ते हुय । ३. क क णाम अं; घ अत्थि नाम नं । ४. क णायरविसालं । ५. ग सावइं; क क °संकिण्णुववणु; ख ग घ °संकिण्णु वणु । ६. ख ग घ सलक्खणु रामं । ७. ख ग घ °वाणिउं । ८. क क सहइ । ९. क भुअं; ख ग घ °तुलतोलिउ कंसा°; क भुअतुलतोलियकंसाचरिउ । १०. घ कहिं । ११. क क जाणियपयखलणु । १२. घ °इं । १३. घ कहिं ।

जहिं अक्खरसंगहिं[14] सहहिं[15] कइ टेंटहिं[16] जूवार[17]-विचित्तमइ।
जिणहरहिं[18] सद्दप्पण-पुज्जवया[19] दीसंति मुणिंद वि तहिं जि सया।
१५ घत्ता—तं पुरु[20] सुपइट्ठियनिवइ[21] जिणचरणमइ परिपालइ समरे बलुद्धरु[22]।
कुवलयपरिवड्ढियहरिसु[23] छणससिसरिसु महिवीढभारधारियधुरु[24] ॥३॥

[४]

[खंडयं]—तहो सुहलक्खणभायणा[1] गुरुदेवच्चणकयमणा[2]।
सिंगारासयसिप्पिणी[3] [4]पढमकलत्तं रुप्पिणी[4]।

भवयत्तु जेट्ठु जो विहि मि चिरु[5] सुरुँ सायरचंदु पुणो वि सुरु।
सो जाउ[6] पुत्तु जणजाणियहे[7] नरनाहें रुप्पिणीराणियहे[10]।
५ सउहम्मनामु[11] विज्जापवरु नीससत्थविण्णाणधरु[12]।
सज्जणमणनयणाणंदयरु[13] लाइयपडिवक्खकुमारडरु।
एक्कहिं[14] दिणे सुप्पइट्ठु[15] निवइ सकलत्तु सनंदणु सुद्धमइ।
गउ वंदणभत्तिए[16] भवतरणु सिरिवीरजिणंदसमोसरणु[17]।

शव-अशनका व्यवहार (प्रयोग) करनेवाले (शव-भोजी) राक्षस समूहका अनुकरण करते हैं। कहीं अक्षरोंका संग्रह अर्थात् काव्य पदोंकी रचना करते हुए कवि ऐसे शोभायमान होते हैं, जैसे द्यूतगृहोंमें पासोंके रसमें तल्लीन विचित्रबुद्धिवाले जुआड़ी। वहांके जिनगृहोंमें सद्+अर्पण अर्थात् सदाचारका पालन करनेवाले तथा पूज्य-वचन बोलनेवाले मुनींद्र सदैव दिखाई देते हैं। जिनचरणोंका भक्त, समरमें उद्धत बलशाली, कमलों (कुमुदों)को पूर्णतः प्रफुल्लित करनेवाले पूर्णचंद्रमाके समान पृथ्वीमंडलके हर्षको बढ़ानेवाला, एवं पृथ्वीके भारकी धुराको धारण करनेवाला सुप्रतिष्ठ नामका राजा उस नगरका पालन करता है ॥३॥

[४]

उसकी शुभलक्षणोंकी भाजन, गुरु व देवताके अर्चनमें मन लगानेवाली तथा शृंगारके आशयकी शिल्पिनी अर्थात् शृंगारके मर्मको समझनेमें दक्ष, ऐसी रुक्मिणी नामकी प्रधान रानी है। पूर्वभवमें जो ज्येष्ठ (भ्राता) भवदत्त था, फिर देव, फिर सागरदत्त और पुनः देव हुआ था, वह राजाकी जनमान्या रुक्मिणी रानीका पुत्र हुआ। उसका नाम सौधर्म रखा गया। वह विद्याओंको जाननेमें श्रेष्ठ और समस्त शास्त्रों व विज्ञान(कलाओं)का धारक, तथा सज्जनोंके मन और नयनोंको आनंद देनेवाला, एवं शत्रुपक्षके राजकुमारोंको डर उत्पन्न करनेवाला हुआ। एक दिन वह शुद्धमति सुप्रतिष्ठ राजा अपनी पत्नी और पुत्रके साथ वंदना करनेकी भक्तिसे संसारसे पार उतारनेवाले वीरजिनेंद्रके समोशरणमें गया और उन परमेष्ठीकी दिव्यध्वनि सुनकर

१४. क ङ °संगय। १५. ख ग ङ °हि। १६. ख ग घ टिंटिहिं। १७. घ जूयार। १८. क ङ °रहि। १९. क ख ग °रया; घ पूयरय। २०. घ पुरि। २१. क ङ ट्ठियट्ठियणि°। २२. क बल°; ङ °द्धइ। २३. क °परिवड्ढय°। २४. क ख ग ङ °धरु।

[४] १. क ङ °भायणं। २. क ङ °मणं। ३. ख ग °सप्पिणी। ४. क ख ग ङ °कलत्ता रुं। ५. क ङ भयवत्तु। ६. क चरू; घ विरु। ७. ख ग सुर। ८. ख ग जायउ। ९. क घ °यहें; ङ °यहों। १०. ख ग घ °यहें; ङ °यहों। ११. क ङ °णाम; घ °नाम। १२. घ °विन्नाण°; ग °धरु। १३. घ °णंदणहो। १४. ङ °हि। १५. ख ग °इट्ठ। १६. क घ ङ °हत्तिए। १७. क घ ङ °जिणिंद°; क ङ °समवसरणू।

निसुणेवि परमेट्ठिहि[18] दिव्वझुणि पव्वज्ज लेवि हुउ परममुणि ।
गणहरु[19] चउत्थु तवतवियतणु सिद्धिवहुनिवेसियविमलमणु । १०
पेक्खेवि जणेरु निवसिरिचइउ[20] सउहम्मकुमारु वि पव्वइउ ।
गणहरु पंचमु नासियदुहहो अविणट्ठथाणु सासयसुहहो ।
सो हउँ[21] रिसिसंघविराइयउ विहरंतुज्जाणि पराइयउ[22] ।

घत्ता—जो भवएउ विहि मि लहुउ पुणु अमरु हुउ पुणु सिवकुमारु सुरवरु पुणु ।
विज्जुमालि[23]-गिव्वाणु[24] हुउ[25] चउ-देवि-जुउ जलकंते विमाणे महागुणु ॥४॥ १५

[५]

खंडयं—सग्गचविउ मणोहरे जायउ एत्थु जि पुरवरे ।
सो तुहुँ[1] जियसक्कंदणो अरुहयासवणिनंदणो ॥१॥

जं तं तउ चिरु देविचउक्कं छम्मासावहि-पिययममुक्कं ।
चिरुभवनेहनिबद्धं आयं सायरदत्ताईणं जायं ।
दुहियचउक्कं विज्जाविमलं चरणोहामिय[2]-कोमलकमलं । ५
करपल्लवजियरत्तासोयं[3] भमरपीयमुहसासामोयं[4] ।
मणिमयकुंडलमंडियगंडं कामधणुद्धरअग्गिमकंडं ।

प्रव्रज्या लेकर महामुनि हो गया । उन तपसे तपाये हुए तनवाले चतुर्थ गणधरने सिद्धिवधूमें अपने विमल मनको लगाया । इसप्रकार अपने जनकको राजलक्ष्मीका त्यागी होते देख सौधर्म कुमार भी प्रव्रजित हो गया । उन दुःखका नाश करनेवाले और शाश्वतसुखके पद (मोक्ष)को प्राप्त वीरजिनेंद्रका वह पाँचवाँ गणधर ही मैं हूँ, और मुनिसंघके साथ विहार करते-करते इस उद्यानमें आ पहुँचा हूँ । दोनों भाइयोंमें छोटा जो भवदेव हुआ था, फिर देव, फिर शिवकुमार और फिर उत्तम देव हुआ, वह विद्युन्माली नामका महागुणवान् देव जलकांत विमानमें चार देवियोंसे युक्त हुआ ॥४॥

[५]

वही तू स्वर्गसे च्युत होकर इस मनोहर सुंदर व श्रेष्ठ नगरमें अरहदास वणिक्का इंद्रको भी जीतनेवाला पुत्र हुआ है । पूर्वमें वे जो तुम्हारी चार देवियाँ थीं, वे प्रियतमके स्वर्गसे च्युत होनेकी छह मासकी अवधिके उपरांत पूर्वभवके स्नेहसे बंधी हुई (स्वर्गसे) आकर सागरदत्तादिको उत्पन्न हुई हैं । वे चारों पुत्रियाँ विद्याओंमें विमल अर्थात् विद्याओंके विमलज्ञानसे युक्त, अपने चरणोंकी शोभासे कोमल कमलोंको तिरस्कृत करनेवाली, तथा अपने कर-पल्लवोंसे रक्ताशोकको भी जीतनेवाली हैं, और उनके मुखश्वासका आमोद भ्रमरों-द्वारा पीया जाता है, अर्थात् भ्रमर उनके मुखोंको कमल एवं उनके मुखके श्वासको कमलगंध समझकर उनपर मंडराते रहते हैं । मणिमय कुंडलोंसे उनका कपोलप्रदेश मंडित है, और वे काम-धनुर्द्धरके अग्रिम (श्रेष्ठ)बाण ही

---

१८. ब क °ट्ठिहि । १९. क क गहणरु । २०. ब तवसिरिवइउ । २१. ख ग हउ । २२. क क इहाइयउ । २३. ख ग विज्ज° । २४. क क °णे; ख ग °ण । २५. क क चुउ ।

[५] १. क क तुहु । २. क क चलणो° । ३. ख ग °सोएं । ४. ख ग °मोएं ।

दिण्णं[5] तुज्झ ताएँ[6] तं सव्वं दसमए[7] वासरे परिणेयव्वं[8]।
इय कज्जेण कुमार पवित्तं परिचइ[9] पडिलग्गं ते चित्तं।
अम्हे[10] लोयाणंदियदेहं परयाणहिँ जम्मंतरनेहं।
निसुणेवि मुणिवयणं सुहकम्मो सविसेसं सुमरिय नियजम्मो।
पुणु पुणु जइचलणेसुं[11] भत्तो जंपइ[12] जंबूसामि सुसत्तो।

घत्ता—मोक्खमहापहे गमु रयमि परियणु चयमि निव्विण्णउं[13] महु दय किज्जउ।
चिरु भवे जिह मणु[14] संवरिउ[15] दइयंवरिय सुहु[16] मोक्खदिक्ख पहु[16] दिज्जउ॥५॥

[६]

खंडयं—इय सोऊणं मलहरो[1] बोल्लइ वयणं[2] गणहरो।
ता वच्चसु सनिहेलणं[3] पुच्छसु पियमायाजणं[4] ॥१॥

भणइ ताम मेल्लियमणुब्भवो अरुहयासजिणवइतणुब्भवो।
मायवप्पु इह अज्जु भणियओ[5] एत्तिओ[6] जं तेहिँ जणियओ[7]।
कहि मि काले जं पुणु न भाविर्यं दुलहु [8]जम्मकोडिहिँ न पाविर्यं[8]।
धम्मरयणु तं तउ पसाएण[9] लद्धु सीलु तह विणु[10] कसाएण[9]।

हैं। (तुम्हारे) तातने उन सबको तुझे दे दिया है, अर्थात् तुम्हारे लिए उनका वाग्दान कर लिया है, दसवें दिन उनसे तुम्हारा परिणय होगा। इस कारण (पूर्वभव संबंध) से, हे कुमार! तुम्हारा पवित्र चित्त मेरे परिचयमें लग गया। हम-लोग लोगोंके शरीरमें आनंद उत्पन्न करनेवाले पूर्वजन्मके स्नेहको जानते हैं। मुनिके वचनोंको सुनकर विशेषरूपसे अपने पूर्वजन्मका स्मरण कर पुनः पुनः यतिके चरणोंमें भक्ति दर्शाते हुए, शुभकर्मोंवाले सुसत्त्व (पवित्रात्मा) जंबूस्वामी कहने लगे—हे प्रभु! मैं मोक्ष-महापथमें गमन करूँगा और परिजनोंको छोड़ूंगा। मैं संसारसे उदासीन हो गया हूँ, मेरे ऊपर दया कीजिए, और पूर्वभवमें जिसप्रकार (मेरे) मनको संवृत अर्थात् संवरयुक्त बनाया था, उसीप्रकारकी शुभ (श्रेयस्कर) दिगंबरी-मोक्ष-दीक्षा दीजिए ॥५॥

[६]

यह सुनकर वे (कर्म) मलनाशक गणधर बोले—'तो फिर अपने घर जाओ और माता-पिताजनोंसे पूछो।' तब मनोद्भव अर्थात् कामवासनाको त्यागनेवाला अरहदास और जिनमतीका तनुज बोला—आज जिन्हें यहाँ माँ-बाप कहा जाता है, वह इतने (से) ही कि उनके द्वारा जन्म दिया जाता है। कोटि-कोटि जन्म पाकर भी जो दुर्लभ धन पहले कभी नहीं मिला था, और जिसका पहले कभी अभ्यास नहीं किया था, वह धर्मरत्न तथा कषायरहित शील

५. ख ग दिन्नं। ६. घ तए। ७. क घ ङ दसमे। ८. ख ग °दव्वं। ९. क ख ग घ परिचय; ङ पडिचय। १०. क घ ङ अम्हा। ११. क ङ जय°। १२. ख ग °इं। १३. घ °ण्णउं; ङ °ण्णउं। १४. प्रतियोंमें 'मण'। १५. क ख ग संचरिय; घ ङ संवरिय। १६. क ङ मोक्खु दिक्ख महु।

[६] १. क घ मण°। २. ख ग वइणं। ३. क ङ सहणिहे°; ख ग सुहनिहे°। ४. क घ ङ पिउ°। ५. ग °यउ। ६. ख ग °उं। ७. ख ग °यउ; घ ङ °यउं। ८. क घ ङ जम्मकोडि-कोडीहिं (घ न) पावियं। ९. ख ग °यणं। १०. क विण।

मायबप्पु तुहुँ[11] तुहुँ जि बंधवो[12] तुहुँ[13] जि मित्तु तारियमहाभवो[14]
तुहुँ[13] जि देउ गुरु तुहुँ[13] जि सामिओ[11] पइँ जि पढमु महु मोहु नामिओ[11] ।
विज्जमाणकणयमयचामरं दाविय सुहं माणुसामरं ।
करि पसाउ लइ पुव्वचारिणं देहि दिक्ख[17] किं बहु-वियारिणं[18] । १०
घत्ता—निच्छउ तहो वीरहो[19] मुणेवि वयणइँ सुणेवि सउहम्ममहामुणि भासइ ।
मायबप्पु पुच्छंताहँ[20 21] तउ लिंताहँ[21] भणु पुत्त काइँ किर नासइ[22] ॥६॥

[७]

खंडयं—चरमसरीरहो ते मणं म करउ किं पि वियप्पणं ।
आउच्छेप्पिणु परियणं सेवसु वच्छ तवोवणं ॥१॥
गुरुभासिउ आएसु लहेप्पिणु चलणजुयलुं[2] भत्तिए[3] पणवेप्पिणु ।
गयउ कुमारु पत्तु नियमंदिरु दाणाणंदियवंदिणवंदिरु ।
जणणि-जणेरुँ[4] पयहँ[5] सिरु नाविवि करकमलंजलि सीसे चडाविवि । ५
संसारिणिअवत्थ पुणु बोल्लइ चंचलदीउ व[6] माणुसु डोल्लइ ।
अहिजीहाफुरणुँ[7] व जीविउ चलु गिरिणइपूरु व ओहट्टइ बलु ।
लच्छिविलासु गंडपब्भालणु विसयसोक्खु पामा-नहचालणु ।

तुम्हारे ही प्रसादसे प्राप्त हुआ । तू ही मेरा माँ-बाप है, और तू ही मेरा बांधव, तथा तू ही महासंसार(समुद्र)से पार उतारनेवाला मित्र । तू ही देव है, गुरु है, और तू ही स्वामी । तूने ही सर्वप्रथम मेरा मोह उपशांत किया था, और जहाँ स्वर्णमय चंवरोंसे व्यजन डुलाया जाता है, ऐसे मनुष्य और देवसुखोंको दिलाया था । (अतः) कृपा कीजिए और पूर्व (जन्मों) से ही (मोक्षमार्गपर) चलनेवाले (मुझ)को दीक्षा दीजिए ! बहुत विचार करनेसे क्या ?

उस धीरका निश्चय जानकर और उसके वचनोंको सुनकर सौधर्म मुनि कहने लगे—रे वत्स कहो तो ! माँ-बापको पूछकर, फिर तप लेनेसे क्या हानि होती है ? ॥६॥

[७]

रे वत्स ! तुझ चरमशरीरीको अपने मनमें कोई विकल्प लानेकी आवश्यकता नहीं है, अतः परिजनोंसे पूछकर तपोवनका सेवन करना । गुरुके कहे हुए आदेशको लेकर, उनके चरण-युगलको भक्तिपूर्वक प्रणाम करके, कुमार गया, और दानसे बंदीवृंदको आनंदित करनेवाले अपने घरको पहुँचा, एवं जननी और जनकके पैरोंको सिर नमाकर, करकमलोंकी अंजलिको शिर-पर चढ़ाकर, वह बोला—'यह संसारी अवस्था ऐसी है, जिसमें मनुष्यका (चंचल) मन चौरस्तेके दीपकके समान (सांसारिक विषयोंमें यहाँ-वहाँ) डोलता है । जीवित(आयुष्य) सर्पके जिह्वा-स्फुरणके समान चंचल है, और बल गिरिनदीके पूरके समान (निरंतर) ह्रासको प्राप्त होता रहता है । लक्ष्मीका विलास गंडमाला(रोग)के जैसा है, और विषयसुख नखोंसे खाज-

---

११. क ख ग तुहु । १२. क ङ °उ । १३. क ङ तुहु । १४. क °भओ । १५. क °उ; घ °उं । १६. क ङ णासिओ; घ °उं । १७. ख ग देक्ख । १८. ङ विचा° । १९. क ङ धी° । २०. क ङ °तहं । २१. क ङ तउ तं लेंतहं । २२. ख ग °इं ।

[७] १. घ °विणु । २. ख ग °जुअलु । ३. क ङ °ए । ४. क घ ङ जणेर । ५. क ङ °हि; घ °हिं । ६. क ङ °दीवउ । ७. °फुरणु ।

इय कज्जेण अज्जु पव्वज्जमि सहुँ तुम्हहिँ[८] खंतव्वु विरज्जमि ।
अप्पणु[९] खामिउ[१०] जगु जि खमावमि रायविरोह वे वि उवसावमि ।
सुयवयणाउ माय मुच्छंगय कह व कह व उम्मुच्छिय न वि मुय ।
खरपवणाहयकेलि व कंपिय सजलनयण-गग्गिर-गिर जंपिय ।
पुत्त पुत्त महु जं पइँ[११] पयडिउ महिहरसिहरि[१२] वज्जु[१३] णं निवडिउ ।
पुत्त पुत्त तुहुँ[१४] मंडणु निलयहो[१५] तउ लेंतेण जाइ कुलु विलयहो ।

घत्ता—पुत्तु जि गोत्तहो आसतरु संताणधरु गुरुभारसमुद्धियकंधरु[१६] ।
पुत्तु जि आवइवल्लरिहि[१७] कुलखयकरिहि[१८] विद्धंसणबंधुरसिंधुरु ॥७॥

[८]

खंडयं—इय[१] संसारे जं पियं निसुणेवि जणणी जंपियं ।
चउगइदुक्खनियामिणा भणियं जंबूसामिणा ॥१॥

प्रहु लोयायारु विसुद्धकम्मि को चवइ चविउ जं[२] तुम्हि अम्मि ।
किर वंसुज्जालइ जो स पुत्तु गुणिगणणि[३] पढमु आयारजुत्तु ।
जाएण न कंदहिं वइरि जेण नंदंति न सज्जण सइ[४] सुहेण ।
दाणेण अहव निज्जियरणेण सुकवित्तें[५] अह जिणकित्तणेण ।

खुजलानेके समान है । इस कारणसे मैं आज ही प्रव्रज्या लूँगा । अपने आत्माको मैंने (सबके प्रति) क्षमा(भाव)से युक्त कर लिया है, और लोकसे भी मैं (अपने प्रति) क्षमा(भाव) चाहता हूँ, एवं राग और विरोध(द्वेष) दोनोंको उपशांत करता हूँ ।' पुत्रके इन वचनोंसे माँ मूर्च्छित हो गयी, और किसी-किसी तरह उन्मूर्च्छित हुई, मरी नहीं (अर्थात् किसी-किसी तरह मरनेसे बची) । वह तीक्ष्ण पवनसे आहत कदलीके समान कांपने लगी, एवं सजलनेत्र होकर ऐसी गद्-गद वाणी बोली—हे पुत्र ! तुम्हारे वचन (कुल)कल्याणके विरुद्ध और धिक्कारणीय हैं । हे पुत्र ! तूने जो कहा वह मेरे लिए पर्वतशिखरपर वज्रपातके समान है । हे पुत्र ! तू ही घरकी शोभा है, तेरे तप लेनेसे कुलका विनाश हो जायगा । पुत्र ही कुलका आशावृक्ष है, संतानोंका धारक है, और कुटुंबके गुरुभारको कंधोंपर उठानेवाला है । पुत्र ही कुलका क्षय करनेवाली आपत्ति-वल्लरीको विध्वंस करनेवाला श्रेष्ठ हस्ति है ॥७॥

[८]

इस संसारमें जो प्रिय है, जननीके वैसे कथनको सुनकर चारों गतियोंके दुःखका नियमन करनेवाले जंबूस्वामीने कहा—'हे शुद्धशील माँ ! यह जो लोकाचार तुमने बतलाया, वह दूसरा कौन कह सकता है ? निश्चयसे पुत्र वही है, जो वंशको उज्ज्वल करे, तथा जो गुणियों-की गणनामें प्रथम हो, और आचारयुक्त हो । जिसके जन्म लेनेसे वैरी क्रंदन नहीं करते, और सज्जन सदा सुखसे आनंद नहीं मनाते; जिसके दानसे अथवा रणको जीतनेसे; सुकवित्व-से

---

८. क ङ °हं । ९. क ङ °उ; घ अप्पुणु । १०. क ङ खमियउ; घ खमियउं । ११. क ङ पइ । १२. क ङ °सिलहि । १३. ङ वज्ज । १४. ङ तुहु । १५. क °यहुं । १६. ख ग °भारुसमु; घ °ममुद्दिय° । १७. क ङ °रिहो; घ °रिहि । १८. क ङ °करिहो; घ °करिहि । १९. ग °सिंधुर ।

[८] १. क ङ इह । २. ख ग जो । ३. ख ग गुण°; घ °गणेण । ४. घ सइं । ५. क ङ सुकयत्तें ।

जसहंसु भुवणपंजरे[6] न मंतु बंभंडे न धावइ अइकमंतु ।
किं तेण पयापरिपूरणेण नियजणणीजोव्वणलूरणेण[7] ।
दुव्वसणभुत्तु कुलकंदखणणु अत्थत्थिउ मारइ जणणि-जणणु ।
तो वरि तं करमि विवेयकम्मु जिणकेवलीहिं जं आसि गम्मु । १०
सामण्णहो[8] सज्झु[9] न धरणिवलए कुलनामुक्कीरमि चंदफलए[10] ।
तं करमि न विग्गहगइ पुणो वि डंकेइ न जहिं[11] मणमंकुणो वि ।
इंदियवावारु न जेत्थु फुरइ अत्थोवलंभु न वियारु करइ ।
जहिं[12] मिलिउ विलीयइ कालदव्वु अत्थवणु[13] जाइ आयासु सव्वु ।
जहिं[14] खयहो पवच्चइ कलिकयंतु[15] तउ चरमि निरंजणु होमि संतु । १५
कहियइं[16] इय कहिवि निरंतराइं सविसेसइं[17] नियजम्मंतराइं ।
संबोहियाए[18] मायए[19] पवुत्तु[20] पडिवज्जिउ सयलु वि पुत्त जुत्तु[21] ।

घत्ता—निच्छउ परियाणिवि नंदणहो सिवसुहमणहो पियरें सिक्खनिवेसिय[22] ।
सायरपमुहुम्माहियहो वइवाहियहो नियपुरिस वेण्णि संपेसिय ॥ ८ ॥

अथवा जिनभगवान्‌का कीर्त्तन करनेसे जिसका यशःहंस इस संसाररूप पिंजड़ेमें न समाता हुआ, इसका अतिक्रमण करके संपूर्ण ब्रह्मांडमें तीव्रगतिसे नहीं जाता; उस मात्र उदरपोषण करनेवाले अथवा प्रजापूरण (संतति वृद्धि) करनेवाले, निज-जननीके यौवनको काटने(लूटने)वाले पुत्रसे क्या जो दुर्व्यसनोंसे भक्षित(वशवर्त्ती) होकर कुलके मूल(धर्म)को ही खोद डालता है, एवं अर्थपरायण होकर माँ-बापको भी मार डालता है।' तो अच्छा है कि मैं वह परित्यागकर्म (संसारत्याग) करूँ जो जिनकेवलियों-द्वारा गम्य रहा है। सामान्य व्यक्तिके लिए जैसा साध्य नहीं है, उसप्रकारसे मैं चंद्रमंडलपर अपने कुलके नामको उकेरूँगा। मैं वह करूँगा जिससे पुनः विग्रह-गति (संसारमें आवागमन) न हो, और जिससे यह मनरूपी मत्कुण पुनः डंक न मारे (अर्थात् विषयोंकी तृष्णासे अभिभूत न करे)। जहाँ इंद्रिय व्यापार प्रगट ही नहीं होता है, अर्थको (उपलब्धि या अनुपलब्धि) जहाँ विकार उत्पन्न नहीं करती, जहाँ मिलने (पहुँचने)से कालद्रव्य विलीन हो जाता है (अर्थात् जहाँ जन्म-जरा व मृत्यु नहीं होते), जहाँ समस्त आकाश अस्तंगत हो जाता है, और जहाँ कलिकृतांत क्षय हो जाता है, मैं ऐसा तप करूंगा, और निरंजन(कर्मरूपी कालिमासे रहित)-संत होऊँगा। यह कहनेके अनंतर उसने विशेषतासे (विस्तारपूर्वक) अपने निरंतर (पाँच) जन्मांतरोंको कहा। तब बोधको प्राप्त हुई माँने कहा—पुत्र! तूने जो कुछ प्रतिपादन किया, सब युक्त है। शिवसुखमें मन लगे हुए पुत्र-का निश्चय जानकर पिताने विवाहके लिए उमाहे हुए (उत्साहित) सागरदत्त प्रमुख वणिकोंके पास शिक्षा(समाचार) देकर अपने दो पुरुष भेजे ॥८॥

६. क ङ भुवणुं; ख ग भुयणं; घ भुअणं। ७. ख ग नियजणणं। ८. घ °ग्गहो। ९. क मज्जु। १०. घ °फलइं। ११. घ जहिं। १२. क जहि। १३. क ङ अंथं। १४. क ङ जहि। १५. क ङ °कियंतु। १६. ख ग °यइ। १७. ख ग °सइ। १८. प्रतियोंमें °याइं। १९. क घ ङ °इं। २०. क ङ पउत्तु। २१. क ङ जुत्त। २२. ख ग सिक्खाइ विनिं; घ सिक्खवि विनिं।

[९]

खंडयं—ता तहिं[1] मंडवे थक्कयं दिट्ठं[2] सेट्ठिचउक्कयं ।
तोरणदारपराइया तेहिं[3] मि ते वि विहाइया ॥

तो अब्भुत्थाणु करेवि तहु आसणु दहि[4]-कुसुमक्खयहिं[5] सहुँ ।
तंबोलु विलेवणु[6] सज्जियउ आयारजोग्गु सव्वु वि कियउ ।
बोल्लणहँ[7] लग्गु विहि एक्कु नरु वरताएं[8] पेसिय[9] तुम्ह घरु ।
अघडियउ घडावइ दिण्णदिहि[10] विहडावइ सुघडिउ दुट्ठविहि[11] ।
दइवहो[12] किं करइ सुपुरिसमइ असमत्तकज्जे जहिं[13] अवरगइ ।
बोल्लंतहो तहो संवरियमणु[14] अणिमिसदिट्ठिइ[15] मुहु[16] नियइ जणु ।
सव्वत्थ[17] वि लय[18]-विप्फारयाइँ वज्जंतइँ तूरइँ वारियाइँ ।
कलवेणु-वीणसमलंकियाइँ नीसद्दइँ गेयाइँ[19] मि कियाइँ ।
कामिणिसंचारइँ धारियाइँ रुद्धइँ[20] नेउरझंकारियाइँ ।
लिहिओ[21] इव संठिउ[22] बंधुजणु अवरु वि सव्वो वि निहियसवणु ।
आहासइ पुणरवि[23] सो ज्जि नरु अवलोयहु कण्णहु[24] अण्णु[25] वरु ।
नियचित्तु सिद्धिवहुवहिं[26] धरिउ परिणयणु कुमारें परिहरिउ ।

[९]

तब (इन दोनों पुरुषोंने वहाँ जाकर) मंडपमें बैठे हुए चारों श्रेष्ठियोंको देखा, और तोरण द्वार पार करते ही वे दोनों भी उन श्रेष्ठियोंके द्वारा देखे गये । फिर उनके लिए अभ्युत्थान करके दधि, कुसुम व अक्षत आदिसे मंगलोपचार करके आसन दिया; तांबूल, कुंकुम व चंदन आदि विलेपन सामग्री आगे करके जो-जो कुछ आचार-व्यवहार योग्य है, सभी किया गया । तदनंतर दोनोंमें-से एक व्यक्ति बोलने लगा—'वरके तातने तुम्हारे घर भेजा है । (दुः) साहसी और दुष्ट-विधि अघटितको तो घटाता है, और सुघटितको विघटित कर देता है । सत्पुरुषकी बुद्धि इस दैवका क्या करे, जहाँ असंपन्न कार्यमें कोई और ही गति हो जाती है ? उसके बोलते हुए सब लोग अपना मन थामकर निर्निमेष दृष्टिसे उसका मुँह देखने लगे । सर्वत्र विस्फार अर्थात् उच्चलयसे बजते हुए तूर रोक दिये गये । मधुर वेणु और वीणासे समवेत सभी गान बंद कर दिये गये । कामिनियोंका संचार रोक दिया गया, और नूपुरोंकी झंकार अवरुद्ध कर दी गयी । बंधुजन तथा और जिन्होंने भी कानोंसे सुना, सभी चित्रलिखितके समान (स्तंभित) हो गये । पुनः वही व्यक्ति कहने लगा—कन्याओंके लिए अन्य वर देखिए ! अपने चित्तको (अतिशयरूपसे) सिद्धिवधूमें लगानेवाले कुमारने विवाहको त्याग दिया है ।

[९] १. ख ग क तहिं । २. ख ग घ दिट्ठउ । ३. ख ग तेहि । ४. ख ग तहिं । ५. क क °यहिं । ६. क क तंबोल । ७. क क °वण । ८. क क बोलणह । ९. क °ताए । १०. क क एं° । ११. ख ग घ दिन्न° । १२. घ दइ° । १३. ख ग °ग्गहो । १४. ख ग जह । १५. क °गमणु । १६. क ख ग क अणमिस° । १७. ख ग सहुं; घ सुहु । १८. ख ग विलइं । १९. क ख ग क °इ । २०. क क °इ । २१. ख ग लिहियउ । २२. घ संतिउ । २३. ख ग पुणु° । २४. घ कन्नहो । २५. घ अवरु । २६. क क °वहुवहिं; ख ग °वहुअहं; घ °वहुयहि ।

तुम्हहिं[२७] सहुँ अम्हहँ[२८] परमरइ जं करहु एत्थु तं देहु मइ। १५
घत्ता—पिउ-मायरि-बंधव-जणहिं दुक्खियमणहिं बुज्झाविउ कह व न[२९] बुज्झइ।
सच्चउ अज्जु जि तवचरणु वइरायमणु लिंतउ कुमारु किम रुज्झइ ॥ ९ ॥

[१०]

खंडयं—सुणेवि वयोहरजंपियं[१] करवत्तेण व[२] कप्पियं[३]।
विसकवलेण व घुम्मियं सव्वाणं हिययं ठियं ॥
हेट्ठामुहुँ संठिउ सयणविंदु वज्जासणिसूडिउ णं गिरिंदु।
णं गरुडझडप्पिउ फणिसमूहु हरिदारियसिरु णं हत्थिजूहु।
खरपरसुं[४] हयउ[५] विडवो[६] व रुक्खु वुच्चइ कण्णापियरहिं[७] सदुक्खु। ५
वरु जंबुसामि मेल्लिवि वरिट्ठु तइलोक्के[८] कवणु तहो सरिसु दिट्ठु।
चिरु दिण्णियाउ कण्णाउ[९] जाउ अण्णहो[१०] कहो[११] एवहे[११] देहु ताउ।
अह ताउ जि[१२] पुच्छहु[१३] बालियाउ [१४]नवसिरसकुसुमसोमालियाउ।
इय भणेवि वयोहरु[१५] करे धरेवि माइहरब्भंतरे पइसरेवि।
कण्णाण कहिउ कारणु समण्णु[१६] वरइत्तु तुम्ह[१७] लइ नियहु अण्णु[११]। १०
निसुणेवि कज्जंतरु जित्तसिरिए[१८] दिज्जइ पच्चुत्तरु पउमसिरिए[१८]।
निम्मलगुणगोत्तविसालियाहँ पइं[१९] एक्कु जि किर कुलबालियाहँ।

तुम्हारे साथ हमारी परम प्रीति है, इस प्रसंगमें जो किया जाये वैसी मति दीजिए! दुःखित-मन माता-पिता और बांधवजनोंके द्वारा समझाये जाने पर भी वह कैसे भी नहीं समझता। वैराग्य-मन कुमारको आज ही सचमुच तप लेनेसे कैसे रोका जाये? ॥९॥

[१०]

उस संदेशवाहकके कहेको सुनकर सभीका हृदय करोंतसे चीरे हुए जैसा तथा विष खा लेनेसे घूमता हुआ (चकराता हुआ) जैसा हो गया। स्वजनवृंद इसप्रकार अधोमुख होकर बैठ रहे जैसे अतिकठोर वज्रायुधसे तोड़ा हुआ पर्वतराज, जैसे गरुड़से झपेटा हुआ फणिसमूह, सिंहके द्वारा शिर-विदीर्ण किया हुआ हाथियोंका झुंड, और तीक्ष्ण परशुसे कटी हुई शाखाओंवाला (ठूंठ) वृक्ष हो जाता है। कन्याओंके पिता दुःखपूर्वक कहने लगे—'जंबूस्वामी-जैसे श्रेष्ठवरको छोड़कर तीनों लोकोंमें उसके समान और कौन देखा गया है? जो कन्याएँ बहुत पहलेसे हो (उसे) दे दी गयी थीं, उन्हें अब किस दूसरेको दें? अब उन्हीं नवीन सिरीषपुष्पके समान सुकुमार बालिकाओंसे पूछा जाये'—ऐसा कहकर संदेशवाहकको हाथ पकड़कर और मातृगृहमें भीतर प्रवेश कराकर कन्याओंको सब कारण(समाचार) बतलाया, (और पूछा) अच्छा, अब तुम लोगोंके लिए दूसरा वर देखें? (विवाह)कार्यमें व्यवधानकी यह बात सुनकर, लक्ष्मीको शोभाको जीतनेवाली पद्मश्रीने प्रत्युत्तर दिया—निर्मलगुणों और महान् गोत्रवाली कुलकन्याओंका निश्चयसे एक

२७. क ङ °इं। २८. क ङ °इं; घ °हिं। २९. घ नउ।

[१०] १. ख ग घ वओ°। २. क ङ य। ३. ख ग कंपियं। ४. क ख ग ङ °फरुस; घ °परुस। ५. ख ग खइउ। ६. ख ग घ उ°। ७. घ कन्ना°। ८. क ङ °लोए। ९. घ अन्न°। १०. ख ग कहें; घ कहिं। ११. क एमहि; घ एवहिं; ङ एमहिं। १२. घ वि। १३. क ङ पुं°। १४. ख ग नवकुसमसरिस°; घ °सिरसि। १५. ख ग घ वओ°। १६. घ °सु। १७. घ तुम्हि। १८. घ °सिरि। १९. क ख ग घ पइं।

एक्कु जि जणेरि जगि एक्कु ताउ एक्को जि[20] देउ[21] जिणु वीयराउ।
गुरु एक्कु जि भण्णइ[22] परमसाहु सुहि एक्कु जि जसु तउ-धम्मलाहु।
१५ परिणयणु अम्ह न करंतु कंतु[23] जइ परतउ लेइ विरायवंतु।
घत्ता—अह[24] पुणु जइ[25] विवाहु घडइ[26] दिट्ठिहे[27] चडइँ[28] अम्हगालु बोल्लु न जाणहुँ[29]।
तो तरलच्छिविलासवसु रइलद्धरसु जम्मावहि वल्लहु माणहुँ ॥१०॥

[११]

खंडयं—इयवयणं हिययच्छियं इयराहिं मि[1] समत्थियं[2]।
कयपरिणयणे वयधर्णं[3] दूरे तस्स तवोवणं[4] ॥१॥

गरुयउ[5] कज्जु जइवि[6] लज्जिज्जइ लज्ज मुएवि तो वि बोल्लिज्जइ।
अच्छउ ताम कामसंजीवणि कोमलझुणि जुवाणमणदीवणि।
५ रइनाडयविलाससंसिक्खणु वंकउ-तिक्खकडक्खनिरिक्खणु[7]।
सरसु सरलबाहुलयालिंगणु गाढत्तणे[8] पीडियथोरत्थणु।
दंसणे[9] जि दरसियसिंगारहो[10] रइविहलंघलदिट्ठिकुमारहो।
पेक्खेसहुँ[11] चलणंसु रमंती गुरुरमणत्थले खिन्न[12]-भमंती[13]।

ही पति होता है, लोकमें एक ही जननी होती है, एक ही तात, और एक ही देव—वीतराग जिन। एक ही परम साधुको गुरु-कहा जाता है, और एक ही सुहृत्, जिससे तप व धर्मका लाभ हो। यदि प्रियतम हम लोगोंका परिणय नहीं करके, वैरागी होकर परम-तप (दिगंबरीदीक्षा) लेते हैं (तो लें), परंतु फिर भी यदि (किसी तरह) विवाह घटित हो जाय, और हम लोग उसकी दृष्टिमें चढ़ जायें, तो मैं बहुत आगे बढ़कर तो बोलना नहीं जानती, (लेकिन फिरभी) चंचलनेत्रोंके विलासके वश हुए, और रतिमें रस लेनेवाले उसको हम लोग आजन्म अपना प्राणवल्लभ मानें (अर्थात् चंचल नेत्रोंके कटाक्ष और रतिरसमें डूबकर वह आजन्म हमलोगोंका प्राणप्रिय होकर रहेगा) ॥१०॥

[११]

इस मनोवांछित वचनका दूसरी कुमारियोंने भी समर्थन किया—(कि) परिणय कर लेने-पर उसके लिए व्रतप्रधान तपोवन तो दूर ही है। यद्यपि यह बड़ा भारी लज्जनीय कार्य है, तथापि लज्जा छोड़कर कहना पड़ता है—'तो फिर जवानोंके मनको उद्दीपित करनेवाली कामकी संजीवनी कोमल-ध्वनि, रतिनाटक और विलासकी शिक्षा, बाँके तीक्ष्ण कटाक्षोंसे देखना, प्रेमरससे पूर्ण होकर सुंदर बाहुलताओंसे आलिंगन और स्थूल स्तनोंसे प्रगाढ़तासे मर्दन हो। हमलोगोंके दर्शनमात्रसे ही दर्शितशृंगार अर्थात् उद्दीप्त-काम कुमारकी रति-विह्वल दृष्टिको हमलोग अपने चरणोंमें रमण करती और विशाल रमणस्थलपर खिन्न होकर भ्रमण करती

---

२०. क घ ङ वि। २१. ख ग देउ वि। २२. क ङ °इं; घ भण्णइं। २३. ख ग संतु। २४. क ङ जइ पुणु। २५. ख ग °इं। २६. क ङ °हि; घ °हिं। २७. ख ग घ °इ। २८. ख ग °हो; २९. क लइँ।

[११] १. क घ ङ पि। २. ख समिं। ३. प्रतियोंमें °घणं। ४. ख ग तओं। ५. क घ ङ °वउ। ६. ख ग जयवि। ७. ख ग °निरं। ८. क ङ °त्तण। ९. ङ °ण। १०. घ दरिसिय°। ११. क ङ °सहु। १२. क ख ग ङ खिण्ण। १३. क ङ भवंती।

रोमावलिपएसि[14] विहडप्फड तिवलितरंगविसमि[15] दिंती झड ।
नाहीबिंबे थक्क न पयट्टइ दुब्बलढोरिव पंके चहुट्टइ । १०
हुय निप्फंद चडवि[16] घणथणयड[17] तिसिया इव[18] जलदंसणे लंपड[19] ।
तरलतरंगमयणमयसंगिणि ईहइ दीहरनयणतरंगिणि ।
पेक्खेवउ विलासरंजियमणु पणइणिपणयपायपहरियतणु ।
माणिणिमाणुवसावण[20]-कंखिरु महुरमम्मणुल्लावण[21]-झंखिरु ।
पणमणमिलियमउलिपयलग्गउ नेउरग्गकयबंधविलग्गउ[22] । १५
इय निसुणिवि सव्वहिं[23] परिभाविउ मिलिवि कुमारु विवत्थहिं थाविउ ।
घत्ता—कण्णहँ[24] चउहँ[25] वि हत्थ[26] धरि परिणयणु करि सुहिनयणहँ[27] जणहिं[28] महारइ[29] ।
एक्कु जि वासरु कल्लि पुणु वयविमलगुणु तवचरणु[30] लेंतु को वारइ ॥११॥

[१२]

खंडयं—तो बालेण न वज्जियं वयणमिणं पडिवज्जियं ।
झत्ति विराय-विवज्जियं गहिरं तूरं वज्जियं ॥
पत्ते विवाहमुहुत्ते मणोहरे उण्णामउ[2] निबद्धु कंकणु[3] करे ।

हुई देखेंगी । रोमावलि प्रदेशपर विह्वल होकर, विषम त्रिवली तरंगोंपर झपट मारते हुए नाभिबिंबपर ठहरकर उसका प्रवर्तन इसप्रकार रुक जायेगा, जिसप्रकार कीचड़में फँसा हुआ दुर्बल पशु; और घने स्तनतटोंपर चढ़कर वह ऐसी निष्पंद हो जायेगी, जैसे जलदर्शनका लंपट कोई प्यासा (जलको देखकर)। तरल तरंगोंवाली (अर्थात् चंचल प्रेक्षणोंसे युक्त) व मदन-मदकी संगिनी, हमलोगोंके दीर्घनेत्रोंरूपी तरंगिणीको वह अभिलाषापूर्वक देखेगा । (और भी हमलोगोंके द्वारा) वह विलासमें अनुरक्त मनवाला और हम प्रणयिनियोंके प्रणयसे पादप्रहारसे युक्त शरीरवाला-अर्थात् प्रणयवश हमलोगोंके चरणोंको चूमते हुए; तथा मानिनियोंके मानको उपशांत करनेकी आकांक्षासे मधुर कंदर्पालाप करते हुए, व (दीर्घ) निःश्वास लेते हुए; और प्रणाम करनेके लिए उसका मुकुट अपने चरणोंसे इसप्रकार लगा हुआ मानो वह नूपुरोंके अग्र-भागसे बाँधकर चिपका दिया गया हो, इस रूपमें देखा जायगा। यह सुनकर सभीने विचार किया, और मिलकर कुमारको इन व्यवस्थाओंमें स्थापित किया (अर्थात् बाँधा) कि केवल एक दिनके लिए चारों कन्याओंके पाणिग्रहण करके सुहृज्जनोंके नयनोंके लिए महद् प्रीति उत्पन्न कीजिए । फिर कल ही विमल व्रतों और शुद्ध गुणोंवाले तपश्चरणको लेते हुए (तुम्हें) कौन रोकेगा ॥११॥

[१२]

तब बालकने अस्वीकार नहीं किया, और इस वचनको मान लिया । शीघ्र ही विराग-विवर्जित अर्थात् किसी भी प्रकार रस-भंगरहित गंभीर तूर वज उठा । शुभ विवाह मुहूर्त

१४. क ख ॅस । १५. क ख ॅविसम; ख ग ॅविसमें । १६. ख ग चडिवि । १७. क ख ॅतड । १८. घ दंसणि जललं ॅ । १९. क घ ख ॅसामण । २०. क ख महुरामम्मणलावणु; ख ग ॅलावण । २१ क घ,ख ॅकयकंध ॅ । २२. ख ग घ ॅहं । २३. क ख कण्ण जु; घ कन्नहं । २४. क घ ख ॅहु; ख ग ॅह । २५. क घ ख हत्थु । २६. ख ग सुहिनय ॅ; क ख ॅणयणहु । २७. क घ ख ॅहिं । २८. क ख ॅरइं । २९. क ख तउ ॅ । ३०. क ख ॅहं ।

[१२] १. क ख तूर विवज्जियं ॅ । २. ख ग घ उन्ना ॅ । ३. क ॅण ।

सिरि[४] सियकुसुममउडु जियससहरु गंधुद्धंत[५]-महुरसर-महुयरु[६]।
सेयसुहुम[७]-नववत्थनियंसणु चंदणलित्तरयणमंडियतणु।
चउहुँ[८] मि कण्णहँ[९] जंबुकुमारें किउ विवाहु वणिगोत्ताचारें।
सायरदत्तु करेवि[१०] पुरे तारए[११] कण्णचयारि[१२] कएहिं[१३] जलधारए[१४]।
बहुकरसंगहे[१५] गोत्तपवित्तहो दिज्जइ दाइज्जउ वरइत्तहो[१६]।
डाहुत्तारु[१७] चारु चामीयरु मोत्तिउ तारु सुत्तिसंभउ[१८] वरु।
दित्तिफुरंतु रयणु जाइल्लउ[१९] वइरायरउ वज्जु कंतिल्लउ।
चेलिउ कंचिवालु बहुमोल्लउ अवरु वि[२०] जं जं काइँ मि[२०] भल्लउ।
दिण्णउ[२१] दासिउ चीर वि अंकें दीवउ मंचउ सहुँ पल्लंकें।

घत्ता—मंडवि मिलियलोयपवरे[२२] आणंदयरे परिणयणु कज्जु निव्वत्तिउ।
जोयहो आइउ णं वरहो नववहुवरहो मज्झण्णहो[२३] सूरु पवत्तिउ[२४] ॥१२॥

[१३]

खंडयं—खरतरघम्मपसित्तए[१] चंदणपंकविलित्तए।
कामिणिकंकणकलरवे गंडुब्भासियजललवे॥

आने पर ऊर्णामय कंकण हाथमें बाँधा गया। शिरपर अपनी शोभासे चंद्रमाको जीतनेवाला तथा अपनी गंधसे आकृष्ट भ्रमरोंके गुंजारसे युक्त श्वेत(कमल)पुष्पोंका मुकुट बाँधा गया। धवल, सूक्ष्म और नये वस्त्रोंको पहने, तथा चंदनसे लिप्त और रत्नोंसे मंडित-देह कुमारने चारों कन्याओंसे वणिक्कुलके आचारके अनुसार विवाह कर लिया। सागरदत्तको प्रमुख करके चारों कन्याओंके लिए (कन्यादानके निमित्त) स्वच्छ जलधारा की जानेपर वधुओंके पाणिग्रहण-के उपरांत उस पवित्र कुलवाले वरके लिए बहुत-सा दायज (दहेज) भी दिया गया। तापसे तपाया हुआ श्रेष्ठ सोना, शुक्तिमें उत्पन्न होनेवाले बड़े-बड़े सुंदर मोती, दीप्तिसे स्फुरायमान श्रेष्ठ (जात्य) रत्न, वज्रकी खानसे निकाला हुआ कांतिमान वज्ररत्न एवं बहुमूल्य कांची देश निर्मित वस्त्र तथा अन्य भी जो जो कुछ वस्तुएँ हैं, सभी दी गयीं। दासियाँ भी दी गयीं, और सुंदर सुंदर वस्त्र; विशेषप्रकारके आसन एवं दीपक और मंच पलंग सहित दिये गये। आनंददायक मंडपमें प्रवर अर्थात् वरिष्ठ लोगोंके एकत्र हो जानेपर परिणयका कार्य संपन्न किया गया, और मानो श्रेष्ठ नव-वधुओं तथा वरको देखनेके लिए आया हुआ सूर्य मध्याह्नमें प्रवृत्त हुआ ॥१२॥

[१३]

(अब जिस समय कि)—तीव्रतम घाम (धूप) से पसीनेसे तर, तथा चंदनका खूब गाढ़ा लेप की हुई कामिनियोंके कपोलोंपर जल लव अर्थात् स्वेदबिंदु चमक रहे थे, और उनके कंकणोंका

४. क सिर। ५. घ °ट्ठंत। ६. क ङ °अरु। ७. क ख ङ °सुहम। ८. प्रतियोंमें °हु। ९. क ङ °हु। १०. ख करवे; ग करिवे। ११. क तारइं; ख ग तामए; ङ तामइ। १२. ख ग घ कण्णावरि। १३. क घ ङ कि°। १४. क ङ °धारइं। १५. क ख ग °संगहो; घ °संगहि। १६. घ °यत्तहो। १७. ख ग उत्तमु डाहु। १८. क ङ °संभव। १९. ख ग जाय°। २०. क ख ग ङ जं जं काइ मि; घ काइं मि जं जं। २१. घ दिन्नउ। २२. °लोए° २३. घ °न्नहो। २४ ग पवित्तउ।

[१३] १. घ खरयर°।

तिणमयकायमाणसंठियजणे वारिपसिंचमाणचुय[2]-जलकणे[3] ।
कुसुमवाससुरहियसीयलघणे सेवियचमरुक्खेवपहंजणे ।
[4]कोवुण्हवियसलिलसरे सरतडे जलणसरिससंतवियसिलायडे । ५
कद्दमलोलविलोलियदद्दुरे[5] इंदीवरनिलुक्कइंदिंदिरे ।
महिसिजूहडोहियपंकिलजले तरुछायानिविट्ठगोमंडले ।
तेहए काले कुमार[6] विसुद्धउ[7] भुंजइभोयणु सबहु-सबंधउ ।
जं नाडयवित्थरु व रसिल्लउ वायरणु[8] व विंजणसोहिल्लउ[9] ।
पिसुणलोयहियय व सकूरउ सज्जणमणु व नेहपरिपूरउ । १०
[10]वरतरुणीवयणु व लवणुग्गउ पसर-सूरमंडलु व समुग्गउ ।
वासहरं पिव सहइ सखट्टउ[11] जं च महानयरु[12] व बहुवट्टउ ।
सुपुरिसधणु व सुपत्तहिं[13] थक्कउ रेहइ[14] पंडियजणु व सतक्कउ[15] ।
घत्ता—नाणाविहभक्खहिं[16] पयरु[17] मुहमहुरयरु भुंजवि[18] नियाणखणे दुक्कउ[19] ।
लइयरसेहिं[20] मि[21] परिहरिउ कवडहिं[22] भरिउणंधुत्तिहि[23] पेम्मघवक्कउ[24] ॥१३॥ १५

मधुर कलरव हो रहा था; और जबकि लोग तृणमय कायमानों अर्थात् आसनोंपर बैठ गये थे, तथा जलसे तर किये हुए व वारिकणोंको चुआते हुए चँवरोंके खूब शीतल प्रभंजन (पवन)का सेवन किया जा रहा था; और जबकि ईषत् उष्ण जलवाले सरोवरके तटपर शिला-तट अग्निके समान तप रहे थे; दर्दुर कर्दम-क्रीड़ा करके प्रसन्न हो रहे थे, भौंरे इंदीवरोंके पीछे छिप रहे थे; महिषोंके यूथोंके अवगाहन करनेसे (सरोवरोंका) जल पंकिल हो रहा था, तथा पशु-मंडली वृक्षोंकी छायामें बैठी थी; वैसे समयमें कुमार वधुओं और बांधवोंके साथ विशुद्ध भोजन करने लगा। वह भोजन शृंगारादि रसोंसे युक्त नाटकके विस्तारके समान नानाप्रकारके अम्ल-मधुर इत्यादि रसोंसे युक्त था; और क् ख् ग् आदि व्यंजनोंसे युक्त व्याकरणके समान नाना व्यंजनों अर्थात् विविध पकवानोंसे शोभायमान था। दुर्जन लोगोंके सकूर अर्थात् क्रूरतापूर्ण हृदयके समान वह भोजन कूर नामक श्रेष्ठ चावलोंसे युक्त था, और सज्जन लोगोंके स्नेहपूर्ण मनके समान घृतादि स्नेह-पदार्थोंसे परिपूर्ण था। सुंदर तरुणियोंके लावण्ययुक्त वदन (मुख)के समान वह लवणयुक्त था; और संपूर्णरूपसे उद्गत अर्थात् पूरी तरह उदित हुए प्रातःकालीन सूर्यमंडलके समान समुग्ग अर्थात् मूँगके व्यंजनोंसे युक्त था। खाटोंसे युक्त वासगृहके समान वह भोजन सुंदर खट्टे पदार्थों(अचार-चटनी आदि)से युक्त था। बहुत-से बाटों अर्थात् मार्गोंसे युक्त महानगरके समान वह बहुत-सी बाटों अर्थात् कटोरियोंसे युक्त (कटोरियोंमें सजा हुआ) था। सत्पुरुषके सुपात्र अर्थात् सद्व्यक्तियोंमें नियोजित धनके समान वह भोजन सुपात्रों अर्थात् सुंदर बरतनोंमें रखा हुआ था, और सतर्क अर्थात् तर्कशास्त्रके ज्ञानसे शोभायमान पंडितोंके समान सतक्र अर्थात् तक्र(मट्ठा) सहित होनेसे अच्छा लग रहा था। इसतरह रस लेनेवालोंके द्वारा नानाप्रकारके भोजनोंका समूह जो मुखको मधुर

२. क ङ चुअ । ३. ख जणं । ४. क किं उण्ह; ङ किं वुण्ह । ५. ख °दुद्दुरे । ६. क ङ महिस । ७. ख ग विसिट्ठउ । ८. ख ग °रुणु । ९. ख वंजणहिं रसिल्लउ; ग घ वंजण । १०. ग वरं । ११. क सु । १२. ख °नयर । १३. प्रतियोंमें °त्तहि । १४. क °इं । १५. ख ग सु । १६. ख ग ङ °भक्खहि । १७. क हियपहरु । १८. क घ ङ भुंजिवि । १९. घ ढं । २०. क ख ग ङ हिं । २१. क ङ व; ख ग ब्व । २२. ग °डिहि । २३. ख ग घ हिं । २४. क घवं ।

[१४]

खंडयं—जलगंडूसविसोहणं पुणु तंबोल-विलेवणं ।
लइयं[1] धरियदरुण्हयं[2] तो जायं अवरण्हयं[2] ॥१॥

[3]ताव हि[3] वहुचउक्कसंजुत्तउ गउ वरइत्तु[4] नियघरु पत्तउ ।
अहलु व[5] तुट्टु[6] झुलुक्कियपवणहो दीसइ जंतु तवणु अत्थवणहो ।
सेवियकमलकोसमहुमत्तउ निवडइ गलियनियंसु[7] व रत्तउ ॥५॥
लग्गु सिलायडरमण[8]-विराइहे[9] पेक्खेवि अत्थसिहरे वणराइहे[9]
ईसाइवि[10] पच्छिमदिसपत्तिए[11] किउ आयंबिरु मुहु[12] असहँतिए ।
तेउ हुयासिं[13] ताउ विरहीयणे राउ वि दिण्णु[14] तरुणमिहुणहँ[15] मणे
मयणे पयाउ रविहि[16] अप्पंतहो अइ चाउ जि कारणु अत्थंतहो[17]
लइउ सव्वु तुम्हहिँ[18] चिर-महणें अंतोधणसुद्धिहे[19] रविगहणें ।
पुणु मंथणभएण मुहिमुद्दें धरिउ दीउ णं सुग्गहँ[20] समुद्दें ।

करनेवाला और 'कवड' अर्थात् पुरवोंमें भरा हुआ था, खाया जाकर अंतमें बहुत-सा उच्छिष्ट उसीप्रकार छोड़ दिया गया, जिसप्रकार किसी धूर्त्तस्त्रीका कपटभरा उद्दीप्त प्रेम उसे भोगकर छोड़ दिया जाता है ॥१३॥

[१४]

जलगंडूषके द्वारा मुखशोधन किया गया और विलेपन (कुंकुम-चंदनादिके पिष्ट चूर्ण) लिये गये। इतनेमें थोड़ा गरम अपराह्णकाल हो गया। तब तक चारों वधुओंके साथ वर गया, और अपने घर आ पहुँचा। (गरम) हवासे झुलसा हुआ, और (आकाशरूपी वृक्षसे) मानो निरर्थक ही टूटा हुआ सूर्यरूपी फल अस्ताचलको जाता हुआ देखा गया; मानो वह (दिनभर) कमलसरोवरोंसे अपने किरणोंरूपी हाथोंसे कमलकोषोंका सेवन करके मधुसे मत्त (रक्तवर्ण) होकर सुरापानसे मत्त हुए किसी रागी पुरुषके समान अपने वस्त्रोंको (सूर्यपक्षमें किरणोंको) फेंककर गिर रहा हो। अस्ताचलके शिखरपर शिलातटरूपी रमण (नितंब)से विराजमान वनराजीसे (अपने प्रियतम सूर्यको) लगे हुए देखकर उसकी पश्चिम दिशारूपी पत्नीने ईर्ष्या करके, इसे सहन न करते हुए क्रोधसे मानो सांध्य-अरुणिमाके व्याजसे अपना मुख तांबेके समान लाल-लाल कर लिया। उस सूर्यने अपना तेज अग्निमें, ताप विरहीजनोंमें, और राग (लालिमा-अनुरागके रूपमें) तरुण मिथुनोंके मनमें दे दिया; और प्रताप रातभरके लिए कामदेवको अर्पित कर दिया, (इसप्रकार) उसका यह अतिशय त्याग ही उसके अस्त होनेका कारण हुआ। मेरे भीतरी धनका पता लगानेके लिए सूर्यको लेकर तुम लोगोंके द्वारा बहुत प्राचीनकालमें ही मंथन करके मेरा सब कुछ ले लिया गया था; अतः अब पुनः मंथनके भयसे पृथ्वीरूपी मुद्रासे मुद्रित

[१४] १. ख ग घ लइयउ। २. घ °ण्हयं। ३. क ङ तामहि; घ तामहिं। ४. क ङ °यत्तु। ५. ख ग घ अ। ६. क ख ग ङ तुट्ट। ७. ख ग वि। ८. ख ग घ °रवण। ९. क घ ङ °हिहिं। १०. क ङ °यवि। ११. घ °दिसिं। १२. क घ ङ मुहुं। १३. ख ग °सें। १४. घ दिन्नु। १५. क ङ °णहुं; ख ग °णहु; घ °णहो। १६. क °हिं। १७. ख ग अच्छं। १८. ख °हि। १९. क ङ °धणुसुद्धिहिं; घ °सुद्धिहिं। २०. क ख ग °हु; घ °हुं।

परिपक्कउ नहरुक्खहो निवडिउ फलु व दिवायरमंडलु विहडिउ।
[21]अत्थंगयरविपिययमकामए[22] वासरलच्छिए[23] संझारामए[24]।
रत्तंबरजुवलउ[25] नेसेविणु कुंकुमपंकें पिंयलि करेविणु[26]।
खणु अच्छेवि दुक्खसंसल्लिउ अप्पउ घोरमहण्णवि घल्लिउ। १५
तमे पसरंते[27] तडिहिँ[28] विब्भुल्लउ कंदइ चक्कवायमिहुणुल्लउ।
पंकयसरहँ[29] अलिहिँ णं छइयहँ[30] काणणाहँ[31] णं[32] कोइललइयहँ।
नच्चिरमोरपिच्छसंछन्नहँ[33] णं पव्वयसिहराहँ पवन्नहँ[34]।
दिम्मुहाहँ[35] कत्थूरिए[36] कलियहँ निवघराहँ गयवरघडललियहँ[37]।
घत्ता—[38]वम्महपीडियविडजणहो वज्जगयधणहो[39] विरहग्गिफुलिंग व छड्डिय[40]। २०
[41]नीलीरसे णं[42] बोलियए[43] जगि कवलियए[44] जोइंगण[45] गयणे समुड्डिय[46] ॥१४॥

[१५]

खंडयं—अहिसारीहिं[1] निसागमे दूयडियाण[2] गमागमे।
लइयं कसणनियंसणं मरगयवडियविहूसणं ॥१॥
तिमिरकुंभिकुंभत्थलभेयउ[3] दीवियाउ भल्लिउ[4] हेमेयउ[5]।

(अर्थात् मर्यादित) समुद्रने मानो देवताओंके सूर्यरूपी दीपकको धर लिया (अर्थात् अपने गर्भमें छिपा लिया)। आकाशवृक्षसे गिरे हुए पके फलके समान दिवाकरमंडल (एकाएक) विघटित हो गया। अस्ताचलको गये हुए सूर्यरूपी प्रियतमकी कामनासे दिवसरूपी लक्ष्मीने संध्यारामा (नायिका)के रूपमें लालवस्त्रोंका (आत्माहुतिसूचक) जोड़ा धारण करके, तथा कुंकुमके गाढ़े द्रवसे टीका करके, क्षणभर ठहरकर (प्रियतमके विरहरूपी) दुःखसे अत्यंत पीड़ित होकर अपने आपको महासमुद्रमें डाल दिया। अंधकारके प्रसारसे (अलग-अलग) तटोंपर भूला हुआ चकवोंका जोड़ा क्रंदन करने लगा। पंकज सरोवर मानो भ्रमरोंसे छा दिये गये और उद्यान कोकिलोंसे ढक दिये गये। पर्वतोंके शिखर ऐसे हो गये मानो नाचे हुए मोरोंके पंखोंसे आच्छादित हो गये हों। दिशामुख मानो कस्तूरीसे पोत दिये गये, और राजाओंके प्रासाद उत्तम गजसमूहके समान ललित लगने लगे। (यह ललितक नामक छंद है)। मन्मथसे पीड़ित, धनहीन विटजनोंके द्वारा छोड़े हुए विरहाग्निके स्फुलिंगोंके समान अपनी नीलिमासे सारे जगत्को व्याप्त करते हुए, तथा नीलके रंगको भी अतिक्रमण करते हुए जुगनूं आकाशमें उड़ने लगे ॥१४॥

[१५]

रात्रिका आगमन होनेपर दूतियोंका गमनागमन होने लगा। अभिसारिकाओंने काले वस्त्र पहने और मरकतमणियोंसे गढ़े हुए आभूषण धारण किये। अंधकाररूपी हस्तिके कुंभस्थलको विदीर्ण करनेवाली सुवर्णनिर्मित सुंदर दीपिकाओंरूपी बरछियाँ जलायी गयीं (पक्षमें चमकायी-

२१. ख ग अत्थंगउ रवि°। २२. क ङ °मइं। २३. क ङ °लच्छिय। २४. क ङ °जुअ°; घ °जुय°। २५. क ङ °प्पिणु। २६. क ङ °रंत। २७. ख ग ङ °हि। २८. क ङ °सरहु; घ °सरिहिं। २९. ङ °यइ। ३०. ग °णाइ। ३१. ख ग कोयल°; घ °लवियइं। ३२. क ख ग ङ °ण्णइं। ३३. ग ङ दिण्णु°। ३४. क ङ °रिय। ३५. क घ ङ गयघडहिं व ललि°। ३६. क ख ग ङ वम्महं°। ३७. क ङ °पुलिंग व ताडिय। ३८. क ङ °रसेण; ख ग °रस नं। ३९. घ °यइं। ४०. घ ङ °यइं। ४१. ख ग जोयं°। ४२. क ङ °दिया।

[१५] १. ख ग °रीहि। २. क ङ दूअ°; घ °याहं। ३. क ङ °कुंभत्थलि°, घ °कुंभत्थलु°। ४. ख ग भल्लीय। ५. ख ग हेमोयउ।

जालियाउ गयवइहियर्याह सहुँ उइउ[6] नहंगणे मयलंछणु लहु ।
भमिउ[7] [8]तमंधयारे वरअच्छिए[9] दिण्णउ[9] दीवउ णं नहलच्छिए ।
[10]जोण्हारसेण भुवणु[11] किउ सुद्धउ[10] खीरमहण्णवम्मि[12] णं छुद्धउ ।
किं गयणाउ अमियलवविहडहिं किं कप्पूरपूरकण निवडहिं ।
किं सिरिखंडबहलरससीयर[13] मयरद्धयबंधवससहरकर ।
जाल-गवक्खहँ[14] पसरियलालउ[15] गोरसभंतिए लिहइ[16] विडालउ ।
मुद्धडमुहिय[17] लेइ[18] कर-वावडं[19] मोत्तियहारमणोहरलंबउ[20] ।
गोट्ठि निविट्ठ गोवि न वियाणइ[21] दहिउ भणिवि[24] मंथइ मंथाणइ[23] ।
मालिणीउ नियडाउ निवासए[24] उच्चिणंति मालइकुसुमासए[25] ।
गेण्हइ[26] समरि[27] पडिउ वोरीहलु[28] मण्णेविणु[29] करिसिरमुत्ताहलु ।
पुरउ वि थक्कु वइरिरोसिउ[29] पडु हंसु व काउ न याणइ[30] घूयडु[31] ।

घत्ता—एरिसे[32] कइरवनंदिणए सियचंदिणए नववहुचउक्कसंसिट्ठउ[33] ।
वरपल्लंकपंचसहिए परियणकहिए वासहरे कुमारु पइट्ठउ[34] ॥१५॥

गयीं) । गत-पतिकाओंके द्वारा अपने हृदयों अर्थात् उरस्थलों(स्तनों)पर कंचुकी (पहने जाने)के साथ-साथ गगनांगनमें मृगलांछन शीघ्र उदित हुआ; (जो ऐसा शोभायमान हुआ) मानो घना अंधकार फैल जानेपर वराक्षी (सुंदर नेत्रोंवाली) नभलक्ष्मीने दीपक जलाया हो । ज्योत्स्नाके रस अर्थात् चाँदनीके प्रसारसे भुवन ऐसा शुद्ध अर्थात् धवल कर दिया गया मानो उसे क्षीरोदधि-में डाल दिया गया हो । मकरध्वजके बांधव चंद्रमाकी किरणें ऐसी हो गयीं मानो आकाशसे अमृतबिंदु ही विघटित होकर गिर रहे हों; अथवा कर्पूरके पूरसे कण गिर रहे हों, अथवा श्रीखंड-के प्रचुर रस-शीकर (फुहारें) ही पड़ रहे हों । लार फैलाता हुआ एक मार्जार घरोंके झरोखोंको गोरसकी भ्रांतिसे चाटने लगा । मोतियोंके मनोहर व लंबे हारके समान उन चंद्रकिरणोंको कोई मुग्धमुखी अपने व्याकुल हाथोंसे पकड़ने लगी । गोथानमें बैठी हुई गोपी जान नहीं सकी (कि इस मथानीमें कुछ नहीं लगा है), अतः (इस मथानीमें) दही है, ऐसा कहकर (खाली) मथानी को ही मथने लगी । मालिनियाँ आवासके निकटसे मालती कुसुमकी आशासे चुनने लगीं । कोई शबरी (भूमिपर) गिरे हुए बेरके फलको हाथीके शिरका मुक्ताफल (गजमुक्ता) समझकर उठाने लगी । अपने वैरी(कौवे)से रुष्ट किया हुआ चतुर घूक (उल्लू) अपने सामने ही स्थित, (परंतु अतिशय चाँदनीके प्रभावसे) हंसके समान (दीखनेवाले) कौवेको पहचान नहीं पाया । ऐसी कुमुदोंको प्रसन्न (विकसित) करनेवाली धवल ज्योत्स्नामें चारों नववधुओंके साथ कुमार परिजनोंके द्वारा बताये हुए, पाँच सुंदर पलँगोंसे युक्त वासगृहमें प्रविष्ट हुआ ॥१५॥

६. ख ग उयउ । ७. क ङ य । ८. क ङ °तमंधयारवर°; ख ग घ तमंधयारवरअच्छिय । ९. घ °उं । १०. घ में इस पंक्तिका पूर्वपाद इस प्रकार—जोन्हारसेण कियउ जगु सुद्धउ । ११. ख ग घ भुअणु । १२. घ °म्भवम्मि । १३. क ङ °सीयलु । १४. ख ग °क्खय । १५. ग °जालउ । १६. ख ग °ए । १७. क ङ मुद्धउं । १८. क ङ तो वि । १९. क ङ °वावउ । २०. क °लंवउं, ख ग घ °लंपड । २१. ख ग विजा° । २२. ख ग °इं । २३. ख ग घ ङ °णइं । २४. क घ ङ °सइं । २५. घ गिन्हइं । २६. क घ ङ सवरि । २७. ख ग वेरी° । २८. घ मन्नें° । २९. घ वइररोसिय । ३०. क घ ङ °इं । ३१. घ घूवडु । ३२. क घ ङ °स । ३३. ङ °ट्ठउं । ३४. ख ग पय° ।

[१६]

खंडयं—खणु अच्छेवि कयायरा नियनिलएसु सहयरा ।
[1]पट्ठवेवि पुणु निविडप्प[2] दिण्णप्प[3] दारकवाडप्प[4] ॥१॥

पंच वि तूलिसमिद्धहिं[5] पंचहिं आसीणइँ पच्छाइयमंचहिं[6] ।
छिन्नच्छाहु[7] पईवउ किज्जइँ[8] करे तंबोल वि सम्माणिज्जइँ[9] ।
पट्टलसमु वेइल्लु निबज्झइ[10] सुमहुरु[11] कप्पूरायरु[12] डज्झइ । ५
पयडइ[13] का वि वहुय[13] भत्तारहो थणहरु मिसिण गुत्तगुणहारहो ।
नाहीमंडलु का वि वियासइ[14] विरयण[15] संवरणेण पयासइ[16] ।
का वि नियंसणसारें भल्लउ दावइ मसिणोरुव[17]-जुवलुल्लउ[18] ।
कक्खंतरु कहेइ क वि कवणें[19] मउलियनयणकण्णकंडुवणें[20] ।
कुडिलालोएं भउहउँ[21] वंकइ क वि दंतहिं नियया[22]रु डंकइ । १०
अवर वि वग्जुवाणदीवियमणु सालंकारु पढइ वच्छायणु ।
वीणावज्जसमाणु[23] वि रायइ[23] वहुय[24] का वि हिंदोलउ गायइ[25] ।
अवरइ[26] समउँ[27] अवर[28] क वि जंपइ सुण्णउँ[29] सिक्कारंती[30] कंपइ[31] ।

[१६]

कुछ देर ठहरकर आदर किये हुए (अर्थात् आदर करके) अपने सब सहचरों(मित्रों)को अपने-अपने घरोंको पठाकर (फिर) द्वारके कपाटोंको निविड अर्थात्—निश्छिद्र रूपसे बंद कर दिये जानेपर वे पाँचों वर-वधू रुईके गद्देदार एवं चादरोंसे आच्छादित पाँच मंचोंपर आसीन हो गये । प्रदीपोंकी शोभा (ज्योति) मंद कर दी गयी (अथवा श्लेषमें जंबूस्वामी एवं वधुओंके देदीप्यमान मुखोंरूपी दीपकोंके तेजसे तैलदीपकोंका तेज फीका पड़ गया) । हाथमें आदरपूर्वक तांबूल ग्रहण किये गये । गुलाबके पुष्पके साथ विचकिल्लका फूल बाँधा गया (विशेषार्थके लिए देखिये परिशिष्ट) । सुगंधित कर्पूर व अगर जलाया गया । कोई वधू हारकी छिपी हुई लड़को बतानेके बहानेसे भर्त्तारके लिए अपने वक्षस्थलको प्रकट करने लगी । कोई अपने नाभिमंडलको खोलती हुई विवाहसे की हुई अपनी विरचना (पत्ररचना आदि रूप सजावट)को प्रकट करने लगी। कोई वस्त्रोंको खिसकाकर अपने भले (आकर्षक) और मसृण ऊरुयुगलको दिखलाने लगी । कोई आँखें बंद करके कान खुजलानेके कपट (बहाने)से अपनी कुक्षिको बतलाने लगी । कोई कुटिलता-से अर्थात् कटाक्षोंसे देखती हुई भौंहोंको बांका करने लगी, और दाँतोंसे अपने अधरोंको काटने लगी । कोई दूसरी वधू सुंदर युवकके मनको उद्दीप्त करनेवाले वात्स्यायन अर्थात् कामसूत्रको अलंकारपूर्वक(अर्थात् शृंगार-भावसे भरकर) पढ़ने लगी । और कोई वधू वीणावाद्यके साथ रागपूर्वक हिंदोला गाने लगी । कोई किसी दूसरीके साथ बोलने लगी और शून्यभाव से सीत्कार

[१६] १. घ पट्ठाविवि । २. क ङ णिविडयं; ख ग नियडइं । ३. क ङ दिण्णं; ख °इं; ग °यं; घ दिन्नइं । ४. क ङ °डयं; ख ग °डइं । ५. ख °द्धहि । ६. °मंचहि । ७. क ख ग ङ छिण्ण । ८ ख ग घ °इ । ९. ख ग सार्मा° । १०. क °ज्झइं । ११. क ङ सुमुहुरं° । १२. ख ग कत्थू° । १३. घ वहुय का वि । १४. क ङ पया° । १५. क ङ वरि° । १६. क °सइं । १७. घ °रुय । १८. घ जुय° । १९. क कविणें । २०. घ °कन्न° । २१. ख ग भउं°; ङ °हउ । २२. प्रतियोंमें °वज्जुसमाणु । २३. ख ग °यए; क घ °यइं । २४. ख ग °व । २५. क घ ङ °इं । २६. क घ ङ °रइं । २७. ख ग घ उ । २८. क °रु । २९. घ सुन्नउ । ३०. ख ग सिक्का° । ३१. क ग °इं ।

घत्ता—अवर वि केरलपुरिगमणु निवपरिणयणु वरइत्ते[32] जित्तु रणु[33] भासइ[34]।
१५ जुज्झिय विज्जाहरभडउ हासुब्भडउ सिंगारु सवीरु पयासइ[35] ॥१६॥

इय जंबूसामिचरिए [36]सिंगारवीरे महाकव्वे महाकइदेवयत्तसुयवीरविरइए[37]
विवाहुच्छवो नाम [38]अट्ठमो संधी समत्तो[39] ॥ संधि—८ ॥

छोड़ती हुई काँपने लगी। कोई वरके केरलपुरीको गमन, राजाके विवाह एवं वरके द्वारा जीते हुए युद्धका वर्णन करने लगी; और इसप्रकार विद्याधरभटोंके साथ किये हुए युद्धवर्णनके द्वारा, उद्भट हास्यके साथ वीररसपूर्वक शृंगाररसको प्रकट करने लगी ॥१५॥

इसप्रकार महाकवि देवदत्तके पुत्र वीर-कवि-द्वारा विरचित, जंबूस्वामी चरित्र नामक इस शृंगार-वीररसात्मक महाकाव्यमें विवाहोत्सव नामक अष्टम संधि समाप्त ॥संधि—८॥

---

३२. क घ ङ °इत्तु। ३३. घ रणि। ३४. क °इं। ३५. क °सइं। ३६. क ङ में इस प्रकार—°वीरे महाकइदेवदत्तसुयवीरविरइए महाकव्वे विवाहु°। ३७. क ङ अट्ठमा इमा संधी; घ अट्ठमो परिच्छेओ समत्तो ॥ संधि—८ ॥

संधि—१

[१]

तुम्हेहिं वीरकव्वं सुयणेहिं परिक्खिऊण घेत्तव्वं ।
कसतावछेयसुद्धं कणयं नेहेण मा किणह[1] ॥१॥
चिरकव्वतुलातुलियं बुद्धीकसवट्टए कसेऊणं ।
रसदित्तं[2] पयछिन्नं[3] गिण्हह[4] कव्वं सुवण्णं[5] मे ॥२॥
[6]मयरद्धयनच्चु नडंतिउ[7] जंबुकमारें भेल्लियउ[8] । ५
वहुवाउ[9] ताउ णं दिट्ठउ कट्ठमयउ वाउल्लियउ[10] ॥३॥

रइविडंबु तं नयणहिं जोयइ[11] पुणु वि नाणदिट्ठिए अवलोयइ[12] ।
हा हा [13]महिलामोहनिबद्धउ मयणकालसप्पहिं जगु खद्धउ[14] ।
वुच्चइ अहरु[15] अमियमहुवासउ अवरु जि नाउ[16] ठविउ वयणासउ ।
को रसु उट्ठचम्मे[17] खज्जंतए[18] चिक्खिललालामले पिज्जंतए[19] । १०
मुत्तदुवारु पूइगंधिल्लउ रमणु नाउ[20] किउ विडहिं महल्लउ ।

---

[१]

वीर (कवि) द्वारा रचित काव्य आप सज्जनोंके द्वारा परीक्षा करके ही ग्रहण किया जाना चाहिए । कसौटी, ताप और छेनी से शुद्ध जानकर ही सोना खरीदिए, उसके स्नेह मात्रसे नहीं ॥१॥ रसोंसे शुद्ध किये होनेसे खूब दीप्तिमान एवं व्यवसायमें सुनिर्धारित (शुद्ध)सुवर्णके समान काव्यरसोंसे देदीप्यमान, एवं सुपरीक्षित-विविध-शब्दसमूहसे (दोषरहित रूपसे) सुनिर्धारित तथा चिरप्रसिद्ध काव्योंरूपी तुलापर तौले हुए मेरे इस काव्यरूपी सुवर्णको बुद्धिरूपी कसौटीपर कसकर ग्रहण कीजिए ॥२॥ मकरध्वजका नाच नाचती हुई उन वधुओंको जंबू-कुमारने अपने संपर्कमें लायी हुई काष्टकी पुत्तलियोंके समान देखा ॥३॥

(उनके) उस रति(प्रेम)प्रपंचको वह अपने नेत्रोंसे देखता, फिर ज्ञाननेत्रोंसे अव-लोकन(चिंतन) करता । अहो खेद ! स्त्रीके मोहमें जकड़ा हुआ यह जगत् मदनरूपी काले सांपके द्वारा खाया जाता है । (स्त्रीके) अधरको अमृत व मधुका वास कहा जाता है, उसका दूसरा नाम वदनासव (अथवा आध्यात्मिक दृष्टिसे, 'व्रतनाशक') भी रखा गया है । (पर) ओष्ठचर्मको काटनेमें और परित्याज्य लार-मलको पीनेमें कौन-सा रस है ? जो मूत्रका द्वार है, और पूतिगंधसे युक्त है, उसे विटजनोंने 'रमण' जैसा महत् नाम दे दिया है । स्त्रीका

---

[१] १. क घ क °हं । २. घ °दित्तं । ३. ख ग छित्तं; क क °छिण्णं । ४. घ गिन्हहं । ५. घ °ण्णं । ६. क क °णड्डु णडंतियउ । ७. क क °मिं; घ भं । ८. ख ग घ °याउ । ९. क क वावं । १०. घ °इं । ११. क ग क °यइं । १२. क क मिहिलं । १३ क °उं । १४. क घ क अमयं । १५. क क णाउं; घ नाउं । १६. क °वम्मि; घ °चम्म । १७. क घ क °तइं । १८. ख ग विच्चिल; क क °लालामणि । १९. क क माणु; घ नाउं ।

पच्छलु तियहे[20] जेण लज्जिज्जइ राइहिं[21] सो जि नियंबु भणिज्जइ।
एरिस[22]-तियमय[23]-पोग्गलखंधए अप्पउ णाणवंतु को बंधए।
वत्थुसरूउ[24] चएवि[25] जहिच्छए बुद्धिवियप्पु पवत्तए[26] मिच्छए
१५ भाउ जि पढमु नियत्तणु पावइ पच्छए बहि तियदव्वहो[27] धावइ
सम्मन्नाणिउ[28] एउ विवेयइ भाउ जि महिल अयाणु न चेयइ
दव्वसरूवविसय[29] भुंजंतउ अच्छइ जिउ संसारे भमंतउ।

घत्ता—उवयागउ[30] भावसरूवें भुंजइ कम्मासएण विणु
संसाराभावहो[31] कारणु भाउ जि छड्डिय[32] परदविणु[33] ॥१॥

[२]

दिढचित्तु[1] कुमारु नियंतियाए मुहकंतिजित्तससिकंतियाए[2]।
दीहरनीसासु ससंतियाए थोवं सविलक्खु हसंतियाए।
पंकयसिरीए आलत्तियाउ परिवाडिए[4] ताउ सवत्तियाउ[5]।
वरइत्तहो का वि अउव्वभंगि संकिल्लि-हेल्लि-विब्भमु वरंगि।
५ किं मयणवाण संढहो वहंति पच्चुप्फिडेवि सयखंडु[6] जंति ॥

पृष्ठभाग ऐसा है जिससे लज्जा उत्पन्न होनी चाहिए, किंतु रागियोंके द्वारा उसे ही नितंब (श्लेषार्थ—पर्वतके मध्यवर्ती ढालू प्रदेशसे तुलनीय) कहा जाता है। ऐसे (जुगुप्सनीय) त्रिक (अधर, रमण व नितंब)-मय (स्त्रीरूपी)पुद्गलस्कंधमें कौन ज्ञानवान् अपनेको बाँधता है? वस्तुके (सत्य)स्वरूपको छोड़कर स्वेच्छया हमारा बुद्धिविकल्प मिथ्यात्वमें प्रवृत्त हो जाता है। पहले हमारा भाव (चित्त) स्त्रीत्व(स्त्रियाकांक्षा)को प्राप्त करता है, और फिर वही बाह्य जगतमें द्रव्य स्त्रीत्व (भौतिक स्त्रीशरीर)के लिए दौड़ता है; सम्यक्ज्ञानी इसप्रकारका विवेचन करता है; किंतु हमारा भाव(मन) ही स्त्रीरूप होता है, इस बातको अज्ञानी नहीं समझता। द्रव्यात्मक(भौतिक) विषयोंको भोगते हुए यह जीव संसारमें भ्रमण करता हुआ रहता है। ज्ञानी इस परिस्थितिको उदयागत भावों(कर्मों)के अनुसार (नवीन)कर्मास्रवके बिना, परद्रव्य (में आसक्ति)को छोड़कर भोगता है, और यही भाव (विवेक) संसाराभाव अर्थात् मोक्षका कारण है ॥१॥

[२]

कुमारको इसप्रकार दृढ़चित्त देखकर अपने मुखकी कांतिसे चंद्रमाकी शोभाको जीतनेवाली, दीर्घनिःश्वास छोड़ती हुई, और कुछ लज्जापूर्वक हँसती हुई पद्मश्रीने परिपाटीसे (क्रमशः) अपनी उन सपत्नियोंको कहा—हे सुंदरी! संकुचित की हुई भुजाओंसे पागलपन सरीखी वरकी कोई अपूर्व ही भंगिमा है। क्या कहीं षंढको भी मदनके बाण लगते हैं? प्रत्युत वापस आकर सैकड़ों

२०. क ङ °हिं। २१. ख ग रायहें; ङ °हि। २२. क घ ङ °सि। २३. क ङ °मइं; घ °मइ। २४. क ख ग ङ °सरूवहो। २५. क वय वि; ख ग ङ चयवि। २६. घ जहिं°। २७. घ °त्तइं। २८. ख ग तिए°। २९. क ङ °णाणिउ; ख ग °णिउं। ३०. ख ग घ °सरुयं°। ३१. ख ग घ उअ°। ३२. क संसारी°। ३३. क ङ छं°। ३४. क ङ °हविणु।

[२] १. क ग ङ दिढु°। २. कङ °याउ। ३. क ङ °याइं। ४. ख ग °डिउ। ५. ख सवि°। ६. क °खंड।

किं करइ अंधु नच्चुच्छवेण किं कण्णहीणु[7] गेयारवेण ।
अविवेयहो एयहो गाहु लग्गु तवचरणकिलेसें[8] महइ[9] सग्गु ।
घरे संपय[10] एरिस[11] कासु लोय दुक्करु देवाहँ[12] मि[13] बहिणि होइ ।
इय तुम्हइँ[14] [15]रूवजियच्छराउ संपज्जइ सव्वु निरंतराउ ।
साहीणु[16] चयवि[17] सुहु[18] लेइ दिक्ख घरे रद्धउ[19] नालिउ[20] भमइ[21] भिक्ख । १०
तवचरणहो फलु संदेहि लग्गु पच्चक्खु कासु सग्गापवग्गु ।
घत्ता—आणंदरूउ मणजोयहो जइ[22] तो रमणिजोउ पवरु ।
विणु मोक्खें सोक्खघवक्कउ पच्चक्खु जि पावेइ नरु ॥२॥

[३]

हले एक्कु कहाणउ[1] कहमि वरि जइ रोसु न[2]मण्णहिं[3]महु उवरि[3] ।
भत्तारु तुम्ह जाणमि जडहो अणुहरइ जि हालियधणहडहो ।
निसुणंति ताउ विभियमणउ आयण्णइ[4] जिह[5] जिणवइतणउ ।
तिह कहइ पउमसिरि दुल्ललिउ धणहडु नामेण आसि हलिउ[6] ।
तहो गेहिणि घरवावाररया[7] सुउ एक्कु जणेवि पंचत्तु गया[8] । ५

टुकड़े हो जाते हैं । नृत्योत्सवसे कोई अंधा क्या करे ? और कोई बहरा गीत-रवसे क्या करे ? इस अविवेकीको ग्रह(भूत) लग गया है, तपश्चरणके क्लेशसे यह स्वर्ग चाहता है । हे बहन ! इस लोकमें ऐसी संपत्ति किसके घरमें है, जो देवोंके लिए भी मिलनी दुष्कर है । यहाँ रूपमें अप्सराओंको भी जीतनेवाली तुमलोग तथा (अन्य) सब कुछ निर्बाधरूपसे प्राप्य है । स्वाधीन सुखको छोड़कर दीक्षा लेना ऐसा है, जैसे किसीके घरमें कमलनाल पके हुए हों, और वह (उन्हें छोड़कर) भिक्षाके लिए भ्रमण करे । तपश्चरणका फल तो संदेहमय है । स्वर्ग और अपवर्ग (मोक्ष) किसने देखे हैं ? यदि मनोयोग(अर्थात् चित्तवृत्तियोंका निरोध व ध्यानसमाधि)का स्वरूप आनंदमय है, तो उससे श्रेष्ठ तो रमणीयोग है, जिससे पुरुष मोक्षके बिना ही प्रत्यक्ष सुखकी अनुभूति पा लेता है ॥२॥

[३]

हे सुंदर सखी ! यदि मेरे ऊपर रोष न मानें तो एक कथानक कहती हूँ । मैं समझती हूँ कि तुम लोगोंका यह भर्त्तार मूर्ख धनदत्त नामक हालीका अनुकरण कर रहा है । वे सब विस्मित मनसे सुनने लगीं, और जिसतरह जिनमतीका पुत्र—जंबूस्वामी सुने (अर्थात् उसीको लक्ष्य करके) उसप्रकार पद्मश्री कहने लगी—धनदत्त नामका एक दुर्विदग्ध(मूर्ख) हाली था । उसकी घरके सारे काम-काज करनेवाली पत्नी एक पुत्रको जन्म देकर पंचत्वको प्राप्त हो

७. घ कग्ग° । ८. क नववरण° । ९. क ङ °इं । १०. क ङ °इ । ११. क ङ °सु । १२. ग्व ग °हुं । १३. ख ग वि । १४. क ङ °इ । १५. क ङ रूउ° । १६. ग्व ग सो° । १७. क ङ चइवि । १८. ख ग महुं । १९. क ङ रंघइ । २०. ङ डे° । २१. घ °इं । २२. ख ग जय ।

[३] १. क घ ङ °णउं । २. घ मन्नहिं । ३. घ मज्झुवरि । ४. ग्व ग घ °णइं । ५. ख ग घ जिहं । ६. क °उं । ७. ख ग °रय । ८. ख ग गय ।

सो पुत्तु पवड्ढियथोरकरु[9] णिव्वाहियपियरारंभभरु[10]।
वुड्ढत्तणे[11] विहिणा वाहियउ[12] धणहडेण कलत्तु विवाहियउ ॥
तरुणउ[13] तरट्टु[14] मयजोडियउ[15] सोहग्गदुवाएं मोडियउ ॥६॥
उव्विवु[15] थेरु[16] पियपिल्लणउ हिडिहिडउ खेरुजणखेल्लणउ[17]।
अह अद्धरत्ति[18] सा तासु पिया पच्छामुह रोसें चडेवि थिया।
अणुणंतहो बोल्लइ विरसु सरु मा लग्गि[20] अंगे करु परइ करु।
वट्टइ तउ तणउँ समत्थु[21] घरे जे पुत्त हवेसहिं महु उवरे[22]
ते एयहो चलणहँ अणुसरेवि[23] जीवेसहिं भिच्चत्तणु करेवि[23]
घत्ता—विणिवायहि[24] पुत्तु महारा जे नंदण होसंति पिय।
वुड्ढत्तणे ताहँ[25] पसाएं भुंजेसहुँ निक्कंट-सिय ॥३॥

[४]

पामरु भणइ[1] कंति लज्जिज्जइ[2] पियरें केम पुत्तु मारिज्जइ[3]।
विणयवंतु घरभारधुरंधरु बलिउ विसेसें मारंतहो[4] डरु।
बोल्लइ घरिणि कयग्गह[5] पुणु पुणु मंतु कहेमि एक्कु जो बहुगुणु।
हलु वाहंतु पसरे एहु अच्छइ नियहलु नवबइल्लु करि पच्छइ।

गयी। वह पुत्र दीर्घ व स्थूल (बलिष्ठ) भुजाओंवाला और पिताके आरम्भ भार - अर्थात् समस्त कृषि-उद्योगका अच्छीप्रकार निर्वाह करनेवाला हुआ। बुढ़ापेमें विधिसे प्रेरित होकर धनदत्तने एक दूसरी स्त्रीको ब्याह लिया। वह तरुण, प्रगल्भ और (काम-)मदसे भरी हुई स्त्री सौभाग्य(सौंदर्य)रूपी दुर्वातसे भग्न अर्थात् मर्यादा च्युत हो गयी, और वह वृद्ध किसान प्रियाकी कामप्रेरणासे उद्विग्न एवं व्याकुल होता हुआ गाँवके लोगोंके लिए एक खिलौना बन गया। पश्चात् एक दिन उसकी वह प्रिया अर्द्धरात्रिके समय रुष्ट होकर मुँह फेरकर पड़ रही। अनुनय करनेपर कठोर स्वरमें बोली—मेरे शरीरसे मत लगो, अपने हाथको दूर करो, घरमें तुम्हारा समर्थ पुत्र विद्यमान है। मेरे उदरसे जो पुत्र होंगे वे सब इसके चरणोंका अनुसरण करके (अनुगामी बनकर), इसका भृत्यपना(दासत्व) करके जीयेंगे। (अतः) हे प्रिय! इस पुत्रको मार डालो, हमारे जो पुत्र होंगे, बुढ़ापेमें उनके प्रसादसे निष्कंटक लक्ष्मीको भोगेंगे ॥३॥

[४]

तब किसानने कहा—कांते! यह बड़ी लज्जाकी बात है; पिताके द्वारा पुत्रको कैसे मारा जाये? वह विनयवान् है, गृहभारको धुराको धारण करनेवाला है, और विशेषरूपसे बलवान् है, इसलिए उसे मारनेमें डर भी है। गृहिणी आग्रह करके पुनः पुनः कहने लगी—एक मंत्र (उपाय) बतलाती हूँ, जो बहुत गुणकारी (हितसाधक) है। प्रातःकाल जब यह हल बहा रहा

९. क घ ङ पवड्ढिउ। १०. ख ग °भारभरु। ११. ख ग वूढ°। १२. घ ङ चाहि°। १३. ङ °णउं। १४. ख ग तर दुम्मय°। १५. क ख ङ उव्वेंवु; ग उव्वंवु। १६. क ङ थेर। १७. ख ग खेलणउ; घ खिल्लणउं। १८. ङ °रत्ते। १९. क ङ °स। २०. घ लग्गु। २१. क °त्थ। २२. क ख ग ङ उयरे। २३. क ङ °रवी। २४. क ख ग घ °यहिं। २५. क ङ ताह; ख ग ताहुं।

[४] १. ख ग घ °इं। २. ख ग °ज्जइं। ३. क °ज्जइं। ४. घ °तहं। ५. क °गहु।

तो उद्धत्तबलद्दइ[6] सारहि[7] फोडिवि हलमुहेण[8] पुणु मारहि[9]। ५
पडिभउ नत्थि नत्थि अवजसु जणे पडिवज्जेवि[10] वेण्णि वि तुट्ठहुँ[11] मणे।
सव्वु वि नियडघरम्मि[12] पसुत्तें इय[13] संकेउ निसामिउ पुत्तें।
पसरि गयम्मि पुट्ठि[14] गउ पामरु[15] दुद्दमविस[16]—तिक्खंकुडहलहरु[17]।
पुरउ दिट्ठ सुउ[18] लंगलवंतउ[19] पक्कउ सालिछेत्तु वाहंतउ।
वारिउ पुत्तु[20] काइँ[21] किर भुल्लउ[22] अत्थछेउ मा करि गिरितुल्लउ। १०
नंदणु भणइ[23] ताय[24] उम्मूलमि अहिणवसालि एत्थु पुणु रूवमि।
वुच्चइ धणहडेण वढ गच्छहि[25] सिद्धउ चयवि[26] असिद्धउ वंछहि[27]।
तणएं वुत्त पइँ जि सइँ[28] सिट्ठउ रयणिहि[29] जं जंपंत उदिट्ठउ।
पुत्तु[30] पमाणु[31] पत्तु[32] मइँ घायहि[33] महिलहि[34] अण्ण पुत्त[35] उप्पायहि।
तं निसुणेवि विमुक्क[36]-दीहरसरु सुउ अवरुंडेवि रोवइ पामरु। १५

घत्ता—पिउ हालियधणहडतुल्लउ वंछइ[37] किच्छें तउ करिवि[38]।
संदेहगउ[39] सुरनारिउ[40] आयउ[41] तुम्हहुँ[42] परिहरिवि ॥४॥

हो, तब अपने नये बैलवाले हलको इसके पीछे कर लेना। फिर उस उद्धत बैलसे इसपर (सींगोंका) प्रहार करना (कराना), फिर हलमुखसे विदीर्ण करके मार डालना। इसमें न तो (पुत्रसे) प्रतीकारका भय है, और न लोकोंमें अपयश। ऐसा निश्चय करके दोनों मनमें संतुष्ट हुए। यह सारा संकेत(वार्तालाप) पासके घरमें सोये हुए पुत्रने सुन लिया। प्रातःकाल पुत्रके चले जानेपर हाली भी दुर्दम्य वृषभ और तीखे फलवाले हलको लेकर उसके पीछे-पीछे गया। सामने हो उसने हल लिये हुए अपने पुत्रको पके हुए धानके खेतमें हल चलाते हुए देखा। उसने पुत्रको (ऐसा करनेसे) रोका—अरे क्या (मति-)भ्रष्ट हो गया है? यह पर्वतके समान महान् अर्थछेद (धन-नाश) मत कर! तब पुत्र कहने लगा—तात इसका उन्मूलन करूँगा, और फिर बिलकुल नया धान यहाँ रोपूँगा। धनदत्तने कहा—अरे मूर्ख चला जा, सिद्ध(प्राप्त)को छोड़कर असिद्धको इच्छा करता है। (तब फिर) पुत्रने कहा—'रात्रिमें बातचीत करते हुए (तुमने पत्नीसे) जो कहा, उससे स्वयं तुमने ही यह सिखाया। प्रमाणको प्राप्त अर्थात् मुझ जवान पुत्रको मारकर तू स्त्रीसे अन्य पुत्र उत्पन्न करेगा।' यह सुनकर दीर्घ निःश्वास छोड़कर, वह पामर पुत्रको आलिंगन करके रोने लगा। प्रियतम धनदत्त हालीके समान है, (क्योंकि) यह (स्वयं देवियों-जैसी साक्षात् उपलब्ध) तुम सबको छोड़कर, बहुत कष्टसे तप करके ऐसी सुर-नारियोंकी वांछा करता है, जिनकी प्राप्तिमें पूर्ण संदेह है ॥४॥

---

६. क घ ङ उत्तद्धवलद्दहिं; ख ग उद्धवडबलद्दहिं। ७. क °हिं। ८. क हलुं। ९. क °हिं। १०. ख ग °ज्जिए। ११ क ख ग ङ °इ। १२. ग नियडि°। १३. ग इउ। १४. क घ ङ पुत्ति। १५. क पासरु। १६. क ख ग घ उद्दम°; क ङ °विसु। १७. क ङ °हलकरु। १८. ख ग सुय। १९. क मंगल°। २०. क घ ङ पुत्त। २१. क विब्भु°। २२. क °इं। २३. घ ताम। २४. क °हिं। २५. क ख ग ङ चइवि। २६. क ङ णउ; घ नउ। २७. ख ग घ ङ °णिहिं। २८. घ पत्तु। २९. क ङ °णि। ३०. क घ ङ पुत्तु। ३१. क ख ग घ °हिं। ३२. क घ ङ °लहिं। ३३. क ङ पुत्तु। ३४. क ङ मुक्क। ३५. ख ग °इं। ३६. क ङ करवि। ३७. ङ संदेहह°। ३८. क °रिउं। ३९. क ङ आइउ। ४०. घ तुम्हहं।

[५]

अक्खाणावसाणे चिंतइ वरु आयण्ण[1] कियउँ[2] केम हेउँ[3] पामरु ।
मुक्खत्तणु[4] अवहेरि[5] करंतहँ[6] तो वरि किं पि कहमि नियकंतहँ[7] ।
भणइ[8] कुमारु मुद्धमुहि[9] निसुणहि[10] [11]अज्जु वि अवरकहाणउँ न मुणहि[12] ।
जामि न खयहो एण रइ लोहें वायसो व्व विसयामिसमोहें ।
५ विंझमहीहरे एक्कु महाकरि आउसंते[13] पाविवि[14] नम्मयसरि[15] ।
मुउ पाउसपूरेण वहंतउ एक्कें वायसेण खज्जंतउ ।
[16]गरुवपवाहपडिउ गउ सायरे विसममच्छकच्छवमयरायरे[17] ।
जलनिहिमज्झे गिलिउ करि मीणें वायसेण[18] उड्डिज्जइ दीणें ।
अंतरालि थिउ जोयइ[19] जामहिं[20] गामु न थामु न तरुवरु[21] तामहि ।
१० थोवउ परिभमेवि[22] गयणच्चुउ[23] कं कं कं करंतु निवडिवि[24] मुउ ।
[25]अप्पाणउ जं दिण्णउँ[26] काएँ आमिसगासवसेण वराएँ[27] ।

घत्ता—तह[28] तुम्ह सोक्खु[29] चक्खंतउ[30] विसयासत्तु सज्जु[31] मयणें[32] ।
संसारमहण्णवे निवडेवि खयहो न वच्चमि मिगनयणे ॥५॥

[५]

इस आख्यानके समाप्त होनेपर वर सोचने लगा—कैसे इसने मुझे पामर बना दिया ? तो फिर मैं भी अपनी प्रियाओंको (मेरे ऊपर लगाये हुए) मूर्खता(के आरोप)का अपहरण करनेवाला कुछ तो भी कहूँ। (ऐसा विचारकर) कुमार बोला—हे मुग्धमुखी सुनो ! एक दूसरा कथानक तुम अभीतक नहीं जानती। विषयभोगोंरूपी आमिषके मोहमें पड़कर मांस लोभी कौवेके समान, इस रति लोभसे मैं विनाशको प्राप्त नहीं होऊंगा। विंध्यपर्वतपर एक बड़ा हाथी आयुष्यके अंतमें नर्मदा नदीको प्राप्त कर वर्षाके पूरसे बहता हुआ मर गया, और एक कौवेके द्वारा खाया जाता हुआ, भारी-प्रवाहमें पड़कर भयानक मच्छ, कच्छप और मगरोंके आकर समुद्रमें चला गया। जलनिधिके बीच हाथी मछलियों-द्वारा निगल लिया गया। वह दुःखी कौवा भी आकाशमें उड़ने लगा। आकाशके अंतरालमें स्थित होकर जब उसने देखा तो कहीं कोई गाँव, न कोई स्थान और न कोई वृक्ष (ऐसा कुछ भी दिखाई नहीं पड़ा)। वह कौवा थोड़ा-सा परिभ्रमण करके आकाशसे च्युत होकर काँव-काँव-काँव करता हुआ, गिरकर मर गया। जिसप्रकार उस बेचारे कौवेने मांस भोजनके वश होकर अपने (प्राणों) को दे दिया, उसी प्रकार हे मृगनयने, मैं भी तुम लोगोंके सुखका आस्वाद लेता हुआ विषयासक्त हो, कामदेवके वशीभूत होकर, इस संसाररूपी महासागरमें पड़कर विनाशको प्राप्त नहीं होऊँगा ॥५॥

[५] १. क घ ङ °इं। २. क °उं। ३. घ हउ। ४. ख ग मो°। ५. ख ग °हेर। ६. ङ °तहो। ७. क हउं कं°; ङ हउं कंतहो। ८. घ °इं। ९. क ङ मुद्धि°; ख ग मुद्धे मुहे; घ सुद्ध°। १०. क घ ङ °णहिं। ११. ख ग अज्ज मि; घ अज्ज वि। १२. प्रतियोंमें °हिं। १३. क पाउ°। १४. ख ग पावंसि। १५. क ङ णि°; ख ग नि°। १६. ख ग गरुय°; घ गयरु°। १७. ख ग °उरे; ङ °वरि। १८. क ङ वायसो वि। १९. ख ग °इं। २०. क घ ङ °हिं। २१. क ङ गय°; ख ग तर°। २२. घ °मेइ। २३. ख ग गयणुच्चउ। २४. ख ग °डिउ। २५. क घ ङ अप्पउ जेम ण जाणिउं। २६. ख ग काइं। २७. क ङ °यं। २८. ख ग तिह; घ तिहं। २९. ख ग °क्ख। ३०. क °तउं। ३१. क मज्झु। ३२. ख ग °णे।

[६]

अह कहइ कहाणउ[1] कणयसिरि कइ एक्कु वसइ कइलासगिरि ।
सिहराउ पडिउ[2] सयदलिउ मुउ मणिकणयमउडधरु[3] खयरु हुउ ।
विज्जाहरु अह अवरेक्कु[4] जणु तं[5] पेक्खिवि हुउ विभइयमणु ।
नियपियए समाणु एम चवइ जहिं कइ मुउ विज्जाहरु हवइ ।
तहिं[6] मरइ कह व जइ[7] किर खयरु तो[8] अवसु होइ गिव्वाणवरु[9] । ५
लइ मरमि एत्थु इय बुद्धि थिया रोवंति[10] निवारइ तासु पिया ।
खेयरु वि[11] सहावें नाह तुहु[12] संपज्जइ[13] चिंतिउ विसयसुहु ।
देवाहँ मि[14] सग्गे किमब्भहिउ अवगण्णिवि तं कंतए[15] कहिउ[16] ।
अप्पाणउ[17] घल्लवि[18] चुण्णु किउ रत्ताणणु वाणरु होवि थिउ ।
घत्ता—माहीणइँ[19] सोक्खइँ[20] मेल्लेवि अहिउ मुणंतु नट्ठु खयरु । १०
तिह[21] आयउ तुम्हइँ[22] निच्छइ दइवें छलिउ विणट्ठु वरु[23] ॥६॥

[७]

आयण्णिवि[1] जंबूसामि चवइ विज्झम्मि एक्कु कइ[2] जूहवइ ।
कामाउरु सेवियरइवसणु असहियपडिमक्कडथडरसणु ।

[६]

इसके अनंतर कनकमाला कथानक कहने लगी—कैलासपर्वतपर एक कपि रहता था । वह शिखरसे गिरा और खंड-खंड होकर मर गया, तथा (मरकर) मणि व स्वर्णमय मुकुटधारी विद्याधर हुआ । कोई एक दूसरा विद्याधर उसे देखकर मनमें बड़ा विस्मित हुआ, और अपनी पत्नीके साथ ऐसा वार्तालाप करने लगा—जहाँ कपि मरकर विद्याधर होता है, तो यदि किसी तरह कोई खेचर मरे तो वह अवश्य उत्तम गीर्वाण(देव) होगा । तो लो, अब मैं ही यहाँ मर जाता हूँ, ऐसी उसकी (दृढ़)बुद्धि हो गयी। रोती हुई उसकी प्रिया उसे रोकने लगी—हे नाथ, खेचर स्वभाव(रूप)से भी तुम्हें मनोवांछित विषयसुख प्राप्त होता है । देवोंके लिए ही स्वर्गमें कौन-सा अतिशय सुख है ? कांताके कहे हुएकी अवहेलना करके उस खेचरने अपने-को गिराकर चूर्ण कर लिया और लाल मुँहवाला वानर होकर रह गया । स्वाधीन सुखोंको छोड़कर, अधिककी कामना करनेवाला खेचर (जिसतरह) नष्ट हुआ, उसीतरह (प्राप्त हुई) तुम लोगोंको यह नहीं चाहता । (अतः) यह वर दैवसे ठगा जाकर विनष्ट हो रहा है ॥६॥

[७]

यह सुनकर जंबू स्वामी कहने लगे—विंध्यमें एक यूथपति बंदर रहता था । वह बड़ा कामातुर था, सदैव रतिव्यसनका सेवन करता था, और दूसरे वानरयूथकी आवाज़ भी सहन

[६] १. क घ ङ °णउं । २. क ङ °वि । ३. क ङ मणि-कडयं । ४. क ङ °रेक्क । ५. ग तो । ६. ख ग तहि । ७. क ङ जे । ८. ग तउ । ९. ग गिव्वाणु । १०. ङ रोमंति । ११. क ङ जि । १२. ख ग घ तुहुं । १३. क ङ °ज्जउ । १४. क ङ °हुं वि; ख ग °हु वि । १५. क ङ °इं । १६. क °उं । १७. क घ ङ °णउं । १८. क घ ङ घल्लिवि । १९. ङ °णइ । २०. क ङ °इ । २१. ख ग तिहं; घ तह । २२. क ङ °हं । २३. घ नरु ।

[७] १. ख आइ°; घ °ल्लिवि । २. घ कवि ।

वाणरिय पुत्तु जं किर जणइ परिहरइ धूव[3] नंदणु हणइ[4] ।
अह एक्क कयावि सगब्भ हुया तं छड्डिवि[5] अण्णहिं[6] वणे पसुया[7] ।
सुउ जाउ ताहिं[8] पिंगलनयणु परिवड्ढिउ दाढावलिवयणु ।
पुच्छिय जणेरि[10] कहिं महु जणणु सुय[11] अच्छउ पुत्तंकुरखयणु ।
ता भणइ[12] कुइउ धुयभुयजुवलु[13] कहि[14] अम्मि कहमि तहो[15] पावफलु ।
निउ तेत्थु परोप्परकुद्धमण उद्धाइय[16] वाणर वे वि जण ।
नहदंतपहारहिं वणियतणु नासइ जरवाणरु[17] मुयवि रणु ।
हुउ पुट्ठिहि[18] इयरु वि असहमणु छड्डाविउ[19] ताम जाम गहणु ।
अइनिसिउ सलिलसण्णिहु[20] नियइ[21] करु छुहेवि जाम[22] पाणिउ पियइ ।
लेवम्मि[23] चहुट्टु ताम[24] वियलु अहिलसिवि[25] जडेण पुणो वि जलु ।
बीओ वि हत्थु तेत्थु जि[26] निहिउ लाएवि जाणु वयणु वि निहिउ ।
जाणंतु वि मूढु[27] विणट्ठमइ लेवम्मि खुत्तु[28] मुउ जेम कइ ।
घत्ता—तह[29] विसयसुहेसु तिमायउ[30] होइवि[31] हउँ मि[32] न जामि खउ ।
अहिसंकडे अवडे पडंतहो महुलवलेहणे[33] आस कउ[33] ॥७॥

न करनेवाला था । वानरी जो संतान जनती थी, पुत्रीको छोड़कर पुत्रको मार डालता था । पश्चात् किसी समय एक वानरी सगर्भा हुई । उस वनको छोड़कर उसने अन्य वनमें प्रसूति की । उसे पिंगलनेत्र और खूब बड़ी दंष्ट्रापंक्तिसे-युक्त मुखवाला पुत्र हुआ । उसने जननीसे पूछा—*मेरा पिता कहाँ है ? (माँने कहा)—हे पुत्र ! वह पुत्ररूपी अंकुरका उन्मूलन करनेवाला* (पिता, जहाँ है, वहीं) रहे, अर्थात् उस पुत्रघातक पितासे तुझे क्या लेना देना है ? तब अपने भुजयुगलको फटकार कर, कुपित होकर वह बोला— माँ बतलाओ (कि वह कहाँ है ?) ! उसे उसके पापका फल बतलाऊँगा । माँ उसे वहाँ ले गयी । परस्पर क्रुद्ध होकर दोनों वानर (एक-दूसरेपर) झपटे । नखों और दाँतोंके प्रहारसे घायल शरीर होकर बूढ़ा बंदर रण छोड़कर भाग निकला । दूसरा भी असहिष्णु होकर उसके पीछे हो गया, यहाँतक कि उससे वन छुड़वा दिया । अत्यंत प्यासे हुए उसने अपने सामने जलके समान कुछ (द्रव पदार्थ) देखा । और जब (एक) हाथ डालकर उस पानी(जैसे पदार्थ) को पीने लगा तो उस लेप (चिपचिपा पदार्थ—शिलाजीत)में चिपककर व्याकुल हो गया । फिर भी उस मूर्खने जलकी अभिलाषा करके दूसरा हाथ भी उसीमें डाल दिया, तथा घुटने लगाकर मुख भी डाल दिया । जिस-प्रकार जानते हुए भी वह हतबुद्धि मूर्ख वानर लेपमें चिपककर मरा, उसी प्रकार विषयसुखोंका प्यासा होकर मैं भी, किंचिन्मात्र मधुको चाटनेमें आसक्त होकर सर्पोंसे संकीर्णकूपमें पड़कर विनाशको प्राप्त नहीं होऊँगा (देखिए परिशिष्ट : मधुबिंदुदृष्टांत) ॥ ७ ॥

३. ख ग धूय । ४. ख ग °इं । ५. क ङ छंडिवि । ६. क ङ °हिं; घ अन्नहिं । ७. क ङ °आ । ८. घ तासु । ९. क ङ पिंगलु° । १०. ख ग कहु । ११. ख ग सुअ । १२. क घ ङ °इं । १३. ख ग घ °जुयलु । १४. ख ग कहिं । १५. क तं । १६. क ङ °विय । १७. क ङ मुइवि । १८. क घ ङ °हिं । १९. क ङ छंडा° । २०. क घ ङ सलिलु सम्मुहुं । २१. क ङ °ए; घ इं । २२. ख ग घ °उं । २३. घ °ट्ठ जाम । २४. घ °लसिउ । २५. ख ग घ वि । २६. क दि; घ ङ वि° । २७. क मूढ । २८. क ङ पत्तु । २९. क तिहिं; घ तहं; ङ तिहं । ३०. ख ग घ तिसाइयउ । ३१. घ होयवि । ३२. ख ग घ वि । ३३. ख ग आसत्तउ; घ आसकउं; ङ आसकओ ।

[८]

विणयसिरीए[1] कहाणउ[2] सीसइ[3] संखिणिनिहि वरइत्तहो[4] दीसइ[3] ।
कम्मि पुरम्मि दरिद्दें[5] ताडिउ संखिणि नाम को वि कव्वाडिउ ।
दिणि दिणि वणे कव्वाडहो धावइ भोयणमत्तु[6] किलेसें पावइ ।
भुत्तसेसु[7] दिवसेसु पवन्नउ[8] रूवउ[9] एक्कु रोकु संपन्नउ ।
महिलसहाएँ रहसें चड्डिउ कलसे[10] छुहेवि धरायले गड्डिउ । ५
अह रविगहणे कयावि विहाणइँ[11] चलियइँ तित्थे चयवि[12] नियथाणइँ ।
पूरिएहिं मणिरयणसुवण्णहिं[13] अवलोइउ संखिणिनिहि[14] अण्णहिं ।
मंतिज्जए[15] आएण असारें खडहडंतरूवयसंचारें ।
जाणाविउ[16] लोयाण समग्गा अम्हइँ गिण्हाविज्जहु[17] लग्गा ।
चिंतेवि तम्मि[18] छुद्धु निउ[19] भल्लउ एक्केक्कउ मणिरयणु गरिल्लउ । १०
सो संपुण्णु करेवि पवत्तइँ ण्हाएवि[20] तित्थे नियघरु पत्तइँ ।
अह छणदिणि[21] महिलाए[22] कहिज्जइ रूवउ[9] अज्जु नाहु विलसिज्जइ ।
संखिणि खणइ[23] कलसु जहिं धरियउ दिट्ठउ नाम कणयमणिभरियउ[24] ।

[८]

(तब) विनयश्रीने यह कथानक कहा, और वर(जंबूस्वामी)को एक संखिणी नामक कबाड़ीका दृष्टांत दिखलाया। किसी नगरमें दारिद्र्यसे पीड़ित संखिणी नामका कबाड़ी रहता था। वह प्रतिदिन वनमें लकड़ी आदि इकट्ठा करनेको जाता और भोजन-भर भी बड़े क्लेशसे पाता था। कुछ दिनोंमें खानेसे बचा-बचाकर उसके पास एक रुपया रोकड़ (जमा) हो गया। पत्नीके सहयोगसे बहुत उत्कंठापूर्वक एक कलशमें रखकर उस रुपयेको (कहीं वनमें) धरातलमें गाड़ दिया। अथानंतर किसी समय सूर्यग्रहणके अवसरपर प्रातःकालके समय (कुछ लोग) अपने निवास स्थानोंको छोड़कर तीर्थयात्राको चले; और मणि, रत्न व सुवर्णसे भरपूर उन लोगोंने संखिणीकी उस निधिको देखा; तथा कुछ खड़-खड़ करते हुए उस अल्प मूल्यवान् रुपयेके संचरणसे ऐसी मंत्रणा की—इस रुपयेके द्वारा लोगोंको ऐसा जनाया (बतला) जा रहा है कि (तीर्थयात्रा के) अपने (इस) मार्गसे जानेवाले लोग हमें (मुझे) कुछ ग्रहण करावें; अर्थात् इस घड़ेमें एक-एक सिक्का डालकर इसे पूरा कर दें। ऐसा सोचकर वे सब लोग एक-एक श्रेष्ठ सुंदर मणिरत्न उस घड़ेमें डालकर, उसे फिर वापस जमीनमें गाड़कर पुनः अपनी-अपनी यात्रापर प्रवृत्त हो गये, और तीर्थस्नान करके अपने घर आ गये। पश्चात् किसी समय उत्सवके दिन (कबाड़ीकी) स्त्रीने कहा—नाथ! आज उस रुपयेसे आनंद मनाया जाये। तब संखिणीने उस स्थानको खोदा जहाँ कलश रखा था, तो उसे सुवर्ण और मणियोंसे भरा

[८] १. क ख °सिरीय। २. क घ ङ °णउं। ३. क °ईं। ४. क ङ °यत्तहो। ५. क ङ दरइँ। ६. ख ग भोयणु मित्तु। ७. क ङ भुत्तुं; ख ग °सेस। ८. क ङ °ण्णउं; ख ग °ण्णउ। ९. ख ग घ रूयउ। १०. प्रतियोंमें 'कलसें'। ११. प्रतियोंमें 'णिहाणइं'। १२. ख घ चइवि। १३. क °ण्णइं; ङ °ण्णइ; घ °ण्णहिं। १४. क घ ङ °णिहिं। १५. क घ ङ °ज्जइ। १६. प्रतियोंमें 'जाणाविवि'। १७. घ गिन्हाविज्जउ। १८. क ङ मंति; घ तम्हि। १९ क ङ णिरु; घ निरु। २०. क ङ °यवि; घ न्हाइवि। २१. क छवि°। २२. क घ ङ °लाइं। २३. प्रतियोंमें 'खणइं'। २४. क ङ कणयमय°।

१५ [25]सरहसु रहसें[26] कहिउ[27] पिए[28] पेक्खहि[29] मइँ सम पुण्णवंतु[30] को लक्खहि[31]।
अज्जवि[32] सिद्धिनएण निहाणें रयमि उवाउ अवरु महणाणें[33]।
किं पि न लेमि करेमि न खोयणु[34] होसइ कव्वाडेण वि[35] भोयणु।
अह कलसेसु छुहेवि एक्केक्कउ[36] बहु दविणासए गड्डेवि मुक्कउ[37]।
अण्णहिं[38] पव्वे पुणु वि पहे दिट्ठइ[39] पूरहु केम हियए[40] न पइट्ठइ[41]।
निहिहिं रयणु एक्केक्कउ लइयउ सुण्णउ[42] करेवि सव्वु परिचइयउ।
२० अवरहि[43] समए जाम उग्घाडइ[44] रित्तउ नियवि करहिं सिरु ताडइ[45]।
अच्छउ[46] रयणसमूहु सरूवउ[47] सो वि विणट्ठु मूलि जो रूवउ[48]।

घत्ता—साहीणलच्छि नउ भुंजइ[49] महइ[50] समग्गल सग्गदिहि।
संखिणिहि[51] जेम वरइत्तहो करे लग्गेसइ सुण्णनिहि[52] ॥८॥

[९]

बोल्लइ कुमारु रइसुहहो भामि भमरो व्व वरच्छि न खयहो जामि।
सयवत्तब्भंतरे गंधलुद्धु अलि न कलइ दिवसत्थवणु मुद्धु।
रयणीसंगमे मंकुइउ कमलु नीसरिवि न सक्कु विवण्णु भसलु।

देखा। उसने उत्कंठासे उत्कंठित होकर कहा—प्रिये, देखो। मेरे जैसा पुण्यवान् और कौन दिखाई देता है? सिद्धिनय(दैवयोग) से अर्जित खजानेके द्वारा मैं अपने बुद्धिबलसे (प्रभूत धनार्जन करनेका) एक अन्य उपाय रचता हूँ। इस निधिमें-से न तो कुछ लूँगा और न इसे खोदूँगा, अपना भोजन तो कवाड़ीपनसे भी चलता रहेगा। फिर एक-एक मणिको एक-एक कलशमें रखकर अत्यधिक धनकी आशासे गाड़कर छोड़ दिया। (उन्हीं) अन्य यात्रियोंने (किसी दूसरे) पर्वपर मार्गमें फिर उस निधिको देखा, और (घड़ेमें एक ही रत्न देखकर) यह निधि कैसे पूरी हो, यह बात उन लोगोंके हृदयमें अर्थात् समझमें नहीं आयी। (अंततः उन लोगोंने खोज-खोजकर) उस निधिमें-से एक-एक करके सब रत्न ले लिये और सब घड़ोंको खाली करके (वहीं) छोड़ दिया। जब (पुनः) संखिणीने पत्नीके साथ उस निधिको उघाड़ा तो (सब घड़ोंको) रिक्त देखकर हाथोंसे सिर पीटने लगा।—वह सुंदर रत्नसमूह तो दूर ही रहे, जो मूलमें एक रुपया था, वह भी विनष्ट हो गया। स्वाधीन लक्ष्मीको तो भोगता नहीं, और श्रेष्ठ स्वर्गसुखकी आकांक्षा करता है, ऐसे इस वरके लिए उस संखिणीके समान शून्य निधि (खाली घड़े) ही हाथ लगेगी ॥ ८ ॥

[९]

कुमार बोला—हे सुंदर आँखोंवाली भामिनी! रति (रमण, क्रीड़ा-)सुखके कारण मैं भ्रमरके समान विनाशको प्राप्त नहीं होऊँगा। शतपत्रके भीतर गया हुआ गंधका लोभी मुग्ध भौंरा दिवसके अस्त होनेको नहीं जान पाता। रात्रिके संगम(प्रदोषकाल)पर कमल संकुचित

---

२५. क ङ सरहसेण कहियउ। २६. घ रहसि। २७. क ङ पिय। २८. क °हिं; ख ग °हें। २९. क ङ पुण्णि°; घ पुन्न°। ३०. ख ग °हिं। ३१. क ङ अज्जु वि। ३२. क घ ङ °पाणें; ख ग मइंपाणें। ३३. घ खोहणु। ३४. क ङ य। ३५. क °क्कउं। ३६. क ङ °हि। ३७. क ख ग ङ °इं। ३८. क ङ °इं। ३९. ख ग घ °ट्ठउ। ४०. क ङ °इं घ मुन्नउं। ४१. क घ ङ °रहिं। ४२. क °डइं। ४३. घ °हुं। ४४. क °वउं। ४५. क ख ग °इं। ४६. क °इं। ४७. ख ग °णिहिं। ४८. क ङ °णिहिं; घ सुन्न°।

इय विसयसोक्खु अचयंतु संतु पलयहो न पवज्जमि एहु[1] मंतु ।
तो कहइ रूवसिरि कवलियप्पु एरिसथोहें गउ खयहो सप्पु । ५
कालम्मि कम्मि महिजणियसत्तु सिहिवल्लहु वासारत्तु पत्तु ।
पाउससिरि-संतरयंबरीय[2] हेट्ठामुह[3]-लंबिपओहरीय[4] ।
घणपडलछण्णतारयविहाइं[5] उल्लसियकासु[6] जरथेरि नाइं[7] ।
वरिसइ घणोहु अच्छिन्नधारु[8] तरुवरदलघट्टणतारतारु[9] ।
गिरिकडणि सिलायडे[10] मंदमंदु हलकिट्ठछेत्तमालेसु संदु । १०
आलावणिवज्जहो अणुहरंतु सरि-सर[11]-निवाण-दरि-दह[12] भरंतु ।
पडणुच्छलंतजलु धरणि[13] वहइ फलिहमयलिंगजडिलं व सहइ[14] ।
घत्ता—निसिदिवससत्त धाराहरु[15] वरिसइ पूरियधरणियलु[16] ।
संचारु न लब्भइ सलिलें हुउ आदण्णउ[17] जगु सयलु ॥९॥

[१०]

फुट्टतलायपालिवहनिग्गय[1] नइउण्णाहलग्गजलयर[2] गय ।

हो जाता है, भौंरा उसमें-से निकल नहीं पाता, व उसीमें मर जाता है। इसीप्रकार विषय-सुख-का त्याग न करके मैं विनाशके मार्गपर नहीं चलूँगा, यही मेरा मंतव्य है। इसपर रूपश्री बोली—ऐसे ही पराक्रम(आत्माभिमान)से एक सर्प अपने-आपको कालकवलित करके विनाश-को प्राप्त हुआ। किसी समय पृथ्वीमें अनेक सत्त्वोंको उत्पन्न करनेवाला शिखि-वल्लभ वर्षाऋतु प्राप्त हुआ। अंबरमें रज शांत हो गया, पयोधर(मेघ) अधोमुख होकर आकाशमें लटक गये, मेघपटलसे तारकगण आच्छादित हो गये, और काश(घासविशेष) खूब फूल उठे; इसप्रकार वह पावसलक्ष्मी ऐसी जराजीर्ण वृद्धाके समान प्रतीत हुई, जिसका रजोंबर शांत हो गया है, अर्थात् ऋतुमती न होनेसे जो रजोवस्त्र धारण नहीं करती; जिसके पयोधर(स्तन) अधोमुख होकर लटक गये हैं; जिसके अक्षि-तारक (आँखोंकी पुतलियाँ) घने अक्षि-पटल (मोतियाबिंद)से आछन्न(आवृत्त) हो गये हैं, और जिसका काश अर्थात् खाँसी रोग (श्वास) अत्यधिक बढ़ गया है। उत्तम वृक्षोंके पत्रोंसे संघट्टन करता हुआ वारिद-समूह गिरिमेखला और शिलातटोंपर मंद-मंद, एवं हल चलायी हुई क्षेत्र-मालाओंमें खूब घना, अतः आलापिनी(वीणा)के वादनके स्वरका अनुहरण करता हुआ, और नदी, तड़ाग, गढ़ों, दरों व दहोंको भरता हुआ अविच्छिन्न धारासे बरसने लगा। वर्षा गिरनेसे उछलते हुए जलको धारण करती हुई पृथ्वी ऐसी शोभायमान हो रही थी, मानो स्फटिकमय लिंगोंसे जड़ दी गयी हो। सात रात-दिनों तक मेघ निरंतर बरसता रहा, और उसने धरातलको जलसे पूर दिया। पानीके कारण संचरण (मार्ग) मिलना भी कठिन हो गया, और सारा जग व्याकुल हो गया ॥ ९ ॥

[१०]

तालाबोंकी पाल(मेंढ) फूट गयी, और उससे जलका प्रवाह बह निकला। नदीकी बाढ़में

---

[९] १. घ एउ। २. घ क °वलीय। ३. क ख °मुहुं। ४. क ख पयो°। ५. क °इं। ६. ख ग °कास। ७. क घ ङ °इं। ८. क ख घ ङ अच्छिण्ण°। ९. घ तरवर°; ङ °दलघणत्तारुणणतारु; क °दलवट्टणतारतारु। १०. क ङ °वड; ख ग घ °यड। ११. क °सरि। १२. ख ग दर°। १३. ख ग °णे। १४. ख ग व°। १५. घ °धरु। १६. क ङ °वलु। १७. क घ ङ °णउं।

[१०] १. ख ग °पहनि°। २. क ङ णय°; ख ग नय°।

थिप्पिर-जुण्ण[3]-तण्ण[3]-कुडिलीणइँ[4] कंदिरडिंभइँ[5] तवणविहीणइँ[6] ।
सलसलंति भुक्खइँ सविडंबइँ[7] निव्वत्तसायइ[9] रोड[10]-कुडंबइँ[11] ।
नीडनिवासिएहिं अच्छिज्जइ वार वार पक्खिहिं[12] मुच्छिज्जइ ।
गिरिकुहरेसु थक्कु वणयरगणु तल्लूवेल्लि करइ पीडियतणु ।
मंदी जाइ जलोहि नियत्तिउ पविरलजलसंचार[13]-पवत्तिउ[14] ।
नियआहारु चरंतें सरढें दिट्ठउ कालसप्पु मइजरढें[15] ।
कुंडलियंगु तडियउद्धुरफणु ललणललंतु[16] जगु जि भक्खणमणु ।
खद्ध भुयंगमेण कहिं[17] लुक्कमि केण उवाएं आयहो चुक्कमि ।
पुव्वदिट्ठनउलदरि सरंतें जय-जय सद्द करेवि तुरंतें ।
वुच्चइ सामिसाल मइँ[18] मारहि[19] खुद्दजंतुजोणिहिं[20] उत्तारहि[21] ।
एम भणेवि करेवि[22] मुहु[23] वुण्णउ[24] अंसुपवाहु मुयंतें[25] रुण्णउ[26] ।
अहिणा भणिउ[27] काइँ[28] विवरेरउ चरिउ तुहारउ[29] जणे अच्छेरउ ।
करकेंटिउ कहेइ[30] तुहुँ कुलपहु पइँ[31] खद्धउ[32] पावेसमि सिवपहु[33] ।
इय जयकारु रहसकिउ मण्णहि[34] रोविउ जं पि तं पि आयण्णहि[35] ।

पड़कर जलचर बह गये । खाद्य पदार्थोंके न मिलनेसे क्रंदन करते हुए बच्चे गलती हुई जीर्णतृण-निर्मित कुटियोंमें लीन हो गये । कुटुंबीजन भूखसे व्याकुल होकर सलबलाने लगे और व्यवसाय-हीनताके कारण हैरान हो गये । पक्षी अपने नीड़ोंमें ही निवास करते रह गये, और बार-बार मूर्च्छित होने लगे । वनचर-समुदाय गिरिकंदराओंमें स्थित हो गया, और पीड़ित शरीर होकर तड़फड़ाने लगा । जलके प्रवाहमें-से निवृत्त होकर(बचकर), उथले जलमें संचरण प्रवृत्तिसे धीरे-धीरे चलते हुए एक मतिवृद्ध (प्रौढ़मति) करकेंटेने स्वयंके आहारके लिए विचरण करते समय एक काला सर्प देखा, जो शरीरको कुंडलित किये हुए अर्थात् कुंडली मारे हुए, विस्तीर्ण फणको ऊपर उठाये हुए, मानो सारे जगको भक्षण करनेके मन(इच्छा)से अपनी जीभोंको लपलपा रहा था । अब मैं भुजंगमसे खाया गया, कहाँ लुकूँ और किस उपायसे इससे बचूँ ? (ऐसा सोचकर) पहले देखी हुई एक नकुल गुफाका स्मरण करके उस करकेंटेने तुरंत जय-जय शब्द करके कहा—हे स्वामिश्रेष्ठ ! मुझे मार डालिए और क्षुद्र जंतु योनिसे उद्धार कर दीजिए ! ऐसा कहकर, उद्विग्न मुख करके अश्रुप्रवाह छोड़ता हुआ रोने लगा । सर्पने कहा—तुम्हारा चरित्र लोगोंमें बड़ा विपरीत और आश्चर्य-कारक है, इसका क्या कारण है ? करकेंटा कहने लगा—तू हमारा कुलदेवता है, तुम्हारे-द्वारा खाया जाकर मैं शिवपथको पाऊँगा, इस कारण तो हर्षसे जय-जयकार की ऐसा मानिए, और जो रोया, उसका कारण भी

३. घ °न्न । ४. क कडि° । ५. ख ग ङ °डिभइ । ६. क घ ङ तवणि° । ७. क घ ङ °इं । ८. ङ °बइ । ९. क घ °यइं । १०. क रोइ । ११. क ङ °वइ । १२. क ङ पंखिहिं । १३. क घ ङ °रि । १४. ख ग पवि°; ङ पवत्तिय । १५. घ मइं° । १६. घ ललइ° । १७. ख ग कहि । १८. ख ग मइ । १९. क °हिं । २०. क घ ङ °जोणिहिं । २१. क घ °रहिं° । २२. क करवि । २३. क घ ङ मुहुं । २४. ख ग ङ चुं; घ वुन्नउं । २५. घ मुवंति । २६. घ °उं । २७. क घ ङ °उं । २८. क ङ काइ । २९. क ङ °रउं । ३०. घ भयेइ । ३१. ख ग पइ । ३२. क घ °उं । ३३. क °पहुं, °मुहु । ३४. क ङ °हिं; घ मन्नहिं । ३५. क ख ग °ण्णहिं ।

महु कुडंबु संताणगरिल्लउ मइँ[36] एक्केण जि विणु एक्कल्लउ ।
केम हवेसइ त्ति दय किज्जउ तो[37] वरि तं पि देव[38] भक्खिज्जउ ।
वुत्तु कुडंबु कहहि[39] जहिं[40] अच्छइ चल्लिउ चलिउ सो वि तहो पच्छइ ।
निउ गिरिदरिहिं[41] भडारा लक्खहि[42] गोत्तु महारउ[43] पइसिवि भक्खहि[44] ।
तुट्ठु पइट्ठु[45] दिट्ठु मुहतंबें खद्धउ फाडिवि नउलकयंबें । २०
अहिलसंतु अहि अहिउ[46] जि लक्खइ इट्ठु[47] नियइ वडिपहरु न पेक्खइ ।

घत्ता—[48]इच्छंतहो अहिउ असिद्धउ सिद्धविणासु वि [49]पियहो किह[50] ।
सिवमाहवधुत्तविलोहिउ रायपुरोहिउ मुट्ठु[51] जिह ॥१०॥

[११]

तं निसुणेवि कुमारें वुच्चइ विसु साहीणु किं न लहु मुच्चइ[1] ।
रयणिहिं[2] नयरे सियालु पइट्ठउ मुउ बलद्दु रच्छामुहे दिट्ठउ[3] ।
भक्खंतेण दंत-वणे[4] काणिउँ[5] रयणिविरामपमाणु न जाणिउँ ।
हुउ[6] पहाउ[7] वस-आमिसमुज्झिउ[8] जणसंचारकमालें बुज्झिउ ।
भयकंपिरु नीसरिवि न सक्कउ[9] चिंतियमंतु पडेविणु[10] थक्कउ[11] । ५

सुन लीजिए ! मेरा कुटुंब बहुत संतानोंवाला है । मुझ एकके बिना अकेले (निराश्रय) होकर उसका कैसे क्या होगा ? इसलिए हे देव ! दया कीजिए, और उसको भी खा लीजिए ! सर्पने कहा--तुम्हारा कुटुंब कहाँ रहता है, यह बताओ ! करकैंटेके चलनेपर वह सर्प भी उसके पीछे-पीछे चला । गिरिकंदरामें ले जाकर करकैंटेने कहा--भट्टारक, यह देखिये हमारा कुल ! भीतर प्रवेश करके इसे खा लीजिए ! प्रसन्न होकर वह(सर्प) प्रविष्ट हुआ, वहाँ लाल मुँहवाले नकुल समूहने उसे देखा, और फाड़कर खा लिया । अभिलाषाके वशीभूत हुआ सर्प अधिकको ओर ही लक्ष्य करता है; अतः आगे इष्ट(दुग्ध)को तो देख लेता है किंतु प्रतिप्रहारको नहीं देखता । और अधिक अनुपलब्ध(सुखों)की इच्छा करनेवाले प्रियतमके उपलब्ध सुखोंका भी विनाश उसीतरह हो जायेगा, जिसप्रकार शिव और माधव धूर्तों-द्वारा ललचाया हुआ राजपुरोहित ठगा गया ॥१०॥

[११]

इस कथाको सुनकर कुमारने कहा--अपने आधीन विषको (भी) क्या तुरंत त्याग नहीं दिया जाता ? रात्रिमें एक शृगाल नगरमें प्रविष्ट हुआ और (उसने) रास्तेके मुँहपर ही एक मरा हुआ बैल देखा । (उसे) खाते-खाते उसके दाँत व मुख छिद गये और वह रात्रिके अंत होनेको अवधिको भी नहीं जान सका । प्रभात होनेपर वृषभके मांससे मोहित वह शृगाल लोगोंके संचारके कोलाहलसे सचेत हुआ । भयसे काँपता हुआ वह (नगरसे) निकल भी नहीं

३६. ख ग मइ । ३७. ख ग घ वरि देव ते (घ तं) पि । ३८. ख घ °हिं । ३९ ख ग जहि । ४०. क ङ °हिं । ४१. क °हिं । ४२. क °रउं । ४३. क ख ग °हिं । ४४. क ङ पयट्टु । ४५. क °उं । ४६. क घ ङ दुद्धु । ४७. ख ग में पूरी पंक्ति इस प्रकार—लोहें जाइ खउ अहि वि विणासु वि पियहो किह । ४८. क °हुं । ४९. क ङ °धुत्तं । ५०. क ङ मुद्धु; ख ग मुद्ध ।

[११] १. क °इं । २. प्रतियोंमें °णिहिं । ३. क °उं; ङ दिट्ठिउ । ४. क घ ङ °वण; ग °वणु । ५. क ङ °उ । ६. क ङ हुय; ख ग हुउ । ७. क ङ °इं । ८. क हामिस° । ९. क °इं; ख ग घ ङ °इ । १०. घ °प्पिणु ।

अप्पउ मुयउ करिवि दरिसावमि किर वणु पुणु वि निसागमि पावमि ।
दीसइ दिवसि[11] मिलिय पुरलोएं एक्कें नरेण पवड्ढियरोएं ।
ओसहत्थु[12] लुउ पुच्छ[13]-सकण्णउ[14] चिंतइ जंबुउ अज्ज वि धण्णउ[15] ।
जीवेसमि अपुच्छु[16] विणु कण्णहिं एक्कवार जइ छुट्टमि पुण्णहिं ।
१० बोल्लइ अवरु एक्कु कामुयजणु गेण्हमि[17] दंतु करमि वसि पियमणु ।
पाहणु लेवि दंत किर चूरइ जाणिवि जंबुउ[18] हियइ[19] विसूरइ ।
खंडियपुच्छ[20]-कण्ण मण्णिय तिणु[21] दुक्करु जीवियास दंतहिं[22] विणु ।
चिंतवि[23] मुक्कु धाउ जव-पाणें लइउ कंठे हरिसरिसें साणें ।
मारिउ ताम जाण कयनाएं खद्धउ मिलिवि सुणहसमवाएं ।
१५ इय विसयंधु मूढु जो अच्छइ कवणभंति सो पलयहो गच्छइ ।

घत्ता—[24]गय अद्धरत्ति[25] बोल्लंतहँ[26] तो वि कुमारु न भवे रमइ[27] ।
तहिं[28] काले चोरु विज्जुच्चरु चोरेवइ[29] पुरे परिभमइ[30] ॥११॥

[१२]

विरइयगाढगंठिपरिहणसलु कियआयत्तछुरियपिहुकडियलु ।
निबिडनिबद्धजूडसिरपरियरु अयरुग्गारधूवे-सुरहियमरु[1] ।

सका और यह मंत्र सोचकर निश्चल होकर पड़ रहा—अपनेको मरा हुआ दिखला देता हूँ, पुनः रात आनेपर वनको चला जाऊँगा । दिनमें नगरके लोगोंने मिलकर देखा । एक मनुष्यने जिसका रोग बढ़ा हुआ था, औषधिके लिए उसकी पूंछ व कान काट लिये । जंबूक सोचने लगा—अभी भी धन्य (भाग्य) हूँ; यदि एक बार पुण्यसे छूट जाऊँ तो बिना पूंछ और कानोंके ही जी लूँगा । एक दूसरा कामी पुरुष बोला—इसका दाँत ले लेता हूँ, (उससे) प्रियाका मन वशमें करूँगा । और पत्थर लेकर सचमुच ही उसके दांत तोड़ डाले । (यह) जानकर शृगाल अपने हृदयमें खेद करने लगा—पूंछ व कानके काटे जानेको तो मैंने तृणके समान समझा, परंतु दांतोंके बिना तो जीनेकी आशा दुष्कर ही है । ऐसा सोचकर (लोगोंसे) छूटते ही जब वह अपने प्राण लेकर भागा, तो सिंहके समान श्वानने उसे गलेसे पकड़ लिया, और जानसे मार डाला, तथा शोर मचाते हुए कुत्तोंके समुदायने मिलकर खा डाला । इसप्रकार जो मूढ़ विषयांध होकर रहता है, वह अवश्य विनाशको प्राप्त होगा, इसमें क्या भ्रांति है ? (इसप्रकार) कथा-वार्ता करते-करते आधीरात बीत गयी, तो भी कुमार संसारमें आसक्त नहीं हुआ । उसीसमय विद्युच्चर नामका चोर चोरी करनेके लिए नगरीमें भ्रमण कर रहा था ॥११॥

[१२]

सुदृढ़ गाँठसे अपने परिधानमें शलाका (डंडा) लगाये हुए, और पृथुल (विशाल) कटितलपर छुरीको स्वाधीन किये हुए अर्थात् लटकाये हुए, शिरके चारों ओर घना जटाजूट बांधे हुए, अगरुके

११. घ °स । १२. क ङ अंसं । १३. क घ ङ पुच्छु । १४. घ ङ °ण्णउं । १५. ख ग घन्नउ; घ ङ °उं । १६. घ °च्छ । १७. क ङ °वि । १८. ख ग जंबू । १९. ग हियय । २०. ख ग घ खंडिउ°; °पुच्छु । २१. क घ ङ तणु । २२. ख ग °हिं । २३. क ङ चिंतिवि । २४. क ख ग ङ गउ °रत्तु । २५. क ङ °तइं; ख ग °तहो । २६. ख घ ङ °इं । २७. ख ग तहें । २८. घ चोरिज्जइ । २९. ख ग °इं ।

[१२] १. ख ग निवडं । २. ख ग घ °धूय । ३. घ पसरिय° ।

सियतंबोलवत्तवीडियधरु फेरियपत्तिवालदाहिणकरु ।
कामिणिकामलयहे[4] मेल्लिवि घरु वेसावाडउ नियइ निरंतरु ।
वेसउ जत्थ विहूसियरूवउ नरु मण्णंति[5] विरूउ विरूवउ । ५
खणदिट्ठो वि पुरिसु पिउ सिट्ठउ पणयारूढु न जम्मे[6] वि दिट्ठउ[7] ।
नउलुब्भउ ताउ किर गणियउ[8] तो वि भुयंगदंतनहवणियउ[9] ।
वम्महदीवियाउ[10] अवितत्तउ[11] तो वि सिणेह संगपरिचत्तउ[12] ।
लग्गिरसाइणिसत्थसरिच्छउ[13] [14]कामुयरत्ताकरिसणदच्छउ ।
मेरुमहीहरमहिपडिबिंबउ[15] सेवियबहुकिंपुरिसनियंबउ । १०
नरवइनीइसमाणविहोयउ दूरुज्झियअणत्थसंजोयउ ।
अहरे राउ मयणु[16] वि जहिं[17] वट्टइ पुरिसविसेससंगि न पयट्टइ ।

उद्गार व धूपसे पवनको सुगंधित करते हुए, श्वेत तांबूल(पका पान)पत्रका बीड़ा चबाते हुए दाहिने हाथसे तलवार घुमाता हुआ, कामलता नामक कामिनीके लिए घर छोड़कर निरंतर वेश्यावाटको देखा (जाया) करता था, जहाँपर वेश्याएँ खूब सजे हुए रूपवाले मनुष्यको भी रुपयेसे रहित अर्थात् धनहीन होनेसे विरूप (कुरूप) मानती हैं। क्षण-भरके लिए देखा हुआ (धनवान्) पुरुष जहाँ अतिवल्लभ कहा जाता है, और जीवन-भर प्रणयासक्त रहनेवाले पुरुषको (भी निर्धन हो जानेपर) ऐसा कहा जाता है कि इसे जन्म-भर कभी देखा ही नहीं। जो नकुल संतान होकर भी भुजंगों(सर्पों)के दंत-नखोंसे व्रणित (घायल) होती हैं(यह विरोधाभास है); अर्थात् वे न-कुल—हीन कुलमें उत्पन्न होती हैं, और भुजंगों अर्थात् कामीजनोंके दाँतों व नखोंसे उनके अंगोंपर व्रण लगा दिये जाते हैं(विरोध परिहार)। (कामभोगसे) कभी भी तृप्त न होनेवाली कामदेवकी दीपिकाएँ होते हुए भी वे स्नेहसंगसे परित्यक्त होती हैं (विरोधाभास); अर्थात् कामवासनाका उद्दीपन करनेवाली होनेपर भी किसीसे सच्चा स्नेह (प्रेम) नहीं करतीं (विरोध परिहार)। रक्त चूसनेमें दक्ष व लगी हुई शाकिनियोंके समूहके समान वे कामुक व्यक्तियोंका रक्त (शक्ति व धन) चूसनेमें दक्ष होती हैं। वे मेरुपर्वतकी समभूमिके प्रतिबिंबके समान होती हैं। मेरुपर्वतकी समभूमि किंपुरुषादि देवोंसे सेवित होती है, वेश्याओंके नितंब किंपुरुषों अर्थात् क्षुद्र मनुष्योंसे सेवन किये जाते हैं। वे राजनीतिके समान ऐश्वर्यसंपन्न होती हैं, और अनर्थ संयोगोंको दूरसे ही छोड़ देती हैं। राजाकी नीति ऐश्वर्यवृद्धि करनेकी तथा राजा और प्रजाको हानि करनेवाले कारणोंको दूरसे ही छोड़नेकी होती है; उसीप्रकार वेश्याएं ऐश्वर्य और ऐश्वर्यवानोंको तो चाहती हैं, और अर्थहानिके संयोगों अर्थात् जिन लोगोंसे कोई अर्थलाभ होनेवाला नहीं, ऐसे धनहीन लोगोंके संपर्कको दूरसे ही त्याग देती हैं। जिनके अधरोंमें राग(प्रेमरस) भी विद्यमान है और मदन(कामदेव) भी, तथापि वह पुरुष-विशेषके साथ प्रवृत्त नहीं होता (यह विरोधाभास है); (विरोधपरिहार) जहाँ ओठों व अधम(अहरे) पुरुषोंमें राग होता है, और जो नीच मदन(काम)से युक्त हैं, अथवा जिनके ओठोंमें नीच पुरुषोंके प्रति राग

४. क °लयहो । ५. घ मन्नंति । ६. ख ग जम्म । ७. ग दिट्ठिउ । ८. घ °यउं । ९. क घ ङ °दंतखय° । १०. प्रतियोंमें वम्महं° । ११. क ख ग ङ °भत्तउ । १२. क ङ सणेहं । १३. ख ग °सायणिसत्थ° । १४. ख ग-कामुअ° । १५. घ °बिंबिउ । १६. ख ग पमाणु । १७. ख ग जहुं; घ जहु; ङ जहि ।

परकोऊहलत्थु[१८] विरइज्जइ कडिपरिहाणु न लज्जइ[१९] किज्जइ ।
सरलत्तणु बाहुलयहिं[२०] सिट्ठउ परवंचणअ[२१] हियाइ[२२] न दिट्ठउ ।
१५ रुइरवेसविरयणु[२३] न सरूवउ कामुयमण[२४]-सायड्ढणभूवउ[२५] ।
जं मिट्ठंतु न सद्धहे[२६] इहु गुणु तरुणे[२७] चित्तरंजणु[२८] पीडइ[२९] पुणु ।
मंडणे[३०] वण्णावेक्ख[३१] न विडजणे[३२] गउरउ रवणे[३३] न माणुसे निद्धणे ।
घत्ता—आयरेण सुइरु[३४] आलिंगिवि[३५] सरसु[३६] पुरिसु महुसंचु जिह ।
रिच्चेवइ निउणउ[३७] खुद्दउ खुद्दउ[३८] संचुंबति तिह[३९] ॥१२॥

[१३]

का वि वेस नवदविणु गणंती हियधणमणुससंगु अगणंती[२] ।
ईसामिसेण निरोहवि[३] वारइ मंदिरि अवरु सधणु पइसारइ ।

व काम रहता है, वहाँ पुरुष-विशेष अर्थात् उत्तम-पुरुषमें उसका प्रवृत्त न होना स्वाभाविक है । और जहाँ दूसरोंको कौतूहल (औत्सुक्य) उत्पन्न करनेके लिए ही कटिवेशकी विरचना (सजावट) की जाती है, लज्जाके नहीं । और सारल्य उनकी बाहुलताओंमें तो कह दिया गया है, परंतु उनके परवंचक हृदयमें किसीने नहीं देखा अर्थात् उनके हृदयकी कुटिलतापर किसीने लक्ष्य नहीं दिया । और जिनमें कामीजनोंके मनको आकर्षण करनेवाली रुचिर(सुंदर) वेशरचना तो होती है, परंतु स्वाभाविक रूप (नैसर्गिक सौंदर्य) नहीं होता । और उनमें जो मीठापन है, तो यह गुण श्रद्धाके लिए, अर्थात् श्रद्धाके कारण नहीं; क्योंकि वह तरुणाईमें तो चित्तका अनुरंजन करता है, परंतु पीछे पीड़ा देता है । अपने शारीरिक मंडनमें तो उन्हें सब वर्णों(रंगों)की अपेक्षा (चिंता) रहती है, परन्तु विटजनोंके संबंधमें उन्हें किसी वर्ण—जातिकी कोई अपेक्षा नहीं रहती । और उनका गौरव (गुरुता, गुरुभाव) उनके रमण(भोग करनेवाला धनी व्यक्ति अथवा नितंब-प्रदेश)में होता है, निर्धन मनुष्यमें नहीं । जिसप्रकारसे किसी छत्तेसे उड़ायी हुई निपुण मधुमक्खियाँ मधुके उस सरस(मधुयुक्त) छत्तेको रिक्त करनेके लिए आदरपूर्वक खूब देर-तक चूमती अर्थात् चूस लेती हैं, उसीप्रकारसे ये क्षुद्र(दुष्टाभिप्राय) व निपुण वेश्याएँ किसी सरस (स-काम, स-धन) व्यक्तिको रिक्त (धन-हीन) करनेके लिए आदर(अनुराग)-पूर्वक चिरकाल तक आलिंगन करके चुंबन करती हैं (अर्थात् पूर्णतः चूस लेती हैं ।) ॥१२॥

[१३]

कोई वेश्या किसी नये-नये धनिकको गिनती (आदर देती) हुई किसी हृतधन अर्थात् धनहीन मनुष्यके संसर्गकी अवगणना(अवहेलना) करती हुई ईर्ष्याके बहानेसे (कि तुझे यहाँ देखकर उस धनिकको ईर्ष्या होगी) उसका गृहप्रवेश निषिद्ध करके, उसे हटा देती है, और घरमें

---

१८. ख ग °रलत्थु । १९. क ङ °हिं; घ °इं । २०. ख ग °लयहो । २१. क ङ वंचण; घ °वचणु । २२. क घ ङ हियथाए; ख ग हिउए । २३. क घ ङ °यणु । २४. ख ग कामुअ° । २५. क ख ग ङ साट्टयण;° क घ ग ङ °भूयउ । २६. ख ग सद्दहे । २७. ख ग घ °ण । २८. क ङ चित्तु° । २९. ख ग °ए । ३०. घ °ण । ३१. घ वन्ना° । ३२. घ °यणि । ३३. क °रउ वणि; ख ग गउर वणे । ३४. ग सुयरु । ३५. ङ °घिवि । ३६. ग °स । ३७. ख ग णेउणउ; घ °णउं । ३८. ख ग °ए । ३९. घ तिहं ।

[१३] १. ख घ ग °धणु । २. क ख ग ङ अमु°; घ अय° । ३. क घ ङ °हिवि ।

काए वि जूरंतीए[४] वियप्पिउ[५] वंचयकामुएण[६] जो अप्पिउ ।
कूडउ दम्मु निएवि विमत्तिए किज्जइ काइँ कज्जे निव्वत्तिए ।
भग्गभाडिविडु[७] दिट्ठउ काय वि लयउ[८] कडच्छए[९] चोडए[१०] धाएवि[११] । ५
पच्छए जं धणु लद्धु चउग्गुणु नियसोहग्गखोरे निक्खइ पुणु ।
धणु वि दिण्णु निरवेक्ख वियंभइ ढोउ न लहमि[१२] को वि उवलंभइ ।
इय पेक्खंतु चोरु किर गच्छइ मिहुणहँ[१३] निहुवणु[१४] [१५]कहिं मि[१५] नियच्छइ ।
गाढालिंगणचप्पियथणयडु [१६]कामट्ठाण चारुचुंबणपडु ।
दसणकोडिपीडियबिंबाहरु नच्चावियभूभंगमणोहरु । १०
सेयसलिललवलुलियकवोलउ[१७] अद्धक्खरखलंतकलरोलउ ।
गामासन्नवणु[१८] व हयवच्छउ[१९] रायउलं व करणपरिहच्छउ[२०] ।
कम्मविवाउ व रूवियबंधउ रिद्धकिसाणु[२१] व अप्पियखंधउ ।

दूसरे धनीको प्रवेश कराती है । किसी मतिहीन (किंकर्त्तव्यविमूढ़) गणिकाने, धूर्त्त कामुकके द्वारा अर्पित झूठे द्रमको देखकर खेद करते हुए सोचा कि अब कार्य समाप्त हो चुकनेपर क्या किया जा सकता है ? किसीने अपना भाड़ा लेकर भागे हुए विटको देखा तो दौड़कर उसको कछोटे व चोटीसे पकड़ लिया । पीछे जो चौगुना धन मिला, उसे अपनी शृंगारपिटारीमें डाल लिया । (अत्यासक्तिके कारण) धन दी जानेपर भी कोई वेश्या (यह निर्धन है, ऐसा सोचकर) उसके प्रति निरपेक्ष रहती है (उसे स्वीकार नहीं करती), और किसी अन्य(धनी)के प्रति बड़ा अनुराग दिखलाती है, (ऐसा देखकर) मुझे अपनी भेंट नहीं मिली, इस प्रकार कोई किसी गणिकाको उलाहना देता (फिरता) है । विद्युच्चोर यह सब देखता हुआ चला जा रहा था, तो कहीं उसने मिथुनोंके सुरत (व्यापार) को देखा । कहीं गाढ़ आलिंगनके द्वारा स्तनोंके अग्रभागोंको आक्रांत करके कामस्थानोंके सुंदर चुंबनमें पटुता दिखाई जा रही थी । कहीं दाँतोंके अग्रभागसे बिंबाधरोंका पीड़न, भ्रूभंगिमाका मनोहररूपसे नर्तन, स्वेदसलिल कणोंसे सुंदर कपोल और आधे अक्षर स्खलित होते हुए (प्रणयक्षणोंकी) वार्त्ताका कलकल हो रहा था । कहीं स्त्री-पुरुषोंके जोड़े ग्रामके निकटवर्ती वनके समान हो रहे थे—ग्रामका निकटवर्ती वन हतवृक्ष होता है, अर्थात् उसके वृक्ष काट भी लिये जाते हैं, व नानाप्रकारसे आहत भी होते हैं, उसीप्रकार स्त्री-पुरुष युगल भी परस्परके वक्षस्थलोंको आहत कर रहे थे; और भो वे स्त्रीपुरुषोंके जोड़े राजकुलके समान करण दक्ष थे—राजकुल न्यायालय, मंत्री, सेना, दुर्ग आदि अनेक करणों—साधनोंसे परिपूर्ण होता है, मिथुन कामक्रीड़ाके समस्त साधनों (व आसनों) में परिपूर्ण (व दक्ष) थे । ज्ञानावरणादिरूप अथवा प्रकृति-स्थिति आदिरूप अनेक प्रकारके कर्म-विकारकृत बंधनके समान, वे जोड़े अनेक प्रकारके रतिबंध रच रहे थे । समृद्ध किसानके समान उन्होंने अपने कंधे

४. क ख °तियइं । ५. क ख विअ° । ६. क ख वंचइ° । ७. क °चिउ । ८. क ख लइउ । ९. क ख °च्छहि । १०. क ख °एं । ११. क ख धायवि; घ धाविवि । १२. पं० में 'लहइ' । १३. क ख °णहुं; ख ग घ °णहु । १४. क ख °अणु । १५. क ख कहि मि; ख ग कहिं वि । १६. क कामट्ठीण° । १७. क °वलियकवो° । १८. क ख गामासण्ण° । १९. क ख ग °वत्थउ । २०. क ख ग °हत्थउ । २१. क ख रिद्धि° ।

अंधयवहु व जायनहरच्चणु[22] मेल्लियसरु णं धाणुक्कियरणु।
फारक्कु व कड्ढियकरवालउ[23] णइपुलिणं पि व रेयविसालउ।
दाणवबलु व[24] समुग्गयसुक्कउ वणवियलंगु व मुच्छहे दुक्कउ[25]।
घत्ता—इय मिहुणइँ सयणासीणइँ णयणदलइँ[26] मउलंताइँ[27]।
णिव्वत्तियरयभरखिन्नइ[28] णिद्दइ[29] णियइ[30] घुलंताइँ[31] ॥१३॥

[१४]

धवलहरपंतिछायए[1] चलंतु हिंडिरतलारकलयलु[2] कलंतु[3]।
णिहुअं[4] जि मुणिय पाहरियसासु[5] संपत्तु अरुहयासहो णिवासु।
आसरेवि थक्कु कयचोरवित्ति जंबूकुमारवासहरभित्ति।
चिंतइ चोरत्तणु कवणु मज्झु जइ हरमि न इउ धणु जं असज्झु।
तं सुउ वर-वहुव[6] कहावसेसु परियाणिउ[7] कारणु निरवसेसु।
तावेत्तहिं जंबुकुमारजणणि परिसुसइ डज्झमाणे व[8] धरणि।

अर्पण कर रखे थे; समृद्ध किसान सहारेके लिए (दूसरे बंधुओंको) कंधा अर्पित करता है, युगलोंने परस्पर आलिंगनमें अपने कंधे अर्पित कर रखे थे। युगल किसी अंधेकी वधूके समान थे—अंधा व्यक्ति अपनी वधूको यत्र-तत्र अनुचित स्थानोंमें नख-व्रण लगा देता है; उसीप्रकार युगल भी विवेक किये बिना परस्परको अनुचित स्थानोंमें नख-व्रण लगा रहे थे, और इसप्रकार स्वर छोड़ रहे थे, मानो धनुर्धरोंका युद्ध हो, जिसमें बाण छोड़े जाते हैं। फारक्क धारण करनेवालोंके समान वे करवाल (तलवार, युगलपक्षमें हाथोंसे बाल) खींच रहे थे। नदीके पुलिन(तट)के समान वे अत्यधिक रेत (बालू, युगल पक्षमें रेतस्-रज, वीर्य) से युक्त थे; अथवा नदीके रेत एवं जलके आगार तटके समान, युगल रेतस्रूपी जलके आगार थे। युगल दानव सैन्यके समान थे—दानव सैन्यमें शुक्र अर्थात् शुक्राचार्य उत्पन्न हुए थे, और युगल समुत्पन्न शुक्र अर्थात् (रति क्रीड़ामें) अत्यंत वीर्यवान् थे, तथा व्रणोंसे विकलांग अर्थात् घायल होकर मूर्च्छित हो रहे थे। इसप्रकार विद्युच्चरने शयनोंपर आसीन मिथुनोंको, जिनके नेत्र मुकुलित हो रहे थे, संपन्न किये हुए रतके आयाससे थककर निद्रामें घुलते (डूबते) हुए देखा ॥१३॥

[१४]

प्रासाद पंक्तिकी छाया(ओट)में चलते हुए, घूमते हुए नगर रक्षकोंके द्वारा किये जाते हुए कोलाहल व पहरेदारोंके श्वासको मौन हुआ जानकर, वह अरहदासके घर प्राप्त हुआ, और जंबूकुमारके वासगृहकी भित्तिका आश्रय लेकर चोरवृत्तिसे अर्थात् छिपकर वहाँ खड़ा हो गया, एवं सोचने लगा—यदि इस असाध्य(दुर्लभ)धनका अपहरण न करूँ तो मेरा चोरपना ही क्या? इसके अनंतर (वहीं खड़े-खड़े) उसने वर-वधुओंके उस अवशेष कथालापको सुना और निःशेष कारण (वृत्तांत) को जान लिया। तबतक इधर जंबूकुमारकी माता जलती

२२. ख ग °नहरच्चणु। २३. ख ग कट्ठिय°। २४. ख ग दाणु व बलु व। २५. व °उं। २६. क ङ °लइ। २७. ङ °ताइ। २८. क ङ° खिण्णइं। २९. क घ ङ °इं।

[१४] १. क °छायइं। २. क ङ हिंडियतलार°। ३. क कयंतु; ख ग करंतु। ४. क ङ °अउ; ग °वउ। ५. ख ग वाहि°। ६. क ङ वहुय। ७. ग °विसेसु। ८. क घ ङ °णिउं। ९. ख ग वि।

सिवएवि जेम दुहवियलपाण[10] सिरिनेमिकुमारें मुक्कमाण[11]।
घरु पंगणु मेल्लइ[12] वार-वारु[12] पुणु जोवइ[13] सुयवासहरदारु[14]।
एत्तहिं[15] कुमारु किर दढपइज्जु[16] बहुबाहु[17] चउक्कु[18] वि कलियविज्जु[19]।
किं अज्ज वि सुउ तवचरणबुद्धि किं वट्टइ बहुमुहरायलुद्धि। १०
किं अज्ज वि मण्णइ[20] मोक्खवासु किं कंठे पडिउ पियबाहुपासु।
किं अज्ज वि अप्पउ महइ सिद्धु किं तिक्खकडक्खसरेहिं विद्धु।
घत्ता—इय[12] चिंताचक्कचडावियउ[21] चित्तब्भमणचमक्कियउ[22][23]।
जिणवइए कुडुसंलीणउ[23] दिट्ठु चोरु अदवक्कियए[24] ॥१४॥

[१५]

बोल्लावियउ तिमिरि किं वंछइ[1] माणुसु कवणु एउ रे अच्छइ[1]।
तक्करु भणइ[2] माए[3] मा बीहहि[4] सहलु होउ जं हियवइ ईहहि[5]।
हउँ नामेण चोरु विज्जुच्चरु हिंडमि नयरु निसिहिं[7] नीसंचरु।
करमि अकम्मु सिट्ठजणदूसिउ मंदिरु तं न जं न मइँ मूसिउ[8]।
तेरउ एक्क नवर न निहेलणु चोरमि अज्जु तं पि पेरिउ[9] मणु। ५
ताम कुमारहो मायए[6] वुच्चइ[6] गेण्हहि[9] दविणु पुत्त जं रुच्चइ[6]।

हुई भूमिके समान (दीर्घ और उष्ण) श्वास ले रही थी। श्रीनेमिकुमार (२२वें जैन तीर्थंकर) के घर छोड़ते समय जिसप्रकार शिवदेवी दुःखसे विकलहृदय हुई थी, उसी प्रकार विकलात्म होकर बार-बार घर-आँगनको छोड़ती (आती-जाती) थी, फिर पुत्रके वासगृहका द्वार देखती कि क्या कुमार अभी भी दृढ़प्रतिज्ञ है, अथवा वधूचतुष्ककी (काम)विद्याके वशमें हो गया? क्या अभी भी पुत्रका मन तपश्चरणमें ही लगा है, अथवा उसे वधुओंके मुखरागका (कुछ) लोभ हुआ है (अर्थात् वधुओंमें आसक्ति हुई है)? क्या अभी भी वह मोक्षवासको ही (श्रेष्ठ) मानता है, अथवा क्या उसके कंठमें प्रियाओंका बाहुरूपी पाश पड़ गया है? क्या अभी भी अपनेको सिद्ध बनाना चाहता है, अथवा तीक्ष्ण कटाक्ष शरोंसे बिंध गया? इस प्रकार चिंता-चक्रपर चढ़ाई हुई उद्भ्रांत चित्त व विस्मित जिनमतीने बिना डरे हुए, भित्तिसे लगकर छिपे हुए चोरको देखा ॥१४॥

[१५]

(जिनमतीने) उसे पुकारा—अरे! अंधेरेमें यह कौन आदमी है! और क्या चाहता है? तस्करने कहा—माँ डरो मत, तू जो हृदयसे चाहती है, वह बात सफल हो। मैं विद्युच्चर नामका चोर हूँ, रात्रियोंमें नगरका भ्रमण करनेवाला निशाचर हूँ, तथा शिष्टजनों-द्वारा दूषित अपकर्म करता हूँ। ऐसा कोई घर नहीं है, जिसे मैंने लूटा नहीं। एक तेरा ही घर नहीं लूटा। इसमें भी आज चोरी करूँ, इस प्रकार मेरा मन प्रेरित हुआ। तब कुमारकी माँ

१०. ग °पाणि। ११. ख ग वुच्च°; क मुंच°। १२. क वारु°; ख तारुहार; ग °वार; घ तारुहारु। १३. क ख जोयइ। १४. ख ग घ सुअ°; ख ग °दार। १५. ख ग °हि। १६. क ख °ज्ज। १७. क ख °याउ; ख ग °याहु। १८. ख ग °क्क। १९. घ °विज्ज। २०. क ख °इं; घ मन्नइं। २१. घ चिंताचक्कि चडा°; ख ग °चडावियइं। २२. ख ग °ब्भमणें°। २३. ख ग °सइंलीणउ;; घ °सइलीणउ। २४. ख ग अवद°; घ °यइं।

[१५] १. क °हि; घ क °हि। २. क घ क °इं। ३. ख ग माय। ४. क °हिं। ५. ख ग घ °हि। ६. घ °उं। ७. घ पेसिउ। ८. क °इं। ९. क ख °हिं; घ गिन्हहि।

निसुणेवि बोलिज्जइ कुसुमालें तउ धणु पेक्खमि सरिसु पलालें।
चोरिय चित्ते[10] एत्थु न पयट्टइ चिंतासल्लु अवरु महु वट्टइ।
वार-वार जं निलय पईसहि[11] मंदिराउ पुणु पंगणि दीसहि[12]।
१० दारकवाड पुणु वि जं लक्खहि[13] कारणु कवणु माय तं अक्खहि[14]।
सीसइ तासु[15] सगग्गिरवयणय बइयरु अंसुजलोल्लियनयणय[16]।
एक्कु जि पुत्तु पुत्त अम्हारउ बंधव-पियरमणोहरगारउ।
अज्जु[17] जि परिणाविय विवत्थय[18] लेसइ दिक्ख[19] विहाणय सत्थय[20]।
घत्ता—इय पुत्तविओयकुढारें फाडेवि खंडु खंडु कियउ[21]।
१५ अंगारपुंजे संदिण्णउ[22] लवणु व सयसक्करु हियउ ॥१५॥

[१६]

निसुणेविणु[1] तं वयणं पवरो वयणं पडिजंपइ विज्जुचरो।
करुणारसरंजियसुद्धमणो पडिवन्न[2]-पवड्ढिय नेहघणो[3]।
सुणियं[4] व[5] मए[6] रहसुब्भवियं वहुवाहि[7] वरेण समं लवियं।
न पवत्तइ[8] केम वि पुत्तु[9] तउ वहुबोल्ल-महल्ल-नए-ण-जउ[10]।
५ अवरेक्क पयासमि माय[11] मइ विहडेइ न अज्ज वि कज्जगइ।

बोली—पुत्र तुझे जो रुचे वह द्रव्य ले ले। यह सुनकर चोरने कहा—मैं तेरा धन पुआलके समान समझता हूँ। यहाँ मेरे चित्तमें चोरीकी भावना ही प्रवृत्त नहीं हो रही है। मुझे तो दूसरा ही चिंताशल्य उत्पन्न हुआ है। तू बार-बार घरमें प्रवेश करती है, घरसे फिर प्रांगणमें दिखाई देती है, फिर द्वार कपाटोंको देखती है; तो हे माँ! इसका क्या कारण है? सो बताओ! गद्गद वचनों और अश्रुजलसे आर्द्रनेत्रोंसे वह उसको वृत्तांत कहने लगी—हे पुत्र! हमारा एक ही पुत्र है, जो बांधवों और माता-पिता सबके लिए सुखदायक है। आज ही व्यवस्था (विधि)पूर्वक उसका परिणय कराया गया है; और बिहान (प्रभात) होते ही वह शास्त्र-विधि-के अनुसार (दिगंबरी)दीक्षा ले लेगा। इस पुत्रवियोगके कुठारने हृदयको फाड़कर खंड-खंड कर दिया है, और अंगारमें डाले हुए लवणके समान शतशः विदीर्ण कर दिया है ॥१५॥

[१६]

विद्युच्चर करुणारससे रंजित शुद्ध मन और स्नेह प्राप्त करनेसे वर्द्धित-स्नेह होकर ये प्रतिवचन बोला—मैंने वधुओंके द्वारा वरके साथ किया हुआ समस्त उत्कंठाजनक वार्तालाप सुन ही लिया है। तुम्हारा पुत्र किसी भी तरह संसारमें प्रवृत्त नहीं होगा, यह वधुओंके बड़े-बड़े बोलोंके न्यायसे जीता नहीं जा सकता। हे माता! एक और युक्ति प्रकट करता हूँ, जिससे (संभवतः) अभी भी कार्यकी गति (अर्थात् अभीप्सित कार्य) विघटित न हो। हे अम्मा!

---

१०. ख ग चित्तें। ११. क ग घ °इ; °हि। १२. क ङ °इ। १३. क ख ङ °हि। १४. ख ग सगि°; घ सगग्गर°; °वयणइं (सभी प्रतियोंमें) १५. क घ ङ °णइं। १६. ख अज्ज। १७. क विइत्थइं; ख ग वियत्थइ; ङ विइत्थइ। १८. क विहाण पसत्थइ। १९. क घ °उं। २०. क घ °णउं।

[१६] १. क ङ °प्पिणु। २. क ख ग ङ °वण्ण। ३. क ङ °घणो। ४. क ङ °अं। ५. ख ग वइयर। ६. ख ग° याहि; घ °वाहि। ७. घ °तइं। ८. ख ग पुत्त। ९. क ख ग ङ °ल्लणए अजओ; घ °ल्ल नएण जुओ। १०. घ माय।

मइँ[11] एत्थु पवेसहि[12] अम्मि[13] जइ तिह[14] बोल्लमि वड्ढइ[15] जेम[16] रइ ।
सुइ[17]-सत्थइँ बुज्झमि[18] आरिसइँ[19] परचित्तइँ[20] जाणमि जारिसइँ ।
जणकम्मण-थंभण-मोहणयं[21] भुवणस्स[22] वि खोहण[23]-जोहणयं ।
नयणंजणजायरभंजणयं सुहसुत्तपबोहणरंजणयं ।
विहडंतमहादिहिजोडणयं पियमाणुससंगमतोडणयं । १०

घत्ता—वहुवयणकमलरसलंपडु भमरु कुमारु न जइ करमि ।
आएण समाणु[24] विहाणए[25] तो तवचरणु[26] [27]हउँ मि[27] सरमि ॥१६॥

[१७]

तो कुमारमायरीए[1] [2]पुत्तदुक्खकायरीए ।
चोरवोरसासियाए[4] सुद्धमुद्धभासियाए[5] ।
ढिल्लबाहुकंकणाए[6] [3]छित्तदारढंकणाए[7] ।
सुण्हनामु[8] उच्चरेवि पिल्लिया कवाड वे वि ।
नंदणो मुणेवि माय कारणेण केण आय । ५
आनमंसियं[9] पयाइँ[10] पुच्छइ त्ति अम्मि काइँ ।
एरिसम्मि जं सुसुत्ति[11] आगयासि मज्झरत्ति[12] ।
अक्खए कुमार बुज्झु गब्भसंठियम्मि तुज्झु ।

यदि तू मुझे यहाँ (भीतर) प्रवेश करा दे तो मैं ऐसा बोलूँगा जिससे उसकी संसारमें रति बढ़े । मैं ऐसे श्रुतिशास्त्रोंको जानता हूँ, जिनसे लोगोंकी जैसी चित्तवृत्तियाँ हैं, उन्हें जान लेता हूँ, और जो लोगोंका वशीकरण, स्तंभन व मोहन करनेवाले, व सारे भुवनको भी विक्षुब्ध कर देनेवाले एवं लड़ा देनेवाले हैं; तथा ऐसा नेत्रांजन भी जानता हूँ, जो जागृतोंको सुला देनेवाला एवं सुखसे सोये हुओंको जागरणका आनंद देनेवाला, तथा विघटित होती हुई (छूटती हुई) महा-धृति (महान् प्रीति-सुख) को भी जोड़नेवाला, और प्रियजनोंके संगमको तोड़नेवाला है । अतः यदि मैं कुमारको वधुओंके मुखकमलरूपी मधुका लंपट भ्रमर न बना सकूँ; (अर्थात् कुमारको वधुओंके प्रति अत्यंत आसक्त न कर सकूँ) तो विहान होते ही मैं भी इसके साथ तपश्चरणका अनुसरण करूँगा ॥१३॥

[१७]

तब पुत्र दुःखसे कातर कुमारको माताने उस चोर वीर(भ्राता)के सरल व निश्छल वचनोंसे कहेको सुनकर, ढीले बाहु कंकणोंसे (शब्द करते हुए) द्वार कपाटोंको छूकर वधूका नामोच्चारण करके दोनों किवाड़ोंको ढकेल दिया । किसी कारणसे माँको आयी जानकर पुत्रने माँके पैरोंको नमस्कार करके पूछा—माँ क्या बात है, जो इसप्रकार सोनेके समय अर्द्धरात्रिको ही तू आ गयी? माँने कहा—कुमार समझो(सुनो)—जब तू गर्भमें ही था तो मेरा एक कनिष्ठ भाई जो तभीसे

---

सुहयत्तणफलु अणुहविउ[29] जं जि [30]अज्ज वि[30] तणुगंधु न समइ[31] तं जि ।
पुण्णेहिं[32] छुट्टु जइ एकवार तो पुणु वि जाइ किं वार-वार ।

घत्ता—तिज्जंच-नरयगइ अणुहवेवि मणुयत्तु लद्धु जइ भवि[33] भमेवि ।
२० रइसुहलवकारणि मूढमणु को मामं[34] पडइ पुणु नरइ[35] जणु ॥१७॥

गया । इसके बाद जब कर्मकरों(मेहतरों)के द्वारा उस वीभत्स हुए अशुचि कूपका जलसे शोधन किया जाने लगा तब विष्टाके भीतर अंध(गुप्त)द्वारसे वह अमेध्य गंगाके प्रवाहमें पड़ा । चंग भी उस (अशुचि)प्रवाहके साथ मिला हुआ निकल गया । सुरसरिके तीरपर लोगोंने उसे पहचाना, और पूछा—हो न हो तू चंग है, तुम्हारा शरीर दुर्गंध युक्त और पांडुरवर्ण कैसे हो गया ? उसने कहा—मैं (मेरे) रूपमें आसक्त नागसुंदरियों-द्वारा पाताल लोकमें ले जाया गया । बहुत दिनोंपर मुझे घरका स्मरण करते जानकर उन्होंने रोषसे मुझे विवर्ण(कुरूप) करके छोड़ दिया । घर जाकर देवताओंके द्वारा लाये गये अर्थात् दिव्य द्रव्यों, सुरभित जल सेचन व सुरभित तेलोंके—(प्रयोग-)द्वारा वह चंग बहुत दिनों बाद पुनः कंचन-वर्ण और अभिनव अंग अर्थात् नवीन तारुण्य एवं सौंदर्यसे भरपूर अंगोंवाला हो गया । किसी समय पुनः राजा गया, और कुछ दिन बीतनेपर रानीको पुनः विरह उत्पन्न हुआ । पुनः वैसेके वैसे सुंदर चंगको देखकर उसे बुलाया, तो दुःखसे कांपते हुए गात्रसे चंग उसको सखीसे यूं बोला—मैंने सुभगत्व(सुंदरता)का जो फल अनुभव किया (उससे) आज भी शरीरकी वह दुर्गंध पूर्णतः नहीं मिटी । पुण्योंसे यदि कोई एक बार (संकटसे) छूट गया, तो क्या वह बार-बार (संकटमें पड़ने) जाता है ? तिर्यंच और नरकगतिका अनुभव करके यदि भवभ्रमण करके मनुष्यत्व प्राप्त हुआ तो, हे मामा ! रंचमात्र रतिसुखके लिए कौन मूढ़मति पुरुष पुनः नरकमें पड़े ॥ १७ ॥

---

१०. क ङ °करहिं वी° । ११. क विट्ठिंत°; ग वट्टंत; घ विच्छिन्न° । १२. क घ ङ °हिं । १३. क काइ । १४. ख ग °संगि । १५. क ख ग ङ पन्नय° । १६. क घ ङ °सहिं । १७. क °न्नु । १८. ग कुणवि । १९. क ङ घरि । २०. ङ °एहि । २१. क °हि । २२. क तहु वास° । २३. ख ग °य । २४. ख ग °वण्णु पुणुण्णवंगु; घ वन्नु पुणु° । २५. घ पुण° । २६. क ङ बाहरउ । २७. क ङ वोलाइ वि । २८. प्रतियोंमें °य । २९. क ङ °भविउ । ३०. क ङ अज्जु वि । ३१. घ °इं । ३२. ख ग °हि; घ पुन्नेहिं । ३३. क ङ भुवि । ३४. क ङ णरइ पुणु पडइ ।

[१८]

[1]तो णवर-णयमग्गपडिबोहदित्तेण णीसाइसंसारवइरायचित्तेण ।
अणवरयपसरंतरोमंचसंचेण आसन्नभव्वेण[2] वंचियपवंचेण ।
कुरुविसयनायरपुरराय[3]उत्तेण विज्जुच्चरनामेण[3] जुत्तीपउत्तेण ।
पोमाइओ जंबुसामीमहाभव्वु महिण्णाण-सुयणाण[4]-परिमुणिय-छ-द्दव्वु ।
तुहुँ परमगुणखाणि तुहुँ धम्मतरुकंदु अम्हाण कइरवगणं[5] तुमं चंदु । ५
इय थुणिवि[6] पुणु कहिउ तं तक्करायारु अप्पणउ[7] णीसेसु वासहरपइसारु[8] ।
एत्थंतरे गयणमयरहरे[9] पवहंति णिसिणाव दिवसयरदोत्तडिहे[10] अरहंति[11] ।
संघट्टविहडंतकट्ठागयाफुट्ट पुणु किरणसंताणगुणबंधु[12] बहु तुट्ट[12] ।
निव्वुड्ढ[13] सियवडु व[13] ससिलंछणो गलिउ[14] सउणयणवणिवग्गु साकंदु कलयलिउ ।
एत्तहिं[15] तयाहारु रुइतारु तारोहु दीसेइ मज्जंतु माणिक्कसंदोहु । १०

घत्ता—बंधुककुसुमसंकासछवि उययाचले[16] छज्जइ उयउ[17] रवि ।
विज्जुचरविमुक्कहो भवघरहो[18] उड्डिउ[19] भायणु व रायभरहो[20] ॥१८॥

[१८]

तो फिर शुद्ध नीतिमार्गसे प्रतिबोधको प्राप्त, निःसार संसारसे वैराग्य(विरक्त)-चित्त, अनवरत प्रसरणशील रोमांच-समूहसे युक्त, आसन्न भव्य और (संसारके माया-मोहके) प्रपंचसे रहित तथा कुरुदेशमें नागरपुर (हस्तिनागपुर) के विद्युच्चर नामके उस राजपुत्रने युक्तिप्रयोग-द्वारा (अर्थात् युक्तिपूर्वक) महाभव्य जंबूस्वामीकी, जिन्होंने मतिज्ञान व श्रुतज्ञान-पूर्वक छह द्रव्योंको जान लिया था, इसप्रकार स्तुति की—तू परमगुणोंकी खान है, धर्मवृक्षका मूल है; और हम-जैसे व्यक्तियोंरूपी कुमुदवनोंके लिए तू ही चंद्रमा है। इसप्रकार स्तुति करके उसने अपना वह तस्कराचार (चोरवृत्ति) और वासगृहमें प्रवेश संबंधी निःशेष वृत्त कहा। इसके अनंतर गगनरूपी मकरगृहमें प्रवहमान रात्रिरूपी नाव सूर्यरूपी दोस्तटिका-के कारण अवस्थितिको प्राप्त न कर पाती हुई संघर्षमें विघटित होकर फूट गयी और उधर जिसका किरणसंततिरूपी रज्जुबंध टूट गया है, ऐसे (रात्रिरूपी नौकाके) डूबते हुए श्वेतपट (पाल)के समान चंद्रमा भी गलित हो गया (डूब गया)। (इसप्रकार मानो रात्रिरूपी नावके खंड-खंड होकर टूटनेसे) शकुनजन(पक्षी समूह)रूपी वणिक्वृंद क्रंदन करने लगा, और इधर उसका आधारभूत सुंदर व विशाल तारासमूहरूपी माणिक्यसमूह भी डूबता हुआ दिखाई देने लगा। बंधूक पुष्पके समान छविवाला सूर्य उदयाचलपर उदित होकर ऐसा शोभायमान हुआ, मानो संसाररूपी गृहसे मुक्त विद्युच्चरका राग(मोह, घट पक्षमें लालरंग)से भरा हुआ भाजन ही उड़कर सूर्यके रूपमें आकाशमें जा लगा हो ॥१८॥

[१८] १. प्रतियोंमें इस पंक्तिके पूर्व चरितमें आये अठारह कथानकोंके नाम इस प्रकार दिये गये हैं—हालिय-वायस-खेयर-कइ-संखिणि-भमर-विसहर-सियाल-उंदुर-वणि-असइ-रयणं-जंबुय (घ कोल्हय) कव्वाडिय-नडो-चंगो—एतानि कथानकानि षोडश, राजपुरोहितो मधुलेहलवनं च इति कथानकद्वयमध्याहार्यं; क ङ में 'अह कूव-सिव-माधवधूर्त्तेति कथानकमध्याहार्यं'। २. क ख ग ङ आसण्णं। ३. ख ग °च्चरे नाम। ४. ख ग घ सुइ°। ५. ख ग कयरव°। ६. ख ग भणेवि। ७. क घ ङ °णउं। ८. ख ग पयंसार। ९. °ख घ °हर। १०. क ङ °त्तडिहि; घ °त्तडिहिं। ११. घ अहरंति। १२. क ङ °दिढतुट्ट। १३. ख ग सियचंदु; ङ °सिइवडु व्। १४. क °उं। १५. घ °हि। १६. क ङ उयआचलि; घ °यलि। १७. क घ ङ उइउ। १८. क ग घ ङ °घरहो। १९. ख ग °य। २०. ख ग °हरहो।

[१९]

ताम घरपंगणे घुसिणचंदणघणे पडहपडु[1] लालियं ।
करड-करडंतयं टिविल[2]-टंटंतयं तूरमप्फालियं ।
झल्लरीरामयं महलुद्दामयं[3] तडियतडिकाहलं ।
डक्कडमडक्कियं गुंजगुंजंकियं संखकोलाहलं ।
सुणिवि खय[4]-रइसुहं जिणवइतणुरुहं तुरय-करिसंगओ ।
नेहसंवाहिओ रायराएाहिओ सेणिओ आगओ[5] ।
तेण मणिजुत्तयं कडय-कडिसुत्तयं सेहरं सिरहियं ।
समउसिय वत्थेणं[6] अप्पणो[7] हत्थेणं[8] भूसणं परिहियं ।
गाढ-नरजाणए[9] दुक्क जंपाणए[9] पुत्तदुहकणविया ।
बहुउ मेल्लंतिणा सिद्धिवहुरत्तिणा मायपिउ पणविया ।
चडिवि संचल्लिओ बंधुजण[10] सल्लिओ । लग्गओ मग्गए ।
खुहिय जणनायरो[11] धाविओ[12] सायरो संठिओ अग्गए ।
धुयधयाडंबरं छत्तछन्नंबरं[13] पासजणनंदणी ।
बहलरहसंठिया[14] निवइयलऊरिया[15] वट्टए संदणी ।

[१९]

तब घने केशर और चंदनसे सुगंधित घर-आंगनमें पटु पटह ललितस्वरसे बजाया गया । करडवाद्य करड-करड ध्वनि करने लगा, टिविल-वाद्य टं टं करने लगा, तूरका आस्फालन किया गया, उद्दाम मर्दल सहित झल्लरी रमण कराने लगे (अर्थात् मनोरंजन करने लगे), काहल-वाद्य विद्युत्के समान तड़-तड़, एवं डक्का डमडक्क-डमडक्क करके बजने लगा । रुंज नामक वाद्यने गूँज उत्पन्न कर दी और शंखोंने कोलाहल । जिनमतीके पुत्रके रतिसुख (अर्थात् स्त्री आदि विषयसुखको भोगनेकी आकांक्षा) को नष्ट हुआ जानकर, स्नेहसे संवाहित अर्थात् संचालित व प्रेरित होकर घोड़े, हाथी समेत राजाधिराज श्रेणिक आया । उसने जंबूस्वामीको मणिमय कड़ा और कटिसूत्र एवं शिरपर शेखर (मुकुट) पहनाये, और स्वयं अपने हाथसे उसे वस्त्र पहनाये और आभूषण धारण कराये । तब मनुष्यों-द्वारा ले जाये जानेवाले सुदृढ़ जंपानकयान(पालकी)के उपस्थित किये जानेपर, वधुओंको छोड़कर सिद्धिवधूमें अनुरक्त हुए जंबूस्वामीने पुत्रके (वियोग)दुःखसे क्रंदन करते हुए माता-पिताको प्रणाम किया, और पालकीपर चढ़कर चल पड़ा । (इसपर) बंधुजनोंके हृदय (दुःखसे) बिंध गये, और वे मार्गसे लग गये, अर्थात् मार्गमें खड़े हो गये । नागरजन क्षुब्ध हो गये, व सागरचंद्र (दुःखसे विह्वल होकर) दौड़ पड़ा, और मार्गमें आगे आकर खड़ा हो गया । ध्वजा पताकाएँ फहराने लगीं, अंबर छत्रोंसे छा गया, और राजमार्ग दोनों ओर खड़े हुए लोगोंको आनंद देनेवाले

[१९] १. क ख °पडहु° । २. क ख ति°; ख ग °ल्ल । ३. ख ग घ मंदलुद्दामियं । ४. ख ग खइ । ५. क आयओ । ६. क ख °वत्थयं । ७. ख ग °णे । ८. क ख हत्थिएं । ९. ख °णएं । १०. क ख ग °जणु । ११. क ख °यरे; ख ग घ जणु° । १२. घ धाइउ । १३. क ख ग ख छत्तछण्णं° । १४. क ख °सट्टिया; घ °सड्ढिया । १५. क ख °वट्टिया; घ °वड्ढिया ।

एम नंदणवणं फुल्लफलदलघणं वंदिथुव्वंतओ[16] ।
रुक्खसंपण्णयं[17] मुणिगणाइण्णयं[17] आसमं पत्तओ ।

घत्ता—मणुयामरसिरसेवियरयइँ पणविवि सुहम्ममुणिगुरुपयइँ ।
विण्णविउ[18] कडक्खियसिद्धिवहु किज्जउ पव्वज्जपसाउ पहु ॥१९॥

[२०]

दिण्णाणुग्गह गुरुणा सारें किज्जइ दिक्खग्गहणु कुमारें ।
सीसहो[1] कुसुममाल[2] जं मेल्लिय वम्महबाणपंति तं[3] पेल्लिय ।
रयणफुरंतु[4] मउडु जं छोडिउ तं कंदप्पदप्पु णं मोडिउ ।
जं सिरे कारिउ बालुप्पाडणु तं[5] किउ[6] मयरचिंधनिद्धाडणु ।
हारुज्झिउ तिरेहु[7] रेहइ[8] गलु को आयरइ वित्तमुत्ताहलु[9] । ५
मुक्कउ मणिचामीयरकंकणु विहरंतें[10] नरजम्महो कंकणु ।
उत्तारिवि[11] घल्लंति न मुद्दिउ तणु-मण[12]-वयणगुत्तितउ[13] मुद्दिउ ।
छोडिवि खित्त-सपरियर[14]-सत्थी मुच्चइ लोहिणि-बंधसमत्थी ।

बहुत-से रथोंमें संस्थित राजसेनासे भरपूर हो गया । इस प्रकार बंदीजनों-द्वारा स्तुति किया जाता हुआ कुमार, नंदनवनमें फूलों, फलों एवं पत्रोंसे सघन वृक्षोंसे संपन्न तथा मुनिगणोंसे आकीर्ण (भरे हुए) आश्रमको प्राप्त हुआ । मनुष्यों व देवोंके शिर जिनकी (चरण) रजको लेते हैं, ऐसे मुनि सौधर्म नामक गुरुके चरणोंको प्रणाम करके उसने विज्ञापना की—हे सिद्धिवधूको कटाक्ष (लक्ष्य) करनेवाले प्रभु (मेरे ऊपर) प्रव्रज्या(-दान)रूपी प्रसाद कीजिए ॥१९॥

[२०]

श्रेष्ठ गुरुका अनुग्रह पाकर जंबूकुमारने दीक्षा ग्रहण की । सिरसे जो कुसुममालाको त्यागा, तो मानो कंदर्पकी बाणपंक्तिको ही फेंक दिया । रत्नोंसे चमकता हुआ मुकुट छोड़ा, तो मानो कंदर्पके दर्पको ही भग्न कर दिया । शिरपर-से बालोंको उखाड़ा तो मानो मकरध्वज-का निष्कासन कर दिया । हार त्याग देनेपर (सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चारित्र रूप त्रिरत्नके समान) तीन रेखाओंसे-युक्त उसका गला स्वयमेव सुंदर लगने लगा, तो फिर वृत्तमुक्त अर्थात् आचरण-से रहित (=शुद्धाचरणके विपरीत), अतएव निष्फल, ऐसा हार धारण करनेरूप निरर्थक आचरण कौन करे ? मणिसुवर्णमय-कंकणको छोड़ा तो मानो उसने नरजन्म (अर्थात् संसारमें मनुष्यरूपमें जन्म) के लिए जलकण छोड़ दिये, अर्थात् जलांजलि दे दी । मुद्रिकाओंको तो उसने अवश्य उतारकर डाल दिया, परंतु वह तन, मन और वचन इस गुप्तित्रयसे मुद्रित हो गया । स्त्रियों सहित अपने क्षेत्र व परिकरको छोड़कर उसने (संसार या कर्म)बंधनमें समर्थ लोभरूपी लौह-शृंखलाको त्याग दिया । उसने (बाह्य)परिधानवस्त्रको तो त्याग दिया,

---

१६. क घ ङ थुव्वं° । १७. घ °न्नयं । १८. ख ग विण्णि° ।

[२०] १. क ख ङ °हु । २. ख ग कुसम° । ३. क ङ णं । ४. ख ग °फुरंत । ५. ख ग नं । ६. ख ग किय । ७. ख ग °हु । ८. क °इं । ९. क चित्त° । १०. क ङ विरयत्तें । ११. क ङ °रवि । १२. क ङ मणु । १३. ग °गुत्त° । १४. ख ग °यरि ।

जं परिहाणवत्थु[15] परिसेसिउ[16] वत्थुसरूवें चित्तु तं पेसिउ।
पाणि जि पत्तु पवित्तु विसुद्धउ भिक्खाभमणभोज्जु[17] अविरुद्धउ।
आसउ वासु निरासु पदिण्णउ[18] संथरु[19] धरणिपीढु[20] वित्थिण्णउ[21]।

घत्ता—इय बाहिरत्थपरिहारु[22] किउ तं अंतरसुद्धिहे[23] हेउ[24] थिउ[25]।
नोसंगवित्तिइंदियदवणु[26] निम्मूलहि[27] कम्म[28] भंति कवणु ॥२०॥

[२१]

एत्तहे[1] वि पडिच्छियवयभरेण पव्वज्ज[2] लइय विज्जुच्चरेण।
अण्णहिं[3] दिणे सुयणाणंदणासु[4] संताण सहोयरनंदणासु[5]।
जिणसेणहो अप्पिवि ललियबाहु हुउ अरुहयासु[6] निग्गंथसाहु।
जिणवइयए सुप्पहअज्जियासु[7] तवचरणु लइउ[8] पासम्मि तासु[9]।
पउमसिरिपमुह बहुआउ[10] जाउ पव्वज्जिउ[11] अज्जिउ जाउ ताउ।
कइदिणेहिं[12] सुहम्महो गणहरासु उप्पण्णउ[13] केवलनाणु तासु।
केवलिसहसंठिउ[14] सुद्धगामि तउ चरइ महामुणिजंबुसामि।
अणसणु पहिलारउ कम्मडहणु नियमियदिणेसु आहारचयणु[15]।

पर वह वस्तुस्वरूप(के ज्ञानके रूप) में उसके चित्तमें प्रविष्ट हो गया। हाथ ही उसके पवित्र एवं विशुद्ध पात्र बने, और भिक्षाभ्रमण ही उसका अविरुद्ध (निरतिचार) भोजन। निर्जन आश्रय (गृह, कुटीर) जो दूसरेका दिया हुआ हो, वह उसका आश्रय स्थान हुआ, और विस्तीर्ण पृथिवी-पृष्ठ ही उसका संस्तरण (बिछौना) बना। इसप्रकार किया हुआ बाह्यार्थोंका जो परिहार है, वह आभ्यंतर शुद्धिका हेतु होता है। निःसंगवृत्ति और इंद्रियोंका दमन करनेवाला व्यक्ति कर्म-को निर्मूल करता है, इसमें क्या भ्रांति है! ॥२०॥

[२१]

इधर व्रतोंको स्वीकार करके विद्युच्चरने भी प्रव्रज्या ले ली। दूसरे दिन अपने वंशजोंको, अपने सहोदरके पुत्र जिनसेनको, जो कि स्वजनों (व सज्जनों) को आनंद देनेवाला था, अर्पित करके, सुंदर भुजाओंवाला अरहदास भी निर्ग्रंथ साधु हो गया। जिनमतिने भी सुप्रभा आर्यिकाके पास तपश्चरण ले लिया। पद्मश्री प्रमुख जो बहुएँ थीं, वे भी प्रव्रजित होकर आर्यिकाएँ हो गयीं। कुछ दिनोंमें सौधर्म गणधरको केवलज्ञान उत्पन्न हुआ। केवलीके साथ रहते हुए शुद्धाचारी जंबूस्वामी इसप्रकार तप करने लगे। सर्वप्रथम कर्मोंको दहन करनेवाला

---

१५. ख ग °वत्थ। १६. ख ग सवि°। १७. ख ग भिक्खाभवण°; क °भोजु; ङ °भोज्ज। १८. क घ ङ °ण्णउं। १९. घ सत्थरु। २०. क ङ °वीढु। २१. क ख ग ङ विच्छि°; घ °ण्णउं। २२. ग °हार। २३. क ख ग ङ °हि; घ °हि। २४. ख ग होउ; घ देउ। २५. क थिरु। २६. ख ग घ °दमणु। २७. क घ ङ °लहि। २८. क ङ कम्मु।

[२१] १. क ङ °हि; घ हिं। २. क ङ पावज्ज। ३. क घ ङ °हिं। ४. ख ग सयणा°; घ णयणा°। ५. ख ग सहोयरु णंद°। ६. ख ग °यास। ७. क ङ °याहि। ८. क घ ङ लयउ। ९. क ङ ताहि। १०. घ °याउ। ११. क ङ पाव°। १२. क ङ कइदिणहिं। १३. घ °न्नउ; ङ °ण्णउं। १४. ख ग घ °सुहसंठिय। १५. ख ग °गहणु।

अणुदिट्ठयभिक्ख[16] फलाणुमेउ[17] संजमझाणागमसुद्धिहेउ[18]।
घत्ता—अवमोयरु एक्कगासु पढमु दिणि दिणि एक्कोत्तरकवलकमु। १०
बत्तीस जाम पुणरवि सरइ एक्केक्कउ जा एक्कु जि हवइ[19] ॥२१॥

[२२]

इय तवेण मुणिमग्गे[1] वलग्गइ[2] दंसणनाणसमाहिहि[3] जग्गइ।
तइयउ नवर वित्तिपरिसंखउ एक्कपमुहघरनियमियभिक्खउ।
बहुसंकप्पचित्तअवहारणु आसापासविणासण[4] कारणु।
आसानाम नरहो[5] दुक्खायरु परमनिरासवित्ति सुहसायरु[6]।
तउ चउत्थु[7] रसचाउ चरिज्जइ दिढपंचेंदियदप्पु हरिज्जइ। ५
पंचमु पुणु विवित्तसिज्जासणु [8]सुण्णागारुज्जाणनिवासणु।
[9]जंतुपीडविरहिउ[10] वयविद्धिहि कारणु झाणजुयलनयसिद्धिहि[11]।
छट्ठउ[12] कायकिलेसु महातउ जायइ[13] जेण परीसहभयजउ।
जो किर होइ जहिच्छहो[14] दूसहु मुणिणा सो सोढव्वु[15] परीसहु[16]।

अनशन (नामक तप) है, जिसमें नियमित दिनों(अष्टमी चतुर्दशी आदि)में आहार त्याग किया जाता है, अपने उद्देश्यसे न बनायी हुई दीक्षा ली जाती है, एवं जिसका फल अनुमान प्रत्यक्ष है कि वह संयम, ध्यान व ज्ञान-शुद्धिका हेतु होता है।

अवमौदर्यमें पहले दिन एक ग्रास, और फिर प्रतिदिन क्रमशः एक-एक अधिक करते हुए जब बत्तीस हो जावें, तो फिर एक-एक करके ग्रासोंको घटाया जाता है, जबतक कि पुनः एक ग्रास हो जावे ॥२१॥

[२२]

इसप्रकारके तपसे मुनि मार्गमें लगे हुए वे जंबूस्वामी दर्शन, ज्ञान और समाधिसे जागते थे। इसके अनंतर तीसरे वृत्ति-परिसंख्यान नामक तपमें एक(दो) आदि घरों(की संख्या)को निश्चित करके भिक्षा की जाती है। यह (तप) बहु-संकल्पी चित्तका निरोध करनेवाला और आशा-पाशके विनाशका कारण है। 'आशा' यह नाम ही मनुष्यके दुःखोंका आकर है, और निराश वृत्ति अर्थात् सर्वथा निष्काम भावना सुखका सागर है। चौथा रसत्याग(नामक)तप किया जाता है, जिससे प्रबल पंचेंद्रियोंके दर्पका अपहरण होता है। पांचवां विविक्त-शय्यासन (नामक) तप शून्यघर उद्यान आदिमें निवास करना है। जन्तु पीड़ासे रहित होनेसे यह तप व्रतोंकी वृद्धि एवं ध्यान-युगल(धर्म व शुक्ल)रूपी पर्वतकी सिद्धि (आरोहण) का कारण है। छठा काय-क्लेश नामक महातप है, जिससे परीषहोंके भयका विजय हो जाता है। स्वेच्छाचारीके लिए

---

१६. क °विक्खय दिट्ठ; ख ग °वेक्खिय दिट्ठि; घ °दिट्ठिय°। १७. घ °मोउ। १८. घ °सिद्धिहेउ। १९. घ हरइ।

[२२] १ ख °मग्ग; ग °लग्ग। २. क ख ग घ °गइं। ३. ख ग °हिहिं। ४. क ङ °विणासइ। ५. ख ग °ह। ६. ख ग सहयायरु। ७. ख ग चउथउ। ८. घ सुन्ना°। ९. ख ग °पीडविरहियउ। १०. प्रतियोंमें 'वयविद्धिहिं कारणु झाणजुयलु नयसिद्धिहिं'। ११. ख छट्ठउ। १२. ख ग घ °इं। १३. क ङ जइच्छहि; ख ग जइ°। १४. ख ग °व्व। १५. क °सहुं।

१० नियमविसेसें जो सइं किज्जइ[16] कायकिलेसु एम[17] सो गिज्जइ[19]।
घत्ता—इय छप्पयारु बाहिरउ तउ बहिरत्तु वि आयहो भणिउ[18] कउ[19]।
[20]बहिदव्वावेक्खहो तणउ[21] गुणु अण्णु वि जं परपच्चक्खु पुणु ॥२२॥

[२३]

अब्भंतरु पमायपरिहरणउ[1] पायच्छित्तु चरणु भवतरणउ[2]।
पुज्जरिहिं[3] [4]जं आयरु[5] किज्जइ[6] नयपालणु तं विणउ भणिज्जइ[7]।
तणुचेट्ठए[8] अहवा देविणु धणु विज्जावच्चु भणिउ[9] तमनासणु[10]।
नाणब्भासें[11] अलसु जं मुच्चइ निम्मलु तं सज्झाउ पवुच्चइ।
५ अप्पणत्तु संकप्पु[12] न मण्णइ तं वोसग्गु महातउ भण्णइ[13]।
परसंकप्पचित्तविणियत्तणु अप्पाणें[14] जि अप्परूवियमणु।
[15]सम्मण्णाणबोहिसंसिट्ठउ तं परमत्थझाणु[16] निद्दिट्ठउ।
छव्विहु नाणविसुद्धिहिं[17] दीसइ अब्भंतरउ तेण तउ सीसइ[18]।
एम महातउ गणहरसण्णिहु[19] जंबूसामि चरइ बारहविहु[20]।

जो दुःसह होता है, मुनिके द्वारा वह परीषह सहन किया जाना चाहिए। नियम विशेषसे जो स्वयं किया जाता है (जैसे खड्गासनमें रहना, शीत, उष्ण व वर्षाको सहन करना आदि) उसीको कायक्लेश(तप) कहा जाता है। इस तरह यह छहप्रकारका बाह्य तप है। इसका बाह्यत्व किस कारणसे कहा गया? क्योंकि इसकी गुणवत्ता बाह्यद्रव्यों(के त्यागादि)की अपेक्षासे है, और दूसरे यह पर-प्रत्यक्ष (दूसरे लोगोंको दिखाई देनेवाला) भी है ॥२२॥

[२३]

प्रमादका अपहरण करनेवाला प्रायश्चित्त नामका आभ्यंतर आचार(तप) संसारसे पार उतरनेवाला है। पूजार्हजनोंका जो आदर किया जाता है, उस नीतिपालनको 'विनय' कहा जाता है। शरीर-चेष्टासे (शरीरसे सेवा करके), अथवा धन देकर जो वैयावृत्य किया जाता है, वह (मोहरूपी)अंधकारका नाश करनेवाला कहा गया है। ज्ञानके अभ्यासमें जो आलस्यको छोड़ा जाता है, अर्थात् आलस्य छोड़कर जो ज्ञानाभ्यास किया जाता है, उसे निर्मल स्वाध्याय कहा जाता है। जो (देहादिकमें) अपनत्वका संकल्प नहीं करना है, उसे व्युत्सर्ग (नामक) महातप कहते हैं। मनकी उस अवस्थाको जबकि वह परद्रव्य संबंधी संकल्पसे अपनेको लौटाकर आत्मामें ही आत्म-रूप होकर, सम्यक्ज्ञान व (आत्म)बोधिसे संश्लिष्ट हो जाता है, उसे परमार्थ ध्यान निर्दिष्ट किया गया है। यह छहप्रकारका तप ज्ञानकी विशुद्धिसे जाना जाता है, इसीसे इसे आभ्यंतर-तप कहा जाता है। इस प्रकार (सौधर्म)गणधरके समान (अथवा समीप रहते हुए) ही जंबूस्वामी बारहप्रकारका महातप करने लगे।

---

१६. क ख ग °इं। १७. ख ग सोहिज्जइ; घ साहिज्जइ। १८. क घ ङ °उं। १९. क घ °उं। २०. ख ग बहुं। २१. ख ग ङ °उं।

[२३] १. प्रतियों में °णउं। २. ख ग घ °णउं। ३. ख ग घ °रिहि। ४. घ आयरु जं। ५. क °इं। ६. ख ग घ °इं। ७. क ङ °उं। ८. क ङ तमु णा°। ९. क घ ङ °ब्भासु; ख ग °भास। १०. क घ संकेउ; ग में दोनों पाठ हैं। ११. क ख ग ङ °इं; घ भन्नइ। १२. ख ग घ °णो; ङ °णि। १३. ख ग घ सम्मन्नाण°। १४. क ङ परमत्थु°। १५. क घ ङ °द्धिहिं; ख ग °द्धेहि। १६. क °इं। १७. क °हुं; घ °सन्निहु। १८. क °विहुं।

घत्ता—अट्ठारहवरिसहँ[19] कालु[20] गउ माहहो सियसत्तमि पसरे तउ। १०
विउलइरिसिहरे[21] विसुद्धगुणि[22] निव्वाणु[23] पत्तु सोहम्मु[24] मुणि ॥२३॥

[२४]

तत्थेव दिवसि पहरद्धमाणि आऊरियजोएं[1] सुक्कझाणि।
पलियंकासीणहो निम्ममासु जंबूकुमार[2]-मुणिपुंगमासु[3]।
गय खयहो विलीणउ[4] मोहसेसु दंसणनाणावरणु वि असेसु।
अत्थवणपवत्तिउ अंतराउ परियाणिउ[5] जीवें जीवभाउ[6]।
उप्पण्णउ[7] केवलु पुणु[8] निरंधु अवलोयउ तिहुयणु[9] एक्कखंधु। ५
'करयलजलं व'[10] नीसेसु[11] दव्वु पच्चक्खु जि लोयालोय सव्वु।
देवागमु जायउ नहु[12] कमंतु परिमियसहायसहुँ[13] परिकमंतु[14]।
भव्वयणचित्तचूरियकुतकु अट्ठारहवरिसहँ[15] जाम थक्कु।
विउलइरिसिहरि कम्मट्ठचत्तु सिद्धालय[16]—सासयसोक्खपत्तु[17]।
सल्लेहणमरणें[18] जणणु-माय बंभोत्तरि इंद-पडिंद जाय। १०
वहुवउ[19] चयारि चंपापुरम्मि [20]जिणवासुपुज्जचेईहरम्मि।
मासेक्कु करेवि[21] सण्णासु[22] तम्मि अहमिंद जाय बंभोत्तरम्मि।

अठारह वर्षका समय बीतनेपर, माघकी श्वेत(शुक्ल)सप्तमीको प्रातः विपुलगिरिके शिखरपर विशुद्ध गुणोंवाले सौधर्म मुनि निर्वाणको प्राप्त हुए ॥२३॥

[२४]

वहीं, उसी दिन अर्द्धप्रहर प्रमाण दिन व्यतीत हो जानेपर शुक्लध्यानमें, परिपूर्ण योगसे पर्यंकासनसे स्थित, निर्मम मुनिपुंगव जंबूकुमारका शेष (बचा हुआ) मोह (मोहनीय कर्म) क्षय हो गया; दर्शन व ज्ञानावरण कर्म भी अशेषरूपसे विलीन हो गये, और अंतराय कर्म भी अस्तंगत हो गया। जीवने जीवके (शुद्ध)स्वभावको जान लिया। निरंध्र अर्थात् संपूर्ण लोकमें अखंडरूपसे व्याप्त केवलज्ञान उत्पन्न हो गया, जिससे तीनों लोकोंको एक स्कंधके समान स्पष्ट देख लिया; अखिल द्रव्योंको करतल-स्थित जलके समान जान लिया और लोकालोक सभी प्रत्यक्ष हो गये। आकाशका अतिक्रमण करते हुए अर्थात् आकाशमार्गसे, परिमित सहायकोंके साथ परिक्रमा करते हुए देवताओंका आगमन हुआ। (इस प्रकार) अठारह वर्षों तक भव्यजनोंके चित्तका कुतर्क (मिथ्यात्व) दूर करते रहकर, (अंतमें) विपुलगिरिके शिखरपर अष्टकर्मोंको त्याग कर मोक्षके शाश्वत सुखको पा लिया। संलेखनापूर्वक मरण करके पिता-माता ब्रह्मोत्तर स्वर्गमें इंद्र व प्रतींद्र हुए। चारों बहुएं चंपापुरमें वासुपूज्यजिनके चैत्यघरमें, एक मासका संन्यास करके (मरणोपरांत)

१९. क ख °वरिसइ; ख ग °सह; घ °सइं। २०. ख ग काल। २१. क घ ङ विउलइरिहिं सिं ख ग विउलिउरि सिं। २२. ख ग °गुणे। २३. ख ग °ण। २४. ख ग °म्म।

[२४] १. ख ग घ आऊरिए। २. क ख °कुमारु। ३. क घ ङ °वासु। ४. क घ ङ °उं। ५. क घ °उं। ६. क ख घणु। ७. क ख °वणु। ८. क घ ङ °जलु व (घ ब्व)। ९. क ख °स। १०. क ख णहि; घ नहि। ११. घ °सहाए°। १२. प्रतियोंमें 'परिभमंतु'। १३. क ख °सइं; ख ग °सह; घ °सइ। १४. क घ ङ °लउ। १५. घ °सोक्खि°। १६. ख ग °मरणे। १७. क घ ङ °यउ। १८. क ख जिणवास°। १९. घ करवि। २०. क °स।

घत्ता—अह सवणसंघसंजुउ[21] पवरु एयारसंगधरु[22] विज्जुचरु।
विहरंतु तवेण विराइयउ पुरि तामलित्ति[23] संपाइयउ[24] ॥२४॥

[२५]

नयराउ नियडे रिसिसंघे थक्के अत्थवणहो[1] दुक्कए सूरचक्के[2]।
अह आया[3] ताम कंकालधारि कंचायणि[4] नामें भद्दमारि[5]।
आहासइ सविणय[6] दिवसपंच महु जत्त हवेसइ सप्पवंच।
आमंतिय[7] भूयावलि रउद्द उवसग्गु करेसइ तुम्ह खुद्द।
इय कज्जें अण्णहि[9] [8]कहि मि[10] ताम पुरि मेल्लिवि गच्छहु जत्त जाम।
गय एम कहेवि तो जइवरेण मुणि भणिय एम विज्जुचरेण।
लइ[12] जाहु पमेल्लहु एह थत्ति तो[13] तेहिं चविउ[13] परिगलउ[14] रत्ति।
वीहंतहँ[15] को किर धम्मलाहु[16] उवसग्गसहणु[17] साहूण साहु[18]।
इय वयणु[19] दिढवि[19] सव्वे वि[19] अवक्क[20] निक्कंपिर नियमु करेवि थक्क।
घत्ता—संजायरयणि मसिकसिणपह[21] अंधारियदसदिसि[22] कूरगह।
गयणंगणु-महि एकहि[23] मिलइँ खयकालसरिसु[24] [25]तमु जगु[25] गिलइ[26] ॥२५॥

ब्रह्मोत्तर-स्वर्गमें अर्हमिद्र हुई। इसके अनंतर ग्यारह अंगोंके धारी, एवं तपसे सुशोभित श्रेष्ठ विद्युच्चर महामुनि विहार करते हुए अपने श्रमणसंघ सहित ताम्रलिप्ति नामक नगरीमें आये ॥२४॥

[२५]

ऋषिसंघके नगरके निकट ही ठहर जानेपर एवं सूर्यमंडलके अस्तंगमनके लिए प्रवृत्त होनेपर कंकालको धारण करनेवाली भद्रमारी नामकी कात्यायनी देवी वहाँ आयी, और विनयपूर्वक बोली—'पाँच दिनों तक पूर्ण विस्तारके साथ यहाँ मेरी यात्रा होगी। उसमें रौद्र भूतसमुदाय आमंत्रित है, वह तुम्हें क्षुद्र (असह्य) उपसर्ग करेगा। इस कारण जब तक यात्रा है तब तक इस पुरीको छोड़कर अन्यत्र चले जाइए।' यह कहकर वह चली गयी, तो यतिवर विद्युच्चरने मुनियोंको इसतरह कहा—अच्छा (हो कि), आप लोग इस स्थानको छोड़कर अन्यत्र चले जावें। तो उन लोगोंने कहा—'रात्रि व्यतीत हो जावे (तब चले जावेंगे); (क्योंकि उपसर्गसे) डरनेवालोंको क्या धर्मलाभ (हो सकता) है? उपसर्ग सहना ही साधुओंके लिए साधु (कल्याणकर) है।' इस वचन (से अपने)को दृढ़ करके सभी वहीं रह गये, और मौन लेकर निष्कंपरूपसे नियम करके स्थित हो गये। रात्रि होनेपर दशों दिशाओंको अंधकारमय करनेवाले एवं स्याहीके समान कृष्णवर्णवाले क्रूरग्रह(राहु ?)के समान, तथा गगनांगन और पृथ्वी मानो एकत्र मिल रहे हों, ऐसा प्रलयकालके समान (निबिड) अंधकार सारे लोकको गोलने (ग्रसने) लगा ॥२५॥

---

२१. घ °संघु सं°। २२. ख ग °धर। २३. क ङ तावलित्त; घ ताव°। २४. ख ग संपराइयउ।

[२५] १. क ङ अंथ°। २. ख ग सूरे चक्के। ३. क घ ङ आय। ४. घ °इणि ५. क रुद्द°। ६. क ङ सिविणइ; ख ग सिविणय। ७. ख °सइं। ८. ख ग घ आवं°। ९. क ङ °हिं; घ अन्नहि। १०. घ कहिं मि। ११. क ख ग घ जय°। १२. क जइ। १३. क ङ चविउ तेहिं। १४. ख ग °गलिउ। १५. ख ग °तह। १६. क °हुं। १७. क ङ °सहण। १८. क ङ दिठु वि। १९. क ङ सव्वहिं; घ सव्व वि। २०. ख ग अवक। २१. क ङ °कसण°। २२. क ङ °दिसु। २३. ख ग घ ङ °इ। २४. क °कालु°। २५. ख ग घ जगु तमु। २६. क °इं।

[२६]

समुद्धाइया[1] ताम भिउडीकराला कवालेसु[2] पसरंत कोलाललीला ।
समुल्लालयंता महामंसखंडा[3] सधूमग्गि-पम्मुक्क फेक्कारचंडा ।
गले[4] बद्धकंकालवेयालभूया कयाणेयदुप्पिच्छवीहच्छरूया[5] ।
थिया के वि मसियाल[6] हुंवडयमाणा[7] तहा मंकुणा के वि कुक्कुडपमाणा ।
रिसीणं सरीराइँ[8] खाउँ पवत्ता[9] सहंता न तं वेयणं जोयचत्ता । ५
पयंपंति दुक्खं सहेउं गरिट्ठं[10] अहो तवफलं केण कत्थेव दिट्ठं ।
अधीरा तओ के वि मुणिणो अयाणा तणुं[11] कंडुयंता[12] वराया पलाणा ।
सरे के वि कूवम्मि चीयाहुयासे[13] विसण्णा पडेऊण तरु—वेल्लिपासें[14] ।
ठिउ नवर विज्जुच्चरो जोयलीणो[15] महाघोरउवसग्गसंगे अदीणो ।
घत्ता—सण्णासु[16] चउत्तिहु संगहेवि वयखग्गें[17] मोहवइरि वहेवि । १०
संठिउ आराहणसुद्धमणु एक्कल्लवीरु[18] इंदियदमणु[19] ॥२६॥

इय जंबूसामिचरिए सिंगारवीरे महाकव्वे महाकइदेवयत्तसुयवीरविरइए विज्जुच्चरअक्खाणयं जंबूसामिनिव्वाणगमणं नाम[20] दसमो संधी समत्तो[20] ॥ संधिः १०॥

---

[२६]

तब कराल भृकुटियों वाले, कपालोंमें-से लोहूकी धार बहाते हुए, महामांस(नरमांस)-खंडोंको उछालते हुए, धूम्र व अग्नि सहित प्रचंड फेत्कार छोड़ते हुए, गलेमें कंकाल बाँधे हुए, अनेक दुष्प्रेक्ष्य और बीभत्स रूप बनाये हुए बैताल और भूत वहाँ उठ खड़े हुए। कोई स्याहीके समान काले भूत हुंकार करने लगे। कोई कुक्कुटके समान विशाल मत्कुणोंके रूपमें प्रकट हुए और ऋषियोंके शरीर खानेको प्रवृत्त हो गये। उस वेदनाको सहन नहीं करके कोई (मुनि) योग (ध्यान) छोड़कर बोले, यह दुःख तो सहनेके लिए बहुत भारी है। अरे तपका फल कब, किसने, कहाँ देखा है? इससे कोई बेचारे अज्ञानी मुनिजन अधीर होकर शरीर खुजलाते हुए भाग निकले। कोई तालाबमें, कोई कूपमें, कोई चिताग्निमें और कोई वृक्षों एवं लताओंके जालमें पड़कर मर गये। केवल एक विद्युच्चर (महामुनि) ही योगमें लीन हुआ, महाघोर उपसर्गके प्रसंगमें अदीन (निर्भय) भावसे स्थित रहा। चार प्रकारका संन्यास धारण कर, व्रतरूपी खड्गसे मोहशत्रुका वध कर आराधनामें शुद्धमन व इंद्रियोंका दमन करनेवाला वह अकेला वीर वहाँ स्थित रहा ॥२६॥

इस प्रकार महाकवि देवदत्तके पुत्र वीर-कवि-द्वारा विरचित जंबूस्वामीचरित्र नामक इस शृंगार-वीररसात्मक महाकाव्यमें 'विद्युच्चरका आख्यान' एवं 'जंबूस्वामिका निर्वाणगमन' नामक यह दशम संधि समाप्त ॥ संधि १० ॥

---

[२६] १. क °च्चवाइया । २. ख ग कपा° । ३. ख ग घ °मास° । ४. क ख ग क गला । ५. क क °रूवा । ६. क घ क मस° । ७. क घ क हूचडयमाणा । ८. ख ग घ °राण । ९. ख ग घ पउत्ता । १०. घ असज्झं । ११. क ग तणु । १२. क घ क °वंता । १३. क ख ग क वीया°; ख ग °हुवासे । १४. ख ग °पासि; घ पेल्लि° । १५. ख ग जोव° । १६. घ सण्णासु । १७. ख ग °खग्गे । १८. क क इक्कल्लउ° । १९. क ख ग क °दवणु । २०. क घ क दसमा इमा संधी; ख ग °सम्मत्तो । संधिः १० ।

सन्धि–११

[१]

सो जयउ देवयत्तो कइत्तधामोत्ति वीरपडितुल्लो ।
जस्स सयासे सिद्धा सीसा सव्वत्थगयवण्णा[1] ॥१॥
विज्जुच्चरहो महामुणिहो[2] जीवहो कम्मनिबंधण[3] छुरियउ ।
अइदूसहे उवसग्गे तहिँ[4] बारह मणि[5] अणुवेक्खउ[6] फुरियउ ॥२॥

जिह[7] जिह[7] घोरुवसग्गु पहावइ तिहँ तिहँ जगु अणिच्चु परिभावइ ।
'गिरिनइपूरु व[8] आउसु खुट्टइ[9] पक्कफलं पि व[10] माणुसु[11] तुट्टइ ।
सिय-लावण्णु[12]-वण्णु-जोव्वणु-बलु गलइ[13] नियंतहो[14] णं अंजलिजलु ।
बंधव-पुत्त-कलत्तइँ अण्णइँ[15] पवणाहयइँ जंति णं पण्णइँ[16] ।
रह-करि-तुरय-जाण-जंपाणइँ अहिणवघणउन्नयणसमाणइँ[17] ।
चामर-[18]छत्त-चिंध[19]-सिंहासणु विज्जुलचवलविलासुवहासणु ।
आसि[20] निमित्तु जं जि अणुरायहो दिवसहिं[21] कारणु[22] तं जि[23] विसायहो

वे (महाकवि) देवदत्त जयवंत हों, जो कवित्वके धाम हैं, और उन वीर (भ० महावीर) के प्रतितुल्य हैं, जिनके पास सीखे हुए शिष्य सर्वत्र कीर्त्तिको प्राप्त हुए—वीर भगवान्‌के पास तप साधनामें सिद्ध हुए शिष्य केवलज्ञानमें समस्त अर्थोंको व्यक्त करनेकी शब्द शक्ति प्राप्त करके अंतमें सिद्ध हुए व सर्वत्र स्तुत्य हुए; महाकवि देवदत्तके पास काव्य-रचनामें सिद्ध हुए शिष्योंको कवित्वमें समस्त अर्थोंको व्यक्त करने योग्य शब्दशक्ति प्राप्त हुई, तथा वे सर्वत्र प्रशंसाको प्राप्त हुए ॥१॥

विद्युच्चर महामुनिके मनमें उस अत्यंत दुःसह उपसर्गमें जीवके कर्मके कारणोंको छेदन करनेवाली बारह अनुप्रेक्षाएँ स्फुरित हुईं ॥२॥

जैसे-जैसे वह घोर उपसर्ग अधिक समर्थ अर्थात् कठोरतर होता जाता था, वैसे-जैसे विद्युच्चर यह जगत् अनित्य है, ऐसा चिंतन करता था। गिरिनदीके पूरके समान आयुष्य खंडित हो जाती है, और मनुष्य पके फलके समान (जीवन वृक्ष-से) टूट जाता है। लक्ष्मी, लावण्य, वर्ण (शरीरका गौर, कृष्ण आदि रंग), यौवन और बल देखते-देखते अंजलिके जलके समान गलित हो जाते हैं। बांधव, पुत्र और कलत्र ये सभी जीवसे अन्य हैं, और इस तरह चले जाते हैं, जैसे पवनसे आहत होकर पत्ते (उड़ जाते हैं)। रथ, हाथी, घोड़े, यान और जंपानक (पालकी) नये मेघ उन्नयनके समान हैं। चमर, छत्र, ध्वजा और सिंहासन विद्युत्‌के चंचल विलासका भी उपहास करनेवाले (अर्थात् उससे भी अधिक क्षणिक) हैं। (पहले) जो कुछ अनुरागका निमित्त

---

[१] १. क °धण्णा; घ °वन्ना। २. क घ ङ °हिं। ३. घ °धणु। ४. ख ग ङ तहि। ५. ख ग घ च विह। ६. क ङ °वेहउ। ७. घ हिं। ८. ख गिरिनय°; ग °नयपूर व। ९. क °इं। १०. क ङ य। ११. ख ग °स। १२. घ लायन्नु; च लाय°। १३. ख °इं। १४. ख घ °तहं; ग °तह। १५. घ अन्नइं। १६. घ पन्नइं। १७. क ख ग ङ °उण्णयण°। १८. क ङ चिंधछत्त। १९. ख ग सिंघा°। २०. ख आस। २१. ख ग °सहो; घ °सहि। २२. ख ग जंति।

मोहें तो वि जीउ अवगण्णइ[23] अजरामरु अप्पाणउ[24] मण्णइ[25] ।
घत्ता—अद्धुवभावण एह मणे जायइ[26] जासु विवज्जियकामहो ।
दंसणनाणचरित्तगुणु भायणु होइ सो जि सिवधामहो ॥१॥

[२]

मरणसमए जमदूयहिँ[1] निज्जइ[2] असरणु[3] जीउ केण[3] रक्खिज्जइ[4] ।
जइ वि धरंति धरियधुर माणव गरुड[4]-फणिंद-देव-दिढदाणव[5] ।
अक्क-मियंक[6]-सुक्क[7]-सक्कंदण[8] हरि-हर-बंभ[9] वइरि-अक्कंदण[10] ।
[11]पण्णारहं खेत्तेसु सुहंकर[12] कुलयर-चक्कवट्टि-तित्थंकर ।
जइ पइसरइ गाढपविपंजरे गिरिकंदरे सायरे नइ[13]-निज्झरे । ५
हरिणु जेम सीहेण दलिज्जइ तेम[14] जीउ[15] कालें कवलिज्जइ ।
आउसु कम्मु[16] निबद्धउ जेत्तउ जीविज्जइ भुंजंतहँ[17] तेत्तउ ।
तहो कम्महो[18] थिरु खणु वि न थक्कइ तिहुवणे[19] रक्ख करेवि को सक्कइ ।
घत्ता—दुत्तरे भवसायरसलिले[20] वुड्डंतहँ[21] जगे को साहारइ ।
जिणसासण-उवएसियउ दहविहु धम्मु एकु पर तारइ ॥२॥ १०

था, वही दिन बीतनेपर विषादका कारण हो जाता है । तो भी जीव मोह (वश)से(इस सत्यको) अवमानना करता है, और अपने आपको अजर, अमर मानता है । जिस कामत्यागीके मनमें यह अध्रुव भावना उत्पन्न होती है, वही दर्शन, ज्ञान व चरित्र गुणोंसे युक्त मानव शिवधाम(मोक्ष) का भाजन होता है ॥१॥

(२)

मरणके समय जब यमदूत जोवको ले जाते हैं; उस समय उस अशरण जोवको रक्षा कौन कर सकता है। चाहे बड़े-बड़े संग्राम धुरंधर सुभट पुरुष ही (जोवको कालसे रक्षाके लिए) धारण कर लें, चाहे, गरुड़, फणींद्र, देव या बलिष्ठदानव; चाहे सूर्य, चंद्र, शुक्र या शक्र; चाहे शत्रुको आक्रंदन करानेवाले हरि और हर; चाहे पंद्रह क्षेत्रोंमें कल्याणकारी कुलकर, चक्रवर्त्ती, या तीर्थंकर उसे धारण कर लें; चाहे वह सुदृढ़ वज्र-पंजरमें प्रवेश कर जाय, या गिरि कंदराओं, सागर, नदी अथवा निर्झरमें, तो भी जिस प्रकार हरिण सिंहके द्वारा मार डाला जाता है, उसी प्रकार जीव कालसे निगल लिया जाता है । जितना आयुष्य कर्म बाँधा है, उतना ही भोगते हुए उसे जीया जाता है । उस आयुकर्मसे अधिक एक क्षण भी स्थिर अर्थात् जोवित नहीं रह सकता । तीनों लोकोंमें कौन उसको रक्षा कर सकता है ? दुस्तर भवसागर सलिलमें डूबते हुओंके लिए कौन सहारा देता है ? बस एकमात्र जिन-शासन-द्वारा उपदिष्ट दशविध धर्म ही पार उतार सकता है ॥२॥

२३. क °ण्णइं; घ °न्नइ । २४. क घ ङ °णउं । २५. क °इं; घ मन्नइं । २६. क ख ग ङ °इं ।

[२] १. ख ग °दूइहे । २. क °ज्जइं । ३. ख ग केण जीउ । ४. घ °ण । ५. क ङ दानव । ६. ख ग म° । ७. ख ग सक्क । ८. घ °क्कण । ९. ख ग वयरि° । १०. घ पक्कंदण । ११. घ पन्ना° । १२. च महंकर । १३. ख नय । १४. ख ग ङ तो वि । १५. घ जीवु । १६. ख ग घ कम्म । १७. क °तह । १८. क ङ समयहो । १९. ख ग °यणे । २०. ख ग °सायरे° । २१. ख ग °तह ।

[३]

संसाराणुवेक्खं[1] भाविज्जइ कम्मवसेण जीउ पाविज्जइ[2]।
जोणि-कुलाउ-जोय[3]-सय-संकडे चउगइभमणे[4] विवज्जियकंकडे।
जम्मंतरइँ[5] लेंतु मेल्लंतउ कवणु न कवणु गोत्तु[6] संपत्तउ।
बप्पु जि पुत्तु पुत्तु जायउ[7] पिउ मित्तु जि सत्तु सत्तु बंधउ[8] थिउ।
माय जि महिल महेली मायरि बहिणि वि धीय धीय वि सहोयरि।
सामिउ[10] दासु होवि[11] उप्पज्जइ[12] दासु वि सामिसालु संपज्जइ[13]।
केत्तिउ कहमि[14] मुणहु[15] अणुमाणें जम्मइ[16] अप्पाणउ[17] अप्पाणें।
नारउ तिरिउ तिरिउ पुणु[18] नारउ देउ वि[19] पुरिसु नरु वि[20] वंदारउ।
घत्ता—इय जाणेवि संसारगइ दंसण-नाणु जेण नाराहिउ।
अच्छइ[21] सो मिच्छा-छलिउ काम-कोह-भय-भूयहिं[22] वाहिउ[23] ॥३॥

[४]

जीवहो नत्थि को वि साहिज्जउ[1] कम्मफलइँ जो भंजइ[2] विज्जउ[3]।
एक्कु जि पावइ निउइ[4] महल्लउ निवडइ घोरनरए एक्कल्लउ।
एक्कु जि खरघम्मेण[5] विलिज्जइ एक्कु वि वइतरणिहिं[6] वोलिज्जइ।

(३)

अनंतर वह संसारानुप्रेक्षाका चिंतवन करने लगा। चतुर्गति भ्रमणमें मर्यादा (टि० रहित होकर जीव कर्मवशसे सैकड़ों संकीर्ण योनियों, कुलों, आयुष्य तथा योगों (नाना संयोगों) को प्राप्त करता है। जन्मांतरोंको लेते और छोड़ते हुए इसने कौन-सा गोत्र नहीं पाया। बाप पुत्र और पुत्र पिता हो जाता है। मित्र शत्रु और शत्रु, बांधव हो जाता है। माता स्त्री और स्त्री, माता बन जाती है। बहिन पुत्री हो जाती है, और पुत्री सहोदरा। स्वामी दास होकर उत्पन्न होता है, और दास स्वामि-श्रेष्ठ हो जाता है। कितना कहें, अनुमानसे जान लीजिए, यहाँतक कि स्वयं अपनेसे आप ही उत्पन्न हो जाता है (देखिये भूमिकामें महेश्वरदत्तका कथानक) नारक तिर्यंच हो जाता है, व तिर्यंच नारकी; देव भी पुरुष हो जाता है, और पुरुष देव। इस प्रकार संसारगतिको जानकर जिसने दर्शन-ज्ञानको नहीं आराधा, वह मिथ्यात्वसे छला जाकर, काम, क्रोध व भयके भूतोंसे चालित होकर रहता है, अर्थात् काम क्रोधादि कषायोंके वशीभूत होकर जीवन व्यतीत करता है ॥३॥

(४)

जीवका ऐसा कोई सहायक विज्ञ (ज्ञानी) या वैद्य नहीं है जो उसके कर्मफलोंको काट दे। जीव अकेला ही महान् मोक्षपदको पाता है, और अकेला ही घोर नरकमें गिरता है, तथा वहाँ

[३] १. क ङ °पक्ख। २. क °ज्जइं। ३. ख ग जोणि। ४. ख ग च °भवणे। ५. क ङ °रइ। ६. क गोत्त। ७. क ङ बापु। ८. क ङ °इ। ९. ख ग °व। १०. क घ ङ °उं। ११. क ख ग ङ होइ। १२. ग कहिमि। १३. घ °हुं। १४. प्रतियोंमें °इं। १५. क घ ङ °णउं। १६. क ङ तह। १७. घ जि। १८. ख ग °उ। १९. क घ ङ °भूयहि। २०. घ °उं।

[४] १. ग च °ज्जइ। २. प्रतियोंमें भुं°। ३. च °इ। ४. ख ग ङ निउ जि। ५. घ वि। ६. क °धम्मेण। ७. ख ग लइज्जइ। ८. ख ग घ °णिहिं।

एक्कु जि ताडिज्जइ असिवत्तहिँ[९] एक्कु जि फाडिज्जइ करवत्तहिं[१०]।
एक्कु जि जले जलयरु वणे वणयरु एक्कु जि महिहरकंदरे अजयरु।
एक्कु जि मेच्छु चंडपरिणामउ[११] एक्कु जि[५] संढु[१२] विसमबहुकामउ[१३]।
एक्कलो वि महिल एक्कु जि नरु एक्कु जि महिवइ एक्कु जि सुरवरु।
एक्कु जि जोएं[१४] गलियवियप्पउ[१५] जायइ जीउ सुद्धपरमप्पउ।
घत्ता—एक्कु जि भुंजइ कम्मफलु जीवहो बीयउ[१६] कवणु[१७] कलिज्जइ[१८]।
सत्तु मित्तु कहिँ संभवइ[१९] रायदोसु कसु उप्परि किज्जइ ॥४॥

[५]

अण्णत्ताणुवेक्ख भावइ पुणु अण्णु सरीरु अण्णु जीवहो गुणु।
बज्झइ अण्णकम्मपरिणामें जणे कोकिज्जइ अण्णें नामें।
गोत्तु निबंधइ[२] अण्णहिँ खोणिहिँ उप्पज्जइ[३] अण्णण्णहिं[४] जोणिहिं।
अण्णेण जि[५] पियरेण जणिज्जइ अण्णइं[६] मायइं उयरें[७] धरिज्जइ।
अण्णु[८] को वि एक्कोयरु भायरु अण्णु मित्तु घणनेहकयायरु।
अण्णु कलत्तु मिलइ परिणंतहँ अण्णु जि पुत्तु होइ कामंतहँ[९]।

अकेला ही तीक्ष्ण तापसे (पारदके समान) गलाया जाता है। अकेला ही वैतरणीमें डूबता है, अकेला ही असिपत्रोंसे फाड़ा जाता है, और अकेला ही करौंतसे चीरा जाता है। अकेला ही जलमें जलचर और वनमें वनचर होता है। अकेला ही पर्वत-कंदरामें अजगर होता है। अकेला ही चंड परिणामोंवाला म्लेच्छ होता है। अकेला ही तीव्र एवं विषम काम(वासना) से युक्त नपुंसक होता है। अकेला ही महिला और अकेला ही पुरुष होता है। अकेला ही महीपति, और अकेला ही देव, और अकेला ही योग(ध्यान व तप)से समस्त (सांसारिक) विकल्पोंको त्याग कर यह जीव शुद्ध परमात्मा हो जाता है। अकेला ही कर्मफलको भोगता है, जीवका दूसरा (मित्र या बांधव) किसे गिना जाय ? (किसीका) शत्रु या मित्र होना कहाँ सम्भव है ? राग व द्वेष किसके ऊपर किया जाय ॥४॥

(५)

फिर वह अन्यत्वानुप्रेक्षाका चिंतन करने लगा। शरीर अन्य है, जीवका स्वभाव (गुण) अन्य है। परिणामोंके अनुसार यह जीव अन्य (अर्थात् अपनेसे भिन्न व पुद्गलमय) कर्मपरिणामों (कर्म-प्रकृतियों) से बँधता है। लोगोंमें किसी अन्य ही नामसे पुकारा जाता है। भिन्न-भिन्न पृथ्वियोंमें भिन्न-भिन्न गोत्र बाँधता है और भिन्न-भिन्न योनियोंमें उत्पन्न होता है। अन्य पितासे उत्पन्न किया जाता है, और अन्य माँके उदरमें धारण किया जाता है। सहोदर भाई भी कोई अन्य ही होता है, और घना स्नेह व आदर करनेवाला मित्र भी अन्य ही होता है। परिणय करते हुए (अपनेसे) भिन्न ही स्त्री मिलती है, और कामभोग करनेसे कोई

९. ख ग °पत्तहिं; घ °पत्तिहिं। १०. ख घ °त्तिहिं; ङ °त्तहि। ११. क घ ङ °मउं। १२. ख संढ। १३. घ ङ °कामउं। १४. ख ग जोए। १५. क घ ङ °प्पउं। १६. ख ग घ च विज्जउ। १७. क °ण। १८. क ङ कहिं। १९. क °वइं।

[५] १. घ अन्न°। २. क ङ वि°; ख ग °धइं। ३. क अण्णुज्जइ। ४. घ अन्नन्नहिं। ५. क ङ वि। ६. क घ ङ °इं। ७. क ङ च उवरि; ख ग उइरि। ८. ख ग अण्ण; घ अन्नु। ९. ख काम्मंतह; ग कम्मंतहं।

अण्णु होइ धणलोहें किंकरु अण्णु जि पिसुणु होइ असुहंकरु।
अण्णु अणाइ[10]-अणंतु[11] सचेयणु[12] सावहिं[13] अण्णु[14] पवड्ढियवेयणु।
घत्ता—अण्णण्णाइँ[15] कलेवरइँ लइयइँ मुक्कइँ[16] भवसंधारणे।
अण्णु जि निरवहिजीउगुणु[17] कवणु ममत्तिभाउ[18] तणुकारणे ॥५॥

[६]

जंगमेण संचरइ अजंगमु[1] असुइ सरीरे न[2] काइँ मि[2] चंगमु[1]।
अट्ठवियडुहट्टसंघडियउ[3] सिरहिं[4] निबद्धउ चम्में[5] मढियउ[3]।
रुहिर-मास-वस-पूयविटलटलु[6] मुत्तनिहाणु पुरीसहो[7] पोट्टलु।
थवियउ तो किमि[8]-कीडु[9] पयट्टइ[10] दड्ढु[11] मसाणे छारु पल्लट्टइ[12]।
मुहबिंबेण जेण ससि तोलहिं[13] परिणइ तासु कवोले[14] निहालहिं[15]।
लोयणेसु कहिं गयउ कडक्खणु कहिं दंतहिं दरहसिउ[16] वियक्खणु।
विप्फुरियाहरत्तु कहिं[17] वट्टइ कोमलबोल्लु[18] काइँ न पयट्टइ[19]।
धूयविलेवणु बाहिरि थक्कइ[20] असुइ गंधु को फेडिवि सक्कइ[21]।

अन्य ही पुत्ररूपमें उत्पन्न होता है। धनके लोभसे सेवक भी अन्य ही होता है, और अकल्याणकर दुर्जन भी अन्य ही होता है। जीवका अनादि अनंत सचेतन स्वरूप कुछ अन्य ही होता है, तथा सवेदन अर्थात् कर्मोंको उदीरणासे युक्त सावधि (सादि-सान्त) स्वरूप कुछ अन्य ही। बार-बार भवविसर्जन अर्थात् शरीरत्याग करनेमें भिन्न-भिन्न ही शरीर लिये और छोड़े। जीवका निरवधि ज्ञान गुण भी इन सब बाह्य वस्तुओंसे अन्य ही है। अतः इस शरीरके लिए ममत्व ही क्या ? ॥५॥

(६)

चेतन(आत्मा)के सहारेसे अचेतन(शरीर)का संचरण होता है। इस अशुचि शरीरमें कुछ भी चंगा नहीं है। आड़े-टेढ़े हाड़ोंसे यह संघटित है, शिराओंसे निबद्ध है, और चर्मसे मढ़ा हुआ है। यह शरीर पूति रुधिर, मांस, व वसाकी गठरी और मूत्रका निधान व पुरीषकी पोटली है। (मरणोपरांत) इसको रख दिया जाय तो यह कृमि व कीटरूप प्रवृत्त हो जाता है, और श्मशानमें जलानेपर क्षार रूपमें पलट जाता है। जिस मुखबिंबसे चंद्रमाकी तुलना की जाती है, (आयु व्यतीत होनेपर) कपोलोंपर उसकी परिणति देखिये ! लोचनोंका कटाक्षसे देखना कहाँ गया ? दाँतोंसे वह विचक्षण ईषत् हास्य अर्थात् वह मंद-मंद मुसकराना कहाँ गया ? ओठोंकी वह शोभा कहाँ गयी ? और कोमल वचन अब क्यों प्रवृत्त नहीं होते ? धूप (आदि) विलेपन बाहर ही रहता है; (शरीरके भीतरकी) अशुचि गंधको कौन मिटा सकता है ?

१०. क अण्णाय; ङ अणाय। ११. क अण्ण; ख ग अण्णु; घ अन्नु। १२. क ङ अचे°। १३. क ङ सव्वहि। १४. ख ग °ण्णाइ; घ अन्नन्नाइं। १५. क ङ °इ। १६. ख ग निरवहे°; क घ ङ °जोउ हउ°। १७. घ ममित्ति°।

[६] १. क घ ङ च °गउ। २. ख ग घ काइ मि। ३. क अट्ठ°। ४. च °संकडियउ। ५. क ख ग ङ सिरिहिं। ६. ख ग च चम्महिं; घ चम्मिहिं। ७. क घ ङ जडि°। ८. ख ग घ पूयटलट्टलु। ९. ख ग °सहं। १०. ख ग किम। ११. ख ग कीड; घ कंडु। १२. क घ ङ °ट्टइं। १३ क घ दड्ढ। १४. क °ट्टइं। १५. क घ ङ °हिं। १६. क ङ °ल। १७. क ख ग घ ङ °लहिं। १८. ख ग °हसिय। १९. ख ग कहि। २०. क ङ °लु वोलु। २१. क °इं।

घत्ता—असुइसरीरहो[22] कारणेण केवलु सुद्धु अप्पु अवगण्णइँ[21] ।
किसि-कव्वाड[23]-वणिज्जफलु सेवकिलेसु सुहिल्लउ मण्णइँ[24] ॥६॥ १०

[७]

नारय-तिरिय-नरामर थावण मुणि परिभावइ आसवभावण ।
तणु-मण-वयण जोउ जीवासउ कम्मागमणवारु[1] सो आसउ ।
असुहजोएँ[2] जीवहो सकसायहो लग्गइ निबिडकम्ममलु[3] आयहो ।
कप्पडे जेम कसायइ[4] सिट्ठउ जायइ बहलरंगु[5] मंजिट्ठउ ।
अबलु नरिंदु जेम रिउसिमिरें[6] मंदुज्जोउ दीउ जिहुँ तिमिरें[7] । ५
जीउ वि [8]वेढिज्जइ तिह[9] कम्में निवडइ दुक्खसमुद्दे अहम्में ।
अकसायहो आसवु[10] सुहकारणु कुगइ-कुमाणुसत्तविणिवारणु ।
सुहकम्मेण जीउ अणु संचइ[11] तित्थयरत्तु[12] गोत्तु[13] संपज्जइ[14] ।
घत्ता—मिच्छादंसणे[15] मइलियउ[16] कुडिलभाउ जायइ[17] सकसायहो ।
काय-वाय-मणपंजलउ[18] पुण्णनिमित्तु[19] होइ अकसायहो ॥७॥ १०

अशुचि शरीरके कारणसे (अज्ञानी जीव) अनुपम व शुद्ध-आत्माकी अवगणना करते हैं, एवं कृषि, कबाड़ीपन, वाणिज्यफल और सेवाके क्लेशको सुखकर मानते हैं ॥६॥

(७)

अब (वह विद्युच्चर) मुनि नरक, तिर्यंच, मनुष्य और देवगतिमें स्थापन करनेवाली आस्रव भावना भाने लगा। जीवके आश्रयसे होनेवाला तन, मन व वचनका योग (क्रिया) ही जो कर्मोंके आगमनका द्वार है, वही आश्रव है। सकषाय जीवके अशुभ योगसे उसको घना कर्ममल इस तरह आकर लग जाता है, जैसे कषाय(गोंद)से श्लिष्ट कपड़ेमें मंजीठका रंग खूब गाढ़ा हो जाता है। जिस प्रकार दुर्बल राजाको शत्रुसेनाके द्वारा, एवं मंद प्रकाशवाले दीपकको अंधकारके द्वारा घेर लिया जाता है, उसी प्रकार सकषाय जीव भी कर्मोंसे वेष्टित कर लिया जाता है, और अधर्म करके जीव दुःख समुद्रमें पड़ता है। अल्पकषायवाले जीवका आस्रव शुभ बंधका कारण होता है, और वह कुगति और कुमनुष्य (अधम मनुष्य जाति) योनि (में जन्म होने)का निवारण करता है। शुभक्रियाके द्वारा कर्म परमाणुओंका संचय करनेवाला जीव तीर्थंकर गोत्रको प्राप्त कर लेता है। सकषाय जीवका भाव (परिणाम) मिथ्यादर्शनसे मैला होकर कुटिल हो जाता है, और प्रांजल (शुभ) काय, वाक् व मनवाले अल्पकषायी जीवका भाव पुण्य(बंध)का निमित्त होता है ॥७॥

---

२२. घ °न्नइं ! २३. क ख °डु । २४. घ मन्नइं ।

[७] १. क ख ग ङ °चारु । २. प्रतियोंमें 'असुहजोउ' । ३. ख ग घ °कम्मु फुडु । ४. क घ ङ °यहिं । ५. ख ग घ वहुल° । ६. ख ग °समरें । ७. घ जिहं । ८. ख ग तिमरें । ९. ख ग घ तिहं वेढिज्जइ । १०. प्रतियोंमें °व । ११. क संचइं; घ संघइ । १२. घ °रत्ति । १३. क ङ जाम । १४. क घ ङ विणिबंधइ । १५. च °सण । १६. ख मय° । १७. क °इं । १८. घ °लिउ । १९. घ पुन्न° ।

[८]

सहइ[1] परीसहु[2] परमदियंबरु आसवथंभणु[3] जायइ[4] संवरु ।
इंदियवित्तिछिद्द दिढु ढक्कइ[5] नवउ कम्मु पइसरेवि[6] न सक्कइ ।
नावारूढु जेम जलि जंतउ सुसिरसएहिं सलिलु पइसंतउ ।
जो देविणु पडिबंधणु वारइ[7] तीरुत्तारु तासु को वारइ ।
अह मोहिउ मइंधु[8] जइ अच्छइ कवण भंति वुड्डेवि खउ गच्छइ[9] ।
इय कज्जें अकसाउ कसायहो दिज्जइ विरइ-निबंधणु रायहो ।
कोहहो खंति नाणु अण्णाणहो[10] लोहहो तोसु अमाणु वि माणहो ।
अणसणु रसगिद्धिहि[11] निद्धाडणु पायच्छित्तु पमायहो साडणु ।
घत्ता—इय जो कुम्मायारसमु संवरियप्पु[12] न आसउ[13] गोवइ ।
लाइवि[14] दावानलु[15] गहणे[16] मारुयसम्मुहे[17] होइवि सोवइ ॥८॥

[९]

दूरि निरत्थ मरण-जम्मण-जर पुणु अवलोयइ[1] भावण निज्जर ।
उइउ[2] सुहासुहफलु भुंजिज्जइ[3] आसियकम्महो निज्जर किज्जइ ।

---

(८)

परीषहको सहन करते हुए उस परमदिगंबर विद्युच्चर महामुनिको आस्रवको रोकनेवाला सवर(भाव) उत्पन्न हुआ। इंद्रिय-वृत्तियोंरूपी छिद्रोंको दृढ़तासे ढँक दिया, जिससे नया कर्म प्रवेश भी नहीं कर सकता। जिस तरह कोई नावारूढ़ व्यक्ति जलमें जाते हुए सैकड़ों छिद्रोंसे प्रवेश करते हुए जलको, छिद्रोंको बंद करके रोक देता है, तो उसको तीरपर उतरनेसे कौन रोक सकता है ? परन्तु यदि कोई मतिका अंधा मोहित (मूढ़) होकर बैठा रहे (व छिद्रोंको बंद नहीं करे), तो इसमें क्या भ्रांति है कि वह डूबकर विनाशको प्राप्त होगा ? इस हेतुसे कषायके लिए अकषाय, रागके लिए विरति, क्रोधके लिए क्षांति, अज्ञानके लिए ज्ञान, लोभके लिए संतोष, और मानके लिए अमान (मानहीनता, मार्दव भाव) रूपी निबंधन अर्थात् उपशमका उपाय करना चाहिए। उसी प्रकार अनशन रस-लोलुपताका निष्कासन करनेवाला है, तथा प्रायश्चित्त प्रमादको दूर करने वाला है। इस प्रकार जो कूर्माकारके समान अपनेको संवृत करके आस्रवोंसे अपनी रक्षा नहीं करता, वह मानो वनमें आग लगाकर पवनके सन्मुख मुँह करके सोता है ॥८॥

(९)

फिर वह निर्जरा भावना करने लगा, जिससे जन्म, मरण व जरा दूरसे ही निरस्त हो जाते हैं। उदित हुए (कर्मानुसार) शुभाशुभ फल भोगने चाहिये, और आसित (स्थित)

---

[८] १. क घ ङ सहिय; ख °य । २. ख ग °सह । ३. क ङ °रुंभणु । ४. क घ ङ चिंतइ । ५. क ढुक्कइं; ख ग ढंक्कइं; घ ढंकइ । ६. ख पय° । ७. क ख ग ङ घा° । ८. क घ ङ मयंधु । ९. क °इं । १०. घ अन्ना° । ११. क घ ङ °गिद्धिहिं । १२. क ख ग ङ °अप्पु । १३. क ङ °वु । १४. ख ग च लायवि । १५. क ख ग ङ °णलु । १६. क ङ °णें । १७. क ङ मारुवसम्मुहुं; घ °सम्मुहुं ।

[९] १. क ङ °वइ । २. क उयउ । ३. क °ज्जइं ।

[4]मोक्ख-बंधभेएहिँ [5] णियाणिय कुसलाकुसलमूल[6] परियाणिय ।
नरयसमुब्भव-नारयजीवहँ सेसहँ[7] मिच्छादंसणकीवहँ ।
दुह-सुहभुंजणएहिं[8] निज्जर अकुसल-अट्ट-रउद्दनिरंतर । ५
जं निज्जरइ दुक्खु[9] मुणि अंगें कायकिलेस-परीसहसंगें ।
अवरु वि जो सम्मत्तालोयणु[10] [11]उवयसहाव-सुहासुहभोयणु ।
रायरोसरहियउ[12] नीसल्लउ सुक्खु[13] दुक्खु निज्जरियउ भल्लउ ।
घत्ता—पक्कउ फलु तलें निवडियउ विंटें [14]पुणु वि[15] जेम-नउ लग्गइ ।
कम्मु वि निज्जरसाडियउ पुणु वि न [16]उवइ नाणे जो जग्गइ[17] ॥९॥ १०

[१०]

पुणु लोयाणुरूवें थावइ मणु सुद्धायासें परिट्ठिउ तिहुयणु ।
चउदहरज्जुमाणें[2] परियरियउ [3]तिहिँ मि समीरण वलयहिँ[4] धरियउ ।
रज्जुव[5] सत्त लोउ हेट्ठिल्लउ पुढविउ[6] सत्त जि दुहहिँ[7] गरिल्लउ ।
पढमहिं[8] तीसलक्खनरयायरु रयणप्पहहे[9] आउ जहिं[10] सायरु ।

अर्थात् अभी उदयमें न आये हुए कर्मोंको (उदीरणा-द्वारा) निर्जरा की जानी चाहिए । मोक्ष और बंधको विशेषताओंके अनुसार, उनके मूलकारण रूपसे निर्जरा भी कुशलमूल व अकुशल-मूल, ऐसी दो प्रकारकी जानी जाती है । नारकी जीवोंको नरक दुःख भोगनेसे और शेष अपुरुषार्थी (क्लीव) लोगोंको दुःख-सुख भोगनेसे निरंतर आर्त व रौद्र ध्यान पूर्वक जो निर्जरा होती है, वह अकुशल(मूल) है; तथा शरीरसे दुःखका बोध होते हुए भी कायक्लेश करते हुए, परीषहोंको सहन करके जो निर्जरा की जाती है, और जो समताभावसे आलोचना है, (कर्मोंके) उदय स्वभावानुसार (निर्द्वंद्व व निष्काम भाव से) जो शुभाशुभका भोगना है, एवं राग-द्वेषसे रहित निःशल्य भावसे जो सुख-दुःखकी निर्जरा है, वह भला (कुशलमूल) है । पका फल नीचे गिरकर जिस प्रकार पुनः डंठलमें नहीं लगता, उसी प्रकार जो कर्म निर्जरा-द्वारा दूर कर दिया गया है, वह भी उस व्यक्तिको पुनः प्राप्त नहीं होता जो ज्ञानमें अर्थात् ज्ञानाराधनामें निरंतर जागरूक (सावधान) रहता है ॥९॥

[१०]

फिर उसने लोकके स्वरूप (का चिंतन करने) में अपने मनको लगाया । यह त्रिभुवन शुद्ध आकाशमें परिस्थित है । यह चौदह राजू प्रमाणवाला है । तीनों लोक वातवलयसे धारण किये हुए हैं । अधोलोक सात राजू है । उसमें अत्यंत दुःखदायक सात पृथ्वियाँ हैं । पहली रत्नप्रभामें तीस लाख नरक-बिल हैं, और एक सागर आयु है (१) । (दूसरी) शर्करा प्रभामें

---

४. ख ग बंधु मोक्खु भें°; घ बंध-मोक्खु भें° । ५. ख ग घ °कुसलु मूलु । ६. घ °ब्भउ । ७. क ख ग °ह । ८. ग °भंजण° । ९. क दुक्ख । १०. क ङ समता आलो° । ११. क ङ उअय°; घ च उववासहसु° । १२. क ङ °दोसविरहिउ । १३. ख ग सुक्ख । १४. घ पुणउ । १५. घ उयइ नाणि जो लग्गइ ।

[१०] १. क °अणु । २. क घ ङ °माण । ३. ख ग तिहि । ४. ख °इहिं । ५. क घ ङ रज्जुय । ६. ख ग च °विहिं । ७. ख ग °हे । ८. क ख ग घ ङ °महिं । ९. घ ङ °हहिं । १० क ङ जहि ।

लक्खइँ पंचवीस नरयइँ[11] तउ सक्करपहे[12] आउसु सायर तिउ[13]।
बालुप्पहे[14] लक्खइँ[15] पण्णारह[16] उवहि सत्त तइयहि[17] [18]सायर दह[18]।
पंकप्पहहे[19] नरइँ[20] लक्खइँ[21] दह धूमहि[22] तिण्णि[23] उवहि[24] सत्तारह।
पंचविहीणु[25] लक्खु तमनामहि[26] बावीसोवहि आउसथामहि[27]।
नरयमहातमेहि[28] पंच वि थिय आउसु तिण्णितीस सायर किय।
घत्ता—धनुहइँ[29] सत्त पढममहिहे[30] हत्थसवातिण्णि[31] वि जायइ[32] तणु।
विउणउ[33] विउणउ[33] नारयहँ सेसमहीसु[34] होइ[35] उच्चत्तणु ॥१०॥

[११]

मज्झिमलोउ रज्जुपरिखंडिउ दीवसमुद्दहिँ सयलु वि मंडिउ[1]।
जोयणलक्खु मेरु मज्झंकिउ[2] जंबूदीउ मज्झे दीवहँ[3] ठिउ[4]।
चउदिसु वेढिउ[5] वलयायारें लवणण्णवेण[6] विउणवित्थारें।
हिमवंताइँ तत्थ[7] पव्वय छह गंगापमुहउ[8] नइउ चउद्दह।
देवोत्तरकुरुहिं[9] सहुँ निम्मिय छेत्तचयारि[10] भोयभूमी थिय।

पचीस लाख नरक(-बिल) हैं, और आयुष्य तीन सागर है (२)। तीसरी बालुकाप्रभामें पंद्रह लाख नरकबिल और सात-सागरकी अवधि (आयु) है (३)। चौथी पंकप्रभामें दस लाख नरकबिल और दससागर आयु है (४)। पाँचवीं धूमप्रभामें तीन लाख नरकबिल और सत्रह सागर आयु है (५)। छठीं तमःप्रभामें पांच कम एक लाख नरक-बिल औरआयुष्य बाईस सागर है (६); तथा सातवीं महातमःप्रभामें केवल पाँच नरकबिल और आयु तेतीस सागर होती है (७)। पहली पृथ्वीमें शरीर सातधनुष व सवा तीन हाथ ऊँचा होता है। शेष सब पृथ्वियोंमें नारकियोंकी ऊँचाई दुगुनी-दुगुनी होती जाती है ॥१०॥

[११]

मध्यलोक विस्तारमें चतुर्दिक् एक राजू है, और सारेका सारा द्वीप व समुद्रोंसे मंडित है। सब द्वीपोंके बीचमें एक लाख योजन विस्तारवाला जम्बूद्वीप है, जिसके मध्यमें सुमेरुपर्वत है, जो कि दुगुने विस्तारवाले लवणोदधिसे चारों दिशाओंमें वलयाकार वेष्टित है। वहाँ हिमवंतादि छह पर्वत हैं। गंगाप्रमुख चौदह नदियाँ हैं। देवकुरु व उत्तरकुरुके साथ निर्मित

---

११. क ख ग ङ °यहं; घ °यहि। १२. क ङ सक्करापहिं। १३. ख ग तउ। १४. क ङ °प्पह; ख ग °याइं; घ °यहि; च °याहे। १५. ख ग च °हं। १६. क °रहं। १७. क ङ °यहि; ख ग घ च °यहु। १८. क °रुदहं। १९. क घ ङ °प्पहहिं। २०. ख ग ङ च °इ। २१. ख ग °हं; घ °इ। २२. क ख ग ङ °हिं। २३. ख ग घ तिन्नि। २४. ख ग घ उअहि। २५. ख ग च पंचहिं; घ पंचहिं। २६. क ङ °हिं; ख ग घ °हो। २७. क ङ आउसुं; ख ग च °धामहो; घ °थामहो। २८. क °तमेहिं; ख ग °तमोह। २९. ख ग °हरइ। ३०. क ङ °महिहिं; ख ग पढमहे महिहिं। ३१. ख ग घ °तिन्नि। ३२. घ °इं। ३३. क घ ङ °णउं। ३४. घ °महीहिं। ३५. घ होउ।

[११] १. क °उं। २. ख ग °किय। ३. क ख ग ङ °हं। ४. ख ग ठिय। ५. ख ग मंडिउ। ६. घ °न्नवेण। ७. क ङ तित्थ। ८. घ °हउं। ९. घ देउत्तर°; क ङ °कुरुहिहिं; ख ग °कुरुत्तहिं। १०. क ङ खेत्त°।

पुव्वावरविदेहे[11] सुपसत्थउ एक्करूउ थिउ कालु चउत्थउ ।
भरहेरावएसु उवसप्पिणि[12] विहि मि पवत्तइ[13] तह[14] अवसप्पिणि[15] ।
दाहिणमज्झि हिमालय उवहिहि[16] विजयद्धेण गंग-सिंधुहिं विहि ।
भरहखेत्तु छक्खंडिउ छज्जइ[17] आयारें रोवियधणु[18] नज्जइ[19] ।
इय दीवाउ खेत्तकमु विउणउ[20] धाइयखंडे[21] पुक्खरद्धय[22] तउ । १०

घत्ता—अड्ढाइयदीवइँ[23] धरेवि[24] मणुसोत्तरगिरि जाम नरालउ[25] ।
पुक्खरद्ध धुरि परइ पुणु तिरिय-देव-संचारु विसालउ ॥११॥

[१२]

उवरिमु[1] पंचरज्जु परिमाणें सोलहसग्ग मुरयसंठाणें ।
नव-गेवज्ज-विजयचउजुत्तउ उवरि[3] सव्वत्थसिद्धि पज्जत्तउ ।
विण्णि-पढमसग्गहिं[4] विहिं[5] सायर तइय[6]-चउत्थे सत्त रयणायर ।
उवरिमेसु विहिं[7] विहिं[8] सग्गइँ[9] तह[10] दस[11]-चउदस[12]-सोलह-अट्ठारह[13] ।
वीसोवहि-बावीस-सुहायर[14] साणुत्तर[15]-गेवज्जहिं[16] सायर[17] । ५
वट्टइ[18] एक्कु चउहु उवरिल्लहिँ तेतीसोवहि आउसु[19] सव्वहिं[20] ।

और भी चार भोगभूमि क्षेत्र स्थित हैं। पूर्व और अपर (पश्चिम)विदेहमें कल्याणकारी व सुखकर चौथा काल सदैव एकरूप स्थित रहता है। भरत और ऐरावत दोनों क्षेत्रोंमें कालके उत्सर्पिणी व अवसर्पिणी आरोंका प्रवर्त्तन होता है। हिमालयके मध्यसे दक्षिणकी ओर विजयार्द्ध (पर्वत)से होकर सागरपर्यंत बहनेवाली गंगा व सिंधु इन दोनों नदियोंसे भारतवर्ष छह खंडोंमें विभक्त होकर विराजमान है, और आकारसे चाप चढ़ाये हुए धनुषके समान (अर्धचंद्राकार) माना जाता है। इस क्रमसे द्वीपोंसे क्षेत्रोंकी संख्या दुगुनी है। फिर धातकी खंड और पुष्करार्द्ध हैं। इस प्रकार अढ़ाई द्वीपोंको लेकर मानुषोत्तर पर्वत-तक मनुष्योंका आवास है। पुष्करार्द्धकी धुरी (मानुषोत्तर पर्वत) के परे तिर्यंच और देवोंका विशाल संचार क्षेत्र है ॥११॥

[१२]

ऊपर पाँच राजू परिमाण मुरजके आकारसे सोलह स्वर्ग तथा चार विमानोंसे युक्त नव-ग्रैवेयक हैं। (इन सबके) ऊपर सर्वार्थसिद्धि (नामक स्वर्ग) कहा गया है। प्रथम दो स्वर्गोंमें दो सागर, तृतीय और चतुर्थमें सात सागर तथा ऊपरके दो स्वर्गोंमें दस, चौदह, सोलह, अट्ठारह और बीस सागर आयु है। आरण और अच्युत तथा नव-ग्रैवेयकोंमें क्रमश. बाईस सागर व उससे एक-एक सागर बढ़ती हुई सुखाकर (सुखदायक) आयु है। ऊपरके चारों विमानोंमें एक

११. क °वरहिदेहि; ख ग °विदेह । १२. क घ ङ ओस° । १३. घ °त्तइं । १४. क ख ग ङ तहं । १५. घ ओस°; ङ उस° । १६. क ख ग ङ °हिहिं; घ उअहिहिं । १७. क °इं । १८. ख ग रोविउ° । १९. ग नि° । २०. घ ङ °णउं । २१. ख ग ङ °मंडे; घ धादइमंडि । २२. ख ग °द्धए; घ °द्धइं । २३. क ङ °दीवइ; च दीवहं । २४. ख ग मण° । २५. ख ग नरलोउ ।

[१२] १. क ङ °रिम । २. क ङ गेवज्जु; घ गेवज्ज । ३. क ङ घरि; घ धरि । ४. ख ग घ °सग्गेहिं; ङ °सग्गहि । ५. क ङ विहि । ६. ख ग तइयइ; घ तयइं । ७. ख ग घ विहि । ८. ख ग विहें; घ विहि । ९. क ङ °इ; ख ग °हि । १०. क घ तहं । ११. घ दह । १२. ख ग घ °दह । १३. घ °रहं । १४. ख ग घ च °यरु । १५. ख ग आणु° । १६. घ °ज्जहि । १७. ख ग घ वट्टइ । १८. क ङ °वि । १९. क ङ सल्लहिं ।

इय कप्पेसु विसयसुक्खारह[20] वेमाणिय[21] हवंति[22] तह बारह[22] ।
भावणदसपयार[23] अण्णे तहिं[23] अट्ठभेय विंतर एक्कत्तहिं[24] ।
जोइस पंचपयार पमाणिय एम निकाय चयारि[25] वि जाणिय[26] ।
घत्ता—एक्करज्जु[27] लोयग्गु[28] थिउ[29] विवरियछत्तायारु[30] सुहावइ[31]
दंसण-नाण-चरित्ततणु[32] अमलकलंकु सिद्धु[33] तं पावइ ॥१२॥

[१३]

पुणु वि मुणिंदु कम्मु निक्कंतइ बोहिमहागुणु रयणु[1] वि चिंतइ ।
बालुयसायरम्मि ठिय भावइं[2] हीरयकणिय[3] कवणु किर पावइं[4] ।
इय संसारि[5] जोणिसंकिण्णइ[6] थावरजंगमजीवपवण्णइ[7] ।
वियलिंदियबाहुल्लु[8] वियंभइ[9] पंचेंदियतणु दुक्खहिं[9] लब्भइ[10] ।
तहिं[11] मि[12] सिंगि-पसु-पक्खि[12] बहुत्तणु कह व पमाणं[13] लहइ[14] नरत्तणु ।
लद्धइ[15] माणुसत्ते[16] सुकुलक्कमु[17] संपुण्णिंदियत्तु[18] सुइसंगमु ।
सव्वु वि दुल्लहु[19] लहेवि वियक्खणु धम्मु न पावइ जइ दसलक्खणु[20] ।

समान तेतीस सागरकी आयु है। इन कल्पोंमें विषयसुख भोग सकनेमें समर्थ बारह वैमानिक देव होते हैं। दूसरे दस प्रकारके भवनवासी देव हैं, और व्यंतर एकत्र रूपसे आठ प्रकारके हैं। पाँच प्रकारके ज्योतिष देव कहे गये हैं। इस प्रकार देवोंके चार निकाय जाने गये हैं। (सबसे ऊपर) एक राजू- प्रमाण लोकाग्र (सिद्धलोक) स्थित है, जो खुले हुए छातेके आकारका शोभायमान है। दर्शन, ज्ञान व चारित्ररूपी शरीरको धारण करनेवाला अमल(कर्ममल रहित) व अकलंक सिद्ध पुरुष ही उसे प्राप्त करता है ॥१२॥

[१३]

फिर वह मुनींद्र कर्मोंको काटते हुए बोधिरूपी महान् गुणकारी रत्न (बोधिदुर्लभानुप्रेक्षा) का चिंतन करने लगा—बालुकासागरमें पड़ी हुई हीरेकी कणिकी इच्छा करनेपर उसे कौन पा सकता है ? इसी प्रकार नाना योनियोंसे संकीर्ण तथा स्थावर व जंगम जीवोंसे भरे हुए इस संसारमें विकलेंद्रिय जीवोंका अतिशय बाहुल्य है। पंचेंद्रिय शरीर बड़े कष्टसे मिलता है। वहाँ पर भी सींगोंवाले एवं अन्य पशुओं तथा पक्षियोंका ही बहुत्व है। किसी तरह बड़े कष्टसे मनुष्यत्व प्राप्त होता है। मनुष्यत्व मिलनेपर (फिर किसी तरह) उच्च कुलपरंपरा, इंद्रियोंकी पूर्णता, एवं श्रुति(शास्त्र)का संगम (संयोग) होता है। और इन सब दुर्लभ वस्तुओंको

---

२०. ख ग °रहं; घ °रिह। २१. ख ग वइमाणिय। २२. घ तहं बारहं; क ङ बारहविह। २३. क ङ अवरे त्तहिं; अन्ने त्तहिं। २४. क घ क एक्केत्तहिं; च एक्कहिं तहिं। २५. ख ग °रे। २६. क ङ या°। २७. घ एक्कु°। २८. घ गे°। २९. क ङ ठिउ। ३०. घ °यार। ३१. क °वइं। ३२. ख ग °गुणु। ३३. क ङ सिद्ध।

